पद्मिनी

इतिहास और कथा-काव्य की जुगलबंदी

पद्मिनी

इतिहास और कथा-काव्य की जुगलबंदी

माधव हाड़ा

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला–171005

PADMINI: ITIHAS AUR KATHA - KAVYA KI JUGALBANADI (2023)

By Madhav Hada (1958)

Criticism

प्रथम संस्करण, 2023
First Edition, 2023

कॉपीराइट © भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला
Copyright © Indian Institute of Advanced Study, Shimla

सर्वाधिकार सुरक्षित।
प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना किसी भी रूप में या माध्यम से पुस्तक का कोई भी भाग पुनः प्रस्तुत या प्रसारित नहीं किया जा सकता है।
All rights reserved.
No part of book may be reproduced or transmitted, in any form or by any means, without the written permission of the publisher.

ISBN: 978-93-82396-84-0

मूल्य | Price : ₹ 1395/-

सचिव, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005 द्वारा प्रकाशित
मुद्रक : दीपी फाइन प्रिंट्स, नयी दिल्ली
टाइपसेट : ऊषा कश्यप, नयी दिल्ली

Published by the Secretary, Indian Institute of Advanced Study, Rashtrapati Niwas, Shimla-171005

Printed at Dipi Fine Prints, New Delhi.
Typeset by Usha Kashyap, New Delhi.

Website: www.iias.ac.in

वीणा के लिए

अनुक्रम

खंड-1
विवेचनात्मक अध्ययन

प्रास्ताविक । 11

अध्याय - 1: भारतीय परंपरा । 25

अध्याय - 2: देशज कथा-काव्य । 65

अध्याय - 3: कथा स्रोत । 87

अध्याय - 4: कथा योजना । 111

अध्याय - 5: इतिहास और मिथ । 127

अध्याय - 6: संस्कृति । 173

अध्याय -7: भाषा एवं शिल्प । 221

उपसंहार । 261

खंड-2

देशज ऐतिहासिक कथा-काव्य

विवेच्य रचनाओं का मूल एवं हिंदी कथा रूपांतर

अध्याय-1: *गोरा-बादल कवित्त* । 287

अध्याय-2: हेमरतन । *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* । 309

अध्याय-3: *पद्मिनीसमिओ* । 373

अध्याय-4: जटमल नाहर । *गोरा-बादल कथा* । 407

अध्याय-5: लब्धोदय । *गोरा-बादल चौपई* । 437

अध्याय-6: दयालदास । *राणारासो* । पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण । 513

अध्याय-7: दलपति विजय । *खुम्माणरासो* । पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण। 527

अध्याय-8: *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* । पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण । 575

अध्याय-9: मलिक मुहम्मद जायसी। *पद्मावत* (केवल कथा रूपांतर)। 655

परिशिष्ट

शब्दार्थ सूची । 679

खंड– 1 | **विवेचनात्मक अध्ययन**

प्रास्ताविक

प्रस्तुत शोध कार्य मध्यकालीन साहित्य और इतिहास के बहुचर्चित, किंतु विवादित पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण (1303 ई.) पर निर्भर देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों का विवेचनात्मक अध्ययन है। कतिपय उपनिवेशकालीन और उनके उत्साही अनुगामी 'आधुनिक' भारतीय इतिहासकारों के संदेह के बावजूद पद्मिनी के लिए अलाउद्दीन ख़लजी का चित्तौड़गढ़ अभियान लोक स्मृति और साहित्य में सदियों से लगभग 'मान्य सत्य' की तरह रहा है। पुनर्जागरणकाल और बाद में राष्ट्र निर्माण की आरंभिक सजगता के दौर में महाराणा प्रताप के मुग़लों के विरुद्ध संघर्ष की तरह ही पद्मिनी के अपने सतीत्व की रक्षा के लिए जौहर को भी साहित्य में आदर्श की तरह प्रस्तुत किया गया। पद्मिनी के जौहर पर प्रचुर मात्रा में रोमांटिक और राष्ट्रवादी साहित्य उपलब्ध है। उसके चरित्र को किशोर और युवा विद्यार्थियों में आदर्श की तरह प्रस्तुत करने के लिए साहित्य और चित्रकथाओं की रचनाएँ हुईं।[1] चित्तौड़ और उदयपुर- दोनों विश्व पर्यटन के मानचित्र पर हैं, इसलिए इन दोनों के अतीत को विदेशी पर्यटकों के लिए जिस तरह से प्रस्तुत किया गया, उसमें भी पद्मिनी विषयक प्रकरण बहुत प्रमुखता से, एक असाधारण घटना की तरह वर्णित है। ऐसी कई पुस्तकें चित्तौड़ और उदयपुर सहित संपूर्ण राजस्थान में देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए उपलब्ध हैं।[2] पद्‌मिनी-रत्नसेन प्रकरण में निहित रोमांस, शौर्य और बलिदान लोकप्रिय फ़िल्म[3] और टीवी सीरियल निर्माताओं[4] के लिए भी आकर्षण का विषय रहे हैं। फ़िल्म 'पद्मावत' पर हुए विवाद से पहले तक यह प्रकरण प्रमुखता से राजस्थान सहित अन्य एकाधिक राज्यों और केन्द्र की इतिहास और साहित्य संबंधी पाठ्य पुस्तकों में भी सम्मिलित था। विवाद के बाद कुछ पाठ्यक्रमों से इसको हटा दिया गया, जबकि कुछ में इसे राजपूत समाज की मंशा के अनुसार बदल दिया गया।[5] यह भी कि सदियों से चित्तौड़ दुर्ग की कुछ इमारतें और स्थान पद्मिनी से संबंधित विख्यात हैं। दुर्ग में तालाब के किनारे बना हुआ एक विशालकाय महल भी 'पद्मिनी महल' के नाम से जाना जाता

है और इसी तरह एक छोटा दुमंजिला महल तालाब के अंदर भी है, जिसे भी 'पद्मिनी महल' कहते हैं। दुर्ग में एक स्थान 'जौहरकुंड' के नाम से भी विख्यात है। पर्यटकों को यही जानकारियाँ दी भी जाती हैं। विख्यात इतिहासकार गौरीशंकर ओझा ने भी इन स्थानों का नामोल्लेख इसी रूप में किया है।[6] फ़िल्म पर हुए विवाद से यह प्रकरण एकाएक पहले से अधिक चर्चा में आ गया और देखते-ही-देखते इस प्रकरण पर आधारित एकाधिक कथेतर और कथा रचनाएँ प्रकाशित हो गईं। ये सभी रचनाएँ, फ़ौरीतौर पर कुछ हद तक इतिहास में भी जाती हैं, लेकिन ये सभी सदियों पुराने इस 'मान्य सत्य' पर निर्भर हैं कि पद्मिनी के लिए अलाउद्दीन ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया और अपने सतीत्व की रक्षा के लिए पद्मिनी ने जौहर किया।[7] साथ ही, ये रचनाएँ इधर कुछ समय से अस्मिता सचेत हुए भारतीय जनसाधारण की मंशा के अनुसार इस प्रकरण का रूमानीकरण भी करती हैं।

अधिकांश आधुनिक भारतीय इतिहासकारों का नज़रिया शुरू से ही इस प्रकरण पर उपनिवेशकालीन इतिहासकारों के अतिरिक्त उत्साही अनुगामी इतिहासकारों की तरह था। इन इतिहासकारों में से कुछ तो इस सीमा तक उत्साही थे कि वे यूरोपीय इतिहासकारों के बहुत अस्पष्ट और अपुष्ट संकेतों को भी पुष्ट और विस्तृत करने में ऐसे जुटे कि सच्चाई उनसे बहुत पीछे छूट गई और देशज ऐतिहासिक और साहित्यिक स्रोत और उनमें विन्यस्त कतिपय ऐतिहासिक 'तथ्य' उनसे अनदेखे रह गए। लगभग सार्वभौमिक बन गई ग्रीक-रोमन ईसाई इतिहास चेतना से, सनातनता और चक्रीय कालबोध पर निर्भर भारतीय इतिहास चेतना कुछ हद तक अलग थी, लेकिन उसमें काल का रेखीय बोध भी पर्याप्त था, लेकिन इन ऐतिहासिक कथा-काव्यों का मूल्यांकन इस आधार पर नहीं हुआ। 'मान्य सत्य' या विश्वास का भी इतिहास में पर्याप्त महत्त्व होता है। ''इतिहास की चेतना यदि मनुष्य की चेतना की यात्रा और उस पर पड़े प्रभाव का अध्ययन है, तो हमें उन घटनाओं को अधिक महत्त्व देना होगा, जो हमारी चेतना में अभी भी अस्तित्वमान हैं और इसलिए हमारे कार्यों को अभी भी प्रभावित करती हैं।''[8] ख़ास बात यह है कि इन रचनाओं को इस निगाह से भी नहीं पढ़ा-समझा गया।

राजस्थान का पहला आधुनिक इतिहास लिखने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल जेम्स टॉड (1829 ई.) के समय शोध के संसाधन बहुत सीमित थे। उन्होंने उपलब्ध सीमित जानकारियों, साहित्य और जनश्रुतियों को मिलाकर प्रकरण का जो वृत्तांत *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान* में गढ़ा, वो इतिहास, साहित्य और लोक स्मृति का मिला-जुला, लेकिन आधा-अधूरा रूप था।[9] टॉड के बाद इस प्रकरण का हवाला *दि ओक्सफ़ोर्ड हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया* में पहली बार वी.ए. स्मिथ (1921 ई.) ने दिया।

उन्होंने अपनी तरफ़ से इस प्रकरण की खोजबीन नहीं की और न ही वे इसकी तफ़सील में गए। उन्होंने केवल यह लिखा कि यह ''टॉड के पन्नों में है।''[10] उन्होंने यह नहीं कहा कि यह मिथ्या, मनगढ़ंत या झूठ है, उन्होंने केवल यह लिखा कि यह 'सोबर हिस्ट्री' (sober history) नहीं है।[11] कुछ हद उनकी बात सही भी थी। साहित्य और लोक में व्यवहृत इतिहास सही मायने में पूरी तरह इतिहास नहीं होता, लेकिन फिर भी इतना तो तय है कि उसमें इतिहास भी होता है। वी.ए. स्मिथ की यह टिप्पणी इतिहास के यूरोपीय संस्कारवाले आधुनिक भारतीय इतिहासकारों के लिए आदर्श और मार्गदर्शक सिद्ध हुई। आरंभ में गौरीशंकर ओझा (1928 ई.)[12] और किशोरीसरन लाल (1950 ई.)[13] ने इस प्रकरण की ऐतिहासिकता पर संदेह व्यक्त किया। बाद में कालिकारंजन कानूनगो (1960 ई.) तो अति उत्साह में इस प्रकरण को सर्वथा मिथ्या और ग़लत सिद्ध करने में प्राणपण से जुट गए। उन्होंने दो तर्क दिए- एक तो समकालीन इस्लामी स्रोतों में इस प्रकरण का उल्लेख नहीं मिलता और दूसरा, कुछ वंश अभिलेखों में रत्नसिंह का नाम ही नहीं है। कुछ हद तक उनकी दोनों बातें सही थीं, लेकिन वे इसके कारणों में नहीं गए। उन्होंने हड़बड़ी में यह निष्कर्ष निकाल लिया कि यह प्रकरण मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा कल्पित है और इसका इतिहास से कोई लेना-देना नहीं है।[14] उन्होंने आर.सी. मजूमदार के हवाले से यह कहने में भी देर नहीं की कि जायसी का चित्तौड़ मेवाड़ की राजधानी चित्तौड़ नहीं है, यह कहीं इलाहाबाद के समीप स्थित चित्रकूट है।[15] उनकी देखा-देखी इस प्रकरण को मिथ्या सिद्ध करने वालों की भीड़ लग गई। बाद में फ़िल्म 'पद्मावत' पर हुए विवाद के दौरान हरबंश मुखिया, हरफ़ान हबीब[16] आदि भी इस मुहिम शामिल हो गए। उनकी राय में यह प्रकरण जायसी (*पद्मावत,* 1540 ई.) द्वारा कल्पित, इसलिए अनैतिहासिक है। ये अधिकांश इसकी पुष्टि इस तर्क से करते हैं कि समकालीन इस्लामी स्रोतों- अमीर ख़ुसरो कृत *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* (1311-12 ई.) और *दिबलरानी तथा ख़िज्र ख़ाँ* (1318-19 ई.), ज़ियाउद्दीन बरनी कृत *तारीख़-ए-फ़िरोजशाही* (1357 ई.) तथा अब्दुल मलिक एसामी कृत *फ़ुतूह-उस-सलातीन* (1350 ई.) में इसका उल्लेख नहीं है। इनके अनुसार जायसी ने इसकी कल्पना की और यहीं से यह परवर्ती और देशज चारण और जैन कथा-काव्यों में पहुँचा। इस मुहिम में शामिल ये विद्वान् इस तथ्य की अनदेखी ही कर गए कि ''चुप्पी से बहसियाना तार्किक रूप से भ्रामक होता है और केवल चुप्पी के आधार पर की गई कोई भी परिकल्पना किसी दिन ग़लत भी साबित हो सकती है।''[17] यही हुआ, बाद में यह धारणा ग़लत सिद्ध हो गई। *पद्मावत* (1540 ई.) से पहले *छिताईचरित्र* (1475-1480 ई.) में पद्मिनी-रत्नसेन का कथा बीजक मिल गया।[18] इसी तरह *पद्मावत* को बिना पढ़े-समझे उसके कथानक

को उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद से जोड़ने का कानूनगो का उद्यम भी असफल हो गया। दरअसल *पद्मावत* में अलाउद्दीन के अभियान में मार्गस्थ क़स्बों- मांडलगढ़ आदि और चित्तौड़ के दुर्ग और उसके समीस्थ स्थानों के भूगोल का वर्णन मिलता है, जो यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है कि *पद्मावत* में वर्णित चित्तौड़ मेवाड़ की राजधानी चित्तौड़ ही है।[19] बाद में मुनि जिनविजय[20], दशरथ शर्मा[21] आदि क्षेत्रीय इतिहासकारों ने रत्नसिंह की प्रामाणिकता भी सिद्ध कर दी। उससे संबंधित एकाधिक पुरातात्त्विक साक्ष्य भी मिल गए।[22] यही नहीं, कतिपय समकालीन स्रोतों के आधार पर अगरचंद नाहटा ने राघवचेतन की ऐतिहासिकता भी प्रमाणित कर दी।[23] कालिकारंजन कानूनगो की स्थापनाओं में से अधिकांश प्रमाण सहित बहुत पहले ही ग़लत साबित हो गईं, लेकिन यह साबित करने वाले इतिहासकारों की सीमा यह थी कि ये 'क्षेत्रीय' कहे-माने जाते थे। ख़ास बात यह थी कि इनकी मौजूदगी अपने अनुशासन में वर्चस्वकारी नहीं थी, इसलिए इनकी आवाज़ नगाड़ों के शोर में तूती की तरह दब गई और लोग उन्हीं पुरानी ग़लत धारणाओं को दोहराते रहे।[24]

देश भाषाओं में इस प्रकरण पर ऐतिहासिक कथा-काव्यों की दीर्घकालीन और समृद्ध परंपरा है। पद्मिनी विषयक कथा बीजक जायसी की *पद्मावत* की रचना से बहुत पूर्व गुजरात सहित लगभग पूरे उत्तरी-पश्चिमी भारत के जनसाधारण की स्मृति में था और यहाँ इसको अपने ढंग से पल्लवित और विस्तृत करके मौखिक और लिखित कथा-काव्य होते रहते थे। संभावना तो यही अधिक है कि ख़ुद जायसी ने भी इसी कथा बीजक को आधार बनाकर *पद्मावत* की रचना की होगी। अज्ञात कवि कृत *गोरा-बादल कवित्त* (1588 ई. से पूर्व), हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* (1588 ई.), अज्ञात कवि कृत *पद्मिनीसमिओ* (1616 ई.), जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* (1623 ई.), लब्धोदय कृत *पद्मिनी चरित्र चौपई* (1649 ई.), दयालदास कृत *राणारासो* (1668-1681 ई), दलपति विजय कृत *खुम्माणरासो* (1715-1733 ई.) और अज्ञात रचनाकार कृत *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* (प्रतिलिपि, 1870 ई.) इस परंपरा की अब तक उपलब्ध रचनाएँ हैं। अपनी प्रकृति और चरित्र में ये रचनाएँ कुछ हद तक अलग हैं- ये सभी एक ही कथा बीजक पर आधारित हैं, लेकिन इनका पाठ किसी एक ही अर्थ में सीमित या ठहरा हुआ नहीं है। इनके रचनाकार इनको भिन्न अर्थ और मोड़-पड़ाव में पल्लवित करने के लिए स्वतंत्र हैं। सभी रचनाएँ बुनियादी कथा बीजक संबंधी कुछ समानताओं के बावजूद एक-दूसरे से अलग हैं। इनके अधिकांश और उनमें भी ख़ासतौर पर जैन रचनाकार अपनी रचना परंपरा से लोकप्रिय कथा बीजक या पहले से उपलब्ध रचना के आधार पर करते हैं और इसका वे रचना के आरंभ में उल्लेख भी करते हैं। *चउपई* के रचनाकार हेमरतन

ने कहा है कि- *सुणिउ तिसौ भाष्यौ संबंधि* अर्थात् जैसा मैंने सुना, वैसा ही संबंध कहा है। यथावश्यकता ये रचनाकार अपनी रचना में परंपरा की किसी भी रचना की कोई प्रसिद्ध सूक्ति या कथन बिना उसका ऋण व्यक्त किए अपनी रचना में उद्धृत करते चलते हैं। हेमरतन ने अपने पूर्ववर्ती किसी अज्ञात कवि को और लब्धोदय और दलपति विजय ने अपने पूर्ववर्ती हेमरतन को अपनी रचनाओं में उद्धृत किया है। *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* में भी कई अज्ञात कवियों के छंद उद्धृत किए गए हैं। अपने समय और समाज की ज़रूरतों के अनुसार इनमें कभी सतीत्व, कभी स्वामिधर्म, तो कभी शौर्य और पराक्रम जैसे मूल्यों को प्राथमिकता और महत्त्व दिया गया है। किसी एक ही प्रकरण पर इतने लंबे समय तक इस तरह अलग-अलग रचनाओं की निरंतरता के ऐसे उदाहरण भारतीय साहित्य में बहुत कम हैं। ये रचनाएँ किसी नगर-महानगर की जगह छोटे गाँव-क़स्बों में हुईं। ये चारण और जैन काव्य देश भाषाओं में हैं, जिनमें संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश के अवशेषों के साथ कई क्षेत्रीय विशेषताएँ आ गयी हैं। इन देश भाषाओं का नयी आधुनिक भाषायी पहचानों- राजस्थानी, गुजराती आदि में विभाजन और वर्गीकरण बहुत मुश्किल काम है।

2.

सोलहवीं से उन्नीसवीं सदी तक विस्तृत पद्मिनी विषयक ऐतिहासिक कथा-काव्यों की यह देशज परंपरा दीर्घकालीन, वैविध्यपूर्ण और बहुत समृद्ध है। आश्चर्य यह है कि इतिहास और साहित्य, दोनों अनुशासनों ने इसको अपनी विचार की परिधि में नहीं लिया। (1) ये कथा-काव्य रचनाएँ भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य की बहुत प्राचीन परंपरा का स्वाभाविक, देशज और क्षेत्रीय विकास हैं। जायसी के *पद्मावत* से इनका से कोई का संबंध नहीं है। यह परंपरा स्वायत्त और निरंतर है और इसकी रचनाओं की घटनाओं के मोड़-पड़ाव और चरित्र जायसी से अलग होने के साथ एक-दूसरे से भी अलग हैं। अधिकांश आधुनिक विद्वानों ने इस परंपरा की अलग से पहचान और मूल्यांकन नहीं किया। (2) ये कथा-काव्य अपनी प्रकृति और संगठन में साहित्य के साथ कुछ हद तक 'इतिहास' भी हैं, इनमें स्मृति के व्यवहार और विन्यास का एक ख़ास भारतीय और देशज ढंग है और इनके कुछ कवि-लेखक भी इनको 'इतिहास' कहते-मानते थे, लेकिन 'आधुनिक' संस्कारवाले अधिकांश इतिहासकार इनको ऐतिहासिक स्रोत नहीं मानते। एक अत्यंत अतिरंजित और अलंकरणप्रधान प्रशस्ति काव्य अमीर ख़ुसरो कृत *ख़ज़ाइन-उल-फ़ुतूह* को अधिकांश आधुनिक भारतीय इतिहासकार बतौर साक्ष्य, बल्कि सर्वोपरि साक्ष्य की तरह व्यवहार में लाते रहे, लेकिन उन्होंने इन देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों को जायसी से प्रेरित और मनगढ़ंत मानकर

ख़ारिज़ कर दिया। (3) ये देशज कथा-काव्य इतिहास और साहित्य में आवाजाही और इनकी एक-दूसरे पर निर्भरता की दीर्घकालीन भारतीय परंपरा का विकास भी हैं, इसलिए इनमें आख्यान का एक सर्वथा नया रूप मिलता है। इन कथा-काव्यों के जैन और चारण कवि-कथाकारों को इतिहास को कथा-काव्य में ढालने का अभ्यास और महारत हासिल था, जो उन्होंने अपने यजमानों की रुचियों और सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार विकसित या अर्जित किया था। मध्यकालीन साहित्य की पहचान और मूल्यांकन के अधिकांश कार्यों में इनमें से कुछ को चारण मतलब 'राज्याश्रयी' और कुछ को जैन मतलब 'सांप्रदायिक' मानकर महत्त्व नहीं दिया गया। उपनिवेशकाल में जेम्स टॉड ने अपने इतिहास में एक जगह *खुम्माणरासो* का उल्लेख किया[25], अन्यथा परवर्ती आधुनिक विद्वानों की निगाह में इन कथा-काव्यों की हैसियत जायसी से प्रेरित काल्पनिक कथा-काव्य से अधिक कभी नहीं रही। ख़ास बात यह है कि क्षेत्रीय इतिहास के मनीषी विद्वान् गौरीशंकर ओझा ने भी इनको 'भाटों की रचनाओं' की श्रेणी में रखा।[26] जायसी और उनकी रचना *पद्मावत* पर हिंदी और अंग्रेज़ी में कई शोध-आलोचनाएँ हैं और उनमें से एकाधिक में प्रसंगवश इनमें से कुछ रचनाओं की चर्चा भी है[27], लेकिन केवल इन पर एकाग्र अभी तक कोई शोध कार्य नहीं हुआ है। यह शोध कार्य इन देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों की अपनी परंपरा, विचारधारा, दर्शन, ढाँचे और शैली की परख-पड़ताल के साथ इनके साहित्यिक महत्त्व को उजागर करने का विनम्र प्रयास है।

3.

पद्मिनी विषयक देशज मूल ऐतिहासिक कथा-काव्यों, तत्संबंधी देशज ऐतिहासिक स्रोतों, पुरातात्त्विक साक्ष्यों और संबंधित सहायक इस्लामी और औपनिवेशिक साहित्य पर विचार करने के बाद हम कुछ निष्कर्षों पर पहुँच सकते हैं। (1) यह है कि पद्मिनी विषयक ऐतिहासिक कथा-काव्यों की बहुत दीर्घकालीन और निरंतर परंपरा है और यह प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य परंपरा का स्वाभाविक और देशज विकास है। (2) यह भी कि अपने समय की विचारधारा और दर्शन के अनुसार ये रचनाएँ कुछ पारंपरिक कथा-कवि समयों, प्रथाओं, तयशुदा ढाँचों और शैलियों में हैं। (3) इसी तरह यह भी कि पद्मिनी विषयक कथा बीजक जायसी की *पद्मावत* की रचना से बहुत पूर्व गुजरात सहित उत्तरी-पश्चिमी भारत के कुछ क्षेत्रों की लोक स्मृति में था और यहाँ इसको अपने ढंग से पल्लवित और विस्तृत करके मौखिक और लिखित कथा-काव्य होते रहते थे (4) और ख़ुद जायसी ने भी लोक में सदियों से प्रचलित इस कथा बीजक को आधार बनाकर *पद्मावत* रचना की थी। (5) इसी तरह पद्मिनी विषयक देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों का जायसी के *पद्मावत* से कोई

संबंध नहीं है और इनकी कथा के मोड़-पड़ाव, कथा-काव्य रूप और शैली जायसी से अलग और पारंपरिक हैं।

4.

प्रस्तुत शोध का विचार अकारण नहीं है। इतिहास और साहित्य की औपनिवेशिक चेतना और संस्कार की ही नतीजा है कि साहित्य की अपनी तरह की इस अलग और ख़ास परंपरा को साहित्य और इतिहास, दोनों अनुशासनों ने अपने विचार के दायरे में नहीं लिया। आश्चर्य यह है कि फ़िल्म 'पद्मावत' पर जब विवाद हुआ, तो आधुनिक भारतीय इतिहासकारों और विद्वानों ने इस्लामी-अरबी-फ़ारसी स्रोतों के तो साक्ष्य दिए, लेकिन प्रकृति और चरित्र से लोक में ऐतिहासिक कही-समझी जाने वाली इन रचनाओं को बतौर साक्ष्य कम विद्वानों ने उद्धृत किया। साहित्य में भी ज़्यादातर इस कथा बीजक पर निर्भर जायसी के *पद्मावत* की ही चर्चा हुई। इनमें से कुछ रचनाएँ कथा और रचना के लिहाज़ अच्छी थीं, उनमें भारतीय कथा परंपरा की गतिशीलता के कई रूप थे, लेकिन क्योंकि ये रचनाएँ देश भाषाओं में थीं, इसलिए इनका मूल्यांकन नहीं हुआ। प्रस्तुत शोधकार्य में (1) इन रचनाओं को एक तरह से पहली बार एक साथ रखकर ऐतिहासिक कथा-काव्य की भारतीय परंपरा के अंतर्गत पहचानने-समझने का प्रयास किया गया है। ये रचनाएँ इस परंपरा का देशज और क्षेत्रीय रूपांतरण भी हैं, इसलिए यहाँ इनमें क्षेत्रीय सांस्कृतिक और समाजिक ज़रूरतों से होने वाले रूपांतरों और जोड़-बाकी की भी पहचान की गई है। (2) पद्मिनी विषयक कथा-काव्यों में इतिहास के व्यवहार और विन्यास की ख़ास भारतीय पद्धति है। भारतीय जनसाधारण इतिहास को किसी ठहरे हुए दस्तावेज़ की तरह कम इस्तेमाल करता है। इतिहास अकसर उसकी स्मृति में यात्रा करता है और यह पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवंत और गतिशील भी रहता है। इन रचनाओं के लेखक-कवि घटना के मोड़-पड़ाव और चरित्रों में कुछ हद तक संशोधन-संवर्धन करने, अपने पूर्ववर्ती का अनुकरण और यथावश्यकता उसको उद्धृत करने के लिए भी स्वतंत्र थे। यह अवश्य है कि इन कवि-लेखकों का प्रयास उस रचना को 'इधर-उधर' के बावजूद कथा बीजक के आसपास रखने का रहता था। यहाँ भारतीय जनसाधारण के रचना में इतिहास और स्मृति के इस ख़ास व्यवहार को जानने-पहचानने का प्रयत्न भी किया गया है। (3) पद्मिनी प्रकरण से संबंधित कथा-काव्यों की ख़ास बात यह है कि ये भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्यों की तरह तत्कालीन विचारधारा और दर्शन के अनुसार प्रयुक्त पारंपरिक कवि-कथा रूढ़ियों, समयों, ढाँचों और शैलियों में हैं। भारतीय कथा-काव्य प्रबंध, चरित्र, आख्यान आदि रूपों में हैं और देशज कथा-काव्य रूप इनसे विकसित रासो-

रास, भास, ख्यात, पाटनामा, चरित, चउपई, कवित्त आदि रूपों में हैं। ये रूप अपने समय की प्रभावशाली विचारधाराओं और दर्शन के अनुसार बने हैं। इन कथा-काव्यों को समझने के लिये उस समय के दर्शन और विचारधाराओं से बनते-बिगड़ते इन रूपों का अध्ययन भी यहाँ है। (4) प्रकरण में विन्यस्त घटनाओं और व्यक्तियों की ऐतिहासिकता की पड़ताल भी इस शोध का एक ज़रूरी आयाम है। ये रचनाएँ हमारे अपने लोगों की सांस्कृतिक भाषा में, उनका अपना इतिहास है। औपनिवेशिक संस्कार के कारण हमको जनश्रुतियों, अलंकरणों और जातीय मुहावरों की यह भाषा अटपटी और विचित्र लगती है। हमारे अधिकांश आधुनिक इतिहासकारों को इसी कारण इन रचनाओं की ऐतिहासिकता को विचार के दायरे में लेना ही दक़ियानूसी लगता है। यहाँ आग्रहपूर्वक इन रचनाओं में गूँथे-बँधे ऐतिहासिक व्यक्तियों और उनसे संबद्ध घटनाओं की ऐतिहासिकता की पड़ताल भी की गयी है। यह भी कि इनमें विन्यस्त ऐतिहासिक सूत्रों को यहाँ आधुनिक इतिहास के दूसरे पारंपरिक साक्ष्यों, जैसे शिलालेख आदि से जाँचने-परखने का प्रयास भी है। 'रत्नसेन' और 'पद्मिनी' के नामों के प्रयोग में देशज रचनाओं में वैविध्य है- रत्नसेन का नाम 'रतनसिंह' और 'रतनसी' और 'पद्मिनी' का नाम 'पद्मावती' और 'पदमिणी' भी मिलता है। यहाँ विवेचन में तदनुसार वैविध्य है। (5) पद्मिनी विषयक इन कथा-काव्यों का समय सोलहवीं से उन्नीसवीं सदी तक फैला हुआ है। इनमें मध्यकालीन देश भाषाओं का प्रयोग हुआ है। मध्यकालीन देश भाषाओं के काव्य सौंदर्य का अभी ठीक से मूल्यांकन नहीं हुआ है। ये भाषाएँ अपने समय में काव्य सौन्दर्य के मामले में कुछ हद इतनी आगे गईं थीं कि संस्कृत में इनके अनुवाद हुए। इनमें लोक के अलावा जैन और चारण काव्य शैलियों का प्रयोग हुआ, जो उस समय अपने शिखर पर थीं। इनमें कुछ कवि उच्च कोटि की प्रतिभा के हैं, जबकि कुछ सामान्य प्रतिभा के हैं। यहाँ इनकी रचनाओं के कथा कौशल, काव्य सौंदर्य, शिल्प और भाषा का भी अध्ययन और मूल्यांकन है।

5.

शोध विषय के सभी पक्षों- परंपरा, कथा स्रोत, कथा योजना, इतिहास-मिथ, विचारधारा, दर्शन, जीवन मूल्य, कथा-काव्यरूप, भाषा, शैली आदि के समावेश के लिए विनिबंध को दो खंडों में विभक्त किया गया है। पहले खंड में इन रचनाओं का विवेचनात्मक अध्ययन है, जिसको सात अध्यायों में विभक्त किया गया है। विनिबंध के पहले खंड की अध्याय योजना निम्नानुसार है:

अध्याय-1. भारतीय परंपरा: (i) कथा-आख्यान में इतिहास के व्यवहार और विन्यास की भारतीय पद्धति, (ii) भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य का स्वरूप विकास

(नाराशंसी, गाथा, पुराण, आख्यान, आख्यायिका, प्रबंध, वंश, चरित्र आदि), (iii) ऐतिहासिक कथा-काव्य की भारतीय परंपरा और (iv) भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य परंपरा का देशज और क्षेत्रीय रूपांतरण (चरित, रास, रासो, ख्यात, पाटनामा, बही, चउपई आदि)।

अध्याय-2. देशज कथा-काव्य।

अध्याय-3. कथा स्रोत: (i) जायसी द्वारा कथा की कल्पना की मिथ्या धारणा, (ii) परवर्ती इस्लामी स्रोत, लोक और जायसी का *पद्मावत* और (iii) जायसी से पूर्व उपलब्ध पद्मिनी विषयक कथा बीजक।

अध्याय-4. कथा योजना: (i) पद्मिनी विषयक ऐतिहासिक प्रकरण के मोड़-पड़ाव, (ii) ऐतिहासिक प्रकरण का देशज कथा-काव्य में पल्लवन, (iii) चरित्रों की नाम संज्ञाएँ तथा कथा के मोड़-पड़ाव और (iv) जायसी की कथा की नाम संज्ञाओं और मोड़-पड़ावों से साम्य-वैषम्य।

अध्याय-5. इतिहास और मिथ: (i) इतिहास और मिथ-अभिप्राय तथा कथा रूढ़ि का अंत:संबंध, (ii) पद्मिनी विषयक ऐतिहासिक देशज कथा-काव्यों में इतिहास का व्यवहार और विन्यास, (iii) प्रकरण की ऐतिहासिकता की परख-पड़ताल, (iv) आख्यान के प्रमुख चरित्रों की ऐतिहासिकता की परख-पड़ताल, (v) ऐतिहासिक देशज कथा-काव्यों में इतिहास के मिथकीकरण की पद्धति और रूप और (vi) रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण पर इस्लामी वृत्तांतकारों के मौन के कारणों की पड़ताल।

अध्याय-6. संस्कृति: (i) क्षत्रिय और राजपूत, (ii) मेवाड़ और गुहिल वंश, (iii) सामंती व्यवस्था, (iv) क्षत्रियत्व, (v) स्वामिधर्म, (vi) युद्ध संस्कृति, (vii) कर्मफल और नियतिवाद और (viii) शील और यौन शुचिता।

अध्याय-7. भाषा और शिल्प: (i) कवि शिक्षा, (ii) प्रयुक्त कथा-काव्य रूप, (iii) भाषा, (iv) कवि-कथा समय, (v) छंद, (ii) वस्तु वर्णन और (vii) अलंकरण।

विनिबंध के दूसरे खंड में विवेच्य सभी रचनाओं का परिचय, मूल और हिंदी कथा रूपांतर दिया गया है।

7.

प्रस्तुत शोध कार्य का समाज के लिए व्यापक महत्त्व और उपयोगिता है। (1) पद्मिनी प्रकरण पर लिखे गए कथा-काव्य, साहित्य और इतिहास की एक-दूसरे पर निर्भर भारतीय परंपरा का देशज और क्षेत्रीय विकास हैं। साहित्य के आधुनिक विद्वानों और इतिहासकारों ने अभी तक इस साहित्य का इस नज़रिये से मूल्यांकन नहीं किया है। प्रस्तुत कार्य इस अभाव का पूर्तिकारक होगा। (2) मध्यकालीन भारतीय इतिहास के

इस प्रकरण की अभी तक जो समझ बनी है, वह इस्लामी और औपनिवेशिक स्रोतों पर आधारित है। प्रस्तुत कार्य से इस प्रकरण की देशज स्रोतों पर आधारित युक्तिसंगत और मान्य नई पहचान और समझ सामने आएगी। (3) पद्मिनी विषयक ऐतिहासिक कथा-काव्यों का महत्त्व केवल इतिहास तक सीमित नहीं है। ये रचनाएँ इतिहास, आख्यान, कथा आदि का मिलाजुला रूप हैं और इनका साहित्यिक महत्त्व भी पर्याप्त है। इन रचनाओं में से, कुछ में अलग क़िस्म का भारतीय कथा परंपरा का जादुई यथार्थवाद है। यह कार्य मध्यकालीन साहित्य की हमारी समझ को भी विस्तृत और समृद्ध करेगा। (4) पद्मिनी रत्नसेन प्रकरण को लेकर आधुनिक इतिहास और साहित्य में कुछ भ्रांतियाँ पहले से थीं और इस पर बनी फ़िल्म 'पद्मावत' से ये और बढ़ गई हैं। देशज और पारंपरिक स्रोतों पर आधारित इस कार्य से इनका निवारण होगा और वस्तुस्थिति सामने आएगी।

संदर्भ और टिप्पणियाँ:

1. युवा पाठकों के लिए इस तरह की रचनाएँ बहुत पहले से शुरू हो गई थीं। 1933 ई. में प्रकाशित राय बहादुर ए.सी. मुखर्जी की *हिरोइन्स ऑफ़ इंडिया* (कलकत्ता: ओक्सफ़ोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस) नामक एक पुस्तक में संयोगिता, रज़िया बेग़म और नूरजहाँ के साथ पद्मिनी भी सम्मिलित थी। पद्मिनी संबंधी कई चित्रकथाओं का प्रकाशन भी हुआ, जिनमें चित्रकथाओं की विख्यात शृंखला 'अमरचित्रकथा' के प्रकाशक की पद्मिनी संबंधी चित्रकथा (यज्ञ शर्मा, *पद्मिनी*, संपा. अनंत पे [मुंबई: अमरचित्रकथा प्रा. लि., 2015].) प्रमुख है। इसके हिंदी सहित अन्य एकाधिक भारतीय भाषाओं में अनुवाद भी हुए।

2. पर्यटकों की दिलचस्पीवाला पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण संबंधी साहित्य बहुत है। उसमें कुछ सामान्य और कुछ अभिजात रुचिवाला साहित्य है। यहाँ दो ऐसी सचित्र पुस्तकों के उदाहरण दिए जा रहे हैं, जो अभिजात रुचिवाले पाठकों के लिए हैं और पर्याप्त शोध के बाद तैयार की गई हैं- (i) जॉन मास्टर्स ब्रायन, *महाराणा* (अहमदाबाद: मेपिन पब्लिशिंग प्रा. लि., 1990) और (ii) इरमगार्ड मैनिंग, *चित्तौड़* (नयी दिल्ली: डी.के. प्रिंटवर्ल्ड, 2000)। उदयपुर स्थित प्रताप गौरव केंद्र ने भी *महारानी पद्मिनी* शीर्षक से एक स्मारिका प्रकाशित की है, जो वहाँ आने वाले पर्यटकों को नि:शुल्क वितरित की जाती है। स्मारिका में प्रकरण संबंधी क्षेत्रीय इतिहासकारों के आलेख सम्मिलित किए गए हैं।

3. पदमिनी-रत्नसेन प्रकरण में निहित रोमांस, शौर्य और बलिदान ने कई लोकप्रिय फ़िल्म निर्माताओं को आकृष्ट किया। 2017 ई. में बनी संजय लीला भंसाली की विवादास्पद और चर्चित हिंदी फ़िल्म 'पद्मावत' से पहले इस प्रकरण पर मूक सहित हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में कई फ़िल्में बन चुकी हैं। बाबूराव पेंटर की 'सती पदमिनी' (1924 ई.) देबकी बोस की 'कामनेर अगन' (फ्लेम्स

ऑफ़ फ़्लेश,1930 ई.) और धीरूभाई देसाई की 'चित्तौड़ नी वीरांगना' इस प्रकरण पर आधारित मूक फ़िल्में थीं। बाद में इसी प्रकरण पर हिंदी में वली की 'पदमिनी' (1948 ई.), तमिल में नारायणमूर्ति की 'चित्तौड़ महारानी पदमिनी' (1963 ई.) और हिंदी में जसवंत झवेरी की 'महारानी पद्मिनी' (1964 ई.) फ़िल्में आयीं। – आशीष राज्याध्यक्ष एवं पॉल विलेमेन, *एनसाइक्लोपीडिया ऑफ़ इंडियन सिनेमा* (दिल्लीः ऑक्सफ़ोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, 1994), क्रमशः 642, 607, 588, 627, 588 एवं 615.

4. पद्‌मिनी-रत्नसेन प्रकरण में एकाधिक टीवी सीरियल भी बने, जो इस प्रकार हैं:

(i) 1986 ई. में प्रसारित सतीश कौशिक द्वारा निर्देशित 'तेरह पन्ने' (जी न्यूज, 18 दिसंबर, 2017, https://zeenews.india.com/people/when-hema-malini-played-rani-padmini-2067632.html) नामक सीरियल में एक एपिसोड पद्मिनी पर भी था, जिसमें पद्मिनी का अभिनय हेमा मालिनी ने किया।

(ii) जवाहरलाल नेहरू की रचना *दि डिसकवरी ऑफ़ इंडिया* (1946 ई.) पर आधारित 1988 ई. में प्रसारित श्याम बेनेगल के सीरियल 'भारतः एक खोज' (इन. कॉम, 14 नवंबर, 2017, https://web.archive.org/web/20171114225516/https://222.in.com/entertainment/bollywood/om-puri-had-played-alauddin-khilji-much-before-ranveer-singh-|xzy|.htm) में भी एक एपिसोड पद्‌मिनी प्रकरण पर आधारित था।

(iii) 2009 में सोनी टीवी पर पद्मिनी प्रकरण पर आधारित सीरियल 'चित्तौड की रानी पदमिनी का जौहर' प्रसारित हुआ। यू ट्यूब हिंदी विडियोज (https://4outubehindivideos.com/padmini-serial-all-episodes/).

5. (i) सुनील शर्मा, "इतिहास की पुस्तक में होगी जौहर की कहानी," *पत्रिका,* 19 मई, 2019, https://222.patrika.com/education-news/rajasthan-board-will-have-rani-padmini-and-her-johar-story-in-hindi-4591470/.

(ii) स्पीड न्यूज डेस्क, "आफ्टर पद्मावत प्रोटेस्ट राजस्थान स्टेट बोर्ड्स टेक्स्टबुक चेंज्ड दी टेक्स्ट एंड क्लेम्ड ख़िलजी डिडन्ट सी क्वीन पदमिनीज़ रिफ्लक्शन इन द मिरर," *केच न्यूज,* 23 जून, 2018, http://222.catchnews.com/education-news/omg-after-padmaavat-protest-rajasthan-board-s-textbook-changed-the-text-and-claimed-khilji-didn-t-see-queen-padmini-s-reflection-in-a-mirror-119207.html.

6. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* भाग-1 (जोधपुरः राजस्थानी ग्रंथागार, 1996-97, प्रथम संस्करण 1928), 1: 82.

7. हिंदी में पद्मिनी विषयक लोकप्रिय साहित्य पहले से ही था। फ़िल्म 'पद्मावत' पर हुए विवाद के बाद अंगेज़ी पाठकों में इस संबंध में दिलचस्पी का विस्तार हुआ और इस कारण कुछ पुस्तकें प्रकाशित हुईं, जिनमें से दो प्रमुख इस तरह से हैं- (1) मृदुला बिहारी, *पद्मिनी- दि स्पीरीटेड क्वीन ऑफ़ चित्तौड़* (पेंग्विन, नयी दिल्ली, 2017) और (2) बी.के. कटारा, *रानी पद्मिनी- हिरोइन ऑफ़*

चित्तौड़ (रूपा पब्लिकेशन इंडिया, 2009)।

8. नंदकिशोर आचार्य, *इतिहास के सवाल* (दिल्ली: सस्ता साहित्य मंडल, 2011), 21.

9. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* संपा. विलियम क्रूक (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1971, प्रथम संस्करण 1920), 1: 307.

10. विसेंट ए. स्मिथ, *ओक्सफ़ोर्ड हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया* (लंदन: ओक्सफ़ोर्ड, संशोधित संस्करण 1921), 233.

11. वही, 233.

12. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 190.

13. किशोरीशरण लाल, *हिस्ट्री ऑफ़ ख़लज़ीज़* (मुबई: एशिया पब्लिकेशन हाउस,1950), 130.

14. कालिकारंजन कानूनगो, *स्टीडीज़ इन राजपूत हिस्ट्री* (दिल्ली: एस. चांद एंड कंपनी, 1960), 17.

15. वही, 19.

16. इरफ़ान हबीब और हरबंश मुखिया ने फ़िल्म 'पद्मावत' पर विवाद के दौरान अपने विचार नितिन रामपाल की स्टोरी (''पदमावती कंट्रोवर्सी: हिस्ट्री इज एट रिस्क ऑफ़ बीइंग ट्रेप्ड बिटविन लेफ्ट राइट इंटरप्रिटेशन्स ऑफ़ द पास्ट,'' *.फ़र्स्ट पोस्ट,* 21 सितंबर 2019, https://222.firstpost.com/india/padmavati-controversy-history-is-at-risk-of-being-trapped-between-left-right-interpretations-of-the-past-4225695.html) में व्यक्त किए।

17. दशरथ शर्मा, ''वाज ए पद्मिनी मीयर फिगमेंट ऑफ़ जायसीज़ इमेजिनेशन ?, '' *प्रोसिडिंगज़ ऑफ़ इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस,* खंड-24 (1961), 176-177.

18. नारायणदास, रतनरंग और देवचंद, *छिताईचरित,* संपा. हरिहरनिवास द्विवेदी एवं अगरचंद नाहटा (ग्वालियर: विद्यामंदिर प्रकाशन, 1960), 41.

19. मलिक मुहम्मद जायसी, *पदमावत,* संपा. वासुदेवशरण अग्रवाल (चिरगाँव (झाँसी): साहित्य सदन, द्वितीय संस्करण 1961), 671.

20. मुनि जिनविजय, ''रत्नसिंह की समस्या,'' *गोरा-बादल चरित्र* (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, तृतीय संस्करण 2000), 34.

21. दशरथ शर्मा, ''रानी पदमिनी- एक विवेचन,'' *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल रिसर्च इंस्टीट्यूट,1960), 4.

22. (i) गौरीशंकर हीराचंद ओझा, ''दरीबे का शिलालेख,'' *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 192.

(ii) अक्षयकीर्ति व्यास, ''कुंभलगढ की पहली और तीसरी पट्टिका का शिलालेख (वि.सं. 1517),'' *एपिग्राफिया इंडिका,* खंड-XXIV (1937-38 ई.), संपा. एन.पी. चक्रवर्ती (नयी दिल्ली: डायरेक्टर जनरल, आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, पुनर्मुद्रण 1984), 304-328.

23. अगरचंद नाहटा, ''राघवचेतन की ऐतिहासिकता,'' *नागरी प्रचारिणी पत्रिका,* वर्ष-64, अंक-1, 64.

24. जोगेंद्रप्रसाद सिंह, ''रत्ना दि सन ऑफ़ चमना हम्मीर एंड साका ऑफ़ चित्तौड़,'' *जर्नल ऑफ़ दि रायल एशियाटिक सोसायटी ऑफ़ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड,* सं. 3-4, (1964), 95-105.

25. जेम्स टॉड, ''ऑथर्स इंट्रोडक्शन'', *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: IXII.

26. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 190.

27. जायसी और *पद्मावत* पर हिंदी एकाधिक शोधकार्य हुए हैं। जायसी और उनका *पद्मावत* हिंदी साहित्य के पाठयक्रमों का हिस्सा रहा है, इसलिए उस पर पर्याप्त शोध-आलोचनाएँ मौजूद हैं। रामचंद्र शुक्ल ''जायसी,'' *जायसी ग्रंथावली,* संपा. रामचंद्र शुक्ल (वाराणसी: नागरी प्रचारिणी सभा, 1924) और विजयदेवनारायण साही *जायसी* (इलाहाबाद: हिंदुस्तानी एकेडेमी, चतुर्थ संस्करण 2017) की किताबें अपनी मौलिकता के कारण चर्चा में रही हैं। अंगेज़ी में रम्या श्रीनिवासन के शोधकार्य (*दि मेनी लाइव्ज़ ऑफ़ ए राजपूत क्वीन* [सिएटले: युनिवर्सिटी ऑफ़ वाशिंगटन प्रेस, 2007]) की पर्याप्त चर्चा हुई है। ख़ास बात यह कि इसमें *पद्मावत* के प्रसंग में कुछ देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों का भी विवेचन है। यहाँ इस उल्लेख में इन रचनाओं को भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य परंपरा का स्वाभाविक विकास मानने के बजाय कुछ हद तक जायसी से प्रेरित और परवर्ती माना गया है।

अध्याय - 1

भारतीय परंपरा

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण को आधार बनाकर देश भाषाओं में लिखे गए कथा-काव्यों में से जायसी के *पद्मावत* को छोड़कर शेष सभी कथा-काव्य ऐतिहासिक कथा-काव्य की प्राचीन भारतीय परंपरा का स्वाभाविक और देशज विकास हैं। केवल जायसी का *पद्मावत* इनसे अलग है- यह भारतीय और फ़ारसी, दोनों परंपराओं के काव्यरूप से अलग काव्यरूप में है, जिसमें अंशतः फ़ारसी, अंशतः संस्कृत और अंशतः क्षेत्रीय परंपराओं के तत्त्व सम्मिलित हैं।[1] जायसी के *पद्मावत* सहित इन ऐतिहासिक कथा-काव्यों के संबंध में अधिकांश आधुनिक इतिहासकारों की धारणा यह है कि ये कल्पित हैं और इनका इतिहास से कोई संबंध नहीं है। उनकी राय में जायसी ने *पद्मावत* में रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण की कल्पना की और राजस्थान के चारण-भाटों ने यह वृत्तांत वहीं से लिया।[2] ये कथा-काव्य पूरी तरह अनैतिहासिक नहीं हैं और न ही जायसी ने रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण की कल्पना की, जैसाकि अधिकांश 'आधुनिक' इतिहासकार और विद्वान् मानते हैं। ये सभी ऐतिहासिक कथा-काव्य की प्राचीन भारतीय परंपरा के अंतर्गत हैं और इनमें अतीत की स्मृति के वर्तमान में व्यवहार का एक ख़ास भारतीय ढंग है।

अधिकांश यूरोपीय और उनके अनुवर्ती कुछ आधुनिक भारतीय इतिहासकारों की धारणा यह है कि प्राचीन भारतीयों की इतिहास लेखन में कभी कोई दिलचस्पी नहीं रही। एक तो उनके अनुसार वे दैवीय शक्तियों के समक्ष अपने को नगण्य समझते थे और नगण्यता का कभी कोई इतिहास नहीं होता दूसरे, पारलौकिकता के प्रति उनके आकर्षण ने उन्हें जागतिक जीवन से विमुख कर दिया और तीसरे, इतिहास की बुनियादी ज़रूरत कालबोध उनकी चेतना का हिस्सा नहीं है।[3] इतिहास संबंधी, जो पारंपरिक भारतीय साहित्य उपलब्ध है, उसमें से अधिकांश में इस कारण कार्य-कारण संबंध 'युक्तिसंगत' और 'आनुभविक' तर्क पर आधारित नहीं है, इसलिए इन 'आधुनिक'

इतिहासकारों–विद्वानों की नज़र में अधिकांश ऐतिहासिक भारतीय साहित्य 'इतिहास' की आधुनिक अवधारणा के दायरे से बाहर की चीज़ है। अधिकांश भारतीय इतिहास ग्रंथों में उनके हिसाब से ऐसे मिथक और कल्पना निर्भर असंगत तत्त्वों की भरमार हैं, जिन्हें हटाए बिना सही और असल इतिहास से रूबरू नहीं हुआ जा सकता। इतिहासकार रोमिला थापर यह तो मानती हैं कि ''प्रत्येक समाज की अतीत की अपनी कल्पना होती है और इसलिए किसी भी समाज को इतिहास निरपेक्ष नहीं कहा जा सकता''[4], लेकिन उनके 'आधुनिक' इतिहासकार का निष्कर्ष भी यही है कि प्राचीन भारत की इतिहास की अवधारणा 'अपरिष्कृत क़िस्म की है'[5] और यहूदी–ईसाई परंपरा की तुलना में इसमें 'सुविकसित इतिहास दर्शन के साक्ष्य निश्चय ही सीमित हैं।'[6] दरअसल इतिहास की यह अवधारणा यूरोपीय है, जिसका विकास मुख्यत: अठारहवीं सदी में प्रबोधनकाल में हुआ। हर जाति–समाज की उसकी अपनी सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार इतिहास चेतना और मानक विकसित होते हैं। भारतीय इतिहास चेतना की भी सदियों की अपनी विकास यात्रा है और इस यात्रा के दौरान ही उसकी अवधारणा और अलग मानक विकसित हुए हैं। प्राचीन और मध्यकालीन पारंपरिक भारतीय ऐतिहासिक सामग्री को इस तरह यूरोपीय इतिहास की अवधारणा के मानकों से देखना–परखना दरअसल मध्ययुगीन शरीर में आधुनिक आत्मा के प्रवेश से मध्ययुगीन अनुभव पाने की अपेक्षा करने जैसा है।[7] विडंबना यह है कि प्राचीन और मध्ययुगीन भारतीय ऐतिहासिक ग्रंथों को समझने में जैसाकि ए.एल. बाशम ने भी कहा है कि ''भारतीय और यूरोपीय, दोनों इतिहासकारों ने बड़े बचकाने तरीक़े से व्यवहार किया है और अब तक इस बात का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया कि उन पूर्वाग्रहों और साहित्यिक प्रथाओं का अध्ययन किया जाए, जिनके अनुरूप वे लिखे गए।''[8]

भारतीयों के अनैतिहासिक होने की यह धारणा इतनी गहरी और बद्धमूल है कि आज भी कुछ आधुनिक इतिहासकार भारत में इतिहास लेखन की शुरुआत ही यूरोपीय ईसाई पादरियों के आगमन और इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना से मानते हैं।[9] गोया भारतीयों को अपनी स्मृति के संरक्षण और व्यवहार की कभी कोई समझ ही नहीं रही। दरअसल इतिहास लेखन और प्राचीन और मध्यकालीन भारतीय दस्तावेज़ों की ऐतिहासिकता की पहचान के पारंपरिक ढंग में इधर बदलाव हुए हैं और इस लगभग सर्वमान्य धारणा पर कि भारतीय इतिहास सचेत नहीं थे और उनके पास कोई ऐतिहासिक सामग्री नहीं है, काफ़ी पुनर्विचार हुआ है।[10] भारतीयों में इतिहास चेतना थी, यह अब कई तरह से प्रमाणित है। निरंतर बाह्य आक्रमणों और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद भारत में शासकों सहित अन्य लोगों के 90 हज़ार शिलालेख और लाखों पांडुलिपियाँ हैं और इनकी उपलब्धता अब भी ज़ारी

है। ख़ास बात यह है कि इनमें समय और स्थान के उल्लेख का आग्रह भी है। श्रुत परंपरा की रचनाओं- वेद, पुराण और और स्मृतियों में भी वंश, चरित आदि भारतीय इतिहास चेतना के प्रस्थान रूप मौजूद हैं। वंश, चरित आदि इतिहास रूप बाद में ऐतिहासिक प्रबंधों के रूप विकसित हुए और मध्यकाल में क्षेत्रीय ज़रूरतों के अनुसार इनका देशज रूपांतरण भी हुआ। काल गणना की भी भारतीयों की अपनी पद्धति थी, जो प्रायः शासकों के शासन वर्ष पर निर्भर करती थी। इतिहास के इन 'संचित' रूपों के आधार पर दार्शनिक अरविंद शर्मा सहित कई देशी-विदेशी विद्वानों ने यह मान लिया है कि भारतीयों में इतिहास चेतना रही है।[11] भारतविद् शेल्डन पोलक के अनुसार ''पारंपरिक भारत में ऐतिहासिक समझ की अनुपस्थिति के संबंध में दीर्घकाल से प्रचलित विचार पर इतिहास लेखन की अलंकरणप्रधान बुनियाद, आख्यान की प्रकृति, शास्त्रीय पुरातनता में इतिहास लेखन का स्वभाव और पूर्व आधुनिक भारत में वास्तव में उपलब्ध ऐतिहासिक दस्तावेज़ों जैसी इतिहास की अवधारणाओं पर हाल की विद्वता के आधार पर पुनर्विचार की आवश्यकता है।''[12] उनके विचार में ''संस्कृत भारत में इतिहास उस तरह अज्ञात नहीं है, जैसा उसे बताया जाता है।''[13] कमोबेश यही बात जर्मन विद्वान् एम. विंटरनित्ज़ ने भी कही है- उन्होंने लिखा है कि ''अकसर यह कहा जाता है कि भारतीयों के पास कोई महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक साहित्य नहीं है और इतिहास में उनकी रुचि बहुत कम है। यह सही नहीं है। उनकी इतिहास में दिलचस्पी है, यह वैदिक साहित्य में उपलब्ध आचार्यों की सूची और पुराण-महाभारत की वंशावलियों से प्रमाणित है। यह अलग बात है कि मिथकीय तत्त्व इनमें कुछ हद तक वर्चस्वकारी हैं, लेकिन फिर भी पुराणों में बहुत मूल्यवान् ऐतिहासिक परंपराएँ सुरक्षित हैं।''[14] कुछ उपनिवेशकालीन यूरोपीय इतिहासकार, जो भारतीयों के स्मृति के संरक्षण के ख़ास प्रकार के ढंग से अवगत थे, उनकी राय पहले से ही अलग थी। उनमें से एक जेम्स टॉड का मानना था कि भारतीय अनैतिहासिक नहीं हैं और उनके पास अपने इतिहास से संबंधित पर्याप्त सामग्री है। उन्होंने एक जगह लिखा कि ''कुछ लोग आँख मीचकर यह मान बैठे हैं कि हिंदुओं के पास ऐतिहासिक ग्रंथों जैसी कोई चीज़ नहीं है। मैं फिर कहूँगा कि इस प्रकार के अर्थहीन अनुमान लगाने में प्रवृत्त होने से पहिले हमें जैसलमेर और अणहिलवाड़ा पाटण के जैन ग्रंथ भंडारों और राजपूताना के राजाओं और ठिकानेदारों के अनेक निजी संग्रहों का अवलोकन कर लेना चाहिए।''[15]

1.

हर समाज अपने जीवन दर्शन, विचारधारा, वर्गीय हित सम्बन्ध और सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के आधार पर अपने ख़ास इतिहास रूप गढ़ता है। सभी देश-

समाजों का इतिहास एक जैसा हो, यह केवल औपनिवेशिक दुराग्रह है। भारतीय इतिहास चेतना का विकास अलग ढंग से हुआ, इसलिए ग्रीक-रोमन ईसाई इतिहास के मानकों के बजाय उसको अपने समय, संदर्भ और विचार में ही अच्छी तरह समझा जा सकता है। यह धारणा कुछ हद तक सही है कि भारतीय चेतना में जागतिकता का बहुत आग्रह नहीं है और उसमें काल का बोध भी अलग तरह का है, लेकिन यह मानना ग़लत है कि इस कारण यह इतिहास सचेत नहीं है। भारतीयों के पारलौकिकता के आग्रह को जिस तरह से यूरोप में प्रचारित किया गया, सर्वथा वैसा भी नहीं है। पारलौकिकता के साथ भारतीय चेतना में जीवन और जगत का आग्रह भी बहुत निरंतर और सघन है।

भारतीय इतिहास चेतना का विकास काल बोध की जटिल और बहुरंगी भारतीय अवधारणा के कारण अलग तरह से हुआ, इसलिए उसको केवल चक्राकार या एक रैखिक बोध में सीमित नहीं किया जा सकता। कालबोध के ये दोनों रूप, चक्राकारीय और रेखीय, हमेशा से उसकी निर्मिति का ज़रूरी हिस्सा रहे हैं। भारतीय समाज कुछ हद तक स्मृति और संस्कार से चक्रीय काल बोध और सनातनता का आग्रही है और यह विश्वास या धारणा उसके आचार-विचार में कमोबेश सदियों से सक्रिय है। भारतीय ऐतिहासिक दस्तावेज़ों में, इस कारण, देशकाल का संदर्भ कुछ हद तक उस तरह से नहीं आता, जिस तरह से ईसाई पद्धति के इतिहास में आता है। कुछ हद तक 'मीमांसा' भी भारतीय इतिहास लेखन और उसमें भी ख़ासतौर पर वैदिक दस्तावेज़ों को अलग और ख़ास रूप देती है। मीमांसा से वैदिक साहित्य की सत्ता कालातीत हो जाती है। वेदों में इतिहास की मौजूदगी को समझने के लिए मीमांसा के साथ उनकी अंतरंगता को गहराई से समझा जाना चाहिए। शेल्डन पोलक ने यही आग्रह करते हुए लिखा है कि "वेद के संदर्भगत क्षेत्र पर मीमांसा के विचार हमारे समझने में सहायक हो सकते हैं। मीमांसा वेद की सत्ता को उसकी कालातीतता पर आधारित करती है, और इस तरह वेदों को उनकी संदर्भ्यता से मुक्त करती है।"[16] ग्रीक-रोमन ईसाई पद्धति में इतिहास के लिए जिस तरह से समय और स्थान के संदर्भ की अनिवार्यता होती है, वह कई बार वेदों सहित प्राचीन भारतीय दस्तावेज़ों में नहीं मिलता। उनमें वर्णित ऐतिहासिक घटनाएँ और व्यक्तित्व कालातीत होकर या अपने समय और स्थान के संदर्भ से मुक्त होकर सब समयों और स्थानों के लिए उपयोगी और प्रासंगिक हो जाते हैं। ऐसी घटनाओं और व्यक्तित्वों को इतिहास की ईसाई पद्धति इसीलिए 'इतिहास' के बजाय 'मिथ' की श्रेणी में रखती है, जिसका अर्थ इस परंपरा में व्यापक रूप में प्रचारित और मान्य ग़लत धारणा, विचार या विश्वास है, जबकि भारतीय परंपरा 'मिथ' में इतिहास का अस्तित्व भी मानती है।

चक्रीय कालबोध और सनातनता के आग्रह के कारण भारतीय इतिहास चेतना समय और भूगोल से बाहर है, यह धारणा भी पूरी तरह सही नहीं है। दरअसल चक्रीय कालबोध में समय का एक रैखिक बोध भी अंतर्निहित है, इसलिए भारतीय इतिहास चेतना का विस्तार 'प्राकृतिक देशकाल' में भी दूर तक है और उसकी परंपरा में इसके पर्याप्त साक्ष्य भी हैं। दार्शनिक अरविन्द शर्मा ने तो समय के चक्राकारीय बोध को हिक़ारत के साथ यह कहकर ख़ारिज कर दिया कि यह ''इतना उलटा-पुलटा है कि हमें भूल की दिशा में ले जाता है।''[17] उन्होंने आगे और लिखा है कि ''समय की हिन्दू धारणा एकरंगी नहीं है, बल्कि एक बहुरंगी चित्र है। यह एक जटिल अवधारणा है, जिसे केवल चक्राकारीय कहकर समझा नहीं जा सकता।''[18] अनिन्दिता एन. बाल्सलेव का कथन है कि ''समय का चक्राकारीय विचार हिन्दू बौद्धिक परम्परा का एक मात्र लक्षण न होकर ''किसी विशिष्ट ब्राह्मणवादी विचारधारा तक का लक्षण नहीं है; यहाँ तक कि यह किसी वाद-विवाद का विषय भी नहीं है।''[19] स्पष्ट है कि समय का चक्राकारीय विचार हिन्दू बौद्धिक परम्परा का एक मात्र लक्षण नहीं है। हिन्दू दार्शनिक परम्पराएँ विविध प्रकार की हैं और तदनुसार इसकी इतिहास चेतना भी केवल चक्रीय कालबोध तक सीमित नहीं है। देशकाल की चेतना भी इसमें निरंतर और सघन है और इसकी परंपरा में इसके पर्याप्त साक्ष्य भी हैं। नंदकिशोर आचार्य के शब्दों में कहें तो ''इतिहास अंततः देशकाल में मानवीय क्रियाशीलता का बोध ही तो है। इस दृष्टि से देखें तो एक प्राकृतिक देशकाल में अपनी अवस्थिति, स्थापना और पहचान एक सामान्य भारतीय व्यक्ति के दैनंदिन जीवन में हर अवसर पर दिखाई देती है।''[20] देशकाल में अपनी पहचान का उसका यह आग्रह उसके जीवन में कई रूपों में दिखायी पड़ता है। एक तो वह हर महत्त्वपूर्ण आनुष्ठानिक कार्य देशकाल का संदर्भ देकर ही करता है, दूसरे, वह अपने पूर्वजों की स्मृति को लेकर बहुत सचेत है- वह उनकी स्मृति को वंशावली, बही आदि के रूप में सुरक्षित रखता है और उसकी इस सजगता के कारण इस कार्य की पेशेवर दक्षता रखने वाली चारण, भाट, राव, तीर्थस्थानों के ब्राह्मण आदि कई जातियाँ सदियों से यहाँ हैं और तीसरे, कर्मफल और पुनर्जन्म में उसका विश्वास यह सिद्ध करता है कि उसका वर्तमान उसके अतीत का फल अर्थात् यह उसके इतिहास से उत्पन्न है। भारतीय वंशावली अभिलेखों के अध्येता विद्वान् माइकेल विटज़ेल ने माना है कि भारतीय परंपरा में ऐतिहासिकता के साक्ष्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उपलब्ध भारतीय ऐतिहासिक दस्तावेज़ों के अध्ययन के बाद वे इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि ''भारतीय ऐतिहासिक लेखन के बारे में जैसाकि आधी सदी पहले सोचा गया था, उससे अलग, अब यह सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है कि कम-से-कम मध्यकालीन इतिहास के संबंध में कई स्रोत मौजूद

हैं। इसमें बहुत-सी नई खोजी गई सामग्री है, जो हालाँकि पहुँच के अभाव में अभी तक सही तरीक़े से उपयोग नहीं की गई है। ये स्रोत संभवत: एक साथ मिलकर उतनी बड़ी मात्रा में हैं, जैसाकि अन्य सभ्यताओं में पाये जाते हैं। यहाँ तक कि इनमें पुराने, मध्ययुगीन यूरोपीय अर्थ में भी ऐतिहासिक लेखन मिलता है।'' उन्होंने यह भी पाया कि भारत में ''ऐतिहासिक लेखन की कमी और ऐतिहासिक बोध का कथित अभाव, भारतीय सभ्यता के धार्मिक और दार्शनिक सिद्धांतों के बजाय, बड़े पैमाने पर हुईं मध्ययुगीन इतिहास की दुर्घटनाओं के कारण अधिक है।''[21]

दर्शन और विचारधारा का प्राचीन भारतीय कवि-इतिहासकार के नज़रिये पर व्यापक और गहरा प्रभाव है और यह बहुत स्वाभाविक है। कर्मफल में विश्वास के कारण वह अपने चरित्रों के दुर्भाग्य और सौभाग्य को तयशुदा दिशा में ले जाता है और इस कारण घटनाएँ इसमें कई बार अपनी सहज गति से परिचालित नहीं होतीं। इसी तरह मनुष्य की अपार शक्ति और सामर्थ्य में उसका भरोसा भी उसके चरित-नायकों को कई बार अतिमानवीय बना देता है। प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक व्यक्तित्वों में इसलिए पौराणिक और अतिमानवीय तत्त्वों की भरमार मिलती है। दर्शन और विचारधाराएँ केवल भारतीय कवि-इतिहासकार को प्रभावित-प्रेरित करती हैं, ऐसा नहीं है। ऐसा कमोबेश सभी सभ्यताओं के इतिहास में होता है। भारतीय इतिहास के मुस्लिम वृत्तांतकारों पर इस्लाम के दर्शन और विचारधारा का गहरा प्रभाव है और उन्होंने हर छोटा विवरण इसके प्रभाव में लिखा है। आधुनिक इतिहासकार भी इनसे सर्वथा अप्रभावित हैं, यह मानना ग़लत होगा। हमारे समय में पौराणिक तत्त्वों से तो इतिहास ने अपने को कुछ हद तक अलगा लिया है, लेकिन अब विचारधाराएँ और विमर्श उस पर काबिज़ हो गए हैं और इनका बहुत गहरा, मुखर और पारदर्शी प्रभाव उस पर कई बार बहुत साफ़ दिखता है। इतिहासकारों के एक वर्ग ने तो विचारधारा के प्रभाव में मानवीय सभ्यता के इतिहास को ही एक तयशुदा साँचे में सीमित कर दिया।

भारतीय इतिहास परंपरा को इस निगाह से नहीं पढ़ा-समझा गया कि इतिहास अंतत: अतीत के यथार्थ का अमूर्तन है। इतिहास लेखन की यूरोपीय पद्धति में वस्तुनिष्ठता या प्रत्यक्षवाद पर निर्भरता का आग्रह इतना बढ़ा कि यह भुला ही दिया गया कि इतिहास में इतिहासकार के व्यक्ति की भी निर्णायक भूमिका होती है। यह तो ई.एच. कार ने भी कहा था कि ''इतिहास के तथ्य कभी हमें शुद्ध रूप में नहीं मिलते, क्योंकि शुद्ध रूप में न वे कभी रहते हैं और न रह सकते हैं; वे हमेशा लेखक के मस्तिष्क में रंगकर आते हैं।''[22] यह यथार्थ का एक तरह से अमूर्तन है, लेकिन यह इतिहास की नियति भी है। विडंबना यह है कि पूर्व आधुनिक भारतीय ऐतिहासिक दस्तावेज़ों

को इस निगाह से पढ़ा–समझा ही नहीं गया। यूरोपीय इतिहासकारों की मनोरचना को आधार बनाकर निकाले गए निष्कर्षों को भारतीय ऐतिहासिक दस्तावेज़ों पर लागू कर दिया गया, जबकि पूर्व आधुनिक भारतीय इतिहासकारों की धार्मिक–सांस्कृतिक मनोरचना उनसे बहुत अलग थी। इतिहास में काल और स्थान को लेकर उनकी दार्शनिक और आध्यात्मिक धारणाएँ और विश्वास अलग थे। उन्होंने अतीत के यथार्थ का अमूर्तन भी तदनुसार किया। गाथाएँ, आख्यान आदि भारतीय इतिहास के ऐसे रूप हैं, जिनमें इतिहासकार की अपनी विचारधारा और मनोरचना की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

प्राचीन भारतीय इतिहासकार, केवल इतिहासकार नहीं हैं, वे कवि–इतिहासकार हैं। भारत में इतिहास लेखन की परंपरा हमेशा दरबारी कविता से संबद्ध रही है। तथ्य पर निर्भरता के साथ भारतीय इतिहासकारों का आग्रह उसको कविता में रचना–बाँधना भी है। वे इसीलिए तथ्यों का उल्लेख तो करते हैं, लेकिन उनके विवरणों में नहीं जाते। विवरणों के स्थान को वे अकसर अपनी कल्पना से भरते हैं। कई बार तथ्य की भूमिका उनकी कल्पना को उकसाने तक ही सीमित रहती है। कल्पना और इतिहास एक–दूसरे के विरुद्ध हैं, यह धारणा सही नहीं हैं। दरअसल ''कल्पना की भी इतिहास बोध में निर्णायक भूमिका होती है।''[23] भारतीय कवि–इतिहासकार के कवि स्वभाव के संबंध में एक ख़ास बात और है, जिसकी ओर हजारीप्रसाद द्विवेदी ने ध्यान आकृष्ट किया है। उनके अनुसार कवि–इतिहासकार कई बार यथार्थ के बजाय उसकी संभावना पर अधिक ध्यान देने लगता है। वे लिखते हैं कि ''राजा के शत्रु होते हैं, युद्ध होता है, और भी तो हो सकते थे। कवि संभावना को देखेगा। राजा के एकाधिक विवाह होते थे, यह तथ्य विवाहों की संभावना उत्पन्न करता है। जलक्रीड़ा और वन विहार की संभावना की ओर संकेत करता है और कवि को अपनी कल्पना के पंख खोलने के अवसर देता है।''[24] मध्यकालीन ऐतिहासिक कथा–काव्यों में ऐसी संभावनाओं की भरमार है।

दरअसल प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक कथा–काव्यों में उस समय के दर्शन और विचारधारा के अनुसार बनीं ख़ास शैलियों और ढाँचों का इस्तेमाल हुआ है। इनमें विन्यस्त इतिहास कथा–काव्य के बनते–बदलते कवि–कथा अभिप्रायों, समयों और प्रथाओं के बीच में और उनके साथ है। प्राचीन भारतीय कवि–इतिहासकारों के संबंध में ख़ास बात यह है कि वे अकसर अतीत से वही चुनते हैं, जो उनकी रचना के लिए उपयोगी और प्रासंगिक है। वे अतीत के संपूर्ण और निरंतर विवरण में प्राय: नहीं जाते। इतिवृत्तों, प्रबन्धों और आख्यानों में इसलिए शासकों के जीवन के सम्पूर्ण और निरंतर विवरण नहीं, उनके जीवन की कोई घटना या एक चरण है। बाण के *हर्षचरित* को आधुनिक इतिहासकारों ने अपूर्ण घोषित कर दिया, जबकि वस्तुस्थिति

यह है कि रचनाकार के लिए हर्ष का इतना ही जीवन अपनी रचना के लिए अपेक्षित था।[25] प्राचीन इतिवृत्तों में शासकों के जीवन का एक आदर्शक्रम- प्रारम्भ, प्रयत्न, प्रत्याशा, नियताप्ति और फलागम है।[26] भारतीय इतिहासकारों का ज़ोर इस क्रम के अनुसार उनके जीवन के आदर्शीकरण पर है। आधुनिक इतिहासकारों को इसलिए भारतीय ऐतिहासिक ग्रंथों के विवरण अतिकल्पित और बेतुके लगते हैं। मध्यकाल में शौर्य, पराक्रम और स्वामिधर्म जैसे मूल्य शासकों के अस्तित्व और जनसाधारण में उनकी मान्यता के लिए ज़रूरी थे, इसलिए इतिहासकारों ने इनको ध्यान में रखकर अतीत की पुनर्रचना की। प्राचीन और मध्यकालीन आख्यानों-इतिवृत्तों में इसलिए इतिहासकारों ने इन मूल्यों के लिए लड़ने-मरने वाले वीर नायकों की प्रतिष्ठा की और यह उस समय के प्रचलित दर्शन और विचारधारा के अनुसार है। मध्यकाल में विकसित इतिहास रूपों- प्रबंध, रासो, ख्यात, पाटनामा, चरित आदि में भी वर्णन और कथानक की रूढ़ियाँ बन गईं, जिनका निर्वाह उस समय कवि-लेखक होने की अर्हता थी। रासो ग्रन्थों में युद्ध, ऋतु, नगर, उद्यान आदि का वर्णन भी रूढ़ियों के अनुसार है। वस्तु, कथानक और शैली के मध्यकाल में प्रचलित कवि-कथा समयों को जाने-समझे बिना इन ग्रन्थों को अनैतिहासिक और कल्पित मान लिया गया। रासो ग्रन्थों की ऐतिहासिकता पर आधुनिककाल के आरम्भ में लम्बी बहस हुई और इनके संरचनात्मक ढाँचे को जाने-समझे बिना ही अधिकांश आधुनिक इतिहासकारों और विद्वानों ने इनको इतिहास के दायरे से बाहर कर दिया।[27]

भारत में कथा की स्वायत्त परंपरा है, लेकिन इतिहास को कथा का रूप देकर ऐतिहासिक कथा-काव्य की रचना की भी यहाँ लंबी और समृद्ध परंपरा है। भारतीय कथा परंपरा की शुरुआत ही *ऋग्वेद* में ऐतिहासिक कथा संकेतों से हुई।[28] भारतीय मनीषा और चित्त, जो अतीत है या जो बीत गया है, उसको पूरी तरह यथार्थ की तरह रचने का दावा नहीं करते। वे यह जानते हैं कि अतीत, मतलब जो घट गया, उसका बाद में दिया गया कोई विवरण प्रत्यक्ष और आनुभविक होने पर भी पूरी तरह यथार्थ नहीं हो सकता। यथार्थ का ऐसा विवरण लेखक के आग्रह, रुचि, विचार, समझ, प्रयोजन, विवेक आदि से प्रभावित होकर बदल ही जाएगा। अतीत का ऐसा कोई भी विवरण हर हाल में यथार्थ नहीं, यथार्थ की पुनर्रचना ही होगा और यह पुनर्रचना इतिहास और कथा का मिलाजुला रूप ही होगी। सही तो यह है कि नाम संज्ञाओं और तिथियों को छोड़कर इतिहास में जो होता है, वह कमोबेश कथा जैसा ही होता है। भारतीय परंपरा में इसलिए आरम्भ से ही इतिहास और कथा की एक-दूसरे में आवाजाही इतनी निरंतर और सघन है कि इनको एक-दूसरे से अलग करके स्वायत्त ढंग से समझा ही नहीं जा सकता। पश्चिम में भी ये दोनों सर्वथा अलग

अनुशासन हैं और इन दोनों की अलग परम्पराएँ हैं, सर्वथा ऐसा नहीं है। 'कथा' शब्द का प्रयोग भी इस कारण भारतीय वाङ्मय में व्यापक अर्थ में हुआ है और यह लक्ष्य ग्रंथों के आधार पर बदलता भी रहा है। यहाँ सभी प्रकार के ऐतिहासिक-अर्ध ऐतिहासिक चरित काव्यों को 'कथा' कहा गया है। तुलसीदास ने एकाधिक बार *रामचरितमानस* को 'कथा' कहा है।[29] इसी तरह विद्यापति ने अपनी रचना *कीर्तिलता* को 'कहाणी' (कथानिका) कहा है।[30] प्राचीन साहित्य में कथा का प्रयोग एक तो 'कहानी' के अर्थ में और दूसरे, अलंकृत काव्यरूप के अर्थ में होता आया है।[31] *पंचतंत्र, महाभारत* और *पुराण* के आख्यान और गुणाढ्य की *बृहत्कथा* सभी की गणना कथा की श्रेणी में ही होती है, लेकिन भामह और दंडी ने इसका प्रयोग विशिष्ट अर्थ में अलंकृत गद्यकाव्य के लिए किया है।[32] दंडी ने आग्रहपूर्वक कथा और आख्यायिका को एक श्रेणी की रचना माना है।[33] रुद्रट ने नवीं सदी में लिखा कि संस्कृत निबद्ध कथाओं को गद्य में लिखने का बंधन है, परंतु अन्य भाषाओं (प्राकृत और अपभ्रंश) में ये पद्य में लिखी जा सकती हैं।[34] स्पष्ट है कि प्राचीन भारतीय साहित्य में कथा का अर्थ केवल कल्पित कहानी नहीं है। *आख्यान, आख्यायिका, वंश, वंशानुचरित, चरित* आदि ऐतिहासिक और अर्ध ऐतिहासिक रचनाएँ भी इसमें कथा की श्रेणी में रखी जाती थीं। यह विडंबना है कि इतिहास के औपनिवेशिक संस्कार और शिक्षा के कारण हम अपने ऐतिहासिक कथा-काव्य ग्रन्थों को केवल कथा मानकर इतिहास के दायरे से बाहर कर देते हैं। वस्तुस्थिति यह है कि यह स्मृति के रख-रखाव का भारतीय ढंग है। ये रचनाएँ कथा-काव्य के विन्यास में कुछ हद तक इतिहास भी हैं।

2.

भारत में इतिहास और उसके कथा-काव्य में विन्यास की परंपरा बहुत प्राचीनकाल से है। इतिहास का कथा-काव्य की तरह व्यवहार यहाँ बहुत पहले से होता आया है। भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्यों में विन्यस्त इतिहास अपने देश-समाज और संस्कृति के अनुसार अलग और ख़ास तरह का है। चक्रीय कालबोध और सनातनता के आग्रह ने इसे इतिहास को ग्रीक-रोमन ईसाई पद्धति से अलग रूप दिया है, लेकिन इसमें देशकाल की चेतना और संदर्भ की मौजूदगी भी बहुत निरंतर और सघन है। इतिहास सहित इतिहास के 19 आनुषंगिक रूप- ऐतिह्य, पुराकल्प, परक्रिया, अवदान, आख्यान, आख्यायिका, उपाख्यान, अन्वाख्यान, चरित, अनुचरित, कथा, परिकथा, अनुवंश, श्लोक, गाथा, नाराशंसी, राजशासन और पुराण भारतीय वाङ्मय में सदियों से चलन में हैं।[35] यह सही है कि इनमें से कुछ रूप इतिहास के अनुशासन के रूप में अच्छी तरह से विकसित हैं, जबकि कुछ ऐसे हैं, जिनमें इतिहास अविकसित रूप में है, जबकि कुछ ऐसे हैं, जिनमें कथा-कल्पना का तत्त्व बहुत वर्चस्वकारी है, लेकिन

यह तय है कि इन सभी में कमोबेश ऐतिहासिक सामग्री किसी-न-किसी रूप में मौजूद है। *नाराशंसी, गाथा, आख्यान* और *पुराण,* इतिहास के समानार्थक शब्दों के रूप में यहाँ सदियों से प्रयुक्त हो रहे हैं। *इतिहास* शब्द का व्यवहार भी वैदिक संहिताओं, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् ग्रंथों सहित परवर्ती साहित्य में कई जगह मिलता है।

राजाओं के वीरतापूर्ण कार्यों और दानों की सराहना में कहे गए छंद इतिहास के प्राचीनतम भारतीय रूप हैं। *ऋग्वेद* में इस तरह की कुछ स्तुतियाँ मिलती हैं- एक स्तुति में कहा गया है कि *राजानो न प्रशस्तिभि: सोमासो गोभिरंजते। यज्ञो न सप्त धातृभि: ॥* अर्थात् जिस प्रकार प्रशस्तियों से प्रशंसित राजा की प्रतिष्ठा होती है तथा सात याजकों द्वारा यज्ञदेव की प्रतिष्ठा होती है, उसी प्रकार गौ-घृतादि से सोमदेव संस्कारित होते हैं।[36] वेदों में ऐसी रचनाओं को *गाथा* और *नाराशंसी* कहा गया है। ये मनुष्यों द्वारा रची गई धर्मेतर रचनाएँ थीं, इसलिए इनको धार्मिक वैदिक ऋचाओं की तुलना में कम महत्त्वपूर्ण समझा जाता था। *तैत्तिरीय ब्राह्मण* और *काठक संहिता* में इनको 'निम्न क़िस्म' का कहा गया है और इनका पाठ करने वालों से दान ग्रहण करने की भी निंदा की गई है।[37] *ऋग्वेद* में इस तरह की स्तुतियाँ यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हैं कि उस समय राजाओं की सराहना और स्तुतियाँ भी छंदबद्ध हो रही थीं। कुछ विद्वान् इस मत के भी हैं कि आरंभ में *ऋग्वेद* में *नाराशंसी* और *गाथाएँ* भी धार्मिक ऋचाओं के बीच-बीच में सम्मिलित थीं, लेकिन कालांतर में इनको निकालकर इसको केवल धार्मिक ऋचाओं तक सीमित कर दिया गया।[38] परवर्ती ग्रंथ, ख़ासतौर पर *निरुक्त* और *बृहद्देवता ऋग्वेद* में *इतिहास* और *आख्यान* की मौजूदगी स्वीकार करते हैं। *निरुक्त* में यास्क एक जगह कहता है कि ऋक्, गाथा और इतिहास का मिलाजुला रूप है।[39] *बृहद्देवता* तो भागुरि, यास्क और शौनक का संदर्भ देते हुए *ऋग्वेद* के कुछ सूत्रों को इतिहास की कोटि में रखता है।[40] इसी तरह शाकटायन ने तो *ऋग्वेद* के एक संपूर्ण सूक्त (10.102) को ही इतिहास सूक्त कहा है- *प्रेतीतिहाससूक्तं तु मन्यते शाकटायन:।*[41] स्पष्ट है कि आरंभ में *गाथा* और *नाराशंसी* धार्मिक और कर्मकांडीय परंपराओं में सम्मिलित थीं, लेकिन कालांतर में इनको धार्मिक परंपरा से अलग कर दिया गया। इस तरह लगता है कि ऋग्वेदकाल में ही धार्मिक और ऐतिहासिक, दो अलग परंपराओं की शुरुआत हो गई थीं। ग़ैर धार्मिक ऐतिहासिक रचनाओं को इसलिए ब्राह्मण[42] और उपनिषद् ग्रंथों[43] तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र में 'इतिहास वेद' *(अथर्ववेदेतिहासवेदौ च वेदा:)* की संज्ञा दी गई है।[44]

उत्तर वैदिककाल में इतिहास की इस मौखिक परंपरा का विस्तार हुआ और इस दौर में यह मुख्यत: *नाराशंसी, गाथा, आख्यान, इतिहास* और *पुराण* के रूप में

विकसित हुई। ये सभी इतिहास रूप वैदिक साहित्य में भी थे, लेकिन उत्तर वैदिककाल में आकर ये विशिष्ट साहित्यिक स्वरूप के साथ प्रवृत्तियों के रूप में अस्तित्व में आए। *नाराशंसी* भारतीय इतिहास की परंपरा का प्राचीनतम रूप है। *ऋग्वेद* में इसका प्रयोग अलग-अलग रूपों और संदर्भों में एकाधिक स्थानों पर हुआ है।[45] *नाराशंसी* का विकास इसके व्युत्पत्तिपरक केंद्रीय अर्थ 'नरों की प्रशंसा या गौरव गान' के विस्तार से हुआ। निरुक्तकार यास्क ने अपने से पूर्ववर्ती कात्थक्य का संदर्भ देकर इसका अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा है कि *नाराशंसो यज्ञ इति कात्थक्यः। नरा अस्मिन्नासीनाः शंसन्ति।* अर्थात् नाराशंस यज्ञ है और नर इसमें आसीन होकर स्तुति करते हैं।[46] *बृहद्देवता* में यह *नरैः प्रशस्य आसीनैर्* अर्थात् आसीन होकर नर की प्रशंसा के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।[47] एक जगह उसके अनुसार *नराशंसमिहैके तु अग्निमाहुरथेतरे* अर्थात् कुछ का कहना है कि नराशंस यहाँ अग्नि है। आगे वह फिर कहता है कि *नराः शंसन्ति सर्वेऽस्मिन् आसीना इति वाध्वरे* अर्थात् सब मनुष्य इस पर आसीन होकर प्रशस्तियों का उच्चारण करते हैं, इसे यज्ञ के आशय में ग्रहण करते हैं।[48] निरुक्तकार ने और अधिक स्पष्ट करते लिखा है कि *येन नराः प्रशस्यन्ते स नाराशंसो मंत्रः* अर्थात् जिस मंत्र से नरों की स्तुति हो, वह नाराशंस मंत्र होता है।[49] आरंभ में *नाराशंसी* का अर्थ नरों की स्तुति था, लेकिन आगे चलकर 'नरों द्वारा की गयी स्तुति' को भी *नाराशंसी* के दायरे में ले लिया गया। यही नहीं, आगे चलकर मृत पिताओं या पितरों की स्तुति भी इसके अर्थ में जुड़ गयी।[50] कहीं-कहीं तो पितरों को भी नाराशंसी कहा जाने लगा।[51] *ऋग्वेद* में *नाराशंसी* का *रैभी* (धार्मिक संगीत) और *गाथा* के साथ भी प्रयोग हुआ है, जिसका अर्थ रचना का एक स्वरूप विशेष है।[52] *शतपथ ब्राह्मण नाराशंसी* को इतिहास-पुराण के समानांतर रखता है। उसमें कहा गया है कि *य एवं विद्यानुशासनानि विद्या वाकोवाक्यमितिहासपुराणं नाराशंसीरित्यहरहः स्वाध्यायमधीते मध्वाहुतिभिरेव तद्देवांस्तर्पयति* अर्थात् अनुशासन, विद्या, वाकोवाक्य, इतिहासपुराण, गाथा और नाराशंसी के स्वाध्याय करने से देवों को मधु से पूर्ण आहुतियाँ प्राप्त होती हैं।[53] *नाराशंसी* की परंपरा आगे भी जारी रही। *तैत्तिरीय आरण्यक* में उल्लेख है कि *यद्ब्राह्मणानीतितिहासान् पुराणानि कल्पान् गाथाः नाराशंसीर्मेदाहुतयो।* आशय यह है कि ब्राह्मण, इतिहास, पुराण, कल्प, गाथा और नाराशंसी समान हैं।[54] *याज्ञवल्क्य स्मृति* में भी आता है कि *वाकोवाक्यं पुराणं च नाराशंसीश्च गाथिकाः। इतिहासांस्तथा विद्याः शक्त्याधीते हि योऽन्वहम्। मांसक्षीरौदनमधुतर्पणं स दिवौकसाम्। करोति तृप्तिं कुर्याच्च पितृणांमधुसर्पिषा॥* अर्थात् जो वाकोवाक्य, पुराण, नाराशंसी, गाथा, इतिहास और अन्यान्य विद्याओं का प्रतिदिन अध्ययन करता है, वह मांस, क्षीर, ओदन, तथा मधु से देवताओं का तर्पण करता है और अपने पितरों को मधु तथा घृत से तृप्त करता है।[55] स्पष्ट है कि वैदिककाल

में *नाराशंसी* का विकास ऋषियों और राजपुरुषों की प्रशस्ति पर एकाग्र मौखिक इतिहास रूप की तरह हुआ। आरंभ में यह *गाथा* का एक रूप माना गया और कालांतर में इसे इतिहास-पुराण की परंपरा में समाविष्ट कर लिया गया और इसके तथ्य भी मान्य ऐतिहासिक साहित्य में सम्मिलित हो गए।

गाथा शब्द का व्युत्पत्तिगत अर्थ 'गै' (गाना) धातु से निष्पन्न होने के कारण गीत है, लेकिन वैदिक साहित्य में इसका प्रयोग कई अर्थों में मिलता है। आगे चलकर धीरे-धीरे यह साहित्य की एक विधा के रूप में मान्य हो गया। *ऋग्वेद संहिता* में यह 'गीत' या 'मंत्र' के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है और इसमें इसका स्तुति, श्लोक और कथा के रूप में भी अर्थ विस्तार मिलता है।[56] *ऋग्वेद* में 'गाथपतिं' गीत का नायकत्व करने वाले व्यक्ति के लिये प्रयुक्त हुआ है।[57] 'ऋजुगाथ' शुद्ध रूप से मंत्रों के गायन करने वाले के लिये[58] तथा 'गाथिन' केवल गायक के अर्थ में व्यवहृत किया गया है।[59] *ऋग्वेद* में ही यह शब्द *नाराशंसी* और *रैभी* के साथ प्रयुक्त होकर ऐसी रचना के रूप में विशिष्ट अर्थ ग्रहण कर लेता है, जिसमें राजादि के दान, यज्ञादि का वर्णन होता था। यहाँ इसको *रैभी* और *नाराशंसी* के साथ रखा गया है। कहा गया है कि *रैभ्यासीदनुदेयी नाराशंसी न्योचनी। सूर्याया भद्रमिद्वासो गाथयैति परिष्कृतम्॥*[60] *गाथा* का *रैभी* और *नाराशंसी* के साथ प्रयोग *ऋग्वेद संहिता* के बाद *तैत्तिरीय संहिता*[61] और *शतपथ ब्राह्मण*[62] में भी मिलता है। *अथर्ववेद* में भी गाथा को इतिहास रूप माना गया। इसमें एक जगह उल्लेख है कि *सबृहतीं दिशमनु व्यचलत्। तामितिहासश्च पुराणं च गाथाश्च नाराशंसीश्चानुव्यचलन्॥ इतिहासस्य च वै स पुराणस्य च गाथानां च नाराशंसीनां च प्रियं धाम भवति, य एवं वेद॥* आशय यह है कि व्रात्यस्तोम के प्रसंग में इतिहास, पुराण, गाथा तथा नाराशंसी उसके पीछे-पीछे चली। जो व्यक्ति इसे जानता है, वह इतिहास का, पुराण का, गाथाओं का तथा नाराशंसियों का प्रियधाम होता है।[63] *ऐतरेय ब्राह्मण* के अनुसार 'गाथा' मानव से संबंध रखती है, जबकि 'ऋच्' देव से संबंध रखता है। आशय यह है कि *गाथा* मानवीय और 'ऋच्' दैवीय होने से अलग मंत्र हैं।[64] इस तथ्य की पुष्टि शुन:शेप आख्यान के लिये प्रयुक्त 'शतगाथम्' शब्द से होती है, क्योंकि शुन:शेप अजीगर्त ऋषि का पुत्र होने से मानव था, जिसकी कथा *ऋग्वेद* के कई सूक्तों में दी गई है, जिनके मंत्रों की संख्या सौ के आसपास है इसलिए इनको 'शतगाथम्' कहा गया है।[65] *ऐतरेय ब्राह्मण* में भी *गाथा* शब्द मनुष्य तथा मनुष्योचित विषयों से संबंधित मंत्र के लिए प्रयुक्त हुआ है।[66] *ऐतरेय आरण्यक* *गाथा* को 'ऋच्' से भिन्न 'मंत्र' का एक प्रकार मानता है।[67] *ऐतरेय ब्राह्मण* के प्रसंग में यज्ञ में विशाल दान देने वाले राजाओं की स्तुति में अनेक प्राचीन गाथाएँ उद्धृत की गई हैं।[68]

आख्यान आरम्भ से ही कथा या ऐतिहासिक वर्णन के अर्थ में प्रयुक्त होता रहा है। *आख्यान* शब्द का विकास का 'ख्या' से हुआ, जिसका व्युत्पत्तिपरक अर्थ 'कथा' है। *साहित्यदर्पण* में *आख्यान* को 'पुरावृत्त कथन' कहा गया है।[69] एस.के. दे के मतानुसार *ऋग्वेद* के कथात्मक सूक्त वस्तुत: पौराणिक और निजंधरी आख्यान ही हैं।[70] *निरुक्त* और *बृहद्देवता* के अनुसार *ऋग्वेद* की ऋचाएँ आख्यानों से मिलती है।[71] *ऋग्वेद* में कई आख्यान हैं, जिनमें से कुछ आख्यान तो वैयक्तिक देवता के विषय में हैं और कुछ किसी सामूहिक घटना पर आधारित हैं। *ऋग्वेद* के भीतर परवर्ती साहित्य में पल्लवित 30 आख्यानों के संकेत मिलते हैं।[72] इनके अलावा इसकी दान स्तुतियों में अनेक राजाओं के नाम उपलब्ध हैं, जिनसे दान पाकर ऋषियों ने उनकी स्तुति में मंत्र लिखे। *ऋग्वेद* परवर्ती वैदिक साहित्य में भी आख्यान बहुतायत से मिलते हैं, जिनमें से कुछ आख्यान नये हैं, जबकि कुछ *ऋग्वेद* में संकेतित आख्यानों का ही पल्लवन या विस्तार हैं। *बृहद्देवता* और *निरुक्त* में भी इन आख्यानों का उल्लेख आया है।[73] पुराणों में भी यही आख्यान हैं, लेकिन यहाँ तक आते-आते इनका रूप बदल गया है। शुन:शेप, वसिष्ठ-विश्वामित्र और उर्वशी-पुरुरवा के आख्यान इसके अच्छे उदाहरण हैं। *ऋग्वेद* में संकेतित शुन:शेप का आख्यान *ऐतरेय ब्राह्मण* में नए रूप में, उपलब्ध होता है।[74] वसिष्ठ-विश्वामित्र का *ऋग्वेद* में संकेतित आख्यान परवर्ती वैदिक साहित्य में बदल गया है। *ऋग्वेद* के प्रख्यात सूक्त (10.95) में पुरुरवा और उर्वशी का संवाद मात्र है, लेकिन आगे चलकर *शतपथ ब्राह्मण* में यह एक प्रणय गाथा है।[75] *आख्यान* की स्वीकार्यता इतनी बढ़ी कि उसकी विशेषज्ञता रखने वालों की अलग पहचान होने लगी।[76] *आख्यान* का अर्थ ऐतिहासिक वर्णन होता है, लेकिन *शतपथ ब्राह्मण* में *आख्यान* और *इतिहास* में भेद किया गया है।[77] आगे चलकर धीरे-धीरे *आख्यान* इतिहास-पुराण की परंपरा में घुल-मिल गए।

इतिहास भी वैदिककाल में ही एक प्रवृत्ति बन चुका था। आरंभ में इसका व्युत्पत्तिपरक अर्थ 'इस प्रकार हुआ' था, लेकिन बाद में इसका विकास हुआ और सभी प्रकार की ऐतिहासिक रचनाएँ इसमें शामिल कर ली गईं। *इतिहास* का शाब्दिक अर्थ 'यह निश्चय था' या 'वस्तुत: इस प्रकार ऐसा हुआ था' है। *शुक्रनीति* में 'इतिहास' शब्द का विश्लेषण है। उसमें कहा गया है- *प्राग्वृत्तकथनं चैकराजकृत्यमिषादित:। यस्मिन् स इतिहास: स्यात् पुरावृत: स एव हि* अर्थात् जिसमें किसी एक राजा के चरित्र वर्णन के व्याज से प्राचीन व्यवहारों का वर्णन हो, उसे इतिहास कहते हैं; इसे ही पुरावृत्त भी कहा गया है।[78] *हरिवंशपुराण* के अनुसार *इतिहास* पूर्व घटनाओं की स्मृति होता है या इसमें पूर्व घटनाओं का उल्लेख किया जाता है।[79] *निरुक्त भाष्यवृत्ति* में दुर्गाचार्य ने *इतिहास* का आशय स्पष्ट करते हुए लिखा है कि *इति हैवामासीदिति य: कथ्यते*

सः इतिहासः अर्थात् यह निश्चय से इस प्रकार हुआ था, यह जो कहा जाता है, वह इतिहास है।[80] *निरुक्त* परंपरा के अनुसार ऋग्वैदिक ऋचाओं में ही *इतिहास* का उल्लेख मिलता है। यास्क के अनुसार *ऋग्वेद* में इतिहासयुक्त मंत्र पाए जाते हैं। वह शब्दों और मंत्रों की व्युत्पत्ति और व्याख्या करते हुए एकाधिक स्थानों पर कहता है कि *तत्रेतिहासमाचक्षते* अर्थात् ऐसा इतिहास की दृष्टि से भी कहा जाता है।[81] इसका एक विद्यानुशान के रूप में पूर्ण और अच्छा उल्लेख *अथर्ववेद* में मिलता है।[82] आचार्य शौनक ने *बृहद्देवता* में *महाभारत* के युद्ध पर टिप्पणी करते हुए लिखा है कि *इतिहासः पुरावृत्त ऋषिभिः परिकीर्त्यते* अर्थात् इस विषय का इतिहास ऋषियों द्वारा कीर्तित है।[83] कौटिल्य इतिहास का दायरा बड़ा करता है- वह कहता है कि *पुराणमितिवृत्तमाख्यायिकोदाहरणं धर्मशास्त्रमर्थशास्त्रं चेतीतिहासः* अर्थात् पुराण, इतिवृत्त, आख्यायिका, उदाहरण, धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र विद्याएँ इतिहास के अंतर्गत हैं।[84] उसके अनुसार *अथर्ववेदेतिहासवेदौ च वेदाः* अर्थात् अथर्ववेद और इतिहास वेद को वेद कहते हैं।[85] *महाभारत* के आदि पर्व की ग्रंथ महिमा में इसको एकाधिक बार *इतिहास* की संज्ञा दी गयी है। एक जगह इसको *इतिहासप्रदीपेन* अर्थात् यह, भारत के इतिहास का एक जाज्वल्यमान दीपक है, कहा गया है।[86] आठवीं सदी की प्राकृत रचना *गउडवहो* में वाक्पतिराज ने इतिहास को *एवंहास* कहा है। उनके अनुसार *णंदंति जमेवंहास कारिणो सार-कइणो अ* अर्थात् इतिहास लिखने वाले कवि, जिसका अभिनंदन करते हैं।[87]

पुराण शब्द का व्युत्पत्तिपरक अर्थ 'प्राचीन' या 'पुराना' है। *पुराण* शब्द का उल्लेख वेद सहित सभी प्रकार के प्राचीन साहित्य में मिलता है। यह विशेषण है, लेकिन *अथर्ववेद* में संज्ञा के रूप में प्रयुक्त हुआ है, जिसका अर्थ 'पुरावृत्त' है। अथर्ववेद के अनुसार *ऋचः सामानि च्छन्दांसि पुराणं यजुषा सह* अर्थात् पुराणों का आविर्भाव ऋक्, साम, यजुस् और छंद के साथ ही हुआ था।[88] *शतपथ ब्राह्मण* में कहा गया है कि *वाचा वै सम्राड्बंधुः प्रज्ञायतऽऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोअथर्वांगिरस इतिहासः पुराणम् विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानानि।* अर्थात् हे सम्राट! वाणी से ही ऋग्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, प्राच्यविद्या, उपनिषद्, श्लोक सूत्र उत्पन्न होते हैं।[89] *छान्दोग्य उपनिषद्* ने भी *पुराण* को वेद कहा है। उसमें कहा गया है कि *यजुर्वेदं सामवेदमाथवर्णम चतुर्थमितिहासपुराण पंचमं वेदानां वेदं* अर्थात् यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद तथा वेदों में पाँचवाँ वेद इतिहास तथा पुराण है।[90] *महाभारत* के आदि पर्व में कहा गया है कि *इतिहासपुराणानामुन्मेषं निर्मितं च यत्* अर्थात् इस ग्रंथ में इतिहास और पुराणों का मंथन करके उनका प्रशस्त रूप प्रकट किया गया है।[91] स्पष्ट है कि वैदिककाल और बाद में *पुराण* तथा *इतिहास* को समान स्तर

पर रखा गया है और दोनों का प्रयोग एकाधिक बार सामासिक पद की तरह हुआ है। *अमरकोष, शुक्रनीति* आदि प्राचीन ग्रंथों में *पुराण* के पाँच लक्षण- सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर और वंशानुचरित माने गये हैं। इनमें कहा गया है कि *सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च। वंशानुचरितं चैव पुराणं पंचलक्षणम्॥*[92] पुराणों में पर्याप्त विषय वैविध्य है। इनमें ब्रह्मांड विद्या, देवी-देवताओं, राजाओं, नायकों, ऋषि-मुनियों की वंशावली, लोककथाएँ, तीर्थयात्रा, मंदिर, चिकित्सा, खगोलशास्त्र, व्याकरण, खनिज विज्ञान, हास्य और प्रेमकथाओं के साथ-साथ धर्मशास्त्र और दर्शन का भी वर्णन है। पुराणों की विषय वस्तु में बहुत अधिक असमानता है। इतना ही नहीं, एक ही पुराण की एकाधिक पांडुलिपियाँ प्राप्त हुई हैं, जो एक-दूसरे से अलग हैं। पुराणों के रचनाकार अज्ञात हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि कई रचनाकारों ने कई सदियों में इनकी रचना कीं। पुराणों में *विष्णु, वायु, मत्स्य* और *भागवत* में प्रशस्ति, वंश आदि ऐतिहासिक रूप मिलते हैं। *विष्णु पुराण* के अनुसार अठारह पुराणों के नाम इस प्रकार हैं— ब्रह्म, पद्म, विष्णु, शैव (वायु), भागवत, नारद, मार्कण्डेय, अग्नि, भविष्य, ब्रह्मवैवर्त, लिंग, वराह, स्कन्द, वामन, कूर्म, मत्स्य, गरुड़ और ब्रह्माण्ड। आगे चलकर *इतिहास* और *पुराण* का उल्लेख कभी पृथक्, तो कभी साथ-साथ होने लगा। ज़ाहिर है, *इतिहास* और *पुराण* समान विषयवस्तुवाली दो संबद्ध श्रेणी की कृतियाँ थीं।[93] ख़ास बात यह है कि अपने दीर्घकालीन विकास क्रम में *नाराशंसी, गाथा, आख्यान, इतिहास* और *पुराण* की एक-दूसरे में आवाजाही भी निरंतर थी। इतिहास परंपरा की महाकाव्यात्मक रचनाओं, *महाभारत* और *रामायण* में गाथाओं और आख्यानों का समावेश हो गया। इसी तरह *नाराशंसियों* और *गाथाओं* को इतिहास-पुराणों में सम्मिलित कर लिया गया।

4.

उत्तर वैदिककाल के अंतिम चरण में इतिहास-पुराण परंपरा का विस्तार हुआ। *तैत्तिरीय आरण्यक* से यह स्पष्ट होता है कि इतिहास-पुराण की मौखिक परंपरा में इस दौरान कई रचनाएँ हुईं। इसके एक परवर्ती अनुच्छेद में *इतिहास* और *पुराण* का प्रयोग बहुवचन के रूप में एकाधिक बार हुआ है।[94] *वंश* का एक इतिहास रूप में विकास इसी दौरान हुआ। आगे चलकर इसका कई रूपों- *वंशानुचरित, अनुवंश, चरित, प्रबंध* आदि में विस्तार हुआ और यह उत्तर मध्यकाल तक जारी रहा। *वंश* की मौजूदगी वैदिक साहित्य में पुरोहितों और राजाओं की वंशावली की सूची के रूप में थी। आगे चलकर यह पुराणों में शामिल कर लिया गया और इससे पुराणों के आकार में वृद्धि हुई। भरत गाथा इसी समय अस्तित्व में आई।[95] पुराणों से *वंश* का संबंध

इतना गहरा हो गया कि बाद में इसे इनके पाँच लक्षणों में सम्मिलित कर लिया गया। आख्यान भी इस दौरान कई लिखे गए। व्याकरण रचनाओं में इसके पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं– कात्यायन ने 'देवासुरम्' और पतंजलि ने 'यवकृतिक', 'प्रैयंगविक' और 'यायातिक' आख्यानों का उल्लेख किया है।[96] आख्यानों से एक और प्रवृत्ति *आख्यायिका* का विकास इसी दौरान हुआ। *आख्यायिका* एक गद्यबद्ध रचना होती थी, जिसे 'कथा' कहते थे। इसका पहला उल्लेख *(सूर्यमंडलान्याख्यायिका:) तैत्तिरीय आरण्यक* में मिलता है।[97] यहाँ इसका आरंभिक अर्थ नैतिक शिक्षा देने वाली कहानियों से था, लेकिन बाद में यह इतिहास संबंधी एक रचना शैली बन गई। कात्यायन ने इसे इतिहास विषयक एक शैली कहा है।[98] पतंजलि का भी यही मानना है– उनके यहाँ तीन आख्यायिकाओं– वासवदत्ता, सुमनोत्तरा और भैमरथी के नामोल्लेख मिलते हैं।[99] *आख्यायिका* की मान्यता हमेशा ही एक इतिहास रूप की तरह रही है।

इतिहास की प्राचीन भारतीय परंपरा के निर्माण और विस्तार में भृग्वंगिरसों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है और यह परंपरा बहुत बाद तक जारी रही। *ऋग्वेद* में ऋषि-कवि का कारु तथा कारिन् के रूप में उल्लेख मिलता है, जो अपने आश्रयदाताओं की प्रशस्ति में रचनाएँ करते थे।[100] वैदिककाल में ऐसे तीन परिवार मिलते हैं– वशिष्ठ और विश्वामित्र भरत राजाओं, कण्व यदुओं, पराश्वों और पुरुओं और भारद्वाज दिवादोस से संबद्ध थे।[101] यह संबंध इस दौर में बदलता भी रहा। उत्तर वैदिककाल में आंगिरस, अथर्वन और भृगु वंश का एकीकरण और सक्रियता बहुत महत्त्वपूर्ण है। इन तीनों के समूह को 'भृग्वंगिरस' कहा जाता है।[102] इन तीनों की एक साथ सक्रियता भारतीय इतिहास के विकास में एक बहुत महत्त्वपूर्ण घटना है। *ऋग्वेद* में इनका एक साथ उल्लेख मिलता है।[103] एकीकरण की यह प्रक्रिया *अथर्ववेद* में अपने विकसित रूप में है। *अथर्ववेद* को भृग्वंगिरस या अथर्वांगिरस वेद भी कहा जाता है।[104] *अथर्ववेद* के संकलन में भृगु और अंगिरा का योगदान सर्वाधिक है।[105] इतिहास-पुराण परंपरा का विस्तार और पल्लवन भी इस परिवार समूह ने किया। *छान्दोग्य उपनिषद्* के अनुसार जिस प्रकार ऋक् का *ऋग्वेद* से, यजुस् का *यजुर्वेद* से और साम का *सामवेद* से संबंध है, उसी प्रकार इतिहास-पुराण का संबंध भृग्वंगिरस से है।[106] *महाभारत* और *रामायण* का विकास भी इस समूह की देन है। *महाभारत* के कई संदर्भ भार्गव परिवार से संबद्ध हैं। वि.एस. सुकांथकर का मत है कि *महाभारत* की पौलोमापर्वन् की अनुश्रुतियाँ भार्गवों की ही देन हैं। उन्होंने लिखा कि ''मेरी राय में यह निष्कर्ष निकालने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि *महाभारत* का जो पाठ आज मौजूद है, उसमें सचेत, बल्कि सुविचारित ढंग से भरत गाथाओं में भार्गव अनुश्रुतियों को मिलाकर साहित्य बुनने या कहें तो ऊपर से सिलाई करने का प्रयत्न

किया गया है।''[107] इतिहासकार विश्वंभर शरण पाठक का निष्कर्ष भी यही है कि ''*महाभारत* जिसका विकास भरत कुल की गाथा के अंदर से हुआ, निश्चय ही भृग्वंगिरसों की कृति है।''[108] *रामायण* के विकास में भी भृग्वंगिरसों का निर्णायक योग है। *रामायण* की कथा का विकास इक्ष्वाकु कुल के आख्यान से हुआ। इस आख्यान को महाकाव्य का रूप देने वाले वाल्मीकि स्वयं भार्गव थे।[109] भृग्वंगिरस परिवार के भारद्वाज, आंगिरस, समवर्त, च्यवन, उशनस् आदि के मिथक *रामायण* में कई बार आते हैं।[110] *महाभारत* में स्पष्ट उल्लेख है कि इसकी उत्पत्ति में चार गोत्र- अंगिरा, कश्यप, वशिष्ठ और भार्गव का योगदान है।[111] एन.जे. शेंदे ने इस संबंध में विस्तार से विचार किया और वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि ''अंगिरस और भृगु का लेखा-जोखा निश्चित रूप से इस निष्कर्ष का पक्षधर है कि भृग्वंगिरस, *महाभारत* के अंतिम संपादन और विविधता के बीच एकता बनाए रखते हुए धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र और ब्राह्मणवादी परंपराओं के एक विश्वकोश के रूप में संरक्षित करने के लिए उत्तरदायी थे। भृगु और अंगिरस द्वारा *महाभारत* के इस अंतिम पुन:पाठ में केंद्रीय एकता बनाए रखी गई और पारंपरिक संरचना को संरक्षित किया गया और साथ ही इस तरह, ब्राह्मणवाद के महिमामंडन का उनका उद्देश्य पूरी तरह से पूरा हुआ।''[112] *पुराणों* के विकास में भी इस समूह ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। भार्गव अनुश्रुतियों ने *पुराणों* के विकास और विस्तार में योग दिया। *विष्णु पुराण* में स्पष्ट उल्लेख है कि इसकी रचना एक ऋषि द्वारा की गई और यह ऋभु, प्रियव्रत भागुरि और अन्य भार्गव ऋषियों- दधीचि, सारस्वत, भृगु, वत्स आदि के माध्यम से पराशर तक पहुँचा।[113] *मार्कण्डेय पुराण* भी भृगुकुल के च्यवन और मार्कण्डेय से संबंधित माना जाता है।[114] इतिहास-पुराण के अलावा इतिहास परंपरा के दूसरे अनुशासन-आख्यान और आख्यायिका पर भी भृग्वंगिरस समूह का प्रभाव है।[115]

उत्तर वैदिक काल के बाद भी इतिहास की परंपरा पर भृग्वंगिरस समूह का वर्चस्व बना रहा। पुराणों में भृग्वंगिरसों के साथ इतिहास की परंपरा के विकास में सूतों ने भी निर्णायक योग दिया। *सूत* शब्द का प्रयोग *यजुर्वेद, अथर्ववेद* और ब्राह्मणों में कई जगह आया है और उससे यह लगता है कि इसका अर्थ उत्तर वैदिककाल में चारण या स्तुतिगान करने वाला था।[116] *सूत* शब्द के व्युत्पत्ति 'सु' धातु से हुई है, जिसका अर्थ प्रतिष्ठित करना या अभिषेक करना है। कुछ अन्य लोगों की धारणा है कि 'सु' धातु का अर्थ प्रेरक से भी लिया जा सकता है। *शतपथ ब्राह्मण* में इसका यही अर्थ लिया गया है- इसके अनुसार *सूत* के पाठ से राजा को शक्ति मिलती है और इस प्रकार वह उसको शत्रु को पराजित करने के लिए प्रेरित करता है।[117] सूतों से पहले यह कार्य पुरोहित करते थे। *ऋग्वेद* की एक ऋचा की व्याख्या करते हुए

बृहद्देवता यह उल्लेख करता है।[118] सूत और सौति गोत्र का अंगिरस समूह के भारद्वाजों और कश्यपों में मिलना भी यही सिद्ध करता है। *यजुर्वेद* में *सूत* का संबंध गीत से जोड़ा गया है।[119] *महाभारत* में उग्रश्रवा को 'सूतनंदन' कहा गया है।[120] इतिहासकार विश्वंभर शरण पाठक के अनुसार सूतों और राजाओं के संबंध को देखते हुए 'सूत' को ऐसा गीत भी माना जा सकता है, जो राजा की स्तुति करता हो।[121] इस तरह *सूत* उत्तर मध्यकाल में एक वृत्तिमूलक पदवी थी और वे वंश या वंशावली की रचना करने और उसके संरक्षण के लिए उत्तरदायी थे। *सूत* भृग्वंगिरस कुलों में ही उत्पन्न थे और इन्होंने कई राजवंशों की वंशावलियों की रचना कीं। भृग्वंगिरसों और अन्य ब्राह्मणों द्वारा निरंतर व्यवहार के कारण *वंश* भी इस दौरान इतिहास लेखन की ख़ास शैली बन गई थी और परवर्तीकाल में यह कई रूपों में जारी रही। कालांतर में वंश रचनाओं से *वंश* और *वंशानुचरितपुराण* का स्वरूप गढ़ा गया और इसको पुराण के पाँच लक्षणों में सम्मिलित कर लिया गया।

अब तक इतिहास की मौखिक परंपरा अनुश्रुतियों और अनुभव के रूप मौजूद रही, लेकिन उत्तर वैदिककाल के अंतिम चरण, 400 ई. पूर्व से 400 ई. के बीच यह निश्चित साहित्यिक स्वरूप में ढलने लगी और कुछ हद तक इसका मानकीकरण भी हुआ। शकों की मौजूदगी और इसके सांस्कृतिक प्रभाव से यह प्रक्रिया तेज़ हो गई। शकों के यहाँ बस जाने से वीर काव्यों की ज़रूरत महसूस हुई। आगम संप्रदायों के उदय और सातवाहनों, शुंगों और कण्वों के नए समीकरणों ने भी इसमें अपना योग दिया। आगम संप्रदायों के उदय और सुधारवादी ताक़तों के बढ़ते प्रभाव से आरंभ में कर्मकांडीय परंपराएँ कमज़ोर हुईं, लेकिन प्रति सुधार आंदोलन से धर्म का नया रूप सामने आया। धर्म के नये रूप की ज़रूरतों ने इतिहास-पुराण को एक निश्चित साहित्यिक ढाँचे में सीमित कर दिया गया, जिससे कुछ हद तक यह अपने ऐतिहासिक चरित्र से हट गया।[122] *वंश* की परंपरा जारी रही और इसका ऐतिहासिक चरित्र भी बना रहा। इसकी बौद्ध, जैन और दरबारी, तीन अलग-अलग प्रवृत्तियाँ विकसित हुईं। बौद्ध परंपरा में *महावस्तु, सुत्तपिटक* और *सिंहला अट्ठकथा* जैसे ग्रंथ लिखे गए। जैनों ने *हरिवंश, रामायण* आदि के रूप में ऐतिहासिक और अर्ध ऐतिहासिक कृतियों की रचना कीं। दरबारी परंपरा का ख़ूब विकास हुआ। मौर्यकाल के बाद राजकीय अभिलेखागारों की परंपरा शुरू हुई। कौटिल्य के अनुसार इन अभिलेखागारों में विभिन्न राष्ट्रों, गाँवों, कुलों और निगमों के रीति-रिवाज़, पेशा और लेन-देन, राज दरबारियों को उपहारों से प्राप्त लाभ, राजा की पत्नियों और पुत्रों को हुआ लाभ, राजाओं से हुई संधियाँ, उन्हें दी गई चेतावनियाँ और उनसे प्राप्त या उन्हें दिए हुए नज़रानों का हिसाब-किताब आदि रखा जाता था।[123] ह्वेनत्सांग ने भी राज्यों के दरबारों के

अभिलेखागारों में वंश-वंशालियों के राज्य द्वारा संरक्षण का उल्लेख किया है।[124] विभिन्न राजाज्ञाओं में भी *वंश* के उल्लेख के प्रमाण मिलते हैं।[125] आगे चलकर वंश की परंपरा ने साहित्यशास्त्रीय स्वरूप ग्रहण कर लिया, जिसमें कई *वंश* केन्द्रित रचनाएँ, *रघुवंश, हरिवंश, अश्मकवंश, शशिवंश, नृपावली* आदि हुईं। कल्हण की *राजतरंगिणी* और उससे संबंधित परवर्ती रचनाओं की गणना इसी वर्ग में की जा सकती है।

वंश की परंपरा की एक शाखा का विकास राजदरबारों में *चरित* या जीवनी लेखन के रूप में हुआ। चरित या जीवनी लेखन की परंपरा वैदिक आख्यान, *रामायण, बुद्धचरित* आदि के रूप में पहले भी थी, लेकिन पूर्व मध्यकाल में जीवित और वर्तमान राजाओं के *चरित* या जीवनी के लेखन की शुरुआत हुई। इसके विकास में भी भृग्वंगिरसों की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इतिहास-पुराण की परंपराओं का *चरित* या जीवनी लेखन में रूपांतरण भृग्वंगिरसों की स्थिति में आए बदलाव से हुआ। भ्रमणशील *सूत* और भृग्वंगिरसों की स्थिति अब बदल गई थी- अब वे राजाओं के आश्रय में जीविका प्राप्त दरबारी कवि थे और राजा भी अब क़बीले की जगह सबसे महत्त्वपूर्ण और केन्द्रीय इकाई हो गया था। दरअसल भृग्वंगिरसों ने पूर्व मध्यकाल से पहले ही राज्याश्रय में जाना शुरू कर दिया था। पूर्वी और मध्यभारत के कई राजाओं से इन्होंने आश्रय प्राप्त किए। ये अत्यंत सम्माननीय थे- कहते हैं कि लक्ष्मणराज द्वितीय के समय सोमेश्वर का पालकी उठाने वाला कहार जब थक गया, तो स्वयं लक्ष्मणराज ने पालकी में अपना कंधा लगाया और इसे अपना सम्मान समझा।[126] दसवीं-ग्यारहवीं सदी में टकारी की ब्राह्मण बस्ती बहुत विख्यात थी। कई अभिलेख यह सिद्ध करते हैं कि वहाँ के ब्राह्मणों ने उड़ीसा, बंगाल, चंदेल, मालवा, कर्नाटक और असम में जाकर राज्याश्रय प्राप्त किया था। ख़ास बात यह है कि इनमें से अधिकांश भृग्वंगिरस समूह से संबंधित थे।[127] राजदरबारों पर भृग्वंगिरसों की निर्भरता से परिवर्तन यह हुआ कि अब उन्होंने प्राचीन ऐतिहासिक परंपराओं और नायकों की जगह अपने आश्रयदाता राजाओं का *चरित* और जीवनी लेखन शुरू कर दिया। अब *वंश* से पौराणिक सामग्री निकाल कर उसके आधार पर राजाओं का जीवन चरित्र लिखने की नयी प्रवृत्ति शुरू हुई, जिसमें मध्ययुगीन राजवंशों का संबंध प्राचीनकाल की ऐतिहासिक परंपराओं या वंशों- इक्ष्वाकु और ऐल से जोड़ा गया। यह भी कि कुछ राजाओं ने दरबारी कवियों से अपने को प्राचीन नायकों- इक्ष्वाकु राम, पांडव भीम आदि के रूप में प्रस्तुत करवाया। राजा के उदय और भृग्वंगिरसों की स्थिति में बदलाव से इतिहास लेखन की परंपरा में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए। एक तो यह कि पूर्व मध्यकालीन वंश रचनाओं में पौराणिक तत्त्वों का समावेश बढ़ गया और दूसरे, चौथी सदी बाद के पुराणों में वंश रचना रुक गई और तीसरे, इतिवृत्तात्मक जीवन चरित

साहित्य का उदय हुआ।

पूर्व मध्यकाल के अंतिम चरण में भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य की परंपरा में निर्णायक मोड़ आया। ऐतिहासिक व्यक्तियों को उपजीव्य बनाकर इतिवृत्तात्मक काव्य रचना की प्रथा सातवीं सदी के बाद तेज़ी से बढ़ी और दसवीं सदी के बाद इसका और विस्तार हुआ। इसका विस्तार इस दौरान ईरान में भी हुआ।[128] राजा की संस्था के विकास के साथ राजा, कवि, दरबारी और इतिवृत्तकार एक-दूसरे के पास आ गए। राजा जैसी संस्था के विकास की नई ज़रूरतों के अनुसार *इतिवृत्त* शौर्य, पराक्रम, वीरता, स्वामिधर्म जैसे नई सामाजिक मूल्यों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन गए। *इतिवृत्त* का एक संरचनात्मक ढाँचा विकसित हुआ, जिसमें राज्यश्री या गौरव का पाने के लिए पाँच चरण- प्रारंभ, प्रयत्न, प्रत्याशा, नियताप्ति और फलागम तय किए गए। अधिकांश इतिवृत्तों में राजा के जीवनक्रम को इन चरणों के अनुसार ढालकर प्रस्तुत किया गया। यह जीवनक्रम तिथियों और वर्षों में नहीं था, यह पहले से नियत पाँच चरणों के क्रम में था। साहित्यशास्त्र में भी यह मान्य हो गया।[129] 600 से लगाकर 1200 ई. के बीच इसी तरह के कई इतिवृत्त लिखे गए। इन जीवनीपरक इतिवृत्तों में बाण का *हर्षचरित,* बिल्हण का *विक्रमांकदेवचरित,* सोमश्वर तृतीय का *विक्रमांकाभ्युदय,* जयानक का *पृथ्वीराजविजय* आदि प्रमुख हैं। इतिहास-पुराण की परंपरा भी जारी थी। यह इस दौर में यह कश्मीर के प्रसिद्ध इतिहास *राजतरंगिणी* (1444 ई.) के रूप में फलीभूत हुई, लेकिन कुछ हद तक यह उससे अलग और नवीन भी थी। *राजतरंगिणी* का आरम्भिक भाग कश्मीर के मिथकीय अतीत से सम्बन्धित है, दूसरे भाग में इसमें विविध स्रोतों से सामग्री ली गई और इसके तीसरे भाग में लोकोत्तर तत्त्वों की जगह इतिहास का आग्रह बढ़ गया है और यह आनुभविक पर्यवेक्षण पर निर्भर लगता है। दरअसल उसका लेखक कल्हण और उसका परिवार ग्यारहवीं-बारहवीं सदी में कश्मीर की राजनीति से सीधे सम्बन्धित थे। *राजतरंगिणी* के अति विकसित इतिहास बोध के सम्बन्ध में कुछ लोगों की यह धारणा कि यूनानी या एशिया माइनर के तुर्की प्रभाव के कारण ऐसा हुआ, सही नहीं हैं। यह भारतीय इतिहास परम्परा की अपनी स्वाभाविक परिणति है। अलबत्ता अपने परिष्कृत इतिहास बोध के लिए इस पर बौद्ध परम्परा का प्रभाव ज़रूर रहा होगा।[130]

5.

संस्कृत के समानांतर, प्राकृत-अपभ्रंश और देश भाषाओं में भी ऐतिहासिक कथा-काव्य की निरन्तर परम्परा मिलती है। संस्कृत के साथ प्राकृत और अपभ्रंश में काव्य रचना बहुत पहले शुरू हो गई थी और इसको दरबारों और लोक में भी मान्यता

भी मिलने लग गई थी। प्राकृत के शिलालेख तो अशोक के समय से ही मिलने लगते हैं, जिसका समय 274 से 232 ई. पू. है।[131] प्राकृत में विमलसूरि कृत *पउमचरियम्* की रचना 300–400 ई. में हुई। अपभ्रंश का सर्वाधिक प्राचीन उल्लेख कालिदास के *विक्रमोर्वशीय* में मिलता है, लेकिन उससे पहले भरत के *नाट्यशास्त्र* में भरत मुनि ने 'देशभाषा' शब्द प्रयुक्त करते हुए इन भाषाओं के प्रयोग के संबंध में बताया है। वे लिखते है कि *अत: ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देशभाषाविकल्पनम्। भाषाचतुर्विधा ज्ञेया दशरूपे: प्रयोगत: ॥* अर्थात् अब मैं आगे देशभाषा के प्रयोगों के संबंध में आपको बताऊँगा। दशरूपों के प्रयोगों में चार प्रकार की भाषा का प्रयोग हुआ है।[132] हेमचंद्र ने अपने प्राकृत व्याकरण *सिद्धहेमशब्दानुशासन* के चतुर्थ पाद के 448 सूत्रों में शौरसेनी, मागधी, पैशाची चूलिका, पैशाची और अपभ्रंश प्राकृतों के नमूने दिए हैं। इस पाद में सबसे अधिक (सूत्र 329 से 448 तक) नमूने अपभ्रंश के हैं, जिससे लगता है कि उस समय इसका साहित्य बहुत विस्तृत और उन्नत कोटि का था।[133] राजशेखर की *काव्यमीमांसा* में राज दरबार की आदर्श व्यवस्था के विस्तृत प्रावधानों में संस्कृत कवि, ज्योतिषी और नर्तक सहित अन्य दरबारियों के साथ अपभ्रंश के कवि के बैठने के स्थान का भी प्रावधान है।[134] संस्कृत के उत्साही समर्थक राजा भोज के *सरस्वतीकंठाभरण* में भी संस्कृत के साथ प्राकृत और अपभ्रंश की कविताएँ उद्धृत की गई हैं।[135] *प्राकृतपैंगलम्* के अनुसार जयचंद के दरबार के विद्वान् मंत्री गण भी देश भाषा में रचनाएँ करते थे और ये राजप्रशस्तिमूलक थीं, इसलिए ज़ाहिर है, जयचंद इनका सम्मान भी करते थे।[136] गौड़ (बंगाल) देश के पाल, गुजरात के सोलंकी और मालवा के परमारों ने देश भाषाओं को ख़ूब प्रोत्साहन दिया।[137] संस्कृत अब भी चलन में थी, इसका मान-सम्मान था, इसमें काव्य रचना प्रतिष्ठा का विषय भी था, लेकिन यह सही है कि धीरे-धीरे लोक में इसका व्यवहार सीमित रह गया था। संस्कृत-प्राकृत की कविताएँ लोक भाषाओं के माध्यम से समझायी जाती थीं और इस तरह इनका मूल कुछ बाधा के साथ सामंतों तक पहुँचता था, पर अपभ्रंश की कविता सीधे असर करती थी। ऐसे राजा या सामंत भी कम रह गए थे, जो संस्कृत अच्छी तरह समझते हों। नतीजा यह हुआ कि अपभ्रंश की कविता को राजकीय मान्यता मिल गई। हजारीप्रसाद द्विवेदी के शब्दों में कहें तो "नाना कारणों से इस काल में अपभ्रंशी कवियों को सम्मान राज दरबार में भी होता था और राजा लोग इन कवियों को अपने दरबार में रखना उतना ही आवश्यक समझते थे, जितना संस्कृत भाषा के कवियों को और पंडितों को। इतना ही नहीं, अधिकांश राजा इनसे विशेष अनुराग भी प्रगट करने लगे थे।"[138] दसवीं-ग्यारहवीं सदी में *उत्तिवसेसोकव्वं भाषा जा होइ सो होउ* अर्थात् भाषा जो हो सो हो, कविता तो कथन विशेष का नाम है, यह धारणा बद्धमूल हो गई।[139]

आगे चलकर विद्यापति के समय (1350–1450 ई.) तक तो इस संबंध में स्थिति और साफ़ हो गई। उन्होंने *कीर्तिलता* में खुलकर कहा कि *सक्कय वाणी वहुअ ण भावइ, पाउअ रस को मम्म न पावइ। देसिल वयणा सब जन मिट्ठा, तैं तैसन जंपउ अव्हट्ठा॥* अर्थात् संस्कृत भाषा बहुतों को रुचिकर नहीं लगती, प्राकृत का काव्य रस भी सुगमता से नहीं मिलता। देश्य भाषा की उक्ति सब लोगों को मीठी लगती है, इसीलिए मैं देशी बोली अवहट्ठ में रचना करता हूँ।[140] *आख्यान, आख्यायिका, वंश, वंशानुचरित, चरित, इतिवृत्त* आदि ऐतिहासिक कथा-काव्य रूप भी देश भाषाओं में *चरित, रासो, ख्यात, वंशावली, पाटनामा, बही* आदि में ढलने लग गए थे। *इतिहास-पुराण* के रूप में जो सार्वभौमिक इतिहास लेखन की परंपरा बनी, वह अब कमज़ोर हो गई। उसकी जगह अब देश भाषाओं में क्षेत्रीय इतिहास रूप लेने लग गए। यह प्रक्रिया भी बहुत पहले शुरू हो गई थी। गुणाढ्य (कंबोडिया के 875 ई. के अभिलेख के अनुसार 600 ई.) की छठी सदी की प्राकृत रचना *बृहत्कथा* (बड्डकथा) में कई राजाओं के ऐतिहासिक या अर्ध ऐतिहासिक आख्यान मिलते हैं।[141] वाक्पतिराज की आठवीं सदी की रचना *गउडवहो* (गौड़ वध) में ऐतिहासिक व्यक्तित्व यशोवर्मन की कथा है।[142] इसी तरह हेमचंद्र ने बारहवीं सदी में *द्व्याश्रय* नामक ऐतिहासिक काव्य लिखा, जो संस्कृत और प्राकृत, दोनों में है और इसमें गुर्जर प्रदेश के चालुक्य वंश के संस्थापक मूलराज (942 ई.) से लगाकर सिंधुराज तक का वृत्तांत है।[143] आभीर, गुर्जर और राजपूत समझी जाने वाली जातियों ने भी इसी दौरान अपने राज्य क़ायम किए। यद्यपि ये जातियाँ अपनी श्रेष्ठता के लिए संस्कृत का सम्मान करती थीं, लेकिन उनको अपभ्रंश और देश भाषाओं की स्तुतियाँ ही अच्छी तरह समझ में आती थीं, इसलिए भी अपभ्रंश के राजस्तुतिपरक साहित्य को मान्यता मिल गई। संस्कृत की परम्परा पूर्ववत जारी रही। क्षेत्रीय शासकों ने इसको प्रश्रय दिया। इस दौरान इसको आगे बढ़ाने में जैन आचार्यों का भी महत्त्वपूर्ण योगदान है। इन आचार्यों ने अपने प्रभाववाले शासकों को धर्म और नीति के उपदेश देने के लिए *प्रबंध* और *वंशानुचरित* लिखे। ये प्रबंध प्राचीन परम्परा के अनुरूप थे और इनमें ऐतिहासिकता का आग्रह भी ख़ूब था। जैन आचार्य मेरुतुंगाचार्य की *प्रबंधचिंतामणि* 1304 ई. में पूर्ण हुई, जो मूलतः कुछ ऐतिहासिक प्रबन्धों का संकलन है। मेरुतुंगाचार्य का आग्रह धर्म और पौराणिकता की जगह ऐतिहासिकता पर अधिक था।[144] इस परम्परा में राजशेखर सूरि का *प्रबंधकोश* (1348 ई.) भी महत्त्वपूर्ण है, जिसमें 24 प्रबंध संकलित हैं।[145] ख़ास बात यह है कि ये दोनों रचनाएँ चौदहवीं सदी के पूर्वार्ध में हुईं, लेकिन इनमें संकलित प्रबन्धों की रचना का समय इससे पूर्व का है। बाद में मुनि जिनविजय को पाटन, भावनगर, पूना, अहमदाबाद, राजकोट आदि स्थानों पर *प्रबंधचिंतामणि* से संबद्ध

या इससे समानता रखने वाले ऐसे अनेक प्रबंध और मिल गए, जिनको उन्होंने *पुरातनप्रबंधसंग्रह* के नाम से प्रकाशित करवाया।[146] इन संकलनों में जैनाचार्य, संस्कृत कवि-पंडित और शासकों के वृत्तांत हैं। संस्कृत में *वंश* और तत्संबंधी प्रबंध रचनाएँ उत्तर मध्यकाल में भी हुईं। क्षेत्रीय शासकों ने वाराणसी और दक्षिण भारत से अपने यहाँ इस निमित्त ब्राह्मणों को वृत्ति देकर निमंत्रित किया। सत्रहवीं सदी में मेवाड़ (राजस्थान) के शासक राजसिंह (1629-1680 ई.) के शासनकाल में रणछोड़ भट्ट ने *राजप्रशस्तिमहाकाव्यम्* और सदाशिव ने *राजरत्नाकरमहाकाव्यम्* की रचना की। दोनों रचनाएँ वंश या इतिवृत्त रचनाएँ हैं, लेकिन इतिहास-पुराण से प्रेरित हैं। इनका पूर्वार्ध पुराण से प्रेरित है, लेकिन बाद में यह कम होता गया है। ये दोनों रचनाकार वाराणसी से संबंधित थे।[147]

पश्चिम से विदेशी आक्रमण, केंद्रीय शासन की समाप्ति, क्षेत्रीय शासकों का उदय और राज दरबारों में प्राकृत-अपभ्रंश सहित देश भाषाओं की बढ़ती लोकप्रियता से देश भाषाओं में ऐतिहासिक कथा-काव्यों की प्रवृत्ति को स्वीकृति और मान्यता मिली और इसका विस्तार भी हुआ। युद्ध की संस्कृति का विकास हुआ और वीरता, शौर्य और पराक्रम शासक जातियों के जीवन मूल्यों का ज़रूरी हिस्सा हो गए। युद्ध करने वाली जातियाँ अपनी स्तुति और सराहना सुनना चाहती थी और निरंतर युद्ध के लिए प्रोत्साहित करना चारण जाति के लिए नियत कर्म हो गया था। उनका काम था 'युद्धोन्माद उत्पन्न कर देने वाली घटना योजना का आविष्कार।'[148] गुजरात सहित लगभग पूरे उत्तरी-पश्चिमी भारत में इस नयी ज़रूरत से *चरित, रासो, ख्यात, पाटनामा, बही* आदि साहित्य रूप अस्तित्व में आए। ये सभी रूप वैदिककाल से प्रचलित ऐतिहासिक कथा-काव्य रूपों के स्वाभाविक देशज रूपांतरण थे। शासकों की जीवन से सम्बन्धित *प्रबंध, इतिवृत्त, चरित, वंशानुचरित* की परंपरा *चरित* के रूप में जारी रही। विश्वंभर शरण पाठक के अनुसार वैदिक आख्यानों को *चरित* का पूर्व रूप कहा जा सकता है।[149] गिरिजाशंकर मिश्र के अनुसार वे *चरित* जो राजकीय अभिलेखों और प्रशस्तियों के आधार पर लिखे गए *इतिवृत्त* की श्रेणी में आते हैं।[150] आरंभ में प्राकृत-अपभ्रंश में *चरित* का अपभ्रंश रूप *चरिउ* चलन में आया, जो देश भाषाओं में भी जारी रहा। कालांतर में जब देश भाषाओं में तत्सम शब्दों की वापसी हुई, तो कहीं-कही यह फिर 'चरित' के रूप में प्रयुक्त होने लगा। *रासो* भी एक प्रकार की चरित रचना ही थी, लेकिन आगे चलकर यह एक स्वायत्त अनुशासन के रूप में विकसित हो गया। *चरित* के लिए *विलास (राजविलास और अभैविलास), रूपक (गोगादेरूपक और रावरिणमलरूपक)* और *प्रकाश (जयचंदप्रकाश, छत्रप्रकाश और पाबूप्रकाश)* शब्द भी चलन में आए। इन शब्दों के प्रयोग के पीछे इनके स्वरूप

को लेकर इनके रचनाकारों की अलग मंशा ज़रूर रही होगी, लेकिन ये सभी आश्रयदाता शासकों के जीवन पर आधारित थे, इसलिए हजारीप्रसाद द्विवेदी ने इनको *चरित्र* के व्यापक दायरे में शामिल किया है।[151] इनमें से कुछ साहित्यिक रचनाएँ थीं, जैसे भवभूति का *महावीरचरित* और *उत्तररामचरित* तथा भास का *बालचरित,* लेकिन ये रचनाएँ अपने समय में प्रचलित ऐतिहासिक वृत्तांतों को भी आगे बढ़ाती हैं। धार्मिक चरित्रों पर आधारित चरित रचनाएँ, जैसे *रामचरितमानस* भी कई हुईं। *चरित* रचनाएँ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हुईं– पद्मगुप्त की रचना *नवसाहसांकचरित* में मालवा के सिंधुराज का इतिहास दिया गया है। बंगाल के पाल शासक रामपाल का जीवन चरित संध्याकरनंदिन् ने *रामचरित* नाम से लिखा। जैन यतियों–मुनियों ने *पउमचरिउ, सणंकुमार चरिउ* आदि कई *चरित* लिखे। *रासो* प्राचीन और मध्यकाल का प्रमुख ऐतिहासिक साहित्य रूप था और इसकी परम्परा बहुत प्राचीन है। *रास* और *रासक* का प्रयोग बहुत प्राचीनकाल से होता आया है। *रास* या *रासक* का अर्थ 'लास्य' से लिया गया है, जो नृत्य का एक भेद है। इस व्युत्पत्ति के आधार पर आरंभ में गीत–नृत्यपरक रचनाएँ *रास* नाम से जानी जाती थीं। *श्रीमद्भागवत* और हेमचंद्र के *काव्यानुशासन* आदि में इसका उल्लेख मिलता है।[152] ऐतिहासिक आख्यान के रूप में इसका रूपांतरण शायद चौदहवीं और पंद्रहवीं सदी में हुआ।[153] 'रासो' शब्द की व्युत्पत्ति को लेकर विद्वान् एक राय नहीं हैं। हरप्रसाद शास्त्री *रासो* का अर्थ झगड़ा या लंबा विवाद करते हैं, जबकि काशीप्रसाद जायसवाल के अनुसार 'रहस्य' पद का प्राकृत रूप 'रहस्सो' बना है, जिसका कालान्तर में उच्चारण भेद से बिगड़ता हुआ रूपांतर 'रासो' बन गया है।[154] राजस्थानी के विद्वान् हीरालाल माहेश्वरी के अनुसार 'रासक' के तीन तत्त्वों– नृत्य, गीत, काव्य से आगे चलकर *रासो* का विकास हुआ।[155] रामचन्द्र शुक्ल *रासो* की व्युत्पत्ति 'रसायण' से मानते हैं। *वीसलदेवरासो* में 'रास' और 'रसायण' शब्द का प्रयोग काव्य के लिए हुआ है। उन्होंने *बीसलदेवरास* की एक पंक्ति को आधार बनाया है। यह पंक्ति इस तरह है– *बारह सौ बहत्तरा मझारि, जेठ बधी नवमी बुधवारि, नालह रसायण आरंभई, शारदा तूठी, ब्रह्मकुमारि।*[156] हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार *संदेशरासक* के मिलने बाद ये सब अटकलें हैं। उन्होंने इनका समाहार करते हुए लिखा है कि "*रासक* वस्तुत: एक प्रकार का खेल या मनोरंजन है। *रास* में भी वही भाव है।"[157] आरम्भ में नृत्य के साथ गाई जाने वाली प्रबंध रचना को *रास* कहा जाता होगा, लेकिन कालांतर में *रासो* में इसका रूपांतरण हुआ, जो वंश और आख्यान का मिला–जुला रूप था। आगे चलकर *रास* प्रेमकथाओं से सम्बन्धित प्रबंध, जबकि *रासो* वीर प्रबंध काव्यों के लिए रूढ़ हो गया। *रासो* वंशानुचरित या वंशावली का बदला हुआ रूप था। राजस्थान में *रासो* और *रास* काव्य की परंपरा डिंगल–पिंगल, दोनों में मध्ययुग से आरंभ होकर

आधुनिककाल तक रही है। *पृथ्वीराजरासो, हम्मीररासो, खुम्माणरासो, राणारासो* आदि कई रचनाओं की ऐतिहासिकता पर आधुनिककाल में विचार हुआ और इतिहास की आधुनिक कसौटियों पर खरा नहीं उतरने के कारण इन्हें ख़ारिज कर दिया गया। दरअसल भारतीय परम्परा के अनुसार की इन रचनाओं में इतिहास और साहित्य, दोनों हैं। साहित्यिक वर्णन की रूढ़ियाँ भी इनमें पर्याप्त हैं। *रासो* रचनाएँ वंशानुचरित थीं– इसलिए इनमें पीढ़ी-दर-पीढ़ी नए शासकों के वृत्तांत जुड़ते रहे। परम्परा की समझ के अभाव में इनको प्रक्षिप्त मानकर कुछ लोगों ने इनको जाली मान लिया। *आख्यान-आख्यायिका* का उत्तर मध्यकाल में राजस्थान में नया रूप *ख्यात* बना। यह कमोबेश एक ऐतिहासिक रचनारूप था। इसमें वंश और आख्यान दोनों थे– इसमें शासक के साथ उसके शासनकाल की प्रसिद्ध घटनाओं का वृत्तांत भी दिया जाता था। *ख्यात* का नामकरण इसके विषय के साथ कभी-कभी इसके लेखक के आधार पर भी होता है। *ख्यात* कमोबेश इतिहास है– इसको डिंगल में लिखी इतिहास की 'किताब' कहा गया है।[158] 'ख्यात' शब्द मूलतः संस्कृत का शब्द है। 'ख्या' धातु में 'क्त' प्रत्यय जुड़ने से 'ख्यात' शब्द बना है, जिसका अर्थ है 'भूतकाल की घटनाओं का वर्णन' या 'भूतकाल को ज्ञात करना'। ख्यातकारों ने *ख्यात* शब्द का प्रयोग *इतिहास* के रूप में ही किया था और इसका विकास भी एक इतिहास रूप में ही हुआ। इसकी परंपरा दूसरे रूप में पहले भी रही होगी, लेकिन अकबर (1556 से 1605 ई.) के शासनकाल में अबुल फ़ज़ल द्वारा देशी राज्यों से संबंधित जानकारियों की अपेक्षा करने से इसके लेखन में गति आई। *ख्यात वंशावली, पीढ़ियावली* और *आख्यान* का मिलाजुला रूप है, जिसमें किसी शासक के जन्म, उत्तराधिकार, विवाह, संतान, शासनकाल, युद्ध, मृत्यु आदि की तिथियों और उसके समय की प्रसिद्ध घटनाओं का वर्णन होता है। इटली के प्रसिद्ध भारतविद् विद्वान् एल.पी. तेस्सीतोरी ने सबसे पहले कई ख्यातों को उजागर किया। तेस्सीतोरी का ख्यातों का आरंभिक सर्वेक्षण न सिर्फ़ राजस्थानी भाषा के स्वरूप निर्धारण में उपयोगी सिद्ध हुआ, बल्कि यह नयी ऐतिहासिक सामग्री प्रस्तुत करने वाला भी था। इसकी भूमिका में तेस्सीतोरी ने लिखा कि ''वर्णनात्मक सूची के इस खंड का महत्त्व इस तथ्य से बढ़ गया कि इसमें वर्णित कार्य राजपूताना के मध्यकालीन इतिहास के संबंध में उपलब्ध जानकारी का सबसे समृद्ध स्रोत है। इस सूची का महत्त्व इस अर्थ में भी है कि अभी तक बिखरी हुई और उपेक्षित इस सामगी को एकत्र और वर्गीकृत किया जाए, जिससे इसकी पहचान और संदर्भ को आसान बनाया जा सके।''[159] पहली *ख्यात* 1660 ई. में लिखी गई *मुँहता नैणसीरी ख्यात* है, जो उपलब्ध ख्यातों में सबसे अधिक विश्वसनीय और प्रामाणिक मानी जाती है। परवर्ती अधिकांश ख्यातकारों ने इससे मदद ली है। नैणसी जोधपुर राज्य में दीवान

था और सांख्यिकीविद् भी था। उसकी दूसरी रचना *मारवाड़रा परगनारी विगत* एक प्रकार का गज़ेटियर है। *ख्यात* लेखक फ़ारसी वृत्तांतकारों और कुछ आधुनिक इतिहासकारों की तुलना में अधिक निष्पक्ष और ईमानदार थे।[160] *मुँहता नैणसीरी ख्यात* की ख़ास बात यह कि उसमें दी गई सूचनाओं के स्रोत का भी उल्लेख है और किसी प्रकरण में यदि सूचना के एकाधिक स्रोत हैं और ये अंतर्विरोधपूर्ण हैं, तो उसमें उन सभी का उल्लेख है। *ख्यात* रचनाएँ अपने चरित्र में ग़ैर धार्मिक भी हैं- इनमें राजपूत-मुस्लिम संघर्ष 'धार्मिक' या 'राष्ट्रीय' की तरह वर्णित नहीं है। फ़ारसी वृत्तांतकारों के अनुसार तुर्क और मुग़लों की राजपूत शासकों पर विजय इस्लाम की विजय है, जबकि ख्यातकारों ने इसे केवल मुग़लों या तुर्कों की विजय बताया है। इसी तरह फ़ारसी वृत्तांतकार और कुछ आधुनिक इतिहासकार राजपूत शासकों द्वारा गुजरात, मांडू और दिल्ली के सुलतानों के साथ अपनी बेटियों के विवाह के संबंध में मौन हैं, जबकि ख्यातकारों ने यह उल्लेख बिना किसी संकोच और अपराध बोध के किया है।[161] *मुँहता नैणसीरी ख्यात, जोधपुर राज्यरी ख्यात, उदयभाण चांपावतरी ख्यात, मुन्दियाड़री ख्यात, बाँकीदासरी ख्यात, दयालदासरी ख्यात, मारवाड़री ख्यात, जैसलमेररी ख्यात, जसवंतसिंघरी ख्यात* आदि कुछ प्रमुख ख्यातें हैं। यह धारणा निराधार है कि *ख्यात* रचनाएँ राज्याश्रय में ही चारणों द्वारा लिखी गईं। *ख्यातें* व्यक्तिगत रुचि से और राज्याश्रय, दोनों में चारणों के अलावा ब्राह्मण, भंडारी, पंचोली और पुरोहित जातियों के लोगों द्वारा भी लिखी गईं। *पाटनामा वंश* और *ख्यात* का मिला-जुला और इनसे ही विकसित रूप है। *पाटनामा* पाटवी मतलब ज्येष्ठ, बड़ा ग्रन्थ था।[162] इसमें शासकों और उनके समय की प्रसिद्ध घटनाओं का वृत्तांत दिया गया है। इसमें गद्य-पद्य, दोनों हैं। चारण या भाट बही लेकर शासक या यजमान के घर जाता था और उसमें विवरण दर्ज़ कर घर लाता और इसको *पाटनामा,* मतलब ज्येष्ठ ग्रन्थ में दर्ज़ करता था। *पाटनामा* कम मिलते हैं, बहियाँ ही अधिक मिलती हैं। मेवाड़ के शासकों की वंशावली और प्रमुख घटनाएँ *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* में संकलित हैं। *बही* का विकास मुग़ल इतिहास लेखन की परंपरा के प्रभाव में उत्तर मध्यकाल में हुआ और धीरे-धीरे वंश और ख्यात की कुछ विशेषताएँ इसमें सम्मिलित कर ली गईं। बहियों में उत्तर मध्यकालीन कुछ क्षेत्रीय शासकों के दैनंदिन जीवन का विवरण भी दर्ज़ किया जाता था।

यूरोपीय इतिहासकारों को अपने ग्रीक और रोमन पूर्वजों के स्मृति के रख-रखाव की पद्धति और ढंग पर बहुत गर्व है। मार्क ब्लाख़ ने लिखा है कि ''औरों से भिन्न हमारी सभ्यता अपनी स्मृतियों के प्रति बेहद सतर्क रही है। हर चीज़ ने उसका झुकाव इसी दिशा में किया- ईसाई और शास्त्रीय विरासत दोनों ने। हमारे शुरुआती उस्ताद, ग्रीक-रोमन लोग, इतिहास लिखने वाले लोग थे।''[163] इतिहास की

यही पद्धति बाद में सार्वभौमिक आदर्श और मानक बन गई। मार्क ब्लाख़ ने साफ़ लिखा कि ''ईसाइयत तो इतिहासकारों का धर्म है।''[164] अपने साम्राज्य के अधीन होने कारण विश्व के कई देश-समाजों का आरंभिक इतिहास यूरोपीय इतिहासकारों ने इसी पद्धति के आधार पर लिखा। विडंबना यह है कि आरंभिक अधिकांश उत्साही 'आधुनिक' भारतीय विद्वान् भी यही आदर्श और मानक लेकर अपनी विरासत की पहचान और पड़ताल करने निकल पड़े और यूरोपीय विद्वानों की तरह उन्होंने भी अपने पूर्वजों के स्मृति के रख-रखाव के ढंग को बेतुका और 'अपरिष्कृत' मान लिया। सभी देश-समाजों का इतिहास एक जैसा हो, यह आग्रह सिरे से ही ग़लत था। रवींद्रनाथ ठाकुर ने अपने एक निबंध *भारतवर्षेर इतिहास* में गत सदी आरंभ में ही सचेत कर दिया था कि ''दरअसल इस अंधविश्वास का परित्याग कर दिया जाना चाहिए कि सभी देशों के इतिहास को एक समान होना चाहिए। रॉथ्सचाइल्ड की जीवनी को पढ़कर अपनी धारणाओं को दृढ़ बनाने वाला व्यक्ति जब ईसा मसीह के जीवन के बारे में पढ़ता हुआ अपनी ख़ाता-बहियों और कार्यालय की डायरियों को तलाश करे और अगर वे उसे न मिलें, तो हो सकता है कि वह ईसा मसीह के बारे में बड़ी ख़राब धारणा बना ले और कहे: 'एक ऐसा व्यक्ति जिसकी औक़ात दो कौड़ी की भी नहीं है, भला उसकी जीवनी कैसे हो सकती है?' इसी तरह वे लोग जिन्हें 'भारतीय आधिकारिक अभिलेखागार' में शाही परिवारों की वंशावली और उनकी जय-पराजय के वृत्तांत न मिलें, वे भारतीय इतिहास के बारे में पूरी तरह निराश होकर कह सकते हैं कि 'जहाँ कोई राजनीति ही नहीं है, वहाँ भला इतिहास कैसे हो सकता है?' लेकिन ये धान के खेतों में बैंगन तलाश करने वाले लोग हैं। और जब उन्हें वहाँ बैंगन नहीं मिलते हैं, तो फिर कुण्ठित होकर वे धान को अन्न की एक प्रजाति मानने से ही इनकार कर देते हैं। सभी खेतों में एक-सी फ़सलें नहीं होती हैं। इसलिए जो इस बात को जानता है और किसी खेत विशेष में उसी फ़सल की तलाश करता है, वही वास्तव में बुद्धिमान होता है।''[165] ऋग्वैदिककाल से ही अपनी ख़ास सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरत के तहत बनी-बढ़ी स्मृति के संरक्षण की भारतीय परंपरा भी है। चक्रीय कालबोध और सनातनता की चेतना से इसका विकास अलग और ख़ास ढंग से हुआ, लेकिन इसमें देशकाल के संदर्भ के अभाव का आरोप निराधार है। यह भी इसमें निरंतर और सघन है और इसकी परंपरा में इसके पर्याप्त साक्ष्य भी हैं। आरंभ में इसका विकास *नाराशंसी, गाथा, आख्यान, पुराण, इतिहास, कथा* आदि के रूप में हुआ और दसवीं सदी के आसपास इसके समानांतर गुजरात सहित उत्तरी-पश्चिमी भारतीय प्रदेशों की क्षेत्रीय सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के तहत इसका प्राकृत-अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं में *रास-रासो, चरित, ख्यात, बही, पाटनामा* आदि

में रूपांतरण हुआ। यह परंपरा भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार बनी, इसलिए इतिहास की यूरोपीय ग्रीक-रोमन ईसाई परंपरा से बहुत अलग थी। इसमें इतिहास के ईसाई आदर्श और मानक- युक्तियुक्तता, कार्यकारण संबंध, तथ्य पर निर्भरता, प्रत्यक्ष अनुभव आदि उस तरह से नहीं थे, जिस तरह से सार्वभौमिक और कथित 'आधुनिक' इतिहास में होते हैं। इस परंपरा में एक तो स्मृति के दस्तावेज़ी ठहराव के बजाय उसको निरंतर और जीवंत रखने का आग्रह था, दूसरे, इसमें अतीत के यथार्थ का अमूर्तन इस तरह था कि यह वर्तमान में प्रासंगिक और उपयोगी बना रहे। साहित्यिक प्रथाएँ और कवि-कथा रूढ़ियाँ भी इस परंपरा के दस्तावेज़ों में पर्याप्त थीं। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर देशज ऐतिहासिक कथा-काव्य इसी परंपरा का देशज और क्षेत्रीय विकास हैं।

संदर्भ और टिप्पणियाँ:

1. रामचंद्र शुक्ल के अनुसार "*पद्मावत* की रचना भारतीय चरित काव्यों की सर्गबद्ध शैली पर न होकर फ़ारसी मसनवियों के ढंग पर हुई है, जिसमें कथा सर्गों या अध्यायों में विस्तार के हिसाब से विभक्त नहीं होती, बराबर चलती रहती है, केवल स्थान-स्थान पर घटनाओं या प्रसंगों का उल्लेख शीर्षक के रूप रहता है। मसनवी के लिए साहित्यिक नियम तो केवल इतना ही समझा जा सकता है कि सारा काव्य एक ही मसनवी छंद में हो, पर परंपरा के अनुसार उसमें कथारंभ में ईश्वर स्तुति, पैग़ंबर की वंदना और उस समय के राजा (शाहे वक़्त) की प्रशंसा होनी चाहिए। ये बातें *पद्मावत, इंद्रावती, मृगावती* इत्यादि में पाई जाती हैं। (रामचंद्र शुक्ल, "जायसी," *जायसी ग्रंथावली,* संपा. रामचंद्र शुक्ल [नयी दिल्ली: लोक भारती प्रकाशन, 2012], 19.) वासुदेवशरण अग्रवाल की राय इससे कुछ हटकर है। उनके अनुसार *पद्मावत* पर फ़ारसी प्रेम काव्य और मसनवी शैली का प्रभाव है, लेकिन वे यह भी मानते हैं कि "संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश के प्रबंध काव्यों का जो क्रम प्राप्त-आदर्श रूप विकसित हुआ था, उसी के अनुसार जायसी ने *पद्मावत* का रूप पल्लवित किया।" (वासुदेवशरण अग्रवाल, "प्राक्कथन," *पदमावत* [इलाहाबाद: लोक भारती प्रकाशन, संस्करण 2002], 6.) यह सही बात है कि जायसी सूफ़ी थे, इसलिए मसनवी के रूप विधान से अच्छी तरह अवगत रहे होंगे। उनकी पैठ पारंपरिक भारतीय लोक और साहित्य में थी, इसलिए संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश की कड़वक शैली की प्रबंध परंपरा का भी उनको ज्ञान था। लगता है कि उन्होंने प्रबंध के पारंपरिक भारतीय स्वरूप को मसनवी में ढालने का प्रयास किया। रामचंद्र शुक्ल ने भी यह बात कुछ हद स्वीकार की है। उन्होंने जायसी के *पद्मावत* में प्रयुक्त मसनवी शैली को ईरानी मसनवी शैली से कुछ हटकर माना है। उन्होंने एक जगह लिखा है कि "इश्क़ की मसनवियों के समान *पद्मावत* लोकपक्षशून्य नहीं है।" भारतविद् शेल्डन पोलक ने फ़ारसी के प्रभाव में देशभाषा (हिंदावी, हिंदवी, या हिंदुई) में चौदहवीं-पंद्रहवीं और इसके बाद विकसित प्रेमाख्यान परंपरा को भारतीय परंपरा से अलग माना है। (शेल्डन पोलक, *दि लेंगवेज ऑफ़ गोड्स इन दि वर्ल्ड ऑफ़ मेन* [दिल्ली: परमानेंट

ब्लेक, 2006], 393) अदित्य बहल की राय भी कमोबेश यही है और बहुत हद तक युक्तिसंगत भी है– उनके अनुसार *पद्मावत* का काव्यरूप फ़ारसी और भारतीय, दोनों परंपराओं से अलग 'भारतीय इस्लामी' काव्यरूप है। उन्होंने लिखा है कि– ''ये काव्य फ़ारसी और भारत की पुरानी शास्त्रीय परंपराओं, दोनों से अलग हैं, ये भारतीय इस्लामिक रचनारूप में हैं। दोनों पुराने सिद्धांतों से ये दोहरा अंतर रखते हैं, भले ही महत्त्वपूर्ण विचारों और रूढ़ियों को ये उनसे ले लेते हैं। इस विधा के कवियों ने हिंदवी का प्रयोग किया, यह बोलचाल की स्थानीय भाषा थी, जिसे साहित्य का माध्यम बनाकर उन्होंने ऊँचा स्थान प्रदान किया। उनके काव्यों की प्राचीनतम पांडुलिपियाँ फ़ारसी लिपि में लिखी हुई हैं। उनके प्रेमाख्यान काव्य ऐसे काव्यशास्त्र के द्वारा सूफ़ी संदेश प्रकट करते हैं, जो अंशत: फ़ारसी से, अंशत: संस्कृत और अंशत: क्षेत्रीय परंपराओं से लिया गया है।'' (आदित्य बहल, ''मायावी मृगी: एक हिंदवी सूफ़ी प्रेमाख्यान में कामना और आख्यान,'' *मध्यकालीन भारत का सांस्कृतिक इतिहास,* संपा. मीनाक्षी खन्ना [हैदराबाद: ओरियंट ब्लेक्स्वॉन प्रा. लि., 2012], 186).

2. गत सदी के छठे-सातवें दशक में सबसे पहले इतिहासकार वी.ए. स्मिथ ने पद्मिनी प्रकरण को मिथ बताया। अलबत्ता उन्होंने इस प्रकरण की ऐतिहासिकता पर अपने संदेह का कोई कारण नहीं दिया। बाद में भारतीय इतिहासकार कालिकारंजन कानूनगो ने विस्तार से इस प्रकरण के जायसी कल्पित होने का दावा किया। उन्होंने वी.ए. स्मिथ के दावे का समर्थन करते हुए यह भी जोड़ा कि ''यह साफ़ है कि भाटों ने रत्नसेन-पद्मिनी का 'क्लू' जायसी के *पद्मावत* से लिया और यह जानकारी दिल्ली दरबार के इतिहासकारों को शाही इतिहास में उपयोग के लिए उपलब्ध करवायी।'' (कालिकारंजन कानूनगो, ''ए क्रिटिकल एनेलेसिस ऑफ़ पद्मिनी लिजेंड,'' *स्टडीज़ इन राजपूत हिस्ट्री* [दिल्ली: एस. चांद एंड कंपनी, 1960], 7.) कुछ हद तक इसका समर्थन राजस्थान के आधुनिक इतिहासकार गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने भी किया। उन्होंने लिखा कि ''कर्नल टॉड ने यह कथा विशेषकर मेवाड़ के भाटों के आधार पर लिखी और भाटों ने उसको *पद्मावत* से लिया।'' (गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* भाग-1 [जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार, 1996-97, प्रथम संस्करण 1928], 190.) फ़िल्म 'पद्मावत' पर हुए विवाद के दौरान फिर कई इतिहासकारों ने यही दावा किया, जिनमें इरफ़ान हबीब, हरबंश मुखिया और रजत दत्ता प्रमुख हैं। इरफ़ान हबीब और हरबंश मुखिया ने अपने विचार नितिन रामपाल की स्टोरी (''पदमावती कंट्रोवर्सी: हिस्ट्री इज एट रिस्क ऑफ़ बीइंग ट्रेप्ड बिटविन लेफ्ट राइट इंटरप्रिटेशन्स ऑफ़ दि पास्ट,'' *फ़र्स्ट पोस्ट,* 21 सितंबर 2019,https://www.firstpost.com/india/padmavati-controversy-history-is-at-risk-of-being-trapped-between-left-right-interpretations-of-the-past-4225695.html) में व्यक्त किए। रजत दत्ता ने इस संबंध में लिखा कि ''ऐतिहासिक पद्मिनी चारण कल्पना और औपनिवेशिक नृवंशविज्ञान के सम्मिश्रण की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति से अधिक कुछ भी नहीं है, उसके निर्माण में इतिहास की कोई भूमिका नहीं है, लेकिन आपको यह समझाने के लिए भी इतिहासकारों की ही आवश्यकता है।'' (रजत दत्ता, ''रानी पद्मिनी: ए क्लासिक केस ऑफ़ हाउ लोर वाज इंसर्टेड इन टू हिस्ट्री,'' *दि वायर,* 1 दिसंबर 2017, https://thewire.in/200992/rani-padmini-classic-case-lore-inserted-history/,https://thewire.in/200992/rani-padmini-classic-case-lore-inserted-history/).

3. देखिए: (i) लोएस डिकिंसन, *एन एसे ऑन दि सिविलाइजेशन ऑफ़ इंडिया, चाइना एंड जापान* (लंदन एवं टोरेंटो: जे. एम. डेन्ट एंड सन्ज, 1913), 15. (ii) हीरानंद शास्त्री, ''प्रोसिडिंग्ज़ एंड ट्रांजिक्शन ऑफ़ दि सिक्स्थ आल इंडिया ओरियंटल कान्फ्रेंस, पटना, दिसंबर,1930'' (पटना: बिहार एंड उड़ीसा रिसर्च सोसायटी,1933), 1. (ii) टीलहार्ड दि शार्डिन, *दि फिनोमेनन ऑफ़ दि मेन* (न्यूयार्क: हारपरेनियल मॉडर्न थॉट, 1947), 211. (iii) चंद्रकांत गजानन राजे, *बायोग्राफ़ी एंड हिस्ट्री ऑफ़ संस्कृत लिटरेचर* (मुम्बई: बॉम्बे युनिवर्सिटी प्रेस, 1958), 9.

4. रोमिला थापर, *प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास,* हिंदी अनु. आदित्यनारायण सिंह (दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, 2001), 232.

5. वही, 251.

6. वही, 251.

7. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* हिंदी अनु. प्रदीपकांत चौधरी (दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, 2007, मूल अंगेज़ी संस्करण 1966), 11.

8. ए.एल. बाशम, प्रस्तावना, वही, 9.

9. द्विजेंद्रनारायण झा, *प्राचीन भारत* (दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, 2000), 13.

10. भारतीय इतिहास लेखन के दर्शन और परंपरा की अलग पहचान और देशज स्रोतों के आधार पर भारतीय इतिहास लिखने के कई प्रयास हुए हैं। आरंभ में जयचंद विद्यालंकार ने *भारतीय इतिहास की रूपरेखा* (इलाहाबाद: हिंदुस्तानी एकेडेमी, 1933) और पं. भगवद्दत्त ने *भारतवर्ष का बृहत् इतिहास* (अजमेर: वैदिक यंत्रालय, 1951) शीर्षक से आग्रहपूर्वक देशज स्रोतों पर निर्भर प्राचीन भारत के इतिहास लिखे। भारतीय इतिहास दर्शन की पहचान पर एकाग्र कार्यों के रूप में विश्वंभर शरण पाठक, *एंशियन्ट हिस्टोरियन्स ऑफ़ इंडिया* (एशिया पब्लिशिंग हाउस, बम्बई, 1926), ए.के. वार्डर, *इंट्रोडक्शन टू इंडियन हिस्ट्रोग्राफ़ी* (मुम्बई: पोपूलर प्रकाशन, 1972), अरविंद शर्मा, *हिंदुइज्म एंड इट्स सेंस ऑफ़ हिस्ट्री* (दिल्ली: ओक्सफ़ोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, 2003), सिबेश भट्टाचार्य, *अंडरस्टेंडिंग इतिहास* (शिमला: इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड स्टडी, 2010) और नंदकिशोर आचार्य, *इतिहास के सवाल* (दिल्ली: सस्ता साहित्य मंडल, 2011) का उल्लेख किया जा सकता है। राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी की पहल पर मुनि जिनविजय, राहुल सांकृत्यायन आदि ने भी इस दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य किया। क्षेत्रीय इतिहाकारों में गौरीशंकर ओझा, विश्वनाथ रेउ, रघुवीरसिंह, दशरथ शर्मा, अगरचंद नाहटा, श्यामलदास आदि के कार्यों का भी इस लिहाज़ से महत्त्व है। रोमिला थापर के आरंभिक विचारों में भी अब बदलाव हुआ है। *पास्ट बिफोर अस* (रानीखेत: परमानेंट ब्लेक, 2013) में अब कुछ हद तक वे इस सामान्यीकरण का समर्थन नहीं करती हैं कि भारतीयों में इतिहास चेतना नहीं है या उनके अतीत में इससे संबंधित पर्याप्त ऐतिहासिक सामग्री नहीं है।

11. अरविंद शर्मा, ''डिड दि हिंदूज लेक सेंस ऑफ़ हिस्ट्री,'' *न्यूमेन,* 2003 खंड-50, 2 (2003), 190-227.

12. शेल्डन पोलक, ''मीमांसा एंड दि प्रोब्लम ऑफ़ हिस्ट्री इन ट्रेडिशनल इंडिया,'' *जर्नल ऑफ़ अमरीकन ओरियंटल सोसायटी,* खंड-109 (अक्तूबर-दिसंबर, 1989), 603.

13. वही, 603.

14. एम. विंटरनित्ज़, *हिस्ट्री ऑफ़ इंडियन लिटरेचर,* जर्मन से अनु. सुभद्र झा (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, पुनर्मुद्रण 1985), 2: 88.

15. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* संपा. विलियम क्रूक (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1971, प्रथम संस्करण 1920),1: 268.

16. शेल्डन पोलक, ''मीमांसा एंड दि प्रोब्लम ऑफ़ हिस्ट्री इन ट्रेडिशनल इंडिया,'' 603

17. अरविंद शर्मा, ''दि कांसेप्ट ऑफ़ साइक्लिकल टाइम इन हिंदुस्तान,'' *टाइम इन इंडियन फिलोसोफ़ी – ए कलेक्शन ऑफ़ एसेज,* संपा. हरिशंकर प्रसाद (दिल्ली: श्रीसदगुरु पब्लिकेशन्स 1992), 210

18. वही, 210.

19. अनंदिता एन. बाल्सलेव, ''टाइम एंड दि हिन्दू एक्सपीरियन्स,'' *रीलिजन एंड टाइम,* संपा अनंदिता एन. बाल्सलेव एवं आर.एन. मोहंती (दिल्ली: लेडन, 1992), 177.

20. नंदकिशोर आचार्य, *इतिहास के सवाल* (दिल्ली: सस्ता साहित्य मंडल, 2011), 10.

21. माइकेल विटज़ेल, ''ऑन इंडियन हिस्टोरियन राइटिंग्ज़– दि रोल ऑफ़ वंशावलीज़,'' *जर्नल ऑफ़ जापानी एसोशियेशन फोर द साउथ एशियन स्टीडीज़,* अंक-2 (1990), 47.

22. ई.एच. कार, *इतिहास क्या है,* 'व्हाट इज हिस्ट्री' का हिंदी अनु. अशोक चक्रधर (दिल्ली: मैकमिलन, 1976, अंग्रेज़ी संस्करण 1961), 19.

23. नंदकिशोर आचार्य, *इतिहास के सवाल,* 10.

24. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल* (पटना: बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, तृतीय संस्करण 1961, प्रथम संस्करण 1952), 76.

25. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 52.

26. *अवस्था: पंच कार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभि: । आरंभयत्नप्राप्त्याशानियताप्तिफलागमा:।* – धनंजय, *दशरूपक,* 1.19, संपा. वासुदेव लक्ष्मण शास्त्री पनसीकर (मुम्बई: निर्णय सागर प्रेस, द्वितीय संस्करण 1917), 5.

27. *पृथ्वीराजरासो* के बंगाल की रायल एशियाटिक सोसायटी के द्वारा प्रकाशन के साथ ही *रासो* रचनाओं की प्रामाणिकता पर विवाद शुरू हुआ। सबसे पहले डॉ. बूलर ने *पृथीराजप्रबंध* नामक एक रचना की उपलब्धता के आधार पर *पृथ्वीराजरासो* को अप्रामाणिक बताकर इसका प्रकाशन रुकवा दिया। बाद में राजस्थान के कई विद्वान्– मुरारिदान, श्यामलदास, गौरीशंकर ओझा आदि भी इस मुहिम में शामिल हो गए। उन्होंने सभी *रासो* रचनाओं को अप्रामाणिक घोषित कर दिया।

28. *ऋग्वेद* में प्रयुक्त आख्यान संकेतों में से कुछ इस प्रकार हैं– 1. शुन:शेप (1.24), 2. अगस्त्य और लोपामुद्रा (1.179), 3. गृत्समद (2.12), 4. वसिष्ठ और विश्वामित्र (3.53, 7.33 आदि), 5. सोम का अवतरण (3.43), 6. त्र्यरुण और वृशजान (5.2), 7. अग्नि का जन्म (5.11), 8. श्यावाश्व (5.32), 9. बृहस्पति का जन्म (6.71), 10 राजा सुदास (7.18), 11. नहुष (7.95),12. अपाला (8.91), 13. नाभानेदिष्ठ (10.61.62), 14. वृषाकपि (10.86), 15. उर्वशी और पुरुरवा

(10.95), 16. सरमा और पणि (10.108), 17. देवापि और शन्तनु (10.98), 18. नचिकेता (10.135) आदि।

29. *श्रोता बकता ग्याननिधि कथा राम कै गूढ़।* (तुलसीदास ने *मानस* के लिए 'कथा' शब्द कई स्थानों पर प्रयुक्त किया है।) – तुलसीदास, *रामचरितमानस,* संपा. योगेंद्रप्रतापसिंह (इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन, 1999), 87.

30. *पुरिस कहाणी हउं कहउं जस पत्थावे पुन्न।* – विद्यापति, *कीर्तिलता,* संपा. वासुदेवशरण अग्रवाल (चिरगाँव (झाँसी): साहित्य सदन, 1962), 20.

31. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 57.

32. भामह, *काव्यादर्श,* 1/ 25–29, संपा. एवं अनु. सी. शंकरराम शास्त्री (मद्रास: बाल मनोरमा प्रेस), 24.

33. दंडी, *काव्यादर्श,* 1/23–2, अनु. एवं संपा. कुमुदरंजन राय (कलकत्ता: के राय, 176, विवेकानंद रोड), 24.

34. रुद्रट, *काव्यालंकार,* 16/22–23, हिंदी अनु. एवं संपा. सत्यदेव चौधरी (दिल्ली: वासुदेव प्रकाशन, 1965), 424.

35. भगवद्दत्त, *भारतवर्ष का बृहत् इतिहास* (अजमेर: वैदिक यंत्रालय,1951), 3–17.

36. *ऋग्वेद संहिता,* 9.10.3 (दिल्ली: चौखंबा संस्कृत प्रतिष्ठान, पुनर्मुद्रित संस्करण 1995), 565.

37. (i) तैत्तिरीय ब्राह्मण, 1.3.2.6 एवं 1.3.2.7, संपा. सुब्रह्मयणम् शर्मा, http://www.sanskritweb.net/yajurveda/#TA.

(ii) *काठकसंहितायाम्,* XVI.5, संपा. श्रीपाद शर्मणा दामोदर भट्ट सुनूना (मुम्बई: स्वाध्याय मंडल, 1943), 154.

38. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 23.

39. *निघंटुसमन्वितं निरुक्तम्,* IV.6, संपा. लक्ष्मणसरूप (दिल्ली: मोतीलाल एंड बनारसीदास, पुनर्मुद्रण 1998, प्रथम संस्करण 1920–27), 77.

40. *इतिहासमिदं सूक्तम् आहतुर्यास्कभागुरी। कन्येति शौनकस्त्वैद्रं पान्तमित्युत्तरे च ये॥* – *बृहद्देवता,* VI.107, संपा. एवं हिंदी अनु. रामकुमार राय (वाराणसी: चौखम्बा संस्कृत सिरीज़ ऑफ़िस, 1963), 203.

41. वही, VIII.11, 248.

42. *शतपथब्राह्मणम्,* XIII.4.3.12, संपा. अल्बेर्तेन वेबेरेण (वाराणसी: चौखम्बा संस्कृत सिरीज़ ऑफ़िस, तृतीय संस्करण 1997), 985.

43. *''छान्दोग्योपनिषत्''*VII.1.1, *उपनिषत्संग्रह,* संपा. पं. जगदीश शास्त्री (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1970), 71.

44. *कौटलीय अर्थशास्त्र,* 1.3, संपा. उदयवीर शास्त्री (नई दिल्ली: मेहरचंद लछमनदास पब्लिकेशंस, 2016), 7.

45. *ऋग्वेद संहिता,* 1.106.4, 76; 1.18.9,9; 2.3.2, 151 आदि.

46. *निघंटुसमन्वितं निरुक्तम्,* VIII. 6, 152.

47. *बृहद्देवता,* III. 3, 75.

48. वही, III. 2, 75.

49. *निघंटुसमन्वितं निरुक्तम्,* IX. 9, 162.

50. *मनो न्वा हुवामहे नाराशंसेन सोमेन। पितृणां च मन्मभिः – ऋग्वेद संहिता,* X.57.3, 673.

51. *विश्वेदेवाश्चमसेषून्नीतोऽसुर्होमायोद्यतो रुद्रो हूयमानो वातोऽभ्यावृत्तो नृचक्षाः प्रतिखाय्तो भक्षो भक्ष्यमाणः पितरो नाराशंसाः॥ – शुक्ल यजुर्वेदसंहिता,* VIII. 58, संपा. जगदीशलाल शास्त्री (दिल्लीः मोतीलाल बनारसीदस, पुनर्मुद्रण, 1999), 152.

52. *रेभ्यासीदनुदेयी नाराशंसी न्योचनी। सूर्याया भद्रमिद्वासो गाथयैति परिष्कृतिम् – ऋग्वेद संहिता,* X.85.6, 697.

53. *शतपथब्राह्मणम्,* XI.5.6.8, 866.

54. *तैत्तिरीयारण्यकम्,* 2.9.1, संपा, विनायक गणेश आप्टे (पूनाः आनंद आश्रम मुद्रणालय, 1926) 1: 142.

55. *याज्ञवल्क्यस्मृतिः,* 1/45, संपा. गंगासागर राय (दिल्लीः चौखंभा संस्कृत प्रतिष्ठान, 1998), 20.

56. (i) *प्र कृतान्यृजीषिणः कण्वा इंद्रस्य गाथया। – ऋग्वेद संहिता,* VIII.32.1, 498.
(ii) *अग्निमीळिष्वावसे गाथाभिः शीरशोचिषम्। – ऋग्वेद संहिता,* 8.71.14, 536.

57. *गाथपतिं मेधपतिं रुद्रं जलाषभेषजम् – ऋग्वेद संहिता,* I. 43.4, 28.

58. *धारवाकेष्वृजुगाथ शोभसे – ऋग्वेद संहिता,* V.44.5, 308.

59. *इंद्रमिद्गाथिनौ बृहदिंद्रमर्केभिरर्किणः – ऋग्वेद संहिता,* I. 7.1, 4.

60. *ऋग्वेदसंहिता,* X. 85.6, 697.

61. *गाथाभ्यः स्वाहा नाराशंसीभ्यः स्वाहा रैभीभ्यः स्वाहा सर्वस्मै स्वाहा॥ – तैत्तिरीय संहिता,* 7.5.11, संपा. अनंत शास्त्री एवं योगेश्वर शास्त्री (मुंबईः भारत मुद्रणालय, स्वाधाय केंद्र, 1957), 325.

62. *शतपथब्राह्मणम्,* XI. 5.6.8, 866.

63. *अथर्ववेद संहिता,* 15.1.7 (दिल्लीः चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, पुनर्मुद्रित संस्करण 1996), 320.

64. *ऋग्वेद ब्राह्मणा – दि ऐतरेय एंड कौषीतकी,* VII.18, संपा. एवं अनु. आर्थर ब्रेडले कीथ (केम्ब्रिजः हार्वर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, 1920), 308.

65. *ऋग्वेद संहिता,* I. 22–30, 12–16.

66. *ऋग्वेद ब्राह्मणा – दि ऐतरेय एंड कौषीतकी,* 308.

67. *ऐतरेय आरण्यकम्,* II. 3.6, संपा. राजेंद्रलाल मित्र (कलकत्ता, 1926), 238

68. *ऋग्वेद ब्राह्मणा - दि ऐतरेय एंड कौषीतकी,* VIII. 21, 336-38.

69. *आख्यानम् पूर्ववृत्तोक्तिर्युक्तिरर्थविधारणम्* - विश्वनाथ कविराज, *साहित्यदर्पण,* संपा. एवं टीका कृष्णमोहन शास्त्री (बनारस: चौखम्बा संस्कृत सिरीज़, 1955), 428.

70. एस.एन. दासगुप्त, *ए हिस्ट्री ऑफ़ संस्कृत लिटरेचर* (कलकत्ता: युनिवर्सिटी ऑफ़ कलकत्ता, 1962), 1: 43.

71. (i) *निघंटुसमन्वितं निरुक्तम्,* II.10, 49; X.26, 181; XII.10, 209 आदि (यहाँ सभी स्थानों पर पंक्ति *तत्रेतिहासमाचक्षते* प्रयुक्त हुई है।).

(ii) *बृहद्देवता,* VI.46, 126; VII.153, 245; VI.107, 203 आदि।

72. देखिए: टिप्पणी सं. 24.

73. (i) *निघंटुसमन्वितं निरुक्तम्,* II.10, 49; X.26, 181, XII.10, 209 आदि (यहाँ सभी स्थानों पर पंक्ति *तत्रेतिहासमाचक्षते* प्रयुक्त हुई है।).

(ii) *बृहद्देवता,* VI.46, 126; VII.153, 245; VI.107, 203 आदि।

74. *ऋग्वेद ब्राह्मणा – दि ऐतरेय एंड कौषीतकी,* VIII.21, 336-38.

75. *शतपथब्राह्मणम्,* XI.5.1, 855.

76. *ऋग्वेद ब्राह्मणा – दि ऐतरेय एंड कौषीतकी,* III.24, 180.

77. *शतपथब्राह्मणम्,* XI.1.6.9. 832.

78. शुक्राचार्य, *शुक्रनीतिः,* संपा. जगदीशचंद्र मिश्र (वाराणसी: चौखंभा सुरभारती प्रकाशन, 1998) 532.

79. जिनसेन, *हरिवंशपुराण,* 9.198, संपा. पन्नालाल जैन (दिल्ली: भारतीय ज्ञानपीठ, 12वाँ संस्करण 2010), 182.

80. *निरुक्तम् (दुर्गाचार्यकृतवृत्ति समेतम्),* 2.10., संपा. काशीनाथ राजवाड़े एवं विनायक गणेश आप्टे (पूना: आनंदाश्रम मुद्रणालय,1926), 1: 161.

81. *निघंटुसमन्वितं निरुक्तम्,* II.10, 49.

82. *स बृहतीं दिशमनु व्यचलत्। तामितिहासश्च पुराणं च गाथाश्च नाराशंसीश्चानुव्यचलन्॥ इतिहासस्य च वै स पुराणस्य च गाथानां च नाराशंसीनां च प्रियं धाम भवति य एवं वेद॥ -अथर्ववेद संहिता,* XV.6.1, 320

83. वृहद्देवता, IV.47, 126.

84. कौटलीय अर्थशास्त्र, I.5.14, 11.

85. वही, I.3.2, 7.

86. *इतिहासप्रदीपेन मोहावरणघातिना। लोकगर्भगृहंकृत्स्नंयथावत्संप्रकाशितम् - वेद व्यास, महाभारत* (आदि पर्व), I.1.87, संपा. रामचंद्र शास्त्री (दिल्ली: ओरियंटल बुक्स रीप्रिंट कारपोरेशन, द्वितीय संस्करण 1979), 13.

87. वाक्पतिराज, *गउडवहो,* संपा. एन.जी. सुरु (अहमदाबाद: प्राकृत टेक्सट सोसायटी, 1975), 119.

88. *अथर्ववेद संहिता,* X.7.24, 262.

89. *शतपथब्राह्मणम्,* XIV.6.10.6, 1082.

90. *छान्दोग्योपनिषत्,* VII.1, 71.

91. वेद व्यास, *महाभारत,* आदि पर्व 1/63, I.1.63, 12.

92. (i) अमरसिंह, *अमर कोषः,* संपा. हरगोविंद शास्त्री (वाराणसी: चौखंभा संस्कृत संस्थान, पुनर्मुद्रण 2015), 84.

(ii) *शुक्रनीतिः,* 4.353, 533.

93. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 26.

94. *तैत्तिरीय आरण्यक,* 2.9,10,11, 1: 142-148.

95. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 27.

96. कात्यायन, ''अष्टाध्यायीसूत्रपाठः सवार्तिक,'' IV.3.88, *पाणिनीयसूत्रपाठस्य तत्परिशिष्टग्रंथानां च शब्दकोशाः,* संपा. श्रीधर शास्त्री पाठक (पूना: भंडारकर ओरियंटल इंस्टिट्यूट, 1935), 556.

97. *तैत्तिरीय आरण्यक,* 1.6, 23.

98. कात्यायन, ''अष्टाध्यायीसूत्रपाठः सवार्तिक,'' IV.3.87

99. *॥लुबाख्यायिकाभ्यो बहुलम्॥ अधिकृत्य कृते ग्रंथ इत्यत्र आख्यायिकाभ्यो बहुलं लुब्वक्तयः। वासवदत्ता। सुमनोत्तरा। न च भवति भैमरथी॥* - पतंजलि मुनि, *व्याकरण महाभाष्यम्,* संपा. गुरुप्रसाद *शास्त्री* (दिल्ली: प्रतिभा प्रकाशन, पुनर्मुद्रण 1999), 3: 235.

100. *कारुरहं ततो भिषगुपलप्रक्षिणी नना। - ऋग्वेद संहिता,* IX.112.3, 625.

101. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 28.

102. वही, 29.

103. *अंगिरसो नः पितरो नवग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः। - ऋग्वेद संहिता,* X.14, 636.

104. *छान्दोग्योपनिषत्,* III.3, 47.

105. *गोपथ ब्राह्मण,* 1.39, 2.18, संपा. प्रज्ञादेवी एवं मेधा देवी (दिल्ली: चौखंभा संस्कृत प्रतिष्ठान, चतुर्थ संस्करण 1999) 68, 113 .

106. *छान्दोग्योपनिषत्,* III. 3, 47.

107. वी.एस. सुकथंकर, ''दि भृगुज एंड दि भरतः ए हिस्टोरिकल स्टडी,'' *क्रिटिकल स्टडी ऑफ़ महाभारत* (पूना: वी.एस. सुकथंकर मेमोरियल कमेटी, 1944), 278.

108. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 30.

109. *वाल्मीकिभर्गवान् कर्ता सम्प्राप्तो यज्ञसंविधाम्। येनेदं चरितं तुभ्यमशेषं संप्रदर्शितम्॥25॥ संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्रकम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना॥26॥ - श्रीमद्वाल्मीकिरामायण,* VII. 94. 26., संपा. से. कुप्पुस्वामि शास्त्री आदि (मद्रास: आर. नारायणस्वामी, द्वितीय संस्करण 1958), 1079.

110. एन.जे. शेंदे, *ऑथरशिप ऑफ़ दि रामायण,* खंड-2 (मुम्बई: जेयूबी-XII, 1943), 19.

111. *मूल गोत्राणि चत्वारि समुत्पन्नानि पार्थिव। / अंगिराः कश्यपश्चैव वसिष्ठो भृगुरेव च॥* - *महाभारत,* XII.296.17, 587.

112. एन.जे. शेंदे, ''ऑथरशिप ऑफ़ दि महाभारत,'' *एनल्स ऑफ़ दि भंडारकर ओरियंटल इंस्टीट्यूट,* खंड-XXIV, 1943, 81.

113. *ऋभुः प्रियव्रतायाह स च भागुरयेऽब्रवीत् ॥43॥ भागुरिः स्तंभमित्राय दधीचाय स चोक्तवान्॥ सारस्वताय तेनोक्तं भृगुस्सारस्वतेन च ॥44॥ भृगुणा पुरुकुत्साय नर्मदायै स चोक्तवान्॥ नर्मदा धृतराष्ट्राय नागाया पूरणाय च ॥45॥ ताभ्यां च नागराजाय प्रोक्तं वासुकये द्विज॥ वासुकिः प्राह वत्साय वत्सश्चाश्वतराय वै॥ कंबलाय च तेनोक्तमेलापुत्राय तेन वै ॥47॥ पातालं समनुप्राप्त ततो वेदशिरा मुनिः॥ प्राप्तवानेतदखिलं स च प्रमतये ददौ ॥48॥ दत्तं प्रमतिना चैतज्जातु कर्णाय धीमते॥ जातुकर्णेन चैवोक्तमन्येषां पुण्यकर्मणाम् ॥49॥* - *श्रीविष्णुमहापुराणं,* 6.8, संपा. राजेंद्रनाथ शर्मणा (दिल्ली: नाग पब्लिशर्स, द्वितीय संस्करण 1985), 293.

114. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 31.

115. वही, 31.

116. (i) *अथर्ववेद संहिता,* II.5.7, 35.
(ii) *शतपथ ब्राह्मण,* V.3.1.5, 4.4, 17-18.

117. *शतपथ ब्राह्मण,* V.3.1.5, 4.4, 17-18.

118. *बृहद्देवता,* V.124-138, 172-174.

119. *नृत्ताय सूतं गीताय शैलूषं धर्माय सभाचरं नरिष्ठायै भीमलं नर्माय रेभम् हसाय कारिमानन्दाय स्त्रीषखं प्रमदे कुमारी पुत्रं मेधायै रथकारं धैर्याय तक्षाणम्।* - *शुक्ल यजुर्वेद-संहिता,* 30.6, 520.

120. वेद व्यास, *महाभारत,* I.1.2, 3.

121. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 33.

122. वही, 34.

123. *कौटलीय अर्थशास्त्र,* II.25.2, 94.

124 ''उनके अभिलेखागार और अभिलेखों में इनके अलग संरक्षक हैं। आधिकारिक घोषणाएँ और राज्य-पत्रों को सामूहिक रूप से (नी-लो-पी तू (अथवा 'चा') कहा जाता है; ये अच्छे और बुरे में दर्ज़ किए जाते हैं, और सार्वजनिक आपदा और अच्छे समय में उदाहरण के रूप में सामने आते हैं।'' - युवान च्यांग, *ट्रेवल्स इन इंडिया,* संपा. टी. वाट्टर्स (लंदनः रॉयल एशियाटिक सोसायटी,1904), 154.

125. *पटे वा ताम्रपट्टे वा स्वमुद्रो परिचिह्नितम्। अभिलेख्यात्मनो वंश्यानात्मानं च महीपतिः* - *याज्ञवल्क्यस्मृतिः,* 142.

126. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 37.

127. वही, 38.

128. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल* (पटनाः बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, तृतीय संस्करण 1991). 76.

129. *अवस्थाः पंच कार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभिः । आरंभयत्नप्राप्त्याशानियताप्तिफलागमाः ।* –विश्वनाथ, *साहित्यदर्पणः,* 6.71, संपा. कृष्णमोहन शास्त्री (बानरसः चैखंम्बा संस्कृत सिरीज़, द्वितीय संस्करण 1958), 354.

130. रोमिला थापर, *प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास,* 238.

131. देखिएः राजबली पांडेय, *अशोक के अभिलेख* (वाराणसीः ज्ञान मंडल लि. संस्करण 2017).

132. भरत मुनि, *नाट्यशास्त्रम्* (हिंदी अनुवाद सहित), 17.26, अनु. ब्रजवल्लभ मिश्र (दिल्लीः सिद्धार्थ पब्लिकेशन्स, 1997), 497.

133. हेमचंद्र, *प्राकृतव्याकरणम्,* संपा. सागरमल एवं प्रेम सुमन जैन (उदयपुरः आगम अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान), 2: 314-393.

134. *राजा कविः कविसमाजं विदधीत। राजनि कवौ सर्वो लोकः कविः स्यात्। स काव्य परीक्षायै सभां कारयेत्। सा षोडशभिः स्तंभैश्चतुर्भिर्द्वारैरष्टभिर्मत्तवारणीभिरुपेता स्यात्। तदनुलग्नम् राज्ञः केलिगृहम्। मध्येसभं चतुःस्तम्भान्तरा हस्तमात्रोत्सेधा समणिभूमिका वेदिका। तस्यां राजासनम्। तस्य चोत्तरतः संस्कृताः कवयो निविशेरन्। बहुभाषाकवित्वे यो यत्राधिकं प्रवीणः स संक्रम्य तत्र तत्रोपविशेत्। ततः परं वेदविद्याविदः प्रामाणिकाः पौराणिकाः स्मार्त्ता भिषजो मौहर्त्तिका अन्येऽपि तथाविधाः। पूर्वेण प्राकृताः कवयः; ततः परं नटनर्तकगायनवादनवाग्जीवनकुशीलवतालावचरा अन्येऽपि तथाविधाः। पश्चिमेनापभ्रंशिनः कवयः; ततः चित्रलेप्यकृतो माणिक्यबंधका वैकटिकाः स्वर्णकारवर्द्धकिलोहकारा अन्येऽपि तथाविधाः। दक्षिणतो भूतभाषाकवयः; ततः परं भुजंगा गणिकाः प्लवकशौभिकजंभक मल्लाः शस्त्रोपजीविनो अन्येऽपि तथाविधाः।* – राजशेखर, *काव्यमीमांसा,* संपा. सी.डी. दलाल (बड़ौदाः ओरियंटल इंस्टिट्यूट, तृतीय संस्करण 1934), 54.

135. देखिएः भोजदेव, *सरस्वतीकंठाभरणम्,* संपा. कामेश्वरनाथ मिश्र (वाराणसीः चौखंभा ओरेंटेलिया,1992)

136. *भा भंजिए बंगा भग्गु कलिंगा तेलंगा रण मुक्कि चले*
मरहट्टा ढीट्ठा लग्गिअ कट्टा सोरट्टा भए पाअ पले
चंपारण कंपा पव्वय झंपा ओत्था ओत्थी जीव हरे
काशीसर राणा किअउ पाअणा विज्ञाहर भण मंतिवरे।

– हेमचंद्राचार्य, *प्राकृतपैंगलम,* संपा. चंद्रमोहन घोष (कलकत्ताः एशियाटिक सोसायटी ऑफ़ बंगाल, 1902), 244.

137. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 29.

138. वही, 31.

139. *राजशेखर्स कर्पूरमंजरी* (हार्वर्ड ओरियंटल सीरीज),1.8, संपा. स्टेन कोनो (दिल्लीः मोतीलाल बनारसीदास, द्वितीय संस्करण 1963), 5.

140. विद्यापति, *कीर्तिलता,* 14.

141. *बृहत्कथा* पैशाची प्राकृत में लिखित सबसे प्राचीन कथा रचना है, लेकिन इसकी पांडुलिपि अभी

तक उपलब्ध नहीं हुई है। गुणाढ्य राजा सातवाहन का सभापति था। अब इस रचना के एकाधिक रूपांतरण मिलते हैं। संघदासगणिवाचक की *वसुदेवहिंडी* इसका सबसे प्राचीन जैन रूपांतरण है। विद्वानों ने इसका रचनाकाल भी *बृहत्कथा* की तरह 600 ई. आसपास माना है। इस पर निर्भर अन्य उपलब्ध रचनाओं में *बृहत्कथाश्लोक संग्रह* (बुध स्वामी), *कथा सरित्सागर* (सोमदेव भट्ट) और *बृहत्कथा मंजरी* (क्षेमेंद्र) प्रमुख हैं। (देखिए: संघदासगणिवाचक, *वसुदेवहिंडी,* संपा. श्रीरंजन सूरिदेव (ब्यावर: पंडित रामसरूप शास्त्री चेरिटेबल ट्रस्ट, 1989).

142. वाक्पतिराज, *गउडवहो,* संपा. एन.जी. सुरु (अहमदाबाद: प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, 1975).

143. हेमचंद्र सूरि, *द्वयाश्रयकाव्य,* संपा. ए. काठावटे (बीएसएस, 1921). (इस ग्रंथ का प्राकृत अंश *कुमारपालचरित* के नाम से प्रसिद्ध है। यह लोकप्रिय रचना थी, जिस पर पूर्णकलश गणि ने टीका लिखी। परवर्ती कई ग्रंथकारों ने इसके आधार पर अपनी रचनाएँ कीं।)

144. मुनि जिनविजय, ''प्रास्ताविक वक्तव्य,'' *प्रबंधचिंतामणि,* मेरुतंगाचार्य कृत, हिंदी भाषांतर हजारीप्रसाद द्विवेदी (अहमदाबाद: संचालक–सिंघी जैन ग्रंथमाला, 1940), ट.

145. देखिए: राजशेखर सूरि, *प्रबंधकोश,* संपा. मुनि जिनविजय (शांति निकेतन: अधिष्ठाता–सिंघी जैन विद्यापीठ, 1935).

146. देखिए: मुनि जिनविजय, संपा., *पुरातन प्रबंध संग्रह* (कलकत्ता: अधिष्ठाता–सिंघी जैन विद्यापीठ, 1936).

147. देखिए: रणछोड़ भट्टकृत *राजप्रशस्तिमहाकाव्यम्* (साहित्य संस्थान, राजस्थान, विद्यापीठ, उदयपुर, 1973) और सदाशिव रचित *राजरत्नाकरमहाकाव्य* (राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, 2000).

148. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 43.

149. विश्वंभर शरण पाठक, *भारत के प्राचीन इतिहासकार,* 25.

150. गिरिजाशंकर मिश्र, ''प्राचीन भारतीय इतिहास दर्शन और इतिहास लेखन,'' *इतिहास: स्वरूप और सिद्धांत,* ''संपा. गोविंदचंद्र पांडेय (जयपुर: राजस्थान ग्रंथ अकादमी, दसवाँ संस्करण 2014) 78.

151. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 66.

152. (i) *श्रीमद्भागवपुराण* में एकाधिक स्थानों पर 'रास' शब्द का प्रयोग (रासक्रीडामनुव्रतै:, 33.2; रासोत्सव:, 33.3; रासपरिश्रांता, 33.11 आदि) मिलता है। – *श्रीभागवतमहापुराणम्,* संपा. राजेंद्रनाथ शर्मणा (दिल्ली: नाग पब्लिशर्स, 1987), 106–107.

(ii) हेमचंद्र, *काव्यानुशानुशानम्,* संपा. महामहोपाध्याय शिवदत्त (मुम्बई: निर्णय सागर प्रेस, 1934), 391.

153. नामवर सिंह, *पृथ्वीराजरासो : भाषा और साहित्य* (नई दिल्ली: राधाकृष्ण प्रकाशन, तीसरी आवृत्ति 2011), 240.

154. हरप्रसाद शास्त्री, *प्रीलिमिनरी रिपोर्ट ऑन दि ऑपरेशन इन सर्च ऑफ़ एमएसएस ऑफ़ बार्डिक क्रोनिकल्स* (कलकत्ता: एशियाटिक सोसायटी ऑफ़ बंगाल, 1913), 25 (काशीप्रसाद जायसवाल

के *रासो* संबंधी विचार हरप्रसाद शास्त्री ने इस पृष्ठ पर पाद टिप्पणी में उद्धृत किए हैं।).

155. हीरालाल माहेश्वरी, *राजस्थानी भाषा और साहित्य* (कलकत्ता: आधुनिक पुस्तक सदन, 1960), 360.

156. रामचंद्र शुक्ल, *हिंदी साहित्य का इतिहास* (काशी: नागरी प्रचारिणी सभा, 1929), 36.

157. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 108.

158. जहूर ख़ाँ मेहर, ''प्रस्तावना,'' *मुँहणोत नैणसीरी ख्यात,* संपा. गौरीशंकर हीराचंद ओझा (जोधपुर: महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केंद्र, द्वितीय संस्करण 2010, प्रथम संस्करण 1925), 7.

159. एल.पी. तेस्सीतोरी, *रिपोर्ट्स ऑफ़ द बार्डिक एंड हिस्टोरिकल लिटरेचर ऑफ़ राजपूताना* (कलकत्ता: एशियाटिक सोसायटी, 1917), 1.

160. अहसान रज़ा ख़ान, ''दलपतविलास, नैनसी एंड बाँकीदास: ए स्टडी इन सम आसपेक्ट्स ऑफ़ ख्यात लिटरेचर ऑफ़ राजस्थान,'' *प्रोसिडिंग्ज़ ऑफ़ दि इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस,* खंड-37 (1976), 281.

161. वही, 281-282.

162. मनोहरसिंह राणावत, संपा., ''प्राक्कथन,'' *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* (सीतामऊ: श्री नटनागर शोध संस्थान, 2003), 1: IV.

163. मार्क ब्लाख़, *इतिहास का शिल्प,* हिंदी अनु. बृजबिहारी पांडेय (दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, पुनर्मुद्रण 2013), 21.

164. वही, 21.

165. रबींद्रनाथ टैगोर, *विजन ऑफ़ हिस्ट्री,* अनु. सिबेश भट्टाचार्य एवं सुमिता भट्टाचार्य (शिमला: इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड स्टडी, 2003), 28.

अध्याय – 2

देशज कथा-काव्य

पद्मिनी-रत्नसेन और गोरा-बादल प्रकरण पर आधारित देशज ऐतिहासिक कथा-काव्य की सोलहवीं से उन्नीसवीं सदी तक विस्तृत और दीर्घकालीन परंपरा है। ये सभी कथा-काव्य प्राचीन भारतीय इतिहास रूपों- *वंश, वंशानुचरित, आख्यान, आख्यायिका, चरित, प्रबंध, कथा* आदि के सरलीकृत क्षेत्रीय देशज रूपों- *चरित, चउपई, रास, रासो, पाटनामा, ख्यात, विगत, कथा, बही* आदि में हैं। *गोरा-बादल कवित्त* (1588 ई. से पूर्व), हेमरतन कृत गोरा-*बादल पदमिणी चउपई* (1588 ई.), *पद्मिनीसमिओ* (1616 ई.), जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* (1623 ई.), लब्धोदय कृत *पद्मिनी चरित्र चौपई* (1649 ई.), दयालदास कृत *राणारासो* (1668-1681 ई.), दलपति विजय कृत *खुम्माणरासो* (1715-1733 ई.) और *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* (प्रतिलिपि, (1870 ई.) इस परंपरा की अब तक उपलब्ध और ज्ञात रचनाएँ हैं। इनमें से 'रासो' और 'पाटनामा' रचनाओं को छोड़कर शेष सभी चार रचनाएँ इस प्रकरण पर स्वतंत्र रचनाएँ हैं, जबकि 'रासो' और 'पाटनामा' में यह प्रकरण मेवाड़ राजवंश से संबंधित विस्तृत ऐतिहासिक कथा-काव्य में एक अध्याय या खंड है। पद्मिनी-रत्नसेन और गोरा-बादल का कथा बीजक सदियों से राजस्थान-गुजरात सहित उत्तर भारत के लोक जीवन की स्मृति में विद्यमान था और कवि-कथाकारों ने इसके आधार पर ही अपनी रचनाएँ कीं। हेमरतन ने कहा भी है कि- *सुणिउ तिसौ भाष्यौ संबंधि* अर्थात् मैंने जैसा सुना है, वैसा ही संबंध कहा है।[1] लब्धोदय ने भी कहा है कि- *कहस्यू कवित्त कल्लोल सूँ पूर्व कथा संपेख* अर्थात् प्रसन्नतापूर्वक पूर्व कथा को देखकर कहूँगा।[2] हेमरतन ने आगे और लिखा कि- *केलवस्यू साची कथा काणि न आवई काँई* अर्थात् मैं सच्ची कथा कहूँगा। इसमें कोई असत्य नहीं होगा।[3] इन रचनाओं में से तीन रचनाएँ जैन यतियों- हेमरतन, लब्धोदय और दलपति विजय की हैं। जैन यति जैन धार्मिक कर्मकांड के साथ प्राचीन साहित्य का संरक्षण

और नए साहित्य की रचना भी करते थे। वे कथाओं का उपयोग अपने धार्मिक प्रवचनों और उपदेशों को रोचक बनाने के लिए करते थे। इन तीनों रचनाओं के संबंध में ख़ास बात यह है कि इनमें कथा का जैन धार्मिक रूपांतरण नहीं है। यहाँ रचनाकारों का उद्देश्य स्वामिधर्म और सतीत्व का आदर्श प्रस्तुत करने के साथ मनोरंजन है। हेमरतन और लब्धोदय तो सीधे मेवाड़ राजवंश से संबंधित प्रभावशाली जैन श्रावकों के आग्रह पर इनकी रचना में प्रवृत्त हुए। हेमरतन ने *चउपई* की रचना राजस्थान के गोड़वाड़ क्षेत्र के सादड़ी (जिला-पाली, राजस्थान) क़स्बे के तत्कालीन अधिकारी ताराचंद के आग्रह पर की।[4] ताराचंद मेवाड़ के तत्कालीन शासक महाराणा प्रताप के विश्वस्त सहयोगी भामाशाह का भाई था। लब्धोदय ने *चौपई* की रचना महाराणा जगतसिंह की माता जंबुवती के कार्यवाहक प्रधान हंसराज और उसके छोटे भाई भागचंद के अनुरोध पर की।[5] जटमल नाहर जैन श्रावक था और उसने राजस्थान से दूर पंजाब में अपनी रचना की, इसलिए उसकी कथा उक्त तीनों से कुछ हद तक अलग है। शेष तीनों रचनाएँ- *पद्मिनीसमिओ, राणारासो* और *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* चारण रचनाएँ हैं और इनका प्रयोजन वंश और उससे संबंधित विख्यात घटनाओं का वर्णन है। *पाटनामा* बहुत लोकप्रिय साहित्य रूप नहीं था। *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* अब तक उपलब्ध ऐसी अपनी तरह की अकेली रचना है। इसमें कथागत नवाचार और रोचकता सबसे अधिक है और इसका गद्य भी बहुत असरदार है। इनकी भाषा सोलहवीं सदी और उसके बाद अपभ्रंश के समानांतर विकसित वह देश भाषा है, जिसे जैन यति-मुनि और चारण कवि, कुछ शैली भेद के साथ इस्तेमाल कर रहे थे। जटमल नाहर की भाषा पर खड़ी बोली का प्रभाव है, जबकि *पाटनामा* की भाषा दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान में प्रयुक्त होनेवाली मेवाड़ी है। पद्मिनी-रत्नसेन के पूर्व प्रचलित कथा बीजक को आधार बनाकर मलिक मुहम्मद जायसी ने भी 1540 ई. में *पद्मावत* की रचना की, जो देशज कथा-काव्यों से अलग है- यह इस कथा बीजक का सूफ़ी धार्मिक रूपांतरण, पल्लवन और विस्तार है। ये सभी देशज कथा-काव्य अपने चरित्र में ग़ैर धार्मिक हैं। अमीर ख़ुसरो सहित सभी मुस्लिम आख्यानकार और जायसी, अलाउद्दीन ख़लजी की विजय को इस्लाम की विजय कहते हैं- जायसी कहता है कि- *पातसाहि गढ चूरा, चितउर भा इस्लाम,* लेकिन इन रचनाओं के रचनाकारों के लिए यह केवल शासक अलाउद्दीन ख़लजी या रत्नसेन की विजय है।

1.

अज्ञात कवि कृत *गोरा-बादल कवित्त* पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर आधारित स्वतंत्र रचना है। परवर्ती रचनाओं में आए इसके उद्धरणों और इसकी भाषा शैली के आधार

पर इसको जायसी से पहले की रचना कहा जा सकता है। यह 82 छंदों की एक लघुकाय रचना है, जो प्राचीन साहित्य के विद्वान् स्वर्गीय अगरचंद नाहटा के व्यक्तिगत संग्रह में उपलब्ध है।[6] इस रचना में कोई पुष्पिका लेख नहीं है और इसके रचनाकार ने बीच में भी कहीं अपना नामोल्लेख भी नहीं किया है। ख़ास बात यह है कि इस रचना के कुछ छंदों को पद्मिनी-गोरा-बादल प्रकरण पर काव्य रचना करने वालों- हेमरतन (1588 ई.), लब्धोदय (1649 ई.) और दलपति विजय (1715-1733 ई.) ने अपनी रचनाओं में उद्धृत किया है।[7] *कवित्त* को उद्धृत करते समय आगे के रचनाकारों ने इसमें कुछ फेर-बदल भी किए हैं। इस आधार पर इस रचना को जायसी की *पद्मावत* (1540 ई.) से पुराना माना जा सकता है। मुनि जिनविजय ने भी इस रचना को जायसी से पहले की रचना माना है। उन्होंने हेमरतन के *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में उद्धृत प्राचीन कवित्तों के संबंध में लिखा है कि "इस कथा के अनुसंधान में कुछ प्राचीन कवित्त उद्धृत किए हैं। वे इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि पद्मिनी विषयक कथा ज्ञापक, कवित्त आदि राजस्थान में प्राचीनकाल से प्रचलित थे।"[8] इस रचना की भाषा भी शेष सभी पद्मिनी संबंधी ऐतिहासिक कथा-काव्यों से पुरानी और अलग है। एक तो इसमें संयोगात्मकता की संस्कृत-प्राकृत की प्रवृत्ति अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है और दूसरे, इसमें प्राकृत में इस्तेमाल होने वाले दूहा, कवित्त, कुंडलियाँ आदि छंदों का इस्तेमाल हुआ है।[9] इस रचना में बीच में एक स्थान पर उल्लेख है कि- *हेतमदान कवि मल्ल भंणि, उदधि कर माल पखालिय*।[10] इस पंक्ति के आधार पर 'कवि मल्ल' को इसका रचनाकार माना जा सकता है और कुछ आरंभिक विद्वान् यह करते भी रहे हैं[11] लेकिन यही पंक्ति कुछ फेर-बदल के साथ हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में भी आती है। हेमरतन लिखता है कि- *हेतंमदान कवि मल्ल भणि, अमर किति ते वखत गिणि।*[12] इस आधार पर लगता तो यही है कि यह इसके रचनाकार का नाम नहीं है। अकसर रचनाओं में इस तरह के नामोल्लेख आरंभ या अंत में आते हैं, जबकि यह नाम इस रचना के बीच में है। इसके संपादक भँवरलाल नाहटा ने भी इस रचना को 'अज्ञात कर्तृक' रचना ही माना है।[13] *कवित्त* की कथा बहुत संक्षिप्त और सरल है। इसमें ज़्यादा मोड़-पड़ाव नहीं हैं। राजा रत्नसेन इसमें गुहिलोत एवं गोरा-बादल चौहान हैं। गोरा की उम्र इसमें 23 वर्ष है। राघव इसमें एक परदेशी ब्राह्मण है और राजा के अत्यंत निकट है। खेल में एक दिन हार जाने के बाद वह राजा को इसका दंड देने से मना करता है। राजा इससे क्रोधित होकर उसे देश निकाला दे देता है। नाराज़ राघव दिल्ली जाकर अलाउद्दीन को प्रभावित करता है और पद्मिनी पाने के लिए उसको चित्तौड़ पर चढ़ा लाता है। *कवित्त* की ख़ास बात यह है इसमें बादल ही पद्मिनी का रूप धारण कर पालकी में अलाउद्दीन के पास जाता है।

2.

हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई*, जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* और लब्धोदय कृत *पद्मिनी चरित्र चौपई* में रचना के कवि, समय और स्थान का उल्लेख है। हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* की प्रशस्ति में उल्लेख है कि- *संवत सोलइ सइं पणयाल, श्रावण सुदि पंचमी सुविसाल। पुहवी पीठि घणुं परगडी, सबल पुरी सोहइ सादडी।*[14] हेमरतन की *चउपई* राजस्थान में लिखी गई पद्मिनी विषयक रचनाओं में अज्ञात कवि कृत *गोरा-बादल कवित्त* के बाद सबसे प्राचीन है। इसकी रचना जायसी की *पद्मावत* की रचना (1540 ई.) के 48 वर्ष बाद 1588 ई. (वि.सं.1645) में सादड़ी (जिला-पाली, राजस्थान) में हुई, लेकिन यह *पद्मावत* से संबंधित या उससे प्रभावित बिल्कुल नहीं है। *चउपई* की उपलब्ध सबसे प्राचीन प्रति वि.सं.1646 की है, जिसमें इसका रचनाकाल वि.सं. 1645 (1588 ई.) दिया हुआ है और यही प्रति क्षेपक अंशों के बावजूद मूल के सबसे अधिक निकट है। इस प्रति के अलावा इसकी 1604, 1672 एवं 1728 ई. की प्रतियाँ भी मिलती हैं।[15] हेमरतन की यह *चउपई* बहुत लोकप्रिय हुई- राजस्थान, गुजरात, मालवा, पंजाब सहित पश्चिमी भारत में इसकी कई प्रतियाँ हुईं। इसको आधार बनाकर इसके कई परिवर्तित और परिवर्धित संस्करणों की रचना हुईं। लब्धोदय ने 1649 ई. में इसे गेय रूप देकर *पद्मिनी चरित्र चौपई* लिखी। इसी तरह 1703 ई. में भागविजय और उससे पहले संग्राम सूरि ने इसके परिवर्धित संस्करण तैयार किए।[16] *चउपई* में हेमरतन अपने संबंध में मौन है- अलबत्ता उसने इसमें अपने गुरु पदमराज वाचक और आश्रयदाता ताराचंद का उल्लेख किया है। वह इसकी प्रशस्ति में गुरु का उल्लेख इस तरह करता है- *पदमराज वाचक परधान, पुहवी परगट बुद्धिनिधांन। तास सीस सेवक इम भणई, हेमरतन मन हरषइ घणइ॥*[17] हेमरतन ने *चउपई* की रचना राजस्थान के गोड़वाड़ क्षेत्र के सादड़ी क़स्बे के तत्कालीन अधिकारी ताराचंद के आग्रह पर की। ताराचंद मेवाड़ के तत्कालीन शासक महाराणा प्रताप के विश्वस्त सहयोगी भामाशाह का भाई था। हेमरतन जैन यति था, लेकिन यह रचना जैनेतर विषयवस्तु पर आधारित है। जैन यतियों की जैन के साथ जैनेतर विषयों पर भी पर्याप्त रचनाएँ मिलती हैं। इसकी शैली और भाषा पर जैन परंपरा का प्रभाव अवश्य है। हेमरतन अपने समय का प्रसिद्ध यति और कवि था। उसकी *चउपई* से पहले और उसके बाद की और रचनाएँ भी मिलती हैं। उसकी अभी तक उपलब्ध रचनाओं की संख्या नौ हैं, जिनमें से पाँच का ही रचनाकाल ज्ञात है। *चउपई* से पहले उसने *अभयकुमार चउपई* (1579 ई.) और *महिपाल चउपई* (1579 ई.) लिखीं। इसके बाद उसने *शीलवती कथा* (1616 ई.), *रामरासो* (1616 ई.), *सीता चरित, जदंबा बावनी, शनिचर छंद* आदि की रचना कीं।[18] हेमरतन का

रचनाकाल 1579 से 1616 ई. बीच माना जा सकता है। उदयसिंह भटनागर ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने उसका जन्म 1554 ई. और निधन 1633 ई. में माना है।[19] *चउपई* में तत्कालीन शासक महाराणा प्रताप का उल्लेख मिलता है– *पृथ्वी परगट राणा प्रताप। प्रतपई दिन–दिन अधिक* अर्थात् धरती पर राणा प्रताप प्रकट हुए हैं और उनका यश दिनों–दिन अधिक फैलता जाता है।[20] *चउपई* का उद्देश्य इतिहास लेखन नहीं है। कवि ने स्पष्ट कहा है कि उसका उद्देश्य साहित्य रचना है, रस उत्पन्न करना है। हेमरतन स्पष्ट उल्लेख करता है कि– *वीरा रस सिणगार रस, हासा रस हित हेज। सामिधरम रस साँभलउ, जिम तन हुइ अति तेज।*[21], लेकिन इसकी विषय वस्तु ऐतिहासिक है और यह पर्याप्त ऐतिहासिक सामग्री प्रस्तुत करती है। जैन यतियों–मुनियों में प्रसिद्ध चरित्रों और घटनाओं को आधार बनाकर इस तरह की काव्य रचना की परंपरा थी। रचना के 285 वर्ष पूर्व घटित रत्नसेन–पद्मिनी और गोरा–बादल विषयक यह प्रकरण जनसाधारण की स्मृति में पीढ़ी–दर–पीढ़ी चला आता था, इसलिए प्रसिद्ध था। हेमरतन ने इसीलिए इसको आधार बनाकर यह काव्य रचना की। हेमरतन क्योंकि राजस्थान से था और उसको प्रकरण की जानकारी जायसी की तुलना में अधिक और सही थी, इसलिए उसने अपनी कथा को असल से इधर–उधर बहुत नहीं होने दिया। उसकी रचना में इस कारण मोड़–पड़ाव और जटिलताएँ कम हैं, जो जायसी के यहाँ बहुत हैं। प्रकरण की ऐतिहसिकता के लिहाज़ से यह सबसे महत्त्वपूर्ण रचना है और घटना के बहुत आसपास है। मुनि जिनविजय ने इसकी पुष्टि करते हुए लिखा है कि– ''इन सब रचनाओं में से सबसे अधिक संगत और विश्वास करने लायक रचना हेमरतन की प्रस्तुत रचना ही प्रतीत होती है। इसकी रचना में जितने आधारभूत मूल स्रोत हेमरतन को ज्ञात हुए उतने अन्य किसी को नहीं। शायद पद्मिनी के अंत के बारे में उसको कोई विश्वसनीय आधार ज्ञात नहीं हुआ, इसलिए उसने इसका कोई सूचन नहीं किया और अपनी कथा को राजा रत्नसेन की मुक्ति के साथ ही सुखांत रूप में समाप्त कर दिया।''[22] हेमरत्न ने अपने समय में उपलब्ध सभी स्रोतों का इस्तेमाल किया लगता है। उसने *गोरा–बादल कवित्त* के साथ और कुछ रचनाओं के 'प्रसंगोचित' अंश भी *चउपई* में प्रयुक्त किए हैं, जिससे लगता है कि ''हेमरतन से पहले भी ऐसी कई फुटकर कवित्तादि रचनाएँ विद्यमान थीं, जो पद्मिनी की कथा से संबंधित थीं।''[23]

गोरा–बादल कथा की रचना जटमल नाहर ने 1623 ई. (वि.सं.1680) में पंजाब के सिंबला या संबालका गाँव में की।[24] जटमल नाहर गोत्र का जैन श्रावक था और उसके पिता का नाम धर्मसिंह था। जटमल ने रचना का समय, अपनी जाति, गाँव और पिता का नामोल्लेख कथा के अंत में किया है। वह रचना के समय के संबंध में लिखता है– *सौलह सौ आसिसे समै, फागण पूनम मास।* अपने पिता, जाति और

गाँव के संबंध में उसका उल्लेख है कि- *धर्मसी को नंद नाहर जात, जटमल नाऊँ। जिण कही कथा बनाय कै, बीच संबला के गाँव।*[25] जटमल ने अपने समय और अपने क्षेत्र के शासक नासिर ख़ान के पुत्र अली ख़ान न्याजी का भी उल्लेख किया है। वह लिखता है- *राजा जहाँ अलिखाँन, न्याजी, ख़ान नासिर नंद।*[26] जटमल नाहर की *प्रेम विलास-प्रेमलता* (1696 ई.), *बावनी, लाहौर गज़ल* आदि रचनाएँ भी मिलती हैं। इन रचनाओं के अंत:साक्ष्यों के आधार पर जटमल नाहर को लाहौर निवासी माना जा सकता है। *प्रेमलता* में एक स्थान पर यह उल्लेख है कि- *जहाँ वसै जटमल लाहोरी।*[27] जटमल ने *कथा* के अंत में अपने जन्म स्थान के रूप में मोछ गाँव का भी उल्लेख किया है कि- *वसै मोछ अडोल अविचल, सुखी रइयत लोक।*[28] कवि समयसुंदर की रचना *मृगावतीरास* की प्रशस्ति में भी जटमल नाहर का उल्लेख आता है। ऐसा लगता है कि इस गुटके की प्रति जटमल ने की होगी। यह उल्लेख इस तरह है?- *संवत 1675 वर्षे माघ 11 सुदि 11 तिथौ शनिवारे। पतिस्याह नूरदी आदिल जहाँगीर राज्ये लिखतं जटू नाहर नागउरी मोछ ग्रामे सा. कवरपाल सुतसा बालादेवी पासा तोड़ा रंगा गंगा पुस्तिका बापणा गोत्रे। लिखतं जटू पठनार्थ।*[29] आरंभ में जटमल नाहर और उसकी रचना के संबंध में हिंदी में कई भ्रांतियाँ प्रचलित थीं। रॉयल एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता की पत्रिका में प्रकाशित प्रति के आधार पर इस रचना को गद्य रचना मान लिया गया। बाद में पूर्णचंद्र नाहर और नरोत्तम स्वामी ने इस प्रति का अन्य प्रतियों के साथ मिलान कर यह सिद्ध किया कि जटमल ने पद्य में ही कथा की रचना की थी।[30] *गोरा-बादल कथा* के एक पाठकर्ता टीकमसिंह तोमर ने जटमल को मुसलमान और एक दूसरे पाठकर्ता अयोध्याप्रसाद शर्मा ने जाट बताया। आरंभ में विद्वानों को *गोरा-बादल कथा* की एक ही प्रति की जानकारी थी, लेकिन बाद में बीकानेर के ग्रंथागारों में इसकी एकाधिक प्रतियाँ मिल गईं। इन प्रतियों में पर्याप्त पाठांतर भी हैं और इनके शीर्षक भी *गोरा-बादल की वार्ता* और *गोरा-बादल की बात* के रूप में अलग-अलग मिलते हैं। नयी उपलब्ध प्रतियों और जटमल नाहर की अन्य रचनाओं के अंत:साक्ष्यों से यह प्रमाणित हो गया कि जटमल 'नाहर' गोत्रीय जैन श्रावक था।[31] दरअसल वि.सं.1752 (1659 ई.) की एक प्रति में साफ़ 'जटमल श्रावककृत' उल्लेख है।[32] *गोरा-बादल कथा* राजस्थान से बाहर लिखी गई, इसलिए इसका कथा संगठन कुछ अलग हो गया है। लगता है कि जटमल तक प्रकरण की जानकारियाँ कुछ बदलकर पहुँची होगी। उसके अनुसार चित्तौड़ का राजा रत्नसेन चौहान है और वह भाट से पद्मिनी की सराहना सुनकर एक योगी के सहयोग से सिंघल द्वीप चला जाता है।

पद्मिनी चरित्र चौपई जैन यति लब्धोदय की 1649 ई. की रचना है। लब्धोदय

ने 1649-50 ई. में उदयपुर (राजस्थान) में अपने चातुर्मास के दौरान महाराणा जगतसिंह की माता जंबुवती के कार्यवाहक प्रधान हंसराज और उसके छोटे भाई भागचंद के अनुरोध पर इसकी रचना की।[33] पुष्पिका लेख में लब्धोदय ने लिखा है कि- *श्री श्री ज्ञानराज वाचक राणां शिष्य पं. लब्धोद्य विरचिते कटारिया गोत्रीय मंत्रिराज हंसराज मं. श्री श्री भागचंद्रानुरोधेन श्री गोराबादल जयत प्रापणो नाम तृतीय खंडः ॥*[34] *पद्मिनी चरित्र चौपई* लब्धोदय की पहली रचना है और उस समय वह 'गणि' था और उसकी दीक्षा अल्पवय में हुई होगी, जिससे यह अनुमान किया जा सकता है कि उसका जन्म 1623 ई. और दीक्षा 1638 ई. में हुई होगी। *चौपई* के पाठकर्ता भँवरलाल नाहटा का भी यही अनुमान है।[35] लब्धोदय का जन्म का नाम लालचंद था- यह उल्लेख उसने रचना में एकाधिक स्थानों पर किया है। लब्धोदय उसका दीक्षा का नाम था। लब्धोदय की गुरु परंपरा जिन माणिक्य सूरि और उसके शिष्य जिनचंद सूरि से शुरू होती है। *चौपई* में लब्धोदय ने अपनी गुरु परंपरा का उल्लेख किया है।[36] लब्धोदय मेवाड़ क्षेत्र का बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति था। उसकी अपनी शिष्य परंपरा भी लंबी है। *रत्नचूड़-मणिचूड़ चौपाई* में उसने अपनी शिष्य परंपरा का भी उल्लेख किया है।[37] लब्धोदय ने लगभग चालीस वर्ष तक साहित्य सेवा की। उसका विहार क्षेत्र राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र के गोगूंदा, उदयपुर, धुलेरा आदि क़स्बे रहे, इसलिए उसकी अधिकांश रचनाएँ यहीं हुईं। उसने छह बड़े रासो ग्रंथों की रचना की। उसकी छोटी रचनाएँ भी एकाधिक रही होंगी, लेकिन ये मिलती नहीं हैं। उसकी उपलब्ध रचनाओं में *रत्नचूड़ मणिचूड़ चौपाई* (1602 ई.), *मलय सुंदरी चौपाई* (1686 ई.) और *गुणावली चौपाई* (1688 ई.) प्रमुख हैं। *पद्मिनी चरित्र चौपई* लब्धोदय की पहली रचना है, जिसमें उसने गोरा-बादल और पद्मिनी के पारंपरिक कथा-काव्य को 'ढाल' में निबद्ध किया है। उसने रचना के अंत में लिखा है कि- *इति श्री शील प्रभावे पद्मिनी चरित्रे ढाल भाषा बंधे।*[38] यह एक विशेष प्रकार की गेय रचना है- गायन के लिए इसमें देशी राग-रागिनियों का उपयोग हुआ है। इसमें 49 ढाल 816 गाथाएँ हैं। 'ढाल' और 'गाथा' प्राचीन जैन साहित्य में प्रयुक्त होने वाले गेय काव्यरूप हैं। *चौपई* सर्वथा मौलिक रचना नहीं है- यह हेमरतन की *चउपई* पर आधारित और उसका विस्तार है। हेमरतन की *चऊपई* में दोहा-चौपाई की शैली है, जिसको लब्धोदय ने ढाल-गाथा में रूपांतरित कर दिया है। कथा इसमें प्रायः वही है, जो हेमरतन की *चउपई* में है। हेमरतन की *चउपई* के अध्येता उदयसिंह भटनागर का भी मत है कि "लब्धोदय ने हेमरतन की रचना को विशेष रूप प्रदान कर *पद्मिनीचरित्र* नाम से विविध ढ़ालों में ढाला।"[39] लब्धोदय ने *चउपई* की कथा के मोड़-पड़ावों में कोई ख़ास रद्दोबदल नहीं किया। रत्नसेन की पहली पत्नी का नाम उसके अनुसार भी प्रभावती था।[40] पद्मिनी

उलाउद्दीन को सौंपने के लिए लब्धोदय ने प्रभावती के पुत्र वीरभाण को उत्तरदायी माना है।[41] लब्धोदय की रत्नसेन की सिंघल प्रस्थान कथा में अतिरंजना ज़्यादा है।

3.

अज्ञात कवि कृत *पदमिनीसमिओ,* दयालदास कृत *राणारासो* और दलपति विजय कृत *खुम्माणरासो* मेवाड़ राजवंश से संबंधित वंश और आख्यान रचनाएँ हैं। इनमें से *पदमिनीसमिओ* इस प्रकरण पर आधारित स्वतंत्र रचना है, जबकि शेष में पद्मिनी-रत्नसेन संबंधी घटना मेवाड़ संबंधी आख्यान-इतिहास में एक प्रकरण की तरह आयी है। *पद्मिनीसमिओ* पद्मिनी-रत्नसेन और गोरा-बादल प्रकरण पर आधारित एक लघुकाय रचना है। यह रचना ऐसी हस्तलिखित 540 पृष्ठों की पांडुलिपि में प्राप्त हुई है, जिसमें दूसरे ऐतिहासिक छंद और गीत सहित कुछ रचनाएँ भी सम्मिलित हैं।[42] इसमें *चित्तौड़रासो* नाम की एक और रचना भी सम्मिलित है, जो काफ़ी कट-फट गई है। अलबत्ता *पद्मिनीसमिओ* संपूर्ण है और यह इस पांडुलिपि में पृष्ठ 41 से शुरू होकर 78 पर समाप्त होती है। *पद्मिनीसमिओ* में कहीं भी इसके रचनाकार का नामोल्लेख नहीं है। अंत में रचनाकार ने इसका रचना समय वि.सं.1673 (1616 ई.) दिया है। यह उल्लेख इस तरह से है- *संमत सोल तीहोतरै अच्चड़ करन अरप्पिया।*[43] *चित्तौड़रासो* का प्रकाशन शिव मृदुल के संपादन में चंदबरदाई के वंशज किशनदास रैनावत (कोठारिया-भीलवाड़ा-राजस्थान) की रचना के रूप में हुआ। *पदमिनीसमिओ* में रचनाकार का नामोल्लेख तो नहीं है, लेकिन प्राप्त पांडुलिपि में अन्यत्र एक जगह महेशदास का नामोल्लेख है। लिखा गया है कि *इतिश्री कवित्त आसीया महेसदास रा कह्या।*[44] इस पांडुलिपि का प्रतिलिपिकार अमरविजय है और उसने वि.सं.1806-07 (1749-50 ई.) में इसकी उदयपुर में प्रतिलिपि की। उसने यह उल्लेख दो स्थानों पर किया है। एक जगह वह लिखता है- *सम्वत् 1806 चैत्र वदि 5, शुक्रे लिखतं अमरविजै श्रीउदयपुर नगरै।* इसी तरह दूसरी जगह वह लिखता है- *लिखतं अमरविजै श्रीउदैपुर नगरे सं.1806 मागशीर्ष वदि अमावस्या भोम वासरे।*[45] प्रतिलिपिकार ने केवल प्रतिलिपि ही नहीं की, उसने यथावश्यकता इसका पाठ विस्तार भी किया। उसका पाठ विस्तार अतिरिक्त है और यह स्पष्ट तौर पर उसने अलग से हाशिए पर किया है। *पद्मिनीसमिओ* वंश-ख्यात चारण रचना है और इसका रचनाकार कवि कर्म और इतिहास का अच्छा जानकर है। *पद्मिनीसमिओ* की कथा के मोड़-पड़ाव और कुछ छंद जटमल नाहर की *गोरा-बादल कथा* से मिलते-जुलते हैं। यद्यपि *पद्मिनीसमिओ* की रचना का समय 1616 ई. है, जो जटमल नाहर की रचना के समय 1623 ई. से पहले का है, लेकिन कुछ विद्वानों की राय में यह जटमल नाहर के बाद की रचना है[46] और उससे प्रभावित भी है। यह धारणा सही नहीं लगती है- इस रचना की विषय वस्तु, गठन और भाषा

को देखकर लगता है कि यह जटमल नाहर की रचना से पहले की रचना है। इसके रचनाकार ने चित्तौड़ के दुर्ग का भूगोल, युद्ध और इसमें सम्मिलित योद्धाओं के नाम-वंश-गोत्र और घटनाओं का जो सिलेसिलेवार विस्तृत विवरण दिया है, उससे लगता है कि इसके रचनाकार को जटमल नाहर की तुलना में इस प्रकरण की अधिक जानकारी थी और उसने जटमल नाहर से पहले इसकी रचना की। *पद्मिनीसमिओ* का रचनाकार चारण था, यह उसके चारण छंद और कवि कथा-समयों के ज्ञान और अभ्यास से साफ़ लगता है। कवि चित्तौड़-उदयपुर के आस-पास का होने के साथ शायद किसी के आश्रय में भी था, इसलिए इतिहास की तथ्यात्मक जानकारियाँ भी उसको अधिक थीं, जबकि जटमल नाहर पंजाब से था, इसलिए उसने अपनी रचना में इतिहास संबंधी कई त्रुटियाँ की हैं। समिओकार रत्नसिंह के लिए 'चित्तौड़ाधिपति खुम्माण' रत्नसिंह देव' लिखता है,[47] जबकि जटमल उसको चौहानवंशी मानता है, जो इतिहाससम्मत नहीं है। *समिओकार* के अनुसार गोरा और बादल चौहान हैं। उसने बादल को 'संभरिहै नरेस' कहा है।[48] समिओकार ने सिंघलद्वीप के राजा को 'चाइल कुल-वंश' का माना है।[49] ख़ास बात यह है कि यह जानकारी भी *समिओ* के अतिरिक्त और कही नहीं मिलती। चाइल चौहान राजपूतों की 24 शाखाओं में से एक है। अधिक संभावना यही है कि इस रचना की कथा किसी जैन यति-मुनि के माध्यम से जटमल नाहर के पास पंजाब पहुँची होगी और उसने अपनी सीमित जानकारी के आधार पर *गोरा-बादल कथा* की रचना की। जटमल नाहर का आग्रह कथा पर ज़्यादा है, जबकि समिओकार कथा के साथ इतिहास पर भी ध्यान देता है। अलबत्ता वह भी रचना का समापन अन्य चारण रचनाकारों की तरह रत्नसेन की विजय के रूप में करता है। अन्य चारण और जैन रचनाकारों से अलग समिओकार रत्नसेन को अल्लाउद्दीन की क़ैद से मुक्त करवाने और युद्ध जीतने में केवल बादल की भूमिका को निर्णायक मानता है, जबकि दूसरों के यहाँ यह भूमिका गोरा और बादल, दोनों की है। समिओकार अल्लाउद्दीन ख़लजी के छलपूर्वक पद्मिनी देखने दुर्ग में जाने के प्रकरण में एक मौलिक उद्भावना करता है। वह उसको मणिकर्णिका के एक सिद्ध के छद्मवेश में दुर्ग के द्वार पर तीन महीने तक आसन लगाकर बिठाता है।[50] समिओकार की कथा कसी और गठी हुई है। वह व्यर्थ के विवरणों में नहीं जाता, सीधे-सीधे कथा कहता है।

दयालदास कृत *राणारासो* मेवाड़ के शासक राजाओं से संबंधित वंश और प्रशस्तिप्रधान प्रबंध काव्य है।[51] यह इतिहास और कविता का मिलाजुला रूप है। यद्यपि कवि ने इसको 'अतिहास' (इतिहास) और *पृथ्वीराजरासो* के समकक्ष रचना कहा है। वह कहता है- *चंद छंद चहुवान के बोली उपमा विशाल। रानरास अतिहास कूं दोरे न पलत दयाल॥*[52] इसमें मेवाड़ राजवंश की शुरुआत से लगाकर महाराणा अमरसिंह

(1597–1620 ई.) के देहावसान और उनके उत्तराधिकारी कर्णसिंह (1620–1628 ई.) के सत्तारूढ़ होने तक की घटनाओं, युद्धों, संधियों, विवाहों आदि का वर्णन है। बीच-बीच में पुष्पिकाओं में महाराणा 'जगतसिंह चरित' और 'महाराणा जगतसिह वंशावली' आदि प्रयुक्त पदों के आधार पर अनुमान किया जा सकता है कि दयालदास ने जगतसिंह (1628–1652 ई.) के समय इसको लिखना शुरू किया और उसके निधन के बाद सत्तारूढ़ राजसिंह (1652–1680 ई.) के समय इसको समाप्त किया। कवि ने इसका नामकरण *रानरासो* किया है।[53] दयालदास ब्रह्मभट्ट रावों की लाखणौत शाखा से संबंधित था। लाखणौत राव अपना संबंध पश्चिमी बंगाल से अजमेर और मारोठ में आकर बसे वामनादि पाँच गौड़ क्षत्रिय भाइयों से जोड़ते हैं।[54] इस शाखा में कई कवि और योद्धा हुए हैं। दयालदास जयसिंह के समय (1680–1698 ई.) तक जीवित था। उसने जयसिंह के सत्तारूढ़ होने का उल्लेख किया है। वह लिखता है- *राजस्यंघ के पाट अब बैठे जैस्यंघ रान। धरध्रम्म अवतार ले, मनो भांन के भान।*[55] दयालदास के पिता और उसके समय के शासकों आदि के जीवनकाल के आधार पर उसका जन्म 1643 ई. के आसपास और *राणारासो* की रचना के आरंभ का समय 1668–1673 ई. और इसके समापन का समय 1680–1681 ई. निश्चित किया जा सकता है।[56] यह रचना पारंपरिक अर्थ में केवल वंशावली नहीं है, यह इतिहास का आधार लेकर लिखा गया प्रबंध काव्य है। उस समय ऐसी रचनाओं के 'रासो' नामकरण की प्रथा थी, इसलिए कवि ने ऐसा किया है। ऐतिहासिक पात्र और घटनाएँ यहाँ वर्णन की पारंपरिक रूढ़ियों में घुल-मिलकर आती हैं। कवि अपने समय के कवि-कौशल में पारंगत लगता है। उसे धर्म, शास्त्र, संस्कृत आदि का ज्ञान था और वह इनका अपनी कविता में जमकर उपयोग भी करता है। उदयसिंह से पहले का विवरण उस समय उपलब्ध ख्यातों और लोक में प्रचलित आख्यानों पर निर्भर है और परवर्ती वृत्तांत कवि का समकालीन है, इसलिए इतिहास से मेल खाता है। प्रबंध में रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण विस्तृत है, लेकिन यह विस्तार कथा में प्रकरण के मोड़-पड़ावों की अधिकता के कारण नहीं है। यह विस्तार वस्तु और युद्ध वर्णन की रूढ़ियों के निर्वाह के कारण है। ख़ासतौर पर कवि युद्ध और ऋतु वर्णन की तमाम रूढ़ियों का निर्वाह बहुत मनोयोग से करता है। कथा इसमें बहुत संक्षिप्त और सीधी-सादी है। कवि ने कथा के मोड़-पड़ावों का अपनी ज़रूरत के अनुसार सरलीकरण भी कर दिया है।

खुम्माणरासो जैन यति दलपति विजय की सत्रहवीं सदी के अंत या अठारहवीं सदी के आरंभ (1715–1733 ई.) में हुई रचना है। यह जैन यति की रचना है, लेकिन इसकी निर्मिति और संगठन वंश रचना जैसा है। आरंभ में इस रचना को इसमें वर्णित

खुम्माण[57] के नवीं सदी से संबंधित होने के कारण प्राचीन मान लिया गया।[58] यह उल्लेख लेफ्टिनेंट कर्नल जेम्स टॉड ने किया था[59], इसलिए जार्ज ग्रियर्सन और रामचंद्र शुक्ल सहित सभी परवर्ती इतिहासकार इसको प्राचीन रचना मानते रहे और इस रचना को देखे-समझे बिना ही यह माना जाता रहा कि इसकी रचना नवीं सदी के खुम्माण के समय हुई और इसमें महाराणा प्रताप तक के समय के जो उल्लेख मिलते हैं, वे प्रक्षिप्त हैं।[60] दरअसल यह उपलब्ध सामग्री के आधार पर अठारहवीं सदी में हुई रचना है। स्वंय टॉड ने अपने ग्रंथ *एनल्स एंड एंटीक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान* की भूमिका में यह उल्लेख किया है,[61] जिसकी ओर किसी का ध्यान ही नहीं गया। आरंभ में राजस्थानी साहित्य के विद्वान् अध्येता अगरचंद नाहटा ने भंडारकर ओरियंटल इंस्टिट्यूट, पूना में उपलब्ध प्रति के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि (1) इस ग्रंथ में बप्पा से लगाकर राजसिंह तक का वृत्तांत है, लेकिन राणा खुम्माण का वृत्तांत विस्तार से होने के कारण ग्रंथ का नाम *खुम्माणरासो* रखा गया है, (2) इसकी भाषा राजस्थानी है, (3) इसका रचनाकार तपागच्छीय जैन कवि दौलतविजय है, जिसका दीक्षा से पूर्व का नाम दलपत था और (4) इसका रचनाकाल वि.सं.1730 से 1760 (1673-1703 ई.) के बीच का है।[62] ब्रजमोहन जावलिया ने यति दलपति विजय की खुम्माण विषयक एक और जैन शैली की रचना *खुम्माणरास* या *खुम्माणचरित्र* खोज निकाली।[63] इस रचना में इसका रचना समय 1715 ई. दिया गया है। दलपति विजय ने इस रचना के कुछ अंश *खुम्माणरासो* में यथावत प्रयुक्त किए हैं। अनुमान यह है कि आरंभ में उसने संक्षिप्त प्रबंध लिखा होगा और बाद में इसको *खुम्माणरासो* के रूप में विस्तृत रूप दिया। रचना में एक जगह संग्रामसिंह द्वितीय का भी उल्लेख मिलता है, इसलिए संभावना यही है कि *खुम्माणरासो* के इस वृहद् संस्करण की रचना संग्रामसिंह, द्वितीय की विद्यमानता, 1715 से 1733 ई. के बीच कभी हुई होगी।[64] ग्रंथ का रचनाकार जैन श्वेतांबर सम्प्रदाय की तपागच्छीय यति परंपरा का दलपति विजय है। दलपति विजय ने *खुम्माणरासो* में अपनी गुरु परंपरा का परिचय दिया है। वह लिखता है कि- *त्रिपुरा सगत तणें सुपसाय। रच्यो षंड दूजो कविराय। / तपागच्छ गिरुआ गणधार। / सुमति साधु वंसें सुषकार॥ / पंडित पद्मविजें गुर-राय, पाटोदय गिरि रवि कहवाय। / जयबंधु शांति विजय नो शीश। जंपे दोलत मनह जगीश॥* आशय यह है कि त्रिपुराशक्ति की कृपा से कविराज दलपति विजय ने दूसरे खंड की रचना की। तपागच्छ की गुरु परंपरा में साधु सुमति (विजय) सुख देने वाले थे। उनकी शिष्य परंपरा में गुरुवर पद्मविजय तपागच्छ के पाटोदय रूपी पर्वत पर उदित सूर्य के रूप में प्रसिद्ध हैं। उसमें जयविजय के शिष्य शांतिविजय का शिष्य दौलत विजय यशगाथा कहता है।[65] ग्रंथ में यहाँ-वहाँ दलपति विजय ने अपना नामोल्लेख किया है। कहीं-

कहीं वह अपना नाम दौलतविजय भी लिखता है। यह संभवतया उसका प्रचलित नाम रहा होगा। दलपति विजय ने *खुम्माण* को अपनी रचना की विषयवस्तु बनाया, इसलिए उसने इसका नाम *खुम्माणरासो* रखा। काव्य की विषयवस्तु का विस्तार हो जाने के बावजूद भी उसने इसका नाम *खुम्माणरासो* ही रखा। खुम्माण के इतिहास में विख्यात होने के कारण यह नाम संज्ञा मेवाड़ के परवर्ती शासकों के लिए भी रूढ़ हो गई थी। *खुम्माणरासो* में दो काव्य- खुम्माण संबंधी काव्य और पद्मिनी चरित्र विस्तृत रूप में हैं। पद्मिनी प्रकरण इस रचना में सातवें खंड (गाथांक-3251) से आरंभ होता है। रचनाकार इसके समापन पर लिखता है कि *इति श्री चित्रकोटाधिपति बापा खुमांणान्वये राण रतनसेन पदमणी गोराबादळ संबंध किंचित् पूर्वोक्तं किंचित् ग्रंथाधिकारेण पं. दोलतविजय ग. विरचितायां(अ)धिकार संपूर्णम्॥*[66] खुम्माण की तुलना में इसमें रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण संक्षिप्त है, लेकिन अन्य पद्मिनी विषयक काव्यों की तुलना में यह पर्याप्त विस्तार लिए हुए है। कथा के मोड़-पड़ाव कमोबेश पारंपरिक हैं। उनमें कोई असाधारण नवीनता नहीं है। यहाँ राघवचेतन से रत्नसेन की नाराज़गी पद्मिनी के साथ उसको विलासमग्न देख लेने के कारण है। ख़ास बात यह है कि जैन यति की रचना होने के बावजूद इसमें जैन धार्मिक जैसा कुछ भी नहीं है। अलबत्ता इसकी विषय वस्तु और शृंगार वर्णन पर जैन शैली का प्रभाव है। अन्य कवियों की तरह दलपति विजय ने भी *खुम्माणरासो* में अपने पूर्ववर्ती कवियों के पद्मिनी संबंधी प्रसिद्ध कथनों को यथावत उद्धृत किया है।

4.

चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा मुख्यत: गद्य रचना है, लेकिन इसमें कहीं-कहीं दूहा-कवित्त भी उद्धृत किए गए हैं। इसमें मेवाड़ के शासकों, उनकी रानियों और संततियों और उनके समय की प्रमुख घटनाओं का विस्तृत विवरण है। यह ख्यात और वंश का मिलाजुला रूप है- इसमें वंशावली भी है और उस समय की प्रसिद्ध घटनाओं का वृत्तांत भी है। यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित रचना है। इस ग्रंथ की रचना और प्रतिलिपि कब हुई, यह ज्ञात नहीं है।[67] रचना में इस संबंध में कोई उल्लेख नहीं मिलता। मेवाड़ का पारंपरिक वंशावली लेखक परिवार टोकराँ (नीमच-मध्यप्रदेश) में रहता है, लेकिन उसके पास कोई पाटनामा नहीं है।[68] इस ग्रंथ में मेवाड़ के आरंभ से लगाकर महाराणा शंभुसिंह (1861-1874 ई.) के समय तक का विवरण दर्ज है। सोलहवीं सदी के उत्तरार्ध से पहले तक के विवरण का स्रोत प्रचलित आख्यान और कथा-कहानियाँ हैं और इनको लेखक ने अपनी कल्पना से रोचक रूप दिया है। संभावना यह है कि महाराणा शंभुसिंह के समय कभी बाड़ोदिया गाँव के बड़वा परिवार

ने इसकी प्रतिलिपि की होगी। *पाटनामा* में जो विवरण उपलब्ध है, उससे लगता है कि यह प्रतिलिपि वि.सं.1927 (1870 ई.) में हुई। रचना के पाठ संपादनकर्ता ने भी इसकी पुष्टि करते हुए लिखा है कि ''यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वि.सं.1927 में यह प्रतिलिपि तैयार की गयी थी।''[69] इस वंशावली-ख्यात को *पाटनामा* इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह पाटवी अर्थात् ज्येष्ठ और मूल ग्रंथ है, जो घर पर रहता है। वंशावली लेखक अपने यजमान के यहाँ एक हथबही लेकर जाता है और इसमें दर्ज़ विवरण को घर लौटकर *पाटनामा* में उतारता है। *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* एक अद्भुत प्रकार की गद्य रचना है, जिसमें इतिहास, आख्यान और गल्प का असाधारण मिश्रण है। यहाँ अपने आख्यान कौशल से लेखक इतिहास को गल्प में बदलता है और सच्चाई बयान करने वाले की अपनी पारंपरिक पेशेवर पहचान के चलते गल्प को तिथियों, संख्याओं आदि के उल्लेख से इतिहास का रूप देता है। इतिहास, आख्यान और गल्प की एक-दूसरे में आवाजाही यहाँ इतनी निरंतर और सघन है कि इसमें इनकी अलग पहचान संभव ही नहीं है। यह रचना लोक धारणाओं और विश्वासों का भंडार है। अकसर कथित 'आधुनिक' इतिहास में इनकी सजग अनदेखी होती है, लेकिन यह पारंपरिक इतिहास का ऐसा रूप है, जिसमें घटनाओं का लोक प्रचलित रूप मौजूद है। यह रचना इतिहास के साथ, उसका जो लोक में बनता-बिगड़ता है, उसका जीवंत दस्तावेज़ है। इस रचना में समरसिंह (1273-1302 ई.) के बाद सत्तारूढ़ रावल रत्नसेन और उसके पद्मिनी से विवाह और अलाउद्दीन ख़लजी से पद्मिनी के लिए युद्ध का बहुत विस्तृत और रोचक वृत्तांत है। *पाटनामा* के अनुसार रत्नसिंह समरसिंह का सबसे छोटा पुत्र था, लेकिन उससे बड़े कुंभकर्ण की एक अँगुली कटने से देह खंडित थी और उससे दूसरा बड़ा करमसेन सत्तारूढ़ होने के योग्य नहीं था, इसलिए वह सत्तारूढ़ हुआ। गौरीशंकर ओझा के अनुसार ''कुभकर्ण के वंश में नेपाल के राजाओं का होना माना जाता है।''[70]

5.

पद्मावत देशज पारंपरिक कथा-काव्यों से अलग रचना है, जिसकी रचना मलिक मुहम्मद जायसी ने 1540 ई. में जायस (उत्तर प्रदेश) में की। कवि ने इसकी रचना का समय 1520 ई. माना है। कवि ने लिखा है कि- *सन नव सै सत्ताइस अहा। कथा अरंभ कवि बैन कहा* अर्थात् कथा के आरंभिक वचन सन् 927 हि. (1520 ई.) में कहे।[71] कवि ने ग्रंथारंभ में अपने समय के शासक (शाहे वक़्त) शेरशाह सूरि का उल्लेख किया है[72], जिसका शासनकाल 1540 ई. में आरंभ होता है। रामचंद्र शुक्ल ने इस आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि कवि ने 1520 ई. में *पद्मावत* की शुरुआत

की होगी और 1540 ई. में उसने इसे पूरा किया होगा।[73] अंत:साक्ष्यों के अनुसार जायसी का जन्म 1492 ई. के आसपास हुआ। बाबर के समय लिखी गई फ़ारसी रचना *आख़िरी क़लाम* (1528 ई.) में अपने जन्म के समय के संबंध ने जायसी ने लिखा है कि- *भा अवतार मोर नव सदी। तीस बरस ऊपर कवि बदी।*[74] पहली पंक्ति में 'नव सदी' का अर्थ 900 हिजरी (1492 ई. के आसपास) है और दूसरी पंक्ति का अर्थ रामचंद्र शुक्ल के अनुसार ''तीस वर्ष पीछे जायसी अच्छी कविता करने लगे।''[75] जायसी जायस (रायबरेली-उत्तरप्रदेश) के रहने वाले थे, लेकिन यह सर्वथा निर्विवाद नहीं है। उन्होंने अपने जन्म स्थान का उल्लेख करते हुए *पद्मावत* में लिखा है कि- *जायस नगर धरम अस्थानु। तहँवा यह कवि कीन्ह बखानू।।*[76] इस पंक्ति में 'तहँवा यह' के 'तहाँ आई' पाठ भेद के आधार पर जार्ज ग्रियर्सन सहित कुछ विद्वानों ने यह अनुमान लगाया है कि जायसी वहाँ कहीं ओर से आकर बसे थे।[77] जायसी ने *पद्मावत* में अपने चार मित्रों- युसुफ मलिक, सालार कादिम, सलोने मियाँ और बड़े शेख़ व उल्लेख किया है।[78] जायसी ने यह भी उल्लेख किया है कि उनकी एक ही आँख थी। उन्होंने लिखा है कि *एक नयन कवि मुहम्मद गुनी*।[79] इसी तरह उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि उन्हें बाएँ कान से कम सुनाई पड़ता था। इस संबंध में उनकी पंक्ति है कि *मुहम्मद बाईं दिसि तजा। एक सरबन, एक आँखि।*[80] जायस में प्रचलित जनश्रुतियों के अनुसार वे अपने समय के बड़े सिद्ध और चमत्कारी फ़कीर थे।

जायसी सूफ़ी संत निज़ामुद्दीन ओलिया की शिष्य परंपरा में थे और उन्होंने अपने दो गुरुओं का नामोल्लेख किया है। *पद्मावत* और *अखरावट* में उन्होंने मनिकपुर के महीउद्दीन (शेख़ मोहिदी) और शैयद अशरफ़ जहाँगीर का अपने गुरु के रूप में उल्लेख किया है। *पद्मावत* में उन्होंने दोनों का नामोल्लेख करते हुए लिखा है कि- *सैयद असरफ पीर पियारा। जेइ मोहिं दीन्ह पंथ उजियारा। गुरु मोहिदी सेवक मैं सेवा। चलै उताइल जेहि कर खेवा।।* [81] रामचंद्र शुक्ल का अनुमान है कि उनके दीक्षा गुरु तो सैयद अशरफ़ जहाँगीर थे, लेकिन बाद में उन्होंने महीउद्दीन की भी सेवा की।[82] जायसी उस समय के गोरखपंथी, रसायनी, वेदांती साधु-संतों के निकट संपर्क में रहे होंगे। *पद्मावत* में इसके पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं।

पद्मावत सूफ़ी प्रेमकथात्मक महाकाव्य है। प्राकृत और अपभ्रंश की जो प्रबंध परंपरा थी, जायसी की *पद्मावत* उससे कुछ हटकर है। उस पर फ़ारसी प्रेमकाव्य और मसनवी शैली का गहरा प्रभाव है।[83] इस्लाम के सूफ़ी मत में भक्त अपने को आशिक और भगवान को माशूक समझकर उसको पाने के लिए साधना करता है। सूफ़ी यह भी मानते हैं कि भक्त और भगवान के संबंध में गुरु के मार्गदर्शन और सहयोग की

भी निर्णायक भूमिका होती है और शैतान (माया) इसमें बाधा बनता है। संबंधों का यही रूपक *पद्मावत* में जायसी ने इस्तेमाल किया है। यहाँ रत्नसेन-पद्मावती की कथा में पद्मावती ईश्वर, रत्नसेन भक्त, तोता गुरु और राघवचेतन शैतान या माया है। जायसी इसी रूपक को ध्यान में रखकर विस्तृत कथा-काव्य की रचना करते हैं और अंत में इसका साफ़ संकेत भी करते हैं। कथा लोक में पहले से प्रचलित है, सभी चरित्र भी प्रसिद्ध हैं। जायसी अपने प्रयोजन के लिए इनको अपनी कल्पना से पुनर्निर्मित करते हैं। जायसी का इतिहास के साथ व्यवहार लोक के इतिहास के साथ बर्ताव जैसा है। इतिहास यहाँ गल्प की तरह आता है- जायसी इसको अपनी तरह से कहते हैं। जायसी ने अंत में कहा भी है कि *कोई न रहा, जग रही कहानी।*[83] सही भी है- बीत जाने के बाद तो इतिहास भी गल्प, कहानी ही है। जायसी उच्च कोटि के कवि भी हैं, इसलिए रूपक के निर्वाह में भी उनका कवि निरंतर सजग और सक्रिय रहता है। यह अवश्य है कि इसमें कभी जायसी का सूफ़ी, तो कभी उनका कवि, ऊपर-नीचे होते रहते हैं। विजयदेवनारायण साही तो जायसी के कवि पर इतने मुग्ध हुए कि उन्होंने जायसी को कवि और उनके सूफ़ी को 'कुजात' कह दिया।[84] यह प्रबंध संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश की भारतीय चरित प्रबंध परंपरा में नहीं है। अलबता इसका कुछ प्रभाव इस पर ज़रूर है। यह ईरान के फ़ारसी कवियों की प्रसिद्ध और लोकप्रिय काव्यरूप 'मसनवी' के ढाँचे में है। इसमें मसनवी के ढाँचे के अनुसार कथा के आरंभ में ईश्वर स्तुति और पैग़ंबर की वंदना है। आरंभ में ही कवि शाहे वक़्त शेरशाह सूरि की सराहना भी करता है। भाषा इसकी अवधी है और इसमें दोहा-चौपाई वाली कड़वक शैली का प्रयोग हुआ है, जो प्राकृत और अपभ्रंश की प्रबंध रचनाओं में पहले से प्रयुक्त हो रही थी। यही पद्धति बाद में तुलसी के *रामचरितमानस* में भी इस्तेमाल की गई।[85] जायसी बहुज्ञ थे- सूफ़ी दर्शन के अलावा उनको भारतीय दर्शन, भूगोल, महाकाव्य, मिथक, हठयोग, ज्योतिष, आयुर्वेद, शगुन विचार, योगिनी चक्र, भोजन आदि की भी विस्तृत जानकारी थी। जायसी ने अपनी बहुज्ञता का उपयोग *पद्मावत* में विस्तार से किया है। भारतीय और उसमें भी अवध के लोक जीवन की उनकी समझ भी बहुत गहरी थी और *पद्मावत* में इसका निवेश भी बहुत गहरा और व्यापक है।

रत्नसेन-पद्मिनी संबंधी कथा बीजक पर निर्भर देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों की सोलहवीं से उन्नीसवीं सदी तक विस्तृत परंपरा में पाठ, प्रयोजन और शैली का वैविध्य है और जायसी के *पद्मावत* को छोड़कर ये सभी इतिहास और आख्यान की अपनी भारतीय परंपरा का स्वाभाविक देशज विकास हैं। चारण और धार्मिक परंपरा और निर्मिति में होने के कारण इतिहासकारों ने इनको महत्त्व नहीं दिया, जबकि इन

रचनाओं में अपने ढंग के इतिहास का आग्रह भी बराबर है और इसको कथा विस्तार और कवि-कथा समयों के बीच भी अलग से पहचाना जा सकता है। अज्ञात कवि कृत *गोरा-बादल कवित्त* इनमें से सबसे प्राचीन (1588 ई. से पूर्व) है। हेमरत्न, लब्धोदय और दलपति विजय की रचनाएँ जैन साहित्यिक परंपरा और निर्मिति में हैं, लेकिन इनमें धार्मिक आग्रह नहीं है। ख़ास बात यह है कि ये रचनाएँ परंपरा में हैं- पूर्ववर्ती रचना का आगे की रचनाओं में विकास और पल्लवन है। *पद्मिनीसमिओ, खुम्माणरासो, राणारासो और चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* वंश परंपरा की रचनाएँ हैं, जिनमें वंश का विवरण और प्रशस्ति पारंपरिक कवि-कथा समयों के विन्यास में है, इसलिए आधुनिक संस्कार के इतिहासकारों को विचित्र लगता है। इनमें से कुछ ऐसी रचनाएँ हैं, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होकर निरंतरता में हैं। ठहरे या मृत दस्तावेज़ पर निर्भर करने वाले विद्वानों के लिए यह निरंतरता भी अजूबे की तरह है। दरअसल यह अतीत की स्मृति के वर्तमान में व्यवहार का ख़ास भारतीय ढंग है। यह ढंग अतीत को ठहरने या मरने नहीं देता, उसको जीवंत और निरंतर रखता है। इन में से कुछ रचनाओं में उनके रचनाकारों के नाम, उनकी रचना का समय और स्थान का विवरण नहीं हैं। दरअसल एक तो परंपरा से भारतीय रचनाकार ही रचना में अपनी अस्मिता को लेकर बहुत आग्रही नहीं हैं और दूसरे, यहाँ कृति को रचना के बाद मुक्त करने की परंपरा रही है। यहाँ किसी रचना के समान विषय-वस्तुवाली या उससे हटकर या उसको उद्धृत करते हुए अपनी अलग रचना करने की स्वतंत्रता हमेशा रही है। यह भी सही है कि *पद्मावत* इसी कथा बीजक पर निर्भर रचना है, लेकिन इसकी कथा योजना सूफ़ी दार्शनिक रूपक पर एकाग्र है और देशज ऐतिहासिक कथा-काव्य रचनाएँ इससे संबंधित या प्रभावित नहीं हैं।

संदर्भ और टिप्पणियाँ:

1. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* संपा. उदयसिंह भटनागर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, द्वितीय आवृत्ति 1997), 98.
2. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 1.
3. *हेमरतन, गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* 25.
4. *स्वामि धरम धुरि भामौ साह, बइरी बंसी विधूसण राह।*
   तसु लघु भाई तारचंद, अवनि जाणि अवतिरिउ इंद॥
   ध्रू जिस अविचल पालइ धरा, सित्रु सबै कीधा पाधरा।
   तसु आदेश लही सुभ भाउ, सभा सहित पामियौ पसाउ॥ - वही, 98.

5. *तसु बंधव डुंगरसी ते पण दीपतौ रे, भागचंद कुल भाण।*
विनयवंत गुण्वंत सुभागी सेहरु रे, वड़दाता गुण गाय॥
तसु आग्रह करी संवत सतर अस्तोतरे रे, चैत्री पूनम शनिवार।
नवरस सहित सरस संबंध रच्यो रे, निज बुद्धि ने अनुसार ॥

– लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 1.

6. *गोरा बादलरा कवित्त* (पांडुलिपि), ग्रंथांक-7499 (बीकानेर: अभय जैन ग्रंथ भंडार-अगरचंद नाहटा संग्रह).

7. हेमरतन ने कवित्त के छंद सं. 22 को पृ. 21, छंद सं. 23-26 को पृ. 22 एवं 23, छंद सं. 31 को पृ. 25, छंद सं. 31 पृ. 25, छंद स. 35 को पृ. 31, छंद सं. 35 को पृ. 26, छंद स. 42 एवं 43 को पृ. 37 एवं 43, छंद सं. 52 को पृ. 60, छंद सं. 58 को पृ. 67, छंद सं. 59-60 को पृ. 68, और छंद सं. 77-78 को पृ. 611 पर उद्धृत किया है। लब्धोदय ने *कवित्त* के छंद सं. 22 को पृ. 28 एवं छंद सं. 41 को पृ. 58 पर उद्धृत किया है। इसी तरह दलपति विजय ने *कवित्त* के छंद सं. 41 को पृ. 129 (छंद सं. 2634) छंद सं. 58 को पृ.130 (छंद सं. 2635) और छंद सं. 77-78 को पृ. 170 (छंद सं. 2845) पर उद्धृत किया है। देखिए: *लब्धोदय, पद्मिनी चरित्र चौपई* (अज्ञात कवि कृत *गोरा-बादल कवित्त,* जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* (1623 ई.) और दलपति विजय कृत *खुम्माणरासो* (1673-1713 ई.) (केवल पद्मिनी प्रकरण) इसमें सम्मिलित हैं), संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960).

8. मुनि जिनविजय, ''गोरा-बादल पदमिणी चउपई विषयक एक पर्यालोचन,'' हेमरतन कृत *गोरा-बादल चरित्र* (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, तृतीय आवृत्ति 1997), 19.

9. ''गोरा-बादल कवित्त'', *पदमिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 109.

10. *गोरा-बादल कवित्त,* 113.

11. उदयसिंह भटनागर, संपा., ''प्रस्तावना,'' हेमरत कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* 3.

12. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* 21.

13. भँवरलाल नाहटा, संपा, ''प्रस्तावना,'' *पद्मिनी चरित्र चउपई,* संपा. (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 19.

14. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* 98.

15. *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* की रविशंकर देराश्री, बनेड़ा (भीलवाड़ा-राजस्थान) के पास सबसे प्राचीन प्रति (ग्रंथांक-4365) थी, जिसमें रचनाकाल 1588 ई. (वि.सं.1645) और लिपिकाल 1589 ई. (वि.सं. 1646) दिया गया है। मुनि जिनविजय के संकलन में इसकी 1604 ई. और 1672 ई. की दो प्रतियाँ थीं। ये सभी प्रतियाँ अब राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर में हैं। 1728 ई. में ढाका में लिपिबद्ध इसकी एक प्रति वर्धमान ज्ञान मंदिर, उदयपुर में है। इसी तरह गुजरात विद्या सभा, अहमदाबाद, भंडारकर ओरियंटल इंस्टीट्यूट, पूना, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी और माणिक्य

ग्रंथ भंडार, भींडर (उदयपुर) में भी इसकी प्रतियाँ सुरक्षित हैं। श्री अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर में भी इसकी एकाधिक प्रतियाँ (ग्रंथांक-3598 और 3633) उपलब्ध हैं।

16. उदयसिंह भटनागर, संपा., ''भूमिका,'' *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* 3.

17. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* 98.

18. उदयसिंह भटनागर, ''भूमिका,'' वही, 20.

19. वही, 21.

20. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चउपई, 9*8.

21. वही, 95.

22. मुनि जिनविजय, संपा., ''गोरा-बादल पदमिणी चउपई विषयक एक पर्यालोचन,'' *गोरा-बादल चरित्र* (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, तृतीय संस्करण 2000), 22.

23. वही, 19.

24. जटमल नाहर की *गोरा-बादल कथा* की कई प्रतिलिपियाँ मिली हैं। इसकी सबसे अधिक प्रतिलिपियाँ बीकानेर के अभय जैन ग्रंथालय (ग्रंथांक- 3594, 3595, 3596, 3597,7303 और 7304) में हैं। राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर (12580-4) और राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर (4157-3, 3855-32 और 4366) में भी इसकी प्रतियाँ उपलब्ध हैं।

25. जटमल नाहर, *गोरा-बादल कथा* (लब्धोदयकृत *पद्मिनी चरित्र चौपई* के साथ प्रकाशित), संपा. भँवरलाल नाहटा, (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 208.

26. वही, 208.

27. *प्रेम विलास* (वि.सं.1753) का यह अंश भँवरलाल नाहटा ने *गोरा-बादल कथा* की प्रस्तावना में पृ. 38 पर उद्धृत किया है।

28. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा'', 208

29. भँवरलाल नाहटा, ''प्रस्तावना,'' वही, 39.

30. वही, 38.

31. अगरचंद नाहटा, ''क्या कवि जटमल नाहर मुसलमान या जाट थे ?,'' *नागरी प्रचारिणी पत्रिका,* वर्ष- 61-62, अंक 40 (1956), 300.

32. जटमल नाहर, *गोरा बादलरी कथा* (पांडुलिपि), प्रति सं. 7304 (बीकानेर: श्री अभय जैन ग्रंथालय), 9.

33. लब्धोदय की *पद्मिनी चरित्र चौपई* की पांडुलिपि की प्रतियाँ आगम अहिंसा प्राकृत संस्थान, उदयपुर (ग्रंथांक-751), अगरचंद भैरोंदान सेठिया ग्रंथ भंडार, बीकानेर (ग्रथांक-75 और 340) आदि कई ग्रंथागारों में मिलती हैं।

34. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल रिसर्च इंस्टीट्यूट,1960), 107.

35. भँवरलाल नाहटा, ''प्रस्तावना,'' वही, 21.

36. *श्रीजिनमाणिक्य सूरि प्रथम शिष्य परगड़ा रे, विनय समुद्र बड़गात।/ तास सीस वड़वखती जगमइं वाचियईरे, / श्री हर्षविशाल विख्यात॥ तास विनेय चवद विद्या गुण सागरु रे, वाणी सरस विलास॥ / जस नामी पाठिक श्रीज्ञानसमुद्रजी रे परगट तेज प्रकाश॥/ साध शिरोमणि सकल विद्या करि सोभतारे, / वाचक श्री ज्ञानराज।/ तास प्रसादे शील तणा गुण संथुण्या रे, / श्री लब्धोदय हित काज॥* - लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 108.

37. *शिष्य रत्नसुंदर गणिवाचक, कुशलसिंह मन हरषइ जी।/ सांवलदास शिष्य सोभागी, पास दत्त पतसिद्ध जी।/ खेतसी परमानंद रूपचंद, वांची ने जस लिद्ध जी।*-भँवरलाल नाहटा, ''प्रस्तावना,'' लब्धोदय कृत *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 35.

38. लब्धोदय, वही, 107.

39. उदयसिंह भटनागर, ''भूमिका,'' हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* 3

40. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 3.

41. वही, 64.

42. *पद्मिनीसमिओ* की पांडुलिपि राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी इतिहासकार गौरीशंकर असावा के स्वामित्व में है। यह *परिषद पत्रिका,* वर्ष-14, अंक-3, अक्तूबर 1974 में प्रकाशित हुई थी। अब यह ब्रजेंद्रकुमार सिंहल के संपादन में यह वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली से भी 2017 प्रकाशित हुई है।

43. ''पद्मिनीसमिओ,'' *रानी पद्मिनी,* संपा. ब्रजेंद्रकुमार सिंहल (नयी दिल्लीः वाणी प्रकाशन, 2017), 151.

44. ''पदमिनीसमिओ,'' 18.

45. *चित्तौड़ रासो-पद्मिनीसमिओ* (गौरीशंकर असावा के स्वामित्ववाली मूल पांडुलिपि),112.

46. ब्रजेंद्रकुमार सिंहल, *रानी पद्मिनी-चित्तौड़ का प्रथम जौहर* (नयी दिल्लीः वाणी प्रकाशन, 2017), 34.

47. ''पद्मिनीसमिओ'', 99.

48. वही, 130.

49. वही, 107.

50. वही, 123.

51. *राणारासो* की प्रतिलिपि गिलूंड (जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान) के निवासी फुलेरिया मालियों के राव दयाराम के पास सुरक्षित है। बाद में इसकी प्रतियाँ करवायी गयीं। इन प्रतियों में से एक अब राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर (ग्रंथांक-2748) में उपलब्ध है।

52. दयालदास, *राणारासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया, (उदयपुरः महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2007), 85.

53. वही, 85.

54. ब्रजमोहन जावलिया, संपा., ''भूमिका,'' दयालदास कृत *राणारासो,* 11.

55. दयालदास, *राणारासो,* 86.

56. ब्रजमोहन जावलिया, संपा., ''भूमिका,'' दयालदास कृत *राणारासो,* 18.

57. गौरीशंकर ओझा के अनुसार प्राचीन शिलालेखों में वि.सं. 810 से 1000 (753 से 943 ई.) तक तीन 'खुम्माण' नामक राजाओं को होना पाया जाता है। भाटों की ख्यातों के आधार पर कर्नल जेम्स टॉड ने इन तीनों को एक ही मान लिया। उसने अब्बासिया ख़ानदान के बग़दाद के ख़लीफ़ा अल्मामूं के जिस चित्तौड़ अभियान का ज़िक्र किया है, वह ओझा के अनुसार खुम्माण (दूसरे) के समय हुआ। (गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास* (जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार, 1996-97, प्रथम संस्करण 1928), 1: 118.)

58. *खुम्माणरासो* की दो पांडुलिपियाँ, एक भंडारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, पूना और दूसरी रॉयल एशियाटिक सोसायटी, लंदन में हैं।

59. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* संपा. विलियम क्रूक (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1971, लंदन: प्र.सं.1920), 1: 291.

60. (i) जार्ज अब्राहम गियर्सन, *दि मोडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ़ हिंदुस्तान* (कलकत्ता: दि एशियाटिक सोसायटी, 1889), 1.

(ii) रामचंद्र शुक्ल, *हिंदी साहित्य का इतिहास* (काशी नागरी प्रचारिणी सभा, 1929), 32.

61. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: VIII.

62. अगरचंद नाहटा, ''खुम्माणरासो का रचनाकाल और रचयिता,'' *नागरी प्रचारिणी पत्रिका,* अंक-1, खंड-20. 1944, https://sufinama.org/poets/nagari-pracharini-patrika/articles.

63. ब्रजमोहन जावलिया, संपा., दलपति विजय कृत *खुम्माणरासो* (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2001), 1:V.

64. ब्रजमोहन जावलिया, संपा. दलपति विजय कृत खुम्माणरासो, 1: 147

65. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 2: 226.

66. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 177.

67. *चित्तौड़-उदयपुर पाटानामा* की मूल पांडुलिपि बाड़ोदिया (मध्यप्रदेश) निवासी दलीचंद बड़वा के पास है। इसकी ज़िरोक्स प्रति श्रीनटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ और प्रताप शोध संस्थान, उदयपुर (फ़ोलियो- 91ए-131ए) में संग्रहीत है।

68. मनोहरसिंह राणावत, ''आमुख,'' *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* (सीतामऊ: श्री नटनागर शोध संस्थान, 2003), 1: VIII.

69. मनोहरसिंह राणावत, वही, 1: VIII.

70. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 179.

71. मलिक मुहम्मद जायसी, ''पद्मावत,'' *जायसी ग्रंथावली,* संपा. रामचंद्र शुक्ल (नयी दिल्ली: लोक भारती प्रकाशन, 2012), 196.

72. वही, 192.

73. रामचंद्र शुक्ल, संपा., ''जायसी,'' *जायसी ग्रंथावली,* 21.

74. मलिक मुहम्मद जायसी, ''आख़िरी कलाम,'' *जायसी ग्रंथावली,* 497.

75. रामचंद्र शुक्ल, संपा. ''*जायसी,''* *जायसी ग्रंथावली,* 21.

76. मलिक मुहम्मद जायसी, ''पद्मावत,'' 195.

77. जार्ज ए. ग्रियर्सन, *दि मोडर्न वरनाक्यूलर लिट्रेचर ऑफ़ हिंदुस्तान,* 15.

78. जायसी, ''पद्मावत,'' 195.

79. वही, 195.

80. वही, ''पद्मावत,'' 21.

81. वही, ''पद्मावत,'' 194–95.

82. रामचंद्र शुक्ल, संपा., ''जायसी,'' *जायसी ग्रंथावली,* 24.

83. मलिक मुहम्म्द जायसी, ''पद्मावत,'' 462.

84. विजयदेवनारायण साही, *जायसी* (इलाहाबाद: हिंदुस्तानी एकेडेमी, चतुर्थ संस्करण 2017), 4.

85. रामचंद्र शक्ल के अनुसार ''*पद्मावत* की रचना भारतीय चरित काव्यों की सर्गबद्ध शैली पर न होकर फ़ारसी मसनवियों के ढंग पर हुई है, जिसमें कथा सर्गों या अध्यायों में विस्तार के हिसाब से विभक्त नहीं होती, बराबर चलती रहती है, केवल स्थान–स्थान पर घटनाओं या प्रसंगों का उल्लेख शीर्षक के रूप रहता है। मसनवी के लिए साहित्यिक नियम तो केवल इतना ही समझा जा सकता है कि सारा काव्य एक ही मसनवी छंद हो, पर परंपरा के अनुसार उसमें कथारंभ में ईश्वर स्तुति, पैगंबर की वंदना और उस समय के राजा (शाहे वक़्त) की प्रशंसा होनी चाहिए। ये बातें *पद्मावत, इंद्रावती मृगावती* इत्यादि में पाई जाती है। (''जायसी,'' *जायसी ग्रंथावली,* 19.) वासुदेवशरण अग्रवाल की राय इससे कुछ हटकर है। उनके अनुसार *पद्मावत* पर फ़ारसी प्रेम काव्य और मसनवी शैली का प्रभाव है, लेकिन वे यह भी मानते है कि ''संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश के प्रबंध काव्यों का जो क्रम प्राप्त–आदर्श रूप विकसित हुआ था, उसी के अनुसार जायसी ने *पद्मावत* का रूप पल्लवित किया।'' (''प्राक्कथन,'' *पदमावत,* इलाहाबाद: लोक भारती प्रकाशन, संस्करण 2000, 6.) यह सही बात है कि जायसी सबसे पहले सूफ़ी थे और मसनवी के रूप विधान से अच्छी तरह अवगत रहे होंगे। उनकी पैठ पारंपरिक भारतीय लोक और साहित्य में थी, इसलिए संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश की कड़वक शैली की प्रबंध परंपरा का भी उनको ज्ञान रहा था। लगता है कि उन्होंने प्रबंध के पारंपरिक भारतीय स्वरूप को मसनवी में ढालने का प्रयास किया। रामचंद्र शुक्ल ने भी यह बात कुछ हद स्वीकार की है। उन्होंने जायसी के *पद्मावत* में प्रयुक्त मसनवी शैली को ईरानी मसनवी शैली से कुछ हटकर माना है। उन्होंने एक जगह लिखा है कि ''इश्क़ की मसनवियों के समान *पद्मावत* लोकपक्षशून्य नहीं है।''

अध्याय - 3

कथा स्रोत

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर एकाग्र ऐतिहासिक कथा-काव्यों का कथा स्रोत एक ही कथा बीजक पर निर्भर है और इनकी कथा योजना समान कथा बीजक के बावजूद एक-दूसरे से भिन्न और ख़ास तरह की है। पद्मिनी-रत्नसेन का कथा बीजक सदियों से गुजरात सहित उत्तरी-पश्चिमी भारत के कुछ इलाकों में प्रचलित था और इसके आधार पर कथा-काव्य रचना की यहाँ सुदीर्घ परंपरा रही है। बीसवीं सदी के छठे-सातवें दशक में जायसी के *पद्मावत* सहित पारंपरिक देशज कथा-काव्यों पर विचार की शुरुआत हुई और अधिकांश विद्वानों ने पद्मिनी-रत्नसेन कथा को कल्पित मानकर इसकी सर्वप्रथम कल्पना का श्रेय मलिक मुहम्मद जायसी को दे दिया। जायसी पारंपरिक देशज कथा-काव्यों के लेखकों की तुलना में अधिक ऊँची कोटि के कवि और विद्वान् थे और जार्ज ग्रियर्सन, रामचंद्र शुक्ल, वासुदेवशरण अग्रवाल और विजयदेवनारायण साही जैसे बड़े विद्वानों की निगाह में चढ़ चुके थे, इसलिए यह धारणा मान्य भी हो गई। वस्तुस्थिति यह है कि जायसी से बहुत पहले ही यह कथा बीजक लोक स्मृति में था और अधिक संभावना यही है कि जायसी ने भी अपनी कथा इस पारंपरिक कथा बीजक को आधार बनाकर गढ़ी होगी।

1.

रत्नसेन-पद्मिनी का कथा बीजक सदियों से लोक और साहित्य में 'मान्य सच' की तरह था, लेकिन इस वृत्तांत पर 1928 ई. में राजस्थान के आधुनिक इतिहासकार गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने अपने *उदयपुर राज्य का इतिहास* में विचार किया और सबसे पहले यह निष्कर्ष निकाला कि भाटों ने यह कथा जायसी से ली है।[1] इससे पहले, तीन प्रमुख आधुनिक इतिहासकार- लेफ्टिनेंट कर्नल जेम्स टॉड, श्यामलदास और वी.ए. स्मिथ इस प्रकरण पर विचार कर चुके थे, लेकिन उन्होंने इस संबंध

में कहीं भी जायसी का उल्लेख इस कथा की सर्वप्रथम कल्पना करने वाले के रूप में नहीं किया। जेम्स टॉड (1829 ई.) ने अपने राजस्थान के पहले आधुनिक इतिहास *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान* में इस प्रकरण पर विचार किया, लेकिन प्रकरण के लिए वे राजस्थान के *खुम्माणरासो* सहित कई पारंपरिक ऐतिहासिक कथा-काव्यों के ऋणी थे। उन्होंने इसकी भूमिका में यह उल्लेख भी किया।[2] प्रकरण की उनकी कथा कमोबेश वही है, जो जायसी के *पद्मावत* में है, लेकिन यह तय है कि टॉड को जायसी के *पद्मावत* के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी और जिन पारंपरिक स्रोतों से उन्होंने यह कथा ली, उनका भी जायसी से कोई संबंध नहीं था। टॉड के अनुसार "चित्तौड़ का अल्पवयस्क राजा लखमसी 1275 ई. में सत्तारूढ़ हुआ। उसका चाचा भीमसी उसकी अल्प अवस्था में शासन करता था, जिसने श्रीलंका के शासक हमीरसिंह चौहान की पुत्री पद्मिनी से विवाह किया।"[3] यदि टॉड को पारंपरिक कथा-काव्यों की जायसी की *पद्मावत* पर निर्भरता के संबंध में जानकारी होती, तो वे रत्नसिंह की जगह भीमसिह उल्लेख नहीं करते। ख़ास बात यह है कि अधिकांश पारंपरिक स्रोतों में पद्मिनी से विवाह कर अलाउद्दीन के साथ युद्ध करने वाले शासक के रूप में रत्नसिंह का ही उल्लेख है। दरअसल टॉड के समय तक मेवाड़ की कोई मान्य वंशावली उपलब्ध नहीं थी और वे इस संबंध में वह काफ़ी उलझन में थे, इसलिए उन्होंने रत्नसिंह की जगह भीमसिंह लिख दिया। उनके इतिहास में ऐसी और कई त्रुटियाँ रह गई हैं।

टॉड के बाद श्यामलदास (1886 ई.) ने *वीरविनोद* नामक मेवाड़ का इतिहास लिखा और वे भी रत्नसिंह के बाद शुरू हुई रावल और राणा शाखा के शासकों को लेकर उलझन में थे, लेकिन समरसिंह के बाद सतारूढ़ रत्नसिंह की अलाउद्दीन ख़लजी से पद्मिनी को लेकर होने वाली लड़ाई को लेकर आश्वस्त थे। उन्होंने भी जायसी का उल्लेख इसकी सर्वप्रथम कल्पना करने वाले के रूप में नहीं किया। उन्होंने भी जायसी के *पद्मावत* की गणना 'बड़वा-भाटों और ख्याति की पोथियों' के साथ की। प्रकरण का उनका विवरण हेमरतन और अन्य पारंपरिक कथा-काव्यों के साथ अबुल फ़ज़ल आदि की फ़ारसी तवारीख़ों पर निर्भर है। ख़ास बात यह है कि वे पद्मावती के सिंघल द्वीप की होने पर भी अविश्वास नहीं करते। उनके अनुसार "पद्मावती की बाबत कई क़िस्से मशहूर हैं। बाजे लोगों का कौल है कि रावल रत्नसिंह की महारानी सिंघल द्वीप के राजा की बेटी थी। सौ ख़ैर इसका तो कोई आश्चर्य नहीं, क्योंकि बहुत समय से सिंघल- उक्त टापू के राजा सूर्यवंशी थे, और उनके साथ चित्तौड़ के राजा का संबंध होना संभव था; लेकिन मलिक मुहम्मद जायसी वग़ैरह ने कई बड़े-बड़े ख़याली क़िस्से गड़ लिए हैं, जिनसे हमको कुछ प्रयोजन नहीं।"[4] उनका प्रकरण

का 'अस्ल' विवरण इस तरह है कि रावल रत्नसिंह की ''महाराणी के पीहर का रघुनाथ नामी एक मुलाज़िम जो बड़ा जादूगर था, और रावल रत्नसिंह के पास रहकर अनेक चेटक दिखलाने से उसको ख़ुश करता था, एक बार रावल रत्नसिंह की नाराज़गी के सबब मुल्क से निकाल दिया गया। उसने दिल्ली पहुँचकर अपनी जादूगरी के ज़रीए से बादशाह अलाउद्दीन ख़ल्जी के दर्बार में रहने का दरजह हासिल किया, और वह ख़िल्वत के रूप में बादशाह के सामने राणी पद्मावती के रूप की तारीफ़ करने लगा। बादशाह भी चित्तौड़ पर चढ़ाई करने का बहाना ढूँढ ही रहा था, रावल रत्नसिंह को लिख भेजा, कि राणी पद्मिनी को यहाँ भेज दो, यह पढ़कर रत्नसिंह मारे क्रोध के आग का पुतला बन गया, और बादशाह के उस पत्र का बहुत ही सख़्त जवाब लिख भेजा, कि जिसको सुनकर अलाउद्दीन बड़ा गुस्से में आया। एक तो मज़हबी तअस्सुब, दूसरे रणथम्भोर व शिवाणा वग़ैरह क़िलों की फ़तह का गुरूर, तीसरे घर के भेदू रघुनाथ जादूगर का जा मिलना, और चौथे क़िला चित्तौड़ दक्षिण हिन्दुस्तान पर बादशाही कबज़े के लिये रोक होना, वग़ैरह कारणों से विक्रमी 1359 (हि. 702 = ई. 1302) में बादशाह ने बड़ी भारी फ़ौज के साथ दिल्ली से रवानह होकर क़िले चित्तौड़ को आ घेरा। रावल रत्नसिंह ने लड़ाई की ख़ूब तय्यारियाँ कर ली थीं, और मज़हबी जोश के सबब से इलाक़ेदारों के सिवा दूसरे राजपूत भी हज़ारों एकट्ठे हो गये थे। रावल के आदमी क़िले से बाहिर निकलकर बादशाही सेना पर हमले करने लगे, जिसमें दोनों ओर के हज़ारों बहादुर मारे गये, आख़रकार बादशाह ने रावल के पास यह पैग़ाम भेजा, कि हमको थोड़े से आदमियों के साथ क़िले में आने दो, कि जिससे हमारी बात रह जावे, फिर हम चले जायेंगे। रावल रत्नसिंह ने इस बात को क़ुबूल करके सौ-दो-सौ आदमियों सहित बादशाह को क़िले में आने दिया, लेकिन बादशाह दग़ाबाज़ी का दाव खेलने के लिए अपनी नाराज़गी को छिपाकर रत्नसिंह की तारीफ़ करने लगा, और विदा होते समय जब रत्नसिंह उसे पहुँचाने को निकला, तो उसका हाथ पकड़कर मुहब्बत की बातें करता हुआ आगे को ले चला। रावल उसके धोखे में आकर दुश्मनी को भूल गया, और क़िले के दर्वाज़े से कुछ कदम आगे निकल गया, जहाँ कि बादशाह की फ़ौज खड़ी थी। बादशाह तुरन्त ही रावल को गिरफ़्तार करके डेरों में ले आया। क़िलेवालों ने बहुतेरी कोशिश की, कि रावल को छुड़ा लेवें, लेकिन बादशाह ने उनको यही जवाब दिया, कि बग़ैर पद्मावती देने के रत्नसिंह का छुटकारा न होगा, तब तमाम राजपूतों ने एकत्र होकर अपनी अपनी बुद्धि के मुवाफ़िक सलाह ज़ाहिर की, लेकिन पद्मावती के भाई गोरा व बादल ने कहा, कि बादशाह ने हमारे साथ दग़ाबाज़ी की है, इसलिये हमको भी चाहिये, कि उसी तरह अपने मालिक को निकाल लावें; और इस बात को सबों ने क़ुबूल किया।

तब इन दोनों बहादुरों ने बादशाह से कहलाया, कि पद्मिनी इस शर्त पर आप के पास आती है कि पहिले वह रत्नसिंह से आख़री मुलाक़ात कर लेवे। बादशाह ने क़स्म खाकर इस बात को क़ुबूल किया इस पर गोरा व बादल ने एक महाजान और 800 डोलियों में शस्त्र रखकर हर एक डोली के उठाने के लिये सोलह-सोलह बहादुर राजपूतों को कहारों के भेस में मुकर्रर कर दिया, और थोड़ी सी जमइयत लेकर आप भी उन डोलियों के साथ हो लिये। बादशाह की इज़ाजत से ये सब लोग पहिले रावल रत्नसिंह के पास पहुँचे; जनानह बन्दोबस्त देखकर शाही मुलाज़िम हट गये। किसी को दग़ाबाज़ी का ख़्याल न हुआ, और इस हलचल में राजपूत लोगों ने रत्नसिंह को घोड़े पर सवार करके बादशाही लश्कर से बाहिर निकाला। जब वह बहादुर लश्कर से निकल गया, तो वे बनावटी कहार याने बहादुर राजपूत डोलियों से अपने-अपने शस्त्र निकालकर लड़ाई के लिये तय्यार हो गये। बादशाह ने भी अपनी दग़ाबाज़ी से राजपूतों की दग़ाबाज़ी को बढ़ी हुई देखकर अफ़सोस के साथ फ़ौज को लड़ाई का हुक्म दिया। गोरा व बादल, दोनों भाई अपने साथी बहादुर राजपूतों समेत मरते-मारते क़िले में पहुँच गये। कई एक लोग कहते हैं, कि गोरा रास्ते में मारा गया, और बादल क़िले में पहुँचा; और बाजों का कौल है, कि दोनों इस लड़ाई में मारे गये, परन्तु तात्पर्य यह कि इन ख़ैरख़्वाह राजपूतों ने अपने मालिक को बादशाह की क़ैद से छुड़ाकर क़िले में पहुँचा दिया, और फिर लड़ाई शुरू हो गई। आख़रकार हिज्री 703 मुहर्रम (विक्रमी 1660 भाद्रपद = ई. 1303 अगिस्ट) में अलाउद्दीन ने चारों तरफ़ से क़िले पर सख़्त हमला किया। इस वक़्त रावल रत्नसिंह ने सामान की कमी के सबब लकड़ियों का एक बड़ा ढेर चुनकर राणी पद्मिनी और अपने जनानख़ानह की कुल स्त्रियों तथा राजपूतों की औरतों को लकड़ियों पर बिठाकर आग लगा दी। हज़ारों औरत व बच्चों के आग में जल मरने से राजपूतों ने जोश में आकर क़िले के दर्वाज़े खोल दिये, और रावल रत्नसिंह मय हज़ार राजपूतों के बड़ी बहादुरी के साथ लड़कर मारा गया। बादशाह ने भी नाराज़ होकर क़त्ले आम का हुक्म दे दिया; और 6 महीना 7 दिन तक लड़ाई रहकर हिज्री 703 ता. 3 मुहर्रम (विक्रमी 1660 भाद्रपद शुक्ल 4 = ई.1303 ता.18 अगिस्ट) को बादशाह ने क़िला फ़तह कर लिया। इसके बाद बादशाह अपने बेटे ख़िज़रख़ां को क़िला सौंपकर वापस लौट गया।''[5]
स्पष्ट है कि श्यामलदास ने जायसी को पूर्व में प्रचलित इस प्रकरण को कल्पना से विस्तार देने वालों के साथ स्मरण तो किया, लेकिन उन्होंने उसे इस प्रकरण की पहली बार कल्पना का श्रेय नहीं दिया। उन्होंने यह भी कहीं नहीं लिखा कि चारण-भाटों और अन्य आख्यानकारों ने इसको जायसी से लिया। श्यामलदास प्रकरण की ऐतिहासिकता पर संदेह नहीं करते, अलबत्ता वे जायसी आदि द्वारा किए गए इसके अतिरंजित विस्तार

को इतिहास नहीं मानते। श्यामलदास ने राघवचेतन के लिए 'रघुनाथ' संज्ञा प्रयुक्त की है, जबकि जायसी सहित सभी पारंपरिक स्रोतों में उसका नाम राघवचेतन है। इससे यह लगता है कि श्यामलदास के ध्यान में इन ज्ञात स्रोतों के साथ कोई और स्रोत भी रहा होगा। टॉड के बाद *ऑक्सफ़ोर्ड हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया* में वी.ए. स्मिथ (1921 ई.) ने लगभग टॉड को दोहराते हुए इस प्रकरण का संक्षिप्त विवरण दिया। ख़ास बात यह है कि उन्होंने भी कहीं भी इस कथा की कल्पना के लिए जायसी को श्रेय नहीं दिया। उन्होंने लिखा कि "1303 के चित्तौड़ के साके के विषय में राजपूत भाटों द्वारा अंकित की गई रोमांटिक जनश्रुतियों को टॉड के पन्नों में पढ़ा जा सकता है। उन्हें गंभीर इतिहास (sober history) नहीं माना जा सकता है और यहाँ उद्धृत किए जाने के लिहाज़ से वे बहुत लंबी भी हैं। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि रक्षकों ने पारंपरिक शैली से अपनी आख़िरी लड़ाई लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया और उनकी मृत्यु से पहले "वह भयानक संस्कार (हुआ), जिसमें महिलाओं को अपवित्रता या क़ैद से बचने के लिए आहुति देनी पड़ती है। जहाँ दिन का उजास भी नहीं पहुँचता है, ऐसी अभेद्य सुरंग में चिता प्रज्ज्वलित की गई और चित्तौड़ के रक्षकों ने एक जुलूस के रूप में हज़ारों की संख्या में अपनी पत्नियों और बेटियों को वहाँ भेजा...उन्हें सुरंग तक ले जाया गया और फिर उसे मूँद दिया गया तथा उन (स्त्रियों) को असम्मान से अपनी रक्षा के लिए मौत के हवाले कर दिया गया।" टॉड ने प्रवेश द्वार का अवलोकन तो किया, लेकिन उसने उस पवित्र सुरंग में जाने का कोई प्रयास नहीं किया।"[6]

2.

सबसे पहले इस 'मान्य सत्य' की ऐतिहासिकता पर संदेह गौरीशंकर ओझा (1928 ई.) ने किया। वे भी रत्नसेन, पद्मिनी, अलाउद्दीन ख़लजी का ऐतिहासिक अस्तित्व मानते हैं। वे यह भी मानते हैं कि अलाउद्दीन ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया और इसमें जन संहार हुआ और पद्मिनी सहित कई स्त्रियों ने जौहर किया। वे यह भी मानते हैं कि दुर्ग बाद में लगभग दस वर्ष तक अलाउद्दीन के बेटे ख़िज़्रख़ाँ के अधीन रहा।[7] रत्नसेन का विवाह सिंघल की पद्मिनी से हुआ, अलाउद्दीन ने आक्रमण पद्मिनी के लिए किया, रत्नसेन छलपूर्वक बंदी हुआ, गोरा-बादल ने युक्ति से उसको मुक्त करवाया आदि घटनाएँ उनके अनुसार जायसी की कल्पना है।[8] ये सभी घटनाएँ राजस्थान के पारंपरिक जैन और चारण कथा-काव्यों में भी हैं, लेकिन गौरीशंकर ओझा का निष्कर्ष यह है कि "भाटों ने उसको *पद्मावत* से लिया।"[9] उनके बाद इतिहासकार किशोरीसरन लाल (1950 ई.) भी कथा की कल्पना का श्रेय जायसी

को ही देते हुए इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि उनकी यह कथा बहुत जल्दी लोकप्रिय हो गई, सब जगह कही-सुनी जाने लगी और परवर्ती फ़ारसी इतिहासकार, जो कथा और तथ्य में बहुत फ़र्क नहीं करते थे, इस कहानी को ले उड़े। उनके अपने शब्दों में ''रोमांस, कुतूहल और दु:ख जायसी की इस कथा में इस तरह एक-दूसरे के साथ मिलाए गए थे कि यह बहुत जल्दी लोकप्रिय हो गई और यहाँ-वहाँ सब जगह कही-सुनी जाने लगी। तथ्य और कहानी में फ़र्क की बहुत चिंता नहीं करने वाले फ़ारसी इतिहासकारों ने इसको इतिहास की तरह स्वीकार कर लिया। बाद के फ़रिश्ता और हाजी उद्दबीर सहित बहुत से इतिहासों में इसीलिए इस प्रकरण का उल्लेख मिलता है।''[10] इतिहासकार कालिकारंजन कानूनगो ने 1960 ई. में विस्तार से इस प्रकरण की ऐतिहासिकता पर अपने एक लेख 'ए क्रिटिकल एनेलेसिस ऑफ़ पद्मिनी लिजेंड' में विचार किया और वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि यह पूरा प्रकरण केवल कथा है, जिसकी कल्पना जायसी ने की और अबुल फ़ज़ल, फ़रिश्ता और राजस्थान के भाटों ने यह प्रकरण जायसी से लिया।[11] वे तो इसमें दूर तक गए, उन्होंने रत्नसेन के अस्तित्व को ही संदेहास्पद कर दिया। उन्होंने आर.सी. मजूमदार के हवाले से यह भी दावा किया कि *पद्मावत* का चित्तौड़, मेवाड़ की राजधानी चित्तौड़ नहीं, इलाहाबाद के पास का चित्रकूट है।[12] फ़िल्म 'पद्मावत' पर हुए विवाद के दौरान मध्यकाल के विशेषज्ञ दो विख्यात इतिहासकारों, इरफ़ान हबीब और हरबंश मुखिया ने भी इसी तरह की राय ज़ाहिर की। इरफ़ान हबीब ने कहा कि पद्मिनी की कथा का उल्लेख बहुत बाद में पहली बार जायसी ने अपनी कविता में किया। हरबंश मुखिया के अनुसार ''पद्मिनी की अवधारणा *कामसूत्र* तक में मिलती है। यह एक कथानक फ़ार्मूला है, जिसमें एक पराक्रमी पुरुष सुंदर स्त्री को जीतने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। यह फ़ार्मूला *बैताल पच्चीसी* सहित सभी लोक कथाओं में मिलता है। जायसी ने यही फ़ार्मूला उठाकर अपनी कविता *पदमावत* लिखी।''[13] एक और इतिहासकार रजत दत्ता ने भी लिखा कि ''तत्कालीन परिस्थितियों के आधार यह निष्कर्ष निकालना युक्तिसंगत है कि पद्मिनी राजपूत इतिहास के एक वंश में, बाद में, संभवतया चारणों द्वारा जोड़ी गई, जिन्होंने यह कथा जायसी के लोकप्रिय और बहुप्रचारित आख्यान से उठायी।''[14] विवाद के दौरान रम्या श्रीनिवासन के शोधकार्य *दि मेनी लाइव्ज़ ऑफ़ ए राजपूत क्वीन* को बतौर साक्ष्य इतिहासकारों और पत्रकारों ने ख़ूब उद्धृत किया। श्रीनिवासन ने पद्मिनी-रत्नसेन कथा संबंधी सभी पारंपरिक ग्रंथ देखे-समझे थे। इस प्रकरण की ऐतिहासिकता पर उनकी राय कमोबेश कालिकारंजन कानूनगो, इरफ़ान हबीब और हरबंश मुखिया से मिलती-जुलती है, लेकिन वह इस संबंध में पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं कि यह कथा जायसी के यहाँ से राजस्थान के

चारण और जैन कवियों तक पहुँची। उन्होंने लिखा कि ''हम नहीं जानते कि क्या *पद्मावत* अवध से 600 मील दूर उस क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रचारित हुई? जो साफ़ है वह यह कि स्थानीय संभ्रात राजपूतों द्वारा संरक्षित राजस्थान के आख्यान, जायसी के आख्यान से एकदम अलग हैं।''[15] रम्या श्रीनिवासन की राय को रहने भी दें, तो कुल मिलाकर वी.ए. स्मिथ, गौरीशंकर ओझा, किशोरीसरन लाल, कालिकारंजन कानूनगो, इरफ़ान हबीब, हरबंश मुखिया और रजत दत्ता की राय यह है कि जायसी की *पद्मावत* बहुत कम समय में लोकप्रिय हो गई और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ, इस्लामी वृत्तांतकारों के साथ यह अवध से बहुत दूर पश्चिम में राजस्थान के चारणों और जैन कवियों तक पहुँची और उन्होंने इसको आधार बनाकर अपनी रचनाएँ कीं।

3.

इतिहासकारों और विद्वानों में यह धारणा लगभग मान्य है, लेकिन इस पर व्यापक पुनर्विचार की ज़रूरत लगती है। जायसी की *पद्मावत* अपनी रचना के पचास-सौ वर्ष में ही इतनी लोकप्रिय हो गई और इसकी कथा की ख्याति सुदूर राजस्थान में पहुँच गई, यह विश्वसनीय नहीं लगता। जायसी सूफ़ी फ़कीर और कवि थे और जायस जैसे छोटे क़स्बे में रहते थे। यह सही बात है कि उनकी कवि प्रतिभा असाधारण थी और सूफ़ी धर्म-दर्शन के वे जानकर और मानने वाले थे, लेकिन अपने समय में और बाद में भी वे बहुत लोकप्रिय नहीं थे। जायसी की पहुँचे हुए फ़कीर के रूप में ख्याति का मिथ जार्ज ग्रियर्सन ने जायस में प्रचलित दंत कथाओं के आधार पर गढ़ा है। जार्ज ग्रियर्सन ने जायसी के संबंध में लिखा कि ''मलिक मुहम्मद अत्यंत पाक फ़कीर थे। अमेठी के राजा विश्वास करते थे कि उन्हें पुत्र प्राप्ति और सामान्य धन-धान्य की वृद्धि इसी संत के कारण हुई और वे इनके प्रमुख भक्तों में थे।''[16] ग्रियर्सन ने उनके संबंध में जो लिखा वह बहुत विश्वसनीय नहीं लगता। पारंपरिक इतिहास में जहाँ अन्य अल्पज्ञात और अज्ञात संत-फकीरों के उल्लेख हैं, जायसी का कोई उल्लेख नहीं मिलता। *आईन-ए-अकबरी* में अबुल फ़ज़ल ने 140 नए-पुराने फ़कीरों और दरवेशों की सूची दी है, लेकिन इसमें जायसी का नाम नहीं है।''[17] अब्द अल क़ादिर बदायूनी ने *मुंतख़ब-उल-तवारीख़* में अपने से पहले के और अपने समय के प्रसिद्ध और पहुँचे हुए सूफ़ी फ़कीरों और दरवेशों का परिचय दिया है। ख़ास बात यह है इसमें मुल्ला दाउद के *चंदायन* का और जायसी के बाद की पीढ़ी के *मधुमालती* के लेखक हजरत शाह मंझन का उल्लेख है, लेकिन इनमें इनसे बड़े कवि होने के बावजूद जायसी का उल्लेख नहीं है।[18] एक सूफ़ी फ़कीर के रूप में

जायसी की लोकप्रियता पर विजयदेवनारायण साही ने भी विस्तार से विचार किया है। वे आश्चर्यचकित हैं कि जायसी के संबंध में इतिहास और धर्म के पारंपरिक स्रोत मौन हैं। उनके अपने शब्दों में ''सूफ़ी-फ़कीरों और मुरशिदों के बारे में तो मध्यकाल की धार्मिक और ऐतिहासिक पुस्तकों में काफ़ी जानकारी मिल जाती है। यहाँ तक कि पर्याप्त श्रम करके चिश्तिया संप्रदाय और उसकी विभिन्न शाखाओं और दरगाहों के फ़कीरों की लंबी सूचियाँ भी विद्वानों ने तैयार कर ली हैं। लेकिन इन सूचियों में ख़ुद जायसी का ज़िक्र एक फ़कीर या सिद्ध पुरुष की तरह कहीं नहीं आता।''[19] जो व्यक्ति अपने संप्रदाय में मान्य और लोकप्रिय नहीं है, उसकी *पद्मावत* की कथा की प्रभावकारी रूप में पहुँच इतिहासकार अबुल फ़ज़ल, फ़रिश्ता, हाजी उद्‌बीर और उससे भी आगे राजस्थान के चारण-भाट और जैन कवियों तक रही होगी, यह संभव नहीं लगता।

3.

परवर्ती इस्लामी इतिहासकार मोहम्मद क़ासिम फ़रिश्ता (1560-1620 ई.) कृत *तारीख़-ए-फ़रिश्ता,* अबुल फ़ज़ल (1551-1602 ई.) कृत *आईन-ए-अकबरी* और अब्दुल्लाह मुहम्मद उमर अल-मक्की अल-आसफ़ी अल-उलुग़ख़ानी हाजी उद्‌बीर कृत (1540-1605 ई.) कृत *ज़फ़रुल वालेह बे मुज़फ़्फ़र वालेह* के पद्मिनी प्रकरण संबंधी वृत्तांत भी जायसी की *पद्मावत* के बजाय पारंपरिक आख्यानों और ख्यातों सहित अपने समय में इसके प्रचलित कथाबीज पर निर्भर हैं। यह कथाबीज फ़ारसी में भी लोकप्रिय था। 1894 ई. में प्रकाशित *एन ओरियंटल बायोग्राफ़िकल डिक्शनरी* में पद्मिनी के परिचय में इन रचनाओं का भी उल्लेख है। इस संबंध में लिखा गया है कि ''पद्मावती श्रीलंका के राजा की पुत्री थी, जिसे चित्तौड़ का राजा रत्नसेन अपनी शक्ति के बल पर विवाह करके ले आया। अलाउद्दीन ने जब 1303 ई. (703 हि.) में चित्तौड़ जीता, तो वह रत्नसेन से पद्मिनी भी ले गया। उसकी कथा *क़िस्से पदमावत* नाम से गजनी निवासी हुस्सेन ने फ़ारसी में लिखी। इसका एक संस्करण भाखा में मलिक मुहम्मद जायसी का पद्य में है। एक दूसरा फ़ारसी काव्य राय गोबिंद मुंशी का *तुहफ़त-उल-क़ुलूब,* जो उसने 1652 ई. (1062 हि.) मे लिखा, जो उस वर्ष का क्रोनोग्राम भी है। 1796 ई. (1211 हि.) में इसके उर्दू में अनुवाद दो कवियों- पहला भाग ज़ियाउद्दीन इबरात और अंतिम भाग गुलाम अली इशरत- ने किए।''[20] यह धारणा निराधार और मिथ्या है कि फ़रिश्ता, अबुल फ़ज़ल और हाजी उद्‌बीर के प्रकरण के वृत्तांत जायसी की *पद्मावत* पर आधारित हैं। कतिपय इतिहासकारों और विद्वानों ने यह धारणा इन वृत्तांतों को ठीक से पढ़े-समझे बिना ही बना ली है। समकालीन इस्लामी इतिहासकार

अमीर ख़ुसरो, ज़ियाउद्दीन बरनी, अब्दुल मलिक एसामी ने अपने वृत्तांतों में रत्नसिंह और पद्मिनी का नामोल्लेख नहीं किया और उन्होंने लड़ाई पद्मिनी के लिए हुई, इसकी भी चर्चा नहीं की, लेकिन इन परवर्ती वृत्तांतों में इनके नामोल्लेख भी हैं और लड़ाई पद्मिनी के लिए हुई, यह चर्चा भी है। इससे यह भी सिद्ध है कि फ़रिश्ता, अबुल फ़ज़ल और हाजी उद्दबीर जायसी के साथ अमीर ख़ुसरो, ज़ियाउद्दीन बरनी और अब्दुल मलिक एसामी पर भी निर्भर नहीं हैं और उन्होंने यह वृत्तांत पारंपरिक कथा-काव्यों और लोक से लिया है। फ़रिश्ता ने इस प्रकरण का वर्णन करते हुए लिखा है कि "इस समय (हि. 704, 1304 ई. और वि.सं.1361) चित्तौड़ का राजा राय रत्नसेन- जो सुल्तान ने उसका क़िला छीना, तब से क़ैद था अद्भुत रीति से भाग गया। अलाउद्दीन ने उसकी लड़की के अलौकिक सौंदर्य और गुणों का हाल सुनकर उससे कहा कि 'यदि तू अपनी लड़की मुझे सौंप दे, तो तू बंधन से मुक्त हो सकता है।' राजा ने, जिसके साथ क़ैदखाने में सख़्ती की जाती थी, इस कथन को स्वीकार कर अपनी राजकुमारी को सुल्तान को सौंपने के लिए बुलाया। राजा के कुटुम्बियों ने इस अपमानसूचक प्रस्ताव को सुनते ही अपने वंश के गौरव की रक्षा के लिए राजकुमारी को विष देने का विचार किया। परंतु उस राजकुमारी ने ऐसी युक्ति निकाली, जिससे वह अपने पिता को छुड़ाने तथा अपने सतीत्व की रक्षा करने में समर्थ हो सकती थी। तदनन्तर उसने अपने पिता को लिखा कि 'आप ऐसा प्रसिद्ध कर दें कि मेरी राजकुमारी अपने सेवकों के साथ आ रही है और अमुक दिन (दिल्ली) पहुँच जाएगी। इसके साथ उसने राजा को अपनी युक्ति से भी परिचित कर दिया। उसकी युक्ति यह थी कि अपने वंश के राजपूतों में से किसी एक को चुनकर डोलियों में सुसज्जित कर बिठा दिया और राजवंश की स्त्रियों की रक्षा के योग्य सवारों तथा पैदलों के साथ वह चली। उसने अपने पिता के द्वारा सुल्तान की आज्ञा की प्राप्त कर ली, जिससे सवारी बिना रोक-टोक के मंज़िल-दर-मंज़िल दिल्ली पहुँची। उस समय रात पड़ गई थी। सुलतान की ख़ास परवानगी से उसके साथ डोलियाँ क़ैदखाने में पहुँची और वहाँ के रक्षक बाहर निकल आए। भीतर पहुँचते ही राजपूतों ने डोलियों से निकलकर अपनी तलवारें सम्हाली और सुल्तान के सेवकों को मारने के पश्चात राजा सहित वे तैयार खड़े घोड़ों पर सवार होकर भाग निकले। सुल्तान की सेना आने न पाई, उसके पहले ही राजा अपने साथियों सहित शहर से बाहर निकल गया और भागता हुआ अपने पहाड़ी प्रदेश में पहुँच गया, जहाँ उसके कुटुम्बी छिपे हुए थे। इस प्रकार अपनी चतुर राजकुमारी की युक्ति से राजा ने क़ैद से छुटकारा पाया और उसी दिन से वह मुसलमानों के हाथ में रहे हुए (अपने) मुल्क को उजाड़ने लगा। अंत में, सुल्तान चित्तौड़ को अपने अधिकार में रखना निरर्थक समझकर ख़िज्रख़ाँ को हुक्म

दिया कि क़िले को खाली कर उसे राजा के भानजे (मालदेव सोनगरा) को सुपुर्द कर दे।''[21] ज़ाहिर है कि फ़रिश्ता का घटना का यह वृत्तांत जायसी और अमीर ख़ुसरो सहित सभी समकालीन इतिहासकारों से सर्वथा अलग है। कदाचित् फ़रिश्ता की जानकारी का स्रोत ही इस प्रकरण की आधी-अधूरी जानकारी रखने वाला कोई व्यक्ति है। जायसी सहित सभी आख्यानकार इस संबंध में एक राय हैं कि अलाउद्दीन ने युद्ध रत्नसिंह की बेटी के लिए नहीं, उसकी रानी के लिए किया था, जबकि फ़रिश्ता उसको राजा की बेटी लिखता है। कुटुम्बियों द्वारा अपनी मान-मर्यादा के लिए राजकुमारी को ज़हर देने के विचार का प्रसंग भी केवल फ़रिश्ता के यहाँ है। स्पष्ट है कि फ़रिश्ता जायसी सहित सभी आख्यानकारों से अपरिचित था और उसने यह वृत्तांत समकालीन इस्लामी इतिहासकारों से भी नहीं लिया। मुनि जिनविजय भी इस कथा के स्रोत की परख-पड़ताल के दौरान इसी निष्कर्ष पर पहुँचे और उन्होंने साफ़ लिखा कि ''फ़रिश्ता के उक्त वर्णन से ज्ञात होता है कि उसको जायसी की *पद्मावत* वाली कथा का बिल्कुल परिचय नहीं था, इसलिए पद्मिनी की कथा को केवल जायसी की कल्पना बतलाने वाले तथा उसी के बाद *पद्मावत* के आधार पर ही राजस्थान के भाटों आदि द्वारा पद्मिनी की कल्पित कथा का प्रचार किया जाना कहने वाले विद्वानों का तर्क-वितर्क सर्वथा असिद्ध प्रमाणित होता है।''[22]

अकबरकालीन इतिहासकार अबुल फ़ज़ल ने इस प्रकरण का वृत्तांत दिया है, लेकिन वह भी किसी भी प्रकार से इसके लिए जायसी का ऋणी नहीं है। वृत्तांत के उसके मोड़-पड़ावों से लगता है कि उसको इससे संबंधित पारंपरिक देशज कथा-काव्यों का ज्ञान था और उसने एकाधिक बार इसका ज़िक्र भी अपने वृत्तांत में किया है। उसके अनुसार ''प्राचीन वृत्तांतों में लिखा है कि दिल्ली के बादशाह सुलतान अलाउद्दीन ख़लजी ने सुन रखा था कि मेवाड़ के राजा रावल रतनसी की स्त्री बहुत रूपवती है। उसने उसकी माँग की, परंतु अस्वीकृत कर दिए जाने पर अपनी इच्छा पूरी करने के लिए उसने एक फ़ौज के साथ चित्तौड़ पर चढ़ाई कर दी। एक अरसे तक उस स्थान पर घेरा डाले रहने पर जब कोई नतीजा न निकला, तो उसने कपट का मार्ग अपना कर सुलह और मित्रता का प्रस्ताव आगे रखा। राजा ने तुरंत ही अपनी सहमति प्रकट कर उसे जश्न का न्यौता दिया। अपने चुनिंदा साथियों को लेकर सुलतान ने क़िले में प्रवेश किया और आमोद-प्रमोद के वातावरण में दोनों की भेंट हुई। परंतु, अवसर पाते ही वह राजा को पकड़ कर वहाँ से ले आया। कहते हैं, सुलतान के नौकर-चाकरों की संख्या 100 थी तथा सिपाहियों के वेश में 300 चुनिंदा साथी साथ थे। राजा की फ़ौज एकत्रित होती इससे पहले ही विलाप करते हुए उसके लोगों के बीच से, उसे जल्दी से बादशाह के डेरे की तरफ़ ले जाया गया। अपनी इच्छा

को मनवाने हेतु बादशाह ने राजा को कड़ी क़ैद में रक्खा। उसे बहुत सताया गया, इसलिए राजा के विश्वासपात्र मंत्रियों ने बादशाह से याचना की कि उसके प्रेम पात्र को सौंप देने के अतिरिक्त उसके हरम के लायक अन्य स्त्रियाँ भी उसके पास भेज दी जावेंगी। उन्होंने उस धर्मपरायण नारी से एक जाली पत्र भिजवा कर उसकी आशंकाओं को भी बहला कर शांत कर दिया। बादशाह प्रसन्न हुआ और राजा पर बल प्रयोग के बजाय उससे नरम व्यवहार करने लगा। ऐसा वर्णन मिलता है कि 700 चुने हुए सिपाहियों को जनाने लिबास में डोलियों में बैठाकर बादशाह के ख़ेमे की ओर रवाना कर दिया गया तथा यह घोषणा कर दी गई कि रानी अपनी बहुत-सी दासियों के साथ शाही ख़ेमे को प्रस्थान कर चुकी है। ख़ेमे के निकट आने पर यह इच्छा व्यक्त की गई कि बादशाह के निवास स्थान में प्रविष्ट होने से पूर्व रानी राजा से भेंट करना चाहती है। मोहात्मक स्वप्न के चक्कर में पड़ कर बादशाह ने भेंट की अनुमति प्रदान कर दी; इसी समय सिपाहियों ने अवसर का लाभ उठाकर अपना भेष बदला और वे राजा को छुड़ा लाए। राजपूतों ने पीछा करने वालों का बड़ी मर्दानगी से बराबर मुकाबला किया और राजा के दूर निकल जाने तक बहुतों को मौत के घाट उतार दिया। अंत में, गोरा और बादल चौहानों ने मृत्यु पर्यन्त युद्ध किया, जिससे सर्वत्र जय-जयकार के बीच रावल सकुशल चित्तौड़ पहुँच गया। घेरा डाले रहने में बड़ी कठिनाइयों को सहन न कर सकने के कारण तथा इसे निरर्थक जानकर बादशाह वापस दिल्ली लौट आया। कुछ समय पश्चात उसने वापस इसी योजना पर दिलज़मी की, परन्तु हार कर लौट आया। इन आक्रमणों से उकता कर रावल ने सोचा कि बादशाह से मुलाक़ात करने से शायद कोई संबंध सूत्र बँधे और इस प्रकार इस स्थायी कलह से वह छुटकारा पा सके। एक बाग़ी के बहकावे में आकर चित्तौड़ से 7 कोस दूर एक स्थान पर वह बादशाह से मिला, जहाँ छलपूर्वक उसका वध कर दिया गया। इस घातक घटना के पश्चात उसके वंशज अरसी को गद्दी पर बैठाया गया। सुलतान ने चित्तौड़ को पुन: घेर कर उस पर अधिकार कर लिया। राजा लड़ते-लड़ते मारा गया तथा सभी नारियाँ स्वेच्छा से अग्नि में जल मरीं।''[23] अबुल फ़ज़ल का यह वृत्तांत भी जायसी के *पद्मावत* से अलग है। यह विवरण *पद्मावत* की जगह, इससे संबंधित *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* से अधिक मिलता है। यह निश्चित है कि जायसी की *पद्मावत* से अलग कोई पारंपरिक देशज कथा-काव्य अबुल फ़ज़ल की निगाह में ज़रूर आया होगा, जिसको आधार बनाकर उसने यह प्रकरण लिखा। यह तय है कि पद्मिनी प्रकरण का अबुल फ़ज़ल का विवरण किसी प्राचीन वृत्तांत पर निर्भर है। यह उल्लेख उसने स्वयं किया है[24], लेकिन यह प्राचीन वृत्तांत *पद्मावत* नहीं है, क्योंकि *पद्मावत* की कथा के मोड़-पड़ाव अबुल फ़ज़ल से अलग हैं। अबुल फ़ज़ल जायसी

की तरह रत्नसेन को बंदी बनाकर दिल्ली ले जाने का उल्लेख नहीं करता। इसी तरह रानी का अलाउद्दीन को छद्म प्रेम पत्र लिखना, अलाउद्दीन का दिल्ली चले जाना और फिर लौटकर आक्रमण करना आदि प्रकरण अबुल फ़ज़ल के यहाँ हैं, लेकिन जायसी के यहाँ नहीं हैं। लगता तो यह है कि अबुल फ़ज़ल भी उन्हीं प्राचीन वृत्तांतों पर निर्भर है, जिन पर पारंपरिक देशज कथा-काव्यों के रचनाकार निर्भर हैं।

अब्दुल्लाह मुहम्मद उमर अल-मक्की अल-आसफ़ी अल-उलुग़ख़ानी हाजी उद्दबीर ने अपनी *ज़फ़रुल वालेह बे मुज़फ़्फ़र वालेह* (एन अरेबिक हिस्ट्री ऑफ़ गुजरात) में इस प्रकरण का जो वृत्तांत दिया है, वह भी जायसी से अलग है। उसकी कुछ सूचनाएँ सर्वथा भिन्न और नयी हैं। वह लिखता है- ''अलाउद्दीन ने 1303 ई. में विशालकाय सेना के साथ चित्तौड़ के लिए प्रयाण किया। वह ख़ुद सेना के साथ था। (चित्तौड़ पहुँचकर) जब सुल्तान ने पहाड़ की तलहटी में अपना शिविर लगाया, तो वहाँ के शासक ने अपने को असहाय पाकर बिना अपने सामंतों, जो उसके मित्र थे, को सूचित किए बिना उसके ख़ेमे में जाकर उसके समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उसने पहाड़ और जो भी वहाँ थे, उन पर सुल्तान का आधिपत्य मान लिया और मौक़े का इंतजार करता रहा। उसने एक व्यक्ति के साथ निर्णय लिया, जो सुलतान के ख़ेमे में जाने के लिए उसकी राय का समर्थक था। सुल्तान यह मानकर पहाड़ पर गया कि यह उसका है और वहाँ के निवासियों ने भी इसकी तस्दीक़ कर दी है। वे (पहाड़ के लोग) बाहर निकले और जितना संभव हुआ मजबूती से लड़े। अंतत: विजय सुल्तान की हुई। सूर्य जब मध्याह्न में था तब उसने तलवार के साथ दरवाज़े बंद कर दिए। पहाड़ के 30 हज़ार निवासी मारे गए। यह मंगलवार 1304 का दिन था। सूर्योदय पर सुल्तान वहाँ था और सब पहाड़ के शासक के साथ थे जो उससे अलग नहीं हुआ था। उन्होंने पहाड़ को अच्छी तरह घेर लिया। पहाड़ का शासन सुल्तान के बेटे ख़िज़्रख़ाँ को सौंप दिया गया और चित्तौड़ का नाम ख़िद्राबाद किया गया। सुल्तान इसके बाद पहाड़ से नीचे उतर कर अपने ख़ेमे में आ गया।.... जब अलाउद्दीन चित्तौड़ से दिल्ली चला आया, तो उसके कुछ लोग चित्तौड़ की रक्षा के लिए वहीं रुक गए। उसने (चित्तौड़ के शासक) अपनी पत्नी को सुल्तान के पास आत्म समर्पण के लिए भेजा। सुल्तान ने सुन रखा था कि वह सुंदर स्त्री थी और उसके जैसा दूसरा कोई नहीं था। उससे यह भी बताया गया था कि वह सर्वोत्तम स्त्री थी। वह एक ऐसी स्त्री थी, जिसे हिंद में पद्मिनी कहा जाता है। ऐसी स्त्री का होना दुर्लभ है। सुल्तान के दूत ने उसे सूचित किया कि सुल्तान चाहते हैं कि वह उसे भेज दे। उसने उसे सौंप देने का वचन दिया। संक्षेप में, वह ऐसा करने के लिए राजी हो गया। ऐसा कहा जाता है कि दिल्ली प्रयाण से पहले सुल्तान की पत्नी ने उसे छोड़ देने के लिए

कहा, जिस पर वह राजी हो गया। जब उसने प्रयाण किया, तो उसे उसके घोड़ों की टाप को देखते हुए उसके पीछे-पीछे जाना था, उसने उससे कहा कि वह खड़ा रहे और वह किसी और को उसे बुलाने के लिए भेजेगा। उसका समर्पण उसे प्रसन्न कर देगा। सुल्तान इस पर राजी हो गया। उसने दिल्ली की ओर चलना आरंभ किया। काफ़िर ने नौकर से कहा कि वह उसे उसके (सुल्तान) लिए भेज देगा, लेकिन वह अकेले नहीं आएगी, रनिवास की सभी स्त्रियाँ उस के साथ पर्वत पर आएँगी। जब वे अपने आपको समर्पित कर देंगी, तो मैं उसको आपको समर्पित कर दूँगा। ऐसा उसने उत्तर दिया। उसने अपने आदमियों को सूचना देने के लिए पर्वत पर भेजा। उसने कहलवाया कि पाँच सौ लोग पालकियों में बैठेंगे। प्रत्येक पालकी चार आदमियों द्वारा ले जायी जाएगी। ऐसा करते हुए वे शिविर में आए। सुल्तान के लोगों ने स्त्रियों की माँग की। जब पालकियाँ कंधे से उतारी गईं, तो शिविर चकित रह गया। 25000 आदमी तलवार लेकर शिविर में कूद पड़े। पालकी में आए हुए लोगों के बीच राजा घोड़े पर सवार हुआ। अलाउद्दीन के कुछ आदमी ही जीवित बचे, उनमें से बहुत से भाग खड़े हुए। जब सुल्तान को इसकी सूचना मिली कि पर्वत पर जो घटना हुई थी, उसे राजा की बहन की बेटी ने अंजाम दिया था, जो सुल्तान के साथ ब्याही गई थी। उसने पर्वत पर अपना आधिपत्य जमाया और इसे अपने नियंत्रण में रखा। शासक के वज़ीर ने आने वाले समय में लगभग सुल्तान का दर्ज़ा प्राप्त कर लिया।''[25]
चित्तौड़ के शासक का अपने साथियों को बिना बताए अलाउद्दीन के साथ जा मिलना और उचित मौक़े की तलाश में रहना और अलाउद्दीन से विवाहित राजा की किसी बहन राजा को मुक्त करवाने के लिए षड्यंत्र में शामिल होने जैसी घटनाएँ जायसी सहित और किसी इस्लामी वृत्तांतकार के यहाँ नहीं है। यदि हाजी उद्‌बीर को *पदमावत* के कथाक्रम की जानकारी होती, तो वह घटनाक्रम का विवरण इस तरह नहीं देता। स्पष्ट है की परवर्ती फ़ारसी-अरबी वृत्तांतकारों ने अपनी कथा किसी प्रचलित पारंपरिक कथा बीजक या आख्यान से ही ली। यह धारणा निराधार है कि जायसी की कथा अपनी रचना के बाद इतनी लोकप्रिय हुई कि परवर्ती अरबी-फ़ारसी वृत्तांतकार 'उसको ले उड़े।'

5.

जायसी की *पद्मावत* राजस्थान के पारंपरिक पद्मिनी कथा-काव्यकारों की पहुँच में नहीं थी, यह इससे भी प्रमाणित है कि गुजरात सहित उत्तरी-पश्चिमी भारत के किसी ग्रंथागार में *पद्मावत* की कोई पांडुलिपि उपलब्ध नहीं है।[26] यह भी कि यहाँ के किसी कवि-कथाकार ने जायसी की *पद्मावत* को उद्धृत नहीं किया है, जबकि यहाँ के

पारंपरिक कथा-काव्यों में ऐसी परंपरा थी। राजस्थान के चारण-भाट और जैन यति-मुनि दूरस्थ क्षेत्रों की यात्राएँ करते थे और पांडुलिपियों की प्रतियाँ बनाकर अपने पारंपरिक ग्रंथागारों में सुरक्षित रखते थे। राजस्थान-गुजरात आदि के ग्रंथागार प्राचीन पांडुलिपियों के मामले में बहुत समृद्ध हैं। इन ग्रंथागारों में बनारस और ढाका तक में लिपिबद्ध पांडुलिपियाँ हैं। दामोदर पंडित की *उक्तिव्यक्तिप्रकरण* की पांडुलिपि पाटन, गुजरात में संग्रहीत है। भोज की *शृगारमंजरीकथा* की पांडुलिपि जैसलमेर के ग्रंथागार में है। *छिताई वार्ता* की इलाहाबाद और होशियारपुर में संग्रहीत पांडुलिपियों की प्रति बीकानेर में भी है। आश्चर्यजनक यह है कि *पद्मावत,* जिसको आधुनिक इतिहासकार और विद्वान् राजस्थान में प्रभावकारी मानते हैं, उसकी कोई पांडुलिपि राजस्थान के किसी ग्रंथागार में नहीं है। प्राचीन साहित्य के अध्येता और विख्यात पुरातत्त्ववेत्ता मुनि जिनविजय ने भी इस संबंध में लिखा है कि ''जैन विद्वान् यति जो उस समय दिल्ली, पंजाब, बिहार और बंगाल आदि के पूर्व और उत्तर प्रदेशों में भी यथेष्ट विचरण करते रहते थे और साहित्य का संकलन, आकलन आदि निरंतर करते रहते थे, यदि उनकी जानकारी में जायसी की यह रचना आती, तो वे अवश्य इसकी प्रतिलिपि आदि कर लेते।''[27]

जायसी ने *पद्मावत* 1540 ई. में पूर्ण किया और इसके ठीक 48 वर्ष बाद हेमरतन ने 1588 ई. में *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* लिखी। ऐसे समय में जब आवागमन और संचार के साधन नहीं थे, महज़ 48 वर्ष की अवधि में जायस (अवध) में लिखी हुई रचना की कथा का 600-700 मील दूर राजस्थान के पाली जिले के सादड़ी क़स्बे में चातुर्मास कर रहे जैन यति तक पहुँच जाना संभव नहीं लगता। यह तब और भी मुश्किल है, जब उसकी लिपि फ़ारसी है। यह कथा जायसी कल्पित है और राजस्थान के पारंपरिक कथा-काव्यों में यहीं से आई है, यह धारणा निराधार है और केवल आधुनिक इतिहासकारों का पूर्वाग्रह है। यह राय रखने वालों में से अधिकांश इतिहास और साहित्य के विद्वानों को पारंपरिक पद्मिनी-रत्नसेन विषयक कथा-काव्यों और राजस्थान के लोक जीवन में इसके कथा बीजक की सदियों से मौजूदगी के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने इन कथा-काव्यों को जाने-समझे बिना ही इनकी *पद्मावत* पर निर्भरता का निष्कर्ष निकाल लिया। इनमें से गौरीशंकर ओझा को इन पारंपरिक कथा-काव्यों की जानकारी थी, लेकिन फिर भी वे इस निष्कर्ष पर इसलिए पहुँचे कि एक तो उनके समय तक अधिकांश पारंपरिक स्रोत उजागर नहीं हुए थे और दूसरे, कुछ हद तक आधुनिक इतिहास के 'प्रत्यक्ष' और 'आनुभविक' का आग्रह उनमें भी था। रम्या श्रीनिवासन ने कालिकारंजन कानूनगो और रजत दत्ता की तरह आत्मविश्वासपूर्वक कुछ भी नहीं कहा। रम्या श्रीनिवासन

ने अधिकांश पारंपरिक स्रोतों को देखा-समझा था, वे जायसी की *पद्मावत* से इनकी भिन्नता से अवगत थीं, इसलिए उन्होंने कथा अवध से राजस्थान आई या राजस्थान से अवध गई, इस संबंध में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला।[28] कदाचित् जानती वे भी थीं कि इन पारंपरिक कथा-काव्यों की जैसी कथावस्तु, शैली और ढाँचा है, उससे तो यही लगता है कि जायसी ने अपनी कथा यहीं से ली होगी, लेकिन उनकी यह स्वीकृति उनको 'आधुनिकों' के बीच में 'अलग' कर देती, इसलिए उन्होंने ऐसा कहने से परहेज़ किया।

पद्मिनी-रत्नसेन विषयक पारंपरिक देशज कथा-काव्यों में जायसी को कहीं भी उद्धृत नहीं किया गया, जबकि इनमें पूर्व में ख्यात रचना के प्रसिद्ध कथनों को उद्धृत करने की परंपरा थी। यदि *पद्मावत* राजस्थान में भी लोकप्रिय होती या पारंपरिक काव्य-कथाकार उससे अवगत होते तो ज़रूर उसके प्रसिद्ध कथनों-उक्तियों का अपनी रचनाओं में उद्धृत करते। यह परंपरा थी- कवि-कथाकार जिस रचना में प्रवृत्त होता, वह पहले उसकी परंपरा को देखता-समझता। लब्धोदय और हेमतरन ने पूर्वकथा के आधार पर अपनी कथा कहने की बात कही है। हेमरतन ने लिखा है कि- *सुणिउ तिसौ भाष्यौ संबंधि* अर्थात् मैंने जैसा सुना है, वैसा ही संबंध कहा है।[29] लब्धोदय ने कहा कि- *कहस्यू कवित्त कल्लोल सूँ पूर्व कथा संपेख* अर्थात् प्रसन्नतापूर्वक पूर्व कथा को देखकर कहूँगा।[30] यदि वे दोनों *पद्मावत* की कथा से अवगत होते तो, वे यथावश्यकता इस पूर्वकथा की प्रसिद्ध उक्तियों और नीति कथनों को अपनी रचनाओं में यथावत उद्धृत करते। हेमरतन और लब्धोदय ने अपनी रचनाओं में *गोरा-बादल कवित्त* के कुछ अंश उद्धृत किए हैं। इसी तरह हेमरतन के कुछ प्रसिद्ध कथनों-उक्तियों को लब्धोदय और दलपति विजय ने उद्धृत किया है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि इनमें से किसी ने भी, कहीं भी जायसी को उद्धृत नहीं किया।

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण राजस्थान लोक जीवन में बहुत पहले से कथा बीजक या कथा ज्ञापक के रूप में विद्यमान था। इस प्रकरण पर लिखे गए ऐतिहासिक कथा-काव्य इसी बीजक-ज्ञापक पर आधारित हैं। जायसी ने अपना *पद्मावत* भी इसी बीजक को आधार बनाकर लिखा। राजस्थान ही नहीं, हमारे देश के अधिकांश भागों में कथा बीजक की परंपरा रही है। ऐतिहासिक व्यक्तित्व और ख्यात घटनाएँ लोक स्मृति में पीढ़ी-दर-पीढ़ी यात्रा करती थीं और धीरे-धीरे समयानुसार ये संक्षिप्त और सरल होती जाती थीं। स्मृति में रहने वाली इन घटनाओं-प्रकरणों और व्यक्तियों को कथा बीजक कहा जाता था। लोग अपनी प्रतिभा और ज्ञान के आधार पर इन बीजकों का पल्लवन और विस्तार करते थे। यह पल्लवन और विस्तार कभी मौखिक होता था, तो कभी कोई कवि-कथाकार अपनी प्रतिभा और विवेक से इनको लिखित रूप

भी देता था। एक ही बीजक एकाधिक व्यक्तियों के यहाँ अलग-अलग तरह से पल्लवित और विकसित होता था। यह भारतीय परंपरा के अनुसार था- *ऋग्वेद* के कई कथा बीजक बाद के ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद ग्रंथों और परवर्ती साहित्य में विस्तारपूर्वक पल्लवित हुए हैं।[31] भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य परंपरा में विक्रमादित्य, भोज, सातवाहन, शूद्रक आदि कई ऐतिहासिक व्यक्तित्व कथा बीजक की तरह रहे हैं।[32] जैन कथाकारों ने कथा बीजकों को आधार बनाकर कई रचनाएँ लिखीं। सतियों-साध्वियों के कथा बीजकों के आधार पर जैन यतियों-मुनियों की कई कथा रचनाएँ मिलती हैं। सती नर्मदा सुंदरी का कथा बीजक जैन यतियों-मुनियों में बहुत लोकप्रिय हुआ और इस पर कई रचनाएँ हुईं।[33] पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण का कथा बीजक भी राजस्थान की लोक स्मृति में सदियों से था और इस पर कई कवित्त, छप्पय, सोरठा आदि प्रचलित थे और इनको आधार बनाकर कथा-काव्य रचना की यहाँ परंपरा भी थी। मुनि जिनविजय ने राजस्थान के लोक जीवन में पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण की स्मृति के साहित्य-इतिहास में व्यवहार पर अच्छी रोशनी डाली है। उन्होंने हेमरतन की *गोरा-बादल पद्मिणी चउपई* की भूमिका में लिखा कि ''पद्मिनी विषयक कथा ज्ञापक, कवित्त आदि राजस्थान में प्राचीनकाल से प्रचलित थे। कवित्त, छप्पय, दोहा, सोरठा आदि मुक्तक पद्य राजस्थान के इतिहास और लोक जीवन में बीजक रहे हैं। इन बीजकों के आधार पर राजस्थान का प्राचीन इतिहास जनमानस में अपना स्थायी स्थान बनाए रखता था। इन्हीं बीजकों के आधार पर कथाकार-वार्ताकार आदि विज्ञ जन लोगों को अपनी जानी-सुनी कथा-कहानियाँ, बात-ख्यात आदि कहा करते थे और यह परा-पूर्व से सर्वत्र चला आता था। इनमें जो कोई कवि विशेष प्रतिभावाले व्यक्ति होते थे वे इन कथा बीजकों के आधार वाली कथा-वार्ताओं को कविताबद्ध भी कर लेते थे। पद्मिनी कथा को भी इसी तरह कथाकार रास, भास, प्रबंध, चउपई आदि रूप में स्थानिक लोगों के सम्मुख एक वीर, शौर्य और सतीधर्म की महत्ता बताये जाने वाली कथा के रूप में सुनाया करते थे। कवि लोग कविता के रूप में निबद्ध कर उसे एक स्थायी और अधिक व्यापक स्वरूप दे देते थे। जायसी, हेमरतन आदि कवि इसी प्रकार पद्मिनी की कथा को स्थायी स्वरूप देनेवाले कवि हैं। जिस प्रकार जायसी ने किन्हीं बीजकों के आधार पर अपनी *पद्मावत* कथा की रचना की, उसी प्रकार हेमरतन ने भी ऐसे ही किन्हीं बीजकों के आधार पर अपनी रचना की है।''[34]

6.

पद्मिनी-रत्नसेन कथा बीजक के आधार पर जायसी ने 1540 ई में और हेमरतन 1588 ई. में अपनी रचनाएँ कीं, लेकिन इससे पूर्व भी इस बीजक को कथा-काव्य का

स्वरूप देने के उपक्रम होते रहे हैं। प्राचीन साहित्य के विशेषज्ञ और पाठ संपादनकर्ता अगरचंद नाहटा के संग्रह में *गोरा-बादल कवित्त* नामक एक 82 छंदों की रचना उपलब्ध है, जो इन दोनों से प्राचीन है।[35] इस कृति का रचनाकार और रचना समय ज्ञात नहीं है, लेकिन एक तो इसके कवित्तों को परवर्ती सभी रचनाकारों ने उद्धृत किया है और दूसरे, इसकी भाषा और रचना शैली जायसी से पहले की है। *गोरा-बादल कवित्त* के कुछ कवित्त छंदों को पद्मिनी-गोरा-बादल प्रकरण पर कथा-काव्य रचना करने वालों- हेमरतन (1588 ई.), लब्धोदय (1649 ई.) और दलपति विजय (1673-1712 ई.) ने अपनी रचनाओं में उद्धृत किया है।[36] हेमरतन, लब्धोदय और दलपति विजय ने जिस तरह से इस रचना के कवित्तों को अपनी रचनाओं में उद्धृत किया है, उससे यह सिद्ध है कि यह जायसी-हेमरतन से पहले की, और पर्याप्त लोकप्रिय रचना थी। हेमरतन ने अपनी रचना में कुछ कवित्त *गोरा-बादल कवित्त* से अलग भी उद्धृत किए हैं, जो इस बात का प्रमाण हैं कि इसके अलावा भी इस प्रकरण पर जायसी-हेमरतन से पहले रचनाएँ हुई थीं। *गोरा-बादल कवित्त* की रचना शैली और भाषा, दोनों जायसी-हेमरतन से प्राचीन है। इसकी भाषा प्राकृत-अपभ्रंश के निकट की भाषा है और इसमें वियोगात्मकता की प्रवृत्ति उस तरह से नहीं है, जिस तरह से यह परवर्ती देश भाषाओं में बढ़ गई है। हेमरतन केवल दूहा-चौपई इस्तेमाल कर रहा है, जबकि *कवित्त* में छंद वैविध्य पर्याप्त है। इसमें संस्कृत श्लोक का भी प्रयोग भी हुआ है। इसमें प्रयुक्त क्रिया पद- ग्रहंति, झालंति फुट्टई, तुट्टई आदि भी प्राकृत की तरह हैं।[37] इसकी पुष्टि प्राचीन साहित्य के विशेषज्ञ मुनि जिनविजय और इतिहासकार दशरथ शर्मा ने भी की है। मुनि जिनविजय ने लिखा है कि ''इन कवित्तों के समय का कोई ज्ञापक निर्देश नहीं मिला, तथापि इनकी भाषा व रचना शैली से इतना तो ज्ञात होता है कि ये जायसी के समय से पूर्ववर्ती हैं।''[38] इतिहासकार दशरथ शर्मा की राय भी यही है। उनके अनुसार ''भाषा और शैली की दृष्टि से यह रचना *पद्मावत* से कुछ विशेष अर्वाचीन प्रतीत नहीं होती।''[39]

7.

पद्मिनी प्रकरण का *छिताई वार्ता* में उल्लेख भी यह भी प्रमाणित करता है कि जायसी के *पद्मावत* से पूर्व यह कथा बीजक लोक में प्रचलन में था। आरंभ में इस रचना के समय को लेकर अनिश्चय रहा। बीकानेर के खरतरगच्छीय ज्ञान भंडार और प्रयाग म्यूनिसिपल म्यूजियम की कुल दो प्रतियों को आधार बनाकर माताप्रसाद गुप्त के संपादन में *छिताई वार्ता* के नाम से इसका प्रकाशन 1958 ई. हुआ।[40] एक तो ये दोनों प्रतियाँ अधूरी थीं और दूसरे, इनका पाठ भी भ्रष्ट था। विद्वानों ने इस आधार पर इस

रचना के कुछ अंशों को प्रक्षिप्त मानकर इसको *पद्मावत* के बाद की रचना मान लिया। इसका परिचय देते हुए रुद्र काशिकेय ने इसको *पद्मावत* परवर्ती रचना सिद्ध करते हुए लिखा कि "चूँकि फ़रिश्ता ने अपना इतिहास जायसी के सत्तर बरस बाद लिखा, इसलिए बहुत संभव है नारायणदास ने जिस समय *छिताई वार्ता* की रचना की उस समय *पद्मावत* ही उनके सामने मौजूद हो और तब निश्चय ही पद्मिनी की कहानी उन्हें *पद्मावत* से ही ज्ञात हुई होगी।"[41] रुद्र काशिकेय ने इस रचना के प्रतिलिपिकाल 1590 ई. (वि.सं.1647) के आधार पर इसकी रचना इसके बीस वर्ष पहले 1570 ई. (वि.सं.1627) में मानी है।[42] *छिताई वार्ता* को *पद्मावत* के बाद की रचना मानने का रूद्र काशिकेय का आग्रह सही नहीं है। मुश्किल यह है कि वे *छिताई वार्ता* के अंत:साक्ष्य के बजाय उसमें उल्लिखित पद्मिनी विषयक कथा बीजक के आधार पर इसको *पद्मावत* परवर्ती रचना सिद्ध करते हैं, जो युक्तिसंगत नहीं लगता। माताप्रसाद गुप्त ने नारायणदास की *छिताई वार्ता* का समय सारंगपुर के शासक सलाहुद्दीन (सलहदी तँवर) संबंधी बाबर की आत्मकथा के उल्लेख के आधार पर 1526 ई. (वि.सं.1583) माना है।[43] *छिताई वार्ता* में इसकी रचना के समय का उल्लेख इस प्रकार है- *पंद्रह सइ रु तिरासी माता। कछूक सुनी पछ्ली बाता॥ सुदि आषाढ़ सातइं तिथि गई। कथा छिताई जंपन लई॥*[44] इतिहासकार दशरथ शर्मा ने भी इसके आधार पर लिखा है कि "सलहदी (सलाउद्दीन) की मृत्यु 6 मई, 1532 ई. को हुई। इससे स्पष्ट है कि *छिताईचरित* की रचना इससे पूर्व हुई होगी।"[45] माताप्रसाद गुप्त की संपादित *छिताई वार्ता* के प्रकाशन और इसके रचना समय को लेकर हुए विवाद के बाद संयोग से अगरचंद नाहटा को होशियारपुर के साधु आश्रम स्थित विश्वेश्वरानंद वैदिक शोध संस्थान से इसकी पूर्ण प्रति मिल गई। उपलब्ध तीन प्रतियों के आधार पर हरिहरनिवास द्विवेदी और अगरचंद नाहटा के संपादन में 1960 ई. में *छिताईचरित* नाम से इसका ग्वालियर से प्रकाशन हुआ। प्रस्तावना में इसके रचनाकाल को लेकर सभी संदेहों को दूर करते हुए हरिहरनिवास द्विवेदी ने इसके अंत:साक्ष्यों के आधार पर इसको लगभग 1475-1480 ई. के बीच की रचना सिद्ध किया।[46] छिताई कथा को आधार बनाकर काव्य रचना करने वाले चार कवि- नारायणदास, रतनरंग, देवचंद्र और जान कवि हैं। रतनरंग और देवचंद्र ने नारायणदास की रचना में अपनी तरफ़ से कुछ जोड़कर इसको केवल नया रूप दिया है, जबकि जान कवि की रचना तीनों से सर्वथा स्वतंत्र और अलग है। *छिताई वार्ता* या *चरित* दरअसल नारायणदास, रतनरंग और देवचंद्र की संयुक्त रचना है। रतनरंग नारायणदास का शिष्य था, जबकि देवचंद्र उसका समकालीन था। अंत:साक्ष्यों से लगता है कि नारायणदास ने 1480 ई. आसपास इसको ग्वालियर में लिखा और 1526 ई. सारंगपुर में उसने इसको खेमचंद को सुनाया *(कथा*

छिताई जंपन लई)। यहाँ इसी समय देवचंद्र ने इसको सुना और उसने बाद में अपनी तरह से इसका पुनर्लेखन किया। देवचंद्र ने *छिताई वार्ता* की अपनी प्रस्तावना में लिखा है कि- *जइसी सिनी खेमचंद पासा। तैसी कवियन कही प्रगासा।* अर्थात् इस कथा को जिस रूप में मैंने खेमचंद्र के पास सुनी थी उसे उस रूप में कविजन को लिखकर सुनाई थी।[47] आगे उसने और लिखा कि- *आधी कथा नराइन कही। संपूरन दिउचंद उचरी।* अर्थात् आधी कथा नारायणदास ने कही थी। अब मैं देवचंद उसे पूरी कर रहा हूँ।[48] हरिहरनिवास द्विवेदी के अनुसार खेमचंद्र ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर का सभासद था और आख्यानों का प्रेमी था। उसके आग्रह पर ही मानिक ने 1489 ई. *बैताल पच्चीसी* लिखी। मानसिंह का राज्यकाल 1480 से 1516 ई. तक है। इस तरह यह तय है कि "किसी भी दशा में नारायणदास और देवचंद की रचनाएँ खेमचंद्र (1490 ई.) परवर्ती नहीं है।"[49] नारायणदास के अपने रचित अंश में जिस तरह से मानसिंह निर्मित मान मंदिर के निर्माण का सजीव वर्णन (पंक्ति सं. 238 से 292) किया है, उससे यह लगता है कि नारायणदास ने स्वयं इसको बनते हुए देखा होगा। हरिनिवास द्विवेदी का अनुमान है कि मानसिंह ने मानमंदिर का निर्माण राज्यारोहण (1480 ई.) के बाद कम समय में ही पूरा कर लिया था।[50] स्पष्ट है कि *छिताई वार्ता* या *चरित्र* की रचना जायसी के *पद्मावत* से पहले हुई और उसमें पद्मिनी विषयक कथा बीजक था। विजयदेवनारायण साही ने जायसी को इस प्रकरण का पहला और असाधारण कोटि का कवि सिद्ध करने के लिए 'ऐसा नहीं, ऐसा हुआ होगा' की तर्ज़ पर *छिताई वार्ता* में पद्मिनी विषयक प्रकरण के उल्लेख को रतनरंग द्वारा प्रक्षिप्त मानने का आग्रह किया है, जो पूर्वाग्रह लगता है।[51] माताप्रसाद गुप्त की संपादित *छिताई वार्ता* अपूर्ण और अस्पष्ट प्रतियों पर निर्भर थी, इसलिए साही का यह संदेह कुछ हद तक मान्य था, लेकिन अब होशियापुर की प्रति मिल जाने के बाद इस संदेह का कोई आधार नहीं बचता। पद्मिनी विषयक प्रकरण अब तक उपलब्ध सभी प्रतियों में है, इसलिए इसके नारायणदास रचित होने की संभावना ही ज़्यादा है। यदि यह अंश रतनरंग या देवचंद का प्रक्षिप्त भी हो, तो भी अंत:साक्ष्यों से यह सिद्ध है कि ये दोनों भी या तो नारायणदास के समकालीन हैं या उसके आसपास के ही हैं। इस रचना के किस अंश का रचनाकार कौन है, यह तय करना बहुत मुश्किल काम है, लेकिन हरिहरनिवास द्विवेदी और अगरचंद नाहटा ने परिश्रमपूर्वक यह पहचान भी की है और उनके अनुसार इस रचना का पद्मिनी प्रकरण से संबंधित अंश नारायणदास द्वारा ही रचित है। कुल मिलाकर यह साफ़ है कि *छिताई वार्ता* या *चरित पद्मावत* से पूर्व की रचना है और इसमें आया पद्मिनी विषयक प्रकरण प्रक्षिप्त नहीं है। *छिताईचरित* में यह उल्लेख इस प्रकार है –

देवगिरि छोडि सौंरसी गईयो। पातसाहि मनु धओखौ भइयो।
मनमहि धोखौ उपनौ साहि। गई छिताए संगहि ताही।।422।।
ढोवा करति होइ दिन हारी। राधौचेतन लीलीयो हकारी।
मेरी कहिउ न मानइ राउ। बेटी देइ न छांडइ ठाऊं।।423।।
सेवा करई न कुत्बा पढई। अहै निसि जूझि बरबर चढई।
धसि सौंरसी देसतरु गयो। अति धोखौ मेरे जिय भयो।।424।।
रनथंभौर देवल लगि गयो। मेरो काज न एकौ भयो।
इउं बोलइ ढीली कौ धनी। मइ चित्तौर सुनी पदुमिनी।।425।।
बंध्यौ रतनसेन मइ जाइ। लइगो बादिल ताहि छंडाइ।
जो अबके न छिताई लेऊं। तो यह सीस देवगिरि देऊं।।426।।

अर्थात् बादशाह के मन में संदेह हो गया (उसे यह समाचार मिल गया) कि समरसिंह देवगिरि छोड़ कर चला गया है। बादशाह को यह संदेह भी हुआ कि उसके साथ छिताई भी चली गई है। (422) आक्रमण करते हुए दिन नष्ट (हारी) हो रहे हैं (यह जानकर उसने) राघवचेतन को बुलाया। (बादशाह ने) राघवचेतन को कहा कि राजा (रामदेव) मेरा कहा नहीं मानता। वह न बेटी देता है और न स्थान छोड़ता है। (423) वह न सेवा करता है, और न (अधीनतासूचक) ख़ुत्बा पढ़ता है। समरसिंह निकलकर देशांतर चला गया है। इससे मेरे जी में अत्यंत धोखा हुआ है। (424) ''मैं देवल (देवी) के लिए रणथंभोर गया; किंतु मेरा एक भी काम सिद्ध नहीं हुआ।'' (फिर) दिल्ली के स्वामी ने कहा, ''मैंने चित्तौड़ में पद्मिनी के संबंध में सुना। (425) मैंने जाकर रत्नसेन को बाँध लिया, किंतु बादल उसे छुड़ा ले गया। जो अबकी बार मैंने छिताई को न लिया, तो यह सिर मैं देवगिरी को अर्पित करूँगा।'' (426)[52] स्पष्ट है कि *छिताई वार्ता* या *चरित* की रचना जायसी की *पद्मावत* (1540 ई.) के पहले लगभग 1475-1480 ई. के बीच कभी हुई और इसके रचनाकार ने इसमें पद्मिनी प्रकरण के कथा बीजक का इस्तेमाल किया था। संभावना यही है कि जायसी से पहले यह कथा बीजक लोक की स्मृति में मौखिक और लिखित, दोनों रूपों में मौजूद था और यह यहीं से *छिताई वार्ता* या *चरित* में आया और इसी को आधार बनाकर जायसी और हेमरतन सहित अन्य कवि-आख्यानकारों ने अपनी रचनाएँ कीं। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण (1303 ई.) संबंधी देशज ऐतिहासिक कथा-काव्य की सुदीर्घ परंपरा लोक में सदियों से प्रचलित कथा बीजक पर आधारित है और इनकी जायसी के *पद्मावत* (1540 ई.) पर निर्भरता की धारणा सर्वथा निराधार है। यह धारणा उन 'आधुनिक' इतिहासकारों-विद्वानों ने बनायी है, जिन्हें लोक में स्मृति के व्यवहार के ख़ास ढंग और इस प्रकरण से संबंधित देशज कथा-काव्यों के संबंध में कोई जानकारी

नहीं थी। *पद्मावत* की ख्याति इसकी रचना के पचास वर्ष में ही जायस से सुदूर राजस्थान में पहुँच गई, यह विश्वसनीय नहीं लगता। जायसी कवि तो बड़े थे, लेकिन वे बहुत लोकप्रिय नहीं थे– उनका उल्लेख पारंपरिक इतिहास और सांप्रदायिक साहित्य में नहीं मिलता। राजस्थान, पंजाब और गुजरात, जहाँ पारंपरिक पद्मिनी–कथा–काव्यों की रचना हुईं, के ग्रंथागारों में *पद्मावत* की कोई प्रति नहीं मिलती। इन कथा–काव्यों के रचनाकारों ने *पद्मावत* को कहीं भी उद्धृत नहीं किया, जबकि पारंपरिक कथा–काव्यों में पूर्व की संबंधित रचनाओं के प्रसिद्ध कथनों को उद्धृत करने की परंपरा थी। इस कथा बीजक के आधार पर जायसी ने 1540 ई. में और हेमरतन 1588 ई. में अपनी रचनाएँ कीं, लेकिन इससे पूर्व भी इस बीजक को कथा–काव्य का स्वरूप देने के उपक्रम होते रहे थे। इन दोनों से प्राचीन *गोरा–बादल कवित्त* नामक रचना उपलब्ध है। पद्मिनी प्रकरण का *छिताईचरित* (1475–1480 ई.) में उल्लेख भी यह भी प्रमाणित करता है कि जायसी के *पद्मावत* से पूर्व यह कथा बीजक लोक में प्रचलन में था। परवर्ती इस्लामी इतिहासकार मोहम्मद क़ासिम फ़रिश्ता, अबुल फ़ज़ल और हाजी उद्दबीर के पद्मिनी संबंधी प्रकरण के वृत्तांत भी जायसी की *पद्मावत* के बजाय पारंपरिक कथा बीजक या पारंपरिक देशज आख्यानों–ख्यातों पर निर्भर हैं।

संदर्भ और टिप्पणियाँ:

1. गौरीशंकर हीराचंद ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास* (जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार,1996–97), 1: 190.
2. जेम्स टॉड, ''ऑथर्स इंट्रोडक्शन'', *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* संपा. विलियम क्रूक (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1971, प्रथम संस्करण 1920), 1: IXII.
3. जेम्स टॉड, वही, 1: 307.
4. श्यामलदास, *वीरविनोद–मेवाड़ का इतिहास* (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1986, प्रथम संस्करण 1886), 1: 286.
5. वही, 286.
6. वि.ए. स्मिथ, *ओक्सफ़ोर्ड हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया* (लंदन: ओक्सफ़ोर्ड, संशोधित संस्करण 1921), 233.
7. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 190.
8. वही, 187.
9. वही, 190.
10. किशोरीसरन लाल, *हिस्ट्री ऑफ़ ख़लजीज़* (मुबई: एशिया पब्लिकेशन हाउस,1967), 122.

11. कालिकारंजन कानूनगो, *स्टीडीज़ इन राजपूत हिस्ट्री* (दिल्ली: एस चंद एंड कंपनी, 1960), 1.

12. वही, 19.

13. इरफ़ान हबीब और हरबंश मुखिया ने फ़िल्म 'पदमावत' पर विवाद के दौरान अपने विचार नितिन रामपाल की स्टोरी (''पदमावती कंट्रोवर्सी: हिस्ट्री इज एट रिस्क ऑफ़ बीइंग ट्रेप्ड बिटविन लेफ्ट राइट इंटरप्रिटेशन्स ऑफ़ दी पास्ट,'' *फर्स्ट पोस्ट,* 21 सितंबर 2019, https://www.firstpost.com/india/padmavati-controversy-history-is-at-risk-of-being-trapped-between-left-right-interpretations-of-the-past-ywwz4225695.html) में व्यक्त किए।

14. रजत दत्ता, ''रानी पदमिनी: ए क्लासिक केस ऑफ़ हाउ लोर वाज इंसरटेड इन टू हिस्ट्री,'' दि वायर, 1 दिसंबर 2017, https://thewire.in/200992 /rani-padmini-classic-case-lore-inserted-history/.

15. रम्या श्रीनिवासन, *दि मेनी लाइव्ज़ ऑफ़ ए राजपूत क्वीन* (सिएटले: युनिवर्सिटी ऑफ़ वाशिंगटन प्रेस, 2007), 3.

16. जार्ज अब्राहम गियर्सन, *दि मोडर्न वरनाक्यूलर लिटरेचर ऑफ़ हिंदुस्तान* (कलकत्ता: दि एशियाटिक सोसायटी, 1889), 15.

17. अबुल फ़ज़ल एल्लामी, *आईन-ए-अकबरी,* अनु. एवं संपा. एच.एस. जैरट (दिल्ली: लो प्राइस पब्लिकेशन, 2011, प्र. सं. 1927), 1: 274.

18. अब्द-अल-क़ादिर बदायूनी, *मुंतख़ब-अल-तवारीख़,* अंगेजी अनुवाद वोलेस्ले हेग (कलकत्ता: एशियाटिक सोसायटी, 1925), 3: 47.

19. थोमस विलियम बेयले, हेनरी जार्ज कीने, संपा., *एन ओरियंटल बायोग्राफ़िकल डिक्शनरी* (लंदन, 1894, न्यूयार्क: क्राउस रीप्रिंट कारपोरेशन, 1965), 309.

20. विजयदेवनारायण साही, *जायसी* (इलाहाबाद: हिंदुस्तानी एकेडेमी, चतुर्थ संस्करण 2017), 23.

21. मुहम्मद क़ासिम फ़रिश्ता, *हिस्ट्री ऑफ़ राइज दि मोहम्मडन पॉवर इन इंडिया* (टिल दि ईयर 1612 ए.डी.), अनु. एवं संपा., जॉन ब्रिग्ज (कलकत्ता: आर. केम्ब्रे एंड कंपनी, 1909), 1: 206.

22. मुनि जिनविजय, ''गोरा-बादल पदमिणी चउपई विषयक एक पर्यालोचन,'' *गोरा-बादल चरित्र* (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, तृतीय संस्करण 2000), 34.

23. अबुल फ़ज़ल एल्लामी, *आईन-ए-अकबरी,* 1: 274.

24. वही, 274.

25. अब्दुल्लाह मुहम्मद उमर अल-मक्की अल-आसफ़ी अल-उलुग़ख़ानी हाजी उद्दबीर, *ज़फ़रुल वालेह बे मुज़फ़्फ़र वालेह- एन अरेबिक हिस्ट्री ऑफ़ गुजरात* (बड़ौदा: ओरियंटल इंस्टिट्यूट, 1974), 1: 645-646.

26. *पदमावत* की फ़ारसी-अरबी में कई प्रतियों मिलती हैं। रामचंद्र शुक्ल ने उपलब्ध 13 प्रतियों

को आधार पर इसका पाठ संपादन किया, जिनमें से पाँच प्रतियाँ अच्छी थीं। इनमें से चार लंदन स्थित कॉमनवेल्थ ऑफ़िस में हैं और पाँचवीं प्रति गोपालचंद के पास है। वासुदेवशरण अग्रवाल ने गोपालचंदवाली प्रति के साथ प्रो. श्रीहसन असकरी के पास बिहार से उपलब्ध दो प्रतियों के आधार पर इसका पाठ संपादन किया है। वासुदेवशरण अग्रवाल ने मनेर शरीफ़ के ख़ानका पुस्तकालय की प्रति का भी अपने संपादन में उपयोग किया है। माताप्रसाद गुप्त ने 16 प्रतियों को आधार बनाकर इसका संपादन किया, जो 1963 ई. में प्रकाशित हुआ। *पद्मावत* मध्यकाल में ही लोकप्रिय हो गया था। 1650 ई. में अराकान के वज़ीर मगन ठाकुर ने इसका बँगला में अनुवाद करवाया। *पद्मावत* की अधिकांश प्रतियाँ अवध और बिहार क्षेत्र मिली हैं।

27. मुनि जिनविजय, ''गोरा-बादल पदमिणी चउपई विषयक एक पर्यालोचन,'' *गोरा-बादल चरित्र,* 18.

28. रम्या श्रीनिवासन, *दि मेनी लाइव्ज़ ऑफ़ ए राजपूत क्वीन,* 3.

29. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* संपा. उदयसिंह भटनागर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, द्वि. संस्करण 1997), 98.

30. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 1.

31. *ऋग्वेद* में प्रयुक्त आख्यान संकेतों में से कुछ इस प्रकार हैं- 1. शुनःशेप (1.24), 2. अगस्त्य और लोपामुद्रा (1.179), 3. गृत्समद (2.12), 4. वसिष्ठ और विश्वामित्र (3.53, 7.33 आदि), 5. सोम का अवतरण (3.43), 6. त्र्यरुण और वृशजान (5.2), 7. अग्नि का जन्म (5.11), 8. श्यावाश्व (5.32), 9. बृहस्पति का जन्म (6.71), 10 राजा सुदास (7.18), 11. नहुष (7.95),12. अपाला (8.91), 13. नाभानेदिष्ठ (10.61.62), 14. वृषाकपि (10.86), 15. उर्वशी और पुरुरवा (10.95), 16. सरमा और पणि (10.108), 17. देवापि और शन्तनु (10.98), 18. नचिकेता (10.135) आदि।

32. राधावल्लभ त्रिपाठी, ''भारतीय कथा परंपरा,'' *कथा संस्कृति,* संपा. कमलेश्वर (नयी दिल्ली: भारतीय ज्ञानपीठ, 2006), 56.

33. वही, 63.

34. मुनि जिनविजय, ''गोरा-बादल पदमिणी चउपई विषयक एक पर्यालोचन,'' 18.

35. *गोरा बादलरा कवित्त* की पांडुलिपि (ग्रंथांक-7499) अगरचंद नाहटा संग्रह (अभय जैन ग्रंथ भंडार, बीकानेर) में संग्रहीत है।

36. देखिए: अध्याय-2 की टिप्पणी सं. 7.

37. *गोरा-बादल कवित्त,* 115-124.

38. जिनविजय, ''गोरा-बादल पदमिणी चउपई विषयक एक पर्यालोचन,'' 19.

39. दशरथ शर्मा, ''रानी पदमिनी-एक विवेचन,'' *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 4.

40. नारायणदास, *छिताई वार्ता,* संपा. माताप्रसाद गुप्त (काशी: नागरी प्रचारिणी सभा, 1958).

41. रुद्र काशिकेय, ''भूमिका,'' वही, 20.

अध्याय - 4

कथा योजना

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर आधारित ऐतिहासिक कथा-काव्यों की कथा योजना परंपरा से उपलब्ध इसके कथा बीजक पर आधारित है। यह कथा बीजक कमोबेश इन सभी रचनाओं में मौजूद है। भारतीय कथा-काव्य की प्राचीन परंपरा के अनुसार इनमें एक ही कथा बीजक का अलग-अलग तरह से पल्लवन और विस्तार भी है। आधुनिक इतिहास में जिस तरह से 'यथातथ्यता' और 'आनुभविक' का आग्रह होता है, वैसा इन रचनाओं में नहीं है, लेकिन इनमें 'इतिहास' का कथा में रूपांतरण है। यह रूपांतरण इतिहास को कथा और कभी-कभी मिथ में बदल देता है, जो हमारे लोक का स्वभाव है। वह इतिहास का कथा में रूपांतरण इस तरह करता है कि इसमें नाम संज्ञाएँ और घटनाओं के कुछ मोड़-पड़ाव तो इतिहास के रह जाते हैं और शेष कथा या गल्प हो जाता है। इन रचनाओं में इतिहास और उसकी कथा योजना में पर्याप्त देशज वैविध्य है, जो कथा योजना के समय की ख़ास सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरत और प्रचलित कथा-कवि समयों, अभिप्रायों और कथा रूढ़ियों के अनुसार है। ख़ास बात यह है कि यह कथा बीजक जायसी की कल्पना नहीं है- यह एक ऐतिहासिक घटना की लोक में निरंतर स्मृति से बना है और स्मृति में निरंतर यात्रा के दौरान इसके मोड़-पड़ाव भी बदलते रहे हैं।

1.

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण को लेकर इतिहासकार और विद्वान् एक राय नहीं हैं, लेकिन उनकी राय को ध्यान में रखकर यहाँ इस घटना के लगभग निर्विवाद और मान्य चरित्र, घटनाएँ और कुछ मोड़-पड़ाव तय किए जा सकते हैं। यह प्रकरण इतना विवादित है कि इस संबंध में किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुँचना बहुत मुश्किल काम है, लेकिन राजस्थान के आधुनिक और लगभग सर्वत्र मान्य इतिहासकार गौरीशंकर हीराचंद ओझा

के अनुसार चौदहवीं सदी के आरंभ में रत्नसिंह चित्तौड़ का शासक था और पद्मिनी उसकी रानी थी। दिल्ली में सत्तारूढ़ अलाउद्दीन ख़लजी ने रत्नसिंह के समय चित्तौड़ पर आक्रमण किया। यह अलग बात है कि कुछ आधुनिक इतिहासकार चौदहवीं सदी के आरंभ में रत्नसिंह और उसकी रानी पद्मिनी का अस्तित्व ही संदेहास्पद मानते हैं। गौरीशंकर ओझा ने रत्नसिंह, पद्मिनी और अलाउद्दीन ख़लजी, इन तीनों के अस्तित्व को ऐतिहासिक माना है।[1] पद्मिनी का उल्लेख समकालीन इस्लामी, अरबी-फ़ारसी स्रोतों में नहीं हैं, इसलिए इस आधार पर कुछ इतिहासकार उसके अस्तित्व को काल्पनिक मानते हैं, जबकि कुछ अन्य इतिहासकार अमीर ख़ुसरो के *ख़ज़ाइन-उल-फ़ुतूह* में मौजूद एक सांकेतिक उल्लेख के आधार पर उसके ऐतिहासिक अस्तित्व को स्वीकार करते हैं।[2] लोक स्मृति और देशज आख्यानों में तो वह सदियों से है। राघवचेतन का अस्तित्व भी कमोबेश प्रामाणिक है- उसका उल्लेख इस्लामी स्रोतों में तो नहीं है, लेकिन अन्य समकालीन जैन और पुरातात्त्विक स्रोतों में यह एकाधिक जगह पर मिलता है। समकालीन देशज जैन स्रोतों में राघवचेतन का उल्लेख एक तांत्रिक और 'अफंडी ब्राह्मण' के रूप में है।[3] इस तरह इतना तो लगभग इतिहास सिद्ध है कि रत्नसिंह और पद्मिनी, राजा और रानी के रूप में चौदहवीं सदी के आरंभ में चित्तौड़ में थे, अलाउद्दीन ख़लजी ने उनकी मौजूदगी में चित्तौड़ पर चढ़ाई की थी और राघवचेतन इस दौरान एक तांत्रिक के रूप में ख्यात था।

इतिहास की इस घटना या प्रकरण का कथा पल्लवन और विस्तार पारंपरिक देशज कथा-काव्यों में कुछ समानताओं के बावजूद अलग-अलग तरह से हुआ है। इन अधिकांश कथा-काव्यों में रत्नसेन, पद्मिनी, अलाउद्दीन ख़लजी और राघवचेतन के साथ गोरा-बादल भी हैं। पल्लवन और विस्तार रचनाकारों की विचारधारा, प्रयोजन और मूल्य निष्ठा के अनुसार है। स्वामिधर्म, सतीत्व, जातीय स्वाभिमान आदि मूल्यों की प्रतिष्ठा के साथ मनोरंजन भी इनका लक्ष्य है और इनके अनुसार यह प्रकरण सभी कथा-काव्यों में अलग-अलग तरह से आया है। उस समय संचार और आवागमन के साधन नहीं थे, इसलिए जानकारियों का प्रचार-प्रसार यथातथ्य नहीं होता था, इसलिए इन कथा-काव्यों में ऐतिहासिक चरित्रों के नाम, कुल-वंश आदि जानकारियाँ भी अलग-अलग तरह से आई हैं। एक ख़ास बात इनके कथा पल्लवन के संबंध में यह भी है कि इनके कुछ रचनाकारों के जैन यति-मुनि और श्रावक होने के बावजूद इनमें धार्मिक आग्रह कहीं भी नहीं है। रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण पर निर्भर इन कथा-काव्यों में कथा विस्तार और उसका पल्लवन समान धार्मिक-सामाजिक पृष्ठभूमिवाले जैन यति-मुनि रचनाकारों के यहाँ भी कुछ हद तक एक-दूसरे से अलग है।

2.

पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर देशज कथा–काव्यों के कथा विस्तार और उसके पल्लवन की ख़ास बात यह है कि इसमें रचनाकारों की प्राथमिकताएँ, चरित्रों की नाम संज्ञाएँ और उनकी पहचानें एकरूप और समान होने की जगह अलग–अलग हैं। यह कथा मुख्यत: पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर आधारित है, लेकिन सभी कथा–काव्यों में यह प्रकरण प्रमुख नहीं है। रचनाकारों ने अपनी रुचि और ज़रूरत के अनुसार गोरा–बादल के स्वामिधर्म, पराक्रम और बलिदान को भी कुछ कथा–काव्यों में प्रमुखता दी है। *गोरा–बादल कवित्त* में गोरा–बादल प्रकरण प्रमुख है, लेकिन हेमरत्न, लब्धोदय, जटमल नाहर और दलपति विजय के यहाँ पद्मिनी–रत्नसेन कथा में ही यह प्रकरण भी आ गया है। *पाटनामा* में और दयालदास के यहाँ इस संबंध में नज़रिया अलग है– दयालदास कृत *राणारासो* में गोरा–बादल प्रकरण नहीं है, तो *पाटनामा* में इसको प्रमुखता नहीं दी गई है। *पाटनामा* और *राणारासो* चारण रचनाएँ हैं, इसलिए इनमें प्रयोजन कुल–वंश की प्रशस्ति है। *राणारासो* में पारंपरिक चारण कवि–कथा समयों का भी इस्तेमाल हैं। *पाटनामा* में कुल–वंश प्रशस्ति के साथ कल्पना को, प्रामाणिक लगने वाले विवरणों के साथ, यथार्थ की तरह प्रस्तुत करने का पेशेवर कौशल भी है। यहाँ प्रशस्ति के साथ मनोरंजन के लिए रोचकता का भी ध्यान रखा गया है। रत्नसिंह और पद्मिनी के कुल–वंश के संबंध में सभी रचनाकार एक राय नहीं हैं। मलिक मुहम्मद जायसी की तरह जटमल नाहर के अनुसार रत्नसिंह चौहान वंश से है, जबकि शेष अधिकांश रचनाओं में वह गुहिल (गहलोत) वंशी है।[4] समिओकार रत्नसिंह के लिए 'चित्तौड़ाधिपति खुम्माण रत्नसिंह देव' लिखता है।[5] हेमरतन, लब्धोदय और दलपति विजय के अनुसार पद्मिनी सिंघल द्वीप के राजा की बहिन है, जिसने प्रण *(परतिज्ञा जे पूरबे रे, तासु ठवे वरमाल रे)* ले रखा है कि जो उसके भाई को शतरंज के खेल या युद्ध में हरायेगा, वह उसी से विवाह करेगी।[6] दलपति विजय के यहाँ खेल शतरंज की जगह चौपड़ है। कहा गया है– *अभिग्रह लीधो एहबो नार। जीपें मुझ थी परसा पार।*[7] पद्मिनी के कुल–वंश के संबंध में उल्लेख केवल *पाटनामा* और *समिओ* में है। *पाटनामा* के अनुसार वह सिंघल द्वीप के मनोहरगढ़ गाँव के समरसिंह पँवार की बेटी है। कहा गया है– *राजा समनसी री बेटी नाम मदनकुवरी।*[8] समिओकार ने सिंघल द्वीप के राजा को चाइल कुल–वंश का माना है और यह जानकारी भी *समिओ* के अतिरिक्त और कही नहीं मिलती। एक जगह उल्लेख है कि– *राव चाहिल सीख पदमावती कीनी।*[9] गोरा और बादल, दोनों काका–भतीजा हैं और *कवित्त* में और हेमरतन, लब्धोदय और दलपति विजय के यहाँ चौहान हैं। *कवित्त* में उल्लेख है कि *चहुणा कुल ऊपना।*[10] *कवित्त* में बादल

की उम्र 23 वर्षीय है। कहा गया है कि- *वरस वीस त्रणि अग्गलऊ।*[11] इन रचनाओं में अलाउद्दीन से लड़ते हुए गोरा का निधन हो जाता है और बादल जीवित रहता है। गोरा की पत्नी इनमें से अधिकांश में सती होती है। इन अधिकांश रचनाओं में बादल की माँ और पत्नी युद्ध के लिए आमादा बादल को रोकने का प्रयास करती है। बादल और उनके बीच हुए संवाद को इनमें से कुछ रचनाओं में ख़ास महत्त्व दिया गया है। *पाटनामा* में यह प्रकरण अलग तरह से है। यहाँ गोरा और बादल सहित फातिया और जेतमाल तथा सेवक रामा और कला विवाहोपरांत पद्मिनी के साथ सिंघल द्वीप से चित्तौड़ आते हैं। चित्तौड़ में रत्नसिंह इनको जागीरें देता है और इनके लिए आवास बनवाता है।[12] हेमरतन और लब्धोदय के यहाँ और *पाटनामा* में रत्नसिह की पटरानी का प्रभावती का भी नामोल्लेख है, जिससे भोजन के स्वादहीन होने पर नाराज़ होकर वह पद्मिनी लाने का निश्चय करता है। हेमरतन ने लिखा है-*पटराणी तसु प्रभावती* और लब्धोदय ने लिखा है- *पटराणी प्रभावती रंभारूप समान*[13], जबकि *पाटनामा* में यह रानी पाढ़ियारिनी है।[14] हेमरतन, लब्धोदय और दलपति विजय ने पद्मिनी से विवाह पूर्व उसकी पटरानी के एक पुत्र का नामोल्लेख भी किया है, जो सामंतों के साथ मिलकर यह निश्चय करता है कि पद्मिनी अलाउद्दीन ख़लजी को देकर राजा को ले लेना चाहिए। हेमरतन और लब्धोदय के अनुसार उसका नाम वीरभाण है[15], जबकि दलपति विजय के अनुसार उसका नाम जसवंत सिंह है।[16] राघवचेतन के संबंध में इन रचनाओं का रवैया अलग-अलग तरह का है और *पाटनामा* में तो यह अन्य रचनाओं से सर्वथा अलग है। *कवित्त* के अनुसार राघवचेतन परदेशी ब्राह्मण है, जो राजा के साथ निकटता क़ायम कर लेता है। *कवित्त* में एक जगह उल्लेख है कि- *विप्र एक परदेस थीं, फिरत आयउ तिण ठायह।*[17] हेमरतन और लब्धोदय के अनुसार वह देश का ही ब्राह्मण है और जटमल नाहर और समिओकार के अनुसार वह सिंघल द्वीप निवासी है, जो पद्मिनी के विवाहोपरांत उसके साथ चित्तौड़ आया है।[18] *पाटनामा* में राघव और चेतन दो व्यक्ति हैं, जो रत्नसिंह के पारंपरिक बहीबंचा, मतलब वंशावली लेखक हैं। ख़ास बात यह है कि *पाटनामा* में आरंभ में राघव और चेतन खलनायक हैं, लेकिन अंतिम चरण में उनको स्वामिभक्त दिखाया गया है। ये दोनों वंशावली में पद्मिनी के नामोल्लेख के बदले विवाह में प्राप्त दहेज का आधा अपने को देने की माँग करते हैं। जब यह नहीं मिलता है और राजा इसके लिए एकाधिक बार उनसे बादशाह चढ़ा लाने का आग्रह करता हैं, तो वे दिल्ली चले जाते हैं। अलाउद्दीन इन दोनों के परामर्श पर चित्तौड़ पर चढ़ाई करता है, लेकिन राजा से भेंट के बाद स्वामिभक्ति दिखाते हुए ये दोनों राजा को मुक्त करवाने की योजना बनाकर उसको अमल में लाने में गोरा-बादल और अन्य सामंतों की मदद करते हैं।[19]

3.

पद्मिनी–रत्नसेन विषयक देशज कथा–काव्यों के मोड़–पड़ाव भी एकरूप और समान नहीं हैं। इन कथा–काव्यों की शुरुआत एक–दूसरे से अलग है। जटमल नाहर, समिओकार और दयालदास की रचनाओं को छोड़कर शेष सभी कथा–काव्यों में कथा की शुरुआत स्वादहीन और अरुचिकर भोजन से राजा की नाराज़गी और इसके लिए पटरानी के पद्मिनी लाने के ताने–आग्रह से होती है। हेमरतन के यहाँ राजा कहता है– *आज न भोजन भावइ* तो रानी उत्तर में कहती है कि *भगति न भावई मुझ केळवी, तौ कई नारी आणउ नवी।* इसी तरह लब्धोदय के यहाँ राजा कहता है कि– *स्वाद रहित सब रसवती जी, कां न करो चित चेत* तो रानी जवाब देती है कि– *पदमिणी परणो नवी जी, जिम भोजन हुए सवाद।*[20] ख़ास बात यह है कि यह प्रकरण पहले से ही कुछ देशज कथा–कहानियों में कवि–कथा रूढ़ि की तरह प्रयुक्त होता रहा है। इन रचनाओं में कहीं इस कवि–कथा रूढ़ि का उल्लेख भर है, तो कहीं रचनाकारों ने इसको अपनी प्रतिभा से विस्तार दिया है। *कवित्त* सहित अन्य रचनाओं में यह बहुत संक्षिप्त है, जबकि *पाटनामा* में यह बहुत विस्तृत और रोचक है। कविता में विस्तार की गुंजाइश कम होती है, इसलिए कुछ रचनाओं में रचनाकार केवल इस घटना का उल्लेख करके आगे बढ़ गए हैं, लेकिन *पाटनामा* गद्य रचना है, इसलिए इसमें रचनाकार ने इस घटना को विवरणों के साथ प्रस्तुत किया है। इसमें राजा के आग्रह पर ब्राह्मणों के स्थान पर पटरानी सहित सभी रानियाँ अपने हाथों से भोजन बनाती हैं, जो उनसे अच्छा नहीं बनता। राजा सभी अतिथियों को भोजन कराने के बाद इसके स्वाद के संबंध में उनसे पूछता, तो वे सभी जान–बूझकर इसके अच्छे होने की बात कहते हैं। राजा बाद में स्वयं भोजन करता जाता है और इसे ख़राब पाकर रानियों को बुरा–भला कहता है। अंत में सभी की ओर से उत्तर में पटरानी कहती है कि उन्हें तो भोजन कराना नहीं आता, यदि राजा को अच्छा भोजन करना है, तो वह पद्मिनी ले आए। राजा नाराज़ होकर पद्मिनी लाने का निश्चय कर वहाँ से चल देता है। *पाटनामा* में यह घटना बहुत विस्तृत और बारीक विवरण के साथ है।[21] जटमल नाहर और समिओकार के यहाँ शुरुआत इससे भिन्न है– उनके अनुसार सिंघल द्वीप से चार भाट राजा के दरबार में आते हैं। राजा के पूछने पर वे बताते हैं कि सिंघल द्वीप ऐरावत हाथी और पद्मिनी स्त्रियों के लिए प्रसिद्ध है। राजा के पूछने पर वे बताते हैं कि स्त्रियाँ– शंखिनी, चित्रिणी, हस्तिनी और पद्मिनी, चार प्रकार की होती हैं और इनमें पद्मिनी सर्वश्रेष्ठ है। पद्मिनी स्त्री से कमल की गंध आती है ओर उसके चारों ओर भ्रमर मँडराते हैं। राजा के चित्त में पद्मिनी बस जाती है और वह इसको पाने के लिए सिंघल द्वीप जाने का निश्चय करता है।[22] दयालदास की शुरुआत और भी अलग

है। उसके अनुसार रत्नसिंह की राजधानी में गौरखनाथ या गोपीचंद नाम का एक योगी आता है। राजा उसके दर्शन के लिए जाता है और उसके पिछले चातुर्मास के संबंध में पूछता है, तो योगी उत्तर में कहता है कि उसका पिछला चातुर्मास सिंघल द्वीप में था, जहाँ कमल के समान सुगंधित पद्मिनी स्त्रियाँ हर घर में हैं। यह सुनकर राजा को प्रेम हो जाता और विरह संतप्त रहने लगता है। योगी उसकी यह अवस्था देखकर उसको योगबल से पद्मिनी प्रदान कर देता है।[23]

राजा का पद्मिनी से विवाह का निश्चय कर सिंघल द्वीप पहुँचने का वृत्तांत इन कथा काव्यों में बहुत संक्षिप्त और चामत्कारिक है। जायसी की तरह पारंपरिक कथाकारों ने इनमें सिंघल द्वीप के मार्ग का कोई विवरण नहीं दिया है। कवित्त में केवल यह उल्लेख है कि- *धरि मच्छर संघलि सांचरयउ, नेव जीत कन्या वरी* अर्थात् नाराज़ होकर रत्नसिंह सिंघल की ओर निकल पड़ा और प्रण जीतकर उसने कन्या (पद्मिनी) का वरण किया।[24] हेमरतन के यहाँ यह प्रकरण अपेक्षाकृत विस्तृत है। उसके अनुसार राजा अपने सेवक के साथ पद्मिनी की खोज में निकल पड़ा। पद्मिनी और सिंघल के मार्ग के संबंध में उसे एक पथिक ने बताया। वह दिन-रात एक करके समुद्र के किनारे पहुँचा, जहाँ उसकी भेंट एक उदास योगी से हुई। राजा के अनुरोध पर योगी ने उसको सेवक सहित आकाश मार्ग से सिंघल द्वीप पहुँचा दिया।[25] लब्धोदय ने इस संबंध में लगभग हेमरतन को दोहराया है। समिओकार और जटमल नाहर का यह वृत्तांत भी कमोबेश हेमरतन जैसा ही है। उनके अनुसार राजा के दरबार में चमत्कारी योगी आया और उसने राजा के अनुरोध पर अपनी मृगछाला बिछाई और दोनों को उस पर बैठाकर उसने उन्हें सिंघल द्वीप छोड़ दिया।[26] दलपति विजय का इस वृत्तांत का विवरण हेमरतन से मिलता-जुलता है। उसके अनुसार राजा सिंघल का मार्ग जानने वाले एक भाट को साथ लेकर समुद्र के किनारे पहुँचा, जहाँ उसकी भेंट एक सिद्ध योगी आयस से हुई। राजा के अनुरोध पर उसने दोनों को अपनी हथेलियों पर बैठाया और सिंघल द्वीप पहुँचा दिया।[27] दयालदास के यहाँ यह प्रकरण नहीं है, जबकि *पाटनामा* में यह सबसे अधिक विस्तृत है। *पाटनामा* के अनुसार राजा पद्मिनी से विवाह का निश्चय कर दुर्ग से नीचे तलहटी में आ गया, जहाँ उसकी भेंट एक दिन गोरखनाथ से हुई, जो अपने गुरु मच्छंदरनाथ से मिलने सिंघल द्वीप जा रहे थे। राजा ने पद्मिनी से विवाह और सिंघल द्वीप जाने की अपनी इच्छा उनको बताई। गोरखनाथ ने राजा को वचन दे दिया कि वह यह संभव कर देंगे। गोरखनाथ सिंघलद्वीप गए और अपने गुरु से अनुमति लेकर आए और राजा को आकाश मार्ग से अपनी उड़न खटोली में बैठाकर सिंघल द्वीप ले गए।[28] सभी कथा-काव्यों में विवाहोपरांत रत्नसेन की चित्तौड़गढ़ वापसी का केवल उल्लेख है, लेकिन *पाटनामा* में इसका विस्तृत विवरण

दिया गया है। *पाटनामा* में रत्नसेन के पद्मिनी सहित जहाज में बैठकर नौ दिन की यात्रा के बाद रामेश्वरम् पहुँचने, वहाँ रुककर रामेश्वरम् के दर्शन और वहाँ ब्रह्मभोज और दान-पुण्य आदि करने और फिर वहाँ से सेना सहित प्रस्थान कर तीर्थाटन करते हुए अठारह महीने बाद चित्तौड़गढ़ पहुँचने का वृत्तांत है।[29]

विवाह के बाद राजा की चित्तौड़ वापसी और राघवचेतन का नाराज़ होकर बादशाह के पास दिल्ली जाने का वृत्तांत भी इन सभी रचनाओं में अपनी-अपनी तरह से है- सभी ने इसे कमोबेश अपनी तरह से गढ़ा है। ख़ास बात यह है कि कुछ रचनाओं में तो सही मायने में कथा भी यहीं से शुरू होती है- इससे पूर्व की घटनाओं का इनमें केवल सांकेतिक उल्लेख है। राघव और चेतन *पाटनामा* में दो अलग व्यक्ति हैं[30] और हेमरतन *(राघव चेतन बेही जणा)* और लब्धोदय *(राघव चेतन दोई वसे चित्रकूट में व्यास)* भी उनको एक स्थान पर दो कहते हैं[31], शेष में वह एक व्यक्ति है। *कवित्त* में राघवचेतन एक परदेशी ब्राह्मण है, जो राजा के अत्यंत निकट है। खेल में एक दिन हार जाने पर राजा ने उससे दाँव माँगा। ब्राह्मण इससे अप्रसन्न होकर दिल्ली गया और बादशाह को प्रभावित कर चित्तौड़ पर चढ़ा लाया।[32] हेमरतन और उसके अनुवर्ती लब्धोदय के अनुसार पद्मिनी के साथ विलासरत होने के समय राघवचेतन के आगमन से क्षुब्ध होकर राजा ने उसको को देश निकाला दे दिया। राघवचेतन क्षुब्ध होकर दिल्ली गया और बादशाह को चित्तौड़ पर चढ़ा लाया।[33] समिओकार और जटमल नाहर का यह वृत्तांत अलग है और केवल उनके यहीं है। उनके अनुसार राजा और राघवचेतन, दोनों शिकार पर गए और लौटने में विलंब हो गया। राजा ने पद्मिनी को देखकर ही जल ग्रहण करने का प्रण ले रखा था, इसलिए दर्शन के लिए राघवचेतन ने पद्मिनी की प्रतिमा बनाई और उसकी जाँघ पर वैसा ही तिल बनाया, जैसा पद्मिनी की जाँघ पर था। राजा को इससे राघवचेतन के चरित्र पर संदेह हो गया और उसने उसको देश निकाला दे दिया।[34] दयालदास के वृत्तांत में राघवचेतन नहीं है। वह केवल यह लिखता है कि पद्मिनी से विवाहोपरांत दूसरे देशों के राजा रत्नसेन से ईर्ष्या करने लगे और दिल्ली के बादशाह अलाउद्दीन ख़लजी ने पद्मिनी पाने के लिए उस पर आक्रमण कर दिया।[35] *पाटनामा* में यह प्रकरण सर्वथा भिन्न है- इसमें राघव और चेतन, दोनों राजा रत्नसेन के बहीबंचा (वंशावली वाचक-लेखक) हैं। राजा की सिंघल द्वीप से विवाहोपरांत वापसी पर दोनों ने अपनी पारंपरिक बही में राजा की चौदह रानियों के साथ पंद्रहवीं रानी के रूप पद्मिनी का नाम दर्ज़ किया। बदले में उन्होंने परंपरानुसार विवाह में आए दहेज में से आधा अपने को देने की माँग की, जो राजा ने नहीं मानी। दोनों अपनी माँग पर अड़े रहे, तो राजा ने क्रुद्ध होकर इसके लिए उनको दिल्ली के बादशाह को चढ़ा लाने का ताना दिया। यह बात राजा ने

एकाधिक बार कही, तो वे दोनों इससे नाराज़ होकर आदेश की पालना के लिए दिल्ली गए और बादशाह को प्रभावित कर चित्तौड़ पर चढ़ा लाए।[36]

दिल्ली पहुँचकर राघवचेतन का अलाउद्दीन का विश्वासपात्र बनकर उसको पद्मिनी के संबंध में बताना और अलाउद्दीन का चित्तौड़ पर आक्रमण का निश्चय करना इस कथा की प्रमुख घटना है और यह कमोबेश सभी रचनाओं में कुछ भिन्नताओं के साथ मौजूद है। दयालदास के यहाँ यह घटना नहीं है। हेमरतन, लब्धोदय और दलपति विजय के अनुसार राघवचेतन दिल्ली में ज्योतिष विद्या और अपने ज्ञान के कारण प्रसिद्ध होकर बादशाह का विश्वस्त हो गया। दरबार में कोमल वस्तु के संबंध में बात चलने पर राघवचेतन ने पद्मिनी की चर्चा की। बादशाह ने राघवचेतन को अपने हरम की स्त्रियों में से पद्मिनी की तलाश करने के लिए कहा और जब इसमें कोई पद्मिनी स्त्री नहीं मिली, तो उसने राघवचेतन द्वारा उसके सिंघल द्वीप में होने का ज़िक्र करने पर वहाँ चढ़ाई की। समुद्र लाँघने में असफल रहने पर वह दिल्ली लौट आया। राघव के यह कहने पर कि पद्मिनी चित्तौड़ में है, तो उसने चित्तौड़ पर आक्रमण कर दिया।[37] *पाटनामा* में भी प्रकरण यही है, लेकिन यहाँ यह बहुत विस्तृत है। यहाँ कोमल वस्तु की चर्चा दरबार में नहीं, शिकार के समय जीवित खरगोश को चेतन द्वारा पकड़कर हाथ में लेने से होती है।[38] हेमरतन और उसके अनुवर्ती लब्धोदय और दलपति विजय के यहाँ कोमल वस्तु हंस का पंख है।[39] जटमल नाहर और समिओकार के यहाँ प्रकरण यही है, लेकिन यह कुछ अलग रूप में है– दिल्ली जाकर राघवचेतन जंगल के अंत में एक उद्यान में रहने लगा। एक दिन शिकार के समय अलाउद्दीन को कोई शिकार नहीं मिला, क्योंकि सभी हिरण राघवचेतन के संगीत पर मुग्ध होकर उसके पास आ गए। अलाउद्दीन इससे प्रभावित हुआ और उसकी मैत्री राघवचेतन से हो गई। पद्मिनी के लक्षणों की चर्चा का प्रसंग इसमें भी दरबार में लाए जीवित खरगोश से शुरू हुआ। सभी कथा–काव्यों में इस प्रकरण में पद्मिनी सहित स्त्रियों की सभी कोटियों– हस्तिनी, शंखिनी और चित्रिणी के लक्षणों आदि की विस्तृत चर्चा भी हुई है।[40] बादशाह के हरम की स्त्रियों के परीक्षण की पद्धति भी सभी रचनाओं में अलग तरह से है। *कवित्त* में राघवचेतन काँच के घड़े में तेल भरवाकर उसमें स्त्रियों के प्रतिबिंब के आधार पर परीक्षण करता है[41], जबकि हेमरतन और लब्धोदय के यहाँ बादशाह इस निमित्त माणिमय आवास बनवाता है।[42] *पाटनामा* में नीचे तेल का कड़ाह भर कर रखा गया और राघव और चेतन उसमें देखकर स्त्रियों की कोटि की परख करते हैं।[43] सिंघल द्वीप जाकर पद्मिनी पाने में असफल रहकर दिल्ली लौटने और फिर चित्तौड़ पर पद्मिनी के लिए चढ़ाई का वृत्तांत भी अधिकांश कथा–काव्यों में है।

बादशाह का चित्तौड़ पर आक्रमण, राजा को विश्वास में लेकर छलपूर्वक दुर्ग में प्रवेश, पद्मिनी देखना और राजा को बंदी बनाने संबंधी घटनाएँ दयालदास के *राणारासो* को छोड़कर सभी कथा-काव्यों में हैं और कुछ हद तक अलग-अलग तरह से हैं। *पाटनामा* में यह बहुत विस्तृत और अन्य सभी रचनाओं में ये संक्षिप्त हैं।[44] *कवित्त* के अनुसार चित्तौड़ पहुँचकर बादशाह ने जब दुर्ग को जीतना असंभव पाया, तो उसने मंत्रियों से परामर्श कर छलपूर्वक राजा को बंदी बनाने का निश्चय किया। उसके दुर्ग देखकर भोजन के उपरांत लौट जाने के प्रस्ताव को राजा ने स्वीकार कर लिया। बादशाह ने लौटते समय राजा को साथ लिया और दुर्ग के द्वार से बाहर आते ही उसको बंदी बना लिया।[45] यह वृत्तांत कमोबेश कुछ भिन्नताओं के साथ सभी रचनाओं में है। हेमरतन और लब्धोदय के यहाँ कुछ अलग है। इनमें राजा के साथ छल करने का परामर्श राघवचेतन देता है। ख़ास बात यह है कि इनमें अलाउद्दीन के प्रस्ताव में पद्मिनी के हाथ से भोजन करने की शर्त भी शामिल है। इनमें यह वृत्तांत अपेक्षाकृत विस्तृत भी है- समझौते से पूर्व दोनों पक्ष अपने सामंत-वकील एक-दूसरे को, प्रस्ताव और शर्तों के साथ भेजते हैं। वृत्तांतों में पद्मिनी को देखने की घटना भी शामिल है। शर्त के अनुसार पद्मिनी बादशाह को भोजन नहीं करवाती, लेकिन वह अपनी सखियों के आग्रह पर जब अलाउद्दीन को दखने के लिए झरोखे पर आती है, तो राघवचेतन के संकेत पर बादशाह उसको देख लेता है।[46] जटमल नाहर के यहाँ वृत्तांत इसी तरह से है, लेकिन यहाँ अलाउद्दीन पद्मिनी के स्थान पर सुंदर दासी को उसके सामने करने पर यह शिकायत करता है कि उसके साथ छल हुआ है। वह कहता है- *दिखलावत और त्रिय कपट कियो मुझ साथ।*[47] *पाटनामा* में यह प्रकरण बहुत विस्तृत और अलग भी है। इसमें वृत्तांत के मोड़-पड़ाव भी अलग हैं। यहाँ बादशाह लंबे समय तक जब दुर्ग को नहीं जीत पाता है, तो राघव और चेतन के परामर्श पर दुर्ग से नीचे महादेव के मंदिर में दर्शन के लिए आए राजा को बंदी बना लेता है और शर्त रखता है कि पद्मिनी दे दो और मुक्त हो जाओ। यहाँ राघव और चेतन, दोनों राजा की तरफ़ से दुर्ग में संदेश भेजते हैं कि पालकियों में पद्मिनी के नाम पर योद्धा भेजकर रत्नसिंह को मुक्त करवाना है। गोरा और बादल इस परामर्श के अनुसार रत्नसिंह को मुक्त करवाकर दुर्ग में ले जाते हैं। अलाउद्दीन सेना एकत्र कर फिर दुर्ग पर आक्रमण करता है, तो रत्नसिंह समझौते का प्रस्ताव रखता है। शर्त के अनुसार अलाउद्दीन दुर्ग में जाता है और दुर्ग के प्रमुख स्थानों और पद्मिनी को देखकर भोजनोपरांत लौट आता है। लौटकर वह फिर पद्मिनी पाने के लिए युद्ध छेड़ देता है।[48] कथा के ये पड़ाव सर्वथा भिन्न हैं और जायसी सहित पारंपरिक रचनाकारों से एकदम अलग हैं। समिओकार अन्य चारण-जैन कवियों की तरह अल्लाउद्दीन

ख़लजी के छलपूर्वक पद्मिनी देखने दुर्ग में जाने के प्रकरण के स्थान पर मौलिक प्रकरण की उद्भावना करता है। वह उसको मणिकर्णिका के एक सिद्ध के छद्मवेश में दुर्ग के द्वार पर तीन महीने तक आसन लगाकर बिठाता है और इस तरह रत्नसेन सहित सभी का मन जीतने की अलग और नयी कल्पना करता है। इसमें उल्लेख है कि सुल्तान ने अपने मीरों से मंत्रणा कर *जटा बंधि मुग्टं महा रिद्ध धारी। मिल्यो नाइकं जाई पोठं मँझारी* अर्थात् उसने मुकुट के स्थान पर जटा बाँधी, जिसमें कुछ धन रखा और फिर दुर्ग की पोल (दरवाज़ा) पर रहनेवाले अधिकारी से जाकर मिला।[49]

कथा के अंतिम चरण की घटनाएँ- सामंतों का पद्मिनी देकर राजा लेने का निश्चय, पद्मिनी का गोरा-बादल से राजा को मुक्त करवाने का अनुरोध, गोरा-बादल द्वारा युक्तिपूर्वक राजा की मुक्ति और बादशाह की पराजय *गोरा-बादल कवित्त,* हेमरतन, लब्धोदय और जटमल नाहर के यहाँ कमोबेश समान हैं। दयालदास के यहाँ गोरा-बादल नहीं हैं- यहाँ केवल युद्ध और उसमें बादशाह की पराजय है। वह लिखता है कि- *जीत्यो खुमानु खग जोर, जगु मग कित्ति विस्तार हुव* अर्थात् राणा रत्नसिंह ने अपनी तलवार के ज़ोर पर विजय प्राप्त की। उसके जगमगाते यश का चारों तरफ़ विस्तार हुआ।[50] *कवित्त* के अनुसार गोरा-बादल सहित सभी सामंत दूत भेजकर बादशाह को राजा के बदले पद्मिनी देने का संदेश भेजते हैं और डोलियों में पद्मिनी की जगह योद्धा भेजने का षड्यंत्र रचते हैं।[51] हेमरतन और लब्धोदय के यहाँ इससे अलग बादल स्वयं पद्मिनी का दूत बनकर बादशाह के पास जाता है और यहाँ 2000 पालकियों के बीच मुख्य पालकी में गोरा है।[52] इन वृत्तांतों में अल्पवय बादल की माता और पत्नी भी आती हैं, जो युद्ध के लिए सन्नद्ध अपने बेटे और पति को रोकने का प्रयत्न करती हैं। बादल और उसकी माँ और पत्नी के बीच संवाद इन अधिकांश रचनाओं में है। इन वृत्तांतों में गोरा का निधन और उसकी पत्नी के सती होने की घटनाएँ भी हैं।

चित्तौड़ के किले पर अलाउद्दीन के घेरे का विवरण *पाटनामा* में दिया गया है। इसके अनुसार 12 बड़े युद्ध, 19 झगड़े और छोटी कई लड़ाइयाँ हुईं और घेरा 10 बरस तक रहा।[53] गोरा-बादल के नेतृत्व में बादशाह के डेरे तक जाने वाली डोलियों की संख्या भी रचनाकारों ने अपने हिसाब से रखी हैं। *कवित्त* में षड्यंत्र के लिए केवल 500 डोलियाँ तैयार करने के उल्लेख है। इसमें कहा गया कि *डोली कीजई पंचसई*[54], जबकि हेमरतन और लब्धोदय के यहाँ यह संख्या 2000[55] और पाटनामा में 720[56] हैं। बादशाह की कैद से षड्यंत्र पूर्वक रत्नसिंह को छुड़ाने का वृत्तांत हेमरतन और लब्धोदय ने रोचक बनाया है। यहाँ बादल पद्मिनी के नाम का एक छद्म प्रेम

पत्र लेकर जाता है और वह बादशाह के समक्ष पद्मिनी के उसके लिए विरह की मौखिक चर्चा भी करता है।[57] लब्धोदय के यहाँ अंत में एक और मौलिक कल्पना की गई है। बादशाह पराजित होकर जब दिल्ली लौटता है, तो बेगम उससे पद्मिनी के संबंध में पूछती है, तो वह कहता है कि ''पद्मिनी का मुँह काला किया, ख़ुदा की दुआ से ख़ैरियत हुई।'' जवाब में बेगम उसको नसीहत देती हुई कहती है कि– ''स्त्री के कारण तो रावण का राज चला गया– अब ख़ुदा का ध्यान करते हुए आनंद से राज्य करो।''[58] हेमरतन और दलपति विजय अलाउद्दीन द्वारा राजा को विश्वास में लेने के प्रकरण में नया आयाम जोड़ते हैं। वे दोनों बादशाह से राजा को कहलवाते हैं कि वे दोनों पूर्वजन्म के एक ही माँ से उत्पन्न हुए भाई हैं *(जनमंतर भाई)* और अपकर्म के कारण बादशाह का जन्म मुसलमान घर में हुआ है, जबकि सत्कर्म और पुण्य के कारण राजा हिंदू घर में पैदा हुआ है।[59] अलाउद्दीन और रत्नसेन के बीच पद्मिनी के लिए हुए इस युद्ध में *पाटनामा* को छोड़कर सभी रचनाओं में बादशाह के ससैन्य भाग जाने का वर्णन मिलता है। इनमें बादल के पराक्रम और दोनों पक्षों को हुई जन–धन की हानि का भी वर्णन है। हेमरतन के अनुसार *लूटी लीधो लश्कर सहू के नाट्या के मार्या बहू* अर्थात् लशकर लूट लिया और ख़लजी के सैनिक या तो भाग गए या मारे गए।[60] लब्धोदय के अनुसार बादल ने बादशाह को जीवित छोड़कर उसका लशकर लूट लिया, बादशाह भूखा–प्यासा बेहाल दो दिन बाद नमाज़ के समय अपने लशकर तक पहुँच पाया और वहाँ से दिल्ली लौट गया।[61] *पाटनामा* की कथा का अंतिम पड़ाव अलग है– इसमें आश्चर्यजनक रूप से दोनों पक्षों की पराजय दिखाई गई है। अंत में कहा गया है कि *पातसाही फोज भागी अर अठीने गढ़ चीतोड़ भागो। पदमणी हेलो गढ़ चीतोड़ भागो संमत बरासे अठावन बरसे 1258 सावण बुदी 5 के दन चीतोड़ भागो* अर्थात् बादशाही फ़ौज भागी और इधर दुर्ग चित्तौड़ ध्वस्त हुआ। पद्मिनी के आह्वान पर विक्रम संवत श्रावण बुध 5, शुक्रवार के दिन (22 जून, 1201 ई.) चित्तौड़गढ़ ध्वस्त हुआ।[62] *पाटनामा* को छोड़कर सभी रचनाओं में अंत में रत्नसिंह की विजय दिखाई गई है और कुछ में उसके द्वारा बादल को आधा राज्य देने की बात भी आई है। *पाटनामा* में कथा का अंतिम चरण सबसे अलग और ख़ास है। इसमें बादशाह की फ़ौज के भागने और दुर्ग के ध्वंस और पराजय का स्पष्ट उल्लेख है। इसमें लंबे युद्ध के बाद आहत गोरा और बादल दुर्ग में लौटकर रत्नसेन और पद्मिनी से मिलते हैं। रत्नसिंह यह सोचकर कि गोरा और बादल, युद्ध में अपने पराक्रम का साक्ष्य देकर यह कहते रहेंगे कि चित्तौड़ उनके कारण है, दोनों का तलवार से वध कर देता है और पद्मिनी यह सुनकर आत्महत्या कर लेती है। दुर्ग में हुई इस घटना से अलाउद्दीन को बल मिलता है और वह आक्रमण कर दुर्ग

जीत लेता है।[63] ख़ास बात यह है कि इस प्रकरण में ख़ूब चर्चित और विवादित जौहर का उल्लेख या विवरण किसी रचना में नहीं है। इनमें से अधिकांश में अंत में गोरा की पत्नी के सती होने का वृत्तांत है।

4

पद्मिनी विषयक पारंपरिक देशज कथा-काव्यों के चरित्र और इसकी कथा के मोड़-पड़ाव एक-दूसरे से अलग होने के साथ मलिक मुहम्मद जायसी के *पद्मावत* से भी भिन्न हैं। जायसी की कथा बहुत विस्तृत, जटिल और कई मोड़-पड़ावों वाली है, इसमें कई उपकथाएँ हैं, जबकि देशज कथा-काव्यों की कथा अपेक्षाकृत सरल और सीधी है। देशज कथा-काव्यों की कथा में मोड़-पड़ाव भी बहुत कम हैं और ख़ास बात यह है कि इनमें कुछ मोड़-पड़ाव इन सभी कथा-काव्यों में है। पद्मिनी विषयक कथा बीजक के जायसी के कथा विस्तार और पल्लवन में अभिधार्थ और ध्वन्यार्थ अलग-अलग हैं, इसलिए इसके मोड़-पड़ाव विचित्र हैं और ये कई जगह अटपटे भी लगते हैं। देशज कथा-काव्यों में चरित्रों में से केवल तीन प्रमुख चरित्र-रत्नसेन, पद्मिनी और राघवचेतन *पद्मावत* में भी हैं। *पद्मावत* के शेष सभी चरित्र जायसी के अपने और मौलिक हैं। गंधर्वसेन, चंपावती, हीरामन, चित्रसेन, नागमती, यशोवती, कुमुदिनी और देवपाल नामवाचक संज्ञाएँ देशज कथा-काव्यों में नहीं हैं। गंधर्वसेन जायसी के अनुसार सिंघलद्वीप का राजा है[64], जबकि अधिकांश देशज कथा-काव्यों में पद्मिनी के पिता का नामोल्लेख नहीं मिलता। केवल *पाटनामा* में उसका समरसिंह पँवार के रूप में नामोल्लेख है। पदमिनी से विवाह से पूर्व रत्नसिंह की पटरानी का नाम जायसी के अनुसार नागमती है[65], जबकि पारंपरिक देशज कथा-काव्यों में से कुछ में यह नाम प्रभावती है। हीरामन की जायसी के *पद्मावत* में कथा के लगभग सभी मोड़-पड़ावों में निर्णायक भूमिका में है, लेकिन इस तरह का कोई पात्र देशज कथा-काव्यों में नहीं है।

जायसी के *पद्मावत* के कथा के अधिकांश मोड़-पड़ाव देशज कथा-काव्यों में नहीं है। *पद्मावत* का आरंभ देशज कथा-काव्यों से अलग है। जायसी के अनुसार रत्नसेन हीरामन की सराहना पर पद्मावती की खोज में सिंघल द्वीप के लिए प्रस्थान करता है[66], जबकि देशज कथा-काव्यों में इसका कारण स्वादहीन भोजन पर रानी से नाराज़गी और रानी का इसके लिए पद्मिनी ले आने के ताने का कवि-कथा समय है। हीरामन तोते का चित्तौड़ पहुँचने का वृत्तांत भी किसी देशज कथा-काव्य में नहीं है। जायसी ने रत्नसेन की सिंघल यात्रा का भौगोलिक विवरण भी दिया है[67], जबकि अधिकांश देशज कथा-काव्यों में यह नहीं मिलता। देशज कथा-काव्यों में रत्नसेन का सिंघलद्वीप पहुँचना चामत्कारिक है– इसमें योगी या योगियों की निर्णायक भूमिका

है। *पाटनामा* में यात्रा में लगने वाले समय के साथ सेतुबंध रामेश्वरम् का उल्लेख आया है[68], अन्यथा देशज काव्यों में यात्रा का भौगोलिक विवरण नहीं है। रत्नसेन की गजपति से भेंट[69], गंधर्वसेन द्वारा रत्नसिंह का बंदी बनाया जाना[70], नागमती का वियोग[71], समुद्र की दान याचना[72], रत्नसेन और पद्मिनी का जहाज के भँवर फँस जाने से अलग-अलग दिशाओं में बह जाना[73], समुद्र पुत्री लक्ष्मी से भेंट[74], देवपाल का कुमुदिनी को भेजकर पद्मिनी को आकृष्ट करने का प्रयास[75], सरजा के माध्यम से पद्मिनी देने का उल्लाउद्दीन का संदेश[76], अलाउद्दीन का पातुर भेजकर *पद्मावती* का मन बदलने की चेष्टा[77], सरजा द्वारा गोरा की हत्या[78], देवपाल द्वारा सांगी मारकर रत्नसेन को आहत करना[79], बादल को गढ़ सौंपकर रत्नसेन की मृत्यु[80], पद्मिनी-नागमती का सती होना[81] बादल की मृत्यु[82] और स्त्रियों का जौहर[83] आदि अनेक प्रकरण जायसी का अपना कथा पल्लवन और विस्तार है। जौहर का प्रकरण जायसी के यहाँ है, लेकिन यह केवल सांकेतिक है। जायसी अंत में लिखते हैं कि- *जौहर भई इस्तिरी, पुरुख भए संग्राम / पातसाहि गढ़ चूरा, चितउर भा इसलाम* अर्थात् स्त्रियों ने जौहर कर लिया, पुरुष संग्राम करते हुए अंत को प्राप्त हुए, बादशाह ने गढ़ ध्वस्त कर दिया और चित्तौड़ इस्लाम के नीचे आ गया।[84] कथा पल्लवन के ये रूप देशज कथा-काव्यों में नहीं हैं।

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर इन कथा-काव्यों की कथा योजना से यह स्पष्ट है कि भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य की प्राचीन परंपरा के अनुसार इनमें एक ही कथा बीजक का अलग-अलग तरह से पल्लवन और विस्तार है। इन कथा-काव्यों में इनके रचनाकारों के अपने जातीय-सांस्कृतिक आग्रहों के अनुसार भी कथा योजना में बदलाव हुए हैं। जैन धार्मिक रचनाकारों की कथा योजना में कोई धार्मिक आग्रह तो नहीं है, लेकिन स्वामिधर्म, पातिव्रत्य, यौन शुचिता आदि मूल्यों की प्रतिष्ठा के साथ मनोरंजन का उद्देश्य इनमें सक्रिय है। चारण और अन्य रचनाकारों का आग्रह इन मूल्यों की प्रतिष्ठा के साथ इतिहास और वंश प्रशस्ति का भी है। ख़ास बात यह है कि यहाँ कथा योजना किसी एक आशय या योजना में सीमित और रूढ़ नहीं है। यहाँ रचनाकार के अपने विवेक और प्रयोजन के अनुसार कथा बनती-बदलती है। इतिहास इनमें कहीं आधार है, तो कहीं रीढ़ और कहीं केवल सहारा, लेकिन यह इनमें है। यह इनमें कुछ दूर दिखता, फिर कुछ दूर ओझल रहता है और फिर एकाएक दिख जाता है। यह ऐतिहासिक कथा-काव्य रचना की ख़ास भारतीय पद्धति है। यहाँ इतिहास कथा में और कथा इतिहास में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि इनकी अलग पहचान मुश्किल हो जाती है।

संदर्भ और टिप्पणियाँ:

1. गौरीशंकर हीराचंद ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास* (जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार, प्रथम संस्करण 1928, पुनर्मुद्रण 1996-97), 1: 179-189.

2. आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव, *दिल्ली सल्तनत* (आगरा: शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, 1992), 161.

3. अगरचंद नाहटा, ''राघवचेतन की ऐतिहासिकता,'' *नागरी प्रचारिणी पत्रिका,* वर्ष-64, अंक-1, 64.

4. रत्नसेन के कुल-वंश के संबंध में मलिक मुहम्मद जायसीकृत *पद्मावत* (संपा. वासुदेवशरण अग्रवाल, इलाहाबाद: लोक भारती प्रकाशन, संस्करण 2010) में *जंबुदीप अर चितउर देसू।/ चित्रसेनि तहाँ बड़ नरेसू।/ रतनसेन यहु ताकर बेटा।/ कुल चौहान नहिं मेंटा* (पृ. 255) और जटमलनाहर कृत *गोरा-बादल कथा* (संपा. भँवरलाल नाहटा, बीकानेर: सादुल रिसर्च इंस्टीट्यूट,1960) में *चतुर पुरस चहुँवान* (पृ. 182) उल्लेख हैं। हेमरतन की *गोरा-बादल पदमिणि चउपई* (संपा. उदयसिंह भटनागर, जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, द्वितीय आवृत्ति, 1997) *में तिण गढ़ि राज करई गहिलोत* (पृ. 3) और इसी तरह दलपति विजयकृत *खुम्माण रासो* (संपा. ब्रजमोहन जावलिया, उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 1999) में *राणो रतनसेन गहिलोत* (पृ. 3: 84)) उल्लेख हैं।

5. ''पद्मिनीसमिओ,'' *रानी पद्मिनी,* संपा. ब्रजेंद्रकुमार सिंहल [नयी दिल्ली: वाणी प्रकाशन, 2017]) में *राना रतनसेन खुंमान* उल्लेख मिलता है।

6. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 10 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 11.

7. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 84.

8. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* संपा. मनोहरसिंह राणावत (सीतामऊ: नटनागर शोध संस्थान राणावत, 2003),1: 311.

9. ''पद्मिनीसमिओ'', 107.

10. ''गोरा-बादल कवित्त'', 109; हेमरतन, *गोरा बादल पदमिणि चउपई,* 109; लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 61 और दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3:119.

11. ''गोरा-बादल कवित्त'', 109.

12. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 329.

13. हेमरतन, *गोरा बादल पदमिणि चउपई,* 3 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 3.

14. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 303.

15. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 75 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 4.

16. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 116.

17. ''गोरा-बादल कवित्त'', 110.

18. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 16; लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 24; *पद्मिनीसमिओ,* 107 और जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा'', 186.

19. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 349.
20. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 5 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 5.
21. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 299-303.
22. ''पद्मिनीसमिओ'', 99 और जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा'', 182.
23. दयालदास, *राणारासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2007), 184.
24. ''गोरा-बादल कवित्त'', 110.
25. हेमरतन, *गोरा बादल पदमिणि चउपई,* 8.
26. ''पद्मिनीसमिओ'', 102 और जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा'', 184.
27. दयालदास, *राणारासो,* 84.
28. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 305.
29. वही, 335.
30. वही, 349.
31. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 19 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 24.
32. ''गोरा-बादल कवित्त'', 110.
33. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 17 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 24.
34. ''पद्मिनीसमिओ'', 110 और जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा'', 187.
35. दयालदास, *राणारासो,* 197.
36. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 352.
37. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 19; लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 26 और दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 86.
38. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 353.
39. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 21 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 28.
40. ''पद्मिनीसमिओ'', 111 और जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा'', 187.
41. ''गोरा-बादल कवित्त'', 115.
42. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 25 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 34.
43. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 354.
44. वही, 380-400.
45. ''गोरा-बादल कवित्त'', 119.
46. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 41 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 49.
47. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा'', 196.
48. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 387-399.
49. ''पद्मिनीसमिओ'', 123.
50. दयालदास, *राणारासो,* 214.
51. ''गोरा-बादल कवित्त'', 125.

52. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 76 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 88.
53. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 380.
54. ''गोरा-बादल कवित्त'', 125.
55. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 8 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 88.
56. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 385.
57. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 79 और लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 83.
58. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 101.
59. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 42 और दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 100.
60. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणि चउपई,* 92.
61. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 100.
62. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 406.
63. वही, 1: 402.
64. जायसी, *पदमावत,* 26.
65. वही, 81.
66. वही, 121.
67. वही, 132.
68. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 335.
69. जायसी, *पदमावत,* 136.
70. वही, 244.
71. वही, 340.
72. वही, 393.
73. वही, 402.
74. वही, 403.
75. वही, 638.
76. वही, 652.
77. वही, 600.
78. वही, 695.
79. वही, 707.
80. वही, 708.
81. वही, 709.
82. वही, 712.
83. वही, 712.
84. वही, 712.

अध्याय – 5

इतिहास और मिथ

अकसर पद्मिनी–रत्नसेन विषयक देशज ऐतिहासिक कथा–काव्यों को 'मिथ' कहा जाता है।[1] यहाँ 'मिथ' शब्द का यह प्रयोग व्यापक रूप से मान्य और प्रचारित झूठ के लिए हुआ है। आशय यह है कि चित्तौड़ के राजा रत्नसेन ने सिंघल द्वीप की राजकुमारी पद्मिनी से विवाह किया और इसको पाने के लिए दिल्ली के अलाउद्दीन ख़लजी ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया, यह धारणा या विश्वास लोकप्रिय और मान्य तो है, लेकिन यह ग़लत है और इतिहास में ऐसा कुछ नहीं हुआ। 'मिथ' का यह अर्थ 'इतिहास' की अठारहवीं सदी में बनी धारणा के बाद व्यापक रूप में चलन में आया। दरअसल इतिहास में प्रत्यक्ष, आनुभविक और दस्तावेज़ी का आग्रह इतना बढ़ गया कि इतिहास और मिथ एक–दूसरे के विपरीतार्थक समझे जाने लगे।[2] यह तथ्य लगभग हाशिए पर ही चला गया कि विश्व की सभी मानवीय सभ्यताओं में बहुत आरंभ से ही मिथ उनके सांस्कृतिक रूपों और अभिव्यक्तियों में सम्मिलित रहा है और यह पूरी तरह अर्थहीन और मिथ्या नहीं है। मिथ यथार्थ का ही प्रतिबिंबन है और पूर्व और पश्चिम, सभी जगह उसका यही सही अर्थ भी है। 'मिथ' और उसके गठन और विकास में सम्मिलित अभिप्राय और कथा रूढ़ियाँ केवल कल्पना नहीं हैं। दरअसल ये मानवीय स्वभाव और उसकी सांस्कृतिक ज़रूरतों के अंतर्गत हुआ यथार्थ का रचनात्मक विस्तार हैं। पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण में नियोजित इतिहास को उसके रचनात्मक विस्तार के लिए उसमें प्रयुक्त अभिप्रायों और कवि–कथा रूढ़ियों के बीच ही समझा जा सकता है। अच्छी बात यह है कि पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण बहुत पुराना नहीं है और इसमें यथार्थ के मिथकीकरण और इसमें जुड़ गए अभिप्रायों और कथा–रूढ़ियों के बनने–बदलने की यात्रा के मोड़–पड़ाव अभी पूरी तरह अदृश्य नहीं हुए हैं। यह यात्रा ऐसी है, जिसको समझने के लिए इतिहास के आधुनिक औज़ार–तर्क, युक्ति आदि का इस्तेमाल बहुत सावधानी से करने की ज़रूरत है, क्योंकि इन

रचनाओं का विकास एक समय और स्थान पर नहीं हुआ और ये अपनी प्रकृति में किसी एक रचनाकार की कृतियाँ भी नहीं हैं। इसी तरह इन रचनाओं में नियोजित अभिप्रायों और कवि-कथा रूढ़ियों में भी कोई एकरूपता नहीं है। यहाँ देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में वर्णित घटनाओं उनसे संबंधित प्रमुख चरित्रों की दूसरे उपलब्ध पुरालेखीय और साहित्यिक साक्ष्यों से पहचान-परख की गयी है और इस्लामी वृत्तांतकारों के इस प्रकरण से संबंधित मौन या उनके अनुल्लेख के कारणों पर भी विचार किया गया है।

1.

पद्मिनी विषयक देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में नियोजित इतिहास को जानने-समझने के लिए मिथ, अभिप्राय और कथारूढ़ि को समझ लेना ज़रूरी है। हिंदी में 'मिथ' शब्द ही चलन में है, क्योंकि इसके लिए प्रस्तावित हुए पुराण, आद्यकथा आदि शब्द न तो इसके समानार्थी थे और न ये चलन में ही आए।[3] 'मिथ' ग्रीक शब्द 'muthos' से बना है। पहले यह लेटिन में 'mythus' हुआ और उन्नीसवीं सदी के मध्य में यह 'मिथ' (myth) के रूप में प्रचलित हुआ।[4] सामान्यत: यह दो अर्थों- एक तो मनुष्य के आरंभिक इतिहास की प्राकृतिक-सामाजिक धारणा और दूसरे, व्यापक रूप में प्रचारित और मान्य ग़लत धारणा, विचार या विश्वास के लिए प्रयुक्त होता है। उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में जिस तरह से कला, साहित्य, इतिहास, समाजशास्त्र आदि अनुशासनों में आधुनिकता- मतलब युक्ति, तर्क, प्रत्यक्ष और आनुभविक का आग्रह बढ़ा, उससे मिथ को प्राय: 'झूठ' और 'कल्पित' का समानार्थी मान लिया गया। इस तरह पौराणिक या अतीत से संबंधित अधिकांश घटनाओं और चरित्रों को मिथ मानकर ख़ारिज करने की प्रवृत्ति बढ़ गई। 'मिथ' का व्यापक अर्थ 'पारंपरिक कथा' है।[5] 'मिथ' में सामान्यत: कथानक और चरित्र के साथ आरंभ, मध्य और अंत होता है और यह हमारे वर्तमान या निकट अतीत के बजाय दूरस्थ अतीत से संबंधित होता है। मिथ अकसर एक से दूसरे कथाकार को मौखिक हस्तांतरित होता है और इस दौरान कथाकार के उद्देश्य, रुचि और आग्रह के अनुसार इसमें संशोधन-संवर्धन भी होते हैं। मिथ को आमतौर पर दैवीय, निजंधरी (legend) और लोक कथा में वर्गीकृत किया जाता है, लेकिन इनको साफ़-साफ़ एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। इनमें आवाजाही होती रहती है- कभी लोक और निजंधरी कथा दैवीय कथा का रूप लेती है, तो कभी अलौकिक तत्त्व निजंधरी और लोक कथा में भी आ जाते हैं। दैवीय कथाओं में घटनाएँ और चरित्र प्राय: अलौकिक होते हैं, जबकि निजंधरी कथाओं में नायक असाधारण योद्धा और महापुरुष भी होते हैं।

लोककथाएँ इनसे कुछ हद तक अलग हैं– इनमें नायक सामान्य मनुष्य भी हो सकते हैं। निजंधरी और लोक कथाओं में अतिमानवीय तत्त्वों की भी निर्णायक भूमिका होती है और इनके चरित्र भी अलौकिक हो सकते हैं। अकसर मिथ और उसमें भी ख़ासतौर पर निजंधरी और लोक कथाओं का गठन अभिप्रायों से होता है।[6] अभिप्राय धीरे-धीरे कथा रूढ़ि बन जाते हैं। मिथ पूरी तरह मिथ्या या मनगढंत नहीं होते– उनमें सच्चाई भी रहती है। विख्यात अमरीकन नाट्यशास्त्री और साहित्य मर्मज्ञ जोसफ़ टी. शिप्ले ने मिथ का अर्थ करते हुए लिखा है कि ''मिथ अनिवार्य रूप से एक धार्मिक शब्द है: यह आनुष्ठानिक कर्मकाण्डों से भिन्न समझा जाता है। यद्यपि यह शब्द आधुनिक प्रयोगों में अर्थहीन, उपहासास्पद या असुंदर के अर्थों में आने लगा है, लेकिन कोई भी वास्तविक मिथ इस प्रकार का नहीं होता। यह अपने प्राथमिक और शुद्धतम स्वरूप में तत्त्वमीमांसा से सम्बन्धित होता है। यह यथार्थ के प्रातिभ ज्ञान को शब्दों में बाँधने का सदृशतम प्रयास है। यह देवशास्त्र का पूर्वरूप है, क्योंकि मिथ के नियम और कथन उनकी व्याख्याओं से पहले के होते हैं।''[7] कला मर्मज्ञ और चिंतक आनंद के. कुमारस्वामी ने अपनी पुस्तक *हिंदुइज़्म एंड बुद्धिइज़्म* में मिथ को अधिक समावेशी और पौर्वात्य नज़रिये से समझने की कोशिश की। ख़ास बात यह है कि उन्होंने 'मिथ' को 'इतिहास' का समानार्थी माना है। उन्होंने 'मिथ' के आगे कोष्ठक में 'इतिहास' शब्द का उल्लेख किया। उन्होंने इस संबंध में लिखा कि ''स्वयं श्रुति की ही भाँति, हमें शुरुआत उस उपांत्य (अंत से पहले) सत्य, मिथ (इतिहास) से करनी चाहिए जिसका सारा अनुभव पार्थिव का प्रतिबिम्बन है। यह मिथकीय आख्यान समयातीत और कालातीत वैधतावाला और कहीं भी सत्य नहीं तथा हर कहीं सत्य वाला है: ठीक वैसे ही जैसे ईसाइयत में बावजूद उन सहस्राब्दियों के जो इन अंकन योग्य शब्दों के बीच आती है, ''प्रारम्भ में प्रभु ने सिरजा'' और ''उसी के द्वारा सब कुछ रचा गया'' का अभिप्राय यह होता है कि सृजन ईसा मसीह के ''शाश्वत जन्म'' के समय हुआ। ''अग्रे'' या ''सर्वोपरि'' का अर्थ होता है ''सर्वप्रथम'': ठीक वैसे ही जैसे अब भी सुनाई जाने वाली हमारे मिथकों में ''एक बार की बात है'' का अर्थ केवल ''एक बार नहीं'' बल्कि ''सदा सर्वदा'' होता है। आज जिन अर्थों में इसे समझा जाता है, उस अर्थ में मिथ एक ''काव्यात्मक आविष्कार'' नहीं है, बल्कि अपनी वैश्विकता के कारण, इसे समान अधिकार के साथ अनेक कोणों से व्यक्त किया जा सकता है।''[8] मिथ की ये व्याख्याएँ उस प्रचलित धारणा को निर्मूल सिद्ध करती हैं, जो इसको पूरी तरह कल्पित और झूठ मानती हैं। कुमारस्वामी की स्पष्ट धारणा है कि मिथ मनगढ़ंत नहीं है– यह पार्थिव अनुभव का प्रतिबिंबन है। ज़ाहिर है, वे मिथ को यथार्थ नहीं, यथार्थ का प्रतिबिंबन मानते हैं। यथार्थ का प्रतिबिंब यथार्थ जैसा

ही हो, यह ज़रूरी नहीं है। अकसर प्रतिबिंबन के दौरान लौकिक या पार्थिव का रूप बदल जाता है, लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि यह झूठ है। शिप्ले के अनुसार भी मिथ प्रातिभ ज्ञान को शब्दों में बाँधने का सदृशतम प्रयास है। कुमारस्वामी यह भी मानते हैं कि निरंतर व्यवहार के कारण मिथ का सत्य किसी समय और स्थान तक सीमित नहीं रहता। यह सार्वकालिक और सार्वदेशिक हो जाता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह अपने मूल से सर्वथा अलग हो जाता है। कुमारस्वामी ने संकेत किया है कि कथाओं में अकसर प्रयुक्त 'एक बार की बात है' इसीलिए 'हमेशा की बात है' की तरह प्रयुक्त किया जाता है। कुमारस्वामी यह भी मानते हैं कि मिथ को किसी एक अर्थ में भी सीमित नहीं किया जा सकता। मिथ का सच अपने निरंतर और वैविध्यपूर्ण व्यवहार के कारण अनेकार्थी हो जाता है। भारतीय परंपरा के महाकाव्य-*रामायण* और *महाभारत* मिथ के सबसे अच्छे उदाहरण हैं। ये पार्थिव का प्रतिबिम्बन भी हैं और साथ ही स्थान और समय की सीमा से ऊपर और अनेकार्थी भी हैं।

'अभिप्राय' और 'कथा रूढ़ि' मिथ की संरचना का ज़रूरी हिस्सा हैं, इसलिए मिथ को समझने में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। 'अभिप्राय' का आशय स्पष्ट करते हुए जोसफ़ टी. शिप्ले ने लिखा है कि "एक शब्द या निश्चित साँचे में ढले हुए विचार, जो समान स्थिति का बोध कराने या समान भाव जगाने के लिए किसी एक ही कृति अथवा एक ही जाति की विभिन्न कृतियों में बार-बार प्रयुक्त हों, अभिप्राय कहलाते हैं।"[9] हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार (i) संभावनाओं पर बल देने के कारण कथा अभिप्रायों का जन्म होता है, (ii) कथानक को गति और घुमाव देने के लिए इन अभिप्रायों का प्रयोग होता है और (iii) दीर्घकाल से व्यवहृत होने वाले ये अभिप्राय थोड़ी दूर तक यथार्थ होते हैं और आगे चलकर कथानक रूढ़ियों में बदल जाते हैं।[10] भारतीय कथा-काव्यों में इनकी निरंतरता का नतीजा यह हुआ कि युद्ध, ऋतु, विवाह, नगर, दुर्ग आदि से संबंधित अभिप्राय और रूढ़ियाँ कवि शिक्षा में भी सम्मिलित कर ली गयीं। "बारहवीं सदी की रचना *कविकल्पलता* और चौदहवीं सदी की रचना *वर्णरत्नाकर* में ये नुस्ख़े पाए जा सकते हैं।"[11] दरअसल भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य इतिहास का कवि-कथाकार वर्णित रूप है। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने विद्यापति की रचना *कीर्त्तिलता* को 'इतिहास का कविदृष्ट जीवंत रूप' कहा है।[12]

भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य रचनाओं में कई अभिप्रायों और कवि-कथा रूढ़ियों का प्रयोग होता आया है। आमतौर पर प्राचीन और मध्यकालीन भारतीय कवि-कथाकार का आग्रह वस्तु वर्णन में यथार्थ के बजाय यथार्थ की संभावना पर ज़्यादा होता था, इसलिए धीरे-धीरे कई अभिप्राय और कथा रूढ़ियाँ चलन में आ

गईं। कथा वाचक तोता, स्वप्न में देखकर किसी स्त्री से प्रेम, चित्र देखकर स्त्री से प्रेम, याचक या चारण-भाट से कीर्ति सुनकर प्रेम, मुनि शाप, रूप परिवर्तन, परकाया प्रवेश, आकाशवाणी, परिचारिका से राजा का प्रेम और फिर उसका राजकन्या के रूप में अभिज्ञान, षड्ऋतु या बारहमासा के रूप में विरह वर्णन, हंस-कपोत आदि द्वारा संदेश प्रेषण, आखेट के समय घोड़े का निर्जन वन में पहुँचना और वहाँ सुंदर स्त्री से भेंट और उससे प्रेम और विवाह, समुद्र मध्य सिंघल द्वीप की मौजूदगी, सिंघल द्वीप में सुंदर पद्मिनी स्त्रियों की मौजूदगी, पद्मिनी स्त्री के शरीर से कमल गंध आना और उस पर भँवरों का मँडराना, युद्ध या किसी खेल में पराजित कर स्त्री को जीतना, युद्ध में योगिनियों द्वारा रक्तपान, शिव का मुंडमाल पहनकर युद्ध स्थल में भ्रमण, बिना सिर के धड़ का तलवार चलाना, असाध्य साधन संकल्प आदि कई कवि-कथा अभिप्राय और रूढ़ियाँ भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्यों में आमतौर पर मिलती हैं।[13] कोमल कोठारी ने भी राजस्थान की लोक कथाओं में प्रयुक्त होने वाले कई अभिप्रायों की सूची दी है, जिनमें सौतेली माँ, सूर्य के प्रतिबिम्ब से सूरजमुखी घोड़े का जन्म, जनशून्य नगर, दैत्य और दैत्य कन्या का बावड़ी में निवास, काठ का हंस, पशु-पक्षियों द्वारा नायक-नायिका का सहयोग, विद्यालय में प्रेमी युगल का साथ पढ़ना, वस्तुओं का जादुई प्रभाव, लोभ बढ़ाने वाला तोता, हीरों-पन्नों से युक्त चीर, परियाँ, पुरुष या स्त्री का पत्थर की प्रतिमा में बदल जाना, दिव्यलोक के प्राणी का मनुष्य लोक में आगमन, नायिका के विवाह के लिए शर्तों का प्रावधान आदि प्रमुख हैं।[14]

2.

पदमिनी-रत्नसेन प्रकरण सभी विवेच्य ऐतिहासिक कथा-काव्यों का प्रतिपाद्य है। मलिक मुहम्मद जायसी के *पदमावत* सहित इस प्रकरण पर निर्भर पारंपरिक देशज कथा-काव्य रचनाओं की कथा के मोड़-पड़ाव कुछ 'आधुनिक' इतिहास से मिलते हैं और कुछ नहीं मिलते हैं। आधुनिक इतिहासकारों की निर्भरता अलाउद्दीन के समकालीन इस्लामी वृत्तांतों- अमीर ख़ुसरो कृत *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* (1311-12 ई.) और दिबलरानी तथा ख़िज़्र ख़ाँ (1318-19 ई.), ज़ियाउद्दीन बरनी कृत *तारीख़-ए-फ़िरोजशाही* (1357 ई.) तथा अब्दुल मलिक एसामी कृत *फ़ुतूह-उस-सलातीन* (1350 ई.) पर है, जिनमें इस प्रकरण का हवाला तो है, लेकिन इनमें पद्मिनी, गोरा-बादल आदि नहीं हैं और इनमें विजय अलाउद्दीन की हुई है।[15] अलाउद्दीन ने 1303 ई. में चित्तौड़ पर आक्रमण किया और विजय के पश्चात दुर्ग अपने बेटे ख़िज़्र ख़ाँ को सौंपकर वह वापस दिल्ली चला गया। इस आक्रमण में चित्तौड़ का राजा रत्नसिंह बंदी बनाया गया और तीस हज़ार हिंदू क़त्ल किए गए। यह प्रकरण तिथियों की

कुछ इधर-उधर के साथ सभी इस्लामी स्रोतों में कमोबेश मौजूद है। अलाउद्दीन के समकालीन जैन आचार्य कक्क सूरि का इस प्रकरण का उल्लेख भी इसकी पुष्टि करता है। कक्क सूरि पाटन के विख्यात धनाढ्य समरसाह के गुरु थे और पाटन उस समय गुजरात का बहुत समृद्ध नगर होने के साथ राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र भी था। उलुग ख़ान ने पाटन पर आक्रमण कर उसको नष्ट कर दिया था। समरशाह अलाउद्दीन और उलुग ख़ान के निकट संपर्क में भी आया था। कक्क सूरि समरसाह के गुरु होने के कारण तत्कालीन राजनीतिक उठापटक से अच्छी तरह परिचित रहे होंगे। उन्होंने अपने प्रबंध *नाभिनंदनजिनोद्धारप्रबंध* की रचना घटना के कुछ वर्ष बाद 1336 ई. (वि.सं.1393) में राजस्थान के कांजरोटपुर नामक स्थान पर की। अलाउद्दीन के देवगीर और रणथंभोर के युद्ध अभियानों के साथ उन्होंने उसके चित्तौड़ पर आक्रमण का भी उल्लेख किया हैं। उन्होंने इस संबंध में लिखा कि- *श्रीचित्रकूट दुर्गेशं बद्ध्वा लात्वा च तद्धनम्। / कंठबद्धै कपिमिवाभ्रामयत्तं पुरे-पुरे॥* आशय यह है कि अलाउद्दीन ने चित्रकूट के राजा को भी क़ैद करके उसका धन ले लिया था और गले से बँधे बंदर के समान उस राजा को गाँव-गाँव घुमाया।[16] परवर्ती इस्लामी और देशज अधिकांश स्रोतों में पद्मिनी और गोरा-बादल आ गए। अबुल फ़ज़ल (1551-1602 ई.) ने *आईन-ए-अकबरी* में राजा रतनसी की बहुत ख़ूबसूरत स्त्री, जिसकी अलाउद्दीन ने माँग की थी, का उल्लेख किया है।[17] मोहम्मद क़ासिम फ़रिश्ता (1560-1620 ई.) का *तारीख़-ए-फ़रिश्ता* का विवरण भ्रामक है- उसने अलौकिक सौंदर्य और गुणोंवाली स्त्री को राजा रत्नसेन सेन की बेटी लिखा है।[18] परवर्ती देशज स्रोत *मुँहता नैणसीरी ख्यात* (1610-1670 ई.) में भी उल्लेख है कि *पदमणीरै मामले लखमसी नै अलावदीसूं लड़ काम आया।*[19] ख्यात में जौहर का भी उल्लेख है। लिखा गया है कि- *तेरमै दिन जुहर कर रांणों लखमसी रतनसी कांम आया।*[20] इसी तरह सत्रहवीं सदी के अंतिम चरण में हुई रचना *रावल राणारी बात* (1680-1689 ई.) में भी इस प्रकरण का उल्लेख मिलता है। लिखा गया है कि- *राणा रतनसीघ जी रे पदमणी थी पातस्याह अलावदीन गोरी पठान दली दिल्ली रो चित्रकोट ऊपरे चढ़ आयो। ब्रह्मचवदा सुदी लड्यो ने रांणा जी रा बेटा बारा, भाइ पाँच, काका बाबा ओर प्रगेही रजपुत कामदार वेपारी, ब्राहम्ण कस ओर के ही तरवारिया ऊतरया। लुगायां झमर चढी। गढ भागो, पछे पातशाह तो दिल्ली गयो ने सोनीगरा मालदे गढ़ दीधो। गढ़ ब्रस पेतीस सोनीगराँ रो राज रह्यो।* अर्थात् रत्नसेन के घर पद्मिनी थी, जिसके लिए दिल्ली का बादशाह उलाउद्दीन गढ़ पर चढ़ आया। रत्नसेन के बारह पुत्र, पाँच भाई, काका व बाबा, कई सगे-संबंधी, ब्राह्मण और अन्य जातियों के लोग मारे गए, स्त्रियों ने जौहर किया। चित्तौड़ परास्त हुआ। फिर बादशाह दिल्ली गया और उसने मालदेव सोनगरा का क़िला दे दिया। गढ़ पर पैंतीस बरस तक सोनगरा का राज्य रहा।[21]

सभी विवेच्य देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में घटना का वृत्तांत कमोबेश एक जैसा है। इनमें से अधिकांश में रत्नसिंह के पद्मिनी से विवाह, राघव चेतन का नाराज़ होकर दिल्ली जाना, वहाँ जाकर पद्मिनी के रूप-सौंदर्य की सराहना कर अलाउद्दीन को युद्ध के लिए उकसाना, अलाउद्दीन का आक्रमण, गोरा-बादल का युक्तिपूर्वक रत्नसिंह को छुड़ाना आदि प्रसंग आए हैं। यही सही है कि समकालीन स्रोतों में प्रकरण का विवरण पूरा नहीं है, लेकिन लोक स्मृति में यह पूरा है और लोक स्मृति के आधार पर ही परवर्ती इस्लामी स्रोतों- अबुल फ़ज़ल (1551-1602), फ़रिश्ता (1560-1520 ई.) और हाज़ी उद्दबीर (1540-1605 ई.) के यहाँ आया और लोकस्मृति से ही यह प्रकरण जायसी के *पद्मावत* (1540 ई.) में रूपांतरित हुआ। यह धारणा सही नहीं है कि जायसी ने सर्वप्रथम इसकी कल्पना की, क्योंकि परवर्ती इस्लामी स्रोतों से जायसी की कथा के मोड़-पड़ाव मेल ही नहीं खाते।

3.

रत्नसेन के अस्तित्व को लेकर आरंभिक कुछ इतिहासकारों ने संदेह व्यक्त किया, लेकिन ऐतिहासिक देशज कथा-काव्यों में इस संबंध में कोई संदेह कभी नहीं रहा। रत्नसेन इन सभी ऐतिहासिक कथा-काव्यों का निर्विवाद नायक है। वह चित्तौड़ का शासक है और पद्मिनी उसकी विवाहिता है, यह उल्लेख भी सभी रचनाओं में है। जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* को छोड़कर सभी रचनाओं में वह गुहिलवंशी है। *गोरा-बादल कवित्त* में कहा गया है कि- *चित्रकोट कैलास, वास वसुधा विख्यातह, रत्नसेन गहलोत, राय तिहाँ राज करंतह।*[22] हेमरतन ने भी लिखा है कि *तिणि गढि राज करइ गहिलोत रतनसेन राजा जस-जोत्त।*[23] इसी तरह लब्धोदय भी लिखता है कि- *रतनसेन राणो तिहां, जा सम भूपन ओर।*[24] *खुम्माणरासो* में स्पष्ट उल्लेख है कि- *राणो रतन सेन गहिलोत देसपति मोटो देसोत।*[25] *राणारासो* में भी कहा गया है कि- *वसै वास चीतोर राना रयन्नं।*[26] समिओकार ने राजा रत्नसेन के लिए 'खुंमान' शब्द का प्रयोग किया है। 'खुम्माण' मेवाड़ का नवीं सदी का यशस्वी शासक था, इसलिए यह संज्ञा मेवाड़ के शासकों के लिए प्रयुक्त होती आयी है। समिओकार लिखता है कि- *राजा रतनसेन खुंमान तव गढ़ चित्रकोट केरा धनी।*[27] *पाटनामा* के रत्नसेन के परिचय में चित्तौड़ और गुहिल के साथ उसके सूर्यवंशी होने का उल्लेख भी है। पाटनामाकार लिखता है कि "देस तो मेवाड़ कला को चत्रकोट राजा को नाम रतनसेण जात को सूरजबंसी गहलोत....।"[28] जटमल नाहर ने इन सबसे अलग जायसी की तरह रत्नसेन को चौहान लिखा है- *रतनसेन तिहाँ राय... चतुर पुरुस चहुवाँन।*[29]

रत्नसिंह ऐतिहासिक चरित्र है, इसकी पुष्टि शिलालेख, पारंपरिक इतिहास और

लोक स्मृति से होती है, लेकिन आधुनिक भारतीय इतिहासकारों ने पद्मिनी के साथ उसकी ऐतिहासिकता पर भी संदेह किया है। इस संदेह का आधार इस्लामी स्रोतों और कुछ पारंपरिक अभिलेखों में अलाउद्दीन के समय चित्तौड़ के राजा के रूप में उसका नामोल्लेख नहीं होना है। समकालीन इस्लामी वृत्तांतकार अमीर ख़ुसरो और अब्दुल मालिक एसामी ने चित्तौड़ के राजा के लिए 'राय' शब्द का इस्तेमाल किया है। ज़ियाउद्दीन बरनी का चित्तौड़ पर आक्रमण का वर्णन ही दो पंक्तियों में है और वह चित्तौड़ के किसी राजा या राय का उल्लेख ही नहीं करता। ज़ियाउद्दीन बरनी ने *तारीख़-ए-फ़िरोजशाही* में केवल इतना लिखा कि "सुल्तान अलाउद्दीन ने पुनः शहर देहली से सेना लेकर चित्तौड़ पर चढ़ाई कर दी। चित्तौड़ को घेर लिया और शीघ्रातिशीघ्र क़िले पर विजय प्राप्त करके शहर लौट आया।"[30] अबुल मलिक एसामी का वर्णन भी बहुत संक्षिप्त है, लेकिन वह चित्तौड़ के राजा को 'राय' लिखता है। उसके शब्दों में "इसके उपरांत सुल्तान ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया। राय 8 मास तक युद्ध करता रहा, किंतु 8 मास के उपरांत राय ने क्षमा याचना की और सुल्तान ने ख़िलअत देकर सम्मानित किया।"[31] अमीर ख़ुसरो का घटना का वर्णन अपेक्षाकृत विस्तृत है, लेकिन उसने भी चित्तौड़ के शासक के रूप रत्नसिंह का नामोल्लेख नहीं किया।[32] अलाउद्दीन के समय चित्तौड़ में सत्तारूढ़ शासक के संबंध में पारंपरिक वंशावली अभिलेखों में से कुछ में रत्नसिंह का उल्लेख है, जबकि कुछ में नहीं है। दरअसल अधिकांश वंशावली अभिलेख महाराणा कुंभा (1433–1468 ई.) के समय के हैं और घटना के सदियों बाद पारंपरिक कथा-काव्यों और लोक स्मृति के आधार पर तैयार किए गये हैं। कुंभा हम्मीर का वंशज था और हम्मीर गुहिलवंश की राणा शाखा से संबंधित था। गुहिलवंश की रावल शाखा रत्नसिंह की मृत्यु के साथ समाप्त हो गई। मेवाड़ के वंशानुक्रम से संबंधित अधिकांश शिलालेख और कथा-काव्य कुंभा के समय और उसके बाद बने, इसलिए इनमें हम्मीर के राणा शाखा के पूर्वजों के भी नामोल्लेख हैं, लेकिन इनमें से कोई सत्तारूढ़ नहीं हुआ। ये सभी मेवाड़ की एक जागीर सिसोदा के सामंत थे। हम्मीर और उसके परवर्ती सभी शासक सिसोदा की राणा शाखा से संबंधित थे, इसलिए सिसोदिया कहलाए। रणकपुर (1439 ई.)[33], जगदीश मंदिर (1651 ई.)[34] और एकलिंगजी (1652 ई.)[35] के शिलालेखों में रत्नसिंह का उल्लेख नहीं है, जबकि राजसिंहकालीन *राजप्रशस्तिमहाकाव्य* (1675 ई.)[36] में रत्नसिंह का नामोल्लेख सत्तारूढ़ लक्ष्मसिंह के छोटे भाई के रूप में है, जिसने पद्मिनी से विवाह किया। यह सही है कि इस्लामी स्रोतों और कुछ पारंपरिक वंश रचनाओं और शिलालेखों में रत्नसिंह का नामोल्लेख नहीं है, लेकिन केवल इस आधार पर रत्नसिंह की ऐतिहासिकता संदिग्ध नहीं हो जाती। दरअसल इस्लामी इतिहासकारों

में नामोल्लेख करने की कोई एकरूप परंपरा नहीं मिलती। वे कभी बहुत ज़रूरी और महत्त्वपूर्ण नाम नहीं लिखते और कभी-कभी बहुत ग़ैरज़रूरी और मामूली नामों की चर्चा करते हैं। परवर्ती इस्लामी इतिहासकार अबुल फ़ज़ल ने 'राय रतनसी'[37] और मोहम्मद कासिम फ़रिश्ता ने 'राय रत्नसेन'[38] के रूप में रत्नसिंह का नामोल्लेख किया है। कुछ शिलालेखों और वंश रचनाओं में रत्नसिंह नामोल्लेख नहीं होने का कारण उसके साथ ही उससे संबंधित रावल शाखा समाप्त हो जाना है। उसके बाद चित्तौड़ पर फिर अधिपत्य क़ायम करनेवाला हम्मीर गुहिलवंश की सिसोदा राणा शाखा से संबंधित था, इसलिए वंशावलियों में हम्मीर के पूर्वजों में रत्नसिंह का नामोल्लेख सब जगह नहीं है।

रत्नसिंह गुहिलवंश की रावल शाखा के समरसिंह का पुत्र था और अलाउद्दीन ख़लजी के आक्रमण के समय वह चित्तौड़ में सत्तारूढ़ था, यह अन्य कई प्रमाणों से सिद्ध है। रत्नसिंह के समय का एक शिलालेख दरीबा के पास स्थित एक मंदिर के स्तंभ पर वि.सं. 1869 माघ सुदी 5 बुधवार (शनिवार 24 जनवरी, 1303 ई.) का खुदा हुआ है और इसमें स्पष्ट उल्लेख है कि *संवत् 1359 वर्ष माघ सुदि 5 बुधवार दिने अद्येह श्रीमेदपाट मंडले समस्त राजावलि समलंकृत महाराज कुल श्री रतनसिंह देव का कल्याण विजय राज्ये तन्नियुक्त महं, श्री महणसीह समस्त मुद्रा व्यापारान् परिपांथियति......* ।अर्थात् समस्त राजगुणों से समलंकृत महाराज कुल अर्थात् महारावल श्री रत्नसिंह देव का कल्याणकारी राज्य प्रर्वतमान था और उनका समस्त राज्य कार्य भार वहन करने वाला अर्थात् मुख्य प्रधान महं (महत्तम-महेता) महणसिह था।[39] दरीबा शिलालेख के उत्कीर्ण होने के चार दिन बाद 28 जनवरी,1303 ई. को उलाउद्दीन ख़लजी ने चित्तौड़ पर आक्रमण करने के लिए दिल्ली से प्रस्थान किया और 26 अगस्त, 1303 ई. को उसने दुर्ग जीत लिया। इसकी पुष्टि अमीर ख़ुसरो अपने आक्रमण के विवरण में भी करता है।[40] कुंभा के समय विशेष शोध और परिश्रम से तैयार किए गए कुंभलगढ़ के शिलालेख वि.सं.1517 (1460 ई.) में भी स्पष्ट उल्लेख है कि समरसिंह के बाद उसका पुत्र रत्नसिंह (श्लोक-176) सतारूढ़ हुआ। मेवाड़ की कनिष्ठ राणा शाखा का लक्ष्मसिंह (श्लोक-180) जागीर सिसोदा का शासक था, जो 1303 ई. में रत्नसिंह के शासनकाल में अलाउद्दीन के विरुद्ध लड़ाई में अपने सात पुत्रों सहित मारा गया।[41] यही प्रशस्ति महाराणा कुंभाकालीन (1433-1468 ई.) *एकलिंगमाहात्म्य* में भी मिलती है।[42] स्पष्ट है कि अलाउद्दीन ख़लजी की चित्तौड़ पर चढ़ाई के समय गुहिलवंश की रावल शाखा के समरसिंह का पुत्र रत्नसिंह चित्तौड़ का शासक था।

4.

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर सभी काव्यों में पद्मिनी नायिका है। ख़ास बात यह है कि इन सभी में यह उल्लेख है कि वह चार कोटि की- शंखिनी, चित्रिणी हस्तिनी और पद्मिनी में से एक सर्वश्रेष्ठ पद्मिनी स्त्री के लक्षणोंवाली स्त्री है। यों इन सभी रचनाओं में विस्तार या संक्षेप में स्त्री की इन कोटियों का वर्णन आया है। *गोरा-बादल कवित्त* में रत्नसेन की स्त्री को सिंघल की पद्मिनी *(रत्नसेन घरि नारि, नारि सिंघली सुणिज्जइ)*[43] कहा गया है। हेमरतन ने यह संकेत किया है कि सिंघल द्वीप के राजा की बहन 'प्रत्यक्ष पद्मिनी' *(तासु बहिनी परतिख पदमिणी)*[44] है। दलपति विजय का उल्लेख *(बहिन अछें सींघल पति तणी, परतिख आप अछें पदमणी)*[45] भी ठीक हेमरतन की तरह ही है। लब्धोदय ने इसको कुछ अधिक स्पष्ट किया है। उसके अनुसार सिंघल द्वीप के राजा की बहन पद्मिनी है और वह रूप में रंभा के समान है *(तास बहिन पदमणी रे, रूपें रंभ समान रे)*।[46] जटमल नाहर[47] के यहाँ और *पद्मिनीसमिओ*[48] में यह उल्लेख *(पद्मपुत्री सुखदायक)* इसी तरह का है। *पाटनामा* में यह उल्लेख बहुत स्पष्ट है। यहाँ वह सिंघल द्वीप के राजा की पुत्री है और उसका नाम मदन कुँवर है और वह पद्मिनी कोटि की स्त्री है। पाटनामाकार उसका परिचय देता हुआ साफ़ लिखता है कि- *गाम मनोहरगढ़ का राजा की बेटी राजा को नाम समनसी पुवार। राजा समनसी की बेटी नाम मदन कुवरी असत्री की जात पदमणी..।* अर्थात् मनोहरगढ़ के राजा की बेटी। राजा का नाम समरसिंह पंवार। राजा की बेटी का नाम मदनकुंवरी। स्त्री की जाति पदमिनी...।''[49] पाटनामाकार यह स्पष्ट उल्लेख करता है कि कि मदन कुँवर स्त्रियों की चार कोटियों में से एक पद्मिनी कोटि की स्त्री है। वह लिखता है कि- *परंत एके अरज मारी सांमलो असत्री जात की चारु बरण हुवे है। पदमणी, हस्तणी, चत्रणी संखणी, ए च्यार ही बरण माहे पदमणी को बरण राजा है। च्यार जात महे अणा बाई हे लोग संसार कहे है क या पदमणी हे। अणी हे आप परणिया हो।* अर्थात् मेरा एक निवेदन सुनिए। स्त्री चार प्रकार की- पद्मिनी, हस्तिनी, चित्रणी और शंखिनी होती है और इनमें राजा मतलब सर्वोपरि पद्मिनी है। संसार और लोग कहते हैं कि जिससे आपने विवाह किया है, वह पद्मिनी है।[50] स्पष्ट है कि इन कथा-काव्यों में रत्नसेन की विवाहिता स्त्री को पद्मिनी इसलिए कहा गया हैं, क्योंकि उसमें शास्त्र वर्णित पद्मिनी स्त्री के लक्षण हैं। *पाटनामा* में उसका नाम मदन कुँवर है।

लोक स्मृति और पारंपरिक देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में पद्मिनी इस प्रकरण का केंद्रीय चरित्र है, लेकिन अधिसंख्य आधुनिक इतिहासकारों की निगाह में इतिहास में इस तरह का कोई चरित्र नहीं हुआ। अलाउद्दीन ख़लजी के समकालीन

इस्लामी वृत्तांतकार चित्तौड़ पर आक्रमण का उल्लेख तो करते हैं, लेकिन वे वहाँ किसी रानी या पद्मिनी का उल्लेख नहीं करते। अमीर ख़ुसरो, अब्दुल मलिक एसामी और ज़ियाउद्दीन बरनी, तीनों हो इस्लामी वृत्तांतकार रानी या पद्मिनी का नाम नहीं लेते। अलबत्ता कुछ इतिहासकारों ने अमीर ख़ुसरो के प्रकरण के वृत्तांत में पद्मिनी या रत्नसेन की रानी के सांकेतिक उल्लेख की बात स्वीकार की है। अमीर ख़ुसरो अलाउद्दीन का समकालीन था। ख़ास बात यह है कि वह चित्तौड़ पर आक्रमण के दौरान अलाउद्दीन ख़लजी के साथ था, इसलिए इतिहासकारों की राय में उसका वृत्तांत प्रत्यक्ष और आनुभाविक है। अमीर ख़ुसरो के वृत्तांत के संबंध में ख़ास बात यह है कि यह बहुत अतिरंजित और अलंकरणप्रधान है, इसलिए फ़ारसी के जानकारों ने इसके एकाधिक रूपांतरण किए हैं और ये सभी इस कारण एक-दूसरे से मिलते नहीं हैं। एच.एम. इलियट ने *हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया, एज टोल्ड बाई इट्स ऑन हिस्टोरियन* में *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* को इतिहास की अपेक्षा काव्य अधिक माना है और उन्होंने इसका केवल सार-संक्षेप प्रस्तुत किया है।[51] सैयद अतहर अब्बास रिज़वी ने भी *ख़लजी कालीन भारत* में *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* का सार ही प्रस्तुत किया है। पहली बार *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* का शब्दश: अंग्रेज़ी भाषांतर इतिहास और फ़ारसी के विद्वान् प्रो. मुहम्मद हबीब ने किया। इलियट और रिज़वी के प्रकरण के सार-संक्षेप में अलाउद्दीन ख़लजी की चित्तौड़ के विरुद्ध चढ़ाई में किसी स्त्री का ज़िक्र नहीं है, लेकिन प्रो. हबीब के इस प्रकरण के शब्दश: अंग्रेजी रूपांतरण में आए 'हुद-हुद' का संबंध कुछ इतिहासकारों और विद्वानों ने पद्मिनी से जोड़ा है। यह उल्लेख इस तरह है-

"11 मुहर्रम हिजरी सन् 703 सोमवार के दिन इस युग का सुलेमान (अलाउद्दीन) अपने ऊँचे सिंहासन पर बैठकर उस क़िले में दाख़िल हुआ, जिसकी बुलंदी तक परिंदे भी उड़ान नहीं भर सकते थे। ख़ाकसार (अमीर ख़ुसरो), जो इस सुलेमान (अलाउद्दीन) का पक्षी है, उसके साथ था। वे बार-बार "हुद हुद! हुदहुद!" चिला रहे थे, किंतु मैं (अमीर ख़ुसरो) हाज़िर नहीं हुआ, क्योंकि मुझे भय था कि शायद सुल्तान गुस्से में पूछ बैठे, "क्या बात है, हुदहुद क्यों नहीं दिखाई पड़ा। क्या वह भी अनुपस्थितों में है? और यदि मेरी अनुपस्थिति की 'ठीक कैफ़ियत माँगे', तो मैं क्या बहाना बनाऊँगा? यदि गुस्से में आकर बादशाह कह दे "मैं तुझे दंड दूँगा" तो बेचारा यह पक्षी उसको सहन करने का हौंसला कर सकेगा?"[52]

दरअसल *क़ुरान* में 'हुदहुद' का उल्लेख एक पक्षी के रूप में है, जो सुलेमान के पास शेबा की रानी बिलक़ीस के समाचार लाता था। कुछ इतिहासकारों और विद्वानों की राय है कि अमीर ख़ुसरो इस प्रकरण में ख़ुद को हुदहुद और अलाउद्दीन ख़लजी

को सुलेमान मानता है। उसके अनुसार अलाउद्दीन ख़लजी चित्तौड़ के क़िले में प्रविष्ट होने के बाद पद्मिनी को नहीं पाकर अमीर ख़ुसरो को उसका संदेशवाहक 'हुदहुद' मानते हुए उससे पद्मिनी की अनुपस्थिति की क़ैफ़ियत माँग रहा है। 'हुदहुद' का उल्लेख पद्मिनी के संदेशवाहक के लिए हुआ है, इसकी पुष्टि करते हुए इतिहासकर आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव ने लिखा है कि "अमीर ख़ुसरव अवश्य इस घटना की ओर संकेत करता है, जबकि वह अलाउद्दीन की सुलेमान से तुलना करता है, सेबा को चित्तौड़ के क़िले के भीतर बताता है और अपनी उपमा उस 'हुदहुद' पक्षी से देता है, जिसने युथोपिया के राजा सुलेमान को सेबा की सुंदर रानी बिलक़ीस का समाचार दिया था।"[53] *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* का शब्दश: अनुवाद करने वाले मोहम्मद हबीब का भी यही मानना है कि "हुदहुद (और ज़ाहिर है, इससे संबंधित सेबा की रानी से भी) से ख़ुसरो का आशय अपने लिए है, जिसे अलाउदीन को सुंदर पद्मिनी का समाचार देना है।"[54] विख्यात पुरातत्त्वविद् मुनि जिनविजय की धारणा भी यही है। उनकी स्पष्ट धारणा है कि यह उल्लेख पद्मिनी से संबंधित है और "अमीर ख़ुसरो के उक्त कथन का इसके सिवा और कोई अर्थ नहीं घट सकता, और न ही सुलेमान और सेबा की रानी बिलक़ीस के साथ 'हुदहुद' पक्षी की उपमा का ज़िक्र इस, संदर्भ में अन्य रूप में सार्थक हो सकता है।"[55] एक और इतिहासकार सुबीमलचंद्रा दत्ता ने भी अमीर ख़ुसरो के हुदहुद संबंधी उल्लेख का निहितार्थ पद्मिनी ही माना है। उन्होंने इसे अधिक स्पष्ट करते हुए लिखा कि- "कहानी इससे संबंधित है कि कैसे डेविड के बेटे सुलेमान ने सैनिकों, जानवरों और पक्षियों सहित विशाल सेवकों के दल सहित एक अभियान किया, जिनमें से 'हुदहुद' भी एक था। जब उन्होंने रेगिस्तान के पास डेरा डाला, तो 'हुदुहुद' को याद किया और घोषणा की कि वे इसे कड़ी से कड़ी सज़ा देंगे, जब तक कि पक्षी संतोषजनक ढंग से अपनी अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट नहीं करता। 'हुदहुद' तुरंत प्रकट हुआ और उसने सूचित किया कि वह सेबा और उसकी रानी बिलक़ीस की ख़बर लाया है, जो सूर्य की पूजा करती थी। सुलेमान ने तुरंत हुदहुद को पत्र के साथ बिलक़ीस को ख़ुद को समर्पित करने के लिए संदेश भेजा। उसने अपने सलाहकारों को इकट्ठा किया और अपने दूत को सुलेमान के पास उपहारों के साथ भेजा, जिसने हालाँकि घोषणा की कि वह बिलक़ीस की व्यक्तिगत अधीनता के अलावा किसी और चीज़ से संतुष्ट नहीं होगा। चित्तौड़ के ख़िलाफ़ अलाउद्दीन के अभियान और सेबा की भूमि के ख़िलाफ़ सोलोमन के कार्यों के बीच समानता उचित होगी, क्योंकि चित्तौड़ में सेबा की प्रतिकृति थी। ज़ाहिर है, इसलिए ख़ुसरो का तात्पर्य है कि अलाउद्दीन ने चित्तौड़ में शासक परिवार की महिला पद्मिनी के आत्मसमर्पण पर ज़ोर दिया।"[56] यह सही है कि इस्लामी

समकालीन स्रोतों में पद्मिनी का उल्लेख नहीं है, लेकिन केवल इस आधार पर उसे अनैतिहासिक और कल्पित चरित्र मान लेना ग़लत होगा। पद्मिनी पारंपरिक देशज कथा-काव्यों और लोक स्मृति में है और उसके अस्तित्व का सांकेतिक उल्लेख अमीर ख़ुसरो के *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* में भी है।

5.

अलाउद्दीन ख़लजी का ऐतिहासिक अस्तित्व असंदिध है और वह इन देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में खलनायक की हैसियत में है। उल्लेखनीय और आश्चर्यकारी तथ्य यह भी है कि सल्तनत और मुग़लकाल के सभी शासकों में से वही एक ऐसा शासक है, जिसकी लोक स्मृति में मौजूदगी बहुत निरंतर और सघन है। वह संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और देश भाषा काव्यों में वर्णित है और उससे संबंधित कुछ लोक कथाएँ भी मिलती हैं।[57] देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में वह खलनायक है और यह जानकर कि रत्नसेन की विवाहिता स्त्री पद्मिनी है, वह उसको पाने के लिए चित्तौड़ पर आक्रमण करता है। *गोरा-बादल कवित्त* में उसको 'आलिमशाह अलावदी' कहा गया।[58] उसकी प्रशस्ति में भाट कहता है कि- *एक छत्र जिण प्रथीय, धरीय निश्चल धरणि पर, आंण किद्ध नव खंड, अदल किद्धु दुनि भीतर।* अर्थात् जिसका संपूर्ण पृथ्वी पर एक छत्र साम्राज्य है और जिसने दुनिया के नौखंडों में न्याय क़ायम किया है।[59] हेमरतन ने भी उसका वर्णन इसी तरह किया है। वह लिखता है कि- *डिलीपति पतिसाह प्रचंड अवनि एक तसु आंण अखंड। / अलावदीन नव खंडे नाम, नृप सहु तेहनइँ करइ सिलाँम॥* अर्थात् दिल्ली का बादशाह बहुत प्रचंड है और उसने संपूर्ण पृथ्वी को अविभाजित एक कर दिया है। उसका नाम नौ खंडों में है और सभी राजा उसको सलाम करते हैं।[60] जटमल नाहर के अनुसार *पातसाह तिहाँ अलावदी करै राज सिर नर सुथिर* अर्थात् वहाँ (दिल्ली का) का बादशाह अलाउद्दीन है और वह देवताओं और मनुष्यों पर अच्छी तरह शासन करता है।[61] *खुम्माणरासो* उसे 'आलम' 'असपति' आदि[62] और *राणारासो* में 'अलावदी' और *समिओ* में उसे 'साहि', 'पतिसाहि' आदि[63] कहा गया है। उसके सैन्य बल का इन सभी कवि-कथाकारों ने अतिरंजनापूर्ण वर्णन किया है। उसकी सेना में सम्मिलित हाथियों, घोड़ों, पैदल सैनिकों आदि का विवरण अपनी तरह से ये सभी कवि-कथाकर देते हैं।

अधिकांश इतिहासकर यह मानते हैं कि अलाउद्दीन ने चित्तौड़ पर आक्रमण राजनीतिक प्रयोजन- साम्राज्य विस्तार के लिए किया[64], लेकिन सभी देशज कथा-काव्यों के अनुसार चित्तौड़ पर उसके आक्रमण का एक मात्र प्रयोजन पद्मिनी पाना था। इन रचनाओं में उसके स्त्री लोलुप स्वभाव और कामांधता का वर्णन है। *गोरा-*

बादल कवित्त में अलाउद्दीन कहता है कि *मारुउ देस हिंदुआण कूं, त्रीया एक जीवित धरउं* अर्थात् हिंदू देश की ख़त्म कर स्त्री (पद्मिनी) को जीवित पकड़ लूँगा।[65] *गोरा-बादल पदममिणी चउपई* में पद्मिनी के लिए अलाउद्दीन की व्याकुलता का विस्तृत वर्णन है। वह राघव व्यास से कहता है कि- *एहनउ रूप अनोपम एह रूप तणी इण लाधी रेह। एहना एक अँगूठा जिसी अवर नारि नहु दीसइ इसी*। अर्थात् इसका रूप अनुपम है, इसके जैसी और कोई नहीं है। यहाँ इसके अँगूठे जैसी भी कोई नहीं है।[66] आगे कवि कहता है कि- *पद्मिणी नारि हिया महि वसी और मूर्च्छित चित्त हुए पातसाहि* अर्थात् पद्मिनी स्त्री उसके हृदय में बस गई और वह मूर्च्छित हो गया।[67] *पाटनामा* में भी उल्लेख है कि- *पातसाह पद्मिणी जी देखेर सुध भूल ही गीयो अर्थात् बादशाह पद्मिनी देखकर सुध भूल गया।*[68]

इतिहास में अलाउद्दीन के संबंध में परस्पर विरोधी धारणाएँ मिलती हैं। अफ़्रीकी यात्री इब्न बतूता के अनुसार वह सबसे अच्छा सुल्तान था[69], जबकि उसके अपने समकालीन वृत्तांतकार ज़ियाउद्दीन बरनी के अनुसार वह बहुत क्रूर और नृशंस शासक था।[70] बरनी उसकी अत्यधिक मदिरापान की आदत और उसके अंत:पुर में स्त्रियों पर होने वाले भारी व्यय का ज़िक्र भी करता है।[71] यों उसके समकालीन वृत्तांतकारों ने साफ़ उल्लेख नहीं किया है, लेकिन पारिस्थितिक साक्ष्य इस तरह के हैं, जो उसके स्त्री लोलुप और कामांध होने की ओर संकेत करते हैं। अलाउद्दीन स्त्री लोलुप और कामांध था, यह अन्य इस्लामी स्रोतों से भी सिद्ध है। गुजरात के अरबी इतिहास के लेखक हाजी उद्दबीर (1605 ई.) ने अलाउद्दीन के चरित्र का जो विवरण दिया है, वह इसी तरह का है। विवरण के अनुसार उसके विवाहेतर संबंधों के कारण उसकी धर्मपत्नी उससे खिन्न और रुष्ट रहती थी।[72] पारंपरिक देशज आख्यानों से यह भी सिद्ध है कि उसने स्त्रियाँ पाने के लिए ही युद्ध अभियान किए। उसने गुजरात पर कमला, रणथंभोर पर देवल देवी और देवगीर पर छिताई के लिए चढ़ाई की। *छिताईचरित्र* में अलाउद्दीन राघवचेतन से कहता है कि ''वह न बेटी देता है और न स्थान छोड़ता है। ''मैं देवल (देवी) के लिए रणथंभोर गया; किंतु मेरा एक भी काम सिद्ध नहीं हुआ।'' दिल्ली के स्वामी ने कहा, ''मैंने चित्तौड़ में पद्मिनी के संबंध में सुना। मैंने जाकर रत्नसेन को बाँध लिया, किंतु बादल उसे छुड़ा ले गया। जो अबकी बार मैंने छिताई को न लिया, तो यह सिर मैं देवगीर को अर्पित करूँगा।''[73] नयचंद्र सूरि ने भी अपने *हम्मीरमहाकाव्य* (1390 ई.) में स्पष्ट उल्लेख किया है कि अलाउद्दीन का दूत हम्मीर से कहता है कि- ''हे हम्मीर! यदि राज्य को भोगने की तुम्हारी इच्छा है तो एक लाख स्वर्ण मुद्रा, चार मदमत्त हाथी, तीन सौ घोड़े और भेड़ें तथा अपनी पुत्री को हमें देकर हमारे आदेश को सिर आँखों पर चढ़ा लो।[74] नयचंद सूरि के

इस उल्लेख पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है। इतिहासकार दशरथ शर्मा का मानना है कि "उनका सब वर्णन इतना ब्यौरेवार है कि उन्हें असत्य मानना संभवत: केवल धृष्टता मात्र या हिंदू इतिहासकारों के प्रति व्यर्थ अश्रद्धा का सूचक होगा।"[75] भांडा व्यास की 1481 ई. की रचना *हम्मीरायण* में भी उल्लेख है कि "ख़लज़ी ने हम्मीर को दूत भेज कर कहलवाया कि "वह राजकुमारी देवल दे, धारू-वारू (दो वेश्याओं के नाम) और अनेक गढ़ों और हाथियों को बादशाह को नज़र कर दे।"[76] आश्चर्यजनक यह है कि देशज आख्यानों में अलाउद्दीन के युद्ध अभियानों में उसकी स्त्रियाँ पाने की लालसा प्रमुख है, लेकिन समकालीन इस्लामी वृत्तांतकार इस संबंध में मौन हैं। अमीर ख़ुसरो ने रणथंभोर, चित्तौड़ और देवगीर पर अलाउद्दीन ख़लजी के अभियान के पीछे अलाउद्दीन ख़लजी की स्त्री पाने की इच्छा का ज़िक्र नहीं किया, जबकि पारंपरिक सभी आख्यानों मे यही सर्वोपरि है। उसने तो चित्तौड़ में स्त्रियों के जौहर का भी उल्लेख नहीं किया। अलबत्ता अपने रणथंभोर पर चढ़ाई के दौरान राय द्वारा क़िले में आग लगवाकर अपनी स्त्रियों को आग में जलवाने का उल्लेख किया है।[77] देवगीर अभियान में अमीर ख़ुसरो ने छिताई का उल्लेख तो कहीं नहीं किया, लेकिन आक्रमण के बाद राय तथा उसके परिवार की रक्षा के विशेष प्रबंध करने संबंधी सुल्तान के आदेश का ज़रूर हवाला दिया है।[78]

6.

गोरा और बादल, रत्नसेन के ये दो योद्धा सामंत पदमिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर इन अधिकांश रचनाओं में हैं। ख़ास बात यह है कि उलाउद्दीन के साथ युद्ध और उसके कब्ज़े से रत्नसेन को मुक्त करवाने में इनकी निर्णायक भूमिका है और अपने स्वामिधर्म के निर्वाह के कारण इन अधिकांश काव्यों में ये नायक की हैसियत में भी हैं। इन अधिकांश कथा-काव्यों में यह उल्लेख कि ये दोनों रत्नसेन के ग्रास (जागीर) से वंचित सामंत थे और इनकी किसी कारणवश रत्नसेन से अनबन थी। *गोरा-बादल कवित्त* के अनुसार दोनों काका-भतीजा थे और बादल के पिता का नाम गाज्जन था।[79] हेमरतन के यहाँ यह उल्लेख इसी प्रकार से है। वह गोरा के संबंध में लिखता है कि- *तिणि पुरि गोरउ रावत रहइ, खित्रवट रीति खरी निरवबइ।*[80] फिर आगे वह बादल के संबंध में कहता है कि- *तासु भत्रीजउ बादिल बाल वेरी कंद तणउ कुद्दाल।*[81] लब्धोदय का उल्लेख भी इसी प्रकार का है। वह लिखता है कि- *गोरो रावत तिन गढै, वादल तस भत्रीज।*[82] *खुम्माणरासो* में भी इन दोनों का परिचय इसी प्रकार दिया गया है।[83] *पाटनामा* में यह परिचय कुछ अलग है। पाटनामाकार के अनुसार ये दोनों योद्धा सिंघल द्वीप के राजा और पद्मिनी के पिता समरसिंह पंवार के सामंत थे और

पद्मिनी के राखीबंध भाई थे। विवाह के बाद ये दोनों पद्मिनी के आग्रह पर उसके साथ चित्तौड़ आए।[84]

पद्मिनी की तरह समकालीन इस्लामी वृत्तांतकार गोरा और बादल का भी उल्लेख नहीं करते, लेकिन परवर्ती कुछ मुस्लिम वृत्तांतों और आधुनिक इतिहासकारों के यहाँ इन दोनों योद्धाओं का रत्नसेन को मुक्त करवानेवाले योद्धाओं के रूप में उल्लेख आता है। अबुल फ़ज़ल (1551–1602 ई.) के अनुसार "अंत में, गोरा और बादल चौहानों ने मृत्यु पर्यन्त युद्ध किया, जिससे सर्वत्र जय-जयकार के बीच रावल सकुशल चित्तौड़ पहुँच गया।"[85] बाद में जेम्स टॉड (1829 ई) ने भी लिखा कि "गोरा और बादल के नेतृत्व में राजपूत वीरों ने अपने राजा और रानी के सम्मान की रक्षा के लिए अद्भुत वीरता के साथ शत्रुओं का सामना किया।"[86] टॉड भी देशज कथा-काव्यों की तरह मानता है कि युद्ध में गोरा खेत रहा और बादल जीवित लौटकर आया। *वीरविनोद* (1886 ई.) में श्यामलदास ने इस गोरा-बादल को चौहानवंशी बताकर उनकी वीरता का अपेक्षाकृत विस्तृत विवरण दिया। उनके अनुसार "क़िलेवालों ने बहुतेरी कोशिश की, कि रावल को छुड़ा लेवें, लेकिन बादशाह ने उनको यही जवाब दिया, कि बग़ैर पद्मावती देने के रत्नसिंह का छुटकारा न होगा, तब तमाम राजपूतों ने एकत्र होकर अपनी अपनी बुद्धि के मुवाफ़िक सलाह ज़ाहिर की, लेकिन पद्मावती के भाई गोरा व बादल ने कहा, कि बादशाह ने हमारे साथ दग़ाबाज़ी की है, इसलिये हमको भी चाहिये, कि उसी तरह अपने मालिक को निकाल लावें; और इस बात को सबों ने क़ुबूल किया। तब इन दोनों बहादुरों ने बादशाह से कहलाया, कि पद्मिनी इस शर्त पर आपके पास आती है कि पहिले वह रत्नसिंह से आख़री मुलाक़ात कर लेवे। बादशाह ने क़स्म खाकर इस बात को क़ुबूल किया। इस पर गोरा व बादल ने एक महाजान और 800 डोलियों में शस्त्र रखकर हर एक डोली के उठाने के लिये सोलह-सोलह बहादुर राजपूतों को कहारों के भेस में मुकर्रर कर दिया, और थोड़ी सी जमइयत लेकर आप भी उन डोलियों के साथ हो लिये। बादशाह की इज़ाजत से ये सब लोग पहिले रावल रत्नसिंह के पास पहुँचे; जनानह बन्दोबस्त देखकर शाही मुलाज़िम हट गये। किसी को दग़ाबाज़ी का ख़्याल न हुआ, और इस हलचल में राजपूत लोगों ने रत्नसिंह को घोड़े पर सवार करके बादशाही लश्कर से बाहिर निकाला। जब वह बहादुर लश्कर से निकल गया, तो वे बनावटी कहार याने बहादुर राजपूत डोलियों से अपने-अपने शस्त्र निकालकर लड़ाई के लिये तय्यार हो गये। बादशाह ने भी अपनी दग़ाबाज़ी से राजपूतों की दग़ाबाज़ी को बढ़ी हुई देखकर अफ़सोस के साथ फ़ौज को लड़ाई का हुक्म दिया। गोरा व बादल, दोनों भाई अपने साथी बहादुर राजपूतों समेत मरते-मारते क़िले में पहुँच गये। कई एक लोग कहते

हैं, कि गोरा रास्ते में मारा गया, और बादल क़िले में पहुँचा; और बाजों का कौल है, कि दोनों इस लड़ाई में मारे गये, परन्तु तात्पर्य यह कि इन ख़ैरख़्वाह राजपूतों ने अपने मालिक को बादशाह की क़ैद से छुड़ाकर क़िले में पहुँचा दिया, और फिर लड़ाई शुरू हो गई।''[87] गोरा और बादल की स्मृति लोक में सदियों से है। चित्तौड़ दुर्ग में पद्मिनी महल से दक्षिण-पूर्व में दो गुम्बदाकार इमारतें हैं, जिन्हें लोग सदियों से गोरा और बादल के महल के रूप में जानते हैं। इसी तरह गोरा-बादल के मृत्यु स्थल पर गंभीरी और बेड़च नदी के पास मालीखेड़ा गाँव में उनकी स्मृति में दो प्रस्तर स्तंभ लगे हुए हैं।[88] अपवाद हो सकते हैं, लेकिन यह तय है कि स्मारक अनैतिहासिक व्यक्तियों के नहीं बनते।

7.

पद्मिनी-रत्नसेन संबंधी देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में राघवचेतन प्रमुख चरित्र है, लेकिन उसके ऐतिहासिक अस्तित्व को लेकर भी आधुनिक इतिहासकार पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। *छिताई वार्ता* के परिचय में रुद्र काशिकेय ने लिखा कि ''जायसी से पूर्व राघवचेतन नाम का प्रयोग शायद किसी काव्य में नहीं किया गया था। कहने का तात्पर्य यह है कि राघवचेतन विषयक कल्पना भी जायसी की प्रतीत होती है, जो उनके पद्मिनी प्रवाद के साथ ही फैली है।''[89] प्रकरण संबंधी देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में से तीन में राघव और चेतन दो अलग-अलग व्यक्ति, चार में एक एक व्यक्ति, जबकि *राणारासो* में इस तरह का कोई चरित्र नहीं है। हेमरतन के यहाँ उल्लेख है कि- *वास्या गाम ग्रास दइ घणा राघव चेतन बेही जणा।*[90] लब्धोदय ने यही उल्लेख किया है- *राघव चेतन दोइ वसे चित्रकूट में व्यास।*[91] इसी तरह *पाटनामा* में राघव और चेतन रत्नसेन के पारंपरिक बहीबंचा (वंशावली वाचक-लेखक), दो भाई हैं और पाटनामाकार ने उन दोनों का अलग परिचय भी दिया है। वह इनके संबंध में लिखता है कि- *पछै श्री जी हुजूर का घर का बही बंचा राघाचेतन दोई भाई उमेदवार हुवा थाका जुआ की उमर बरस तेवीस की दूजा भाई की उमर बरस बीस की वाने आन आसका दीदी।* अर्थात् इसके बाद श्री हुजूर (रत्नसेन) के घर के बहीबंचा उम्मीद लेकर आए। दोनों भाइयों, जिनमें से एक उम्र तेईस वर्ष और दूसरे की बीस वर्ष थी, ने आकर आशीर्वाद दिया।[92] शेष सभी रचनाओं-*गोरा-बादल कवित्त*[93], *खुम्माणरासो*[94], *पदमिनीसमिओ*[95] और *गोरा-बादल कथा*[96] में 'राघवचेतन' एक ही व्यक्ति है। इनमें कहीं उसका नाम 'राघवचेतन', तो कहीं 'राघव व्यास' लिखा गया है।

रत्नसिंह और पद्मिनी की तरह राघवचेतन का ऐतिहासिक अस्तित्व भी एकाधिक

साहित्यिक स्रोतों और कांगड़ा की ज्वालामुखी प्रशस्ति संबंधी शिलालेख से पुष्ट है। यह सभी स्रोत यह पुष्टि करते हैं कि जायसी की *पद्मावत* की रचना से पहले राघवचेतन 'विद्वान् किंतु कुटिल ब्राह्मण'[97] के रूप में पर्याप्त ख्याति अर्जित कर चुका था। *जैन सिद्धान्त भास्कर* में भी राघव और चेतन, दो ब्राह्मणों के रूप में वर्णित हैं।[98] राघवचेतन प्राचीन साहित्य के विद्वान् अगरचंद नाहटा के अनुसार एक ही व्यक्ति है और वह जायसी की कल्पना नहीं है।[99] राघवचेतन का उल्लेख जायसी के पूववर्ती कई देशज स्रोतों में मिलता है। *वृद्धाचार्य प्रबंधावली* में संकलित *जिनप्रभसूरिप्रबंध* में राघवचेतन का उल्लेख आता है। इसके अनुसार मुहम्मद तुग़लक़ पर जिनप्रभ सूरि का गहरा प्रभाव था और यह बात राघवचेतन को अच्छी नहीं लगती थी, इसलिए उसने षड्यंत्र कर सुल्तान की मुद्रिका जिनप्रभ सूरि के रजोहरण में रख दी। बाद में इसकी पोल खुली। यह विवरण प्रबंध में इस प्रकार दिया गया है- ''एक दिन जब ख़लजी सुलतान का दरबार लगा हुआ था, उसी अवसर पर वाराणसी से चौदह विद्याओं में निपुण मंत्र जप जानने वाला राघवचेतन आ पहुँचा। वह आकर सुल्तान को मिला व सुल्तान ने उसका बहुमान किया। वह सुल्तान के पास हमेशा आता। एक अवसर पर सभा लगी हुई थी; जिनप्रभसूरि, राघवचेतन आदि कथा-कुतूहल कर रहे थे, तब राघवचेतन ने विचार किया कि यह जिनप्रभ सूरि दुष्ट स्वभाववाला है; इसे दोषी घोषित कर इस स्थान से हटा देता हूँ। इस प्रकार विचार कर राजा के हाथ से अँगूठी का विद्याबल से अपहरण कर जिनप्रभ सूरि के रजोहरण के बीच डाल दिया, जिसे जिनप्रभ सूरि नहीं जान सके। तब पदमावती (देवी) ने सूरि को निवेदन किया कि यह राघवचेतन तुम्हारे ऊपर चोरी का इल्ज़ाम लगाने की इच्छा रखता है; इसने राजा के पास से मुद्रारत्न ग्रहण कर तुम्हारे रजोहरण के बीच में रख दिया है, तुम सावधान हो जाओ। तब सूरि ने उस मुद्रारत्न को ग्रहण कर राघवचेतन के शीर्ष वस्त्र के नीचे छिपा दिया, जिसे वह नहीं जान सका। उसी समय मोहम्मद सुल्तान देखते हैं कि मुद्रारत्न नहीं है; वे आगे-पीछे देखते हैं, लेकिन मुद्रारत्न नहीं पाते, तब पूछते हैं, यहाँ मेरा मुद्रारत्न था, किसने लिया। तब राघवचेतन ने कहा कि वह सूरि के पास है। सुल्तान सूरि से माँगने लगे, तब सूरि ने कहा कि हे सुल्तान! यह इसी राघव के सिर के ऊपर है। सुल्तान ने उस मुद्रारत्न को देखा और ग्रहण किया; फिर राघवचेतन को कहा, तुम निश्चित रूप से सत्यवादी नहीं हो। स्वयं ग्रहण करके जिनप्रभसूरि पर दोषारोपण कर रहे हो। वह काला मुँह लेकर अपने घर गया।''[100] *जिन प्रभसूरि अने सुल्तान मुहम्मद* नामक अपनी रचना में लालचंद भगवानदास गांधी ने इस *वृद्धाचार्य प्रबंधावली* की रचना 15वीं सदी में होने का अनुमान किया है, जबकि प्राचीन साहित्य के विद्वान् अगरचंद नाहटा ने इसकी

हस्तलिखित प्रति का अवलोकन किया था और उनके अनुसार इसकी रचना वि.सं.1626 (1569 ई.) में हुई।[101] जिनप्रभसूरि और मुहम्मद तुग़लक़ की भेंट एक ऐतिहासिक तथ्य है। दोनों की यह भेंट वि.सं.1385 (1328 ई.) की पौष सुदी 8 शनिवार को हुई।[102] कांगड़ा की ज्वालामुखी प्रशस्ति (1433–1446 ई.) में वहाँ के शासक संसारचंद्र की प्रशस्ति के बाद 'साहि मुहम्मद' (मुहम्मद तुग़लक़) की प्रशस्ति के प्रसंग में राघवचेतन का भी उल्लेख आता है। प्रशस्ति में लिखा गया है कि– *श्रीमद्राघवचैतन्यमुनिना ब्रह्मवादिना। (स्तव) रत्नावली सेयं ज्वालामुखीसमर्पिता॥... श्रीमत्साहिमहम्मदस्य जयतात् कीर्तिः परा योगिनी।* अर्थात् ब्रह्मवादी श्रीमान् राघचैतन्य मुनि के द्वारा स्तुतियों की यह रत्नावली (माला) ज्वालामुखी देवी को अर्पित की गयी।... श्रीमान् शाहमुहम्मद की परम कीर्ति विजयी हो रही है।[103] स्पष्ट है कि यह राघवचैतन्य और जिनप्रभ सूरि प्रकरण में उलिखित राघवचेतन एक हैं। शार्गंधर राघवचेतन का पौत्र था और उसने संस्कृत छंदों के अपने संकलन *शार्गंधरपद्धति* (13वीं सदी का अंतिम चरण) में राघवचेतन के भी कई छंद संकलित किए हैं। उसने अपने कवि वंश वर्णन में अपने राघवचेतन का पौत्र होने का भी उल्लेख किया है। वह लिखता है कि– *तस्याभवत्सभजनेषु मुख्यः परोपकारव्यसनै कनिष्ठः। पुरंदरस्येव गुरुर्गरीयांद्विजाग्रणी राघवदेव नामाः॥*[104] उसने इसी वंश वर्णन में अपने आश्रयदाता हम्मीर की भी सराहना की है। वह लिखता है कि– *पुराशाकंभरी देशे श्रीमान् हम्मीर भूपतिः। चाहुवाण न्वये जातः ख्यातः शौर्य इवार्जुनः॥* शार्गंधर ने *हम्मीररासो* की भी रचना की थी, जो अब अनुपलब्ध है, लेकिन उसके कुछ छंद *प्राकृतपैंगलम* में संकलित हैं।[105] अगरचंद नाहटा के अनुमान के अनुसार निर्णय सागर प्रेस से 1929 ई. में प्रकाशित *काव्यमाला* के प्रथम गुच्छक (प्रथम भाग) में 'राघवचैतन्यविरचितं महागणपतिस्तोत्रम्' भी इसी राघवचेतन की रचना है।[106] स्पष्ट है कि यह धारणा निराधार है कि राघवचेतन जायसी का कल्पित चरित्र है। विवेच्य देशज कथा-काव्यों में वह प्रमुख चरित्र है और जायसी से बहुत पहले उसका नामोल्लेख शिलालेख सहित एकाधिक साहित्यिक रचनाओं में मिलता है।

8.

युद्ध के परिणाम और जौहर को लेकर पद्मिनी-रत्नसेन विषयक देशज कथा-काव्यों की धारणाएँ प्रचारित से अलग हैं। प्रकरण के अंत में जौहर और अलाउद्दीन ख़लजी की विजय, ये दोनों कुछ हद तक आधुनिक इतिहास में हैं, लेकिन देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में यह उल्लेख नहीं मिलते। यही नहीं, मेवाड़ के पारंपरिक संस्कृत और देश भाषा वंशावली ग्रंथों और शिलालेखों में भी यह उल्लेख केवल एक *मुँहता नैणसीरी ख्यात* और *रावल राणारी वात* में ही है। जायसी और हेमरतन दोनों से पहले की

रचना *गोरा–बादल कवित्त* में जौहर का उल्लेख नहीं है। *कवित्त* का समापन रत्नसेन की विजय और गोरा की पत्नी के सती होने से होता है। कवित्तकार लिखता है कि– *उवरी बात बादल की सो पदमणी कंत उवेलीउ* अर्थात पद्मिनी के पति के उद्धार के बादल के प्रण का निर्वाह हुआ।[107] परवर्ती सभी रचनाओं में कमोबेश यही बात आयी है। हेमरतन ने कथा का समाहार इसी तरह करते हुए लिखा है कि–*पदमिणि राखी राजा लीउ, गढ़नउ भार घणउ झीलिउ। / रिणवट करीनइ राखी रेह नमो नमो बादिल गुण गेह।* अर्थात् पद्मिनी को रखते हुए बादल ने राजा को मुक्त करवा लिया। उसने युद्ध करके मर्यादा की रक्षा की। गुणों के घर बादल को नमन है।[108] यही बात लब्धोदय ने भी कही है। लब्धोदय ने लिखा है कि अलाउद्दीन पराजित होकर भाग गया और दो दिन बाद भूखा–प्यास भटककर अपने लशकर के पास पहुँचा। यही नहीं, लब्धोदय ने तो इस प्रकरण को और आगे बढाया है। उसके अनुसार दिल्ली लौटने पर बीबी ने अलाउद्दीन से पद्मिनी के संबंध में पूछा, तो उसने कहा कि *पदमणी का मुंह काला किया, हम खैर करी है खुदाय रे* अर्थात् ईश्वर की कृपा से हम बच गये, पद्मिनी का मुँह काला करो।[109] *खुम्माणरासो* में भी रत्नसेन की विजय और अलाउदीन की पराजय का उल्लेख है। दलपति विजय लिखता है कि– *पातसाह दिल्ली गए, भई दुनि सर वात। वादल भिड़ रण सोझियो, उवारी अखियात।* अर्थात् बादशाह दिल्ली लौट गया, यह बात सारी दुनिया में फैल गयी। वीर योद्धा बादल ने रण क्षेत्र में संग्राम करके शत्रुओं का संहार किया और अपनी ख्याति को सुरक्षित रखा।[110] *राणारासो* में भी प्रकरण इसी तरह है। दयालदास कहता है कि *जीत्यो खुमानु खग जोर, जगु मग कित्ति विस्तार हुव। आलंदमिंत अलावदी अजस असंखि भंडारु भुव* अर्थात् राणा रत्नसिंह ने अपनी तलवार के ज़ोर पर विजय प्राप्त की। उसके जगमागते यश का चारों ओर विस्तार हुआ और शत्रुतापूर्ण विचार रखनेवाले अलाउद्दीन का पृथ्वी में अपार अपयश का आगार स्थापित हो गया।[111] *गोरा–बादल कथा* में रत्नसेन की विजय तो है, लेकिन जौहर का उल्लेख नहीं है। जटमल नाहर कहता है कि– *भागउ तौ साह अलावदी अपछर मंगल गाइयइ। / रणजीत राव छुड़ाइ कइ तब बादल घर आवियइ।* अर्थात् सुलतान अलाउद्दीन भाग गया। अप्सराओं ने मंगलगीत गाए। राजा रत्नसेन को बंधन मुक्त करके, रण को जीतकर बादल, वापस आ गया।[112] *पद्मिनीसमिओ* में भी कहा गया है कि– *भई जीत खुम्मान भज्यो सुलतान अलावदी।* अर्थात् खुम्माण रत्नसेन की जीत हुई। सुल्तान अलाउद्दीन भाग गया।[113] *पाटनामा* में प्रकरण का समापन सर्वथा भिन्न है, जो और किसी रचना में नहीं मिलता। यहाँ विजय के पश्चात, यह सोचकर कि आजीवन ये दोनों जीत का श्रेय लेकर उपकार जताते रहेंगे, रत्नसेन ने गोरा और बादल की हत्या कर दी और पद्मिनी ने भी यह सुनकर आत्महत्या कर

ली। जब यह घटना पराजित अलाउद्दीन को पता लगी, तो उसने फिर आक्रमण किया। *पाटनामा* के अनुसार इस युद्ध में दोनों पक्षों की पराजय हुई है। पाटनामाकार लिखता है कि *पछै पातशाही फौज भागी, अर अठीनै गढ़ चित्तौड़ भागो* अर्थात् इधर बादशाह की फ़ौज भागी और और साथ में चित्तौड़ का दुर्ग भी ध्वस्त हुआ।[114] यहाँ विजय-पराजय के संबंध में अनिश्चय है और ख़ास बात यह है कि इसमें भी जौहर का कोई उल्लेख नहीं है।

महाराणा कुंभा और उनके बाद संस्कृत और देशभाषाओं में वंशावली अभिलेखों की रचना और शिलालेखों के निर्माण का चलन बढ़ा। मुग़लों से संधि (1681 ई.) के बाद इस तरह के काम में और तेज़ी आयी, लेकिन अब इन अभिलेखों में 'रावल' की जगह 'राणा' शाखा के पूर्वजों के नामोल्लेख का आग्रह बढ़ गया। यही कारण है कि इनमें से कुछ में समरसिंह के उत्तराधिकारी के रूप में रत्नसिंह का नामोल्लेख नहीं मिलता। कुछ अभिलेखों में पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण तो है, लेकिन इनमें रत्नसिंह का उल्लेख लक्ष्मसिंह के छोटे भाई के रूप में है। रणछोड़ भट्ट ने (1661 से 1690 ई.) राजसिंह (1652-1680 ई.) और जयसिंह (1680-1698 ई.) के समय दो वंशवाली काव्य संस्कृत में लिखे। इन दोनों में मेवाड़ की पराजय का उल्लेख तो है, लेकिन इनमें जौहर का उल्लेख नहीं है। रणछोड़ भट्ट ने *राजप्रशस्तिमहाकाव्य* की रचना 1661 से 1681 ई. के बीच की। यह रचना उदयपुर पास स्थित राजसमंद में 24 शिलाओं पर खुदी हुई है। *राजप्रशस्तिमहाकाव्य* में रत्नसिंह का राणा शाखा के राहप के वंशज लक्ष्मसिंह के छोटे भाई के रूप में उल्लेख है, जिसने सिंघल द्वीप की राजकुमारी पद्मिनी से विवाह किया। प्रशस्ति में इस घटना का बहुत संक्षिप्त विवरण है, जिसके अनुसार "लक्ष्मसिंह 'गढ़ मंगलीक' कहलाता था। उसका छोटा भाई रत्नसी था, जो पद्मिनी का पति था। अलाउद्दीन ने जब पद्मिनी के लिए चित्रकूट को घेर लिया तब अपने बारह भाइयों और सात पुत्रों सहित लक्ष्मसिंह उसके विरुद्ध लड़ा और मारा गया। लक्ष्मसिंह के बाद हमीर ने राज्य किया।"[115] रणछोड़ भट्ट के ही 1683 से 1693 ई. के बीच लिखे गये *अमरकाव्यम्* में यह प्रकरण अपेक्षाकृत विस्तृत है। इसमें कहा गया है कि "सं.1334 में राठौड़ वंश की लालबाई से उत्पन्न जयसिंह का पुत्र 'गढ़ मंडलीक' के नाम से प्रसिद्ध लक्ष्मसिंह चित्तौड़ का स्वामी बना। उसके सात पुत्र हुए। उसने मालवा के राजा गोगादेव को तलवार के घाट उतार दिया और सिंधुल का राज्य लूट लिया। लक्ष्मसिंह का छोटा भाई रत्नसी मालव देश की सेवा में चला गया। रत्नसी ने वहाँ उज्जेन के गूँध और लंघा को मारकर उनके सिर मालव नरेश के सामने लाकर रख दिए। वहाँ के राजा ने रत्नसी को बहुत साधन और चित्तौड़ दे दिया। रत्नसी ने सिंघलद्वीप की राजकुमारी पद्मिनी से विवाह किया। लक्ष्मसी ने

पद्मिनी की रक्षा की ज़िम्मेदारी ली। पद्मिनी की सुंदरता के बारे में सुनकर अलाउद्दीन ने चित्तौड़ पर आक्रमण कर दिया, छल से रत्नसी को बंदी बना लिया। बुद्धिमान गोरा और बादल के परामर्श और नेतृत्व में महिला वेषधारी युवकों ने रत्नसिंह को मुक्त कराया। लक्ष्मसिंह ने बारह वर्षों तक दुर्ग की रक्षा की। अलाउद्दीन एक बार पराजित होकर चला गया और पद्मिनी की आशा छोड़कर जीवित रहा। उसने दुबारा आक्रमण किया और इस युद्ध में लक्ष्मसिंह ने अन्य भाइयों को राजा बनाकर युद्ध किया। 12 भाइयों सहित लक्ष्मसिंह एवं रत्नसिंह युद्ध में मारे गए।''[116] राजसिंह के ही शासन काल में सदाशिव ने *राजत्नाकरमहाकाव्य* नामक एक काव्य लिखा, लेकिन इसमें राहप के वंशज हरसू, यशकर्ण, नाकपाल, पूर्णमल, पृथ्वीमल, भवनसिंह, भीमसिंह, जयसिंह, लक्ष्मण सिंह अरिसिंह और हम्मीर का उल्लेख तो है, लेकिन इसमें कहीं भी रत्नसिंह और पद्मिनी प्रकरण का उल्लेख नहीं है।[117]

जौहर का उल्लेख ज्ञात स्रोतों में सबसे पहले जायसी की *पद्मावत* (1540 ई.) में मिलता है। जायसी ने अपने इस विशालकाय ग्रंथ के अंत में जौहर का उल्लेख बहुत सांकेतिक ढंग से किया। जायसी लिखते हैं कि- *जौंहर भई इस्तिरी पुरुख भये संग्राम। / पातसाहि गढ़ चूरा चितउर भा इसलाम॥* अर्थात् स्त्रियों ने जौहर कर लिया और पुरुष युद्ध के लिए निकले। बादशाह ने दुर्ग ध्वस्त कर दिया और चित्तौड़ इस्लाम के अधीन हो गया।[118] इस्लामी वृत्तांतकार अबुल फ़ज़ल (1551-1602 ई.) ने भी जौहर उल्लेख किया है। उसने लिखा कि ''कुछ समय पश्चात उसने (अलाउद्दीन) वापस इसी योजना पर दिलज़्मी की, परन्तु हारकर लौट आया। इन आक्रमणों से उकताकर रावल ने सोचा कि बादशाह से मुलाक़ात करने से शायद कोई संबंध सूत्र बँधे और इस प्रकार इस स्थायी कलह से वह छुटकारा पा सके। एक बाग़ी के बहकावे में आकर चित्तौड़ से 7 कोस दूर एक स्थान पर वह बादशाह से मिला, जहाँ छलपूर्वक उसका वध कर दिया गया। इस घातक घटना के पश्चात उसके वंशज अरसी को गद्दी पर बैठाया गया। सुलतान ने चित्तौड़ को पुन: घेर कर उस पर अधिकार कर लिया। राजा लड़ते-लड़ते मारा गया तथा सभी नारियाँ स्वेच्छा से अग्नि में जल मरीं।''[119] इस्लामी इतिहासकार मोहम्मद क़ासिम फ़रिश्ता (1560-1620 ई.)[120] और अब्दुलाह मुहम्मद उमर अल-मक्की अल-आसफ़ी अल-उलुग़ख़ानी हाजी उद्दबीर (1540-1605 ई.)[121] ने पद्मिनी संबंधी वत्तांत का विवरण तो दिया, लेकिन उन्होंने कहीं भी 'जौहर' का उल्लेख नहीं किया। अबुल फ़ज़ल के अनुसार उसका यह विवरण प्राचीन आख्यानों पर आधारित है, लेकिन उसने इन आख्यानों का उल्लेख नहीं किया। नैणसी (1610-1670 ई.) की ख्यात में यह उल्लेख आता है। वह लिखता है कि- *रतनसी अजैसी रो, भड़ लखमसी रो भाई। पदमणी रै मामले लखमसी नै*

रतनसी अलवादीन सू लड़ काम आया। एक वार पातसाह चढ़ खड़िया हुता से पछै पुररा डैरांसू इणा पाछो तेड़ायो। बारै दिन एक एक बेटो लखमणसी रो गढ़सूं उतर लड़िया। तैरमें दिन दिन जुहर कर रांणो लखमणसी, रतनसी कांम आया। भड़ लखमसी, रतनसी, करन तीनै भाई गढ़ रोहै- काम आया। अर्थात् रत्नसिंह अजयसिंह और योद्धा लक्ष्मसिंह का भाई। पद्मिनी के मामले में लक्ष्मसिंह और रत्नसिंह, दोनों काम आए। एक बार बादशाह ने चढ़ाई की, जिसको पुर के डेरे से वापस भेजा। बारह दिन तक लक्ष्मसिंह का एक-एक बेटा दुर्ग से नीचे उतर कर लड़ा। तेरहवें दिन जौहर कर राणा लक्ष्मसिंह और रत्नसिंह काम आए। योद्धा लक्ष्मसिंह, रत्नसिंह और कर्ण, तीनों भाई दुर्ग की रक्षा में काम आए।[122] सत्रहवीं सदी की रचना *रावल राणारी* बात में भी में जौहर का उल्लेख है। लिखा गया है कि- *लुगायां झमर चढ़ी।* अर्थात् स्त्रियों ने जौहर किया।[123]

आधुनिक इतिहास में पद्मिनी प्रकरण का उल्लेख सबसे पहले जेम्स टॉड (1829 ई.) ने अपने राजस्थान के पहले आधुनिक इतिहास *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान* में किया। उसने जौहर सहित इस प्रकरण का विस्तृत और रूमानी वर्णन किया है। उसका वर्णन कुछ देशज कथा-काव्यों से और कुछ अबुल फ़ज़ल के विवरण से मिलता है। इसमें गोरा-बादल भी हैं, जिन्होंने युक्तिपूर्वक राणा को मुक्त करवाया। टॉड के इस वृत्तांत में रत्नसिंह नहीं है- यहाँ उसकी जगह अल्पवयस्क लक्ष्मसिंह का अभिभावक चाचा भीम सिंह है, जिसने सिंघल की पद्मिनी से विवाह किया है।[124] टॉड के बाद *ऑक्सफ़ोर्ड हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया* में वी.ए. स्मिथ (1921 ई.) ने लगभग टॉड को दोहराते हुए इस प्रकरण का संक्षिप्त विवरण दिया। यद्यपि उसने इसको गंभीर इतिहास का दर्जा नहीं दिया।[125] श्यामलदास (1886 ई.) के *वीरविनोद* (1886 ई.) और गौरीशंकर ओझा के *उदयपुर राज्य का इतिहास* (1928 ई.) में यह प्रकरण विस्तार से आया, जिससे कुछ वंशावली संबंधी भूलें ठीक हुईं। दोनों ने मान लिया कि अलाउदीन आक्रमण के समय रत्नसिंह चित्तौड़ का शासक था और पद्मिनी उसकी पत्नी थी। दोनों ने अपने ढंग से रत्नसिंह की पराजय और जौहर का उल्लेख किया है। श्यामलदास ने लिखा कि ''रत्नसिंह ने सामान की कमी के सबब लकड़ियों का एक बड़ा ढेर चुनकर राणी पद्मिनी और अपने जनानख़ानह की कुल स्त्रियों तथा राजपूतों की औरतों को लकड़ियों पर बिठाकर आग लगा दी। हज़ारों औरत व बच्चों के आग में जल मरने से राजपूतों ने जोश में आकर क़िले के दर्वाज़े खोल दिये, और रावल रत्नसिंह मय हज़ार राजपूतों के बड़ी बहादुरी के साथ लड़कर मारा गया।''[126] बाद में 1928 ई. में गौरीशंकर ओझा भी इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि ''अलाउद्दीन ने चित्तौड़ पर चढ़ाई कर छः मास के घेरे के अनंतर उसे विजय किया;

वहाँ का राजा रत्नसिंह लक्ष्मणसिंह आदि कई सामंतों के साथ मारा गया, उसकी राणी पद्मिनी ने कई स्त्रियों के साथ जौहर की अग्नि में प्राणाहुति दी; इस प्रकार चित्तौड़ पर थोड़े समय के लिए मुसलमानों का अधिकार हो गया।''[127]

देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में युद्ध के परिणाम और जौहर के संबध में दिया गया विवरण इस्लामी और अधिकांश आधुनिक इतिहासकारों से अलग है। कुछ परवर्ती इस्लामी वृत्तांतकार और आधुनिक इतिहासकार मानते हैं कि रत्नसिंह और मेवाड़ की पराजय हुई और स्त्रियों ने जौहर किया, जबकि देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों पराजय और जौहर का कोई उल्लेख नहीं है। केवल *पाटनामा* में युद्ध के परिणाम को लेकर अनिश्चय है, अन्यथा सभी देशज कथा-काव्य मानते हैं कि रत्नसिंह की विजय हुई और जौहर नहीं हुआ। परवर्ती कुछ देशज रचनाओं में रत्नसिंह सहित कुछ योद्धाओं के इस युद्ध में मारे जाने और कुछ समय के लिए चित्तौड़ के मुसलमानों के अधीन हो जाने का विवरण तो है, लेकिन जौहर का उल्लेख इनमें भी नहीं है। जौहर का सबसे पहले उल्लेख जायसी ने किया, इसके बाद अबुल फ़ज़ल और नैणसी ने किया और फिर जेम्स टॉड से होकर यह आधुनिक इतिहास में आया। विवेच्य देशज कथा-काव्यों के अनुसार मेवाड़ और रत्नसेन की इस युद्ध में विजय हुई, इसकी पुष्टि पुरालेखीय और अन्य साहित्यिक साक्ष्यों से नहीं होती, लेकिन इस तरह का उल्लेख बहुत स्वाभाविक है। सभी पराभूत जातियों के साहित्य में अपनी पराजयों को विजय में बदलने की प्रवृत्ति मिलती है। यही नहीं, नियतिवाद और कर्मफल में विश्वास के कारण कुछ जाति समाज लौकिक घटनाओं के लिए अलौकिक कारण भी देते हैं। कुछ जाति-समाज अपनी पराजय का अपने सांस्कृतिक रूपों में लोकोत्तर औचित्य भी खोजते हैं। *कान्हड़देप्रबंध* में कुछ ऐसा ही हुआ है। यहाँ अलाउद्दीन ख़लजी को शिव का अवतार मान लिया गया है, जिससे जीतना संभव ही नहीं है।[128] इन रचनाओं में जौहर का अनुल्लेख आश्चर्यकारी है। जिन रचनाओं में रत्नसेन की विजय दिखाई गयी है, उनमें तो इसका कारण समझ में आता है कि जब विजय हुई है, तो स्त्रियाँ के जौहर करने का कोई कारण ही नहीं बनता। ख़ास बात यह है कि जौहर का अनुल्लेख उन रचनाओं में भी है, जिनमें रत्नसेन की पराजय हुई है।

9.

मिथ, मतलब अभिप्रायों और कथा रूढ़ियों के आधार पर पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा-काव्यों को अनैतिहासिक मानना ग़लत है और इनके युक्तिकरण का भी कोई औचित्य नही है। दरअसल यह भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्यों की अपनी विशेषता है, ऐसा सदियों से होता आया है और यह पारंपरिक भारतीय कवि शिक्षा

में भी सम्मिलित है, इसलिए इन कथा–काव्यों में विन्यस्त इतिहास को इन अभिप्रायों और रूढ़ियों के साथ ही अच्छी तरह समझा जा सकता है। अकसर भारतीय परंपरा में इतिहास कथा–कविता में विन्यस्त होकर आता है, इसलिए इतिहासकार विश्वंभरशरण पाठक ने साफ़ लिखा है कि ''आधुनिक इतिहासकार यह भूलने लगते हैं कि ये इतिहास–महाकाव्य जानबूझकर कलात्मक बनाए गये हैं और इसलिए इनके आधार पर इतिहास का पुनर्निर्माण करने के लिए इन ग्रंथों से लिए गये तथ्यों को अपने संदर्भ से बाहर निकालकर विवेकहीन तरीके से उपयोग नहीं किया जा सकता।''[129] पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा–काव्यों में मुख्यत: भोजन पर राजा की नाराज़गी और रानी का ताना, राजा का सिंघल द्वीप जाकर पद्मिनी से विवाह, सिद्ध योगी द्वारा इस कार्य में सहयोग, राजकुमारी या राजा द्वारा विवाह के लिए रखी गई शर्त और ऋतु और युद्ध वर्णन संबंधी कवि–कथा रूढ़ियों का प्रयोग हुआ है। भोजन के स्वादहीन होने पर या किसी अन्य कारण से राजा की नाराज़गी और इस पर उसका कोई संकल्प लेना भारतीय कथा–काव्यों में रूढ़ि की तरह प्राय: इस्तेमाल हुआ है। यह कथानक रूढ़ि कुछ इधर–उधर के साथ संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं की कथा–काव्य परंपरा में भी मिलती है। भोजन के स्वादहीन या अरुचिकर होने पर दंपती में कलह–क्लेश के प्रकरण ने संस्कृत कविता में जगह बना ली थी। अज्ञात कविकर्तृक *सुभाषितावली* के एक श्लोक में यह प्रकरण इस तरह आया है– *क्षारं राद्धमिदं किमद्य दयिते राध्नोषि किं न स्वयमाः पापे प्रतिजल्पसे प्रतिदिनं पास्तवदीयः पिता। / धिक्त्वां क्रोधमुखीखीमलीकमुखरसरस्त्वत्तोह्यपि कः क्रोधनो दंपत्योरिति नित्य दत्त कलह क्लेशांतयोः किं सुखम् ?॥* अर्थात् हे घरवाली! यह आज कैसा खारा भोजन राँध दिया है। (घरवाली) पका नहीं तो, ख़ुद क्यों नहीं पका लेते? अरी पापिनी, रोज–रोज मुँह पर जवाब देती हो। (घरवाली) पापी होंगे पिता तुम्हारे.. धिक्कार है तुझ क्रोधमुखी को। तुम जैसा है कोई क्रोधी और झुठेला। इसी तरह प्रतिदिन दंपती कलह के क्लेश में नष्ट होते हैं और उनको कोई सुख नहीं है।[130] नरपतिनाल्ह कृत *बीसलदेवरास* (1343 ई.) में विग्रहराज (तृतीय) विवाह के पहले दिन ही रानी के यह कहने पर कि– *गरब म करि हो संइंभरवाल था सरीषा अवर घणा रे भुआल* (अर्थात् हे सांभर! नरेश गर्व मत करिए, आप जैसे और कई राजा हैं) नाराज़ हो जाता है और संकल्प लेकर बारह वर्ष के लिए उळगाने (चाकरी) पर उड़ीसा चला जाता है।[131] यह कथा रूढ़ि *गोरा–बादल कवित्त, गोरा–बादल पदमिणी चउपई, गोरा–बादल चरित्र चौपई, खुम्माणरासो* और *चित्तौड़–उदयपुर पाटनामा* में प्रयुक्त हुई है। अज्ञात कविकर्तृक *गोरा–बादल कवित्त* में इसका उल्लेख सांकेतिक है[132], लेकिन परवर्ती रचनाओं में इसका पल्लवन और विस्तार हुआ है। अपनी रुचि के अनुसार

इन कवि–कथाकारों ने इस रूढ़ि का पल्लवन और विस्तार किया है। इसका सर्वाधिक विस्तृत पल्लवन *चित्तौड़–उदयपुर पाटनामा* में है।[133] *राणारासो, पद्मिनीसमिओ* और *गोरा–बादल कथा* में यह कथानक रूढ़ि नहीं है। *गोरा–बादल कथा* में चार चतुर वेताल सिंघल द्वीप से राजा रत्नसेन के पास माँगने आते हैं और उसे सिंघल की पद्मिनी स्त्रियों के संबंध में बताते हैं।[134] *पद्मिनीसमिओ* में यही कथानक रूढ़ि है। *राणारासो* में भाटों के स्थान पर एक योगी का आगमन और उसके द्वारा पद्मिनी स्त्रियों की सुंदरता के वर्णन है। यहाँ रत्नसेन सिंघल द्वीप नहीं जाता– योगी ही अपनी आराध्यदेवी का स्मरण कर उसके लिए पदमिनी और दोनों के आवास के लिए महल उपलब्ध करवा देता है।[135]

सिंघल द्वीप जाकर पद्मिनी से विवाह की कथा रूढ़ि इन सभी रचनाओं में है। संकल्पबद्ध होकर पद्मिनी से विवाह के लिए सिंघल प्रस्थान, समुद्र के मध्य सिंघल द्वीप, वहाँ पद्मिनी स्त्रियाँ की मौजूदगी, पद्मिनी स्त्री से कमल की गंध आना और इस कारण उस पर भँवरे मंडराना, ये इस कथा रूढ़ि के विभिन्न आयाम हैं। रचनाकारों ने अपनी सुविधा के अनुसार इनका उपयोग अपनी तरह से किया है। कहीं यह रूढ़ि सांकेतिक है, तो कहीं इसका पल्लवन और विस्तार हुआ है। *पाटनामा* में यह सबसे अधिक विस्तृत है और यहाँ इस कथारूढ़ि का विकास भी हुआ है।[136] सिंघल द्वीप जाकर वहाँ की स्त्री से विवाह करना भारतीय चरित और प्रबंध कथा–काव्यों में प्रयुक्त लोकप्रिय कथा रूढ़ि है। हर्षदेव की संस्कृत नाटिका *रत्नावली* (7वीं सदी) की नायिका रत्नावली (सागरिका) भी सिंहलनरेश विक्रमबाहु की बेटी थी, जिससे कोशाम्बी के राजा उदयन ने विवाह किया।[137] प्राकृत–अपभ्रंश में कोऊहल कृत *लीलावई* (8वीं सदी)[138] धनपाल कृत *भविसयत्तकहा* (10वीं सदी)[139], मुनि कनकामर कृत *करकंडचरिउ* (11वीं सदी)[140] और राजसिंह *जिणदत्त चरित* (13वीं सदी)[141] में इस रूढ़ि का प्रयोग हुआ है। जिनहर्ष सूरि की 1430 ई. चित्तौड़ में ही लिखी गयी *रयणसेहरनिवकहा* में भी नायक सिंघल द्वीप जाकर विवाह करता है।[142]

सिद्ध योगी की लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग की कथा रूढ़ि का प्रयोग भी इन कथा–काव्यों में मिलता है। सिंघल द्वीप समुद्र के मध्य स्थित है और और यह बहुत दुर्गम है, इसलिए इन कथा–काव्यों में सिद्ध योगी राजा रत्नसेन को वहाँ पहुँचने में मदद करता है। आरंभिक रचना *गोरा–बादल कवित्त* में यह रूढ़ि नहीं है। यहाँ केवल राजा के रानी के ताने पर नाराज़ होकर सिंघल की राजकुमारी से विवाह का उल्लेख है *(धरि मछर संघलि सांचर्यउ, नेव जीत कन्या वरी)*।[143] परवर्ती रचनाओं में यह रूढ़ि आ गयी है। हेमरतन के यहाँ योगी आ गया है– इस 'उदास' योगी की राजा से

भेंट समुद्र के समीप होती है और राजा के अनुरोध पर अपनी आकाश में उड़ने की विद्या *(वीद्या अंबरि ऊडण तणी)* से वह उसको सेवक सहित अपनी बाँहों में भरकर सिंघल द्वीप पहुँचा देता है।[144] यही कथा रूढ़ि परवर्ती सभी रचनाओं में है। *खुम्माणरासो* में इस योगी को 'जालिम सिंघ जोगी' (पराक्रमी सिद्ध योगी) कहा गया है।[145] *राणारासो* में यह योगी गोरख्खु के गोपीचंदा (गोरख नाथ या गोपीचंद) है।[146] *पदमिनीसमिओ* में चमत्कारी योगी राजद्वार पर आता है और विरहग्रस्त राजा को मृगछाला पर बिठाकर सिंघल द्वीप ले जाता है। *पदमिनीसमिओ*[147] और *गोरा-बादल कथा*[148] में योगी सिंघल द्वीप पहुँचकर राजा को भी योगी के भेष में राजद्वार पर जाकर भिक्षा माँगने *(इक-सबदी भिक्ष्या करो यह मेरा उपदेश)* का कहता है। राजद्वार पर जाकर पद्मिनी को देखकर राजा बेहोश हो जाता है। *पाटनामा* में यह रूढ़ि बहुत विकसित हो गई। यहाँ आकाशमार्गी योगी गोरखनाथ के साथ सिंघल द्वीप निवासी उसके गुरु मछंदरनाथ भी है। गोरखनाथ पद्मिनी से विवाह के लिए संकल्पबद्ध राजा को अपनी उड़नखटोली में सिंघलद्वीप ले जाता है और उसके गुरु पद्मिनी से उसका विवाह संपन्न करवाते हैं। *पाटनामा* में गोरखनाथ रत्नसेन और पद्मिनी सहित कई लोगों के आयुबल में वृद्धि भी करते हैं।[149] आकाश मार्ग से विचरण करने वाले सिद्ध योगियों की कथा रूढ़ि भारतीय ऐतिहासिक और चरित्र प्रधान कथा-काव्यों में आमतौर पर पर प्रयुक्त होती रही है। ये सिद्ध योगी अकसर नायक-नायिका को उसकी लक्ष्य प्राप्ति में मदद करते हैं। तंत्र साधना से आकाश में सिद्धों-योगियों के विचरण की कथा रूढ़ि सोमदेव कृत *कथासरित्सागर* में संकलित 'कालरात्रि' सहित अन्य एकाधिक कहानियों में प्रयुक्त हुई है।[150] राजस्थानी लोक कथाओं में भी इस तरह के सिद्ध साधु आम हैं। कहानी *गूटियौ* राजा में संतान के अभाव में वैराग्य लेकर भटकने वाले राजा को सिद्ध साधु पुत्र प्राप्ति का वरदान देता है।[151]

विवाह के लिए राजकुमारी या उसके राजा पिता द्वारा लिए गए प्रण की कथा रूढ़ि भी इनमें से कुछ रचनाओं में प्रयुक्त हुई है। आरंभिक रचना *गोरा-बादल कवित्त* में यह रूढ़ि नहीं है, लेकिन परवर्ती रचनाओं में इसका समावेश हो गया है। हेमरतन के यहाँ पद्मिनी ने प्रण ले रखा है कि जो युद्ध या शतरंज के खेल में मेरे भाई से जीतेगा मैं उसी का वरण करूँगी *(तेइ नइ कंठ ठंवू वरमाल)*।[152] लब्धोदय के यहाँ भी यह रूढ़ि इसी तरह से है।[153] *खुम्माणरासो* में यह अलग तरह से है। यहाँ कहा गया है कि- *अभिग्रह लीधो एहबो नार। जीपे मुझ थी पासा पार* अर्थात् उस स्त्री (पद्मिनी) ने यह प्रण ले रखा था कि (वही मेरा पति होगा) जो चौपड़ खेल में मुझ पर विजय प्राप्त करेगा।[154] *राणारासो* और *पाटनामा* में यह रूढ़ि नहीं है। यह रूढ़ि दरअसल प्राचीनकाल में प्रचलित स्वयंवर का सरलीकरण है। दरअसल मध्यकाल

तक आते-आते स्वयंवर जैसी प्रथाएँ बंद हो गई थीं, लेकिन कवि-कथाकारों की स्मृति में अभी भी ये थीं और रूढ़ि की तरह इनका प्रयोग जारी था।[155] सोमदेवकृत *कथासरित्सागर* की कथा 'दो धूर्तों की कथा' में भी यह रूढ़ि आयी है। यहाँ राजकुमारी कनकनगरी देख लेने वाले युवक से विवाह की शर्त रखती है।[156] बिल्हण की 1125 ई. रचना *विक्रमांकदेवचरित* में स्वयंवर का वर्णन मिलता है।[157]

राघवचेतन ऐतिहासिक चरित्र है, लेकिन राजा से उसकी नाराज़गी के रचनात्मक विस्तार के लिए इन रचनाकारों ने अलग-अलग कथा रूढ़ियों का सहारा लिया है। राघवचेतन का रत्नसेन और पद्मिनी को विलासरत देखना और रत्नसेन का उसे देश निकाला देना की घटना के भी एकाधिक रूपांतरण हैं। जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा*[158] और *पद्मिनी समिओ*[159] में यह रत्नसेन और राघवचेतन साथ शिकार पर जाने और राजा के पद्मिनी को देखे बिना पानी नहीं पीने के संकल्प पर राघव चेतन द्वारा उसकी प्रतिमा बनाने की कथारूढ़ि के रूप में है।

वस्तु वर्णन में युद्ध वर्णन की कवि-कथा रूढ़ियों का प्रयोग इन सभी रचनाओं में है, जबकि ऋतु वर्णन की कवि-कथा रूढ़ि केवल *राणारासो* में प्रयुक्त हुई। युद्ध वर्णन में खून के परनाले बहना, गिद्धों का मांस नोचना, बिना सिर के धड़ों का लड़ना, रणचंडी द्वारा रक्तपान, योगिनियों का नृत्य, क्षेत्रपालों का शिव को रुंडमाल भेंट करना, देवताओं का आकाश युद्ध देखना आदि कई पारंपरिक कथा रूढ़ियों का प्रयोग इनमें हुआ है।[160] ऋतु वर्णन केवल *राणारासो* में है और यह पारंपरिक है। ऋतुवर्णन की परंपरा कालिदास के *ऋतुसंहार*[161] से होती हुई मध्यकाल तक आती है। मध्यकालीन रचनाकार रचनाओं में परंपरा के निर्वाह के लिए और कवि शिक्षा के कारण बारहमासा या षडऋतु वर्णन का अवसर खोजते थे। यह *संदेशरासक* और *पृथ्वीराजरासो* में भी मिलता है। *संदेशरासक* में नायिका जाने को उत्सुक पथिक को बार-बार रोकती है और उसके यह पूछने पर पर कि क्या तुम्हे कुछ और कहना है, तो नायिका अलग-अलग ऋतुओं में अपने विरह का वर्णन शुरू कर देती है।[162] *पृथ्वीराजरासो* में भी जब पृथ्वीराज जयचंद के यज्ञ के विध्वंस के लिए प्रस्थान से पहले रानियों से विदा लेने जाता है, तो हर रानी उस समय की ऋतु का हवाला देकर उसे रोक लेती है। रानी इंछिनी उसे वसंत ऋतु का वर्णन करके रोकती है, रोकने का यह सिलसिला आगे बढ़ता रहता है और इस तरह कवि सभी ऋतुओं का वर्णन कर देता है।[163] *पृथ्वीराजरासो* दयालदास का आदर्श है, इसलिए उसके षड्ऋतु वर्णन पर इसका प्रभाव है। *राणारासो* में जब योगी से यह ज्ञात होता है कि सिंघल में पद्मिनी स्त्रियाँ हैं, तो उसे प्रेम हो जाता है *(यह सुनि रान खुमांन, कान श्रोतान राग हुव)*। योगी चला जाता है, लेकिन प्रेमी रत्नसेन ऋतुओं के अनुसार विरहग्रस्त रहता है। यह ऋतु वर्णन छंद

सं. 83 से आरंभ होकर 96 तक चलता है। अंतिम छंद में कवि कहता है कि- *रितु षट खटपट गई, घटपट विरह समंद। लटपट लीयें आसिखा, फिरि आयो जोगिंदु॥* अर्थात् छह ही ऋतुएँ इस उधेड़बुन में बीत गईं। रत्नसेन के शरीर रूपी पट (हृदय) में विरह रूपी समुद्र लहरा रहा था। योगीराज अपनी इश्क़ (प्रेम) की लुभानेवाली बातें लेकर फिर आ गया।[164] दुर्ग, नगर आदि का पारंपरिक वर्णन भी रचनाओं में यथास्थान है।[165]

कथानक अभिप्रायों और रूढ़ियों का प्रयोग भारतीय कथा-काव्यों में बहुत प्राचीनकाल से होता है। *ऋग्वेद, उपनिषद्, पुराण, जातक, आगम, बृहत्कथा, कथासरित्सागर, पंचतंत्र, हितोपदेश* के अभिप्राय बहुत बाद तक प्रयुक्त होते रहे हैं। लोक कथाओं में भी इनका प्रयोग जारी रहा।[166] ख़ास बात यह है कि एक ही कथा रूढ़ि अकसर निरंतर और कई बार अलग-अलग भारतीय रचनाओं में प्रयुक्त हुई है।[167] अभिप्राय और कथा रूढ़ियाँ यथार्थ के रचनात्मक विस्तार की तरह है, इसलिए इनको अभिधेय अर्थ में नहीं लिया जाना चाहिए और इनके युक्तिकरण का भी कोई औचित्य नहीं है। कुछ विद्वानों ने सिंघल द्वीप की स्थिति और वहाँ पहुँचने के मार्ग के इन रचनाओं में उल्लेख का युक्तिकरण किया है, जो किसी युक्तिसंगत निष्कर्ष पर नहीं ले जाता।[168] यथार्थ के रचनात्मक विस्तार के लिए कवि-कथाकार संभावना का सहारा लेते हैं- कई बार यह संभावना नयी कथा रूढ़ि का प्रस्थान बनती है और कई बार यह प्रचलित रूढ़ि का नवीनीकरण होता है। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने इस संबंध में लिखा है कि ''संभावनाओं पर बल देने का परिणाम यह हुआ कि हमारे देश के साहित्य में कथा को गति और घुमाव देने के लिए कुछ ऐसे अभिप्राय दीर्घकाल से व्यवहृत होते आए हैं, जो थोड़ी दूर तक यथार्थ होते हैं और आगे चलकर कथानक रूढ़ि में बदल गए हैं।''[169] स्पष्ट है कि कथानक रूढ़ि का प्रस्थान अकसर यथार्थ से होता है। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा-काव्यों के मोड़-पड़ावों में विन्यस्त कथानक रूढ़ियों को इसी तरह समझा जाना चाहिए। भोजन के स्वादहीन होने पर राजा की नाराज़गी और रानी के इस निमित्त पद्मिनी से विवाह कर लेने के ताने की रूढ़ि का प्रस्थान तो कमोबेश यथार्थ है। राजा और रानी के बीच नाराज़गी और राजा के दूसरे विवाह के लिए संकल्पबद्ध होने में कुछ भी असाधारण या मनगढ़ंत नहीं है। राजा एकाधिक विवाह करते ही थे और ऐसा नाराज़गी के कारण भी होता था। रानी से नाराज़गी या किसी अन्य कारण से दूसरा विवाह राजाओं के लिए मध्यकाल और उससे पहले भी आम बात थी। लोककथाओं में इसको 'दुहाग' कहा गया है। राजस्थान की एक वात (कथा) 'डाकण रा चाळा' में राजा एक अप्सरा

पर मुग्ध होकर अपनी गर्भवती छह रानियों को दुहाग दे देता है।[170] रानी द्वारा राजा की अवमानना पर राजा उससे नाराज़ होकर दुहाग दे देते थे– मतलब दूसरा विवाह कर लेते थे। सिंघल में पद्मिनी स्त्रियों के होने और उनसे पद्म गंध आने की अतिरंजना कवि–कथाकार की संभावना है, लेकिन इसमें इतना सत्य तो है कि पद्मिनी अपने समय में अत्यंत सुंदर स्त्री रही होगी। शास्त्र में वर्णित स्त्रियों की कोटियों में पद्मिनी स्त्री सबसे सुंदर मानी गयी है, इसलिए यही नाम रत्नसेन की विवाहित स्त्री के लिए रूढ़ हो गया है। किसी कवि–कथाकार ने एक बार संभावना की, तो यह परवर्तियों के लिए आदर्श हो गई। उन्होंने इसको यथावत इस्तेमाल किया या अपनी तरफ़ से कुछ संभावनाएँ और इसमें जोड़ दीं। राघवचेतन प्रकरण में प्रयुक्त कथा रूढ़ियों के एकाधिक रूपांतरणों के प्रस्थान में इतना सच तो है कि रत्नसेन का राघवचेतन से किसी कारण विवाद हुआ और इस कारण राघवचेतन नाराज़ होकर अलाउद्दीन के पास गया। मध्यकाल में एक शासक से नाराज़ होकर दूसर के यहाँ आश्रय लेने के कृत्य आम थे। राजकुमारी से विवाह के लिए शर्त के प्रावधान की कथानक रूढ़ि भारतीय कथा–काव्यों में बहुत पहले से चली आ रही है। *श्रीमद्भागवत* में कृष्ण सत्या से विवाह के लिए उसके पिता कौशलनरेश नग्नजित् द्वारा रखी गयी सात दुर्दांत बैलों को जीतने की शर्त पूरी करते हैं। बैलों को जीतने से पूर्व सत्या कृष्ण पर उसी तरह मुग्ध है, जिस तरह से पद्मिनी रत्नसेन पर होती है।[171] लोककथाओं में इस रूढ़ि का प्रयोग ख़ूब हुआ है। राजस्थान की प्रसिद्ध लोककथा 'चौबोली' का बीज रूप *बृहत्कथा* और *कथासरित्सागर* में मिल जाता है। कहानी में राजकुमारी निर्णय लेती है कि जो भी उसे एक रात्रि मे चार बार बुलवा लेगा, वह उससे विवाह करेगी।[172] पद्मिनी–रत्नसेन संबंधी कथा–काव्यों में इनका नियोजन पारंपरिक है। यहाँ सच केवल इतना है कि मध्यकाल में इस तरह के विवाह सामान्य विवाहों से अलग होते थे। विवाह के लिए युद्ध या आक्रमण आम थे। स्वयंवर की परंपरा बहुत पहले राज परिवारों में रही होगी। यह कथानक रूढ़ि इसी परंपरा का देशज सरलीकरण लगती है। युद्ध संबंधी कई कवि–कथानक रूढ़ियों का इस्तेमाल इन कथा काव्यों में हुआ है, जो युद्ध के भीषण होने की ओर संकेत करती हैं। युद्ध के भीषण होने की पुष्टि इस्लामी स्रोत भी करते हैं। अमीर ख़ुसरो ने भी यह उल्लेख किया है इस युद्ध में 30 हज़ार हिंदुओं का क़त्ल हुआ। ख़ुसरो लिखता है कि "उसने (अलाउद्दीन) ने राय को कोई हानि नहीं पहुँचाई, किंतु उसके क्रोध द्वारा 30 हज़ार हिंदुओं का क़त्ल हो गया।"[173] *राणारासो* का ऋतुवर्णन पारंपरिक है और यह भारतीय रचनाओं में रूढ़ि की तरह सदियों से निरंतर है।

10.

पद्मिनी प्रकरण को मिथ्या ठहरानेवाले अधिकांश आधुनिक विद्वानों की इस धारणा का आधार इस प्रकरण के संबंध में अलाउद्दीन के समकालीन तीन वृत्तांतकारों का मौन है। अलाउद्दीन के समकालीन चारों इस्लामी वृत्तांतों- अमीर ख़ुसरो कृत *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* (1311-12 ई.) और *दिबलरानी तथा ख़िज्र ख़ाँ* (1318-19 ई.), ज़ियाउद्दीन बरनी कृत *तारीख़-ए-फ़िरोजशाही* (1357 ई.) तथा अब्दुल मलिक एसामी कृत *फ़ुतूह-उस-सलातीन* (1350 ई.) में अलाउद्दीन के चित्तौड़ पर आक्रमण और उसकी विजय का उल्लेख तो है, लेकिन इनमें पद्मिनी प्रकरण और गोरा-बादल का उल्लेख नहीं है। ये तीनों वृत्तांतकार अपने समय के बड़े कवि या इतिहासकार और ओहदेदार थे। मध्यकालीन, परवर्ती और आधुनिक इतिहासकारों ने इनकी सराहना की है, लेकिन पद्मिनी प्रकरण पर इनके मौन को समझने के लिए उस समय के कवि-इतिहासकारों के पूर्वाग्रहों और सुल्तानों की उनसे अपेक्षा पर विचार करना ज़रूरी है। विडंबना यह है कि अधिकांश आधुनिक इतिहासकार, जिनका साक्ष्य देकर पद्मिनी के ऐतिहासिक अस्तित्व को संदिग्ध मानते हैं, उन इतिहासकारों के अपने पूर्वाग्रह हैं और उनका वर्णन आग्रहपूर्वक अपने आश्रयदाता सुल्तान की अपेक्षाओं के अनुसार है, इसलिए संदिग्ध है। अमीर ख़ुसरो इतिहासकार नहीं, मूलतः कवि था। उसके मित्र समकालीन ज़ियाउद्दीन बरनी के अनुसार "अमीर ख़ुसरो की मिसाल नहीं, वह तो शायरों का सुल्तान था।" उसने आगे और लिखा कि "ख़ुदा की क़सम, शायद ही इस नीले आकाश के नीचे उसकी बराबरी का कोई हुआ होगा।"[174] अमीर ख़ुसरो की इतिहास से संबंधित किताब *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* को एच.एम. इलियट ने इतिहास कम, कविता अधिक कहा है।[175] पी. हार्डी का निष्कर्ष भी यही है कि "अमीर ख़ुसरो ने इतिहास नहीं लिखा, उसने कविता लिखी है।"[176] अलाउद्दीन का दरबारी तवारीख़कार तो कबीरूद्दीन ताजुद्दीन इराकी था। ख़ुसरो के रग-रग में कला थी, लेकिन दुनियावी मामलों में वह बहुत चतुर व्यक्ति था। ख़ुसरो का अपने संरक्षक के साथ शुद्ध व्यावहारिक रिश्ता था और वह अपने संरक्षक के राजनीतिक मंसूबों से अपने को अलग रखता था। मोहम्मद हबीब ने उसके संबंध में लिखा है कि "वह उनकी प्रशंसा के गीत गाता था, क्योंकि इसके लिए उसको बहुत पैसा मिलता था। पूरे पचास साल तक रंग-बिरंगे फूल उसके सामने से गुज़र गए, जिनकी वह प्रसंशा में अत्युक्ति करता था। लेकिन ज्यों ही बबूला फूटता, वह उसे भूल जाता था। क्षितिज पर कोई नया नक्षत्र उठता कवि उसके पास चला जाता। कोई मर्त्य पूरी तरह ख़ुश हो ही नहीं सकता। लेकिन अमीर ख़ुसरो का कैरियर ऐसा था, जिस पर किसी तितली को रश्क होता।"[177] अमीर ख़ुसरो विद्वान् था, पर दरबारी भी था और दरबारी अपने वक़्त का ग़ुलाम

होता है। कबीरुद्दीन और उसके पूर्ववर्तियों ने इस फ़ैशन की शुरुआत कर दी थी। ख़ुसरो ने आँख मूँदकर उसको अपना लिया।[178] मोहम्मद हबीब ने उसकी चार ख़ूबियाँ गिनवाईं, जो इस प्रकार हैं- (i) अलंकारों से कृत्रिम बोझिल शैली, (ii) सिर्फ़ युद्धों और विजयों तक सीमित रहना, (iii) उन सभी तथ्यों की अनदेखी कर देना, जिससे अलाउद्दीन की छवि प्रभावित होती हो और (iv) सुल्तान की अत्यधिक चापलूसी।''[179] सराहना ख़ुसरो का स्वभाव और मजबूरी, दोनों थे। उसकी व्यावहारिक बुद्धि उसको उस सच को छिपा लेने पर मजबूर कर देती थी, जिससे सुल्तान नाराज़ हो जाएँ। उसके दो संरक्षकों- मलिक छज्जू और हातिम ख़ान का बग़ावत के कारण अलाउद्दीन ने सर क़लम कर दिया, लेकिन ख़ुसरो ने सुल्तान को इसके लिए बधाई दी। अपने चाचा जलालुद्दीन की अलाउद्दीन ने हत्या कर दी, लेकिन उसकी ज़बान से अपने इस संरक्षक और चाहने वाले की हत्या के विरोध में एक भी शब्द नहीं निकला। मोहम्मद हबीब ने लिखा है कि कि ''यदि अमीर ख़ुसरो पुराणों के युग में लिखते होते, तो वे अलाउद्दीन को विष्णु का अवतार बताते और उनके विरोधियों को राक्षस।''[180] मोहम्मद हबीब के अनुसार इसीलिए *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* के ''विवरण को सही मानना ख़तरनाक होगा।''[181] अलाउद्दीन का दूसरा समकालीन इतिहासकार ज़ियाउद्दीन बरनी इतिहास को 'साइंस' मानता था। उसका मानना था कि इतिहसकर सुल्तानों की 'अच्छी बातों' का उल्लेख करे, लेकिन उसे उसकी 'बुराई-शठता' की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए।[182] विडंबना यह है कि *तारीख़-ए-फ़िरोजशाही* उसने उस दौर में लिखी, जब उसका सर्वस्व छिन गया था, उसकी याददाश्त कमज़ोर हो गयी थी और अन्वेषण और अनुसंधान उसके बूते से बाहर की बात थी। इस्लाम के इतिहास और भारतीय इतिहास की जो मशहूर पुस्तकें थीं, वे भी उसे सुलभ नहीं थीं। किसी तारीख़ या घटना की पुष्टि करने के लिए भी साधन उसे प्राप्त न थे। मोहम्म्द हबीब के अनुसार ''हम शक को दिमाग़ में रखकर *तारीख़-ए-फ़िरोजशाही* का अध्ययन करते हैं, तो शक की पुष्टि हो जाती है। बहुत से वाक़यात उसकी याददाश्त से बाहर छूट गए हैं। कुछ को ग़लत ढंग से पेश किया गया है और कुछ मामले तो ऐसे हैं, जिनमें अपनी बद्धमूल धारणाओं की वजह से बरनी की याददाश्त ने कहर बरफ़ा दिया है।''[183] अब्दुल मलिक एसामी (1311 ई.) मुहम्मद बिन तुग़लक़ का समकालीन था, लेकिन उसका ग्रंथ *फ़ुतूह-उस-सलातीन,* जिसमें से 999 से 1350 ई. तक का वर्णन है, मुहम्मद बिन तुग़लक़ की बजाय बहमनी वंश (1347 ई.) के संस्थापक अलाउद्दीन बहमनशाह को समर्पित है। एसामी 1327 ई. मुहम्मद बिन तुग़लक के समय दौलताबाद आया और फिर वह कभी दिल्ली नहीं गया। उसने *फ़ुतूह-उस-सलातीन* दौलताबाद में ही लिखी, इसलिए दक्षिण का उसका विवरण अधिक आनुभविक और प्रामाणिक है।

वह उत्तर के संबंध में बहुत विस्तार में नहीं जाता।[184] वैसे एसामी की महत्वाकांक्षा भी इतिहासकार के बजाय साहित्यकार बनने की थी।[185] वह भी ख़ुसरो और बरनी से अलग नहीं था। सुल्तानों की महिमा के विरुद्ध जानेवाली सभी बातों की सजग अनदेखी इस्लामी वृत्तांतकारों का स्वभाव है, इसलिए पद्मिनी प्रकरण के संबंध में इन वृत्तांतकारों का मौन बहुत स्वाभाविक है। यह प्रकरण लोक स्मृति सहित देशज स्रोतों में इतना निरंतर और विस्तृत है कि इस पर अविश्वास का कोई कारण नहीं है। पारिस्थितिक साक्ष्य और स्त्रियों के लिए किए गए अलाउद्दीन के दूसरे युद्ध अभियान भी इस प्रकरण के सच होने का संकेत करते हैं।

स्पष्ट है कि पदमिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर ऐतिहासिक कथा–काव्य सर्वथा मिथ्या या मनगढ़ंत नहीं है। उनमें इतिहास का नियोजन भारतीय ऐतिहासिक कथा–काव्य परंपरा के अनुसार है, इसलिए इनमें इतिहास के साथ रचनात्मक विस्तार के लिए प्रयुक्त मिथ–अभिप्रायों और कथा–रूढ़ियों को समझना ज़रूरी है। ये अभिप्राय और कथा रूढ़ियाँ भी केवल कल्पना नहीं हैं– इनके प्रस्थान में यथार्थ की मौजूदगी है। कथा–काव्यों में वर्णित प्रकरण की पुष्टि दूसरे पुरालेखीय, साहित्यिक अभिलेखों से भी होती है। विवेच्य कथा–काव्यों के अनुसार अलाउद्दीन ने चित्तौड़ पर आक्रमण केवल राजीनितिक प्रयोजन के लिए नहीं किया– पद्मिनी पाने की लालसा की इसमें निर्णायक भूमिका थी। इस तथ्य का समर्थन दूसरे साहित्यिक और पारिस्थितिक साक्ष्य भी करते हैं। विवेच्य रचनाओं में अलाउद्दीन को स्त्री लोलुप और कामांध वर्णित किया गया है। यह बात सही है, क्योंकि इस्लामी स्रोतों सहित सभी देशज स्रोत और स्त्रियाँ पाने के लिए किए गए उसके युद्ध अभियान भी इसी ओर संकेत करते हैं। विवेच्य रचनाओं में वह अपार शक्तिशाली और क्रूर भी दिखाया है, जो वह था। इस्लामी स्रोतों में भी वह इसी तरह का है। समरसिंह का उत्तराधिकारी रत्नसेन अलाउदद्दीन के 1303 ई. के आक्रमण के समय शासक था और वह इन कथा–काव्यों का निर्विवाद नायक है। यह अलग बात है कि कुछ आधुनिक इतिहासकारों को आरंभ में उसके ऐतिहासिक अस्तित्व लेकर संदेह था। यह संदेह इसलिए हुआ कि मेवाड में राणा शाखा के शासन के दौर में बने कुछ शिलालखों सहित साहित्यिक साक्ष्यों में रावल शाखा से संबंधित होने के कारण रत्नसिंह का नाम नहीं है। बाद में दरीबा और कुंभलगढ़ के शिलालेखों में 1303 ई. में उसका मेवाड़ में सत्तारूढ़ होना प्रमाणित हो गया। पद्मिनी इन रचनाओं के केंद्र में है, लेकिन कतिपय इतिहासकारों ने उसको जायसी की कल्पना मान लिया, जो ग़लत है। पदमिनी सभी देशज अभिलेखों और साहित्यिक रचनाओं में है और सदियों से वह लोक स्मृति का हिस्सा रही है। वह पद्मिनी कोटि की स्त्री है, जिसका विवाह रत्नसेन से हुआ है। *पाटनामा* में उसका

नाम मदन कुँवर है। विवेच्य अधिकांश रचनाओं में रत्नसेन को युक्तिपूर्वक अलाउद्दीन की क़ैद से मुक्त करवाने वाले योद्धा गोरा-बादल हैं और इन रचनाओं में से कुछ का नामकरण ही उनके नाम के आधार पर हुआ है। अलाउद्दीन के समकालीन वृत्तांतकारों ने उनका उल्लेख नहीं किया, लेकिन सभी दूसरे साहित्यिक और परवर्ती इस्लामी साक्ष्यों में उनका उल्लेख मिलता है। उनसे संबंधित सदियों पुराने स्मारक भी हैं, जो उनके ऐतिहासिक होने की पुष्टि करते हैं। राघवचेतन इन रचनाओं में से कुछ में एक, तो कुछ में दो व्यक्ति हैं। आधुनिक इतिहासकारों को राघवचेतन के ऐतिहासिक अस्तित्व पर भी संदेह है। राघवचेतन का उल्लेख भी अलाउद्दीन के समकालीन वृत्तांतकारों ने नहीं किया, लेकिन उससे संबंधित पर्याप्त पुरालेखीय और साहित्यिक साक्ष्य उपलब्ध हैं। राघवचेतन से संबंधित जैन साहित्यिक साक्ष्य और कांग़ड़ा की ज्वालामुखी प्रशस्ति तो अलाउद्दीन की समकालीन हैं।

पाटनामा को छोड़कर ये सभी रचनाएँ एक राय हैं कि विजय रत्नसेन की हुई और बादशाह भाग गया, जबकि जौहर का उल्लेख इनमें से किसी भी रचना में नहीं है। *पाटनामा* के अनुसार दुर्ग ध्वस्त हुआ और बादशाह की फ़ौज भाग गयी। रत्नसेन की इन रचनाओं में विजय हुई, लेकिन देशज कुछ साहित्यिक स्रोत और पुरालेखीय अभिलेख मानते हैं कि रत्नसेन की पराजय हुई और कुछ समय के लिए दुर्ग सल्तनत के अधीन रहा। रचनाओं में रत्नसेन की विजय का उल्लेख स्वाभाविक है- अकसर रचनाकार पराजय को विजय के रूप चित्रित कर अपने जाति-समाज के स्वाभिमान को खाद-पानी देते हैं। जौहर का उल्लेख इनमें से किसी भी रचना में नहीं है और यह भी स्वाभाविक है, क्योंकि जौहर की परिस्थिति तो तब बनती, जब रत्नसेन की पराजय होती। परवर्ती देशज साहित्यिक वंशावली अभिलेखों-*राजप्रशस्तिमहाकाव्य, अमरकाव्य* और *राजरत्नाकरकाव्य* में भी जौहर का उल्लेख नहीं है, जबकि इस तरह का उल्लेख प्रतिष्ठाकारी था। जौहर केवल जायसी, अबुल फ़ज़्ल और मुँहता नैणसी के यहाँ है और यह इनके कहाँ से आया, यह कहना बहुत मुश्किल काम है। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर अलाउद्दीन के समकालीन इस्लामी वृत्तांतकारों का मौन बहुत स्वाभाविक है। आधुनिक इतिहासकारों ने इस आधार पर इस प्रकरण को जायसी की कल्पना मान लिया, जो पूरी तरह ग़लत है। अलाउद्दीन की सराहना और उसकी कमज़ोरियों की छिपाना इन इस्लामी वृत्तांतकारों की आदत और मजबूरी है।

भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य परंपरा के अनुसार ये रचनाएँ सीधे यथार्थ नहीं, यथार्थ का प्रतिबिंबन है। यह यथार्थ कवि-कथाकर का अपना देखा गया यथार्थ है। यह यूरोपीय इतिहास के यथार्थ की तरह 'दस्तावेज़ी' और 'आनुभविक' नहीं है, इसलिए कल्पना है, यह यह धारणा सही नहीं है। रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा भी था

कि सब खेतों एक जैसी फ़सलें नहीं होतीं। यह फ़सल आपके खेत की फ़सल से अलग है, इसलिए फ़सल ही नहीं है, यह मानना एक तरह का दुराग्रह है। अलाउद्दीन का चित्तौड़ पर पद्मिनी के लिए आक्रमण और इसके चरित्र– रत्नसेन, पद्मिनी, गोरा–बादल और राघवचेतन पूरी तरह ऐतिहासिक हैं और इसकी पुष्टि हमारे अपनी तरह के साक्ष्यों से होती है।

संदर्भ और टिप्पणियाँ:

1. फ़िल्म 'पद्मावत' पर विवाद के दौरान कई विद्वानों ने इस प्रकरण पर विचार रखे। इरफ़ान हबीब और हरबंश मुखिया ने अपने विचार नितिन रामपाल की स्टोरी (''पदमावती कंट्रोवर्सी: हिस्ट्री इज एट रिस्क ऑफ़ बीइंग ट्रेप्ड बिटविन लेफ्ट राइट इंटरप्रिटेशन्स ऑफ़ द पास्ट,'' *फ़र्स्ट पोस्ट,* 21 सितंबर 2019.
https://222.firstpost.com/india/padmavati-controversy-history-is-at-risk-of-being-trapped-between-left-right-interpretations-of-the-past-4225695.html) में व्यक्त किए।
2. वाल्टर हेराल्सन, ''मिथ एंड हिस्ट्री,'' *दि इनसाइक्लोपीडिया ऑफ़ रिलीजन,* संपा. मिरेसा इलियाडे (न्यूयार्क: मैकमिलन पब्लिशिंग हाउस कंपनी, 1987), 10: 273.
3. बच्चन सिंह, *आधुनिक हिंदी आलोचना के बीज शब्द* (नयी दिल्ली: वाणी प्रकाशन, 2004), 82.
4. कीस. डब्यू. बोले, ''मिथ,'' *दि इनसाइक्लोपीडिया ऑफ़ रिलीजन,* 10: 261.
5. बेरी बी. पोवेल, *क्लासिकल मिथ* (लंदन: प्रेंटिस हॉल इंटरनेशनल, 2001), 2.
6. वही, 4.
7. जोसफ़ टी. शिप्ले, *डिक्शनरी ऑफ़ वर्ल्ड लिटरेचर* (लंदन: दि फ़िलोसोफिकल लाइब्रेरी, 1943), 391.
8. आंनंद के. कुमारस्वामी, *हिंदुइज्म एंड बुद्धिइज्म* (नयी दिल्ली: मुंशीराम मनोहरलाल पब्लिशर्स प्रा. लि., 2015), 6.
9. जोसफ़ टी. शिप्ले, *डिक्शनरी ऑफ़ वर्ल्ड लिटरेचर,* 335.
10. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल* (पटना: बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, तृतीय संस्करण, 1991), 80.
11. वही, 91.
12. वही, 80.
13. वही, 80.
14. कोमल कोठारी, ''भूमिका,'' विजयदान देथा कृत *बातां री फुलवाड़ी* (बोरूंदा: रूपायन संस्थान, 1966), 8: 8.

15. देखिए: *ख़लजी कालीन भारत,* अनुवाद एवं संपादन सैयद अतहर अब्बास रिज़वी (नयी दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, चतुर्थ संस्करण 2015, प्र. सं. 1995).

16. कक्क सूरि ने अलाउद्दीन ख़लजी के दूसरे अभियानों का भी विवरण दिया है। वह लिखता है–

तदा तत्र सुरतत्राणेऽलावदीनोनदीवत्।
उद्वेलिद्वाजिकलोलोर्वराव्यापी नृपोऽभवत्॥1॥
यः श्रीदेवगिरौ गत्वा बद्ध्वा च तदधीश्वरम्।
न्यवेशयत् तं तत्रैव जयस्तंभमिवात्मनः॥2॥
सपादलक्षाधिपतिं वीरं हम्मीरभूपतिम्।
हत्वाऽभिमानिनं सर्वं स तत्सर्वमुपाददे॥3॥
श्रीचित्रकूटदुर्गेशं बद्ध्वा लात्वा च तद्धनम्।
कंठबद्धं कपिमिवाभ्रामयत्तं पुरे पुरे॥4॥

– कक्क सूरि, *नाभिनंदनजिनोद्धारप्रबंध,* संपा. भगवानदास हरखचंद (पालीताणा: सोमचंद डी. शाह, 1925), 104.

17. अबुल फ़ज़ल एल्लामी, *आईन-ए-अकबरी,* अनु. एवं संपा. एच.एस. जारेट्ट (दिल्ली: लो प्राइस पब्लिकेशन, 2011, प्र.सं.1927), 1: 274.

18. मुहम्मद कासिम फ़रिश्ता, *हिस्ट्री ऑफ़ राइज दि मोहम्मडन पॉवर इन इंडिया* (टिल दि ईयर 1612 ए.डी.), अनु. एवं संपा. जॉन ब्रिग्ज (कलकत्ता: आर. केम्ब्रे एंड कंपनी, 1909), 1: 206.

19. मुँहता नैणसी, *मुँहता नैणसीरी ख्यात,* संपा. बद्रीप्रसाद साकरिया (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, तृतीय संस्करण, 2006),1: 14.

20. वही, 14.

21. *मेवाड़ रावल राणाजीरी बात,* संपा. हुकुमसिंह भाटी (उदयपुर: प्रताप शोध प्रतिष्ठान 1994), 10.

22. "गोरा-बादल कवित्त," लब्धोदयकृत *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 109.

23. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* संपा. उदयसिंह भटनागर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, द्वितीय संस्करण 1997), 3.

24. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 3.

25. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2001), 3:83.

26. दयालदास, *राणारासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2007), 184.

27. ''पद्मिनीसमिओ,'' रानी पद्मिनी, संपा. ब्रजेंद्रकुमार सिंहल (नयी दिल्ली: वाणी प्रकाशन, 2017), 99.

28. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* संपा. मनोहरसिंह राणावत (सीतामऊ: नटनागर शोध संस्थान, 2003), 1: 312.

29. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' लब्धोदय कृत *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 182.

30. ज़ियाउद्दीन बरनी, ''तारीख़-ए-फ़िरोजशाही,'' *ख़लजी कालीन भारत,* 76.

31. अब्दुल मलिक एसामी, ''फ़ुतूह-उस-सलातीन,'' *ख़लजी कालीन भारत,* 201.

32. अमीर ख़ुसरो, ''खजाइन-उल-फ़ुतूह,'' *ख़लजी कालीन भारत,* 160.

33. ''चौमुखा टेम्पल एट रनपुर,'' *एन्यूएल रिपोर्ट-1907-08* (कलकत्ता: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1911), 215.

34. अक्षय कीर्ति व्यास, ''जगन्नाथराय टेम्पल एट उदयपुर,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* खंड-24 (1937-38), संपा. एन.पी. चक्रवर्ती (कलकत्ता: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1942), 56-64.

35. श्यामलदास, ''एकलिंगजी के निज मंदिर के दक्षिणी द्वार की प्रशस्ति,'' *वीर विनोद* (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, प्रथम संस्करण 1886, पुनर्मुद्रण 1986), 1: 417.

36. रणछोड़ भट्ट, *राजप्रशस्तिमहाकाव्य,* संपा. मोतीलाल मेनारिया (उदयपुर: साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, 1973). 39

37. अबुल फ़ज़ल एल्लामी, *आईन-ए-अकबरी,* 1: 274.

38. मुहम्मद कासिम फ़रिश्ता, *हिस्ट्री ऑफ़ राइज दि मोहम्मडन पॉवर इन इंडिया,* 1: 206.

39. गौरीशंकर हीराचंद ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास* (जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार, 1996-97), 1: 192.

40. अमीर ख़ुसरो, *''खजाइन-उल-फ़ुतूह,''* 160.

41. आर.आर. हालदार, ''महाराणा कुंभा के समय के कुभलगढ़ शिलालेख की चौथी शिला, वि.सं.1517,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* खंड-XXI (1931-32 ई.), संपा. हिरेंद्र शास्त्री एवं के.एन. दीक्षित (दिल्ली: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, पुनर्मुद्रण,1991), 279.

42. *एकलिंगमाहात्म्य,* संपा. प्रेमलता शर्मा, (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1976), 133.

43. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 117.

44. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 42.

45. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3:84.

46. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 11.

47. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 186.

48. ''पद्मिनीसमिओ,'' 104.

49. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 311.

50. वही, 326.

51. *हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया- एज टोल्ड बाइ इट्स ऑन हिस्टोरियन,* संपा. एच.एम. इलियट, (इलाहाबाद: किताब महल प्रा. लि., 1996, प्रथम संस्करण 1866), 1: 76-77.

52. अमीर ख़ुसरो, *''ख़जाइन-उल-फ़ुतूह,''* अनु. मोहम्मद हबीब, *जर्नल ऑफ़ इंडियन हिस्ट्री,* अंक-VIII, खंड-1, क्रम सं.-22 (अप्रैल, 1929), 371.

53. आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव, *दिल्ली सल्तनत* (आगरा: शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, 1992), 161.

54. अमीर ख़ुसरो, ''ख़जाइन-उल-फ़ुतूह,'' 371.

55. मुनि जिनविजय, ''रत्नसिंह की समस्या,'' *गोरा-बादल चरित्र* (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, तृतीय संस्करण 2000), 63.

56. सुबीमल चंद्रदत्ता, ''दि फर्स्ट साका ऑफ़ चित्तौड़,'' संपा. नरेंद्रनाथ लॉ, *दि इंडियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली,* खंड-7 (1931), 297.

57. (i) विवेच्य इन आठ रचनाओं के अलावा अलाउद्दीन ख़लजी *कान्हड़देप्रबंध* (पद्मनाभ), *हम्मीररासो* (नयचंद सूरि), *हम्मीरायण* (भांडउ व्यास), *छिताईचरित* (नारायणदास, रतनरंग और देवचंद) आदि रचनाओं में भी है।

(ii) अलाउद्दीन ख़लजी का उल्लेख राजस्थान-गुजरात की प्रसिद्ध लोककथा 'सयणी चारणी री वात' में भी है। - *राजस्थानी वात संग्रह,* संपा. मनोहर शर्मा (जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार. 2007), 57 एवं विजयदान देथा, *बातां री फुलवाड़ी* (जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार. 2007), 14: 295.

58. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 103.

59. वही, 103.

60. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 19.

61. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 187.

62. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3:86.

63. दयालदास, *राणारासो,* 111.

64. कालिकारंजन कानूनगो, *स्टडीज़ इन राजपूत हिस्ट्री* (दिल्ली: एस चांद एंड कंपनी, 1960), 15.

65. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 118.

66. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 51.

67. वही, 51.

68. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 398.

69. ''वह (अलाउद्दीन ख़लजी) सबसे अच्छा सुल्तान था। भारतीय उसकी बहुत तारीफ़ करते हैं। - इब्न बतूता, *रहेला ऑफ़ इब्न बतूता,* अनुवाद और व्याख्या मेहदी हुसेन (बड़ौदा: ओरियंटल इंस्टीट्यूट, 1976) 41.

70. अलाउद्दीन अपने चाचा और ससुर जलालुद्दीन की निर्मम हत्या करके सत्तारूढ़ हुआ। उसने सत्तारूढ़ होते ही जलालुद्दीन के सभी पुत्रों का विनाश कर दिया। यही नहीं, उसने जलालुद्दीन के साथ विश्वासघात करके अलाउद्दीन को सत्तारूढ़ होने में मदद करने वाले तीन अमीरों को छोड़कर शेष सभी अमीरों को भी मरवा दिया और कुछ को अंधा कर दिया। उनकी संपत्ति और माल असबाब भी उसने अपने अधीन कर लिया। – ज़ियाउद्दीन बरनी, ''तारीख़-ए-फ़िरोजशाही,'' *ख़लजी कालीन भारत,* संपा. सैयद अतहर अब्बास रिज़वी (दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, चौथा संस्करण 2016), 36–47.

71. वही, 58, 72.

72. अब्दुलाह मुहम्मद बिन उमर अल मक्की अल-आसफ़ी उलुग़ ख़ानी, ''जफरुल वालेह बे मुजफ्फर वालेह,'' वही, 230.

73. नारायणदास, रतनरंग और देवचंद, *छिताईचरित,* संपा. हरिहरनिवास द्विवेदी एवं अगरचंद नाहटा (ग्वालियर: विद्यामंदिर प्रकाशन,1960), 41.

74. नयचंद सूरि, *हम्मीर महाकाव्य,* हिंदी अनुवाद नाथूराम त्रिवेदी (राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, 1997), 130.

75. दशरथ शर्मा, ''हम्मीर महाकाव्य में ऐतिह्य सामग्री,'' वही, 23.

76. *'मोल्हउ' कहइ मोकल्यउ सुरताणि, कहइ सु सुणइ हमीरदे राण; 'देवलदे' कुंवरी परणावि, 'धारू''वारू' साथि अलावि।* – भांडउ व्यास, *हम्मीरायण,* संपा. भंवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थनी इंस्टीट्यूट,1960), 17.

77. अमीर ख़ुसरो, ''खजाइन-उल-फुतूह,'' *ख़लजी कालीन भारत,* 159.

78. वही, 161.

79. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 121.

80. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 58.

81. वही, 66.

82. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 66.

83. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3:119.

84. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 330.

85. अबुल फ़ज़ल एल्लामी, *आईन-ए-अकबरी,* 1: 274.

86. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* संपा. विलियम क्रूक (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1971, प्रथम संस्करण 1920), 1: 308.

87. श्यामलदास, *वीरविनोद-मेवाड़ का इतिहास (*दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1986, प्रथम संस्करण 1886), 1: 286.

88. देव कोठारी, ''महारानी पदमिनी की ऐतिहासिकता,'' *महारानी पद्मिनी* (उदयपुर: वीर शिरोमणि महराणा प्रताप समिति, 2010), 26.

89. रुद्र काशिकेय, ''भूमिका,'' नारायणदासकृत *छिताई वार्ता,* संपा. माताप्रसाद गुप्त (काशी:

नागरी प्रचारिणी सभा, 1958), 20.

90. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 19.

91. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 24.

92. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* भाग-1, 337.

93. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 110.

94. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3:86.

95. ''पद्मिनीसमिओ,'' 110.

96. जटमल नाहर, *''गोरा-बादल कथा,''* 187.

97. अगरचंद नाहटा, ''राघवचेतन की ऐतिहासिकता'', *नागरी प्रचारिणी पत्रिका,* वर्ष-64, अंक-1, 64.

98. *जैन सिद्धांत भास्कर,* भाग-5 (3), दिसंबर,1938, 138.

99. अगरचंद नाहटा, ''राघवचेतन की ऐतिहासिकता'', 65.

100. *वृद्धाचार्य प्रबंधावली* के *जिनप्रभसूरिप्रबंध* का यह अंश उक्त संदर्भ सं. 96 में वर्णित आलेख में पृ. 65 से उद्धृत किया है।

101. अगरचंद नाहटा, ''राघवचेतन की ऐतिहासिकता'', 66.

102. वही, 66.

103. (i) ''कांगराज्वालामुखीस्तोत्रसंसारचंद्रप्रशस्ती,'' *प्राचीन लेख माला,* संपा. दुर्गाप्रसाद, काशीनाथ पांडुरंग (मुम्बई: निर्णय सागर प्रेस, 1887), 2: 120 और (ii) जी. बूलर, ''कांगड़ा जावालामुखी प्रशस्ति,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* भाग-1, संपा. जे. वर्गेज (कलकत्ता: इंडियन आर्कियोलोजिकल सर्वे, 1892), 192-194.

104. शार्गंधर, *शार्गंधरपद्धति,* संपा. पीटर पीटर्सन (दिल्ली: चौखंभा संस्कृत संस्थान, 1987), 1.

105. *प्राकृतपैंगलम्,* 1.71, 1.204, संपा. भोलाशंकर व्यास (वाराणसी: प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, 1959) 1: 64 एवं 174.

106. ''राघवचैतन्यविरचितं महागणपतिस्तोत्रम्,'' *काव्यमाला,* संपा. दुर्गाप्रसाद, काशीनाथ पांडुरंग (मुम्बई: निर्णय सागर प्रेस, 1851), 1: 1-6.

107. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 127.

108. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 97.

109. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 101.

110. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 170.

111. दयालदास, *राणारासो,* 214.

112. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 206.

113. ''पद्मिनीसमिओ,'' 149.

114. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 406.

115. *लक्ष्मसिंह स्त्वेष गढ़मंडलीकाभिधोस्य तु।*
कनिष्ठो रत्नसीभ्राता पद्मिनी तत्प्रियात् भवत॥4॥
तत्कृतेलावदीनेन रुद्धे श्रीचित्रकूटके।
लक्ष्मसिंहो द्वादश भ्रातृभिः सप्तभिः सुतैः॥5॥ – रणछोड़ भट्ट, *राजप्रशस्तिमहाकाव्यम्*, संपा. मोतीलाल मेनारिया (उदयपुर: साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, 1973), 38.

116. *रानाख्यातेऽवददि (ति) सदा म्लेच्छपो रत्नसिहं,*
नेत्यूचे वा मम कुरुभवान् रावलाख्यां यदस्ति।
पूर्वेषां में तदुचितमियं येन तूक्तं तथा स्या-
त्तस्मात्कालागतिविदिना रत्नसी रावलोऽभूद्॥10॥
सोऽयं द्वीपे गमनमतनोत् सिंहले पद्मिनीं वा,
दृष्ट्वा यां च सपदि कृतवांस्तत्पितुः पार्श्व एव।
तत्पित्रोक्तं यदि च नृपतिः पद्मिनीप्राप्तये चेत्,
युद्धं कुर्यात्तव तु सहजो लक्ष्मसी ज्येष्ठ एव॥11॥
लेखं कृत्वा स विशतु मया पद्मिनी करेभ्यः
रक्ष्या देवी तदनु च मया कारितो लेख ईदृक।
लेखं राणा सपदि कृतवान् लक्ष्मी सोदसीयुक्,
रक्ष्यास्माभिर्यवनभयतः पद्मिनी संकटेषु॥12॥
पद्मिन्यास्ते यवननृपतिश्चित्रकूटाख्यदुर्गे,
श्रुत्वा दिल्लीनगरतः प्रस्थितोऽलावदीनः।
हिन्दूवृन्दैर्मुगलनिवहैः सत्यवन्तैः समेता-
नग्रे धृवातुलबल-महाशौर्यधैर्यप्रयुक्तः॥13॥
तत्र स्थित्वा यवननृपतिश्चित्रकूटाख्यदुर्गे,
श्रीपद्मिन्यास्ते सुकरकमलप्राप्तभोज्याशनेन।
तोषः स्यान्मेऽन्यदिह न च किं संदिशन्लक्ष्मसिंह-
पार्श्वे दूतं सविनयमयं प्रेषयामास दूतम्॥14॥
गत्वा तत्रावददिति तदा रावलः शुद्धभावं,
दिल्लीशं तं मनसि कलयन्नागतस्तस्य पार्श्वे।
देवः दिल्लीपतिरपि च तं रावलं रत्नभूषा-
वासो- दानप्रकटकपटाद्वाग्विबन्धाथ तूर्णम्॥15॥
देशिन्येषात्विति कथितवांस्तच्छतं चित्रकूटे,
प्रोक्तं गोरा प्रयुरमतियुक् बादलाद्यैः सखीयुक्।
प्रेका वा यवननृपति संजगादालियुक्ताः,
कूटं कृत्वा सभटशिविका प्रेषितास्तैस्ततस्ता॥16॥

दृष्ट्वा दंभाश्रुमयदृगभूर्द्रत्नसी म्लेच्छभर्ता,

पद्मिन्यास्ते त्विह नृप इतो वाष्पवान् जातमेव।

राज्ञा प्रोक्तं कपटपटुना पद्मिनीं द्रष्टुमाज्ञा,

देया मह्यं तव तु निकटे ह्यागताथैकवारम्॥17॥

श्रुत्वा ज्ञातं मम तु निकटे स्वागतैवेति नून-

मूचे गच्छेति सकरुणया मुक्तबंधः स यातः।

राणाभ्राता सकलशिविकारोहणेनैव दुर्गे,

प्राप्तो म्लेच्छाधिप इति मुदा पद्मिनीं द्रष्टुमागात्॥18॥

तस्मिन्काले सकलशिविकोत्तोर्णवीरैः कृतं द्राक्,

म्लेच्छेशस्य प्रबलकदनं म्लेच्छपोऽभूत्सुगुप्तः।

स्थाने कस्मिंश्चिदपि च ततो जीवति स्मेति नष्टः,

पद्मिन्याशारहित इति वा स्वल्पसैन्येन युक्तः॥19॥ - रणछोड़ भट्ट, *अमरकाव्यम्,* संपा. देव कोठारी (उदयपुरः साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ,1985), 124-129.

117. सदाशिव, *राजरत्नाकरमहाकाव्य,* संपा. मूलचंद पाठक (जोधपुरः राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान), 127-133.

118. मलिक मुहम्मद जायसी, *पदमावत,* संपा. वासुदेवशरण अग्रवाल (चिरगाँव (झाँसी): साहित्य सदन, द्वितीय संस्करण 1961), 875.

119. अबुल फ़ज़ल एल्लामी, *आईन-ए-अकबरी,* 1: 274.

120. मुहम्मद क़ासिम फ़रिश्ता, *हिस्ट्री ऑफ़ राइज दि मोहम्मडन पॉवर इन इंडिया* (टिल दि ईयर 1612 ए.डी.), अनु. एवं संपा., जॉन ब्रिग्ज (कलकत्ताः आर. केम्ब्रे एंड कंपनी, 1909), 1: 206.

121. अब्दुलाह मुहम्मद उमर अल-मक्की अल-आसफ़ी अल-उलुग़ख़ानी हाजी उद्दबीर, *ज़फ़रुल वालेह बे मुज़फ़्फ़र वालेह- एन अरेबिक हिस्ट्री ऑफ़ गुजरात* (बड़ौदाः ओरियंटल इंस्टिट्यूट,1974), 1: 645-646.

122. मुँहता नैणसी, *मुंहता नैणसीरी ख्यात,* 1: 14.

123. *मेवाड़ रावल राणारी बात,* 10.

124. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 308.

125. वि.ए. स्मिथ, *ओक्सफ़ोर्ड हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया* (लंदनः ओक्सफ़ोर्ड, संशोधित संस्करण 1921). 233.

126. श्यामलदास, *वीर विनोद-मेवाड़ का इतिहास,* 1: 286.

127. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 191.

128. पद्मनाभ, *कान्हड़देप्रबंध,* 2/131-141, संपा. कांतिलाल बलदेवराम व्यास (जयपुरः राजस्थान प्राच्यविद्या मंदिर, 1953), 90-92.

129. विश्वम्भर शरण पाठक, *एंशियन्ट हिस्टोरियन्स ऑफ़ इंडिया* (मुंबईः एशिया पब्लिशिंग हाउस, 1966), 139.

130. *संस्कृत कविता की लोकधर्मी परंपरा,* चयन एवं संपा. राधावलभ त्रिपाठी (दिल्ली: यश पब्लिकेशन्स, 2000), 140.

131. नरपति नाल्ह, *बीसलदेवरास,* संपा. माताप्रसाद गुप्त (इलाहाबाद: हिंदी परिषद्, इलाहाबाद, विश्वविद्यालय, द्वितीय संस्करण 1959), 109.

132. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 110

133. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 337.

134. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 197.

135. दयालदास, *राणारासो,* 197.

136. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 305-335.

137. हर्षदेव, *रत्नावली-नाटिका,* संपा. एवं टीका रामचंद्र मिश्र (बनारस: चौखंभा संस्कृत सीरीज, 1953), 9-52.

138. कोऊहल, *लीलावइ,* संपा. एवं अनुवाद एंड्रयु ओलट (लंदन: मूर्ति क्लासिकल लाइब्रेरी ऑफ़ इंडिया, 2021), 199.

139. धनपाल, *भविसयत्तकहा,* संपा. सी.डी. दलाल (बडोदा: ओरियंटल इंस्टीट्यूट, 1967), 13.

140. मुनि कनकामर, *करकंड चरिउ,* 7.6,7,8, संपा. एवं अनुवाद हीरालाल जैन (दिल्ली: भारतीय ज्ञानपीठ, द्वितीय संस्करण, 1964), 94-96.

141. राजसिंह, *जिणदत्त चरित,* 201-216, संपा. एवं हिंदी अनुवाद माताप्रसाद गुप्त (जयपुर: दिगंबर जैन अं. क्षेत्र, 1973), 66-70.

142. जिनहर्षगणि, *रयणसेहरनिवकहा,* संपा. रामप्रकाश पोद्दार (मुजफ्फरपुर: प्राकृतशास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान, 1993), 16.

143. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 110.

144. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 9.

145. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3:84.

146. दयालदास, *राणारासो,* 184.

147. ''पद्मिनी समिओ,'' 103.

148. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 185.

149. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 305-335.

150. सोमदेव, *कथासरित्सागर,* हिंदी रूपांतर राधावलभ त्रिपाठी (नयी दिल्ली: नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, 1995), 73.

151. विजयदान देथा, *बातां री फुलवाड़ी* (बोरूंदा: रूपायन संस्थान, 1967), 9: 114.

152. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 10.

153. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 11.

154. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3:84.

155. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 88.

156. सोमदेव, *कथासरित्सागर,* 182.

157. विद्यापति बिल्हण, *विक्रमांकदेवचरित,* संपा. डब्ल्यू. एच. स्टोक्स (मुम्बई: गर्नवमेंट सेंट्रल बुक डिपो, 1875), 56.

158. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 187.

159. ''पद्मिनीसमिओ,'' 110

160. देखिए: अध्याय-7 का अनुच्छेद- 6.

161. कालिदास, *ऋतुसंहारम्,* संपा. रेवाप्रसाद द्विवेदी (नयी दिल्ली: साहित्य अकादेमी, 1990).

162. अद्दहमाण, *संदेशरासक,* संपा. हजारीप्रसाद द्विवेदी (मुम्बई: हिंदी ग्रंथ रत्नाकर लि., 1960), 33-55.

163. चंद बरदाई, *पृथ्वीराजरासो,* संपा. मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या (वाराणसी: नागरी प्रचारिणी सभा,) 2: 759.

164. दयालदास, *राणारासो,* 189-196.

165. देखिए: अध्याय-7 का अनुच्छेद- 5.

166. कोमल कोठारी, ''भूमिका,'' विजयदान देथा कृत *बातां री फुलवारी* (बोरूंदा: रूपायन संस्थान, 1966), 8: 4.

167. मोरिस ब्लूमफील्ड, ''ऑन रेकरिंग साइकिक मोटिफ, एंड लाफ़ एंड क्राइ मोटिफ़.'' *जर्नल ओफ़ अमरीकन ओरियंटल सोसायटी,* खंड-36 (1916), 54.

168. फ़िल्म 'पद्मावत' पर हुए विवाद के दौरान और पहले, इस कथा में आयी सिंघल द्वीप संबंधी कथा रूढ़ि के युक्तिकरण और निहितार्थ खोजने के कई प्रयास हुए। इतिहासकार गौरीशंकर ओझा ने कहा कि मध्यकाल में सिंघल द्वीप जाकर विवाह करना संभव नही है और वहाँ कभी चौहानों का शासन ही नहीं रहा। *(उदयपुर राज्य का इतिहास, 1: 187)* सरदार ए.ए. के सालू के अनुसार सिंघल मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा पर स्थित गाँव सिंगोली है। (*सरस्वती,* खंड-1, संख्या-2, 1958), 90-100.) देव कोठारी की धारणा है कि पद्मिनी सवाई माधोपुर जिले में रणथंभोर के समीप स्थित गाँव सिंहपुरी की रहनेवाली थी। (*महारानी पदमिनी,* 18) ब्रजभूषण सिंहल के अनुसार वह रणथंभोर के शासक हम्मीर की पुत्री थी। (''रानी पद्मिनी,'' 45) इसी तरह चंद्रमणिसिंह ने नंदकिशोर वर्मा के एक आलेख के आधार पर पद्मिनी को सिंध के सिंहराव (वर्तमान पाकिस्तान में) की रहनेवाली जैसलमेर के निर्वासित रावल पुण्यपाल की बेटी माना है। (चंद्रमणिसिंह, *पदमिनी की ऐतिहासिकता* [जयपुर: प्राकृत भारती अकादमी, 2020], 60.)

169. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 80.

170. ''अर अठे राजाजी उण नवी अपछरा रै आणंद में ऐड़ा वावळा व्हीया के पैला री छवूँ रांणियां ने दुहाग दे दियौ। छंवा रे पेट में आसा ही, घणो लटापोरियां करी पण राजा नी मांन्या।'' - विजयदान देथा, *बातां री फुलवाड़ी,* (बोरूंदा: रूपायन संस्थान,1967), 9: 250.

171. महर्षि व्यास, *श्रीमद्भागवतपुराणम्*, 10.58-32-45, संपा. एवं टीका जगदीशलाल, शास्त्री (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, पुनर्मुद्रण 1999), 551.

172. विजयदान देथा, *बातां री फुलवाड़ी,* 9: 209-257.

173. अमीर ख़ुसरो, ''खजाइन-उल-फ़ुतूह,'' 160.

174. मोहम्मद हबीब, *जीवन चरित भारत के बाहर इस्लामी संस्कृति और ऐतिहासिक पद्धति,* संपा. इरफान हबीब (दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, हिंदी संस्करण 2010), 138.

175. एच.एम. इलियट, संपा. *हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया- एज टोल्ड बाइ इट्स ऑन हिस्टोरियन,* 1: 76-77.

176. पी. हार्डी, *हिस्टोरियन्स ऑफ़ मे मेडिईवल पीरियड* (लंदन: लुज़ाक एंड कंपनी लि. 1960), 92 .

177. मोहम्मद हबीब, *जीवन चरित भारत के बाहर इस्लामी संस्कृति और ऐतिहासिक पद्धति,* 21.

178. वही, 74.

179. वही, 74.

180. वही, 76.

181. वही, 72.

182. वही, 105.

183. वही, 101.

184. हरिशंकर श्रीवास्तव, *मध्यकालीन भारतीय इतिहास लेखन* (दिल्ली: वाणी प्रकाशन, 2000), 102.

185. पी. हार्डी, *हिस्टोरियन्स ऑफ़ मेडिईवल पीरियड,* 110.

अध्याय - 6

संस्कृति

पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर ऐतिहासिक कथा–काव्यों में तत्कालीन राजनीतिक–प्रशासनिक व्यवस्था, विचारधारा, जीवन मूल्य और आस्था–विश्वास के अंत:साक्ष्य बहुत सीमित हैं। ये साक्ष्य और इनके संकेत, इन रचनाओं के चरित्रों के आचरण और घटनाओं के मोड़–पड़ावों में हैं। आवश्यकता और अवसर के अनुसार रचनाकारों ने आदर्श आचरण और नीति की सूक्तियों और कहावतों–मुहावरों में भी इनका वर्णन किया है। प्रकरण चौदहवीं सदी का है, जबकि इन कथा–काव्यों की रचना सोलहवीं से उन्नीसवीं सदी के बीच हुईं, लेकिन इस समयांतराल का कोई बहुत निर्णायक महत्त्व इसलिए नहीं है, क्योंकि मध्यकालीन सांस्कृतिक इकाइयाँ कमोबेश स्वायत्त थीं, उनमें परिवर्तन की गति भी बहुत धीमी थी और विचार–विश्वास दीर्घकाल तक अपरिवर्तित रहते थे। चौदहवीं से उन्नीसवीं सदी के समय के विस्तार में पली–बढ़ी राजनीतिक–प्रशासनिक व्यवस्था, विचारधारा, जीवन मूल्य और आस्था–विश्वास आदि बहुत प्राचीनकाल से पारंपरिक निरंतरता में भी हैं, इसलिए इनके बीज प्राचीन भारतीय शास्त्रों–स्मृतियों, संहिताओं आदि में हैं, इसलिए इनका संदर्भ भी यथास्थान दिया गया है। मध्यकाल में भी इन स्मृतियों और संहिताओं का सरलीकृत और श्रुत रूप जनसाधारण के संस्कार और स्मृति में था। उस समय के प्रमुख जीवन मूल्यों- क्षत्रियत्व, युद्ध, शौर्य–पराक्रम, स्वामिधर्म, यौन शुचिता आदि में प्राचीन स्मृतियों और संहिताओं के संस्कार और स्मृति मिलती हैं। निरंतर बाह्य आक्रमणों के कारण इन मूल्यों का लेकर सजगता का भाव मध्यकाल में बहुत बढ़ गया था। क्षत्रियत्व, युद्ध, शौर्य–पराक्रम, शील और यौन शुचिता तत्कालीन कवि–कथाकारों की प्रमुख चिंता और सरोकार हो गये थे। उन्होंने ऐतिहासिक ज़रूरत के तहत आग्रहपूर्वक इनको कुछ हद तक अतिरंजित महत्त्व भी दिया।

आरंभिक यूरोपीय विद्वानों ने इस समय की राजनीतिक–प्रशासनिक, सामाजिक

और सांस्कृतिक व्यवस्था की तुलना यूरोपीय फ़्यूडेलिज्म से करते हुए उसको 'सामंतवाद' में सीमित कर दिया है। विडंबना यह है कि कतिपय भारतीय विद्वानों ने भी उनका ही अनुकरण किया और कुछ हद तक यह आज भी जारी है। यह व्यवस्था यूरोपीय सामंतवाद से अलग थी और यहाँ की ख़ास प्रकार की सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार पली-बढ़ी। पद्मिनी-रत्नसेन विषयक रचनाओं में इसके संकेत बहुत कम हैं, इसलिए इसकी रूपरेखा बनाने के लिए इन उपलब्ध संकेतों को तत्कालीन दूसरे साहित्यिक अभिलेखों और पुरातात्त्विक साक्ष्यों से भी पुष्ट करने की कोशिश की गई है। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण के दौरान की राजनीतिक-प्रशासनिक और सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था को जानने के सीमित स्रोत उपलब्ध हैं, लेकिन इसका यह आशय नहीं है कि यहाँ के राजा, उनके अधीनस्थ सामंत और उपसामंत आदि अभिलेखीकरण को लेकर सचेत नहीं थे, जैसाकि अधिकांश आधुनिक इतिहासकार और विद्वान् मानते हैं। दरअसल इस तरह के अभिलेखीकरण की यहाँ परंपरा थी। यहाँ शिलालेख, पट्टे-परवाने, पत्र, रुक्के आदि लिखे जाते थे, लेकिन निरंतर बाह्य आक्रमणों से यह अधिकांश सामग्री सुरक्षित नहीं रही।[1] यह इस तथ्य से प्रमाणित है कि उत्तरमध्यकाल में जब मुग़लों से संधि हो गई और शांति का वातावरण हो गया, तो इस तरह के अभिलेख फिर मिलने लगते हैं। मेवाड़ के अधीनस्थ प्रमुख सामंतों से संबंधित सत्रहवीं सदी के बाद के अभिलेख उपलब्ध हैं और इनमें से कुछ का प्रकाशन भी हुआ है। इनसे भी यहाँ की राजनीतिक-प्रशासनिक-आर्थिक व्यवस्था, भूराजस्व प्रशासन, शासक-सामंत संबंध, विचारधारा, आस्था-विश्वास आदि पर अच्छी रोशनी पड़ती है।[2] यहाँ उत्तर भारत के राजपूत समूहों का अभ्युदय और उनमें से भी गुहिल राजवंश का मेवाड़ में आगमन और छठी सदी से इसकी यहाँ निरंतर वर्चस्वकारी मौजूदगी को जानने-समझे कोशिश की गयी है। दरअसल इसका महत्त्व और उपयोगिता पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर ऐतिहासिक कथा-काव्यों में वर्णित राजनीतिक-प्रशासनिक व्यवस्था, विचारधारा, दर्शन, जीवन मूल्य और आस्था-विश्वास की समझ बनाने में है।

1.

अधिकांश उपनिवेशकालीन यूरोपीय और परवर्ती भारतीय इतिहासकारों ने 'क्षत्रिय' और 'राजपूत' दो अलग जातियाँ ठहराकर राजपूतों की उत्पत्ति विदेशी मानी है, लेकिन यह धारणा सही नहीं है। दरअसल 'राजपूत' प्राचीन भारतीय क्षत्रिय परंपरा का ही मध्यकालीन विस्तार है। यह धारणा आधारहीन है कि राजपूत 'क्षत्रिय' से भिन्न जातीय समूह है, जो बाहर से आकर यहाँ के क्षत्रिय जातीय समूहों में घुल-मिल गया। 'राजपूत' शब्द का व्यापक व्यवहार मुग़लकाल में शुरू हुआ, लेकिन इससे पहले भी

यह शब्द क्षत्रिय जातीय समूह के लिए लगभग समानार्थी शब्द की तरह चलन में था। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि पदमिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा-काव्यों में सर्वत्र 'खित्रिवट' (क्षत्रियत्व) शब्द का व्यवहार हुआ है। केवल दो-तीन स्थानों पर ही इनमें 'राजपूत' शब्द का उल्लेख मिलता है।[3] *महाभारत* सहित और कई प्राचीन ग्रंथों, शिलालेखों और दानपत्रों में 'राजपुत्र' शब्द का व्यवहार हुआ है। *महाभारत* में एकाधिक स्थानों पर इस शब्द का शासक राजा के उत्तराधिकारी के रूप में उल्लेख मिलता है। एक जगह कहा गया है कि *एते रुक्मरथा नाम राजपुत्रा महारथाः। रथेष्वस्त्रेषु निपुणा नागेषुच विशांपते॥* इसी तरह *महाभारत* में ही एक और जगह उल्लेख है कि *शूद्रं वैश्यं राजपुत्रं च राजन् / लोकाः सर्वे संश्रिता धर्मकामाः॥*[4] कौटिल्य के *अर्थशास्त्र* सहित सभी प्राचीन अभिलेखों और साहित्य में 'क्षत्रिय' के साथ 'राजपुत्र' शब्द भी हमेशा यहाँ व्यवहार में रहा है।[5]

भारतीय इतिहास में राजपूत जातीय समूहों का प्रभुत्व और राजनीतिक उत्थान नवीं और दसवीं सदी में हुआ। इतिहास में नवीं से लगाकर बारहवीं सदी तक के समय को इसीलिए राजपूत युग भी कहा जाता है।[6] राजपूत क्षत्रिय परंपरा में ही थे, लेकिन आरंभिक यूरोपीय और उनके अनुवर्ती भारतीय विद्वानों ने अपुष्ट प्रमाणों के आधार पर राजपूतों को विदेशी मूल का मानकर इस विषय को इतना विवादास्पद और जटिल बना दिया है कि अब भी कुछ विद्वान् इसको अनिर्णीत छोड़कर ही आगे बढ़ जाते हैं। इतिहासकार अनिलचंद्र बनर्जी ने इस विषय पर बहुत गंभीरतापूर्वक विचार किया और अंत में वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि "वर्तमान परिस्थितियों में हम अपने को असंतोषजनक निष्कर्षों से ही संतुष्ट कर सकते हैं।"[7] जेम्स टॉड, वी.ए. स्मिथ, डी.आर. भंडारकर, सी.वी. वैद्य, आर.सी. मजूमदार, गौरीशंकर ओझा, रोमिला थापर आदि कई विद्वानों ने इस विषय पर विचार किया और इन सबकी राय इस संबंध में अलग-अलग है। उपलब्ध अभिलेखीय और साहित्यिक साक्ष्य भी एक-दूसरे से मेल नहीं खाते। *पृथ्वीराजरासो* में वर्णित अग्निकुंड से चार प्रमुख राजपूत समूहों की उत्पत्ति के मिथ[8] और बाद में सूर्यमल्ल मिश्रण के *वंशभास्कर* में इसके विस्तृत रूपांतर[9] को आधार बनाकर कुछ यूरोपीय और भारतीय विद्वानों ने यह मान लिया कि ये सभी जातीय समूह प्राचीन भारतीय क्षत्रिय परंपरा से असंबद्ध और विदेशी मूल के हैं और ब्राह्मणों के सहयोग से इन्होंने अपने को प्राचीन भारतीय क्षत्रिय परंपरा से संबद्ध कर लिया। राजपूतों की विदेशी उत्पत्ति से संबंधित मत सर्वप्रथम कर्नल जेम्स टॉड ने इतिहास ग्रंथ *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान* में दिया। यज्ञों के चलन, रथों द्वारा युद्ध, मांसाहार, रहन-सहन तथा वेश-भूषा की समानता आदि के आधार पर टॉड ने राजपूतों को विदेशी सीथियन मतलब शक जाति का वंशज

माना।[10] इस मत का समर्थन विलियम क्रूक ने भी किया है।[11] बाद में वि.ए. स्मिथ ने भी कहा कि उत्तर-पश्चिम की राजपूत जातियों- प्रतिहार, चौहान, परमार, चालुक्य आदि की उत्पत्ति भारत में बाहर से आने वाली मध्य एशियायी शक, हूण आदि जनजातियों से हुई। इसी तरह उसके अनुसार गाहड़वाल, चंदेल, राष्ट्रकूट आदि मध्य तथा दक्षिणी क्षेत्र की जातियाँ गोंड, भर जैसी देशी आदिम जातियों की वंशज हैं।[12] आगे चलकर भारतीय विद्वानों- डी.आर. भंडारकर[13], रोमिला थापर आदि ने भी इस मत का समर्थन किया। रोमिला थापर के अनुसार "इनकी उत्पत्ति विदेशी थी। इसका पता इस बात से चलता है कि ब्राहमणों ने उन्हें राजीय वंश परंपरा का बताने और उन्हें 'क्षत्रिय' का स्थान दिलाने का पूरा प्रयत्न किया, और राजपूतों ने भी इस बात का आग्रह आवश्यकता से अधिक बल देकर किया।"[14] यह धारणा कमोबेश मान्य हो गई। यह मान लिया गया कि गुप्त साम्राज्य से पहले और बाद में हूण, शक, पहलवी आदि कई जातियाँ बाहर से यहाँ आईं और यहाँ पहले से मौजूद क्षत्रियों के रीति-रिवाज़ और जीवन शैली में रच-बस कर यहाँ के उत्तरी-पश्चिमी इलाकों में बस गईं। बाद में ब्राह्मणों के सहयोग से इनमें से कुछ जातियों ने अपने अग्नि, सूर्य और चन्द्रवंशी होने के दावे किए। आरम्भ में माउंट आबू के अग्निकुंड से उत्पत्ति के मिथ से संबंधित प्रतिहार, परमार, चालुक्य और चौहान जातियों ने प्रादेशिक राज्य क़ायम किए। अपने सूर्य एवं चन्द्रवंशी होने का दावा करने वाली गुहिल, चंदेल, गहड़वाल, राठौड़, कछवाहा, तोमर आदि अन्य जातियाँ उतरी-पश्चिमी भारत में क्षेत्रीय शासकों के रूप में स्थापित हो गईं।

राजपूत जातीय समूहों के विदेशी मूल का होने की धारणा वर्चस्वकारी ढंग से मान्य और प्रचारित है, लेकिन इसकी पुष्टि के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। सी.वी. वैद्य और गौरीशंकर ओझा ने इस विषय पर बाद में विस्तार से विचार किया है, लेकिन इसको महत्त्व बहुत कम लोगों ने दिया। सी.वी. वैद्य की स्पष्ट मान्यता है कि राजपूत वैदिक आर्यों के उत्तराधिकारी थे और उनकी अपनी परंपराएँ यह घोषित करती हैं कि वे सूर्य और चंद्रवंशी प्राचीन क्षत्रिय प्रजातियों से संबंधित हैं[15] गौरीशंकर ओझा की भी धारणा है कि नवीं सदी में एकाएक उभरकर प्रमुख हो जानेवाली राजपूत जातियाँ प्राचीन सूर्य और चंद्रवंशी क्षत्रिय जातियों की वंशज हैं और जिन विदेशी प्रजातियों से उनकी उत्पत्ति मानी गई है, उनमें से अधिकांश प्राचीन भारतीय क्षत्रिय राजवंशों में शामिल हैं। उनका यह भी मानना है कि जहाँ से उनका भारत आगमन माना जाता है, वहाँ छठी-सातवीं सदी में भारतीय सभ्यता और संस्कृति की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं।[16] यद्यपि इतिहासकार अनिलचंद्र बैनर्जी इस संबंध में किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँचते, लेकिन वे भंडारकर आदि की राजपूत समूहों के विदेशी

होने की धारणा को कामचलाऊ संभावना से ज़्यादा महत्व नहीं देते।[17] सुल्तान महमूद की चढ़ाई के समय अल्बेरुनी उसके साथ था और उसने अपनी प्रसिद्ध किताब *किताबुल हिंद* (1017–31 ई.) में सभी जगह 'क्षत्रिय' शब्द का ही व्यवहार किया है।[18]

यूरोपीय और उनके अनुवर्ती भारतीय विद्वानों की यह धारणा कि इन जातियों ने अपने हिंदूकरण और शुद्धता के लिए ब्राहमणों का सहारा लिया और उनका यह सहयोग व्यापक जनसाधारण में मान्य भी हो गया, यह तत्काल गले उतरने वाली बात नहीं है। स्वयं वी.ए. स्मिथ भी इस संबंध में आश्वस्त नहीं था। उसने लिखा कि "निस्संदेह शक और कुषाणवंशी राजाओं ने जब हिन्दू धर्म स्वीकार कर लिया, तब वे हिंदू जाति की प्रथा के अनुसार क्षत्रियों में मिला लिए गए होंगे, किंतु इस कथन के लिए हमारे पास कोई प्रमाण नहीं है।"[19] इन आरंभिक विद्वानों ने इनके विदेशी मूल की होने धारणा माउंट आबू के अग्निकुंड से इनके उत्पन्न होने के मिथ के आधार पर बनाई, लेकिन इस मिथ के भी एकाधिक रूपांतरण हैं और इनमें से कुछ बहुत बाद में अस्तित्व में आए हैं।[20] इन राजपूत समूहों की प्रजातीय विशेषताएँ और जीवन शैली भी इनके भारतीय मूल के होने की पुष्टि करती है।[21] टॉड ने राजपूत तथा सीथियन, मतलब शक जातियों में जिन समान प्रथाओं का संकेत किया है, वे सभी प्रथायें भारत की प्राचीन क्षत्रिय जातियों में भी देखी जा सकती हैं।[22] विलियम क्रूक का 'खजर' और 'गुर्जर' शब्द में साम्य का विचार युक्तिसंगत नहीं है। इस तरह की जबरन समानता को प्रमाणों के अभाव में बहुत दूर तक नहीं खींचा जा सकता।[23] दरअसल खजर जनजाति ने कभी भी भारत पर आक्रमण नहीं किया, जिसका संबंध कुछ उत्तर भारतीय राजपूत समूहों से जोड़ा जाता है और यह जाति स्वभाव से घुमक्कड़ भी नहीं है।[24] *पृथ्वीराजरासो* में वर्णित अग्निकुल की उत्पत्ति की मिथ कथा में कोई ऐतिहासिक सच्चाई नहीं है और इस कथा का उल्लेख *रासो* की कुछ प्राचीन पांडुलिपियों में नहीं मिलता है। इस संबंध में सी.वी. वैद्य की धारणा यह है कि "यह एक कवि के मस्तिष्क में उत्पन्न हुआ, दूसरे ने इसका ग़लत अर्थ लगाया और फिर यह इस तरह प्रभावकारी हुआ कि स्वयं राजपूत इस पर मुग्ध हो गए।"[25]

पृथ्वीराजरासो में वर्णित अग्निकुंड से उत्पत्ति के जिस मिथ के आधार पर प्रतिहार, परमार, चालुक्य और चौहान जातियों को अग्निवंशी माना गया, वे स्वयं अपने को उपलब्ध शिला और ताम्र अभिलेखों में पाँचवीं सदी से पूर्व तक अग्निवंशी मानती ही नहीं थी। ग्वालियर (सगर ताल) के भोज के प्रशस्ति अभिलेख में कन्नौज के प्रतिहारों को सूर्यवंशी राम के भाई लक्ष्मण का वंशज लिखा गया है।[26] राजशेखर ने भी अपने आश्रयदाता चौहानवंशी महेंद्रपाल को 'रघुवंश का आभूषण' और 'रघुकुल

तिलक' कहा है।[27] जहाँ तक 'प्रतिहार' के साथ 'गुर्जर' शब्द के प्रयोग का प्रश्न है, तो यह केवल राजोर शिलालेख[28] में ही प्रयुक्त हुआ है, लेकिन यह यहाँ भौगोलिक अर्थ में नहीं है। इसी तरह हर्ष के शिलालेख[29] और *हम्मीरमहाकाव्य*[30] में भी चौहानों को स्पष्टतया सूर्यवंशी कहा गया है। अणहिलवाड़ा के चालुक्यों के शिलालेखीय प्रमाण भी उनको चंद्रवंशी कहते हैं।[31] राजा मुंज के समय तक परमार भी अपने को अग्निवंशी की जगह 'ब्रह्मक्षत्र' कहते थे। वाक्पति द्वितीय के राजकवि हलायुध ने अपने आश्रयदाता नरेश को 'ब्रह्मक्षत्र' कहा है।[32] हरसोला के ताम्रपत्रों में चालुक्यों को कहीं भी अग्निवंशी नहीं माना गया है।[33] इतिहासकार डी.सी. गांगुली ने तो परमारों को हरसोला के ताम्रपत्रों के आधार पर राष्ट्रकूटों की संतान सिद्ध किया है।[34] स्वयं चंद बरदाई का आशय भी इस वृत्तांत के आधार पर इन जातीय समूहों को अग्निवंशी सिद्ध करना नहीं था। रासो में 36 राजपूत वंशों का उल्लेख है। उसने लिखा है कि– *रवि ससि जाधव वंस। ककुस्थ परमार सदावर। चहुआन चालुक्क। छंदक सिलार अभियर।* स्पष्ट है कि चंद 36 राजपूत जातीय समूहों में परमार, चालुक्य, चहुआन और यादव राजवंशों को सम्मिलित मानता है।[35] सी.वी. वैद्य के अनुसार यह उल्लेख परवर्ती नहीं, पृथ्वीराज चौहान के समय का ही है।[36] डी.आर. भंडारकर का यह कहना कि प्रतिहार अपने कुछ अभिलेखों में अपने को गुर्जर कहते हैं[37], इसलिए शेष परमार, चालुक्य और चौहान भी गुर्जर होने चाहिए, यह धारणा युक्तिसंगत नहीं है। दरअसल शक आदि जातियों का भारत में आना और यहाँ के क्षत्रिय जातीय समूहों में घुलमिल जाना यहाँ की बहुत मजबूत जातीय व्यवस्था में संभव ही नहीं था। 300 ई. पू. के आसपास यहाँ आए मेगास्थनीज का स्पष्ट कथन है कि "यहाँ किसी दूसरी जाति में विवाह करने और अपना व्यवसाय बदलने की अनुमति नहीं है।"[38] 600 ई. के आसपास भारत आए चीनी यात्री ह्वेनत्सांग का भी यही मानना है। वह लिखता है कि "यहाँ के लोग अपनी ही जाति में विवाह करते हैं।"[39] दरअसल सही यह है कि जिन विदेशी जातीय समूहों से राजपूतों की उत्पत्ति मानी गई है, वे विदेशी नहीं थे। मध्य एशिया, जहाँ से ये समूह आए, वहाँ इस्लाम के प्रसार से पूर्व भारतीय सभ्यता और आर्यों की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं। विदेशी मूल की जिन जातियों से राजपूतों की उत्पत्ति मानी गई है, उनका उल्लेख बहुत पहले से भारतीय क्षत्रिय जातियों में होता आया है। *मनुस्मृति* में उल्लेख है कि "पौंड्रक, चोड, द्रविड, कांबोज, यवन, शक, पारद, पल्हव, चीन, किरात, दरद और खश ये सब क्षत्रिय जातियाँ थीं, परंतु शनैः शनैः क्रियालोप होने से वृषल (विधर्मी, धर्मभ्रष्ट) हो गईं।"[40] गौरीशंकर ओझा के अनुसार "इसका अभिप्राय यह है कि वैदिक धर्म को छोड़कर अन्य (बौद्ध आदि) धर्मों के अनुयायी हो जाने के कारण वैदिक धर्म के आचार्यों ने उनकी गणना विधर्मियों

(धर्म भ्रष्टों) में की।''[41] पुराणों में शक आदि जातियों के क्षत्रिय होने के वृत्तांत मिलता है।[42] *कुमारपालप्रबंध* में भी हूणों की गणना 36 राजवंशों में की गई है।[43] हूणों के साथ राजपूत वंशों के वैवाहिक संबंध भी इस बात पुष्टि करते हैं कि यह जाति विदेशी नहीं थी।[44] चीनी यात्री फाहियान के विवरणों से भी यह स्पष्ट है कि ईसा की तीसरी-चौथी सदी में मध्य एशिया में भारतीय सभ्यता का विस्तार था।[45] चीनी तुर्कीस्तान में मिले लौकिक भाषा मिश्रित प्राकृत के दस्तावेज़ों में महाराजा, प्रियदर्शन, देवपुत्र, भट्टारक आदि शब्द मिले हैं। इसी तरह इनमें भारतीय समय सूचक संवत्सर, मास, दिवस आदि भी दिए हुए हैं।[46]

2.

उत्तर भारत के गुहिलवंशीय राज्य मेवाड़ का प्राचीन नाम मेदपाट था। यह अत्युक्ति है, लेकिन आबू के अचलेश्वर मंदिर के समरसिंह के समय एक शिलालेख (1258 ई.) के अनुसार बापा के समय यहाँ इतने दुर्जनों का संहार हुआ कि उनकी चर्बी से यहाँ की भूमि गीली हो गई और इसको मेदपाट कहा गया।[47] यही एक ऐसा राज्य था, जो भारतीय इतिहास के राजपूत युग के बाद दीर्घकालीन विदेशी प्रभुत्व के दौरान भी अपना अस्तित्व और गौरव सुरक्षित रखने में सफल रहा। मेवाड़ का राजवंश अपने को सूर्यवंशी मानता है, जिसमें भगवान राम, महात्मा बुद्ध आदि हुए। ऐसा माना जाता था कि राम के पुत्र कुश के वंशज राजा सुमित्र के वंश में 560 ई. के आसपास गुहिल नामक प्रतापी राजा हुआ, जिससे इस वंश का नाम गुहिल वंश पड़ा।[48] मेवाड़ में इस गुहिल राजवंश के आगमन को लेकर अभी भी अनिश्चय है। आरंभ में विद्वानों ने इस संबंध में जो मत व्यक्त किए, वे नये अभिलेखों, सिक्कों, साहित्य आदि की उपलब्धता से निराधार सिद्ध हुए हैं। सबसे पहले अबुल फ़ज़ल ने बिना किसी आधार के इस राजवंश का संबंध ईरान के बादशाह नौशरवाँ आदिल से जोड़ दिया।[49] यह बात चल निकली और 'मासिरुल उमरा' और 'बिसातुल ग़नाइम्' से होती हुई जेम्स टॉड तक पहुँच गई।[50] टॉड ने प्राचीन जैन साहित्य में वर्णित वलभी के शासक शीलादित्य को मेवाड़ के शासक शीलादित्य से मिलाकर यह मान लिया कि गुहिल राजवंश वलभी से मेवाड़ आया।[51] बाद में डी.आर. भंडारकर ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि यह राजवंश नागर ब्राह्मणों से उत्पन्न है।[52] दरअसल ये दोनों धारणाएँ पुरानी है, जब इनसे संबंधित पर्याप्त ऐतिहासिक स्रोत उजागर नहीं हुए थे। यह राजवंश सूर्यवंशी है- यह बापा (734-753 ई.) के समय एक सोने सिक्के पर चँवर और छत्र के बीच सूर्य के चिह्न से प्रमाणित है।[53] आहाड़ के शिलालेख वि.सं.1034 (976 ई.) का गुहिल के ब्राह्मण होने का जो साक्ष्य भंडारकर दिया है, उसमें गुहिल को

ब्राह्मण नहीं, 'आनंदपुर के ब्राह्मण कुल का सम्मान करनेवाला' कहा गया है और इसी के छठे श्लोक में उसके वंशज नरवाहन को 'क्षत्रियों का क्षेत्र' भी कहा गया है।[54] राजा नरवाहन के समय के एकलिंगजी मंदिर के शिलालेख वि.सं.1028 (971 ई.) में यहाँ के राजवंश के पाशुपत संप्रदाय के लकुलीश मत के गुरुओं को 'रघुवंश की कीर्ति का प्रसार करनेवाला' कहा गया है[55] और रघुवंश से यहाँ आशय मेवाड़ राजवंश से है।[56] इसी तरह मेवाड़ में यह जनश्रुति प्रसिद्ध है कि यहाँ के क्षत्रिय आदिपुरुष गुहिल का लालन-पालन उसकी पिता की मृत्यु के पश्चात एक ब्राह्मण ने किया और इसकी पुष्टि *मुँहता नैणसीरी ख्यात* का गुहिल राजवंश की उत्पत्ति संबंधी वृत्तांत भी करता है। ख्यात में भी उल्लेख है कि गुहिल की माँ ने अपने क्षत्रिय पुत्र को ब्राह्मण विजयादित्य को सौंपकर यह वचन दिया कि दस पीढ़ी तक उसके वंशज ब्राह्मण धर्म का निर्वाह करेंगे।[57] रावल समरसिंह की माता के चित्तौड़ में बनवाये गए श्यामपार्श्वनाथ मंदिर के शिलालेख वि.स.1335 (1278 ई.) में भी गुहिल को क्षत्रिय कहा गया है।[58] समरसिंह के ही समय आबू के शिलालेख वि.सं.1342 (1285 ई.) में भी गुहिलवंशी राजाओं को मूर्तिमान क्षात्र धर्म कहा गया है।[59] मोकल की रानी वाघेली गौरांबिका ने एकलिंगजी के समीप शृंगी ऋषि नामक स्थान पर एक बावड़ी बनवायी, जिसके वि.सं.1485 (1428 ई.) शिलालेख में भी महाराणा मोकल के दादा क्षेत्रसिंह (खेता) को क्षत्रिय वंश का मंडनमणि कहा गया है।[60] रायमल के समय नारलाई गाँव में बने एक मंदिर के वि.सं.1557 (1500 ई.) के शिलालेख में भी गुहिल, बप्पा, खुम्माण आदि राजाओं को क्षत्रिय ही कहा गया है।[61] चाटसू (जयपुर) के शिलालेख में भी यह उल्लेख कि गुहिल के वंश में राम के समान पराक्रमी और शत्रुओं का नाश करनेवाला ब्रह्मक्षत्र गुणयुक्त भर्तृभट्ट हुआ, लेकिन यहाँ 'ब्रह्मक्षत्र' का आशय केवल ब्राह्मण नहीं है, जैसाकि भंडारकर कहते हैं।[62] दरअसल यहाँ इसका आशय ब्रह्मत्व और क्षात्रत्व, दोनों गुणों से युक्त व्यक्ति है और ऐसे उल्लेख पुराणों में भी कई जगह मिलते हैं। स्पष्ट है कि दसवीं से लगाकर पंद्रहवीं सदी तक के शिलालेखों और अन्य अभिलेखों में मेवाड़ के राजवंश को सूर्यवंशी और क्षत्रिय कहा गया है। *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* में भी रत्नसेन को रघुवंश से संबंधित कहा गया है।[63] जेम्स टॉड ने गुहिलवंश के वलभी से मेवाड़ आने की जो धारणा बनायी है, वह जैन साहित्य पर आधारित है। वलभी में शीलादित्य नाम के छह राजा हुए, लेकिन जैन लेखकों का ज्ञान अंतिम एक तक सीमित था, जिसकी विद्यमानता 766 ई. तक है। उन्होंने वलभी के इस शीलादित्य और मेवाड़ के शीलादित्य को एक मान लिया।[64] टॉड ने यह धारणा जैन यति मान के 1677 ई. में रचित काव्य *राजविलास* के आधार पर बनायी।[65] इससे पहले यह उल्लेख किसी अभिलेख में नहीं मिलता। मेवाड़ में

वलभी के शीलादित्य से अलग गुहिलवंशी शीलादित्य राजा हुआ, यह सामोली की वि.सं.703 (646 ई.) शिलालेख से प्रमाणित है।[66] इस तरह गुहिल वंश के वलभीपुर से मेवाड़ आने और उसके नागर ब्राह्मण कुल से उत्पन्न होने की धारणाएँ सही नहीं हैं।

आगरा में 1865 ई. में राजा गुहिल के 2000 से अधिक चांदी के सिक्कों की उपलब्धता[67], चाटसू (जयपुर) के शिलालेख में वहाँ गुहिलवंशी राजा भर्तृभट्ट के वंशजों के वि.सं.1000 (943 ई.) के आसपास शासक होने के उल्लेख और अजमेर जिले के नासूण गाँव के शिलालेख वि.सं. 887 (830 ई.)[68] के आधार पर इतिहासकार गौरीशंकर ओझा ने अनुमान किया है कि गुहिलवंशियों का शासन पहले आगरा के आसपास के क्षेत्र पर रहा होगा और वहीं से वे मेवाड़ में आए होंगे। उनका यह भी अनुमान है कि कदाचित् बहुत पहले मेवाड़ के किसी छोटे इलाके पर उनका शासन रहा और धीरे-धीरे उन्होंने इसका विस्तार किया होगा। यह भी संभावना है कि आरंभ में गुहिल यहाँ सामंत की हैसियत में रहे हों और धीरे-धीरे उन्होने अपना स्वतंत्र राज्य क़ायम किया।[69] गौरीशंकर ओझा की मेवाड़ राजवंश के सूर्यवंशी क्षत्रिय होने की धारणा युक्तिसंगत है और इस संबंध पर्याप्त पुरातात्त्विक साक्ष्य भी हैं, लेकिन मेवाड़ में उनके आगमन को लेकर पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में अभी भी अनिश्चय बरकरार है। ओझा ने भी लिखा है कि ''इसका ठीक उत्तर देना अशक्य है, क्योंकि इस विषय का संतोषजनक निर्णय करने के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध नहीं हुए हैं'' लेकिन वे इस संबंध में निश्चित हैं कि यह राजवंश वलभी से मेवाड़ नहीं आया।[70]

अधिकांश उपलब्ध शिलालेखों में मेवाड़ राज्य की वंशावली गुहिल (गुहदत्त) से शुरू होती है, लेकिन उसके संबंध में कोई ख़ास विवरण इनमें नहीं है। 'श्रीगुहिल' के उल्लेखवाले आगरा में मिले सिक्कों[71], जयपुर के चाटसू के शिलालेख में गुहिल के वंशज भर्तृभट्ट की बारह पीढियों नाम[72] और अजमेर के खरवा के पास नासूण गांव के मिले शिलालेख[73] के आधार पर यह अनुमान किया जा सकता है कि गुहिल एक स्वतंत्र राजा था और उसका राज्य आगरा से लगाकर चाटसू तक विस्तृत था। गुहिल के बाद भोज, महेंद्र और नाग सतारूढ़ हुए, लेकिन उनके संबंध में कोई विवरण नहीं मिलता। नाग (नागादित्य) के बाद शीलादित्य (शील) सत्तारूढ़ हुआ, जिससे संबंधित वि.सं.703 (661 ई.) का सामोली का शिलालेख मिलता है।[74] गौरीशंकर ओझा ने उससे संबंधित एक सिक्के की उपलब्धता का भी उल्लेख किया है।[75] शीलादित्य के बाद अपराजित राजा हुआ, जिसके समय का एक वि.सं.718 (661 ई.) शिलालेख उपलब्ध है, जिसमें उल्लेख है कि उसने शत्रुओं का संहार किया और कई राजा उसके समक्ष सिर झुकाते थे।[76] अपराजित के बाद महेंद्र (द्वितीय) सतारूढ़

हुआ, लेकिन उसके संबंध कोई जानकारी नहीं मिलती। महेंद्र के बाद काला भोज मेवाड़ का राजा हुआ, जो इतिहास में बापा या बप्पा रावल के नाम से प्रसिद्ध है। उसके समय का एक सोने का सिक्का अजमेर में मिला है।[77] कुछ शिलालेखों में उसका नाम नहीं मिलता, लेकिन अधिकांश शिलालेखों, आख्यानों में उसका नाम है, जिनसे यह प्रमाणित है कि वह बहुत पराक्रमी था और उसने मोरियों से चित्तौड़ का किला लेकर अपने राज्य में मिलाया। बापा का समय 734 से 753 ई. तक रहा होगा।[78] बापा के बाद क्रमशः खुम्माण, मत्तट, भर्तृभट्ट और सिंह राजा हुए, जिनमें खुम्माण बहुत विख्यात था। उसका नाम मेवाड़ के परवर्ती राजाओं का विशेषण हो गया। सिंह के बाद खुम्माण (द्वितीय) महायक और खुम्माण (तृतीय) सत्तारूढ़ हुए। गौरीशंकर ओझा का अनुमान है कि खुम्माण (दूसरे) के समय बगदाद के ख़लीफ़ा अल्मामूं ने मेवाड़ पर आक्रमण किया होगा।[79] खुम्माण (तीसरे) का उत्तराधिकारी भर्तृभट्ट था, जिसके समय के दो शिलालेख–आहाड़ का वि.स. 999 (942 ई.) और प्रतापगढ़ का वि.सं.1000 (943 ई.) के मिले हैं।[80] कहते हैं कि मेवाड़ का भटेवर गाँव उसका बसाया हुआ है। भर्तृभट्ट के बाद उसका पुत्र अल्लट वि.सं.1008 (951 ई.) राजा हुआ, जो आलू रावल के नाम से भी प्रसिद्ध है। उसके शिलालेखों से लगता है कि आहाड़ उस समय बहुत प्रसिद्ध नगर था।[81] उसने हूण राजा की पुत्री हरियादेवी से विवाह किया था।[82] अल्लट का उत्तराधिकारी नरवाहन हुआ। परवर्ती गुहिल शासक शक्तिकुमार वि.स.1034 (977 ई). के शिलालेख में उसको कलाओं का घर, विजय निवास स्थान, क्षत्रियों का क्षेत्र आदि कहा गया है। नरवाहन का एक शिलालेख एकलिंगजी के लकुलीश में मिला है, जिसमें नरवाहन की प्रशंसा है।[83] नरवाहन के बाद सत्तारूढ़ शालिवाहन का शासन कम समय तक रहा। उसके वंशजों के अधीन जोधपुर का खेड़ इलाका था। उसके कुछ वंशज गुजरात के चालुक्य राजा सिद्धराज जयसिंह के सामंत भी रहे।[84] शालिवाहन के उत्तराधिकारी शक्तिकुमार के समय के तीन शिलालेख मिलते हैं– आहाड– वि.सं.1034 (977 ई), आहाड़ के जैन मंदिर का शिलालेख और आहाड़ ही के ही जैन मंदिर की सीढ़ियों में लगा शिलालेख है।[85] परवर्ती वंशावली अभिलेखों में उसका नाम मिलता है। शक्तिकुमार के बाद क्रमशः अंबाप्रसाद, शुचिवर्मा, नरवर्मा, कीर्तिवर्मा, योगराज और बैरट सत्तारूढ़ हुए। इनके नाम कुछ वंशावली अभिलेखों में हैं और कुछ में नहीं हैं।[86] वैरट के बाद क्रमशः हंसपाल, वैरीसिंह, विजयसिंह, अरिसिंह, चौड़सिंह और विक्रमसिंह सतारूढ़ हुए। इनमें कुछ के नाम भेराघाट (जबलपुर) वि.सं.1212 (1155 ई.) के शिलालेख में मिलते हैं।[87] विक्रमसिंह के बाद सत्तारूढ़ हुए रणसिंह (कर्णसिंह, कर्ण) का मेवाड़ के इतिहास में महत्त्व है। *एकलिंगमाहात्म्य* में उल्लेख है उसके समय मेवाड़ के गुहिल वंश की

दो शाखाएँ–राणा और रावल अलग हुईं।[88] उसके बाद राणा शाखा में जैत्रसिंह, तेजसिंह, समरसिंह और रत्नसेन हुए, जबकि रावल शाखा में माहप, राहप आदि हुए। रणकपुर और कुंभलगढ़ के शिलालेखों उनका उल्लेख मिलता है।[89] रणसिंह का उत्तराधिकारी क्षेमसिंह था, जिसका विवरण नहीं मिलता। क्षेमसिंह का उत्तराधिकारी उसका पुत्र सामंतसिंह हुआ, जिसके संबंध में दो शिलालेख मिलते हैं, जिनमें से एक वि.सं.1228 (1172 ई.) का मेवाड़ के जगत गाँव में देवी मंदिर में है और दूसरा वि.स.1236 (1174 ई.) का डूंगरपुर के सोलज गाँव के महादेव मंदिर में लगा हुआ है।[90] माउंट आबू लूणवसही मंदिर के शिलालेख में उल्लेख है कि उसका गुजरात के राजा के साथ युद्ध हुआ।[91] परवर्ती समरसिंह के समय के एक शिलालेख से यह प्रतीत होता है कि नाडोल के कीतू राजा ने उससे मेवाड़ छीन लिया, जो उसके उत्तराधिकारी कुमारसिंह ने वापस लिया।[92] नैणसी की ख्यात में यह भी उल्लेख है कि उसने अपना राज्य अपने छोटे भाई कुमारसिंह को देकर नया राज्य वागड़ क़ायम किया।[93] यह उल्लेख डूंगरपुर की ख्यात में भी मिलता है। कुमारसिंह गुजरात के राजा के सहयोग से कीतू से मेवाड़ वापस लेकर सत्तारूढ़ हुआ। कुमारसिंह के बाद क्रमश: मथनसिंह और पदमसिंह सत्तारूढ़ हुए, जिनके उल्लेख परवर्ती शिलालेखों में मिलते हैं। पद्मसिंह के बाद उसका पुत्र जैत्रसिंह उत्तराधिकारी हुआ, जिसने कई युद्ध किए। चीरवा के शिलालेख में उल्लेख है कि वह प्रलय मारुत की तरह था और उसने मालवा के परमारों के साथ भी युद्ध किया।[94] समरसिंह के समय के आबू के शिलालेख में लिखा है कि उसने नाडौल को जड़ से उखाड़ डाला।[95] चीरवे के शिलालेख में यह भी उल्लेख है कि भूताला के युद्ध में सुल्तान को भी पराजित किया।[96] जैत्रसिंह के समय शिलालेखों और हस्तलिखित पुस्तकों के आधार पर उसका समय वि.सं.1270 से 1309 (1213 से 1253 ई.) तक निश्चित किया जा सकता है।[97] जैत्रसिंह के बाद सत्तारूढ़ तेजसिंह को शिलालेखों में परम भट्टारक, महाराजाधिराज आदि कहा गया है।[98] गुजरात के राजा वीसलदेव के शिलालेख से लगता है कि तेजसिंह की रानी जयत्तल्लदेवी ने चित्तौड़ में श्यामपार्श्वनाथ का मंदिर बनवाया।[99] तेजसिंह के समय का वि.सं.1317 (1261 ई.) एक हस्तलिखित ग्रंथ पाटन गुजरात में मिलता है।[100] तेजसिंह के समय के दो शिलालेख– वि.सं.1322 (1265 ई.) का घागसा गाँव की बावड़ी पर और वि.सं.1324 (1267 ई.) का गंभीरी नदी के पुल की मेहराब पर मिले हैं।[101] तेजसिंह के बाद सत्तारूढ़ समरसिंह को आबू के वि.सं.1342 (1258 ई.) के शिलालेख तुरुष्क (मुसलमान) रूपी समुद्र में गहरे डूबे हुए गुजरात का उद्धार करनेवाला कहा गया है।[102] जिनप्रभ सूरि की रचना *विविधतीर्थकल्प* में उल्लेख वि.सं.1356 (1299 ई.) में समरसिंह ने अलाउद्दीन ख़लजी के भाई उलग़ ख़ाँ के गुजरात पर आक्रमण के

दौरान दंड भरकर मेवाड़ की रक्षा की।[103] समरसिंह के समय के सर्वाधिक शिलालेख मिलते हैं। उसके समय के शिलालेखों में चीरवा का 1273 ई., चित्तौड़ के 1274, 1287, 1299 और 1302 ई., आबू के 1285 और कांकरोली के 1299 ई. के शिलालेखों से यह प्रमाणित है कि समरसिंह 1273 से 1302 ई. तक जीवित था।[104] समरसिंह के बाद उसका पुत्र रत्नसेन सत्तारूढ़ हुआ। मेवाड़ के कुछ वंशावली अभिलेखों और जेम्स टॉड के इतिहास में समरसिंह के बाद कर्णसिंह के राजा होने का उल्लेख मिलता है और कुछ अभिलेखों में रत्नसेन का नामोल्लेख नहीं मिलता।[105] मुँहता नैणसी ने भी अपनी ख्यात में लिखा है कि– ''रतनसी (रत्नसेन) पदमणी के मामले में अलाउद्दीन से लड़कर काम आया''[106], लेकिन उसने एक जगह रत्नसेन को समरसी (समरसिंह) का पुत्र और दूसरी जगह अजैसी (अजयसिंह) का पुत्र और भड़ लखमसी का भाई लिख दिया। इन सब कारणों से कुछ इतिहासकारों ने समरसिंह के बाद सत्तारूढ़ उसके पुत्र रत्नसेन के सत्तारूढ़ होने को ही संदिग्ध कर दिया।[107] वस्तुस्थिति यह है कि कर्णसिंह समरसिंह से आठ पीढी पहले हुआ। वह लक्ष्मसिंह का पुत्र होने के स्थान पर उसका पिता था और सिसोदा की जागीर का स्वामी था। रत्नसेन का समय का एक शिलालेख दरीबा मंदिर में 1302 का मिलता है।[108] *एकलिंगमाहात्म्य*[109] और कुंभलगढ़ शिलालेख[110] में रत्नसेन का नाम मिलता है। इसी तरह उसके समय के दो तांबे के समय के सिक्के भी उपलब्ध हुए हैं[111], जिन पर उल्लेख अस्पष्ट है, लेकिन विशेषज्ञों की राय यह है ये रत्नसेन से संबंधित हैं।[112] समरसिंह के पुत्र रत्नसेन ने कुछ समय तक ही शासन किया था कि दिल्ली के सुल्तान ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया और छह महीने के संघर्ष के बाद क़िला जीत लिया। अलाउद्दीन ख़लजी के समकालीन अमीर ख़ुसरो, अब्दुल मलिक एसामी और ज़ियाउद्दीन बरनी के वृत्तांतों में अनुल्लेख के कारण यह विवादित है[113] कि ख़लजी ने चित्तौड़गढ़ पर यह आक्रमण पद्‌मिनी के लिए किया, लेकिन समकालीन और परवर्ती ऐतिहासिक साक्ष्यों से इतना तो तय है कि 1303 ई. अलाउद्दीन ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया और उस समय रत्नसेन वहाँ का राजा और पद्मिनी उसकी रानी थी। चित्तौड़ जीतने बाद उसने वहाँ का शासन अपने पुत्र ख़िज़्र ख़ाँ को दिया और बाद में निरंतर उपद्रवों के कारण ख़िज़्र ख़ाँ की जगह उसने क़िला जालोर के मालदेव सोनगरा को सौंप दिया। गुहिल वंश के ही सिसोदा नाम की एक छोटी जागीर के स्वामी हम्मीर ने 1326 ई. के आसपास दिल्ली सल्तनत के कमज़ोर होते ही मालदेव को परास्त कर मेवाड़ पर अपना आधिपत्य क़ायम कर लिया। इस तरह मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश की बुनियाद रखी गई। उसने चित्तौड़गढ़ में अपना राज्याभिषेक करवाया और 'महाराणा' की उपाधि धारण की।

3.

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण (1303 ई.) पर निर्भर कथा-काव्यों में इस बात के संकेत हैं कि घटना के समय मेवाड़ में विकेंद्रीकरण पर आधारित अपने की ढंग की अलग सामंतवावादी प्रशासनिक व्यवस्था थी। राजा के अधीन उसके सगोत्रीय और दूसरे लगभग बराबर की हैसियत के सामंत आदि थे, जो अपने-अपने क्षेत्रों में प्रशासन आदि के लिए उत्तरदायी थे।[114] भारत में सामंतवादी व्यवस्था की शुरुआत रामशरण शर्मा के अनुसार गुप्त साम्राज्य के पतन के साथ चौथी सदी में हुई और ग्यारहवीं-बारहवीं सदी में यह अपनी चरम परिणति तक पहुँची।[115] मेवाड़ सहित राजस्थान के कुछ इलाकों में इसकी मौजूदगी के साक्ष्य पाँचवीं सदी से ही मिलने लगते हैं। चित्तौड़गढ भ्रामरमाता के शिलालेख (450 ई.) सामंत की अपने स्वामी के प्रति स्वामिभक्ति का उल्लेख है।[116] बसंतगढ़ अभिलेख (625 ई.) में भी उल्लेख है कि आबू और उसके आसपास का क्षेत्र वर्मलात राजा के अधीन उसके सामंत राज्जिल के शासन में था।[117] सातवीं या आठवीं सदी के कल्याणपुर के एक शिलालेख में महाराज पद्र को गुहिल शासक का सामंत लिखा गया है।[118] मेवाड़ में बाद में भी सामंतों के लिए 'महाराज' का प्रयोग चलन में रहा है। चाटसू के शिलालेख (837 ई.) से भी पता लगता है कि वहाँ के गुहिल बड़े पराक्रमी थे और वे प्रतिहारवंशीय शासकों के सामंत थे।[119] नारलाई के शिलालेख (1171 ई.) में भी उल्लेख है कि इस भूभाग में कुमारपाल देव का शासन था और नाडोल में केल्हण, वोरीपद्यक में राणा लक्ष्मण और सोनाणा में ठाकुर अणसीह उसके सामंत थे।[120] *पाटनामा* की उपलब्ध प्रति बहुत बाद की है और उसका सिंघल द्वीप संबंधी वर्णन भी कुछ हद तक काल्पनिक है, लेकिन उसके विवरण में तत्कालीन भूराजस्व प्रशासन के संकेत मिलते हैं। कथाकार कहता है कि *देस को नाम सीघलदीप गाम मनोहरगढ़ राजा का नाम राजा समनसी पुवार बारा कोटड़ी को मालक बाराबसी गाम तो जादीरदारां का खालसा का गाम तीन सो सत्ताइस 327 जागीरादारा का एक सो चालीस धरमादा अगतालीस 41 अकंदर गाम पाँच से आठ 508 और देस महे करसाणी का हक अणीरीत दोई बेल एक सामद को राज महे हांसल लागे रुपिया सवा। जी को राजमहे उपजे खालसो जागीरी धरमादा सुदा दस लाकह ओगणीस हजार उपजे 1019000/- करसाणी हक का उपजता ओर समंदर की उपज नग माणक ... जिके गणती नहीं।*[121]

पद्मिनी प्रकरण के समय मेवाड़ के सामंत-जागीरदार अपनी शक्ति, स्वामिभक्ति और हैसियत के आधार पर पदानुक्रम व्यवस्था के अधीन रहे होंगे। हम्मीर रत्नसेन के बाद सत्तारूढ़ हुआ, लेकिन अलाउद्दीन के आक्रमण के समय वह रत्नसेन के अधीन सिसोदा की छोटी जागीर का सामंत था और उसने रत्नसेन की ओर से युद्ध में

सहभागिता की। *मुँहता नैणसीरी ख्यात* के अनुसार में इस युद्ध में रत्नसिंह और उसके कई कुटुम्बी सामंत काम आए।[122] घटना के लगभग दो सौ वर्ष बाद *बाबरनामा* में भी राजा के अधीन 104 रावल और राजा उपाधिधारी सामंतों का उल्लेख मिलता है।[123] मेवाड़ की इस सदियों पुरानी विकेंद्रीकृत प्रशानिक-राजनीतिक व्यवस्था को सबसे पहले कर्णसिंह (1620-28 ई.) ने अमरसिंह द्वितीय (1698-1710 ई.) औपचारिक रूप दिया गया।[124] सामंतों के राजवंश से संबंध और हैसियत के आधार तीन वर्ग किए गए। पहला वर्ग उमरावों का था, जिनको संख्या 16 के आधार पर 'सोला' कहा जाता था। इस तरह का उल्लेख *पाटनामा* में भी आता है। इसमें कहा गया है कि *रावल श्री रतनसेणजी सोला ही प्रकारा के मंडलीक री नीति परमाणे राज करे छत्तीस ही पवण सुखिया रहे गढ़ चत्र राजा रावल श्री रघुवंशी।*[125] राजा उच्च सम्मान प्राप्त इन सामंतों से युद्ध, संधि आदि मामलों में परामर्श करता था। *पाटनामा* में इस तरह के उल्लेख मिलते हैं। अलाउद्दीन जब अपने प्रतिनिधि के माध्यम से पद्मिनी देने का प्रस्ताव करता है, तो रत्नसेन अपने सामंतों से परामर्श करता है। आख्यानकार कहता है कि- *पछै श्री हुजूर ने चवदे मिसल का उमरावाँ ने बुलाया ओर अमराव ओर उमराव चौरासी छत्रपति अठारा 18 सगला हे एकठ करने दरीखानो कीदो।*[126] दूसरी श्रेणी को 32 की संख्या के आधार पर 'बत्तीसा' कहा जाता है। इस श्रेणी के सामंतों की संख्या महाराणा के विवेकानुसार घटती-बढ़ती रहती थी। तृतीय श्रेणी के सामंत 'गोल के सरदार' कहलाते थे और इनकी संख्या सौ के आसपास होती थी। महाराणा इनकी सेवाओं के आधार पर इनको द्वितीय श्रेणी में लेकर पुरस्कृत करते थे।[127] मेवाड़ के सामंतों में चौथी श्रेणी भोमियाओं की थी और इस तरह की श्रेणी केवल मेवाड़ में थी। इनको प्रदत्त भूमि अद्यापि थी, अर्थात् इस भूमि पर इनका स्वामित्व स्थायी था। इस श्रेणी के सामंत करहीन भूस्वामी थे। इनको भूमि के लिए पट्टा और उसका नवीनीकरण कराने की आवश्यकता नहीं थी और इन पर ज़ब्ती भी नहीं भेजी जाती थी। युद्धकाल में यथावश्यकता ये अपनी सैन्य सेवाएँ देते थे।[128] महाराणा अपने विवेकानुसार सैन्य या अन्य सेवाओं के लिए सामंतों को भूमि देकर पुरस्कृत भी करता था। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बाठरड़ा आदि के सामंतों को महाराणा जगतसिंह ने नयी जागीरें दीं।[129] राजा ब्राह्मण, मंदिर, कर्मचारी, शिल्पकार, चित्रकार, वैद्य, चारण, भाट, बड़वा आदि को भी वेतन के बदले जागीरें देता था, लेकिन उनका इन पर मौरूसी अधिकार नहीं था।[130] पट्टों में दी गई भूमि, गाँव और इसके बदले ली जाने वाली सैन्य सेवा या चाकरी, उपत और रेख का उल्लेख होता था।[131] मेवाड़ में प्रशासन में महामात्य, मंत्री, आमात्य और मुद्रा व्यापार मंत्री जैसे पद भी होते थे। चित्तौड़ के शिलालेख (1266 ई.) में उल्लेख है कि वि.सं.1309 में मेवाड़ के शासक

तेजसिंह का महामात्य समुद्धर था और वि.सं.1316 मेवाड़ में तल्हण महामात्य और रामेश्वर मंत्री पद पर काम कर रहे थे।[132] इसी तरह रत्नसेन के समय एक मात्र उपलब्ध दरीबा के शिलालेख (1302 ई.) में उल्लेख है कि महणसिंह उसका मुद्रा व्यापार मंत्री था।[133] राजा को दहेज में प्राप्त सामग्री राज्य धन होती थी और यह राज्य कोष में जमा होती थी। *पाटनामा* इस तरह का उल्लेख आता है। पाटनामाकार लिखता है कि- *पछै माहाराणी श्री पदम्मणीजी की डाईचा की चीजां भंडार में जमा होबा लागी।... ।*[134]

कुछ विद्वानों ने इस व्यवस्था को यूरोपीय 'फ़्यूडलिज़्म' या 'सामंतवाद' में सीमित करने का प्रयास किया है, जो सही नही है।[135] यह व्यवस्था यूरोपीय 'फ़्यूडल सिस्टम' से कुछ हद तक 'अलग' थी। दरअसल सबसे पहले कर्नल टॉड ने हैलम की रचना *मिडल एजेज़* (1824) में वर्णित पश्चिमी यूरोपीय फ़्यूडल व्यवस्था से राजस्थान की तुलना करते हुए पाया कि फ़्यूडेलिज्म के वर्णित छह में से चार तत्त्व राजस्थान में विद्यमान हैं।[136] बाद में रामशरण शर्मा ने मंदिरों और ब्राह्मणों को दिए गए भूमि अनुदानों को आधार बनाकर भारत में सामंतवाद का प्रसार सिद्ध करने की चेष्टा की और यह कुछ हद तक मान्य भी हो गया।[137] गत सदी के सातवें दशक में इस धारणा का खंडन करते हुए इतिहासकार हरबंश मुखिया ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि यूरोप की तरह भारत में कभी फ़्यूडेलिज़्म की अवस्था नहीं आई। उन्होंने कहा कि कृषि दासता की जैसी अवस्था यूरोप में थी, भारत में कभी नहीं रही। दरअसल यहाँ किसान की उत्पादन की प्रक्रिया पर कभी कोई बाहरी नियंत्रण नहीं रहा। यहाँ का किसान, आर्थिक रूप (वैधानिक नहीं) से स्वतंत्र रहा है। खाद की उपलब्धता, कृषि तकनीक के विकास, एक वर्ष में एकाधिक फ़सलें, सिंचाई की उन्नत तकनीक और जीवन यापन के निम्न स्तर के कारण यूरोप की तुलना में यहाँ उत्पादन अधिक था और इस कारण किसान के पास जीवन निर्वाह के अलावा राजस्व के रूप में देने के लिए पर्याप्त अधिशेष था और इस कारण यहाँ दासता या बाधित श्रम का व्यापक चलन कभी नहीं हुआ।[138] दरअसल राजस्थान और मेवाड़ की यह व्यवस्था अपने ढंग से विकसित हुई और यह यूरोप सहित शेष भारत से कुछ हद तक अलग थी। टॉड को राजस्थान से लगाव था और इस कारण उसने खींचतान कर यूरोपीय और राजस्थान की सामंती व्यवस्था में समानताएँ खोज लीं। अल्फ्रेड लयाल का मानना कि जागीरों और केंद्रीय सत्ता का यह संगठन राजपूत जाति और उसके गोत्र संगठन पर आधारित था और गोत्र का प्रमुख राजा एवं अन्य प्रमुख लोग राजा के अधिकार से शासक थे[139], इस संबंध में पूरा सच नहीं है। दरअसल मेवाड़ मे आरंभ से राजा के सगोत्रीय के अलावा दूसरी गोत्र के भी उमराव श्रेणी के सामंत रहे हैं। इसी तरह

रामशरण शर्मा और हरबंश मुखिया ने सार्वदेशिक सामंतवाद और उसके खंडन की अपनी धारणाएँ बनायीं, लेकिन राजस्थान और उसमें भी ख़ासतौर पर मेवाड़ की इस प्रशासनिक और भूराजस्व व्यवस्था की अपनी विशेषताएँ हैं। इस व्यवस्था में शासक कुछ हद तक 'बराबर में प्रथम' जैसा था। राजा और उसके अधीनस्थ सामंत इस व्यवस्था में एक-दूसरे पर निर्भर थे। राजा अपने अधीनस्थ सामंतों का परामर्श मानने के लिए बाध्य था, तो अधीनस्थ सामंत भी उस के आदेशों से बँधे हुए थे और उनकी अनुपालना उनके लिए कर्त्तव्य जैसी थी।[140] इसकी पुष्टि इस क्षेत्र से अच्छी तरह वाकिफ़ ब्रिटिश प्रशासक जे. सदरलेंड ने भी की है।[141]

मेवाड़ में सत्ता की विकेंद्रीकृत सैन्य सेवा (चाकरी) के बदले सामंतों को दी गयी भूमि पर आधारित थी, जो रामशरण शर्मा की भारत में सामंतवाद के प्रसार की धारणा से मेल नहीं खाती। रामशरण शर्मा के अनुसार सामंती व्यवस्था या राजनीतिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण ब्राह्मणों और मंदिरों को दिए गए भूमि अनुदानों से हुआ। उनके अपने शब्दों में "भारत में राजनीतिक सत्ता का विकेंद्रीकरण वह नहीं था, जो यूरोप में था। यहाँ यह परिवर्तन सैनिक सेवा प्रदान करनेवालों को दी गई जागीरों का परिणाम नहीं था। यहाँ तो विकेंद्रीकरण की प्रवृत्ति का सबसे बड़ा कारण ब्राहमणों और मंदिरों को भूमिदान देना था।"[142] उनकी यह धारणा उनके अध्ययन के क्षेत्र बंगाल, बिहार आदि क्षेत्रों के संबंध सही हो सकती है, लेकिन मेवाड़ के संबंध में यह धारणा सही नहीं है। यहाँ मंदिरों और ब्राह्मणों को भूमि अनुदान के उल्लेख भी परवर्ती कई शिलालेखों में हैं और ये निरंतर उपनिवेशकाल तक मिलते हैं, लेकिन ये अनुदान केवल मंदिरों के रख-रखाव और ब्राह्मणों को जीविका के लिए दिए गए हैं। मेवाड़ में जैसाकि यूरोपीय सामंती व्यवस्था से तुलना करते जेम्स टॉड ने कहा है कि सामंतवादी व्यवस्था का प्रसार व्यापक रूप सैनिक सेवा या चाकरी करने वालों को दिए गए ग्रास (जागीर) से हुआ। ये सैन्य सेवा देने वाले अधिकांश लोग राजा के रक्त सम्बन्धी कुटुम्ब वाले लोग थे। उपनिवेशकाल में जारी इस प्रथा के सामंतों के बारे में कर्नल जेम्स टॉड ने लिखा है कि "सोलह उमरावों से चड़स भूमि के स्वामित्व तक सभी सामंत राजा के साथ रक्त सम्बन्ध अर्थात् उसके वंश के साथ सम्बन्धित होने का दावा करते हैं।"[143] यह इस बात से भी प्रमाणित है कि मेवाड़ में ब्राह्मणों और मंदिरों को भूमि अनुदान तो दिए गए, लेकिन ये सैन्य सेवा देने वाले सामंतों की दिए भूमि अनुदानों की तुलना में बहुत सीमित संख्या में थे। राज्य की अधिकांश भूमि उपनिवेशकाल में भी सैन्य सेवा देने वालों के पास थी। उपनिवेशकाल में राजस्थान के इतिहासकार गौरीशंकर ओझा ने जो राज्य की भूमि का विवरण दिया है उसमें से सबसे अधिक 52% भूमि जागीर और 26% खालसा की तुलना में केवल

22% भूमि ही शासनिक थी।[144] इससे सिद्ध है कि अधिकांश भूमि अनुदान यहाँ यूरोप की तरह सैन्य सेवा के लिए ही दिए गए। यही व्यवस्था-रत्नसेन पद्मिनी प्रकरण के समय भी रही होगी, क्योंकि सभी ऐतिहासिक कथा-काव्यों में राजा का अपने कुटुम्बी सामंतों सहित शासन का उल्लेख आया है। राज भोजनादि के लिए निमंत्रण पर अपने भाई-बेटों और कुटुम्बियों के यहाँ जाता है। *पाटनामा* में यह उल्लेख आया है।[145]

मध्यकालीन मेवाड़ और राजस्थान के अन्य राज्यों- मारवाड़, बूंदी आदि में सैन्य सेवा या चाकरी के बदले दी गयी भूमि को 'ग्रास' कहा जाता था। 'जागीर' शब्द का चलन यहाँ मुग़लकाल में हुआ। कर्नल जेम्स टॉड ने भी इसका यही अर्थ करते हुए इसकी व्युत्पत्ति को केल्टिक भाषा के शब्द 'ग्वास' (gwas) शब्द से जोड़ा है, जिससे 'वेशल' शब्द निकला है, जिसका अर्थ अधीनस्थ जागीरदार है।[146] मेवाड़ में पट्टों में यह उल्लेख होता था कि 'ग्रास मया कीधो' (यथा- *महाराज कुअर श्री अमरसिंघजी आदेशात् सिसोदिया कुशलसिंघ वीजावत कस्य ग्रास मया कीधो। संवत 1752 री उनांला थी।*)[147] इसका लक्ष्यार्थ यही है कि राजा सैनिक सेवा या चाकरी के बदले सामंत को भरण-पोषण के लिए भूमि प्रदान करता है। मेवाड़ में अधीनस्थ सरदार के लिए 'ग्रास्या' शब्द अभी भी चलन में है।[148] घाणेराव के शिलालेख (1156 ई.) सामंत के लिए 'भुक्ति' और उसके भाग के लिए 'वाट' शब्द का प्रयोग हुआ है।[149] इसी तरह बिजोलिया के शिलालेख (1170 ई.) में सामंत के लिए 'भुक्ति' और और भूमि अनुदान को 'डोहली' कहा गया है।[150] पद्मिनी संबंधी ऐतिहासिक कथा-काव्यों में 'ग्रास' शब्द का ही प्रयोग हुआ है। यह शब्द इन कथा-काव्यों में गोरा और बादल, दो सामंतों के संदर्भ में एकाधिक बार प्रयुक्त हुआ है। दरअसल अलाउद्दीन के आक्रमण के समय गोरा और बादल, दोनों सामंत राजा से नाराज़ थे और वे उसके दिए ग्रास (जागीर) उपभोग नहीं कर रहे हैं। *गोरा-बादल कवित्त* में एक जगह उल्लेख है कि *वरस पाँच तस विखउ राव सूं कुरखे चलई। ग्रामग्रास नवि लीइ कुण गु गुण मोहि उथलई।*[151] हेमररतन *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में एक जगह कहता है कि *राउ थकी रिसाणा रहइँ, ग्रास न कांइ नृप नउ ग्रहई। घरे रहइँ न करई चाकरी, रतनसनि मूंक्या परिहरि॥* इसी तरह बादल की माँ भी उसको समझाते हुए कहती है कि *ग्राम ग्रास को नहीं नृप तणउ आपए खरचा करऊ आपणउ।*[152] वह उसको समझाती है कि *घणा जिके खाइं छइ ग्रास सुभट रह्या छइ उदास* अर्थात् ऐसे योद्धा बहुत हैं, जो ग्राम ग्रास खा रहे हैं, मतलब राजा द्वारा दिए ग्रास या जागीर उपभोग कर रहे हैं, लेकिन वे इस प्रकरण में उदासीन हैं।[153] स्पष्ट है कि रत्नसेन के समय मेवाड़ में सैन्य सेवा या चाकरी के बदले ग्राम ग्रास के रूप में सामंती व्यवस्था का चलन था और राजा की नाराज़गी पर ग्रास वापस लिया जाता था या सामंत भी

राजा से नाराज़गी या मुनमुटाव पर किसी कारण से ग्रास छोड़ देता था। लब्धोदय लिखता है कि *तजी सेवा रावल तणी किणहि कुबोल विशेष। / चाकर गयर थका रहे ग्रास गोठ तजि रेख।*[155] चाकरी या सैन्य सेवा के बदले भूमि की जगह रोकड़ धन देने का भी प्रावधान था। *खुम्माणरासो* में यह उल्लेख आता है। उसमें गोरा-बादल के संबंध में कहा गया है कि *रोकड़ ग्रास नहीं को गांम। घरे रहे न करे चाकरी रतनसेन मूंक्या परिहरि।*[156]

मेवाड़ की देशज प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत बहुत पहले से राज्य के प्रशासन के अधीन सीधे आने वाली खालसा भूमि के अलावा सैन्य सेवा के बदले दी गई जागीरदारी के भूमि दो तरह की थी। एक जागीरदारी वह भूमि थी, जो वंशानुगत राजवंश के कुटुम्बी सामंतों के पास थी और दूसरी सैन्य सेवा के बदले बाहर से आए राठौड़, झाला, पँवार, डोडिया, सोलंकी आदि सामंतों के अधीन थी। सबसे पहले ग्यारहवीं-बारहवीं सदी में यहाँ बाहर से आए हटुंडिया और ड्योढिया राठौड़ रहे। चौदहवीं और फिर पंद्रहवीं सदी में यहाँ कई बाहरी राजपूतों को सैन्य सेवा के बदले जागीरें दी गईं। इसको काले पट्टे की जागीर कहते थे और इसको बेचा और गिरवी नहीं रखा जा सकता।[157] सैन्य सेवा के बदले सगोत्रीय के अलावा दूसरे गोत्र के योद्धाओं को 'ग्रास' (जागीर) देने की परम्परा रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण के समय में भी थी। विवेच्य अधिकांश कथा-काव्यों में गोरा-बादल, दोनों शासक राजवंशी गुहिल सामंतों से अलग चौहान थे, जिन्हें सैन्य सेवा के बदले जागीरें दी गई थीं। *पाटनामा* में उल्लेख है कि- *पछै गोराजी, बादलजी, फातियाजी, जेतमलातजी च्यार ही सरदारां ने श्री हुजूर हत खरच रे बदले जागीरी बकसी।*[158] अस्थायी सैन्य सेवा और प्रबंध में सहयोग के लिए भोमिया और ग्रासियों के पास जागीरें थीं। इनके अलावा माफ़ी और 'उदक' अर्थात् धर्मार्थ दी गई कुछ जागीरें भी थीं, जिनको 'सासण' और 'डोली' की जागीरें कहते थे।[159] चाकरी के बदले विश्वस्त सेवकों को भी जागीरें दी जाती थीं। *पाटनामा* में पद्मिनी के साथ आए सेवक रामा और कला को भी रत्नसेन ने जागीरें दीं। *पाटनामा* में लिखा गया है कि- *पदमणीजी का घरू लोक रामो कलो दोवाई है एक एक लाख को रूजक बकस्यो। रामा कला हे सरदार जागीरदार कर बरजिया।*[160]

खालसा भूमि पर काश्तकारों का अधिकार था और आमतौर पर यदि कोई असामान्य बात नहीं हो, तो उनको इससे बेदख़ल नहीं किया जाता था। सर हेनरी इलियट की यह धारणा निराधार है कि यहाँ पट्टेदारी जैसी कोई चीज नहीं थी।[161] इतिहासकर मोहम्मद हबीब की स्पष्ट मान्यता है कि मध्यकाल में ''किसान अपनी ज़मीन का शरह मुअय्यन मालिक होता था, उसे बेदख़ल करने का प्रश्न ही नहीं

था।''[162] खालसा भूमि पर राजस्व लगता था और इस पर समय-समय पर यथावश्यकता अन्य करों का प्रावधान किया जाता था। इस काश्त भूमि पर कुछ हद तक इसके काश्तकार को वैधानिक अधिकार भी था। *पाटनामा* में 'करसाणी हक' की ज़मीन और उस पर लगनेवाले 'हांसल' (राजस्व) का उल्लेख मिलता है।[163] किसान अपनी जोत की ज़मीन के लगभग मालिक जैसे थे। यह व्यवस्था बहुत पहले से चली आती थी। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कहा गया है *करदेभ्यः कृतक्षेत्राण्येकपुरुषकाणि प्रयच्छेत॥ अकृतानि कर्तृभ्यो नादेयात्॥* अर्थात् लगान आदि देनेवाले किसानों के लिए, जो खेती के लिए उपयोगी ठीक तैयार की हुई ज़मीन दी जावे, वह जिस पुरुष को दी जावे उस ही के जीवनकाल तक उसके पास रह सकती है, तदनंतर राजा को अधिकार है कि वह ज़मीन को, उस पुरुष के पुत्रादि को देवे, अथवा अन्य किसी को। जिन लगान आदि देनेवाले किसानों को बंजर भूमि दी गई है, और उन्होंने अपने परिश्रम से उसे खेती योग्य बनाया है; राजा को चाहिए कि उन किसानों से उस ज़मीन कभी न लेवे। ऐसी ज़मीनों पर किसानों को पूर्ण अधिकार होना चाहिए।[164] हरबंश मुखिया की यह धारणा यहाँ के संबंध में सही नहीं है कि काश्तकार को भूमि पर वैधानिक अधिकार नहीं है[165], उन्हें एक नियत शुल्क राशि देकर इसको बेचने-गिरवी रखने का अधिकार भी था।[166] यह प्रावधान भी *मनुस्मृति* में ही था। उसमें *स्थाणुच्छेदस्य केदारमाहुः शाल्यवतो मृगम्* अर्थात् जो खुत्थ (ठूंठ पेड़) काट (कर भूमि को समतल करके खेत बनाने) वाले का खेत मानते हैं और पहले बाण मारनेवाले का मृग मानते हैं।[167] खालसा से प्राप्त होने वाला राजस्व राज्य की मुख्य आय थी। मेवाड़ में किसानों से आमतौर पर राजस्व के रूप में उपज का ¼ से लगाकर ½ लिया जाता था। कभी-कभी यह जातियों के अनुसार भी लिया जाता था और यह बदलता भी रहता था।[168] यह राजस्व व्यवस्था भी पहले से चली आती थी। *शुक्रनीति* में प्रावधान था कि *तडागवापिकाकूपमातृकाद्देव मातृकात्। देशान्नदीमातृकात् तु राजानुक्रमतः सदा॥ तृतीयांशचतुर्थांश मर्द्धांशंतु हरेत् फलम्। षष्ठांशमूषरात् तद्वत् पाषाणादिसमाकुलात्॥* अर्थात् राजा क्रमानुसार हमेशा तालाब, बावड़ी या कुँए से सींचे जानेवाले खेतों की उपज का तीसरा हिस्सा, वर्षा के द्वारा सिंचाई होनेवाले खेतों की उपज का चौथा भाग तथा नदी से सिंचाई होनेवाले खेतों की उपज का आधा हिस्सा और बंजर या पथरीली धरती का उपज का छठा हिस्सा मालगुजारी के रूप में ग्रहण करे।[168] इसी तरह यूरोपीय सामंतवाद से अलग यहाँ काश्तकारों को एक से दूसरी जगह स्थानांतरित होने के आधिकार था। यदि सामंत इस संबंध में आपत्ति करते थे, तो राज्य इसमें हस्तक्षेप करता था।[169]

रत्नसिंह-पद्मिनी प्रकरण के दौरान प्रदत्त भूमि पर सामंत का अधिकार अंतिम

या वंशानुगत नहीं था। यह व्यवस्था भी बहुत पहले से थी। प्रकरण से सम्बन्धित सभी ऐतिहासिक कथा-काव्यों में उल्लेख आता है कि गोरा-बादल राजा से नाराज़गी के कारण ग्रास (जागीर) छोड़ कर क़िले में ही रह रहे थे। इससे यह सिद्ध है कि या तो उनकी जागीर ज़ब्त की गई या उन्होंने इसे स्वेच्छा से छोड़ दिया। दरअसल मेवाड़ में सामंत को प्रदत्त भूमि या जागीर पर उसका वंशानुगत अधिकार नही था। सामंत की मृत्यु पर उसके उत्तराधिकारी को एक निश्चित शुल्क, मतलब नज़राना देकर कुछ औपचारिकताओं के बाद भूमि के पट्टे का नवीनीकरण करवाना होता था। इस तरह का प्रावधान भारत में और कहीं कम मिलता है। प्रथा यह थी कि सामंत की मृत्यु के बाद उसकी जागीर पर आठ-दस अधिकारियों-सैनिकों का एक दल भेजा जाता था। इस दल को तदर्थ नज़राना जमा करा देने पर उत्तराधिकारी को दरबार में बुलाया जाता, जहाँ उसे तलवार बँधाई जाती और जागीर का नया पट्टा प्रदान किया जाता था। यदि सामंत निस्संतान मरता, तो उसके वंश में से किसी को उत्तराधिकारी बनाकर यह रस्म अदा की जाती।[170] जागीर ज़ब्त करने का राजा का यह अधिकार पारम्परिक था, लेकिन सामंतों के शक्तिशाली होते जाने के कारण यह औपचारिक रह गया था और कुछ सामंतों को इसमें छूट भी प्रदान कर दी गई थी।[171] सामंत अपने क्षेत्रों में प्रशासन, न्याय आदि के लिए स्वतंत्र थे। आमतौर पर जागीर के प्रशासन आदि में कुछ हद तक सामंत अपने विवेकानुसार कार्यवाही करते थे, लेकिन राज्याज्ञाओं की अनुपालना उनके लिए बहुत ज़रूरी था। आज्ञाओं की अवमानना या पालना नहीं करने की स्थिति में ज़ब्ती दल भेजा जाता था, जो तब तक सामंत के यहाँ रहता था, जब तक आज्ञाओं की पालना सुनिश्चित नहीं हो जाती। टॉड के अनुसार ''किसी भी सामंत को राज्य दरबार में उपस्थित होने के लिए बाध्य करने अथवा किसी काम सम्बन्धी कार्यवाही में उसके द्वारा किए जा रहे विलंब को समाप्त कर शीघ्र कार्यवाही करवाने के लिए यही एकमात्र उपाय है।''[172]

मेवाड़ की विकेंद्रीकृत राजनीतिक-प्रशासनिक व्यवस्था मे उत्तराधिकार में ज्येष्ठता का सिद्धांत पद्मिनी प्रकरण के समय भी प्रभावी था। उत्तराधिकार की इस व्यवस्था के संबंध में *शुक्रनीति* में कहा गया है कि *नानायकं क्वचिदपि कर्तुतुमीहेत भूमिपः। राजकुले तु बहवः पुरुषाः यदि संति हि॥ तेषु ज्येष्ठो भवेद्राजा शेषास्तत्कार्य्यसाधकाः। गरियामसो वराः सरवसहायेभ्योऽभिवृद्धये॥* अर्थात् राजा कभी भी बिना राजा के राज्य को रखने की अभिलाषा न करे। यदि किसी राजकुल में से एक से अधिक उत्तराधिकारी हों, तो उनमें से जो सबसे बड़ा हो, राजगद्दी का वही अधिकारी हो, शेष उसके सहकारी होंगे। राज्य की समृद्धि के लिए सहायकों की अपेक्षा ज्येष्ठ ही श्रेयकर होते हैं।[173] मेवाड़ की प्रशासनिक व्यवस्था के दीर्घकाल तक क़ायम रहने में

इस ज्येष्ठता के सिद्धान्त की मुख्य भूमिका है। ख़ास बात यह है कि सदियों तक इस पर कठोरता से अमल भी होता रहा है। इसका आशय है कि ज्येष्ठ उत्तराधिकारी जागीर का मालिक होता है और दूसरे भाइयों को भरण-पोषण के लिए कुछ गाँव दे दिये जाते हैं। साठ से अस्स्सी हजार वार्षिक आय वाली जागीर में से पाँच हजार तक की आय वाला गाँव उसके हिस्से में आता है। टॉड ने लिखा है कि जो ''सतारूढ़ होता है, और वही जागीर का मालिक भी होता है। दूसरे वहीं दरबार या विदेशों में अपना भाग्य आजमाते थे।[174] गौरीशंकर ओझा के अनुसार समरसिंह के बाद ज्येष्ठ होने के कारण रत्नसेन सत्तारूढ़ हुआ, जबकि उसके छोटे भाई कुंभकर्ण ने नेपाल में जाकर अलग और नया राज्य क़ायम किया।[175] कुंभा की हत्या करने वाले उदयसिंह के बेटे सूरजमल रायमल के सत्तारूढ़ होने बाद भी सत्ता लेने का उद्योग करते रहे, लेकिन अंतत: उन्होंने कांठल में नया राज्य प्रतापगढ क़ायम किया। *पाटनामा* में यह विवरण अलग तरह से आया है। इसके अनुसार कुंभकर्ण ज्येष्ठ था, लेकिन उसकी देह खंडित थी, इसलिए ज्योतिषियों के परामर्श पर उससे कनिष्ठ रत्नसेन सत्तारूढ़ हुआ।[176] मेवाड़ से बाहर जाकर भूमि पर आधिपत्य करने और नए राज्य क़ायम करने के और भी कई उदाहरण मिलते हैं। ज्येष्ठता के उत्तराधिकार सिद्धान्त में भूमि और सैन्य सेवा का विभाजन नहीं होता, जिससे जागीर क़ायम रहती है। टॉड ने इस प्रथा की सराहना करते हुए लिखा है कि ''उत्तराधिकार में ज्येष्ठता का सिद्धान्त सामंती व्यवस्था की आधारशिला है।''[177]

4.

पद्मिनी विषयक ऐतिहासिक कथा-काव्यों में क्षत्रियत्व एक प्रमुख जीवन मूल्य के रूप में उभरकर आता है और ये कथा-काव्य इस जीवन मूल्य को चरितार्थ करते भी प्रतीत होते हैं। आरंभ में क्षत्रिय एक वर्ण था, लेकिन धीरे-धीरे शौर्य, पराक्रम, युद्ध, शरणागति और प्रजा की रक्षा आदि जीवन मूल्यों के समूह को धारण करने वाली जाति के रूप में इसकी पहचान होने लगी। *महाभारत* के शांति पर्व में विस्तारपूर्वक क्षत्रियत्व की सराहना की गई है।[178] *गीता* में क्षत्रिय के कर्मों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि *शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम्। / दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्म स्वभावजम्॥* अर्थात् वीरता, तेज, धैर्य, दक्षता, युद्ध से पलायन न करना, दान और ईश्वरभाव (राजा या स्वामी होने का भाव) क्षत्रिय के स्वाभाविक कर्म हैं।[179] *मनुस्मृति* में उल्लेख है कि *ब्राह्मं प्राप्तेन संस्कारं क्षत्रियेण यथाविधि। सर्वस्यास्य यथान्यायं कर्तव्यं परिरक्षणम्॥* अर्थात् शास्त्रानुसार वेदों को प्राप्त (उपनयन संस्कार से युक्त) क्षत्रियत्व (अभिषिक्त राजा) न्यायपूर्वक (अपने राज्य में रहनेवाली) सब

प्रजा की रक्षा करे।[180] *शुक्रनीति* में भी क्षत्रिय के लक्षण स्पष्ट करते हुए लिखा गया है कि *सद्रक्षणं दुष्टनाशः स्वांशादानन्तु क्षत्रिये* अर्थात् सज्जनों की रक्षा, दुष्टों का विनाश तथा जीविका के लिए कर ग्रहण करना- ये तीन कर्म क्षत्रियों के अधिक हैं।[181] *याज्ञवल्क्यस्मृति* के अनुसार *प्रधानं क्षत्रिये कर्म प्रजानां परिपालनम्* अर्थात् क्षत्रिय का प्रधान कर्म प्रजा का परिपालन है।[182] *याज्ञवल्क्यस्मृति* में युद्ध में मृत्यु प्राप्त योद्धा को स्वर्ग मिलने की बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि *य आहवेषु वध्यन्ते भूम्यर्थमपरांगमुखाः। अकूटैरायुधैर्यान्ति ते स्वर्गं योगिनो यथा।* अर्थात् जो भूमि के लिए युद्ध में परांगमुख न होकर तथा विष से बुझे अस्त्रों से नहीं लड़ते, वे मारे जाने पर जैसे योगी स्वर्ग जाते हैं, वैसे ही स्वर्ग जाते हैं।[183] इसी तरह *याज्ञवल्क्यस्मृति* में शरणागत की रक्षा को क्षत्रिय का लक्षण माना गया है। इसमें कहा गया है कि *तवाहंवादिनं क्लीबं निर्हेतिं परसंगतम्। न हन्याद्विनिवृतं च युद्धप्रेक्षणकादिकम्॥* अर्थात् 'मैं आपका हूँ' ऐसा कहने वाले, हिजड़े, शस्त्रहीन, दूसरे से युद्ध कर रहे, युद्ध से विरत तथा युद्ध के दर्शक आदि को न मारें।[184] आगे चलकर मध्यकाल में युद्ध में मरना-मारना क्षत्रियत्व का पर्याय हो गया। *पृथ्वीराजरासो* में कहा गया है कि *रजपूत मुक्ति खिति खग्गगिरि* अर्थात् शुद्ध क्षत्रिय वही है, जो खड्ग द्वारा युद्ध भूमि में कट जाने से मुक्ति पाता है।[185] अल्बेरुनी (1017-31) के अनुसार "वह प्रजा का शासक है। उनकी रक्षा करता है, क्योंकि उसका जन्म ही इसके लिए हुआ है।"[186] अल्बेरुनी ने एक जनश्रुति का उल्लेख किया है, जो क्षत्रियों के लिए नियत कार्यों की ओर संकेत करती है। उसके अनुसार "हिंदू बताते हैं कि प्रारंभ में शासन और युद्ध संबंधी सभी अधिकार ब्राह्मणों के पास थे। लेकिन इससे देश में विशृंखलता पैदा हो गयी। क्योंकि वे अपने शास्त्रों के अनुसार शासन चलाते थे। ये शास्त्र बदमाशों और दुष्टों के दमन के लिए अपर्याप्त थे। उनके हाथ से धार्मिक अधिकार निकलते जा रहे थे, इसलिए वे ब्रह्मा के पास गये। ब्रह्मा ने उन्हें मात्र वे कार्य दिए, जो वे संप्रति संपादित करते थे। ब्रह्मा ने शासन और युद्ध का अधिकार क्षत्रियों को दिया।"[187]

क्षत्रियत्व का शौर्य, पराक्रम, युद्ध आदि जीवन मूल्यों का यह समूह पद्मिनी प्रकरण के समय पूर्ण विकसित रूप में मौजूद था। अधिकांश तत्संबंधी कथा-काव्यों में इसकी चर्चा भी हुई है और यह इनके चरित्रों के आचरण का ज़रूरी हिस्सा भी है। हेमरतन ने *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में कहा है कि- *खित्री ते खित्रवट धरई, अपजस थी मन माहे डरइ। रूधे जाताँ न रहइ माम, करइ अहो निसी नृपनउ काम।* अर्थात् क्षत्रिय वे हैं, जो क्षत्रियत्व धारण करते हैं, अपयश से भयभीत होते हैं, रोकने पर भी नहीं रुकते और रात-दिन राजा का कार्य करते हैं।[188] गोरा और बादल, दोनों

राजा से नाराज़गी के बावजूद दुर्ग छोड़कर नहीं जाते, क्योंकि *जाताँ लागइ खित्रीवट खेह* अर्थात् जाने से उनके क्षत्रियत्व पर धूल पड़ती है।[189] बादल की माँ जब उसे उसकी कम उम्र का हवाला देकर युद्ध में जाने से रोकती है, तो बादल उत्तर में कहता है कि *खित्रवटि रिणवटि पाछउ खिसुं, तउ तुं मात कहे मुझ इसुं।* अर्थात् यदि मैं क्षत्रियत्व और युद्ध भूमि से पीछे हटूँ, तो ही माँ आपको कुछ कहना चाहिए।[190] क्षत्रियत्व का आशय स्पष्ट करते हुए दलपति विजय कहता है कि *खत्री सोही खत्रवट चले। मरण दिए पिण नवि नीकळें॥* अर्थात् जो क्षात्रधर्म के मार्ग अनुसरण करता है वही क्षत्रिय है। वह मरने को तैयार हो जाता है, लेकिन दुर्ग से नहीं निकलता।[191] हेमरतन का बादल क्षत्रियत्व को लेकर चिंतित है। वह सामंतों को सचेत करता है कि *मत किणी वातइँ हुअ आखता, खित्रिवट काँइ न आणिसूँ खता।* अर्थात् किसी बात पर उतावले मत होना। क्षत्रियत्व को कोई आँच नहीं आनी चाहिए।[192] जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* के आरंभ में ही रत्नसेन की महिमा में कहा गया है कि *सूरवीर सुखदाय, राजपूत, रनकौ धणी* अर्थात् सुखदायक रत्नसेन युद्ध भूमि का स्वामी क्षत्रिय है।[193] *कथा* में ही युद्ध के लिए उत्सुक राजपूतों के संबंध में कहा गया है कि- *जुड़ आये राजपूत, भूत भये कारण भिड़ण, परिहरि जोरू पूत खत्री आए खेत पर॥* अर्थात् भिड़ने के लिए राजपूत अपनी पत्नियों और पुत्रों को छोड़कर युद्धभूमि में एकत्र हुए।[194]

युद्ध, शौर्य, पराक्रम आदि क्षत्रियत्व के आचार-विचार में सम्मिलित जीवन मूल्य थे। मध्यकाल में ऐतिहासिक ज़रूरतों के तहत युद्ध संस्कृति का विकास हुआ। यों मध्यकालीन शासक जातियों के राजनीतिक-सांस्कृतिक व्यवहार में युद्ध हमेशा सम्मिलित रहा है। वर्णाश्रम धर्म के नियमानुसार शूरवीर धर्मनिष्ठ क्षत्रिय आवश्यकता पड़ने पर अन्याय के विरुद्ध शस्त्र हाथ में लेकर खड़े होने के लिए लोकत: और धर्मत: बाध्य होते थे।''[195] मध्यकाल में निरंतर होने वाले बाह्य और आंतरिक आक्रमणों के कारण इसका आग्रह बहुत बढ़ गया। युद्ध एक निरंतर और ज़रूरी कर्म हो गया। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर एकाग्र कथा-काव्यों में मध्यकालीन युद्ध संस्कृति के लिए 'रिणवट' शब्द का प्रयोग हुआ है। मर्यादा की रक्षा के लिए युद्ध आवश्यक था। हेमरतन बादल के लिए कहता है कि *रिणवट करीनइ राखी रेह* अर्थात् युद्ध करके मर्यादा की रक्षा की।[196] *खुम्माणरासो* में क्षात्र संस्कृति का निर्वाह मिलता है। यहाँ गोरा और बादल का विरुद क्षत्रियत्व माना गया है। यहाँ कहा गया है कि *तिण गढ़ गोरो रावत रहें, खित्रवट तणी विरुद भुज वहे।*[197] अर्थात् उस दुर्ग में गोरा रावत रहता था, जिसकी भुजाओं में क्षत्रियत्व का विरुद बहता था। यहाँ भी गोरा-बादल के संबंध में कहा गया है कि दुर्ग अवरुद्ध से जाने से दोनों वहाँ से नहीं गए, क्योंकि उनके क्षत्रियत्व पर कलंक लग जाता *(रावत बे जाता था जिसे। गढ़ रोहो मंडाणो तिसें/ रूंधे गढ़*

नवि जाइ तेह, जाता खत्रवट लागे खेह।)।[198] *खुम्माणरासो* में ही आगे कहा गया है कि- *षत्री सोही क्षत्रवत चलें। मरण दिए पिण नवि निकले। भुंडा भला पटांतर काम। खांपा जेम हुवें खग जाम॥* अर्थात् वही क्षत्रिय अच्छा लगता है, जो क्षात्र धर्म का पालन करता है। वह मरने को तैयार हो जाएगा, पर दुर्ग से निकलेगा नहीं। जैसी म्याँने होंगी, वैसी तलवारें होंगी। समय के अनुसार अच्छाई और बुराई के कामों का प्रत्यंतर होता रहता है।[199] *पद्मिनीसमिओ* में भी गोरा-बादल प्रकरण में क्षत्रियत्व और उसके मूल्यों की अनुगूँज मिलती है। बादल अपनी पत्नी के उसे युद्ध विरत करने के प्रयास पर कहता है कि *मों भागे नर अरि हँसै, सुभटि सु लज्जै॥ / अहिबात अचल जिन तिन घटनि साम काम जूझत अनी।* अर्थात् रणक्षेत्र से मेरे भागने पर दुश्मन तो हँसेगा ही, जनता भी हँसेगी। इतना ही नहीं मेरी वीरता भी लज्जित होगी। उन पत्नियों का सौभाग्य अचल रहता है, जिनके पति स्वामी के लिए युद्ध करते हैं।[200] वह अपनी माँ को भी यही कहता है कि *तोहि कलंक जो लगै, रान छाँड़िव भंगुर तन* अर्थात् यदि मैं राजा को छोड़ता हूँ, तो सभी तुझे कलंकित करेंगे कि कैसे कायर को पैदा किया है, जो मरने से डर गया, जबकि शरीर तो क्षण भंगुर है।[201]

युद्ध की इस मध्यकालीन संस्कृति में युद्ध से भागना या उससे मुँह मोड़ना कायरता थी। यह धारणा सदियों से शास्त्र पुष्ट होती आ रही थी। *मनुस्मृति* में उल्लेख है कि *यस्तु भीतः परावृत्तः संग्रामे हन्यते परैः। / भर्तुर्यद् दुष्कृतं किंचित्तत्सर्वं प्रतिपद्यते॥* अर्थात् युद्ध में डरकर विमुख जो योद्धा शत्रुओं से मारा जाता है; वह स्वामी का जो कुछ पाप है उसे प्राप्त करता है। यह बात इन रचनाओं में भी कई तरह से कही गई है।[202] *गोरा-बादल कवित्त* में बादल पत्नी के सम्मुख युद्ध में प्रवृत्त होने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। वह कहता है कि *चरण तेहि गलि जाउ जेण रिण पाछा नासी।* अर्थात् चरण गल जाए, यदि में युद्ध छोड़कर भाग जाऊँ।[203] हेमरतन का बादल अपनी माँ से यह कहता है कि- *भिड़ता पाछउ पग जिऊ दीउँ तऊ तऊ माता फाटउ हिऊँ* अर्थात् युद्ध में भिड़ते हुए, जो मैं अपने पाँव पीछे रखूँ, तो हे माँ! आपका हृदय फटना चाहिए।[204] बादल कायर के लक्षण बताते हुए कहता है कि- *कायर बात करई हँसि-हँसि वेला पड़ियाँ जाइँ खिसी* अर्थात् कायर हँस-हँस कर बात करता है और समय आने पर खिसक जाता है।[205] *पदमिनीसमिओ* में तो साफ़ कहा गया है कि- *को काइर कैं जियौ कौन काल पहिं छुट्टो* अर्थात् कायर होकर जीने से कोई काल से मुक्त तो नहीं होता।[206]

यह ऐसी युद्ध संस्कृति थी, जिसमें माँ, पत्नी आदि परिजन योद्धा को युद्ध विमुख करने के बजाय युद्ध के लिए प्रेरित करते थे। *गोरा-बादल कवित्त* में बादल की पत्नी उससे कहती है कि *जू प्रिय कायर होय पेखि गय जूह गाजंता। तु मोहि आवइ लज्ज,*

जू तुं रिणि भजसि॥ अर्थात् हे प्रिय! तू हाथियों के समूह से जूझते हुए कायर हुआ तो मुझे लज्जा आयेगी।[207] *गोरा-बादल कथा* में तो वह और अधिक साफ़ कहती है कि- *कंता रिण पैसता मत तू कायर होइ। तुम्हे लज्ज, मुझ मेहणो, भलो न भाखे कोइ।* अर्थात् रण में प्रवेश करते समय तू कायर मत होना। इससे तुम्हे लज्जा आयेगी और मुझे उलाहना मिलेगा। कोई इसको अच्छा नहीं कहेगा।[208] हेमरतन के बादल की स्त्री उसे अपने यौवन का हवाला देकर युद्ध विमुख करने की चेष्टा करती है, लेकिन जब वह उसमें सफल नहीं होती, तो वह क्षत्रिय धर्म का निर्वाह करने का आग्रह करती हुई कहती है कि- *जिम बोलइ छइ तिम निरवहे, मत किणी वातइ जायइ ढहे। लाजउ म आणइ कुलि आपणइ, साँमी सुंबे साहसि घणउ।* अर्थात् जैसा बोलते हो, उसका निर्वाह करना, अपने कुल को लज्जित मत करना और हे स्वामी! युद्ध में बहुत साहसपूर्वक जूझना।[209] *पद्मिनीसमिओ* में भी कहा गया है कि- *धनि पराक्रम पुरखपति, पतनी हाम पुराम। छैह गंठि छंड़ि नह बंधि करौ सिद्ध जुध काम।* अर्थात् हे पौरुषवान पति! आपका पराक्रम धन्य है। आप स्नेह बंधन तोड़कर स्वामी का युद्ध कार्य संपन्न करें।[210] यही नहीं, अंततः बादल की पत्नी भी यही कहती है कि- *भगिही न कंत जब रन भिरत तबहि मुहि चढ़ि र उपनौ* अर्थात् जब युद्ध में भिड़ंत हो, तो तब वहाँ से पीठ दिखाकर न भागने पर मुख उज्जवल होता है।[211]

यह ऐसी युद्ध संस्कृति थी, जिसमें साहस पर बहुत ज़ोर दिया गया है। *खुम्माणरासो* में दलपति विजय कहता है कि-*सीह न जोवे चंदबळ, नवि जोवे घर रिद्ध। एकलो ही भांजे किलो, जहां साहस तिहाँ सिद्ध॥* अर्थात् योद्धा कभी मुहूर्त नहीं देखता, न वह अपने घर की समृद्धि की चिंता करता है। वह तो अकेला ही दुर्ग को ध्वस्त करता है। जहाँ साहस है, वहाँ सिद्धि है।[212] हेमरतन का बादल भी क्षत्रिय योद्धा की तुलना सिंह से करते हुए कहता है कि- *सिंह सदाई साँम्हों धँसई, वाढ्यउ ई नवि पाछउ खिसइ* अर्थात् सिंह सदा ही सामने की ओर धँसता है, वह मोड़ने पर भी नहीं मुड़ता। इसी तरह हाथी बहुत सारे होते हैं और उनमें सिंह अकेला होता है, लेकिन वह भयभीत नहीं होता।[213]

5.

कर्मफल और नियतिवाद भारतीय विचार और आचरण में सदैव रहे हैं। युद्ध के साथ इस विचार का संबंध भी बहुत पहले चला आ रहा है। *पराशरसंहिता* में कहा गया है कि- *द्वाविमौ पुरुषौ लोके सूर्यमण्डलभेदिनौ। / परिव्राड्योगयुक्तश्च रणे चाभिमुखो हतः॥* अर्थात् इस संसार में दो ही पुरुष सूर्यमंडल का भेदन करके उर्ध्व गति को प्राप्त करते हैं- एक तो योगमुक्त संन्यासी और दूसरा युद्धभूमि में वीरगति को प्राप्त

करनेवाला मनुष्य।[214] *पराशरसंहिता* में ही आगे कहा गया है कि- *जितेन लभ्यते लक्ष्मीर्मृतेनापि सुराङ्गनाः। क्षणध्वंसिनि कायेऽस्मिन्का चिन्ता मरणे रणे॥* अर्थात् युद्ध में वीर पुरुष यदि जय लाभ करे, तो लक्ष्मी हाथ आवे और आहत हो, तो सुरलोक में सुरांगना मिले।[215] *महाभारत* के शांति पर्व में कहा गया है कि *अधर्मः क्षत्रियस्यैष यच्छय्यामरणं भवेत्। / विसृजन् श्लेष्ममूत्राणि कृपणम् परिदेवयन्॥* अर्थात् बिस्तर में पड़े रहकर दुर्गत रोगी तरह मरना क्षत्रिय के लिए अधर्म है। उसे तो वीर की तरह युद्ध में प्राण त्यागने चाहिए, उसी में उसका जीवन सार्थक है।[216] टीका में नीलकंठ ने राजा के कर्तव्य के संबंध में लिखा है कि-*विक्रमेण महीं लब्ध्वा प्रजा धर्मेण पालयन्। / आह्वे निधनं कुर्याद्राजा धर्मपरायणः॥* अर्थात् पराक्रम से भूभाग जीतकर धर्मपूर्वक आचरण करते हुए धर्मपरायण राजा को युद्ध में मृत्यु प्राप्त करनी चाहिए।[217] इस तरह बहुत पहले राजा या योद्धा के कर्म और मुक्ति के साथ युद्ध भी जोड़ दिया गया। मध्यकाल में निरंतर होने वाले युद्धों के कारण इस पर ज़ोर दिया जाने लगा। मध्यकाल में युद्ध में खेत रहना या मरना यश और कीर्ति से भी जुड़ गया। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण विषयक रचनाओं में यह धारणा और विश्वास बार-बार दोहराये गये हैं। *खुम्माणरासो* में साफ़ शब्दों में कह दिया गया है कि *काया साटे कीरत जुड़े। मोले मुंहगी नवी पड़े* अर्थात् काया के बदले यदि कीर्ति मिले तो यह महँगा सौदा नहीं है।[218] लब्धोदय की *चौपई* में भी यह प्रकरण इसी तरह है। यहाँ बादल दृढ़ प्रतिज्ञ है- वह कहता है- *काया माया कारमी, जात न लागइं वार। सूरपणे कायरपणै, मरणो छै एक वार॥* अर्थात् काया-माया, दोनों नाशवान हैं, इन दोनों को जाते देर नहीं लगती। योद्धा होकर मरना या कायर होकर, मरना तो एक ही बार है।[219] आगे वह फिर कहता है कि- *तउ ढांढ़ा हुई किम मरौ, मरउ तउ मरण समारि। पत जास्यै पद्मिणी दिया अमचउ एह विचारि॥* अर्थात् फिर पशु होकर क्यों मरना, इस तरह मरना चाहिए कि मृत्यु स्मरण रखी जाए। पद्मिनी देने से प्रण भी जाएगा, इस पर विचार करना चाहिए।[220] यहाँ विश्वास यह है कि शरीर तो नाशवान है, इसलिए इसकी चिंता करने के बजाय यश मिलता हो, तो उसे लेना चाहिए। हेमरतन कहता है कि- *काया चाबतणी कोथली, खिण इक मेली, खिण ऊजली। / तिण साटइ जउ कीरति मिलइ तउ लेतां कुण पाछइ टलइ॥* अर्थात् शरीर तो चमड़े की थैली है। यह एक क्षण में मैली तो दूसरे ही क्षण में उजली लगती है। इसके बदले यदि कीर्ति मिलती हो, तो उसको लेने में कौन पीछे हटेगा।[221]

मध्यकालीन युद्ध संस्कृति में शौर्य, पराक्रम और युद्ध पुण्य कर्म मान लिए गये और इसके साथ ही यह विश्वास भी प्रबल और मान्य हो गया कि इससे स्वर्ग मिलता है। यह धारणा भी बहुत पहले से चली आ रही थी। *मनुस्मृति* में कहा गया है कि

आहवेषु मिथोऽन्योन्यं जिघासंतो महीक्षितः। युध्यमानाः परं शक्त्या स्वर्गं यान्त्यपराङ्मुखाः॥ अर्थात युद्ध में परस्पर प्रहार (चोट) करने की इच्छा करते हुए अपार शक्ति से युद्ध करते हुए राजा विमुख न (युद्ध से) होकर स्वर्ग को जाते हैं।[222] हेमरतन के यहाँ गोरा की स्त्री जब उससे पूछती है कि *काकउ केम रणगंणि रहइ* अर्थात काका (गोरा) ने युद्ध कैसे किया, तो वह उत्तर में कहता है कि *तिल-तिल छेदी तनु आपणउ, अमरपुरी पुहतउ पाँहुणउ। / कुल अजुआलिउ गोरइ आज सुभटाँ तणी उतारी लाज।* अर्थात् अपने शरीर को तिल-तिल छिदवा कर वे अतिथि की तरह स्वर्ग गये। गोरा ने अपने कुल को उज्ज्वल कर दिया और उन्होंने योद्धाओं की लाज रखी।[223] हेमरतन के अनुसार उसकी पत्नी भी सती होकर पति के पास स्वर्ग में पहुँच गई। हेमरतन लिखता है कि *पासइ जइ पुहती जिसइ, अर्धासण दीउ इंद्रइ तिसइ। / अमरपुरी पुहता अवगाहि, जयजयकार हुअ जगमाहिं।* अर्थात् गोरा की पत्नी भी सती होने के बाद उसके (गोरा) पास पहुँच गई। इंद्र ने गोरा की पत्नी को गोरा के साथ का अर्धासन दिया।[224] उसके स्वर्ग में पहुँचने से संसार में जय-जयकार हुआ। जटमल नाहर की *गोरा बादल कथा* में गोरा के खेत रहने का प्रकरण और भी प्रभावी बनाकर प्रस्तुत किया गया है। जटमल नाहर ने लिखा है कि-

गोरा का सिर ताँम, तुरत तिण गिरज उठायो, मुखतै छूटो गिरझ उठायो।
देवांगाना तें छूटि, सोइ सिर गंगा पडियो, गंगा ते लियो संभु, रुंड्माला में जड़ियो।
सो सोह गोरल भरतार इम,
सापवित्र मस्तक भयो, यों जूझै परकाज पर सो गोरो सिवपुर गयो।

अर्थात् जब गोरा युद्ध में खेत रहा, तो गिरने से पूर्व उसका सिर गिद्ध ने उठा लिया। वह सिर गिद्ध के मुँह से छूटा, तो उसको देवांगना ने ले लिया। देवांगना के हाथ से सिर गंगा में गिरा, जिसको भगवान शंकर ने लेकर अपनी रुंडमाला में पिरो लिया। अब वह पार्वती पति भगवान शंकर के गले की शोभा है।[225]

5.

स्वामिधर्म पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर आधारित कथा-काव्यों का प्रतिपाद्य है। ख़ासतौर पर उन रचनाओं में जहाँ गोरा-बादल प्रकरण को प्राथमिकता दी गई है, स्वामिधर्म केंद्रीय सरोकार की तरह रहा है। मेवाड़ की प्रशासनिक-राजनीतिक व्यवस्था में आरंभ से ही स्वामिभक्ति को एक सर्वोपरि मूल्य के रूप में विकसित किया गया और यह इस व्यवस्था की दृढ़ता और निरंतरता का प्रमुख कारण भी है। स्वामी के प्रति विश्वासघात या उसका साथ छोड़ने वाले को यहाँ घृणा की नज़र से देखते थे और उसको मैत्री और संबंध के दायरे से बाहर रखा जाता था। बहुत बाल्यकाल से क्षत्रिय

समाज में यह धारणा संस्कार की तरह मजबूत की जाती थी कि स्वामी के प्रति विश्वासघात घोर पाप है। चारण-भाट यह धारणा कथा-कहानियों से मजबूत करते थे। जब कोई सामंत उत्तराधिकारी होता था, तो वह राजा के समक्ष यह शपथ लेता था कि ''मैं आपका छोरू अर्थात् बालक हूँ और मेरा सिर और तलवार आपके हैं, आपकी आज्ञा का सेवक हूँ।''[226] राजा और उसके अधीनस्थ सामंतों का संबंध बहुत घनिष्ठ और निकट का होता था। सामंत राजा के प्रति स्वामिभक्त रहे और उसकी सर्वोच्चता की मान्यता दे, इस निमित्त कई प्रथाएँ थीं। राजा जब दरबार में आता, तो उसके सभी अधीनस्थ सामंत दोनों और पंक्ति में खड़े होकर 'अन्नदाता' कहकर उसका अभिवादन करते थे।[227] राजा एक-एक कर सभी से अभिवादन लेकर बैठने का संकेत करता, तो सभी बैठते थे। राजा जब भोजन करने बैठता, तो वह अपनी थाली में से कुछ निकालकर अपने अधीनस्थ सामंतों को देता, जिसे वे कृपापूर्वक ग्रहण करते थे। सत्तारूढ़ सामंत से उम्र में बड़े उसके काका-मामा आदि भी पाँव बड़ा मानकर उसका उसी तरह से सम्मान करते थे, जैसे दूसरे अधीनस्थ सामंत करते थे। स्वामिधर्म की यह प्रथा उपनिवेशकाल तक मौजूद थी। जेम्स टॉड ने इसकी सराहना करते हुए लिखा कि ''राजपूतों में कदाचित् ही कोई अपने ठाकुर के साथ विश्वासघात करता है, किंतु स्वामिभक्ति में प्राण अर्पित करने के उदाहरण अनगिनत हैं, जिनमें से कई एक पत्रों में जहाँ-तहाँ मिलेंगे। इनकी प्रतिष्ठा की दृष्टि से यह अवश्य कहना होगा कि नीचतावश अपने स्वामी का साथ छोड़ देना प्राय: इनमें नहीं पाया जाता, और जब कोई ऐसा कर्म करता है, तो वह सबकी घृणा का पात्र हो जाता है। अपने सरदार के प्रति स्वामिभक्ति 'स्वामिध्रम्म' समस्त सद्गुणों में सर्वोपरि माना जाता है।''[228]

रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण विषयक इन ऐतिहासिक कथा-काव्यों में स्वामिधर्म की महिमा का वर्णन भी है और यह इनके चरित्रों और घटनाओं में चरितार्थ भी हुआ है। हेमरतन ने तो *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में वीर, श्रृंगार, और हास्य रस के साथ 'स्वामिधर्म रस' की उद्भावना की है। हेमरतन कहता है कि- *वीररस सिणगार रस हासा रस हितहेज। सामिधरम रस साँभलउ, जिम हुइ तनि अति तेज॥''* अथार्त् वीर, श्रृंगार और हास्य रस हितकारी है, लेकिन स्वामिधर्म रस सुनो, जिससे शरीर में तेज का संचार होता है।[229] *समिओ* में तो स्वामिधर्म की महिमा को स्त्री के सौभाग्य से संबद्ध किया गया है। उसमें कहा गया है कि- *अहिबात अचल जिन घरनि साम काम झूझत अनि॥* अर्थात् उन स्त्रियों का सौभाग्य अचल रहता है, जिनके पति अपनी स्वामी के लिए युद्ध करते हैं।[230] लब्धोदय ने *पद्मिनी चरित्र चौपई* के आरंभ में ही यह कह दिया है कि *गोरा-बादल अति सगुण सूर वीर सिरदार। चित्रकूट कीधो चरित स्वामी धर्म साधार।* अर्थात् गोरा और बादल योद्धा हैं और उन्होंने स्वामिधर्म

को चित्रकूट में आधार प्रदान किया है।[231] *खुम्माणरासो* के इस प्रकरण के अंत में समाहार करता हुआ कवि दलपति विजय कहता है कि– *सामधरम सापुरषा होय, सील दृढ़ कुलवती जोय।* अर्थात् गोरा–बादल की यह कथा सुनने से सत्पुरुषों में स्वामिधर्म की भावना और कुलीन नारियों को शील की दृढ़ता प्राप्त होती है।[232] *खुम्माणरासो* में तो स्वामिधर्म के गुण को संसार में यश का आधार कहा गया है। दलपति विजय ने बादल की पत्नी से कहलवाया है कि– *भलो कहेंसी संसार। सामधरम रहेसी आचार॥* अर्थात् सारा संसार आपकी प्रशंसा करेगा और स्वामिधर्म की परंपरा जीवित रहेगी।[233]

पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर आधारित इन कथा–काव्यों में स्वामिधर्म चरितार्थ भी हुआ है। गोरा और बादल का पद्मिनी के आग्रह पर युक्ति और वीरता के साथ बंदी रत्नसेन को मुक्त करवाने का कार्य स्वामिधर्म का अच्छा उदाहरण है। दरअसल गोरा और बादल, दोनों रत्नसेन के अधीनस्थ सामंत है, लेकिन नाराज़गी के कारण राजा द्वारा प्रदत्त ग्रास (जागीर) का उपयोग नहीं कर रहे हैं। अलाउद्दीन द्वारा दुर्ग पर घेरा डाल देने के कारण वे दोनों दुर्ग छोड़कर भी नहीं जा रहे हैं। पद्मिनी के आग्रह पर नाराज़गी के बावजूद वे दोनों स्वामिधर्म का निर्वाह करते हुए रत्नसेन की मुक्ति के लिए पराक्रम दिखाते हैं। यह प्रकरण कुछ मामूली असमानताओं के साथ इन अधिकांश ऐतिहासिक कथा–काव्यों में मौजूद हैं। दोनों के संबंध में हेमरतन कहता है कि *ब्यूँही तीरइ अधिकउ त्रेष, सामिधरम पालइ सविशेष।* अर्थात् दोनों ही अधिक तेज़ युक्त हैं और स्वामिधर्म का अनुपालन विशेष रूप से करते हैं।[234] *खुम्माणरासो* में दलपति विजय कहता है कि– *राम तणें भिड़या (जिम) हणुमान। तिम बादल रतनसी राण। पद्मणी सत सीता सारिषि। बादल भिड़े लंका आरषी।* अर्थात् भगवान राम के लिए जिस प्रकार हनुमान ने युद्ध किया, उसी प्रकार बादल ने राणा रतनसिंह के लिए युद्ध किया। पद्मिनी सीता के समान है और बादल समुद्र लाँघकर रक्षा करने वाले वीर योद्धा हनुमान के समान।[235] *गोरा–बादल कवित्त* में गोरा पद्मिनी से कहता है कि– *सांमि काज अणसरउं, नारि पद्मिणी उवेलउं* अर्थात् स्वामी का कार्य करूँगा और पद्मिनी का उद्धार करूँगा।[236] बादल लब्धोदय की निगाह में स्वामिधर्म का पर्याय है। वह उसकी पत्नी से कहलवाता है कि– *भलो सांमिधर्म बादल समो हुओ न होसी कोय* अर्थात् स्वामिधर्म के निर्वाह में बादल जैसा और कोई नहीं हुआ।[237]

6.

यौन शुचिता और शील की रक्षा का आग्रह पद्मिनी–रत्नसेन पर एकाग्र ऐतिहासिक कथा–काव्यों में बहुत है। मध्यकालीन क्षत्रिय समाज में स्त्रियों से यौन शुचिता और

शील के निर्वाह अपेक्षा की जाती थी। यौन शुचिता आम भारतीय के संस्कार में बद्धमूल है। शास्त्रों और स्मृति-संहिताओं में पहले से ही इस निमित्त कई प्रावधान हैं। *मनुस्मृति* में उल्लेख है कि *व्यभिचारात्तु भर्तुः स्त्री लोके प्राप्नोति निंद्यताम्। / शृगाल योनिं प्राप्नोति पापरोगैश्च पीड्यते॥* अर्थात् परपुरुष के साथ संभोग करनेवाली स्त्री इस लोक में निंदित होती है, मरकर शृगाल की योनि में उत्पन्न होती है और (कुष्ठ आदि) रोगों से दुःखी होती है।[238] स्त्री की रक्षा को भी *मनुस्मृति* में मनुष्य का कर्त्तव्य माना गया है। इसमे उल्लेख है कि- *स्वां प्रसूतिं चरित्रं च कुलमात्मानमेव च। स्वं च धर्मं प्रयत्नेन जायां रक्षन्हि रक्षति॥* अर्थात् (ब्राह्मण-क्षत्रियादि) स्त्री की रक्षा करता हुआ मनुष्य अपनी संतान, आचरण, कुल, आत्मा और धर्म- इनकी रक्षा करता है। (इस कारण स्त्रियों की रक्षा का यत्न करना चाहिए।)[239] मध्यकाल में निरंतर युद्ध और बाहरी आक्रमण हो रहे थे। तुर्क आक्रांताओं की मंशा भूमि पर आधिपत्य के साथ स्त्रियों पर आधिपत्य की भी होती थी। यह प्रथा थी कि आक्रमणकारी अकसर पराजित शत्रु की स्त्रियों को ले जाते थे और उनको अपने सैनिकों में बाँट देते थे।[240] यह बहुत अपमानजनक और त्रासकारी था। रत्नसिंह के पिता समरसिंह के समय भी अलाउद्दीन ने आक्रमण किया और वह दंड लेकर आगे गुजरात निकल गया।[241] 1303 ई. उसने मेवाड़ पर आधिपत्य के लिए फिर आक्रमण किया। उसने गुजरात, रणथंभोर और देवगीर पर आक्रमण किया। इन सभी आक्रमणों में समान यह है कि उसने स्त्रियों की माँग रखी। *पद्मावत* (1540 ई.) से पहले की *छिताई चरित्र* (1475-1480 ई.) में इसका स्पष्ट उल्लेख है। अलाउद्दीन कहता है कि- *मेरी कहिउ न मानइ राउ। बेटी देइ न छांडइ ठाऊ...। / रनथंभौर देवल लगि गयो। मेरो काज न एकौ भयो॥ / मइ चित्तौर सुनी पदुमिनी॥ / बंध्यौ रतनसेन मइ जाइ। लइगो बादिल ताहि छंडाइ। / जो अबके न छिताई लेऊं। तो यह सीस देवगिरि देऊं॥*[242] यह तय है कि तुर्क और परवर्ती आक्रांता स्त्री लोलुप थे, जिससे यहाँ के शासकों में स्त्रियों की यौन शुचिता और शील की रक्षा का आग्रह बहुत बढ़ गया। यह आग्रह इस सीमा तक बढ़ा कि कई बार यह जीवन-मरण का प्रश्न हो जाता था। स्त्रियाँ अकसर इसके लिए प्राण दे देती थी और पुरुष लड़कर मर जाते थे। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण संबंधी कथा-काव्यों में युद्ध का असल कारण यही है। अलाउद्दीन ने यह जानकर कि राजा रत्नसेन के पास पद्मिनी है, चित्तौड़ पर आक्रमण किया। *गोरा-बादल कवित्त* में अलाउद्दीन कहता है कि *मारुउ देस हिंदुआण कूं, त्रीया एक जीवित धरउं* अर्थात् हिंदू देश की ख़त्म कर स्त्री (पद्मिनी) को जीवित पकड़ लूँगा।[243] *गोरा-बादल पदमिणि चउपई* में पद्मिनी के लिए अलाउद्दीन की व्याकुलता का विस्तृत वर्णन है। वह राघव व्यास से कहता है कि *एहनउ रूप अनोपम एह रूप तणी इण लाधी रेह। एहना एक अँगूठा*

जिसी अवर नारि नहु दीसइ इसी। अर्थात् इसका रूप अनुपम है, इसके जैसी और कोई नहीं है यहाँ इसके अँगूठे जैसी भी कोई नहीं है।[244] आगे कवि कहता है कि *पद्मिणी नारि हिया महि वसी और मूर्च्छित चित्त हुए पातसाहि* अर्थात् पद्मिनी स्त्री उसके हृदय में बस गई और वह मूर्च्छित हो गया।[245] *पाटनामा* में भी उल्लेख है कि *पातसाह पद्मिणी जी देखेर सुध भूल हो गीयो* अर्थात् बादशाह पद्मिनी देखकर सुध भूल गया।[246]

पद्मिनी स्वयं अपनी यौन शुचिता और शील को लेकर बहुत चिंतित है। वह *गोरा–बादल कवित्त* में अपने को अलाउद्दीन को सौंपने के निर्णय से व्यथित होकर कहती है कि *तदिन जीभ खंडवि मरउं, योगिणीपुर नवि दिखसऊं* अर्थात् उस दिन मैं अपनी जिह्वा खंडित कर मृत्यु का वरण कर लूँगी, लेकिन दिल्ली नहीं देखूँगी।[247] हेमरतन कृत *गोरा–बादल पद्मिणी चउपई* में उसका स्वर और उग्र है। वह साफ़ और दो टूक शब्दों में कहती है कि– *खंडू जीभ दहूँ निज देह। पिण नवि जाऊँ असुराँ गेह। लाखा जमहर लरि नई बलूं, पिण नवि कोट थकी निकलूँ।* अर्थात् मैं अपनी जीभ खंडित कर देह त्याग दूँगी, लेकिन राक्षस के घर नहीं जाऊँगी। लाखों चिताएँ जलाकर जल जाऊँगी, लेकिन दुर्ग से बाहर नहीं निकलूँगी।[248] लब्धोदय की *पद्मिनी चरित्र चउपई* में भी वह कमोबेश यही बात कहती है कि– *सील न खंडुं, जीभड़ी खंडस्यं रे कै नखूँ सिर काट।* अर्थात् जीभ और सिर काट दूँगी, लेकिन शील खंडित नहीं होने दूँगी।[249] *खुम्माणरासो* में भी वह यही कहती है– *सील न खंडू देह अखंड। जो फिर उलटे ए ब्रमांड। / सुहड़ करावे वलि भरतार। मुझ कुळ नहीं ए आचार।* आशय यह है कि मैं अपने शरीर के अखंड शील को खंडित नहीं होने दूँगी, चाहे ब्रह्मांड उलट जाए। ये योद्धा मेरे लिए नया पति लाना चाहते हैं, लेकिन मेरे कुल की रीति नहीं है।[250] आगे वह और कहती है कि *हिंदुवाण वंश लांछन लगे, थूक थूक कहई दुनि* अर्थात् इससे हिंदू कुलवंश को लांछन लगेगा, दुनिया इस पर थूकेगी, मतलब धिक्कारेगी।[251] वह अपने पति को भी यही परामर्श देती है कि *तजियै पीव पिराँन और को नारि न दीजै। काल न छूटै कोय सीस दै जग जस लीजै* अर्थात् हे प्रिय! प्राण छोड़ दीजिए, लेकिन अपनी स्त्री किसी को मत दीजिए। मृत्यु किसी का नहीं छोड़ती, इसलिए सिर देकर यश लेना चाहिए।[252]

पदमिनी रत्नसेन संबंधी काव्यों में गोरा और बादल भी स्त्री देकर राजा को लेने के विचार से असहमत हैं और वे इसे क्षत्रियत्व के विरुद्ध मानते हैं। हेमरतन कृत *गोरा–बादल पद्मिणी चउपई* में बादल सामंतों की सभा में साफ़ कहता है कि पद्मिनी देकर राजा लेने से *छाटूँ पड़सी सगलइ देसी, मस्तकि कोई न रहसी केस। खित्रवट सहू लोपसी खरी आ थें बात भला नादरी।* अर्थात् पूरे देश में हम पर कलंक

लगेगा सिर पर बाल नहीं रहेंगे और क्षत्रियत्व का लोप हो जाएगा।[253] आगे वह और कहता है कि *मांडा सुमट भरइ गह गही, पिण निज माण मेल्लहि सही माण पखइ नर कहहि किसउ, कण विण ठाला कूकस जिसउ* अर्थात् योद्धा सब खोकर भी कभी अपना मान नहीं खोता। मान छोड़ देने वाला मनुष्य वैसा ही है, जैसा कण के बिना व्यर्थ भूसा होता है।[254] *खुम्माणरासो* का बादल कहता है कि– *वळि मरबो रजपूतां भलो। आमो सांमो करबो भलो॥ स्त्री दीई न नें लीजें राव। सकज न था (पि) इं एह कुदाव॥* अर्थात् राजपूतों के लिए शत्रु का युद्ध में सामना करते हुए मरा जाना श्रेयकर है। रानी को देकर राजा को छुड़ा लाने की नीति का विचार शक्तिशाली वीर नहीं किया करते।[255]

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा–काव्यों में तत्कालीन राजनीति, प्रशासन और जीवन मूल्यों और आस्था–विश्वास का जो रूप बनता है, वह उपलब्ध अन्य पुरालेखीय और साहित्यिक साक्ष्यों से बहुत अलग नहीं है। मेवाड़ में सदियों से गुहिलवंश का वर्चस्व रहा है, जो सूर्यवंशी क्षत्रीय राजपूत है। यह धारणा निराधार है कि क्षत्रिय और राजपूत, दो अलग जातियाँ हैं और राजपूतों की उत्पत्ति विदेशी मूल की है। दरअसल राजपूत प्राचीन क्षत्रिय परंपरा का ही मध्यकालीन विस्तार है। विवेच्य रचनाओं में 'क्षत्रिय' शब्द का ही व्यवहार हुआ है। शक, हूण आदि जिन जातियों से राजपूतों की उत्पत्ति मानी जाती है, वे सभी जातियाँ हमारे प्राचीन शास्त्रों में क्षत्रिय जातियों में परिगणित की गयी हैं। इसी तरह मध्य एशिया, जहाँ से उनका आगमन माना जाता है, वहाँ छठी–सातवीं सदी में भारतीय सभ्यता की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं। गुहिल वंश की ईरान के नौशरवाँ आदिल वंश से संबद्धता और मेवाड़ में उसके वल्लभी से आने की धारणा भी युक्तिसंगत नहीं है। पुरालेखीय प्रमाण इसके आगरा की तरफ़ से आने की पुष्टि करते हैं। यह धारणा भी निराधार है कि गुहिल वंश की उत्पत्ति नागर ब्राह्मणों से हुई। सभी पुरालेखीय साक्ष्य उसके क्षत्रिय होने की पुष्टि करते हैं। यह माना जाता है कि गुहिल राम के पुत्र कुश के वंशज राजा सुमित्र के वंश में 560 ई. राजा गुहिल हुआ, जिससे इस वंश की शुरुआत हुई। गुहिल के बाद इसमें बप्पा, खुम्माण आदि कई शासक हुए। बप्पा ने मोरियों से चित्तौड़ छीनकर अपने राज्य में मिलाया। खुम्माण भी बहुत पराक्रमी था– बाद में यह नाम मेवाड़ के शासकों का विशेषण हो गया। कई शासकों के बाद तेरहवीं सदी में तेजसिंह के उत्तराधिकारी समरसिंह (1273–1301 ई.) के बाद उसका पुत्र रत्नसेन (1302–1303 ई.) सत्तारूढ़ हुआ। मेवाड़ के कुछ वंशावली अभिलेखों में रत्नसेन का नामोल्लेख नही मिलता, लेकिन विवेच्य रचनाओं और नये उपलब्ध पुरालेखीय साक्ष्यों से इतना तो तय है कि 1303 ई.

अलाउद्दीन ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया और उस समय रत्नसेन वहाँ का राजा और पद्मिनी उसकी रानी थी। चित्तौड़ जीतने बाद उसने वहाँ का शासन अपने पुत्र ख़िज्र ख़ाँ को दिया। बाद में निरंतर उपद्रवों के कारण ख़िज्र ख़ाँ की जगह अलाउद्दीन ने क़िला जालोर के मालदेव सोनगरा को सौंप दिया। गुहिल वंश के ही सिसोदा की जागीर के स्वामी हम्मीर ने 1326 ई. के आसपास दिल्ली सल्तनत के कमज़ोर होते ही मालदेव को परास्त कर मेवाड़ पर अपना आधिपत्य क़ायम कर लिया।

विवेच्य कथा-काव्यों और दूसरे उपलब्ध साक्ष्यों से लगता है कि प्रकरणकालीन मेवाड़ की राजनीतिक-प्रशासनिक व्यवस्था यूरोपीय और शेष देश की सामंतवादी व्यवस्था से कुछ हद तक अलग और ख़ास प्रकार की थी। यहाँ राजनीतिक-प्रशासनिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण ब्राह्मणों को भूमिदान से नहीं हुआ। यह सही है कि यहाँ बहुत शुरू से ब्राह्मणों और मंदिरों को भूमिदान दिया जाता रहा है और इस तरह के अभिलेख भी निरंतर मिलते हैं, लेकिन यह उनको आजीविका के लिए दिया जाता था और इस पर उनका स्वामित्व स्थायी नहीं था। यहाँ भूमि सैन्य सेवा के बदले अपने कुटुम्बियों और अन्य बाहरी योद्धाओं की दी गयी और सत्ता का विकेंद्रीकरण भी इसी आधार पर हुआ। राजाज्ञा यहाँ सर्वोपरि थी और उसकी अनुपालना भी आवश्यक थी, लेकिन अधीनस्थ सामंतों का युद्ध आदि मसलों में परामर्श भी आवश्यक था और कुछ मामलों में वे स्वायत्त और ताक़तवर भी थे। मेवाड़ की यह व्यवस्था शेष राजस्थान की रियासतों से भी अलग थी- वहाँ अधीनस्थ सामंतों को इतने अधिकार नहीं थे। दरअसल मेवाड़ राजस्थान के दूसरे राज्यों की तुलना में बहुत पुराना राज्य था। टॉड के शब्दों में ''यह वंश ऐसे प्राचीन समय में स्थापित हो चुका था, जबकि अन्य पुनर्जीवित या अभी गर्भावस्था में ही थे। इस कारण मेवाड़ की रीति-नीति और विधि विधान अन्य राज्यों से स्पष्ट रूप से भिन्न हैं।''[256] यहाँ के सामंत और उपसामंत केवल सैन्य सेवा के लिए उपलब्ध व्यक्ति नहीं थे, उनके कुछ पारम्परिक अधिकार थे और राज्य की रीति-नीति के निर्धारण में उनकी निर्णायक भूमिका थी। कई बार वे राजा के चयन और अयोग्य शासक की पदच्युति में भी प्रभावी भूमिका निभाते थे। राजा उनसे परामर्श और सहयोग लेने के लिए लगभग बाध्य था। काश्तकार उत्पादन और आर्थिक मामले में लगभग स्वतंत्र थे और इसके अलावा कुछ हद तक उनका अपनी काश्तभूमि भूमि पर विधिक अधिकार भी था। उनसे आमतौर पर उत्पादन का 1/2 से लगाकर 1/4 तक बतौर राजस्व लिया जाता था और कृषि दासता जैसी स्थिति यहाँ कभी नहीं रही।

विवेच्य रचनाओं और दूसरे साक्ष्यों से यह भी लगता है बाह्य आक्रमणों और निरंतर होनेवाले युद्धों के कारण यहाँ कुछ ख़ास प्रकार के सांस्कृतिक मूल्यों का विकास

हुआ, जिनकी जड़ें हमारे शास्त्रों और स्मृतियों में थीं। क्षत्रियत्व की प्रमुख अभिलक्षणाएँ- शौर्य, पराक्रम, युद्ध, शरणागति और प्रजा की रक्षा आदि इस दौरान बहुत प्रमुख हो गयीं। युद्ध की भी एक संस्कृति बन गयी, जिसमें मरना-मारना और पीठ नहीं दिखाना योद्धा के ज़रूरी गुण मान लिए गए। विवेच्य रचनाओं में 'खित्रिवट' (क्षत्रियत्व) 'रिणवट' (युद्ध की रीत) की ख़ूब सराहना हुई है। कर्मफल और नियतिवाद मध्यकालीन विचार और आचरण में सम्मिलित थे, लेकिन ये धीरे-धीरे युद्ध संस्कृति के साथ भी जुड़ गए। विवेच्य रचनाओं में इस धारणा को बार-बार पुष्ट किया गया है कि शरीर नश्वर है, इसलिए इसका मोह नहीं करना चाहिए और युद्ध में मृत्यु से यश और स्वर्ग मिलते हैं। स्वामिधर्म भी इन रचनाओं में केंद्रीय सरोकार है। गोरा-बादल के चरित्रों की योजना इस मूल्य को चरितार्थ करने के लिए ही हुई है। निरंतर बाह्य आक्रमणों और आक्रांताओं के स्त्रीलोलुप आचरण और स्वभाव के कारण मध्यकाल में स्त्रियों के शील और यौन शुचिता का आग्रह और चिंता भी बहुत बढ़ गयी। विवेच्य रचनाओं में इसका आग्रह बहुत है। यहाँ पद्मिनी अपने शील और यौन शुचिता की रक्षा के निमित्त मर जाने के लिए संकल्पित है और उसके परिजन भी इसके लिए मरने और मारने के लिए प्रतिश्रुत हैं।

संदर्भ और टिप्पणियाँ

1. माइकेल विटज़ेल की धारणा है कि भारत में इतिहास लेखन की परंपरा उसी तरह से रही है, जैसे यह दूसरी सभ्यताओं मिलती है। चक्रीय कालबोधवाले इतिहास बोध के साथ यहाँ एक रेखिक कालबोधवाले इतिहास की रचनाएँ भी पर्याप्त संख्या में हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण बात उन्होंने सप्रमाण यह कही है कि इस परंपरा में व्यवधान मध्यकालीन इस्लामी हस्तक्षेप से आया। उनके अपने शब्दों में ''ऐतिहासिक लेखन की कमी और ऐतिहासिक अर्थों की कथित कमी, बड़े पैमाने पर, भारतीय सभ्यता के धार्मिक और दार्शनिक सिद्धांतों की तुलना में मध्ययुगीन इतिहास की दुर्घटनाओं के कारण अधिक है।''- माइकेल विटज़ेल, ''ऑन इंडियन हिस्टोरिकल राइटिंग्ज़- दि रोल ऑफ़ वंशावलीज़,'' *जर्नल ऑफ़ जपानीज़ साउथ एशियन स्टडीज़-2,* 1990, 57.

2. मेवाड़ से संबंधित उत्तर मध्यकालीन भूराजस्व आदि दस्तावेज़ों पर कई अध्ययन हुए हैं और इनमें से अधिकांश का प्रकाशन भी हुआ है। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं-

(i) हुकुमसिंह भाटी, संपा., *मेवाड़ जागीरदारां री विगत- सं. 1761-1880* (उदयपुर: प्रताप शोध प्रतिष्ठान, भूपाल नोबल्स संस्थान,1993).

(ii) हुकुमसिंह भाटी, संपा, *मेवाड़ के ऐतिहासिक परवाने- ठिकाना विजयपुर संग्रह* (उदयपुर: प्रताप शोध प्रतिष्ठान, भूपल नोबल्स संस्थान, 1993).

(iii) मीना गौड़, *मेवाड़ ठिकाने के पट्टे परवाने-17वीं से 19वीं शताब्दी* (उदयपुर: अंकुर प्रकाशन, 2008).

3. पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण संबंधी रचनाओं में सर्वत्र 'क्षत्रिय' या उसके अपभ्रंश शब्दों का इस्तेमाल हुआ है। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं- *खत्री सोहि **खत्रवट** चले, मरण दिए पिण नवि निकले।* (दलपति-119), ***खत्री** धरम लज्जियो मिट्यो भिड मांन गुमानह॥* (दलपति-120), *प्रथवी **खत्रीवट** हुई हीण।* (दलपति-121), ***राखी** खित्रवट रेख* (हेमरतन-1, लब्धोदय-3), ***खित्रवटि** हुई खीण* (हेमरतन-59), *भलउ भवाड़े **खित्रि** वंश पुहवी करावे सबल प्रशंस* (हेमरतन-72), ***खित्रिवटि** काँइ न आणिसूँ खता* (हेमरतन-84). *खोई **खित्रिवट** लीको रे* (लब्धोदय-68). *लाजत छै नीची दियां कुल **खत्री** धर्म सार* (लब्धोदय-69), ***खित्रिवट** राखजो खरो रे* (लब्धोदय-91) आदि। मध्यकालीन होते हुए भी इन रचनाओं में 'राजपूत' शब्द का व्यवहार बहुत सीमित है। इससे संबंधित दो उदाहरण मिलते हैं, जो इस प्रकार हैं- (i) *वळि मरबो **रजपूतां** भलो। आमो सांमो करबो भलो॥*(ii) *तीन सहस **रजपूत,** खाय अमल, घूँमै खड़े।* (जटमल नाहर-204)

4. (i) वेद व्यास, *महाभारत* (द्रोण पर्व), 7.112.20. संपा. रामचंद्र शास्त्री (दिल्ली: ओरियंटल बुक्स रीप्रिंट कारपोरेशन, द्वितीय संस्करण 1979), 160.

(ii) वेद व्यास, *महाभारत* (शांति पर्व),12.63.9, 111.

5. (i) *राजपुत्रः कृच्छ्रवृत्तिरसदृशे कर्मणि नियुक्तः पितरमनुवर्तेत॥1॥ / अन्यत्र प्राणाबाधक प्रकृतिकोपकपातकेभ्य॥2॥* - कौटिल्य, *कौटलीय अर्थशास्त्र,* 18.1, संपा. एवं व्याख्या उदयवीर शास्त्री (नयी दिल्ली: मेहरचंद लछमनदास, 2016), 51.

(ii) *अथ तेजस्विसदनं तपःक्षत्रं तमाश्रमम्। / केचिदिक्ष्वाकवो जग्मू राजपुत्रा विवत्सवः॥* - अश्वघोष, *सौदरानंद काव्य,* 1.18, संपा एवं अनुवाद सूर्यनारायण चौधरी (कठौतिया (झांसी): संस्कृत भवन, 1948), 4.

(iii) भालिभाडाप्रभृतिग्रामेषु संतिष्ठमानश्रीप्रतिहावंशीयसर्व्वराजपुतैश्च। - एच. लूडर्स, ''आबू पर नेमिनाथ मंदिर का वि.सं.1287 का शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* 1905-06, खंड-VIII, संपा. ई. हल्सटेक (कलकत्ता: आरिकियोलोजिल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1906), 222.

6. इतिहास में नवीं से लगाकर बारहवीं सदी तक के समय को 'राजपूत युग' सबसे पहले वी.ए. स्मिथ ने कहा। बाद में यह प्रयोग यूरोपीय और भारतीय इतिहाकारों में चलन में आ गया। - वी.ए. स्मिथ, *ऑक्सफ़ोर्ड हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया* (लंदन : ऑक्सफ़ोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, 1923), 172.

7. अनिलचंद्र बनर्जी, *लेक्चर्स ऑन राजपूत हिस्ट्री* (कलकत्ता: फर्म के.एल. मुखोपाध्याय, 1962), 29.

8. चंद बरदाई, *पृथ्वीराजरासो,* संपा. मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या (वाराणसी: नागरी प्रचारिणी सभा, 1904-1912), 1: 51.

9. सूर्यमल्ल मीसण, *वंश भास्कर,* संपा. चंद्रप्रकाश देवल (नयी दिल्ली: साहित्य अकादेमी, द्वितीय सस्करण 2017), 1: 498-564.

10. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* संपा. विलियम क्रूक (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1971, प्रथम संस्करण 1920),1: 70.

11. विलियम क्रूक, ''इंट्रोडक्शन'', जेम्स टॉड कृत *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: XXXI.

12. वि.ए. स्मिथ, *अर्ली हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया* (ओक्सफोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, 1914), 409.

13. डी.आर. भंडारकर, ''फोरेन एलिमेन्ट्स इन दि हिन्दू पोपूलेशन,'' *इंडियन एंटिक्वेरी,* खंड-40, संपा. रिचर्ड क्रेंक टेंपल एवं डी.आर. भंडारकर (बम्बई: ब्रिटिश इंडिया प्रेस,1911), 7.

14. रोमिला थापर, *प्राचीन भारत का इतिहास* (नयी दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, बारहवाँ संस्करण 1990, मूल अंग्रेजी संस्करण 1966), 205.

15. सी.वी. वैद्य, *हिस्ट्री ऑफ़ मेडिईवल हिंदू इंडिया* (पूना: दि ओरियंटल बुक सप्लाइंग एजेंसी, 1924), 2: 7.

16. गौरीशंकर ओझा, *राजपूताने का इतिहास,* (अजमेर: वैदिक यंत्रालय, 1937), 1: 41-78.

17. अनिलचंद्र बनर्जी, *लेक्चर्स ऑन राजपूत हिस्ट्री,* 29.

18 मोहम्मद हबीब, *भारतीय इतिहास का आरंभिक मध्यकाल,* संपा. इरफ़ान हबीब (दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, हिंदी संस्करण 2010), 51.

19. वी.ए. स्मिथ, *अर्ली हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया,* 411.

20. सी.वी. वैद्य, *हिस्ट्री ऑफ़ मेडिईवल हिंदू इंडिया,* 2: 17.

21. वही, 6.

22. गौरीशंकर ओझा, *राजपूताने का इतिहास,* 1: 58.

23. अनिलचंद्र बनर्जी, *लेक्चर्स ऑन राजपूत हिस्ट्री,* 7.

24. सी.वी. वैद्य, *हिस्ट्री ऑफ़ मेडिईवल हिंदू इंडिया,* 2: 10.

25. वही, 17.

26. हीरानंद, ''ग्वालियर के शिलालेख,'' *एन्यूअल रिपोर्ट*-203-4, (कलकत्ता: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 203-204), 277- 281.

27. *रघुकुलतिलको महेंद्रपाल: सकलकलानिलय: स यस्य शिष्य: ॥*- राजशेखर, *विद्धशालभंजिका,* 1.6, संपा. एवं व्याख्या रमाकांत त्रिपाठी (वाराणसी: चौखंभा विद्या भवन, 1953), 3.

28. एफ. कीलहोर्न, ''मथनदेव का राजोर शिलालेख (वि.सं.1016),'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* खंड-III (कलकत्ता: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1894-95, पुनर्मुद्रण, 1979), 263-267.

29. एफ. कीलहोर्न, ''चहमान विग्रहराज का हर्ष शिलालेख (वि.सं.1030),'' संपा. जेस बर्गेज, *एपिग्राफ़िया इंडिका,* खंड-II (कलकत्ता: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1892), 121.

30. नयचंद सूरि, *हम्मीर महाकाव्य,* संपा. मुनि जिनविजय (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,1997), 1.

31. गौरीशंकर ओझा ने लिखा है कि ''सोलंकी बघेल अपने को अग्निवंशी बताते हैं और वशिष्ठ ऋषि द्वारा अपने आदि पुरुष चालुक्य को उत्पन्न मानते हैं, परंतु सोलंकियों के वि.स. 635 से 1600 तक के अनेक शिलालेखों, दानपत्रों और पुस्तकों में कहीं उनके अग्निवंशी होने की कथा का लेश मात्र

भी नहीं पाया जाता। उनका चंद्रवंशी और पांडवों की परंपरा में होना लिखा है।''– गौरीशंकर ओझा, *राजपुताने का इतिहास,* 1: 239.

32. (i) *ब्रह्मक्षत्रकुलीनः समस्तसामन्तचक्रनुतचरणः ।/ सकल सुकृतैक पुंजः श्रीमान्मुंजश्चिरं जयति ॥* – *श्रीपिंगलाचार्य विरचितम् छंदःशास्त्रम्* (श्रीहलायुध भट्ट विरचतया मृत संजीवनी व्याख्या), संपा. पंडित केदारनाथ (बम्बई: निर्णय सागर प्रेस, 1938), 49.

(ii) परमार अभिलेखों के अध्येता ए.सी. मित्तल का भी मानना है कि परमारों के अग्निवंशी होने के बजाय ब्रह्मक्षत्र होने की संभावना अधिक है। उन्होंने लिखा है कि ''यह संभावना व्यक्त की जा सकती है कि यद्यपि वे मूलत: वशिष्ठ गोत्री ब्राह्मण थे, परंतु क्षात्रधर्म स्वीकार कर लेने के कारण ब्रह्म क्षत्रिय कहलाने लगे।'' – ए.सी. मित्तल, संपा. *दि इंसक्रिप्सन्स ऑफ़ इंपीरियल परमार्स* (अहमदाबाद: एल.डी. इंस्टीट्यूट 1979), 14.

33. के.एन. दीक्षित एवं के.बी. दिसकलकर, ''परमार सियाका के दो हारसोला के ताम्रपत्र,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* खंड-XIX (दिल्ली: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1927-28, पुनर्मुद्रण, 1983), 236-244.

34. डी.सी. गांगुली, ''दि गुर्जर्स इन दि राष्ट्रकूट इनस्क्रिप्सन्स,'' *प्रोसिडिंगज ऑफ़ इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस,* 1939, खंड-III (इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस, 1939), 513-515.

35. चंद बरदाई, *पृथ्वीराजरासो,* 1: 54.

36. सी.वी. वैद्य, *हिस्ट्री ऑफ़ मेडिईवल हिंदू इंडिया,* 2: 25.

37. डी.आर. भंडारकर, ''फोरेन एलिमेन्ट्स इन दि हिन्दू पोपूलेशन,'' 7.

38. जे.डबल्यू. मेकक्रिंडले, *एंशियन्ट इंडिया ऑफ़ मेगास्थनीज एंड एरियन* (लंदन: टूबनर एंड कंपनी,1870), 85.

39. थोमस वाट्टर्स, *ऑन ह्वेनत्सांग ट्रेवल्स इन इंडिया* (लंदन: रॉयल एशियाटिक सोसायटी, 1904), 168.

40. *शनकैस्तु क्रियालोपादिमाः क्षत्रियजातयः । वृषलत्वं गता लोकेब्राह्मणादर्शनेन च ॥ (10/43) पौण्ड्रकाश्चौड्द्रविडाः काम्बोजाः यवनाः शकाः ॥ पारदाः पह्लवाः किराता दरदाः खशाः ॥* (10/44) – *मनुस्मृति,* श्री कुल्लोक भट्ट प्रणीत, संपा. हरगोविंद शास्त्री (वाराणसी: चौखंभा संस्कृत संस्थान, सातवाँ संस्करण 2003), 546.

41. गौरीशंकर ओझा, *राजपूताने का इतिहास,* 1: 49.

42. *विष्णु पुराण* (अंश-4, अध्याय-3) में इक्ष्वाकु राज वृक के पुत्र बाहु के वृत्तांत में यह उल्लेख है। इसी तरह *वायु पुराण* (अध्याय-18, श्लोक-121-43) में भी यह उल्लेख आता है।

43. *हुणाण राइणा इह उअ रायणो इमे पहु रमंते; अंगाण रण्णा राइणो तह सगेण राएण।* – हेमचंद्राचार्य, *कुमारपालचरित,* 4.61, संपा. रूपेंद्रकुमार पगारिया (तिरपाल (उदयपुर): श्री वर्धमान जैन विद्यापीठ, 1985), 128.

44. मेवाड़ के गुहिलवंशी राजा अल्लट (953 ई.) की पत्नी राणी हरियादेवी हूण वंश की थी।

ऐसे ही चेदी के कलचुरी हैहयवंशी राजा गांगेय देव के पुत्र कर्ण (1042 ई.) का विवाह हूण कुमारी अल्लदेवी के साथ हुआ था। – गौरीशंकर ओझा, *राजपूताने का इतिहास,* 1: 63.

45. जेम्स लेग्गे, *दि चाइनीज़ मोंक फ़ाहियान एंड हिज ट्रेवल्स इन इंडिया एंड सिलोन* (लंदन: ओक्सफ़ोर्ड, 1886), 12–14.

46. सर ऑरेल स्टाइन के 427 प्राकृत लेखों का संकलन इस पुस्तक में मिलता है। – ए.एम. वोयर, ई.जे. राप्सन एवं ई. सेनार्ट, संपा., *खरोष्ठी इंस्क्रिप्सन्स डिसकवर्ड बाई सर ऑरेल स्टाइन इन चाइनीज़ तुर्किस्तान* (लंदन: ओक्सफ़ोर्ड, 1920).

47. श्लोक सं. 7, ''माउंट आबू के अचलेश्वर मंदिर का वि.सं.1342 (1258 ई.) का शिलालेख,'' *ए कलेक्शन ऑफ़ प्राकृत एंड संस्कृत इंसक्रिप्सन्स भावनगर क्षेत्र* (भावनगर: आर्कियोलोजिल डिपार्टमेंट ऑफ़ भावनगर, 1894), 84.

48. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास* (जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार 1996–97, प्रथम संस्करण 1828), 1: 9.

49. ''राज्य (चित्तौड़) को पहले 'रावल' कहा जाता था, लेकिन अतीत में लंबे समय से इसको 'राणा' के नाम से जाना जाता है। वह गहलोत कबीले का है और नोशीरवान से (की तरह) सभ्य होने का दिखावा करता है।''– अबुल फ़ज़ल एल्लामी, *आईन-ए-अकबरी,* अनु. एवं संपा. एच.एस. जैरट (दिल्ली: लो प्राइस पब्लिकेशन, 2011, प्र. सं. 1927), 1: 273.

50. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ एड ऑफ़ राजस्थान,* 1: 251–260.

50. वही, 1: 251–260.

52. डी. आर. भंडारकर, ''गुहिल,'' *जर्नल एंड प्रोसिडिंगज़ ऑफ़ एशियाटिक सोसायटी ऑफ़ बंगाल 1909,* खंड-5 (कलकत्ता: एशियाटिक सोसायटी, 1910), 167–187.

53. गौरीशंकर ओझा, ''बापा रावल का सोने का सिक्का,'' *नागरी प्रचारिणी पत्रिका,* खंड-11, 241–247.

54. डी.आर. भंडारकर, ''आटपुर (आहाड़) का शक्तिकुमार शिलालेख,'' *इंडियन एंटिक्वेरी*-XXXIX, मई 1910, 191.

55. डी.आर. भंडारकर, ''एकलिंगजी शिलालेख और लकुलीश संप्रदाय की उत्पत्ति और इतिहास,'' *जर्नल ऑफ़ दि बम्बई ब्रांच ऑफ़ रायल एशियाटिक सोसायटी,* 1908, खंड-5 (बम्बई: एशियाटिक सोसायटी, 1908), 166–167.

56. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 75 .

57. मुंहता नैणसी, *मुंहता नैणसीरी ख्यात,* संपा. बद्रीप्रसाद साकरिया (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, तृतीय संस्करण 2006) 1: 1.

58. ''श्याम पार्श्वनाथ मंदिर चित्तौड़ का शिलालेख,'' *जर्नल ऑफ़ एशियाटिक सोसायटी ऑफ़ बंगाल,* 1886, खंड-55 (कलकत्ता: एशियाटिक सोसायटी, 1887), 47.

59. एफ. केलहोर्न, ''आबू का समरसिंह वि.सं.1342 शिलालेख,'' इंडियन एंटिक्वेरी, दिसंबर

1887, संपा. जोन फेथफुल एवं रिचर्ड करनेक टेंपल, खंड-XVI (दिल्ली: स्वाति पब्लिकेशंस 1994), 347.

60. गौरीशंकर ओझा: *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 77

61. नरलाई के आदिनाथ मंदिर का वि.स.1597 (1541 ई.) का शिलालेख, *ए कलेक्शन ऑफ़ प्राकृत एंड संस्कृत इंसक्रिप्सन्स*- भावनगर क्षेत्र, 140.

62. डी.आर. भंडारकर, ''चाटसू का बालादित्य का शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका*-1912-13, खंड-12, संपा. स्टेन नो (नयी दिल्ली: आर्कियोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1982), 12-13.

63. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* संपा. मनोहरसिंह राणावत (सीतामऊ : नटनागर शोध संस्थान,2003), 1: 335.

64. गौरीशंकर ओझा: *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1:81

65. मान, *राजविलास,* संपा. लाला भगवानदीन (वाराणसी: नागरी प्रचारिणी सभा,1912), 18.

66. संपादक का स्पष्ट उल्लेख है कि- ''कर्नल टॉड साहिब भी वलभीपुर के अंतिम राजा शीलादित्य को गुहिल वंश का मूल पुरुष मानकर गुहिलुतों आदि का स्थान वलभीपुर बताते हैं, परंतु वह शीलादित्य हमारे शिलालेख का शीलादित्य नहीं है।'' - पंडित रामकर्ण, ''गुहिल शीलादित्य का सामोली का वि.सं.703 का शिलालेख,'' *नागरी प्रचरिणी पत्रिका,* भाग-1, 319.

67. गौरीशंकर ओझा: *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 85.

68. वही, 1: 85.

69. वही, 1: 85

70. वही, 1: 85.

71. वही, 1: 96

72. डी.आर. भंडारकर, ''चाटसू का बालादित्य का शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका* -1912-13, खंड-12, 12-13.

73. गौरीशंकर ओझा: *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 96.

74. पंडित रामकर्ण, ''गुहिल शीलादित्य वि.सं 703 का सामोली का शिलालेख,'' *नागरी प्रचारिणी पत्रिका,* भाग-1, 13-17.

75. यह सिक्का उदयपुर शास्त्री शोभालाल के पास था, जिसे इतिहासकार गौरीशंकर ओझा ने देखा था। - गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 99.

76. यह शिलालेख इतिहासकार गौरीशंकर ओझा को नागदा (उदयपुर) में मिला था, जिसे उन्होंने उदयपुर राज्य के तत्कालीन संगहालय विक्टोरिया हॉल में रखवाया। - वही, 99.

77. गौरीशंकर ओझा, ''बापा रावल का सोने का सिक्का,'' *नागरी प्रचारिणी पत्रिका,* खंड-11, 241-247.

78. गौरीशंकर ओझा: *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 106.

79. वही, 1: 118.

80. (i) गौरीशंकर ओझा, ''प्रतापगढ के राजा महेंद्रपाल-II का वि.स.1003 का शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका*-1917-1918, खंड-XIV (कलकत्ता: आरिकियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1918), 187, (ii) *राजपूताना म्यूजियम, अजमेर 2013 की एन्यूएल रिपोर्ट,* 2.

81. गौरीशंकर ओझा: *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 122.

82. डी. आर. भंडारकर, ''शक्तिकुमार का आटपुर शिलालेख,'' *इंडियन एंटिक्वेरी-XXXIX* (1910), 186.

83. वही, 186.

84. ''एकलिंगजी के पास स्थित नाथ मंदिर का वि.सं.1028 (972 ई.) शिलालेख'', *ए कलेक्शन ऑफ़ प्राकृत एंड संस्कृत इंसक्रिप्सन्स भावनगर क्षेत्र* (भावनगर आर्कियोलोजिल डिपार्टमेंट ऑफ़ भावनगर, 1894), 69.

85. देखिए: टिप्पणी सं. 81 एवं गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 125.

86. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 131.

87. के. केलहोर्न, ''जबलपुर के भेराघाट का रानी अल्हणदेवी द्वारा निर्मित मंदिर का शिलालेख'', एपिग्राफ़िया इंडिका, खंड-II (कलकत्ता: आरिकियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1892), 7.

88. *एकलिंगमाहात्म्य,* संपा. प्रेमलता शर्मा (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1976), 133.

89. (i) ''रणपुर का वि.सं.1485 (1429 ई.) का शिलालेख'', *ए कलेक्शन ऑफ़ प्राकृत एंड संस्कृत इंसक्रिप्सन्स भावनगर क्षेत्र,* 113 (ii) अक्षयकीर्ति व्यास, ''कुंभलगढ़ की पहला और तीसरा का शिलालेख'', *एपिग्राफ़िया इंडिका,* 1937-38, खंड-XXIV, संपा. एन.पी. चक्रवर्ती (कलकत्ता: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, पुनर्मुद्रण,1991), 304.

90. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 145.

91. श्लोक सं. 36-38, एच. लुडर्स, ''माउंट आबू के नेमीनाथ लूणवसही मंदिर का शिलालेख'', *एपिग्राफ़िया इंडिका,* 1905-06, खंड-VIII, संपा. ई. हल्टशेक (कलकत्ता: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, पुनर्मुद्रण,1991), 211.

92. श्लोक सं. 36-37, एफ. कीलहोर्न, ''माउंट आबू का समरसिंह का वि.सं.1342 का शिलालेख,'' *इंडियन एंटिक्वेरी,* खंड-VII,1887, संपा. जोन फेथफुल फ्लीट (दिल्ली: स्वाति पब्लिकेशन, 1964), 350.

93. *''रावळ करण लोहड़ा बेटासूं बोहत राजी हुवो। रांणो पकड़ ल्यायो तेथी इणनुं राणरो किताब दे आपरे पाटवी कीयो। माहपनुं अगळी रावळाई दे नै डूंगरपुर बांसवाळो दियो।''* — मुँहता नैणसी, *मुँहता नैणसीरी ख्यात,* 1: 14.

94. श्लोक सं. 6, आर. आर. हालदार, ''चीरवा का समरसिंह वि.सं.1330 का शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* खंड-XXII, 1887, संपा. एन.पी. चक्रवर्ती (*दिल्ली: आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया,* 1938), 289.

95. एफ. कीलहोर्न, ''माउंट आबू का समरसिंह का वि.सं.1342 का शिलालेख,'' *इंडियन एंटिक्वेरी*-खंड-VII,1887, 350.

96. श्लोक सं. 16, आर. आर. हालदार, ''चीरवा का समरसिंह वि.सं.1330 का शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* 1887, खंड-XXII, 289.

97. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 167.

98. वही, 1: 167.

99. देखिए: टिप्पणी सं. 57.

100. *'श्रावकप्रतिक्रमणसूत्रचूर्णि'* नामक यह ग्रंथ तेजसिंह के समय आघाट (आहाड़) में लिखा और चित्रित किया गया। यह संप्रति पाटन में सुरक्षित है।

101. (i) यह शिलालेख घाघसा गाँव (चित्तौड़गढ़) की बावड़ी पर लगा हुआ था और कुछ बिगड़ गया है। इसको गौरीशंकर ओझा ने वहाँ से हटाकर तत्कालीन विक्टोरिया हॉल उदयपुर में रखवाया था।(ii) ''गंभीरी नदी के पुल में 1267 ई. का शिलालेख,'' *जर्नल ऑफ़ एशियाटिक सोसायटी ऑफ़ बंगाल-1886,* खंड-55 (कलकत्ता: एशियाटिक सोसायटी, 1887), 46-47.

102. श्लोक सं. 46, एफ. कीलहोर्न, ''माउंट आबू का समरसिंह का वि.सं.1342 का शिलालेख,'' *इंडियन एंटिक्वेरी,* खंड-VII,1887, 350.

103. जिनप्रभ सूरि, *विविध तीर्थकल्प* (वि.स.1389), अनुवाद एवं संपा. अगरचंद, भँवरलाल नाहटा (बालोतरा: जैन श्वेतांबर नाकोड़ा तीर्थ, 1978), 67.

104. (i) एफ. कीलहोर्न, ''माउंट आबू का समरसिंह का वि.सं.1342 का शिलालेख,'' *इंडियन एंटिक्वेरी-* खंड-VII, 1887,845. (ii) आर. आर. हालदार, ''चीरवा का समरसिंह वि.सं.1330 का शिलालेख,'' *एपिग्राफिया इंडिका,* खंड-XXII,1887, 289. (iii), 'माउंट आबू के अचलेश्वर मंदिर का वि.सं. 1342 (1258 ई.) का शिलालेख,'' *ए कलेक्शन ऑफ़ प्राकृत एंड संस्कृत इंसक्रिप्सन्स-* भावनगर क्षेत्र, 84. (iv) ''चित्तौड़ का शिलालेख'' *ए कलेक्शन ऑफ़ प्राकृत एंड संस्कृत इंसक्रिप्सन्स-* भावनगर क्षेत्र, 74. आदि.

105. लेफ्टिनेंट कर्नल जेम्स टॉड *(एंटिक्विटीज़ एंड एनल्स ऑफ़ राजस्थान)* ने रत्नसिंह का नामोल्लेख नहीं किया है। उसने समरसिंह के बाद कर्णसिंह के सत्तारूढ़ होने का उल्लेख किया है, लेकिन यह निराधार है। दरअसल कर्णसिंह समरसिंह के आठ पीढ़ी पहले हुआ था।- रणछोड़ भट्ट कृत *राजप्रशस्ति काव्य,* 3/28 (संपा. मोतीलाल मेनारिया, साहित्य संस्थान, उदयपुर, 1973, 35.), रणकपुर (*ए कलेक्शन ऑफ़ प्राकृत एंड संस्कृत इंसक्रिप्सन्स- भावनगर क्षेत्र,* 113) और एकलिंगजी (*ए कलेक्शन ऑफ़ प्राकृत एंड संस्कृत इंसक्रिप्सन्स-भावनगर क्षेत्र,* 117) सहित और कुछ अभिलेखों में रत्नसिंह का नामोल्लेख नहीं है।

106. मुँहता नैणसी, *मुँहता नैणसीरी ख्यात,* 1: 14.

107. कालिकारंजन कानूनगो, *स्टीडीज़ इन राजपूत हिस्ट्री* (दिल्ली: एस. चांद एंड कंपनी, 1960), 17.

108. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 191.

109. *एकलिंगमाहात्म्य,* संपा. प्रेमलता शर्मा, (दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1976), 133.

110. श्लोक सं. 175-76, अक्षयकीर्ति व्यास, ''कुंभलगढ़ की पहली और तीसरी पट्टिका का शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* खंड-XXIV, 1937-38, 328.

111. *जर्नल ऑफ़ न्युमिसेमेटिक सोसायटी ऑफ़ इंडिया,* खंड-20, प्लेट-1, 35.

112. जोगेंद्रप्रसाद सिंह, *गुहिला डायनेस्टीज़ ऑफ़ मेवाड़,* युनिवर्सिटी ऑफ़ लंदन की डॉक्टर ऑफ़ फिलोसोफ़ी के लिए प्रस्तुत शोध प्रबंध, 1965, 330.

113. देखिए: अध्याय-5 का अनुच्छेद-3.

114. अधिकांश रचनाओं में रत्नसिंह के अपने सामंतों सहित शासन करने का उल्लेख है। *गोरा-बादल कवित्त* में कहा गया है कि *राजकुली छत्तीस सोहड़ भड सेव करंता।* (*गोरा- बादल कवित्त,* 110) लब्धोदय ने भी लिखा है कि- *मानी मरदाना वली / दरबारइं दो लाख। / सुभट खड़ा सेवा कर इ सुरपति वद इ ज्युं साख॥ पाटनामा* में रत्नसिंह के अधीनस्थ सगोत्रीय और दूसरे सामंतों के नाम उनके उनके ठिकानों (स्थानों) सहित दिए गये हैं। यहाँ इन सामंतों को ''चौदह मिसल के सरदार'' कहा गया। यह पद स्वतंत्रता से पहले प्रमुख सामंतों के लिए चलन में था। (*उदयपुर-चित्तौड़ पाटनामा,* 1: 370-380) यह भी कि जब रत्नसेन कोई निर्णय लेता है, तो वह अपने अधीनस्थ सामंतों की बैठक आहूत करता है।

115. रामशरण शर्मा, *भारतीय सामंतवाद* (नयी दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, द्वितीय हिंदी संस्करण, 1990), 237.

116. प्रस्तुत शिलालेख में ''अपाराजित राजपुत्र गोभट्टपादानुध्यानात्'' पंक्ति 'राजपुत्र' शब्द से आशय किसी के अधीनस्थ सामंत होने की प्रतीति होती है।- डी.सी. सरकार, ''भ्रामर माता (गौरी) का शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* भाग-30, अक्टूबर,1953 संपा. एन. लक्ष्मीनारायण राव (नयी दिल्ली: आरकियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1987), 120.

117. डी.आर. भंडारकर, ''वर्मलात का बसंतगढ़ शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* भाग-09, संपा. ई. हुल्त्स, 1907-08 (कलकत्ता: गवर्नमेंट प्रिंटिंग,1908), 187.

118. गोपीनाथ शर्मा, *राजस्थान के इतिहास के स्रोत* (जयपुर: राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, 1972), 52.

119. डी.आर. भंडारकर, ''बालादित्य का चाटसू शिलालेख,'' *एपिग्राफ़िया इंडिका,* भाग-12, संपा., 1913-14 (नयी दिल्ली: आरकियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1982), 10.

120. गोपीनाथ शर्मा, *राजस्थान के इतिहास के स्रोत,* 95.

121. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* संपा. मनोहरसिंह राणावत (सीतामऊः नटनागर शोध संस्थान, 2003), 1:319.

122. मुंहता नैणसी, *मुंहता नैणसीरी ख्यात,* 1: 14.

123. ज़हीरूद्दीन मुहम्मद बाबर, *बाबरनामा,* हिन्दी अनुवाद युगजीत नवलपुरी (नयी दिल्ली: साहित्य अकादेमी, पुनर्मुद्रण 2012), 405

124. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 20.

125. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 298.

126. वही, 391.

127. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 21.

128. धर्मपाल शर्मा, *मेवाड़-संस्कृति और परंपरा* (उदयपुर: प्रताप शोध प्रतिष्ठान, 1999), 120.

129. हुकुमसिंह भाटी, *मेवाड़ के ऐतिहासिक पट्टे-परवाने,* (उदयपुर: प्रताप शोध प्रतिष्ठान, 1999), XXIV.

130. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 165.

131. हुकुमसिंह भाटी, *मेवाड़ के ऐतिहासिक पट्टे-परवाने,* XIX.

132. गोपीनाथ शर्मा, *राजस्थान के इतिहास के स्रोत,* 109.

133. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 192.

134. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 339.

135. (i) रोमिला थापर, *भारत का इतिहास* (नयी दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, बारहवाँ हिंदी संस्करण 1990), 218. (ii) रामशरण शर्मा, *भारतीय सामंतवाद,* 11.

136. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 153.

137. रामशरण शर्मा, *भारतीय सामंतवाद,* 61.

138. हरबंश मुखिया, "क्या भारतीय इतिहास में फ़्यूडलिज़्म रहा है?," *फ़्यूडलिज़्म और गैर यूरोपीय समाज,* संपा. हरबंश मुखिया (नयी दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, हिंदी संस्करण 1998), 1-49.

139. अल्फ्रेड सी. लायल, *एशियाटिक स्टडीज़: रिलीजन्स एंड सोशियल इन इंडिया, चाइना एंड एशिया* (लंदन: जोन मुर्रे, अल्मबरेले स्ट्रीट, 1884), 207-219.

140. गोपीनाथ शर्मा, *राजस्थान का इतिहास* (आगरा: शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी,1971), 1: 476.

141. जे. सदरलेंड, *स्केचेज़ ऑफ़ दी रिलेशन सबसिस्टिंग बिटवीन दी ब्रिटिश गवर्नमेंट एंड दि डिफरेंट नेटिव स्टेट्स* (कलकत्ता: जी.एच. हट्टमान मिलेट्री ओरफन प्रेस,1837), 179.

142. रामशरण शर्मा, *भारतीय सामंतवाद,* 61.

143. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 156. (इसकी पुष्टि इतिहासकार देवीलाल पालीवाल ने भी की है। उनके शब्दों में "राजस्थान और यूरोपीय सामंती प्रथाओं में कई समान बातें मिलती हैं, जिनकी ओर टॉड ने संकेत किया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह प्रथा मूलतः यूरोप और भारत, दोनों में, सैनिक सेवा के बदले जागीरें देने के स्वरूप उत्पन्न हुई है।" - देवीलाल पालीवाल, संपा. एवं अनुवाद, "आमुख," जेम्स टॉड कृत *राजस्थान में सामंतवाद* (जोधपुर: राजस्थानी ग्रंथागार, 1995), VII.

144. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 1: 20.

145. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 339.

146. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 191.

147. हुकुमसिंह भाटी, *मेवाड़ के ऐतिहासिक पट्टे-परवाने,* 1.

148. धर्मपाल शर्मा, *मेवाड़: संस्कृति और परंपरा,* 120.

149. पूर्णचंद नाहर, *जैन लेख संग्रह* (बनारस: ऑफिस जैन साहित्य शास्त्रमाला, 1918), 1: 218-19.

150. शास्त्री पंडित अक्षय कीर्ति, "बिजोलिया का 1170 ई. का शिलालेख," *एपिग्राफ़िया इंडिका,* भाग-26 (1941), संपा. एन.पी. चक्रवर्ती (कलकत्ता: आरकियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, 1942), 90-100.

151. "गोरा-बादल कवित्त," *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 120.

152. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* संपा. उदयसिंह भटनागर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, द्वि. सं. 1997), 58.

153. वही, 65.

154. वही, 65.

155. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 66.

156. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2001), 119.

157. धर्मपाल शर्मा, *मेवाड़: संस्कृति और परंपरा,* 112-113.

158. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* भाग-1, 338.

159. धर्मपाल शर्मा, *मेवाड़: संस्कृति और परंपरा,* 113.

160. वही, 339.

161. "यहाँ पट्टेदारी जैसी कोई चीज़ नहीं है- उसे चाहे जिस नाम से पुकारें- कानूनन सिद्धांत रूप में राज्य कोई भी ज़मीन किसी भी समय अपने अधिकार ले सकता है- व्यवहार में बारंबार अपने अधिकार में लेता रहा है।" - एच.एम. इलियट एंड जॉन डाउसन, *हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया एज टोल्ड बाई इट्स ओन हिस्टोरियन* (इलाहाबाद: किताब महल, प्रथम संस्करण 1949), XXI.

162. पाद टिप्पणी-10, मोहम्मद हबीब, *भारतीय इतिहास का आरंभिक मध्यकाल,* संपा, इरफ़ान हबीब (नयी दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, हिंदी संस्करण 2010), 43.

163. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 319.

164. कौटिल्य, *कौटलीय अर्थशास्त्र,* व्याख्या एवं संपा. उदयवीर शास्त्री (नयी दिल्ली मेहरचंद लछमनदास पब्लिकेशंस, 2016), 69.

165. हरबंश मुखिया, "क्या भारतीय इतिहास में फ़्युडलिज्म रहा है?," 19.

166. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 186.

167. *मनुस्मृति,* 9/44, संपा. हरगोवंद शास्त्री (वाराणसी: चौखंभा संस्कृत संस्थान, सातवाँ संस्करण 2003), 466.

168. गोपाल व्यास, *मेवाड़ का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन* (जोधपुर: राजस्थान साहित्य संस्थान, 1988), 62

169. हुकुमसिंह भाटी, *मेवाड़ के ऐतिहासिक पट्टे-परवाने* (संकलित पत्र सं. 79, पृ.103) वि. सं. 1895), XXI.

170. धर्मपाल शर्मा, *मेवाड़: संस्कृति और परंपरा,* 121.

171. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 185.

172. वही, 172.

173. शुक्राचार्य, *शुक्रनीतिः,* 1/342, व्याख्या एवं संपा. जगदीशचंद्र (दिल्ली: चौखंभा विद्या भवन, 1998), 129.

174. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 199.

175. गौरीशंकर ओझा, *उदयपुर राज्य का इतिहास,* 2: 1089.

176. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 295.

177. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 203.

178. वेद व्यास, *महाभारत* (शांति पर्व), 12.65, 114

179. *श्रीमद्भगवद्गीता* (हिंदी टीकासहित), 18.43, संपा. स्वामी रामसुखदास (गोरखपुर: गीता प्रेस), 1174.

180. *मनुस्मृति,* 7.2, 304.

181. शुक्राचार्य, *शुक्रनीतिः,* 4.17, 591.

182. याज्ञवल्क्य, *याज्ञवल्क्यस्मृति,* 1.119, संपा. गंगासागर राय (नयी दिल्ली: चौखंभा संस्कृत प्रतिष्ठान,1998), 58.

183. वही, 1.324,

184. वही, 13.326. 144.

185. चंद बरदाई, *पृथ्वीराजरासो,* संपा. मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या (वाराणसी: नागरी प्रचारिणी सभा,1904-1912), 1: 247.

186. अल्बेरुनी, *अल्बेरुनीज इंडिया,* संपा. सी. जाखो (लंदन: स्केनर एंड कंपनी, लुडहेट हिल, 1888), 1: 103.

187. अल्बेरुनी, *अल्बेरुनीज इंडिया,* 2: 161.

188. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 58.

189. वही, 58.

190. वही, 66.

191. दलपतिविजय, *खुम्माणरासो,* 3: 120.

192. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 84.

193. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' लब्धोदयकृत *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल

नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 182.

194. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 204.

195. सुखमय भट्टाचार्य, *महाभारतकालीन समाज,* हिंदी अनुवाद पुष्पा जैन (इलाहाबाद: लोक भारती प्रकाशन, 1966), 470.

196. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 195.

197. दलपतिविजय, *खुम्माणरासो,* 3: 150.

198. वही, 120.

199. वही, 120.

200. ''पद्मिनीसमिओ,'' *रानी पद्मिनी,* संपा. ब्रजेंद्रकुमार सिंहल (नयी दिल्ली: वाणी प्रकाशन, 2017), 135.

201. वही, 135.

202. *मनुस्मृति,* 7.94, 327.

203. *''गोरा-बादल कवित्त, ''*लब्धोदय कृत *पद्मिनी चरित्र चौपाई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 124.

204. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 66.

205. वही, 69.

206. ''पद्मिनी समिओ,'' 105.

207. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 124.

208. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 202.

209. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 71.

210. ''पद्मिनीसमिओ,'' 137.

211. वही, 136.

212. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 138.

213. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 120.

214. *पराशर-स्मृतिः,* 3.30, संपा. चंद्रकांत तर्कालंकार (कोलकाताः दि एशियाटिक सोसायटी, 1947,) 626.

215. वही, 3.37, 929.

216. वेद व्यास, शांति पर्व, 12.97.23, *श्रीःमहाभारतम्,* संपादन एवं अनुवाद रामचंद्र शास्त्री किंजवेडकर (नयी दिल्ली: ओरियंटल बुक्स रिप्रिंट कारपोरेशन, द्वितीय संस्करण 1979), 5: 168.

217. *धर्मकोश,* संपा. लक्ष्मण शास्त्री जोशी (वाई (सतारा): प्राज्ञपाठशाला, 1973), 1075.

218. दलपतिविजय, *खुम्माणरासो,* 3: 160.

219. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 81.

220. वही, 81.
221. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 75.
222. *मनुस्मृति,* 7.89. 326.
223. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 95.
224. वही, 96.
225. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 207.
226. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 200.
227. गोपाल व्यास, *मेवाड़ का समाजिक एवं आर्थिक जीवन,* 36.
228. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 200.
229. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 1.
230. ''पद्मिनीसमिओ,'' 135.
231. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 1.
232. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 177.
233. वही, 134.
234. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 58.
235. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 177.
236. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 121.
237. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 104.
238. *मनुस्मृति,* 9.30, 423.
239. वही, 9.7, 458.
240. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 200.
241. जिनप्रभ सूरि, *विविध तीर्थकल्प* (वि.स.1389), 67.
242. नारायणदास, रतनरंग और देवचंद, *छिताईचरित,* संपा. हरिहरनिवास द्विवेदी एवं अगरचंद नाहटा (ग्वालियर: विद्यामंदिर प्रकाशन,1960), 51.
243. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 118.
244. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 51.
245. वही, 51.
246. *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा,* 1: 398.
247. ''गोरा-बादल कवित्त,'' 120.
248. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 123.
249. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* 70.
250. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 124.
251. वही, 117.

252. जटमल नाहर, ''गोरा-बादल कथा,'' 198.

253. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चऊपई,* 74.

254. वही, 74.

255. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 122.

256. जेम्स टॉड, *एनल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ़ राजस्थान,* 1: 157.

अध्याय-7

भाषा और शिल्प

प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्यों की साहित्यिक प्रवृत्तियों का भी मध्यकाल की सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार देशज रूपांतरण हुआ। काव्यरूप, भाषा, छंद, वस्तुविधान, अलंकरण आदि की जो प्रवृत्तियाँ इन कथा-काव्यों मिलती हैं, उनकी शुरुआत और कुछ हद तक विकास प्राकृत और अपभ्रश के ऐतिहासिक चरित कथा-काव्यों में ही हो गया था।[1] ये रचनाएँ सोलहवीं से उन्नीसवीं सदी के बीच हुईं, इसलिए संस्कृत-प्राकृत और ख़ासतौर पर अपभ्रंश में जो साहित्यिक और भाषिक प्रवृत्तियाँ विकसित हुईं, कुछ हद तक उनकी निरंतरता इनमें हैं। यह वह समय था, जब उत्तरी-पश्चिमी भारत में चारण और जैन रचना प्रवृत्तियों का विकास और विस्तार हुआ। यह ऐसा समय भी था, जब कवि-कथा रूढ़ियों का निर्वाह करना कवि होने की अर्हता थी। विवेच्य रचनाओं में इसलिए परम्परा का आग्रह बहुत है और यह इनमें कथा और काव्य संबंधी रूढ़ियों के निर्वाह में ख़ासतौर पर दिखता है। तत्कालीन सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार इनमें पारंपरिक काव्यरूप, अलंकरण और वस्तुविधान आदि का सरलीकरण हुआ और इसको ध्यान में रखकर नवीं से लगाकर उन्नीसवीं सदी तक कवि शिक्षा संबंधी कई ग्रंथों की रचनाएँ होती रहीं।[2] विवेच्य रचनाएँ कथा और इतिहास की एक-दूसरे में आवाजाही में बनती-बढ़ती हैं, इसलिए इनमें साहित्यिक विधान और रचनात्मकता सामान्य काव्य रचनाओं से अलग तरह की है। इन रचनाओं की साहित्यिक-भाषिक बुनावट में कवि शिक्षा की भी निर्णायक भूमिका है। कवि शिक्षा की यह परंपरा संस्कृत-प्राकृत और अपभ्रंश से होती हुई इन रचनाकारों तक पहुँची। ये रचनाकार कमोबेश कवि शिक्षा प्राप्त हैं- कई बार यह शिक्षा वंशानुगत है, तो कई बार यह गुरु परंपरा की देन है। यह तय है कि इनको अपनी परम्परा के साहित्य का ज्ञान है और उसके शास्त्र का व्यवहार इनको आता है। ये ऐतिहासिक कथा-काव्य हैं और इनके मोड़-पड़ाव में बदलाव

की रचनात्मक गुंजाइश ज़्यादा नहीं है, इसलिए इनमें रचनात्मकता का निवेश वस्तु विधान में अधिक है। रचनात्मकता का निवेश इनमें कथा कवि-अभिप्रायों और रूढ़ियों के व्यवहार और तत्संबंधी नवाचार में हुआ है। युद्ध, नगर, ऋ तु, दुर्ग आदि का वर्णन इनके कथा विस्तार और प्रवाह में टापुओं की तरह अलग ही दिखाई पड़ता है। भाषा इनकी पारंपरिक है और यह अपने समय और स्थान से भी प्रभावित है। विवेच्य रचनाओं में से सात कथा-काव्य हैं, जबकि *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* एक गद्य रचना है। *पाटनामा* का गद्य दैनंदिन बोलचाल का मुहावरेदार और व्यंजक दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान की सांस्कृतिक और भौगोलिक इकाई मेवाड़ की बोली का गद्य है। यह गद्य पारंपरिक क़िस्सागोई की सभी विशेषताओं से पूर्ण है। यहाँ इन रचनाओं की काव्य भाषा, कथा-कवि रूढ़ि, वस्तु विधान, अलंकरण, छंद आदि पर विचार किया गया है।

1.

काव्य प्रतिभा यद्यपि प्राचीन काल से जन्मजात मानी जाती रही है, फिर भी संस्कृत काव्यशास्त्र के लगभग सभी प्रमुख आचार्यों ने कवि के लिए सुशिक्षित एवं बहुश्रुत होना आवश्यक बताया है। भामह, दंडी आदि आचार्यों के अनुसार कवि होने की अर्हताओं में कवि शिक्षा ज़रूरी है।[3] राजशेखर (900 ई.) का *काव्य मीमांसा* ग्रंथ इस संबंध में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। यह ग्रंथ परवर्ती कवियश प्रार्थी विद्वानों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। *काव्य मीमांसा* के 18 अध्यायों में शास्त्र परिचय, पदवाक्य विवेक, पाठ प्रतिष्ठा, काव्य के स्रोत, अर्थव्याप्ति, कविचर्या, राजचर्या, काव्यहरण, कविसमय, देशविभाग, कालविभाग आदि कविशिक्षोपयोगी विषयों पर प्रकाश डाला गया है।[4] क्षेमेंद्र ने भी अपने ग्रंथ *कविकंठाभरण* (1050 ई)[5] में काव्यरचना में रुचि रखनेवाले व्यक्तियों के लिए कुछ दिशा-निर्देश तय किए हैं। बारहवीं सदी के पूर्वार्ध में वाग्भट की *वाग्भटालंकार:*[6] का योगदान भी इस दिशा में महत्त्वपूर्ण है। अमरचंद्र (बारहवीं सदी) की *काव्यकल्पलतावृत्ति,*[7] तथा केशव मिश्र (सोलहवीं सदी) की *अलंकारशेखर*[8] आदि रचनाएँ कवि शिक्षामूलक रचनाएँ हैं। संस्कृत के समानांतर प्राकृत-अपभ्रंश में भी जब कवि कर्म ज़ोर पकड़ने लगा, तो कवि शिक्षा-छंद, अलंकार आदि से संबंधित ग्रंथ संस्कृत के साथ प्राकृत और अपभ्रंश में भी होने लगे। इन भाषाओं में नये विकसित छंद और अलंकरण को भी शास्त्रबद्ध किया जाने लगा। स्वयंभू की *स्वंभूछंद* नवीं-दसवीं सदी में कभी हुई संस्कृत-प्राकृत छंदों के साथ अपभ्रंश छंदों का स्वरूप निरूपण करने वाली बहुत महत्त्वपूर्ण और प्राचीन रचना है।[9] विरहांक का समय भी कमोबेश यही रहा होगा। विरहांक ने अपभ्रंश की

दो शैलियाँ– आभीरी और मरुवाणी करते हुए *वृत्तजातिसमुच्च्य* में इसके छंदों का स्वरूप विवेचन किया है।[10] हेमचंद्र (1088–1172 ई.) का *छंदोनुशासन*[11], अज्ञातकर्तृक *प्राकृतपैंगलम्*[12], श्रीनंदिताढ्यकृत *गाथालक्षणम्*[13] आदि भी इसी तरह की रचनाएँ हैं। ग्यारहवीं सदी के उत्तरार्ध में राजस्थान और गुजरात में नये मात्रिक छंदों का विकास हुआ और इनकी पहचान के लिए कई रचनाएँ हुईं। *कविदर्पण*[14] (चौदहवीं सदी) में नये विकसित मात्रिक छंदों का सोदाहरण स्वरूप निरूपण है। *संदेशरासक* में प्रयुक्त सभी छंद इसमें आ गए हैं। श्रीकृष्ण भट्ट कृत *वृत्तमुक्तावली*[15] (1699–1743 ई.), चंद्रशेखर भट्ट कृत *वृत्तमौक्तिक*[16] (सोलहवीं सदी) भी इसी तरह की रचनाएँ हैं। *वृत्तमुक्तावली* में दोहा, चौपाई, कवित्त, सवैया, छप्पय आदि का भी संस्कृत में निरूपण है। *वृत्तमौक्तिक* छंदशास्त्र की दृष्टि से एक परिपूर्ण रचना है और इसमें सर्वाधिक छंदों का निरूपण हुआ है। चारण कवि किशनाजी आढ़ा के *रघुवरजसप्रकास* की रचना 1823–24 ई. में हुई। यह मरुधर भाख़ा (राजस्थानी) छंदशास्त्र विषयक सबसे अधिक विस्तृत और वैविध्यपूर्ण ग्रंथ है।[17] इन रचनाओं के रचनाकार जैन और चारण, दोनों थे। स्पष्ट है कि पदमिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर ऐतिहासिक कथा–काव्यों के रचनाकारों को छंद और अलंकरण का शास्त्र ज्ञान संस्कृत, प्राकृत–अपभ्रंश और देश भाषाओं में उपलब्ध था और ज़ाहिर है, यह ज्ञान चारण कवियों को वंशानुगत और जैन यति–मुनियों को गुरु परंपरा से मिलता था। चंद बरदाई ने *पृथ्वीराजरासो* में एक जगह लिखा है कि *छंद प्रबंध कवित्त जति। साटक गाह दुहत्थ॥ / लघु गुरु मंडित खंडि यह, पिंगल अमर भरत्थ॥* अर्थात् (मेरे प्रबंध काव्य रासो में) कवित्त (षट्पदी), साटक (शार्दूलविक्रीडित), गाहा (गाथा) और दोहा नामक वृत्त प्रयुक्त हुए हैं, जिनमें मात्रादि नियम पिंगलाचार्य के अनुसार और संस्कृत (अमरवाणी) के छंद भरत के मतानुकूल हैं।[18]

2.

कथा–काव्यरूप की दृष्टि से पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा–काव्य ऐसे कथा–काव्य रूपों में हैं, जो संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश से होते हुए देशभाषाओं में क्षेत्रीय सांस्कृतिक ज़रूरतों के तहत रूपांतरित हुए हैं। चरित, गाथा, आख्यान आदि कथा–काव्य रूपों ने अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं में कई रूप धारण किए। ऐतिहासिक काव्य की चारण और जैन परंपराएँ निरंतर समृद्ध रही हैं, इसलिए इनका देशज रूपांतरण भी विविध रूपों में हुआ। चारण काव्य की प्रवृत्ति के रूप में विकसित 'रासो' और जैन काव्य की प्रवृत्ति के रूप में विकसित 'रास' आरंभ में अलग प्रवृत्तियाँ नहीं थीं, लेकिन बाद में ये अलग हो गईं। हेमचंद्र के *काव्यानुशान* में 'रासक' को

गेय रूपक कहा गया।[19] आरंभ में यह गेय रूपक था, लेकिन कालांतर में यह चरित प्रधान रास में बदल गया। युद्ध, आखेट आदि पर एकाग्र रचनाओं को कालांतर में 'रासो' और इससे अलग कथा प्रधान रचनाओं को 'रास' कहा जाने लगा।[20] चरित रचनाओं में कथा विस्तार और वर्णन के लिए चौपाई का प्रयोग होता था, इसलिए इनका नाम 'चरित्र' या 'चउपई' भी होने लगा। पद्मिनी चरित्र विषयक रचनाओं के नामकरण उपलब्ध प्रतियों में 'चरित्र' के साथ 'चउपई' भी मिलते हैं। लिपिकर्ताओं ने इनको कहीं 'चउपई', तो कहीं 'चरित्र' लिखा है। 'रासो' वंश और ख्यात के संयोग से विकसित कथा-काव्यरूप है, जिसका चारण और जैन, दोनों रचनाकारों ने इस्तेमाल किया। 'समिओ' भी 'समय' से विकसित काव्य रूप है। विस्तृत चारण रासो रचनाओं का विभाजन 'समयों' में होता था। 'समिओ' केवल पद्मिनी-रत्नसेन विषयक एक प्रकरण पर निर्भर रचना है, इसलिए इसका नामकरण कदाचित् *पद्मिनीसमिओ* हुआ है। 'पाटनामा' ख्यात और वंश का मिला-जुला चारण रचना रूप है।[21] इस तरह की रचना रूप की कोई परंपरा नहीं मिलती। इन रचनाओं में प्रयुक्त कथा-काव्य रूप रूढ़ और सर्वथा पारंपरिक नहीं हैं। कवि-लेखकों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार इनमें परिवर्तन किए हैं।

गोरा-बादल कवित्त 82 छंदों की एक सुगठित लघुकाय प्रबंध रचना है। यह एक चारण चरित रचना है, लेकिन यहाँ कथा कथन और विस्तार के लिए छप्पय (कवित्त) छंद का व्यवहार सबसे अधिक है, इसलिए इसको 'कवित्त' कहा गया है। चारण काव्य परंपरा में इस तरह की 'कवित्त' रचनाओं की परंपरा है। यहाँ कथा इतनी संक्षिप्त और सुगठित है कि इसका विभाजन नहीं किया गया है। आरंभ में गणपति की वंदना और फिर कथा संकेतक है, जिसमें कवि ने गोरा के 'गूण गूँथने' को अपना प्रयोजन बताते हुए और कथा को संकेत में कहा है।[22] अन्य रचनाओं की तरह यहाँ कथा के सभी मोड़-पड़ाव हैं, लेकिन इनके विस्तार में जाने के बजाय कवि-कथाकार केवल इनकी ओर संकेत कर आगे बढ़ गया है। यह रचना एक तरह का कथा बीज है, जिसमें विस्तार और पल्लवन की संभावनाएँ हैं। उत्तरी-पश्चिमी भारत के लोक में इस तरह कथा बीजों को स्मृति में सुरक्षित रखने की परंपरा थी। प्रबंध रचना रूपों के लिए जिस तरह की औपचारिकताएँ अपेक्षित हैं, कवि-कथाकार ने इसमें उनका निर्वाह नहीं किया है। दरअसल यह रचना रूप इस तरह का है कि यह इसमें अपेक्षित भी नहीं है। हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* एक पारंपरिक चरित काव्य रूप की जैन रचना है। एक तो इसमें चौपाई छंद की प्रधानता है, इसलिए इसे 'चरित' के बजाय 'चउपई' रचना कहा गया है। यह एक संक्षिप्त प्रबंध रचना है, जो दस खंडों में विभक्त है। यह विभाजन घटना या प्रकरण पर आधारित है।

खंडों का नामकरण भारतीय परंपरा के अनुसार पहलो, दूजो, तीजो आदि में किया गया है। यह रचना 620 छंदों की अपेक्षाकृत संक्षिप्त रचना है, लेकिन इसमें प्रबंध संबंधी औपचारिकताओं का निर्वाह है। आरंभ में गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, शिव और सरस्वती की वंदना है और उसके बाद कथा प्रयोजन और कथा संकेतक है। हेमरतन ने आरंभ में अपने गुरु पद्मराज वाचक की वंदना की है। इसके बाद चित्रकूट की प्रशस्ति के साथ ही कथा आरंभ की गई है।[23] प्रभावती के व्यंग्यात्मक आग्रह पर सिंघल द्वीप की पद्मिनी से रत्नसेन का विवाह, राघव का अंत:पुर में प्रवेश और उसका देश निकाला, राघव का दिल्ली पहुँचकर पद्मिनी की सराहना और अलाउद्दीन का आक्रमण, रत्नसेन और अलाउद्दीन का युद्ध, अलाउद्दीन का दुर्ग में प्रवेश और झरोखे में पद्मिनी को देखकर मूर्च्छित होना, अलाउद्दीन द्वारा पद्मिनी की माँग और इस पर रत्नसेन के पुत्र वीरभाण सहित सामंतों की सहमति और पद्मिनी की नाराज़गी, पद्मिनी की सहायता के लिए गोरा-बादल का आगमन और बादल की माता और पत्नी का प्रतिरोध, गोरा-बादल का युक्तिपूर्वक रत्नसेन को क़ैद से मुक्त कराना, गोरा की मृत्यु और गोरा की पत्नी का सती होना- इस रचना की मुख्य घटनाएँ और मोड़-पड़ाव हैं। अंत में कवि ने जैन परंपरा के अनुसार रचना प्रशस्ति लिखी है, जिसमें उसने अपने समय के शासक महाराणा प्रताप, रचना के प्रणेता ताराचंद और गुरु पद्मराज वाचक की सराहना की है और इसमें इसकी रचना का समय संवत् 1646 का उल्लेख भी किया है। समापन पर हेमरतन ने कथा का समाहार करते हुए लिखा है कि- *पद्मिणी राखी राजा लीहु, गढनउ भार घणा झीलीऊ। रिणवट करीनई राखी देह, नमो, नमो बादिल गुण गेह॥*[24]

हेमरतन की *चउपई* से प्रभावित होते हुए भी लब्धोदय की *पद्मिनी चरित्र चौपई* का संगठन अलग तरह का है। यह तीन खंडों में विभक्त है और इसके तीनों खंडों के आरंभ में मंगलाचरण है और अंत में पुष्पिका लेख में उस खंड की कथावस्तु का सांकेतिक उल्लेख है। पहले खंड की पुष्पिका के अंत में लिखा गया है कि *इति श्री राणा श्री रतनसिंह पदमणी परणी पनोता प्रथम खंड।*[25] इसी तरह द्वितीय खंड के अंत में..*राणा श्री रतनसिंह सिंहलद्वीप गमन श्री पदमिनी पाणिग्रहणं श्री चित्रकूट दुर्गागमन संबंध प्रकाशो लिखा गया है।*[26] सभी पुष्पिका लेखों में रचना के प्रेरक परिवार के सदस्यों की प्रशस्ति भी है। यह एक प्रकार की चरित्र रचना है और इसको अधिकांश प्रतियों में 'चरित्र' ही कहा गया है। यह 33 ढालों और 24 देशी राग-रागिनियों में निबद्ध है। तृतीय खंड में कवि ने लिखा भी है कि *इतिश्री शील प्रभावे पद्मिनी चरित्रे ढाल भाषा बंधे श्री रतनसेन रावल तास सुभट गोराबादल रिण जय प्रतापै: तृतीय खंड संपूर्णम्।*[27] ढाल एक प्रकार का गेय जैन काव्य रूप है, जो विभिन्न देशी राग-रागिनियों में होता है।[28]

पद्मिनीसमिओ अज्ञात कवि की रचना है और इसके काव्य रूप का नामकरण 'समिओ' किया गया है। यह संपूर्ण पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर रचना है और जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* और हेमरतनकृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* जैसी ही रचना है। कथा के मोड़-पड़ाव और छंद योजना भी कमोबेश जटमल नाहर की रचना के समान है, लेकिन कवि ने इसका नामकरण 'कवित्त' करने के बजाय 'समिओ' किया है।[29] 'समिओ' दरअसल 'समय' का अपभ्रंश रूप है। रासो काव्यों का विभाजन समयों- पद्मावती समय, कनवज्ज समय आदि में होता था। रचनाकार शैली और भाषा के आधार पर चारण लगता है, इसलिए शायद उसने अपनी रचना का एक घटना पर एकाग्र होने के कारण नामकरण 'समिओ' किया होगा। *समिओ* की कथा के मोड़-पड़ाव *गोरा बादल-पदमिणी चउपई* और *पद्मिनी चरित्र चौपई* से कुछ हद तक अलग हैं। भोजन पर राजा रत्नसेन को नाराज़गी की जिस कथा रूढ़ि को अधिकांश रचनाओं का आधार बनाया गया है, वह यहाँ नहीं है। यह रचना खंडों आदि में विभक्त भी नहीं है। कवि ने आरंभ में लिखा है कि *अथ श्री पद्मिणीजी रौ समिऔ लिख्यते।*[30] कवि ने युद्ध वर्णन में विशेष रुचि ली है। उसने भुजंगी छंद में छंद सं. 54 से लगाकर 88 तक युद्ध और छलपूर्वक रत्नसेन के बंदी बनाये जाने की घटना का विस्तृत वर्णन किया है।[31] आगे फिर युद्ध वर्णन 109 से लगाकर 130 तक निरंतर है, जिसमें कवित्त, मोतीदाम (मोक्तिकदाम), पाड्गत, वीरारस और रसावलू छंदों का प्रयोग हुआ है।[32] 'समिओ' काव्य की कोई परंपरा नहीं मिलती। यह 'कवित' या रास-रासो' जैसे पारंपरिक काव्य रूपों का संक्षिप्त रूप लगता है। जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* एक जैन श्रावक की रचना है और चरित कथा-काव्य परंपरा में है। यह रचना अपनी प्रबंध योजना में *पद्मिनीसमिओ* के समान है। यह भी ऐसी रचना है, जिसमें कोई विभाजन नहीं है। *पद्मिनीसमिओ* से भिन्न इस रचना के आरंभ में परंपरा के अनुसार सरस्वती की वंदना है। कवि कहता है कि *चरण कमल चित लाइ समरूँ श्री श्री सारदा / मूझ अखर दे माइ, कहिस कथाचित लाइबकई।*[33] रचना के अंत में परंपरा के अनुसार जटमल नाहर ने अपने गाँव, शासक, पिता और रचना समय का उल्लेख किया है।[34] कवि का आग्रह कथा कथन पर ज़्यादा है, इसलिए इसमें वस्तु वर्णन अपेक्षाकृत कम है।

खुम्माणरासो, राणारासो और *पाटनामा* में पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण विस्तृत वंश कथा-काव्य का एक हिस्सा है। *खुम्माणरासो* 'रास' और 'रासो' के बीच की एक जैन यति की रचना है। इसका संगठन दलपति विजय ने अपनी सुविधा और ज़रूरत के अनुसार तय किया है। आठ खंडों में विभक्त इस रचना में बापा रावल से महाराणा राजसिंह तक का मेवाड़ का कथा-इतिहास है। पहले खंड में बापा रावल, दूसरे तीसरे

और चौथे खंड में खुम्माण, पाँचवे खंड में आलसणी, समरसी और राहप का वर्णन है। रचना का छठा खंड पद्मिनी-रत्नसेन और गोरा-बादल प्रकरण पर आधारित है। सातवें खंड में हम्मीर से लगाकर महाराणा सांगा तक का संक्षिप्त इतिहास है। आठवाँ खंड खंडित है, जिसमें रत्नसिंह (द्वितीय) से राजसिंह तक का वर्णन है। *खुम्माणरासो* नामकरण से ऐसा प्रतीत होता है कि यह खुम्माण पर एकाग्र रचना है, लेकिन ऐसा नहीं है। इसमें दो प्रकरण- खुम्माण और पद्मिनी-रत्नसेन प्रमुख हैं। दलपति विजय ने इन दोनों प्रसंगों का काव्यात्मक और विस्तृत वर्णन किया है[35], जबकि शेष खंडों में आग्रह वंश वर्णन और इतिहास का अधिक है। पद्मिनी रत्नसेन की कथा कमोबेश वही है, जो हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में है। रत्नसेन और पदमिनी का विवाह, राघव व्यास का पद्मिनी और रत्नसेन को विलासमग्न देखना और राजा का कुद्ध होकर उसको देश निकाला देना, राघव का अलाउद्दीन को प्रभावित कर चित्तौड़ पर चढ़ा लाना, अलाउद्दीन का शक्ति से पद्मिनी पाने पर असफल रहने पर छद्म पूर्वक रत्नसेन को बंदी बनाना, गोरा-बादल का पद्मिनी के आग्रह पर रत्नसेन को युक्तिपूर्वक मुक्त करवाना और अलाउद्दीन की पराजय जैसी घटनाएँ *खुम्माणरासो* के इस प्रकरण में भी हैं। कवि आरंभ में अंबिका को प्रणाम कर अपने गुरु हिम्मत विजय को नमस्कार करता है। उसके बाद वह सरस्वती और गणेश वंदना कर चित्तौड़ दुर्ग के साथ इक्ष्वाकु कुल से लगाकर गुहिल वंश तक का वर्णन करता है।[36] दलपति विजय का रासो का संगठन और व्यवस्था इस तरह की है कि इसके सभी खंड स्वतंत्र लगते हैं। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण माता अंबा की वंदना से आरंभ होता है। राणाओं की वंशावली देने के बाद इसमें विस्तार से रत्नसेन-पद्मिनी की कथा कही गई है। खंड के अंत में दलपति विजय ने पुष्पिका में कहा है कि इसमें कुछ 'पूर्वोक्त' है और कुछ 'ग्रन्थाधिकारेण' है। वह लिखता है- *इति श्री चित्रकोटाधिपति बाया खुमाणन्वये राण रतनसेन पदमिणी गोरा बादल संबंध किंचित ग्रंथाधिकारेण पं. दौलतराम ग. विरचितियां (अ) धिकार संपूर्णम्।*[37]

राणारासो के काव्यरूप को लेकर इसका कवि दयालदास दुविधाग्रस्त है। उसने पुष्पिका लेखों में इसको 'वंशावली' (महाराणा श्री जगतसिंह वंशावली) और 'चरित' (महाराणा जगतसिंह चरित, अमरसिंह चरित आदि) लिखा है[38], लेकिन कवि का अंततः उद्देश्य रासो की रचना है और वह *पृथ्वीराजरासो* जैसी ही कोई रचना करना चाहता है। उसने लिखा है कि- *चंद छंद चहुवान के बोली उमा विसाल। राजरास अतिहास कूँ, दोरे न पलत पयान।*[39] यह रचना *पृथ्वीराजरासो* से इस अर्थ में अलग है कि इसमें आरंभ और आगे कहीं भी श्रोता-वक्ता का प्रावधान नहीं किया गया है। यह रचना खंडों, समयों या सर्गों में विभक्त भी नहीं है। दयालदास गणेश और

सरस्वती वंदना से आरंभ कर तीसरे दोहे में कहता है कि इस रचना का प्रयोजन राजसिंह के निष्कलंक वंश का वर्णन करना है और फिर ब्रह्मा-विष्णु से आरंभ कर उसकी वंशावली का वर्णन शुरू कर देता है। आरंभिक वंशावली पुराणों पर निर्भर है। *राणारासो* में पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण छंद सं. 68 से आरंभ होकर 126 तक चलता है और अन्य रचनाओं की तुलना में यह संक्षिप्त है।[40] यहाँ आग्रह कथा की जगह वस्तु वर्णन है। आरंभ में ही योगी द्वारा सिंघल द्वीप की स्त्रियों के वर्णन से राणा रत्नसेन को प्रेम हो जाता है। उसके प्रेमासक्त होते ही षड्ऋतु वर्णन की शुरुआत हो जाती है, जो निरंतर 14 छंदों तक चलता है।[41] उसके बाद जल्दी से कथा को आगे बढ़ाकर कवि युद्ध वर्णन पर आ जाता है, जो अंतिम छंद 126 तक चलता है।[42] बीच में कवि कथा केवल संकेत में कहता है। *राणारासो* के अंत में कोई पुष्पिका नहीं है। कवि दयालदास यह कहकर रचना समाप्त कर देता है कि- *राणा राजसिंह के पाट अब बैठे जयसिंह रान। धरा ध्रम्भ अवतार ले, मनो भान के भान।*[43] 'पाटनामा' का साहित्य रूप अपारंपरिक है। ख्यात और वंश जैसे साहित्य रूप पारंपरिक है और समयांतराल से इन्होंने कई रूप धारण किए हैं। *पाटनामा* भी वंश और ख्यात से विकसित साहित्य रूप है। *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* अपने ढंग को अकेली रचना है। यहाँ आख्यान, इतिहास और गल्प, एक साथ हैं। यह मेवाड़ के पारंपरिक राजकीय इतिहास लेखक की रचना है, जो टोकराँ गाँव का रहने वाला है और उसका पद बड़वा है।[44] यह परिवार मेवाड़ राजवंश की पीढ़ी-दर-पीढ़ी वंशावली और प्रमुख घटनाओं का वर्णन करने और उसके संरक्षण के लिए उत्तरदायी है। इस निमित्त दो ग्रंथ- (1) हथबही और (2) पाटनामा होते हैं। बड़वा यजमान के घर वंशावली लिखने के लिए जाता है, तो 'हाथबही' लेकर जाता है और वह यजमान के यहाँ से लौटकर यह विवरण मूल ग्रंथ 'पाटनामा' में दर्ज़ करता है।[45] 'पाटनामा' घर से बाहर नहीं जाता। यह वरिष्ठ, मतलब 'पाटवी' ग्रंथ है, इसलिए इसका नामकरण 'पाटनामा' हुआ। यह एक गद्य रचना है, जिसमें मेवाड़ के आरंभ से लगाकर महाराणा शंभुसिंह (1847-1874 ई.) के समय तक विवरण दर्ज़ किया गया है। यह कथा-उपकथाओं, प्रासंगिक कथाओं और जनश्रुतियों का भंडार है। यह ऐसी रचना है, जिसमें तिथियाँ, नाम और संख्याएँ दी गई हैं, यद्यपि इनकी प्रामाणिकता संदिग्ध है। यहाँ विवरण असाधारण प्रकार की क़िस्सागोई के साथ अत्यंत रोचक और नाटकीय बनाकर प्रस्तुत किया गए हैं। *पाटनामा* में रत्नसेन-पद्मिनी प्रकरण बहुत विस्तार से आया है। ख़ास बात यह है कि इसमें रत्नसिंह और अलाउद्दीन ख़लजी का युद्ध पद्मिनी की सुंदरता, इसकी जानकारी अलाउद्दीन तक पहुँचने का विवरण के साथ इसमें आगे यह उल्लेख भी है कि इसके बाद हम्मीर ने क़िले पर फिर अधिपत्य क़ायम किया।

इसमें कहीं-कहीं कवित्त भी हैं, जो बीच में कथा बीज की तरह आते हैं। यह रचना यजमान के यहाँ पढ़ी-कही जाती थी, इसलिए इसकी भाषा का मुहावरा और शैली 'पढ़ने-कहने' की है। कथाकार बीच-बीच में वंशावली का उल्लेख करता चलता *(अथ नामावली लिखते)* है। वह राजा की रानियों और संततियों का भी नामोल्लेख *(महारावल जी श्री रतनसेन जी घरे पढियार रेण राजा की सुहागकवर जी के बेटा, दुजी चावड़ी चंदराई की सूरज कवर जी का बेटा राजो जी ... ।)* करता है। हर शासक के वंशावली उल्लेख के बाद लेखक उस शासक के कार्यकाल की ख्यात घटनाओं पर आता है और उनको बारीक और विस्तृत विवरणों के साथ रोचक ढंग से प्रस्तुत करता है। वह बीच-बीच में प्रचलित ख्यातों के वृत्तांत भी देता जाता है; जैसे पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण में उसने चित्तौड़ क़िले की ख्यात विस्तार से दी है।[46]

3.

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर आधारित कथा-काव्यों की भाषा प्राकृत-अपभ्रंश परवर्ती देश भाषा है। यह ऐसी भाषा है, जिसमें संस्कृत के समानांतर विकसित प्राकृत-अपभ्रंश की कुछ प्रवृत्तियाँ परम्परा से हैं और इसमें बाद में विकसित देशभाषाओं की कुछ क्षेत्रीय विशेषताएँ भी आ गयी हैं। कुछ समान प्रवृत्तियों के बावजूद चारण और जैन प्रवृत्तियों में भाषिक भिन्नताएँ हैं, जबकि *पाटनामा* की भाषा दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान के मेवाड़ इलाके में प्रयुक्त बोली मेवाड़ी है। चारण रासो रचनाओं की भाषा के वैशिष्ट्य पर विस्तार से विचार हुआ है, क्योंकि रासो पारंपरिक काव्य है और इनके रचनाकारों को इसकी ख़ास प्रकार की भाषा का प्रशिक्षण और अभ्यास भी है। *राणारासो* की रचना *पृथ्वीराजरासो* को आदर्श मानकर हुई है[47], इसलिए इसकी भाषा पर *पृथ्वीराजरासो* की भाषा का प्रभाव है। *खुम्माणरासो* की भाषा भी कमोबेश वही है, जो रासो काव्यों पर प्रयुक्त होती रही है। विद्वानों में रासो की भाषा के स्वरूप को लेकर विवाद रहा है। दशरथ शर्मा सहित कुछ विद्वानों ने माना है कि मूल *पृथ्वीराजरासो* की रचना अपभ्रंश में हुई और अब इसी अपभ्रंश के विकसित रूप में जो रासो उपलब्ध हैं, वो डिंगल या पुरानी राजस्थानी में हैं।[48] सुनीतिकुमार चटर्जी[49], धीरेन्द्र वर्मा[50], ग्रिर्यसन[51], नरोत्तम स्वामी[52] आदि ने इनकी भाषा को प्राचीन 'पश्चिमी हिंदी' या 'पुरानी ब्रजभाषा कहा है। तैस्सीतोरी का विचार है कि रासो की भाषा पिंगल है और यह *प्राकृतपैंगलम* की परम्परा में है।[53] नामवर सिंह का मानना है कि ''पिंगल होते हुए भी रासो की भाषा अधिक विकसित है, इसमें प्राकृत-अपभ्रंश के रूढ़ रूपों के अवशेष अपेक्षाकृत कम हैं।''[54]

पदमिनी-रत्नसेन प्रकरण पर आधारित इन अधिंकांश रचनाओं की भाषिक प्रवृत्तियों

में सबसे प्रमुख उकारांत शब्दों की प्रचुरता है। यह प्रवृत्ति इनमें संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश से आई है। संस्कृत के *ललित विस्तर*[55] और प्राकृत के *धम्मपद*[56] में यह प्रवृत्ति मिलती है। भरत के नाट्यशास्त्र में हिमालय, सिन्धु और सौवीर की भाषा को उकार बहुला कहा गया है। भरत मुनि के अनुसार *हिमवत्सिन्धुसौवीरान्ये जनाः समुपाश्रिताः। / उकारबहुला तज्ज्ञस्तेषु भाषां प्रयोजयेत्॥* अर्थात् हिमालय, सिंधु तथा सौवीर के निवासी प्रायः उकार बहुला भाषा का प्रयोग करते हैं।[57] *राणारासो* में उकार शब्दों (जोग्यंदु-184, वासु-184, कपूरु-185, घनसारु-187, नरिंदु-188, चितु-190, वासारु-194, प्रानु-196, दसकंधु-214 आदि) का ख़ूब प्रयोग हुआ है। यह प्रवृत्ति *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* (उठिउ-5, भलउ-5, गयउ-5, नितु-19, बइठउ-27, जुडिउ-27, हठीउ-9 मोटउ-33, आविउ-55, सांभलीउ-55 आदि) और *गोरा-बादल कवित्त* (सांचरयउ-110, कहयउ-111, उठायउ-112, धरयउ-112, सूरऊ-112, अणसरउ-121, मीठउ-124, चलायउ-126, कहंतउ-127) में भी पायी जाती है। ख़ास बात यह है कि जहाँ *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में क्रिया शब्द उकारांत किए गए हैं, वहीं *राणारासो* में यह प्रवृत्ति संज्ञा शब्दों में अधिक दिखती है। (ii) व्यंजन द्वित्वीकरण की, जो प्रवृत्ति प्राकृत अपभ्रंश में थी, उसका प्रयोग रासो सहित इन सभी रचनाओं- *गोरा-बादल कवित्त* (बादल्ल-108, झल्ल-108, कच्चीय-112, सच्ची-112, अल्लावदीन-113, कज्जि-113, सज्जि-113, सुमिठ्ठउ-115, किज्जइ-115, गोरल्ल-121, साहस्स-121, फुट्टइ-122, मग्गउ-122 आदि), *गोरा-बादल पदमिणी चउपइ* (सक्कई-2, जस-जोत्त-3, मज्झ-21, गंध्रव्व-42, जम्म-42, सन्नाहे-91 आदि), *खुम्माणरासो* (समप्पो-82, हत्थे-87, मुत्ताहल-94, गड़क्के-101, धड़क्के-101, षट्टिह-103, फट्टिह-103, चुक्कां-111, बालक्क-130, षग्ग-160, बुल्लहुं-160, झल्लक्कें-162, विलग्गी-165, पक्के-165, सरग्ग-168 आदि), *राणारासो* (भूम्मि-183, दुख्ख-185, लग्गे-189, गज्ज-192, सज्ज-192 ,कज्ज-192, मुख्ख-195, भख्ख-198, आभख्ख-198, तुरक्कंति-198, सन्नह-202, इच्छ-203, खलभ्भल-206 आदि) और *पद्मिनीसमिओ* (विचख्खन-183, विज्झण-185, विड्डारण-186, कुच्च-190, घुरक्कति-190, आतस्सबाजी-194, खग्ग-199, वक्कील-199, कट्टारी-199, पलट्टूँ-200, दड़ब्बड़- 201 आदि) में ख़ूब मिलता है। (iii) स्वर-व्यंजन संबंधी विकृति के कारण शब्दों के रूप में परिवर्तन की प्रवृत्ति इन रचनाओं में बहुत है और यह प्रवृत्ति भी इनको प्राकृत-अपभ्रंश से विरासत मिली है। प्राकृत-अपभ्रंश में प्रचलित शब्दों में भी यहाँ तक आते-आते स्वर-व्यंजन संबंधी बहुत परिवर्तन हुए हुए हैं। दिल्ली>डिली (कवित्त-109), मंगोल>मंइगल (कवित्त-116), सागर>साइर (कवित्त-117), सुत>सुय (कवित्त-124), लोचन>लोय, (कवित्त-124),

ब्राहमण>ब्राभण (दलपति-86), नायिका>नायका (दलपति-89), पृथ्वी>पुहवी (दलपति-135), त्रिभुवन>तुभुवन (दलपति-135), वासुकि>वासिग (दलपति-94), पूर्व>पुव्व (दलपति-100), स्वामी>सांमी, (दलपति-155), विचक्षण>विच्चखण (दलपति-156), सम्मुख>सामाँ (दलपति-160), मानस>माणस (दलपति-161), जिह्वा>जीभ (दलपति-162), वृक्ष>विरख (दयालदास-186), भ्रमर>भामर (दयालदास-187), पर्यंक>परजंक (दयालदास-189), दृगनि>द्रिगनि (दयालदास-189), केलि>केल (दयालदास-190), प्राहुणउ>पाहुनो (दयालदास-186), मित्र>मिंत (हेमरतन-187), पंक्ति>पग्ति (हेमरतन-193), अवधूत>औधूत (हेमरतन-167), गंधर्व>गंध्रव (हेमरतन-22), शशि>सिसि, (हेमरतन-23), वक्र>बंक (हेमरतन-23), तूर्य>तुरी (हेमरतन-30), ब्राह्मण>बंभ (हेमरतन-36), सकल>सयल (हेमरतन-63), भीष>बीह (हेमरतन-69), अंबर>डंबर (हेमरतन-89), धनुष>धनक (समिओ-101), नृपति>न्रपत (समिओ-102), गुह्य>गुझ (समिओ-100), हरित>हरिव (समिओ-106), म्लेच्छ>मछाइव (समिओ-132), पयोधर>पयोहर (नाहर-190), परिवेषण>पररूसई (लब्धोदय-53) अन्न>नाज (लब्धोदय-5), वृत्तांत>विरतंत (लधोदय-24), वैर>वयर (लब्धोदय-27), गज गामिनी>गय गमणि (लब्धोदय-59), गृह>गयर (लब्धोदय-66), तरुणी>तुरणी (लब्धोदय-66), तपस्या>तुपस्या (पाटनामा-305), ख़ुशी>कुसी (पाटनामा-315), पुरोहित>परोथ (पाटनामा-315), इनाम>अन्याम (पाटनामा-342), ज्योतिषी>जोतसी (पाटनामा-343) आदि प्रयोग इन रचनाओं की भाषा में मिलते हैं।
(iv) न को ण और ल को ळ में परिवर्तित करने की मध्यकालीन डिंगल-राजस्थानी की प्रवृत्ति इन अधिकांश रचनाओं में मिलती है। वयण (कवित्त-110), दांण (कवित्त-110) योगिणी (कवित्त-1130), सिणगार (कवित्त-115), फुरमांण (कवित्त-126), काणि (हेमरतन-1), अणजाणिउ (हेमरतन-2), राजभवणि (हेमरतन-3), हाणि (हेमरतन-18), सुजाँण (हेमरतन-25) विणसई (हेमरतन-55), सणीजा (हेमरतन-94), भाइपणो (दलपति-85), घमसाण (दलपति-89), सोहामणी (दलपति-92), इण (दलपति-95), पठाण (दलपति 97), अप्पणो (दलपति-99) पकड़ाणो (दलपति-112), लेण (दलपति-142), सुणे (नाहर-185), विड्डारण (नाहर-186), जाणो (नाहर-189), पलाँण (नाहर-193), परवाँण (नाहर-201), सामणि (लब्धोदय-1), कामिणा (लब्धोदय-2), वणाया (लब्धोदय-5), जणें (लब्धोदय-7), ऊख़ाणो (लब्धोदय-9), सुणताँ (लब्धोदय-30), पीणो (लब्धोदय-37), छूटण (लब्धोदय-62), आपणो (लब्धोदय- 64), ख़ाण-पाण (पाटनामा-302), रणवास (पाटनामा-303), दरसण (पाटनामा-311), जाणा (पाटनामा-315) आदि कुछ ऐसे ही उदाहरण हैं। इसी तरह 'ल' अकसर डिंगल-राजस्थानी में 'ळ' में बदलता है। यह प्रयोग इन

रचनाओं में ख़ासतौर पर दलपति विजय के यहाँ ख़ूब मिलता है। केळवस्यूँ (हेमरतन-1), राजकुळी (दलपति-83), षळभळियो (दलपति-95), गोळा (दलपति-96), वादळ (दलपति-102), छळ (दलपति-102), कचोळी (दलपति-106), ढोळे (दलपति-106), साळ (दलपति-106) दाळ (दलपति-106), तंबोळ (दलपति-110), भळे (दलपति-111), रावळो (दलपति-111) आदि ऐसे ही प्रयोग हैं।

रूप रचना की दृष्टि भी इन रचनाओं की भाषा में क्षेत्र और शैली के कारण कहीं-कहीं वैविध्य मिलता है और इनमें अपभ्रंशोत्तर और उदयकालीन नयी देशभाषाओं की प्रवृत्तियाँ भी मिलती हैं। (i) अपभ्रंश में विभक्तियों से परसर्गों विकास शुरू हो गया था और यह प्रक्रिया परवर्ती देश भाषाओं में भी जारी रही। इनमें अपभ्रंश के परसर्गों का प्रयोग तो हुआ ही है, इनमें प्रचलित परसर्गों का रूपांतरण और कुछ नये परसर्गों का विकास भी हुआ। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा-काव्यों में मध्यकालीन राजस्थानी के परसर्गों का प्रयोग हुआ है और इनमें कुछ स्थानिक प्रवृत्तियाँ दिखायी पड़ती है। का (अउर का, *कवित्त*-112), कउँ (कवित्त-112), कूँ (*विप्र कूँ,* नाहर-187), स्यूँ (*थल स्यूं,* कवित्त-128, *कल्लोल स्युं,* लब्धोदय-1), थी (*चित्रकोट थी,* हेमरतन-20), नउ (*आलिम नउ,* हेमरतन-28), तणउ (*गोरल तणउ,* कवित्त-128), तणइ (*सरसती तणइ*- हेमरतन-1), तणी (*सिंघलपति तणी,* दलपति-84), सुं, (*पटणाणी सूं,* हेमरतन-4), नुं (*नृपनुं,* हेमरतन-13), थीं (*वित्तथीं,* हेमरतन-14), नी (*पगनी*- हेमरतन-32), केरा (*चित्रकोट केरा,* समिओ-99, चित्तौड़ केरा, नाहर-182), सों (*पीर सों*- दयालदास-188), कहूं (*रान कहूं,* दयालदास 188), कूँ (*हम कूँ,* दलपति-87), नो (*ढंढोरा नो,* लब्धोदय-21), नी (*पंखी नी,* लब्धोदय-28) री (*चित्तौड़ री,* लब्धोदय- 43), तै (*जहाँ ते,* नाहर-196), के (*बारी कै,* नाहर-196, *रतनसेनजी के,* पाटनामा-296), रे (*दरिया रे,* दयालदास-130) थकी (*कोट थकी,* दलपति-127), रा (*पदमणी रा,* दलपति-94, *गोठा रा,* पाटनामा-299), सूं (पाटनामा-299) आदि मुख्य परसर्ग हैं, जो इनमें प्रयुक्त हुए हैं। (ii) अपभ्रंश में अनुनासिक का विभक्ति के रूप प्रयोग शुरू हुआ था, जो परवर्ती विकसित देश भाषाओं में भी जारी रहा। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण विषयक कथा-काव्यों की भाषा में यह प्रवृत्ति निरंतर मिलती है। ख़ासतौर पर संबंध, अधिकरण, कर्म और करण के लिए इसका प्रयोग बहुत मिलता है। असुरां (संबंध, कवित्त-109), चहुआणां (संबंध, कवित्त-121), अश्वे (अधिकरण, दलपति-84), निजरें (अधिकरण, दलपति-86), बगसीसां (कर्म, दलपति-132). रोसें (अधिकरण, दलपति-137), पद्मिनि हाथें (करण, दलपति-98), व्यासें पदमिणी (कर्म, दलपति-108), असुरां (संबंध, हेमरतन-59), महिलां (अधिकरण, लब्धोदय-19) आदि प्रयोग इन रचनाओं

में कई हैं। (iii) निर्विभक्तिक शब्दों का प्रयोग इन रचनाओं में आम है। ख़ासतौर पर चारण रचनाओं में यह कवि भाषा का स्वभाव है। सुरताण निवाजीयु (कवित्त-113), रत्नसेन घरनारि (कवित्त-117), मांण मूंछ मरोड़ी (कवित्त-116), कवित्त सुणि रीझउ सुलतान (हेमरतन-21), असपति कीउ आरंभ (हेमरतन-27), सुभट घणा सज कीधा भला (हेमरतन-30), सुभट सहु संक्या मन माहि (हेमरतन-81), हरिपुर किये विलास (दयालदास-183), लोंग लता लपटान (दयालदास-185), ग्रीषम कुंदन कीच (दयालदास-186), वीति नीठी वसंत रितु (दयालदास-191), चढ़ि घेर्यो चित्तौड़ (दयालदास-197), आराधी क्वांरी कुंवरि (दयालदास197), रतनसेन पकड़ां जीवतां (दलपति-137), आस करि मंगन आयो (समिओ-99), दीप सिंघल पदमावती (समिओ-102), मानि वचन राजिंद्र सबै (समिओ-105), एक दिवस त्रिप कोय सुसा जीवत ग्रिह लाया (समिओ-115), साह कटल परि सोर (समिओ-144), सरस पूतली सँवारी (नाहर-187), जो खग मारूं साह सिर (नाहर-200), साह कटक पर्यो सोर (नाहर-204), चाबक चंचल लाइ (नाहर-206), मारे मनुख तुरंग (नाहर-207), पदमिनी पुन्य पखें किम मिलें (दलपति-137), रतनसेन पकड़ूँ (दलपति-94) आदि ऐसे कई उदाहरण हैं। (iii) पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर आधारित कथा-काव्यों में मध्यकाल में प्रचलित सर्वनामों का प्रयोग तो है ही, इनमें चारण परंपरा की अपभ्रंश और डिंगल के और जैन परंपरा की प्राकृत-अपभंश के सर्वनाम भी मिलते हैं। सर्वनामों के प्रयोग में कोई एकरूपता नहीं है। रचनाओं में इनका पर्याप्त वैविध्य है। तिहाँ (कवित्त-122), मोरउ (कवित्त-122), तूअ (कवित्त-128), तुम (दलपति-83), थे (दलपति-83), आंपे (दलपति-84), आपां (दलपति-84), म्हे (दलपति- 85, लब्धोदय-67), मांनू (दलपति- (85), तसु (हेमरतन-3), तिणि (हेमरतन-3), अम्हे (हेमरतन-4), तुझ (हेमरतन-22) त्रिस (हेमरतन-85), हूँ (समिओ-99, नाहर-186, पाटनामा-307), तुम (समिओ-99), मुहि (समिओ-102), अमने (लब्धोदय-68), ए (पाटनामा-305) आदि कई ऐसे सर्वनाम इन रचनाओं में आये हैं। (iv) अव्ययों के प्रयोग में भी इन रचनाओं में वैविध्य है। देश भाषाओं के नये विकसित अव्ययों के साथ इन रचनाओं में प्राकृत-अपभ्रश के अव्यय भी प्रयुक्त हुए हैं। नवि (दलपति-97), पिण (दलपति-140) जिण (दलपति-140) नहीं (दलपति-155), न (गोला न (और) बाण, दलपति-156), हिवें (हेमरतन-9), लगइ (हेमरतन-41), न (हेमरतन-47), जिसइ-तिसइ (हेमरतन-56), सथ (समिओ-110), केड़े (पाटनामा-345), नखे (पाटनामा-313), अबारु (पाटनामा-385), बी (पाटनामा-368) आदि अव्यय प्रयोग इन रचानओं में हैं। (v) क्रिया प्रयोग भी कमोबेश वहीं हैं, जो प्राकृत और बाद में अपभ्रंश में थे। इन पर कुछ

स्थानिक प्रभाव दिखाई पड़ता है। कहई बोलई, सुणई, कट्टई, मिलई (कवित्त-112) और प्रीसइ (हेमरतन-4) वर्तमानकालिक क्रिया रूप हैं, जो इन सभी रचनाओं में अक्सर प्रयुक्त हुए हैं। आयउ, कीधउ (कवित्त-112), उतर्यो, तेड़ाव्यो (दलपति-86), रीझवउ खुनीसऊ (हेमरतन-16-17), जनम्यो (लब्धोदय-4) आदि उदाहरण भूतकालिक क्रिया रूपों के हैं, जो इन रचनाओं इस्तेमाल हुए हैं। इसी तरह बूझिसी, झूझिसी (कवित्त-123), करस्यूं, लेस्यूं (दलपति-88), मारिहें, पकडिहें (दलपति-99) आदि इन रचनाओं में प्रयुक्त भविष्यकालिक क्रिया रूपों के कुछ उदाहरण हैं। फरवीजे (दलपति-104), जीपीजई (हेमरतन 67), वजावेयो (हेमरतन 87), कर्मवाच्य, जबकि आपो, सम्म्पो (कवित्त 82), देखाडो (लब्धोदय-49) आदि आज्ञार्थक प्रयोग के उदाहरण हैं। *पाटनामा* में पूर्वकालिक क्रिया प्रयोग 'कर' (सामलेरे-317, बलाईर-321, उठेर-328, जोड़ेर-345) का प्रयोग ख़ूब हुआ है। सहायक क्रियाओं का विकास भी इस दौरान हो गया था। इन कवि-कथाकारों ने इनका प्रयोग किया है। हुंती (दलपति-105), हुंता (दलपति-111), छूं (दलपति-138), अछइ (हेमरतन-10), अछै (लब्धोदय-2), थयो (लब्धोदय-11), छै (लब्धोदय-36), हूं (पाटनामा-327) आदि इसी तरह के प्रयोग हैं।

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा-काव्यों के शब्द समूह में पर्याप्त वैविध्य है। तत्सम शब्द इन रचनाओं कम हैं। वे ही तत्सम शब्द इनमें इस्तेमाल हुए हैं, जो देश भाषा काव्य व्यवहार शामिल हो गये थे। चरित्र (कवित्त-109), वसुधा (109), कन्या (कवित्त-110), अमृत (कवित्त-110), विप्र (कवित्त-110), चित्त (कवित्त-111), योगिनी (कवित्त-111), विलंब (कवित्त-112), धरणि (कवित्त-113), अनिल (कवित्त-113), पतिव्रता (कवित्त-114), प्रभात (कवित्त-115), हय (कवित्त-118), कटि (कवित्त-122), वारि (दयालदास-188), कामिनी (हेमरतन-3), पराक्रम (हेमरतन-3), समुद्र (हेमरतन-7), पयोनिधि (हेमरतन-8), उदधि (हेमरतन-7) धवल (हेमरतन-24), कुसुम (हेमरतन-24), कुंकुम (हेमरतन-49), अगर (हेमरतन-49), पश्चाताप (हेमरतन- 15), वित्त (हेमरतन-18), विद्या (हेमरतन-19), तनु लंक (हेमरतन-35), तुरंग (हेमरतन-27), तुष्ट (समिओ-3), प्रोलि (नाहर-195), उदक (लब्धोदय-7), जलधि (लब्धोदय-8), तरणि (लब्धोदय-43), निधि (दयालदास-183), इंदु (दयालदास-184), वधू (दयालदास-185), मृगमद (दयालदास-186), पल्लव (दयालदास-190), नीर (दयालदास-192), अलिन (दयालदास-195), गिरि (दयालदास-195), दिनकर (दलपति-196), पंकज, रवि (दलपति-91), वारिज (दलपति- 92), अंब (दलपति-112), पारधी (दलपति-119), रिपु (दलपति-124), उदक (पाटनामा-308) आदि ऐसे कुछ शब्दों के उदाहरण हैं।

रासो और जैन रचनाएँ परंपरागत हैं, इसलिए इनमें प्राकृत-अपभ्रंश के अर्धतत्सम और परवर्ती देश भाषाओं उनसे विकसित तद्‌भव शब्दों का प्रयोग सबसे अधिक हुआ है। उपना (कवित्त 109), तुरिय (कवित्त-110), मूंधि (कवित्त-110), उतपन (कवित्त-111), सबद (कवित्त-112)), पुहवी (कवित्त-114), पुप्फ (कवित्त-115), त्रिय (कवित्त-120), सांमि (कवित्त-121), मुगट (दलपति-82), परतिख (दलपति-108, हेमरतन-10), प्रथवी (दलपति-103), प्रीसणो (दलपति-104), खिति (हेमरतन-7), विघन (हेमरतन-1), वसुहा (हेमरतन-2), गोख (हेमरतन-3), सिणगार (हेमरतन-1), खेत्र (हेमरतन-6), साखि (हेमरतन-3), प्रीसई (हेमरतन-4), सरीखउ (हेमरतन-7), ओपम (हेमरतन-10), भमर (हेमरतन-14), सिसि (हेमरतन-23), लख्यन (समिओ-101), पोलि (लब्धोदय-51), प्रथिमी (दयालदास-183), उरध (दयालदास-183), विरख (186), भोंन (दयालदास-186), वेपारु (दयालदास-188), ग्रेह (दयालदास-190), द्योस (दयालदास-190), अनुरत्त (दयालदास-190), अलप (दयालदास-191), जुर (दयालदास-192), अगिनी (दयालदास-194), ओधूत (दयालदास-197), वरस (दयालदास-200), दुरग (दयालदास-201), परिष्षा (दलपति-87), सूछिम (दलपति-91), वृछ (दलपति-107), विथा (दलपति-107), मयमत (दलपति-134), उछाह (दलपति-174), नोतो (पाटनामा-299), एकठा (पाटनामा-301), पछाण (पाटनामा-302), नंदरा (पाटनामा- 307), अकसत (पाटनामा-315), उच्छब (पाटनामा-318), अबलाखा (पाटनामा-325), दसटी (पाटनामा-314), सन्दीया (पाटनामा-325), बदस (पाटनामा-366), बावड़िया (पाटनामा-386) ऐसे कुछ शब्दों के उदाहरण हैं।

ये अधिकांश रासो और जैन रचनाएँ मध्य-पश्चिमी राजस्थान में हुईं, इसलिए इनमें मध्यकालीन राजस्थानी के देशज शब्दों का प्रयोग भी बहुतायत से हुआ है। *पाटनामा* में दक्षिण-पश्चिमी राजस्थानी के मेवाड़ी शब्दों की भरमार है। ख़ास बात यह है कि इसकी प्रतिलिपि अठारहवीं सदीं में हुई, इसलिए कदाचित् इसमें प्रयुक्त अपभ्रंश के शब्दों की जगह मेवाड़ी शब्दों का प्रयोग हुआ है। नीन्हू (कवित्त-95), कुरखे (कवित्त-120), चिट्ठी (दयालदास-140), छानउ (हेमरतन-31), गोफणि (हेमरतन-49), फोकट (हेमरतन-51) आमण-दुमणी (हेमरतन-64), ढांढा (हेमरतन-74), हेठी (हेमरतन-77), लारो-लारि (हेमरतन-77), ऊभां (हेमरतन-85), नैड़ी (नाहर-193), भूंडो (नाहर-195), छाना (लब्धोदय-7), चलु (लब्धोदय-57), भत्रीज (लब्धोदय-66), जीमुं (हेमरतन-5), खवास (हेमरतन-5), ऊंडी (हेमरतन-8), पहिरामणी (हेमरतन-10), हाटे (हेमरतन-14), धाया (हेमरतन-14), खुणीसउ (हेमरतन-17), तेड्या (हेमरतन-18), खटपट (दयालदास-196), गरद (दयालदास-

200), टुंक टुंक (दयालदास-200), चटपट्ट (दयालदास-208), भसुंड (दयालदास-208), वाट (दलपति-94), मोसो (दलपति-85), नीठ (दलपति-86), धड़हड़्यो (दलपति-96), अलाव (दलपति-95), गोळा (दलपति-96), आहड़ूं (दलपति-99), बावड़ूं (दलपति-99), गादी (दलपति-105), मेवा (दलपति-106), गोरू (दलपति-111), हेठ (दलपति-116), ग्रास (दलपति-119), सीख (दलपति-121), जंजाल (दलपति-127), झुझार (दलपति-130), मूंके (दलपति-144), फिट (दलपति-155), पवाड़ा (दलपति-169), कोको (पाटनामा-299), कासा (पाटनामा-302), लुगाई (पाटनामा-302) लाद (पाटनामा-308) मोकली (पाटनामा-318) डाइचे (पाटनामा-329), पाथे (पाटनामा-341), टहल (पाटनामा-310), ठकाणां (पाटनामा-310), अनसो (पाटनामा-306), पेतावा (पाटनामा-305), खुलिया (पाटनामा-307), पेज (पाटनामा-309), सगारथ (पाटनामा-312), डूंगरा (पाटनामा-326), आसंग (पाटनामा ?342), लेण (पाटनामा-353) बीजलबायो (पाटनामा-352), रतस (पाटनामा-372), मचख (पाटनामा-374), क्राटी (पाटनामा-397) आदि इस तरह के उदाहरण हैं

ये रचनाएँ प्राकृत-अपभ्रंश की रचनाओं से इस मामले में अलग हैं कि इनमें फ़ारसी-अरबी शब्दों का पर्याप्त प्रयोग मिलता है। प्रकरण में आक्रांता तुर्क है, इसलिए इनके रचनाकारों ने आग्रहपूर्वक फ़ारसी-अरबी शब्दों का प्रयोग किया है। जैन रचनाओं में भी इनका प्रयोग पर्याप्त मात्रा में हुआ है। फ़ारसी शब्दों के प्रयोग के संबंध में ख़ास यह है कि इनको राजस्थानी के अपने उच्चारण में ढालकर प्रयुक्त किया गया है। बजीर (कवित्त-111), तसलीम, दरवेस, इंनाम (कवित्त-112), किताब (कवित्त-116), काइम (कवित्त-113), दुनि (कवित्त-113), साहिजादी (कवित्त-115), मुसाफ (कवित्त-118), फुरमाण (कवित्त-136, दलपति-95), बगसीस (दलपति-86), मकमूल (दलपति-87) कासीद (दलपति-94), हजरत (दलपति-87) महिरी (दलपति-87), महबूब (दलपति-87), मसकल (दलपति-89), दुळीचा (दलपति-105), तारीफ, आफताब, महिताब (दलपति-107), निबाब (दलपति-140), मिहिर (दलपति-143), स्याबास (दलपति-153), उसताद (दलपति-168), सिलाँम (हेमरतन-19), इलगार (हेमरतन-22), हुसियार (हेमरतन-30), सहलदार (हेमरतन-37), आतसबाजी (हेमरतन-38), शाबासि (हेमरतन-39), फुजदार (हेमरतन-40), माफक (समिओ-103), इतबार (समिओ-131), कतेब (समिओ-131), खोदबंध (समिओ-131), फौज (नाहर-194), महबूब (लब्धोदय-38), पेसकसी (लब्धोदय-39), दीदार (लब्धोदय-40), तोपची, तुपक (दयालदास-193), जादा (पाटनामा-301), बकस्या (पाटनामा-301), अरज (पाटनामा- 301), फरेब (पाटनामा-329),

फजर (पाटनामा–312), फरेब (पाटनामा–328), नगा (पाटनामा–354), अकतियार (पाटनामा– 395) आदि कुछ ऐसे ही उदाहरण हैं।

पदमिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर काव्यों में प्रयुक्त संख्यावाची शब्द प्राकृत–अपभ्रंश से आगत या उनसे विकसित हैं। इनके प्रयोग में कोई ख़ास एकरूपता नहीं है। कवि–कथाकारों ने दोनों तरह के संख्यावाचक शब्दों का प्रयोग किया है। त्रीस, वीस (कवित्त–119), पंच (कवित्त–120), दोय (कवित्त–122), सत्ताविस (दलपति–95), बिहुं (दलपति–104) बीजा (दलपति–150), बिहूँ (हेमरतन–2), बेही (हेमरतन–11), त्रिहुं (हेमरतन–36), दुआदस (हेमरतन–139), सैं, सौं (हेमरतन–139), इकसत आठ (समिओ–183), दुजी (पाटनामा–296) पचमी, चठी, सातमी, आठमी. दसमी (पाटनामा–297), चवदा (पाटनामा–300), छव (पाटनामा–323), सत्ररासे (पाटनामा–318) आदि प्रयोग इन रचनाओं में मिलते हैं।

संस्कृत या संस्कृत जैसे बनाकर शब्दों का प्रयोग करने की प्रवृत्ति प्राकृत और अपभ्रंश में थी और यहीं से यह देश भाषाओं में भी आयी। इस तरह के प्रयोग कई बार मात्रा पूर्ति के लिए भी किए गए हैं। ग्रहंति, झालंति (कवित्त–124), त्रुटंति, वाजंति (कवित्त–127), रयन्नं, मय्यनं (दयालदास–184), लोचनं, मोचनं (दयालदास–184), लपटंत (दयालदास–192), उचरीयं (समिओ–113), दख्यं (समिओ–117), सुभटं (समिओ–116), ऊपरं (समिओ–116), कज्जं, उज्जं (समिओ–118) आदि इसी तरह के प्रयोग हैं। प्राकृत के कुछ प्रयोग (गरज्जिए, बज्जिए, समिओ–125) भी इनमें मिलते हैं।

4.

मध्यकाल में छंद का ज्ञान और उसका कुशल व्यवहार कवि होने की ज़रूरी अर्हता थी। नयी जातियों के संपर्क में आने और निरंतर बाह्य आक्रमणों से मध्यकालीन समाज की सांस्कृतिक ज़रूरतें कुछ हद तक बदल गयीं। युद्ध करना और युद्ध के लिए प्रोत्साहित करना, दोनों मध्यकालीन समाज की आवश्यकताएँ थीं। शौर्य, पराक्रम, त्याग आदि शासक जातियों के नये जीवन मूल्य हो गए। यह कहा जाता है कि ''नया छंद नये मनोभाव की सूचना देता है।''[58] संस्कृत–प्राकृत से अलग अपभ्रंश में दोहा, रोला, उल्लाला, छप्पय, कुंडलियाँ, वीर, कव्व आदि कई छंदों का विकास का विकास हुआ। ये नये छंद मात्रिक थे और इनमें से अधिकांश तुकांत भी थे। लौकिक संस्कृत का छंद श्लोक और प्राकृत का छंद गाहा (गाथा) का प्रयोग भी जारी रहा। दूहा और छप्पय को इस दौर नयी प्रतिष्ठा मिली। दोहे का सर्वप्रथम प्रयोग *विक्रमोर्वशीय*[59] में मिलता है, लेकिन अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं का बहुत प्रिय छंद हो गया।

छप्पय (षट्पदी) और कुंडलियाँ युद्ध, वीरता और पराक्रम की व्यंजना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त छंद सिद्ध हए। ये तीनों छंद बाद में डिंगल में सर्वाधिक इस्तेमाल हुए। 'कडवक' का विकास प्राकृत में ही हो गया था, लेकिन आरंभ में यह पद्धडिया बंध में था। पद्धड़िया के आठ चरणों के बाद धत्ता (ध्रुवक) लगाया जाता था। बाद यह चौपाई बंध मे होने लगा और धत्ता (ध्रुवक) दोहे या सोरठे का लगाया जाने लगा।[60]

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर कथा-काव्यों का छंद विधान प्राय: पारंपरिक है, लेकिन वैविध्यपूर्ण है। ऐतिहासिक कथा-काव्य की प्राकृत-अपभ्रंश की जैन और चारण परंपरा में प्राय: यही छंद विधान प्रयुक्त हुआ है। चारण और जैन छंद विधान बहुत अलग नहीं है। केवल इतना अंतर है कि चारण काव्यों में छंद वैविध्य ख़ूब है, जो जैन काव्यों में अपेक्षाकृत कम है। इन कथा-काव्यों में कथा विस्तार के लिए कुछ सीमित छंदों का उपयोग हुआ है। चारण रचनाओं में कथा विस्तार के लिए दूहा और कवित्त (छप्पय) का प्रयोग हुआ है, जबकि जैन रचनाओं में इसके लिए चौपाई और दूहा छंद प्रयुक्त किए गए हैं। *राणारासो* में दोहा, चौपाई और छप्पय, तीनों का प्रयोग कथा वर्णन या विस्तार के लिए हुआ है। *पद्मिनीसमिओ* भी चारण रचना है, लेकिन इसमें कथा वर्णन या विस्तार के लिए दोहा और कवित्त (छप्पय) का ही इस्तेमाल है। *पद्मिनीसमिओ* में इसके लिए कवित्त छप्पय और कुंडलियाँ के साथ युद्ध वर्णन के लिए भुजंगी (पृ. 117-124) का प्रयोग हुआ है। *समिओ* में गाहा छंद (पृ. 126) का प्रयोग भी मिलता है। *राणारासो* में जहाँ वस्तु वर्णन है, वहाँ छंद में परिवर्तन हुआ है। इसके लिए कवि ने मोतीदाम (पृ. 206), भुजंगी (पृ. 208), नारांच (पृ. 211) और भुजंगप्रयात (पृ. 184,198) का प्रयोग किया है। *राणारासो* में विवेच्य प्रकरण से बाहर कवि ने आवश्यकतानुसार वहमान, नारी और कारिबंधु जैसे अल्पज्ञात छंद भी प्रयुक्त किए हैं। युद्ध वर्णन के लिए सभी रचनाओं में अलग छंद प्रयुक्त हुआ है। जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* में युद्ध वर्णन के लिए वीरारस (पृ. 201), रसावलु (पृ. 193, 208) और पद्धरी (मोतीदाम) (पृ. 201) छंद प्रयुक्त हुए हैं। युद्ध वर्णन में छंद वैविध्य जटमल नाहर की *गोरा बादल कथा* में सबसे अधिक है। *गोरा बादल कथा* में एक जगह कलश छंद का प्रयोग मिलता है।

इन सभी रचनाओं में दोहा, सोरठा, चौपाई, कवित्त और कुंडलियाँ समान रूप से प्रयुक्त हुए हैं। हेमरतन (पृ .21) और *पद्मिनीसमिओ* (पृ. 126) के अज्ञात रचनाकार ने एक-एक स्थान पर गाहा (गाथा) छन्द का भी प्रयोग किया है। हेमरतन ने अपनी रचना में पूर्व रचना का जो अंश उद्धृत किया है, वह गाहा छंद में है।

पद्मिनीसमिओ में भी प्रयोजन यही है। चारण रचना *गोरा-बादल कवित्त,* जो इस परंपरा की सबसे प्राचीन रचना है, में छंद वैविध्य कम है। यहाँ केवल सोरठा, दोहा, कवित्त और कुंडलियाँ छंद ही प्रयुक्त हुए हैं। रचना संक्षिप्त है, इसलिए इसमें छंद वैविध्य की गुंजाइश भी बहुत नहीं है। इसमें पारंपरिक छंद कुंडलियाँ का भी प्रयोग हुआ है। *गोरा-बादल कवित्त* (पृ. 115), लब्धोदय कृत *पद्मिनी चरित्र चौपई* (पृ. 32), जटमल नाहर कृत *गोरा*-बादल कथा (पृ. 190) में एकाधिक स्थानों पर, संस्कृत अंशों में, श्लोक (अनुष्टुप् छंद) का प्रयोग भी मिलता है। लब्धोदय की रचना में यह प्रयोग सबसे अधिक विस्तृत है। देशभाषाओं में रचना करने वालों के लिए उस समय संस्कृत के मूल छंदों का प्रयोग प्रतिष्ठकारी रहा होगा। लब्धोदय की रचना में छंद कमोबेश हेमरतन के यहाँ प्रयुक्त छंद ही हैं, लेकिन उन्होंने इस रचना को विभिन्न राग-रागिनियों, जिनमें ठेठ देशी रागिनियाँ भी हैं, में ढाल दिया है। इन रचनांशों की देशी राग-रागिनियों में 'ढाल' देने के कारण ही इस पद्धति का नामकरण कदाचित् 'ढाल' हुआ होगा। राग मारू, गौड़ी, मल्हार, धन्यासी, आसा सिंधु आदि रागों में यह रचना ढली हुई है। इसमें मेवाड़ी दरजी-दरजन, तैहिज, ढूंढणियाँ, लहरीले गोरिला रे, श्रेणिक, वाल्हेसर आदि कई ढालें प्रयुक्त हुई हैं।[61]

5.

पद्मिनी-रत्नसेन पर निर्भर कथा-काव्य कथा प्रधान हैं, इसलिए इनमें रचनात्मकता का निवेश उस तरह से नहीं है, जिस तरह से काव्य प्रधान रचनाओं में होता है। रचनात्मकता का निवेश इन रचनाओं में वस्तु विधान में सर्वाधिक दिखता है। कवि कथाकार के लिए अलंकरण आदि की गुंजाइश भी इन रचनाओं में वस्तुविधान के दौरान ही निकलती है। यह वस्तु विधान भी कमोबेश कवि-कथा रूढ़ि की तरह है। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर रचनाओं में इसका विधान युद्ध, दुर्ग, ऋतु, भोजन और पद्मिनी के सौंदर्य वर्णन के रूप में हुआ है। कवि-कथाकारों ने यहाँ अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कौशल भी दिखाया है। यह अलग बात है कि यह प्रतिभा और कौशल पारंपरिक रूढ़ियों के निर्वाह में ही अधिक दिखता है। प्रबंध रचना के पारंपरिक लक्षणों में वस्तु वर्णन है और कवि से यह अपेक्षित है कि वह कथा प्रवाह में आने वाली वस्तुओं का ठहर कर वर्णन करे। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर आधारित कमोबेश सभी रचनाओं के कथा प्रवाह में ऐसे स्थल मिलते हैं या इनके लिए ख़ास प्रावधान किया गया है। *गोरा-बादल कवित्त* लघुकाय रचना है, इसलिए उसमें वस्तु वर्णन नहीं हैं, लेकिन हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपइ* में दुर्ग (पृ. 1) और पदमिनी सौंदर्य वर्णन (पृ. 23) हुआ है। रचना का आरंभ ही चित्तौड दुर्ग की प्रशस्ति

से हुआ है। कवि कहता है-

चित्रकूट पर्वत चउसाल, वसुधा लोचन जेसु विसाल।
सुर-नर किंनर तणउ निवास, राँम रहयाँ था जिहाँ वनवास॥

(हेमरतन-1)

अर्थात् चारों और फैला हुआ चित्रकूट पृथ्वी के विशाल नेत्रों के समान है। देवता, मनुष्य और किन्नरों का यहाँ निवास है और राम यहाँ वनवास में रहे थे। आगे यह वर्णन छह चौपाइयों तक चलता है, जिसमें यहाँ के घाट, द्वार, आवास, महल और निवासियों का अतिरंजना पूर्ण वर्णन हुआ है। *पद्मिनीसमिओ* में सैन्य और युद्ध वर्णन के रूप में वस्तु वर्णन हुआ है। *समिओ* में कवि अलाउद्दीन और रत्नसिंह, दोनों की सेनाओं का विस्तृत वर्णन करता है, जिसमें सेनाओं में सम्मिलित योद्धाओं के नाम, उनके अस्त्र-शस्त्र, सवारी- घोड़ा-हाथी आदि का विस्तृत विवरण दिया गया। अलाउद्दीन की सेना के प्रस्थान का विवरण कवि इस तरह देता है -

गुराब चले गुंजते गुग्ध घट्टं। उपाड़ंत भारं पहाडंत पोठं॥
चल्यो अति हिं आराबा जूह चोजं। चले बान जंबूर हथनाल होजं॥

(समिओ-118)

अर्थात् अराहड़ा आवाज करते हुए ऊँटों का समूह पीठ पर तोपों को लादकर वृक्षों को उखाड़ते हुए और पहाड़ों को रौंदते हुए चला। युद्ध करने का उत्साह मन में लेकर योद्धाओं के समूह चलने लगे। ऊँट और हाथियों पर बैठकर काम में ली जाने वाली तोपें चल पड़ीं। *समिओ* से ही युद्ध वर्णन का एक और उदाहरण प्रस्तुत है-

भमक्के हब्बकैं धुरक्कै सधावं। झड़क्के उलक्के मधूके मिनावं।
मरे मीर केते लुटैं खेत मज्झं। मनौं मीन तर्पंत रेतं स बज्जं॥

(समिओ-145)

अर्थात् योद्धाओं के घावों से उछलकर उबलता हुआ रक्त निकलकर नालियों में बह रहा है। कई मीर मर गये हैं। वे रणक्षेत्र में पड़े हुए इस तरह आकुल-व्याकुल हैं, जैसे बिना पानी के रेत पर मछली तड़पती है। ख़ास बात यह है कि यह 54 से 81वें छदं तक निरंतर चलता है। जटमल नाहर की रचना में भी युद्ध वर्णन का प्रसंग 117 से लगाकर निरंतर 130वें छंद तक चलता। युद्ध वर्णन में जटमल ने ख़ास रुचि ली है। उसका इससे संबंधित एक छंद इस प्रकार है-

सुभट सुभट सु लड़िग पड़िग तिहाँ खड़ग भड़ाभड़।
हुड़ग जुड़ग जहाँ जुड़ग, जुड़ग तहाँ खड़ग भड़ाभड़॥ (नाहर-206)

अर्थात् योद्धा, योद्धा से लड़ता है। उसकी खड्ग, खड्ग पर भड़ा-भड़ पड़ती है। वे जुड़-जुड़कर जुड़ते हैं और जुड़ते हैं, वहाँ धड़ा-धड़ गिरते हैं। युद्ध वर्णन हेमरतन के

यहाँ भी प्रभावी है। उसका एक छंद उदाहरण के लिए यहाँ प्रस्तुत है-

हवलक्या खल खल लोही खाल, पावस जेम वहई परनाला।
रज रुँधाणी थयउ प्रगास, गिर झरणी मंस तणा ले ग्रास॥ (हेमरतन-91)

अर्थात् खून के नाले खल-खल चलने लगे, जैसे वर्षा में परनाले बहते हैं। धूल ने सूर्य के प्रकाश को अवरुद्ध कर दिया और गिद्ध मांस के ग्रास ले रहे थे। युद्ध और सैन्य वर्णन *राणारासो* में विस्तृत है। उसमें दुर्ग और नगर वर्णन भी है, लेकिन प्रासंगिक अंश में अलाउद्दीन ख़लजी के युद्ध अभियान का अतिरंजना पूर्ण वर्णन है। कवि कहता है कि -

हय हुंक धुंक नीसान नह, टुंक टुंक हुव हिमगिरी।
सुख सेन चेन रेन दिन, सहज नेन निरझकि परि। (दयालदास-200)

अर्थात् घोड़ों की हिनहिनाहट और नगाड़ों की कड़कड़ाहट की आवाज़ से हिमालय पर्वत के शिखर टूट-टूटकर गिरने लगे। रात की सुखदायक निद्रा और दिन का विश्राम ख़त्म हो गया। आँखो से स्वत: ही आँसू झरने लगे। *राणारासो* में युद्ध वर्णन विस्तृत है। भुजंगप्रयात छंद में संख्या 103 का छंद 14 पंक्तियों में विस्तृत है। आगे भी यह वस्तु वर्णन इसी तरह छंद सं.107 तक चलता है। युद्ध और सैन्य वर्णन का विस्तार हेमरतन और लब्धोदय के यहाँ भी है। यह अलग बात है कि यहाँ यह इतना विस्तृत नहीं है। यह वर्णन देसी राग *'नाथ गई मोरी'* में है। लब्धोदय के इस वर्णन और हेमरतन के युद्ध वर्णन में पर्याप्त समानता है। *खुम्माणरासो* में विवेच्य प्रसंग में वस्तु वर्णन नहीं है, लेकिन अन्यत्र यह बहुत है।

राणरासो का यह प्रसंग वस्तु वर्णन की दृष्टि से सबसे अलग है। इस प्रसंग में कथा के मोड़-पड़ाव की जगह वस्तु वर्णन ने ले ली है। प्रसंग आते ही योगी सिंघलद्वीप का वर्णन (छंद सं. 69) करता है। वह कहता है -

भोग भवन के कवनु सुख, कहै सुरो श्री रान।
नालिकेल जंगल जटै, लोंग लता लपटान॥ (दयालदास-185)

अर्थात् हे राणा! उस भोग भूमि सिंहल में कौन-कौन से सुख प्राप्त हैं, उनके विषय में सुनो। उस भूमि के वन नारियल के वृक्षों से अच्छादित हैं, जिन पर लवंग की बेलें लिपट रही हैं। इसके बाद 11 छंदों (छंद सं. 80) में वहाँ निवासियों, सुख, भूमि आदि का वर्णन करता है। यह सुनकर राजा को प्रेम हो जाता है, तो कवि षड्ऋतु वर्णन के लिए ठहर जाता है। वह ऋतु वर्णन शुरू करते हुए कहता है -

भयो भूमि ऋतुराज को, आगम दस दिसि आइ।
मानहु मुग्धा की भई, तरुन अरुन इकाई॥ (दयालदास-189)

अर्थात् पृथ्वी पर सर्वत्र ऋतुराज बसंत आगमन हो गया। ऐसा प्रतीत होने लगा मानो

नवयौवना बसंत ऋतु के साथ लालिमा लिए हुए युवा प्रेमी सूर्यदेव का ऐक्य (मिलन) हो गया है। आरंभ के बाद बसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर ऋतु का वर्णन है। हेमंत और शिशिर का वर्णन करते हुए कवि कहता है-

हिम रितु चित्त विरसोसु, रत्त पद्मिनी पेमु।

सिसिर धसिर आई धरा, सब जग हुलस्यो हेम॥ (दयालदास-195)

अर्थात् हेमंत ऋतु में पद्मिनी के अनुराग में अनुरक्त रत्नसेन का मन उदासीन था। शिशिर ऋतु ने धरती पर बलात् प्रवेश कर लिया। सारा संसार हेमंत ऋतु से उल्लसित हो गया। यह ऋतु वर्णन इस प्रकरण की सबसे अधिक जगह घेरता है और 14 छंदों (छंद सं. 82-96) तक है। *राणारासो* के इस प्रकरण अगला अधिकांश भाग युद्ध और सैन्य वर्णन में निकलता है और कथा केवल संकेतों में अत्यंत संक्षिप्त है।

पद्मिनी और स्त्री की शेष तीन कोटियों- चित्रिणी, हस्तिनी और शंखिनी का वर्णन इन सभी रचनाओं में मिलता है। यहाँ कवियों ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया है। कहीं यह बहुत संक्षिप्त, तो कहीं बहुत विस्तृत है, लेकिन इन सब वर्णनों का प्रस्थान *गोरा-बादल कवित्त* से होता है। कवित्त में केवल इतना उल्लेख है कि *सुरनर गंध्रव, देखि मुनिवर मन मोहइ* और *पद्मिनी पद्म गंधाच,* लेकिन आगे की रचनाओं में इस प्रस्थान का पल्लवन हुआ है। हेमरतन और दलपति विजय के यहाँ यह कमोबेश समान है और इस प्रकार है-

वीज जेम झलकंत कांति कुंदण जिम सोहें। सुरनर गुण गंधर्व, रूप तृभुवन मन मोहें।

त्रिवली, मयतन लंक, वंक नहु वयण पयंपे। पति सूं प्रेम अपार, अवर सुं जीह न जंपे।

सांम धरम ससनेहणी, अति सुकमाल सोहामण। कहें राघव सुलतान सुण पुहवी इसी हे पदमणी।

(हेमरतन-24 और दलपति विजय-93)

अर्थात् पद्मिनी बिजली की समान प्रकाशमान होती है। वह देवताओं, मनुष्यों और गंधर्वों के मन मोहती है, वह स्वामिभक्त और स्नेहवान है, वह कटु वचन नहीं बोलती और अत्यंत सुकुमार और मनमोहक है। वह पति से प्रेम करती है और किसी और से वार्तालाप नहीं करती। राघव कहता है कि हे सुल्तान! सुनो, पृथ्वी पर पद्मिनी ऐसी है।

लब्धोदय की *पद्मिनी चरित्र चौपाई* में दुर्ग, पद्मिनी आदि के साथ भोजन का भी बहुत सरस और विस्तृत वर्णन मिलता है। जायसी ने अपनी रचना में अलाउद्दीन के आतिथ्य में रत्नसेन द्वारा परोस गये व्यंजनों का विवरण (पृ. 54-57) दिया है, लेकिन यह स्थानिक प्रकृति का नहीं है। लब्धोदय के विवरण में आये सभी व्यंजन

स्थानिक, मतलब मेवाड़ी या वहाँ आसानी से उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय यह है कि इस विवरण में कोई अतिरंजना नहीं है। लब्धोदय वर्णन की शुरुआत में कहता है कि- *नाना व्यंजन नव नवा रे लाल, चतुर समार्‍या चाख। खाटा मीथा चरपरा रे लाल, रूड़ै स्वादै राखि॥* अर्थात् नये नये विविध प्रकार के व्यंजन अच्छी तरह चखकर बनाये गये और फिर वह व्यंजनों का विवरण देना शुरू करता है। आम और नींबू के बूरा डाले हुए कतरे, केले, हरे चँवले की फली, ककड़ी, काचरी, परवल, टींडसी, मूंगबड़ी, पेठाबड़ी, खाराबड़ी, डबकबड़ी, दाधाबड़ी, अनार, दाख, खरबूजा, घोलबड़ा, कांजीबड़ा, कारेली, काचरा, पापड, पपीता, मोठ, मटर, आचार, सालन, बादाम, चिरोंजी आदि सभी मेवे, शक्कर के खाजे, बूरा डला हुआ घेवर, मोतीचूर के लड्डू, डीडवाना के पेड़े, पूड़ी, लापसी, तिलपट्टी, बीकानेर की जलेबी, धनपुर के पोहे, ग्वालियर की गुपचुप, बीकानेर के करणशाही लड्डू, दाणा, गूंदपाक, फीणी, साबूदाना, राजभोग, दहीबड़ा, मूंग, मोठ, तूअर, मसूर, उड़द की दालें, छाछ, लोंग-सुपारी आदि व्यंजनों, फलों, मेवों, पेयों, सब्जियों, दालों और भोजनोपरांत प्रयुक्त सामग्री का उल्लेख इस विवरण में हुआ है।

6.

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर ऐतिहासिक कथा-काव्य पारंपरिक हैं, इसलिए इनमें कथा-कवि रूढ़ियों और अभिप्रायों का प्रयोग ख़ूब हुआ है। इन रचनाओं की ख़ास बात यह है कि यह कथा और कवि रूढ़ियों और समयों के लिए ये अपनी पूर्ववर्ती रचनाओं की ऋणी हैं। प्राय: हुआ यह है एक ही कथा-कवि रूढ़ि इनमें आंशिक रूपातंरण के साथ निरंतर प्रयुक्त होती रहती है। ये रचनाएँ कथा-काव्य रचनाएँ हैं, इसलिए इनमें कथा और कवि, दोनों प्रकार के अभिप्रायों या रूढ़ियों का प्रयोग मिलता है। भोजन के स्वादहीन होने पर रानी की व्यंग्योक्ति से नाराज़ होकर अन्य स्त्री से विवाह के राजा के संकल्प करने की कथा रूढ़ि राजस्थान के लोक साहित्य में अन्यत्र भी प्रयुक्त हुई है। यह घटना कथा समय की तरह हेमरतन, लब्धोदय, दलपति विजय की रचनाओं सहित *पाटनामा* और *कवित्त* में प्रयुक्त हुई है। *गोरा-बादल कवित्त* में यह कथा रूढ़ि बहुत संक्षिप्त है। यह इस तरह से है -

एक दिवस गहलउत, राय बड्ठउ भूंजाई,
सत्तर भख्य भोजन मूंध हस का ले आई।
के खारा के मीठ, केइ कछु स्वाद न आवइ।
तब पटरानी कह्यड, बेग पद्मिनी क्यों न लावइ।
(गोरा-बादल कवित्त-110)

अर्थात एक दिन राजा भोजन के लिए बैठा। मुग्धा रानी हँस कर उसके लिए सत्तर व्यंजन ले आई। व्यंजन खारे या मीठे थे, राजा को कोई स्वाद नहीं आया। तब पटरानी ने कहा कि आप इसके लिए शीघ्र पद्मिनी क्यों नही ले आते। यही कथा रूढ़ि परवर्ती रचनाओं में विस्तृत और पल्लवित होती गयी। *पाटनामा* में यह सबसे अधिक रोचक और विस्तृत होकर प्रयुक्त हुई है। जटमल नाहर, दयालदास की रचनाओं सहित *पद्मिनीसमिओ* में यह कथा रूढ़ि नहीं है। *पद्मिनीसमिओ* और जटमल नाहरकृत *गोरा-बादल कथा* में चार भतुर भाट माँगने के लिए आते हैं और पद्मिनी के संबंध में रत्नसेन को बताते हैं। *राणारासो* में एक योगी का आगमन है, जो राजा को सिंघल और वहाँ की पद्मिनी स्त्रियों के संबंध में बताता है। पद्मिनी स्त्री के असाधारण सौंदर्य और उसके सिंघल द्वीप में होने की कवि-कथा रूढ़ि का भी प्रयोग भी इन सभी रचनाओं में प्रयुक्त हुआ है। पद्मिनी के असाधारण रूप सौंदर्य के संबंध में *गोरा-बादल कवित्त* में केवल यह उल्लेख है कि पद्मिनी के शरीर से पद्म (कमल) की गंध आती है (*पद्मिनी पद्म गंधाच*-115) और सिंहल द्वीप में पद्मिनियाँ बहुत होती है (*संघल द्वीप समुद्र, अछइ पद्मिण बहु भत्तीय*-116)। बाद में इस कवि-कथा रूढ़ि का विस्तार और पल्लवन होता गया। हेमरतन के पद्मिनी का सौंदर्य में बिजली की चमक (*वीज जेम झबकंति*-24), स्वर्ण की कांति की तरह उजली (*कंति कुंदण ज्यों सोअहइ*-24) आदि विशेषताओं के साथ उस पर भ्रमर गुंजार (*भमर बहु भमइ वलावल*-23)) की बात जुड़ गई। *खुम्माणरासो* सहित परवर्ती रचनाओं में इस विशेषता पर आग्रह बढ़ता ही गया। दलपति विजय ने पदमिनी का वर्णन इस तरह किया है-

चंपक वरण तन, अति कोमल सब अंग।
चिहुं ओर गुंजित भ्रमर, निभष न छारत संग॥ (दलपति विजय-91)

अर्थात् उसका शरीर चंपकवर्णी है, उसके सभी अंग कोमल हैं, उसके चारों भ्रमर गुंजार करते हैं और वे एक क्षण के लिए उसका साथ नहीं छोड़ते। पद्मिनी स्त्री सिंघल द्वीप में होती है और समर्थ राजा उसे पाने के लिए समुद्र लाँघकर परीक्षा देता है, यह कथा-कवि समय और रूढ़ि भी इन सभी रचनाओं में है। *गोरा-बादल कवित्त* में इस ओर केवल संकेत है और केवल एक पंक्ति में राजा के सिंघल जाकर पद्मिनी से विवाह कर ले आने का उल्लेख है। (*धरि मछर संघलि सांचरयउ, नेव जीत कन्या वरी, पद्मनी ज आणि पयज करि, राय रत्नसेन अइसी करी।* -110) परवर्ती रचनाओं इस नेव (नियम, प्रण) का विस्तार है। हेमरतन और लब्धोदय के यहाँ सिंघल के राजा ने प्रण ले रखा है कि जो कोई उसे युद्ध या शतरंज में पराजित करेगा वह अपनी बहन का विवाह उससे करेगा। राजा रत्नसेन यह शर्त पूरी कर पद्मिनी से विवाह करता है। (*कंठ ठवी कोमल वरमाल जय जय शबद जगावइ बाल।* -

11) *खुम्माणरासो* में कवि-कथा समय कुछ भिन्न है। यहाँ स्वयं पद्मिनी ने प्रण ले रखा है कि जो उससे चौपड़ के खेल में जीत जाएगा, वह उससे विवाह कर लेगी। कई राजा उससे हार गये, जबकि रत्नसेन उससे जीत गया। (*अधिपति खावी हार अनेक। जीपें तस परणूं सविवेक।। रमवा बैठो रतन नरेश हारवी पद्मणी लघुवेश-* 85)। *पाटनामा* में यह कथा समय सर्वथा भिन्न हैं। यहाँ पद्मिनी के परिजन पद्मिनी सहित बाबा मंछदरनाथ की धूणी पर रत्नसेन को देखकर प्रभावित होते हैं और उनके आग्रह पर पद्मिनी का विवाह रत्नसेन से करने का निर्णय लेते हैं। रत्नसेन को सिंघल द्वीप गोरखनाथ अपनी उड़नखटोली पर ले जाते हैं।

युद्ध वर्णन के कवि-कथा समय और रूढ़ियाँ इन सभी कथा-काव्यों में हैं। इस तरह के कवि-कथा समय जैन और चारण, दोनों तरह के काव्यों में हैं। धूल आकश पर इस तरह उड़ी कि सूर्य दिखाई नहीं पड़ता *(खेहा डंबर ऊडिउ खरउ, सूझउ सूर नहीं पाधरऊ-89)*, तलवारें बिजलियों की तरह चमकती हैं (*खड़ग् विछूटरइ करता खीज, जाणिक बादलि झबकइ बीज*-89), खून के प्रवाह बरसाती नालों की तरह चल निकले (*खल खलखल लोही खाल, पावस जेम वहइ परनाल*-91), योगिनियाँ पात्र खून से भर रही है और गिद्ध मांस नोच रहे हैं (*पूरई पत्र रुहिर जोगिणी, मुंडमाल ले ईसरधणी*-91), सिंचाण उड़ान भर रहे हैं और आकाश से देवता विमान से देख रहे हैं (*झडवड झडप भरई सींचाण अंबर जोवई अमर विमाण*- 91) जैसे कई कवि-कथा समय हेमरतन ने प्रयुक्त किए हैं। इसी तरह के कवि कथा समय लब्धोदय के यहाँ भी है। युद्ध में गोरा के पराक्रम के संबंधित दलपति विजय ने कुछ कवि समयों का प्रयोग किया है। वह कहता है -

षमा षमा कहि अपछरा, हरि जोड़े सिर हाथ।
गिलें डळा भख ग्रीधणी भुजां वदे दिननाथ॥ (दलपति विजय-166)

अर्थात् अप्सराएँ गोरा का खमा-खमा कहकर जयघोष कर रही थी, सिर तक हाथ उठाकर भगवान को प्रणाम करती थीं। गिद्धनियाँ मांस के टुकड़ों का भक्षण करती हुई निगल रही थीं। भगवान सूर्य उसके भुजबल की प्रशंसा कर रहे थे। *राणारासो* का रचनाकार चारण है, इसलिए युद्ध वर्णन के कवि समयों का प्रयोग उसके यहाँ अधिक जीवंत और व्यापक है। पृथ्वी पर उसके (अलाउद्दीन) सैन्य दल के भार से शेष नाग दब गया और भागने लगा (*लच्च्यो शेषु भार भुवं भार*), पृथ्वी को अपनी पीठ पर सँभालकर रखनेवाला (कच्छप) कष्ट पाने लगा और उसने अपनी भार वहन की क्षमता को परित्याग दिया (*कच्च्यो कष्ट करंभु आरंभु छोड़्यो*), आठों दिशाओं के हाथियों में खींचतान होने लग गई (खच्यो जत्थु मातंग को लार घाटं), कटे हुए मुंडों के समूह को लेकर चामुंडा (दुर्गा) ने हार बनाया और अंबिका देवी ने मस्तकों

से रक्तपान किया (*मुड़े मुंड डढ्ढी बड़ी तुंड स्त, भखे भख्ख आमख्ख ते भेष तत्ते*) आदि कई प्रयोग दयालदास ने किए हैं। (दयालदास-108)

पाटनामा गद्य रचना है, लेकिन उसमें इस तरह के युद्ध वर्णन की रूढ़ियों की भरमार है। इसमें *'तीन कोस ताही धड़ ओर मुंड मील गए'* (तीन कोस तक धड़ और सिर एक-दूसरे में मिल गए), *'रगत को ढेपो गंभीरी (नदी का नाम) महे मिल गयो'* (रक्त का प्रवाह गंभीरी (नदी) में मिल गया), *उबा थका आदमी की डूटी बराबर रगत्र बीयो* (खड़े हुए आदमी ड्योठी जितनी ऊँचाई तक रक्त बहा) जैसे प्रयोग इसमें कई हैं। (पाटनामा-405-406) सिर विहिन धड़ों के युद्ध करने के दृश्य वर्णन इन रचनाओं में कई हैं। *पाटनामा* में गोरा बादल के धड़ वध के बाद बहुत दूर तक जाते हैं। पाटनामा में कहा गया है कि- *पछे दोई भया का धड़ चाल नीसरिया दोई हीया का कलल उखड़ गीया अर खांडा की मुठा उपर हात देर गोरा बादल का धड़ चाल नीसरीया* (फिर दोनों भाइयों के धड़ चल निकले। दोनों का रंग उड़ गया और खांडे (तलवार) की मूठ पर हाथ रखकर गोरा-बादल के धड़ चल निकले)। (पाटनामा-403)

ऋतु वर्णन का कथा-कवि समय इन काव्यों में से केवल एक *राणारासो* में है। *राणारासो* के रचनाकार दयालदास ने रत्नसेन को अलग-अलग ऋतुओं में अलग-अलग तरह से प्रेम व्यथित दिखाया है। दयालदास का विरह और ऋतु वर्णन, दोनों में कवि समयों का प्रयोग हुआ है। उसने राजा के विरह का वर्णन इस तरह किया है -

नेहन न लग्गे ग्रेह देह ओतापु जापु मुख।
प्यास गई तजि पासु, वासु तजि भूख दुःख॥
वन-उपवनु न सुहाई, पाई परसे न पुहिमि थिरू।
मन न रमे रनिवास सांस पर सांस लेइ चिरू।
निंदतु चंद चंदन चढ़त, इंदीवर उद्वेग मय।
परजंक संक ढंकत, द्रिगनि, भोज सोंज भइ दानि मय (दयालदास-189)

अर्थात् उसका राजप्रसाद में मन नहीं लगता। शरीर ज्वर से संतप्त रहने लगा। वह सदा ही पद्मिनी का नाम रटता रहता था। प्यास उसका साथ छोड़कर चली गई। उसकी आत्मा की सुख-दुःख की प्रतीति ख़त्म हो गई। वन-उपवन उसे अच्छे नहीं लगते। चलते समय पृथ्वी पर उसके पाँव स्थिर नहीं पड़ते। अंत:पुर से उसका मन ऊब गया। वह निरंतर निश्वास छोड़ता। चाँद की चाँदनी और चंदन को शीतलता उसको बुरी लगने लगी। कमल के फूल उसको व्याकुल करते थे। शय्या पर जाने से पहले वह आशंका के कारण अपनी आँखें ढक लेता था। विषय भोग की सामग्री उसे भयभीत

करती थी। कवि को ऋतु वर्णन के कवि समयों की भी अच्छी जानकारी है। बसंत का उसका वर्णन परंपरानुसार होकर भी जीवंत है। वह लिखता है –

तरुन अरुन तरपत्त अरुन तरपत्त तरुन छवि।
अंब मोर जनु दरत चौंरं, झौरं नित भौरं फनि॥
करति केल द्रुम लपटि, वेलि लटकंति कंठ लगि॥
उड़ि पराग बन बाग, भाग त्रय पोंन गोंन जगि॥
नमि डार भार किंसुक कुसुम असम बांन संधान ऋतु॥
कोकिल कुहक नहि जकम जिय, विरहिनी अंत वसंत रितु॥
(दयालदास–190)

अर्थात् जहाँ वसंत का सूर्य की लालिमा से मिलन हुआ, वृक्षों में लालिमा लिए नये पत्रांकुर अपनी कोमल शोभा धारण किए हुए थे। आम के वृक्षों में आए बौर ऐसे लगते थे, मानो चँवर ढोले जा रहे हों। लताएँ वृक्षों से लिपटकर ऐसे क्रीड़ा करती थीं, मानो उनके कंठ से लगकर आलिंगन करती हुई झूल रही हों। वायु की गति तीन गुनी हो गई थी, जिससे पुष्परज उड़कर सर्वत्र फैल गई थी। पलाश की टहनियाँ टेसू के भार से इस तरह झुक गई थीं, मानो कामदेव पुष्प बाण का संधान कर रहा हो। बसंत ऋतु में निरंतर बोलती कोयल अपने पंचम राग में स्त्रियों के हृदय अशांत कर रही है। यह उनका अंत करने वाली है।

6.

पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर आधारित कथा–काव्यों में वस्तु और कथा वर्णन की प्रधानता है, लेकिन इनमें अलंकरण और संवादों के कविता में नियोजन का कौशल भी सघन और निरंतर है। प्राकृत–अपभ्रंश की परंपरा में अलंकरण कथा–काव्य का ज़रूरी उपादान था। *णायकुमार चरिउ* में आये एक उल्लेख से लगता है कि उस समय यह धारणा प्रबल थी कि अलंकार का अभाव कथा–काव्य को नीरस कर देता है। सौत के कुचक्र से राजा ने नागकुमार की माता के सब अलंकार उतरवा लिए। नागकुमार जब लौटा तो उसको अपनी माता कुकवि की अलंकार विहीन कविता की तरह लगी।[62] यह परंपरा परवर्ती देश भाषा काव्यों में जारी रही। यहाँ भाव व्यंजना और उत्कर्ष के लिए निर्भरता वस्तु वर्णन और कथा के मोड़–पड़ावों पर अधिक है, लेकिन अलंकरण भी कवि स्वभाव की तरह इन रचनाओं में बराबर है। ये अधिकांश रचनाएँ अपनी प्रकृति में गेय या वाच्य हैं, इसलिए सांगीतिकता के लिए यहाँ अर्थालंकारों के बजाय आग्रह वर्ण और शब्द निर्भर अलंकारों पर ज़्यादा है। कवियों ने इनके नियोजन के लिए सजग भाव से कुछ किया हो, ऐसा नहीं लगता है। लगता यह है

कि वर्ण और शब्द निर्भर अलंकरण इन कवियों की कवि शिक्षा में सम्मिलित है, इसलिए यह उनके कवि संस्कार और स्वभाव में आ गया है। हेमरतन, लब्धोदय और दलपति विजय की रचनाओं में छंद और सांगीतिकता का निर्वाह करते हुए संवादों की नाटकीयता की मौजूदगी भी बहुत प्रभावी है। इसका निर्वाह इन कवियों ने बहुत कौशल के साथ किया है। सादृश्यमूलक पारंपरिक अलंकारों का प्रयोग इन अधिकांश कवियों के यहाँ भी है। रचनाएँ ऐतिहासिक और कथा प्रधान हैं, इसलिए आलंकारिक चमत्कार का आग्रह इन रचनाओं में नहीं के बराबर है। अलंकरण में कवि रूढ़ियों और कवि समयों का इस्तेमाल चारण कवियों के यहाँ ज़्यादा है। जैन कवियों ने इनका इस्तेमाल अपेक्षाकृत कम किया है।

अनुप्रासिकता इन कवि-कथाकारों का कवि स्वभाव है। इसके लिए न तो इनमें कोई सजगता और न इन्होंने कोई प्रयास किया है। अनुप्रासिकता इनकी काव्य भाषा का सहज और अनायास गुण है। इन रचनाओं में कोई पंक्ति ऐसी नहीं है, जो अनुप्रासिकता रहित हो। अनुप्रासिकता के कुछ उदाहरण इस प्रकट हैं -

1. *गज बदन गणपति नमूं, माहा-माय बाधे देय।*
   गुण गूंथू गोरल का, जस बादल जंपेय॥ (गोरा-बादल कवित्त-109)
2. *सुख संपति दायक सकल, सिधि बुधि सहित गणेस।*
   विघन विडारण विनयसुं, पहिलि तुझ प्रणमेस॥ (हेमरतन-25)
3. *कनक कुंभ श्रमिज जिसा रे कुच कटि कठिन कठोर।*
   पाका वील नारिंग सा रे मानुं युगल चकोर।
4. *रूपवंत रतिरंभ कमल जिम काय सुकोमल।*
   परिमल पुहुप सुगंध भमर बहु भमें विलोवल॥ (दलपतिविजय-92)
5. *पान हुँतै पातरी प्रेम पून्यो सो झल्लैं।*
   भ्रम मिनाल सुविसाल चालि हंस गति चल्ले॥ (समिओ-100)
6. *मुकता मनि मानिक मिलै, चूनो कीनो वारि।*
   के हाटक, के फटिक के रचिये सान सँवारि॥ (दयालदास-186)

संस्कृत और प्राकृत के बाद में अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं में सांगीतिकता के आग्रह या अनुरोध पर अनुप्रासिकता के नए रूपांतरण 'वयणसगाई' का विकास हुआ। कालांतर में राजस्थानी के कतिपय विद्वानों ने इसकी पहचान और वर्गीकरण भी किया। वयण सगाई का अर्थ वर्ण मैत्री है। सांगीतिक और वाच्य होने के कारण चारण और जैन रचनाओं का यह अनायास लक्षण हो गया। 'वयणसगाई' के कुछ रूपों- शब्द, वर्ण और अखरोट की पहचान हुई।[63] इस तरह की शब्द-वर्ण मैत्री संस्कृत में भी थी, लेकिन उसमें सांगीतिकता का आग्रह नहीं था, इसलिए यह बहुत

मुखर और व्यापक नहीं हुई और इसकी अलग से पहचान की ज़रूरत भी महसूस नहीं हुई। वयण सगाई ने काव्य भाषा को सुगठित और ध्वन्यात्मक किया। वयण सगाई के चिह्नित रूपों में शब्द, वर्ण और अखरोट (मित्र वर्ण मैत्री) हैं। शब्द वयण सगाई में आदि या मध्य या अंतिम वर्ण की चरण की अंतिम चरण में आवृत्ति होती है, जिसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं–

1. *जंबू दीप झँझार, भरथ खंड सिरै।*
   नगर भलौ तहाँ सार, गढ चित्रंग अनूप गढ। (समिओ–99)
2. *छपद छत्रु सिर पर अछै, अछै ताम रस वासु।*
   सखि-मुख सारस लोचनी, शोभा सील निवासु। (दयालदास–197)

वर्ण संख्यक वयण सगाई जटिल है। इसमें आदि वर्ण का संबंध चरण के अंत में विपरीत क्रम से मिलाया जाता है। यह अलंकार भी इन रचनाओं में प्राय: नहीं मिलता। वयण सगाई का तीसरा प्रकार अखरोट है। अखरोट में मित्र वर्णों का प्रयोग होता है। इन मित्रों वर्णों का भी तीन भागों– अधिकाधिक मित्र वर्ण (आ, इ, ई, ऊ, ऐ, य, व, अे), सममित्र वर्ण (ज, झ, ऊ, ब, फ, व, ण, ग, घ) और न्यून मित्र वर्ण (त, ट घ, ठ, द, उ, च, छ) में वर्गीकृत किया गया है। अखरोट का प्रयोग सांगीतिकता के अनुरोध पर इन रचनाकारों ने अनायास किया है। शास्त्रकारों मानना है कि किसी भी छंद में केवल अधिकाधिक या सम या न्यून का अलग-अलग प्रयोग संभव नहीं है। इन रचनाओं में कवियों ने भी सजग रहकर इनका अलग-अलग प्रयोग नहीं किया। यह अवश्य है इन रचनाओं के छंदों में मित्र वर्णों का प्रयोग बहुत व्यापक रूप में हुआ है, जो कमोबेश अनायास है। कुछ उदाहरण इस पकार हैं–

1. *काया चाबतणी कोथली, खिण इक मेली खिण उजली।*
   तिण साइठ जउ कीरति मिलइ, तउ लेताँ कुण पाछइ टलई॥
   (हेमरतन–75)
2. *दल असंख्य जिणी गंजिया असपति मोड्या भाण।*
   राणी सरण पद्मावती बंध छोड़ायउ रांण॥ (कवित्त–109)

अर्थालंकारों में सादृश्यमूलक अलंकारों का प्रयोग ही इन रचनाओं में अधिक मिलता है। ये सभी कवि अनौपचारिक कवि शिक्षा प्राप्त हैं, इसलिए इनका ज्ञान इनको होगा, यह निश्चित है, लेकिन इनका आग्रह काव्य भाषा और छंद विधान पर अधिक है। शायद इनके प्रशिक्षण में भी इसी का ज़ोर रहा होगा। सादृश्यमूलक अलंकारों का यह प्रयोग बहुत सायास या सजगतापूर्वक नहीं है। प्रवाह में आ गया है, तो उनका प्रयोग अनायास हो गया है। अतिशयोक्ति अलंकार है, लेकिन इन रचनाओं में इसका कई तरह से प्रयोग हुआ है और यह इन कवियों की कवि शिक्षा के कारण है। मध्यकाल

में अतिरंजना भी अलंकरण के लिए कमोबेश ज़रूरी हो गई थी। कवियों का आग्रह भी 'वाणी विलास' पर अधिक था। दलपति विजय ने सरस्वती से यही माँगा। उसने कहा कि *आपो दोलत ईश्वरी, वाणी वयण विलास* अर्थात् हे ईश्वरी ! मुझ दौलत विजय को ललित या प्रांजल भाषा का सुख प्रदान करो।[64]

सादृश्यमूलक अलंकारों में अतिशयोक्ति के साथ उत्प्रेक्षा का व्यापक प्रयोग मिलता है। कदाचित् यह अलंकार इन कवियों की आदत में आ गया हो और इस तरह असंभव तुलना को कविता का पर्याय समझ लिया गया है। इन कवियों का मन उत्प्रेक्षा और उपमा में ही सर्वाधिक रमता है, क्योंकि ये दोनों अर्थालंकार सहज और अनायास काव्य भाषा का हिस्सा हैं। ख़ास बात यह है कि कथा प्रवाह में जब तक सहज और अनायास न हों, ये कवि केवल चमत्कार के लिए अलंकारों का प्रयोग नहीं करते। आग्रहपूर्वक अलंकरण उन्हीं स्थानों पर है, जहाँ वस्तु, ऋतु और सौंदर्य वर्णन है। पद्मिनी के सौंदर्य वर्णन में अलंकरण ख़ूब है। हेमरतन, जटमल नाहर और *पद्मिनीसमिओ* के रचनाकार ने पद्मिनी के सौंदर्य वर्णन में जो पारंपरिक ढंग का अलंकरण किया है, कमोबेश वैसा अलंकरण अन्य रचनाओं में भी है-

1. *रूपवंत रतिरंभ कमल, जिम काय सुकोमल।*
   परिमल पुहुप सुगंध भमर बहुत भमई वलावल।
   चंपकली जिम रंग रंग, गति गयंद समाणी।
   सिसि वयणी सुकुमाल मधुर मुख जंपइ वाणी।
   चंचल चपल चकोर जिम नयण कांति सोहई घणी।
   कहि राघव सुलिताण सुणि! पहुबी इसी हुइ पद्मिणी। (हेमरतन-23)
2. *कमल नैन करि झीन, वेण ज्यूं नागन कारी।*
3. *म्रिग नैन बैन कोकिल सरस केहरिंकी कामिनी।*
   अधर लाल हीरा रतन भौंह धनक गहि गामिनी। (समिओ-101)

राणारासो में उत्प्रेक्षा कमोबेश कवि का स्वभाव है। इसमें उत्प्रेक्षा का प्रयोग ख़ूब मिलता है। सिंघल द्वीप के वर्णन में यह ख़ूब प्रयुक्त हुआ है-

1. *पनगलता पुंगी बिरख, यदि हालति लगि वाइ*
   लखि परभूमि पाहुनो मानहु लेति बुलाइ। (दयालदास-186)
2. *वहरू भ्रम ऐसा भयो सुनहु रतनसी रान।*
   पय सागर महि पैठिके मानहु लग्यो नहान। (दयालदास-187)

उदाहरण और उसके जैसे अलंकार भी इन लोक में रचे-बसे कवियों के कवि स्वभाव में हैं। इन रचनाओं में यही एक ऐसा अलंकार है, जिसके व्यवहार में कवियों ने अपने लोक के अनुभव का उपयोग किया है। यह सरल है और इसका व्यवहार

भी आसान है, इसलिए इसका प्रयोग इन कवियों ख़ूब किया है। इनमें प्रयुक्त अप्रस्तुत या तो पारंपरिक है या अपने आसपास के जीवन से लिया गया है। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं–

1. *चदन तरवरि जिम चढइ रहइ वीटइ नागर वेलि।*
   तिम ते कामणी कंत सूं विलगी रहइ न गुण गेलि॥ (हेमरतन–15)
2. *खड्ग बिछूटइ करताँ खीज, जाणि कि बादलि झबकइ बीज॥*
   (हेमरतन–89)
3. *रामति रमण रंगस्यूं, बैठा बेऊँ आय, जाणै सूर अनैं ससी मिलिया एकण ठाय॥*
   (लब्धोदय–12)
4. *प्रेम मगन ऐसी खुले, ज्यों पंकज रवि तेज।* (दलपति विजय–134)
5. *गढ़पति पकड़्यो साह राहु जिम चंद गरासे।* (दलपति विजय–148)
6. *एम सुणी बहुअर निकली झबकंती जाणें वीजली।* (दलपति विजय–157)
7. *गढ़पति पकड़्यो साह राहु जिम चंद गरासे। (दलपति विजय–148)*
   एम सुणी बहुअर निकली झबकंती जाणें वीजली। (दलपति विजय–157)
8. *बेड़ी घालि वेसाणियोरे राह ग्रह्यो जिम चंद।*
   जोरो कोई चालियो रे सिंह पड़्यो जिम फंद। (लब्धोदय–61)

पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर इन कथा काव्यों में संवादों के नियोजन का कौशल इनकी रचनात्मकता एक बहुत ज़रूरी और उल्लेखनीय आयाम है। कविता में संवादों का निर्वाह बहुत मुश्किल काम है, लेकिन हेमरतन, लब्धोदय, जटमल नाहर सहित *कवित्त* और *रासो* काव्यों में यह बहुत कौशल के साथ हुआ है। संवाद भी इसमें भी बहुत छोटे और असरदार हैं और अकसर एक ही छंद के दो या चार चरणों में इनको नियोजित कर दिया गया है। यह सबसे पुरानी रचना *गोरा–बादल कवित्त* में भी जगह–जगह है। एक उदाहरण इस प्रकार है–

तब कोप किलंकदर कहइ, क्या तूफान उठायउ
तू बोलइ सब झूठ, राज मुझ पइं किहां आयउं
एह बात सुणइं सुरताण करइ टुक टुक तव मेरा
करइ नहीं कछु विलंब, अउर सिर कट्टर तेरा।
उच्चाइ विप्र दरवेस सुं, अलख लिख्या सो पइं कहुं
जउ सीस छत्र तुझ कउँ मिलइ, क्या इनाम हूं भालए हूं॥
(गोरा–बादल कवित्त–112)

हेमरतन के यहाँ यह कौशल अपने उत्कर्ष पर है। इसके सभी खंडों और ख़ास तौर पर छठे खंड में यह नियोजन बहुत सघन और निरंतर है है। राघवचेतन और अलाउद्दीन के बीच का एक संवाद दृष्टव्य है–

दासी आवइँ इम जु जूई, आलिम मति विह्वल हुई।
''पद्मिणी आ कह, आ पद्मिणी सरीखी दीसइ सहु कमिणी
व्यास कहइ ''संभलि मुझ घणी! ए सहु दासी पद्मिणी।
वार वार हयूँ सब कउ एम? पद्मिणी इहाँ पधारइ केम॥ (हेमरतन-48)

संवाद नियोजन का यह कौशल *समिओ* में भी है। एक उदाहरण इस प्रकार है-

राउ कहै सुनि राज पदम पुत्री सुखदायक।
बरस दुवादस भई नहीं कोई बर लायक॥
हूँ ले आयौ वर राज तोहि पुत्री के कारन।
गढ़ चित्रंग नरेस दुष्ट दानव संहारन॥ (समिओ-104)

7.

किसी भाषा में मुहावरों-कहावतों और सूक्तियों की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि उसकी जड़ों के खाद-पानी का स्रोत उसका लोक है। मध्यकाल में लोक व्यवहार भी कवि शिक्षा संबंधी ग्रंथों में कवि होने की अर्हताओं में सम्मिलित था। मुहावरे-कहावतें और सूक्तियाँ भाषा को लोक के अनुभव से समृद्ध और जीवंत रखती हैं। पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर रचनाएँ कुछ हद तक लोक रचनाएँ भी हैं और इनके रचनाकारों को लोकभाषा की ही आदत और संस्कार है, इसलिए इनमें लोक की भाषा में इस्तेमाल होनेवाले मुहावरे, कहावतें और सूक्तियाँ सहज ही आ गयी हैं। 'नाक नमणि' ऐसा मुहावरा है, जो इन अधिकांश रचनाओं (दलपति-98, हेमरतन-32, लब्धोदय-39 और नाहर-195) में प्रयुक्त हुआ है। 'नाक नमणि' अर्थ है नाक नीची करना। मध्यकाल में आक्रांताओं के पास प्रतिरोध के समाप्त करने का यह एक सांकेतिक हथियार था। वे आक्रमण करते और यदि सामनेवाला उनका आतिथ्य कर नाक नीची कर देता, मतलब वह उनकी अधीनता स्वीकार कर लेता, तो वे लौट जाते थे। मध्यकालीन राजस्थानी के कई और मुहावरे- 'पाँनइ पड़इ', 'हाथइ चढइ' (हेमरतन-51, दलपति-109) अर्थात् अधिकार में आना, 'दूध दही तुँ माहरे एक' (दलपति-149) अर्थात् और कोई नहीं होना, 'बात सिराडई चढी' (हेमरतन-82) अर्थात् बात अंतिम सिरे तक पहुँच गयी है, 'मुँह मीठो मन माहे दूठ' अर्थात् मुँह पर मीठा और मन में दुष्ट है (हेमरतन-44), 'धोलो सहु दूध लेखवे' (दलपति-136) अर्थात् सभी दूध सफ़ेद ही होता है, 'अलगा डूंगर रलियामणा' (दलपति-128) अर्थात दूर के पर्वत सुहावने दिखाई पड़ते हैं, 'उड़द की सफ़ेदी मिले नहीं' (पाटनामा- 352) अर्थात् अच्छा नहीं मिलेगा, 'आँख उगडेगा' (पाटनामा- 356), अर्थात् पता लगेगा, 'कास काट जावे' (पाटनामा-392) अर्थात् समस्या का हल हो जाए जैसे कई मुहावरे

इन रचनाओं की भाषा का हिस्सा हैं। कहावतें भी लोक की भाषा और व्यवहार का हिस्सा हैं, इसलिए इनमें जगह-जगह आयी हैं। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं-

(i) *सिल हेठ हाथ आयो सु तो छल हिकमत काढ़ही सी पर* (दलपति-116) अर्थात् हाथ शिला के नीचे यदि आ गया है, तो छल या साहसपूर्वक उसको निकालना ही पड़ता है।

(ii) *जैसे सांप छंछदरी पकर पकर पछिताय* (दलपति-162) अर्थात् सांप छछूंदर पकड़कर पछताता है।

(iii) *खील्यो बादल गारूड़ी पदमिणि मंत्र पिरोय* (दलपति-164) अर्थात् बादल ने गारूड़ी की तरह (अल्लाउदीन को) पद्मिनी मंत्र में बाँध दिया है।

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर रचनाओं की काव्य भाषा में सूक्तियाँ और प्रसिद्ध कथन भी पर्याप्त संख्या में हैं। मध्यकाल और उससे पहले कवि से बहुश्रुत और विद्वान् होने अपेक्षा की जाती थी। कवि शिक्षा संबंधी ग्रंथों में यह उल्लेख मिलता है।[65] इन रचनाओं में जब कोई ऐसी घटना या प्रकरण आता है, जो ख़ास है, तो कवि-कथाकार उससे संबंधित कोई सूक्ति या नीति कथन उद्धृत करते हैं। इस तरह की सूक्तियाँ या तो लोक से या किसी पूर्व रचना या शास्त्र ली जाती हैं। इन कवि-कथाकारों ने ऐसा ही किया है। अलाउद्दीन जब रत्नसेन को बंदी बनाने के लिए मैत्रीपूर्ण व्यवहार करता है, तो दलपति विजय इस संस्कृत नीति कथन को उद्धृत करता है- *मुख पन दलाकारं, वाचा चंदन शीतलम्। / हृदय कर्तरी तुल्यं त्रिविधं धूर्तलक्षणं।* (दलपति विजय-100)। इसी तरह जब रत्नसेन अलाउद्दीन के साथ दुर्ग से बाहर आ जाता है, तो राघवचेतन उसे बंदी बनाने का परामर्श इस नीति कथन के साथ देता है- *खड़ सूका गोरू मुआ वाला गया विदेश। / अवसर चूका मेहड़ा वूठा कहा करेश॥* (दलपति विजय-100)। यह प्रवृत्ति हेमरतन के यहाँ भी मिलती है। रानी विनय भूलकर जब रत्नसेन को ताना देती है, तो इस बात के समर्थन में कवि तत्काल यह नीति कथन उद्धृत करता हैं- *विनय गयइ न रहइ सोहाग न लागइ भाग। ऊषर खेत न लाग इ बीज विण झगड़ा नवि थापई धीज।* (हेमरतन-5)। इसी तरह जब राघव व्यास अनामंत्रित अंत:पुर में प्रवेश करता है, तो कवि उसके कृत्य को ग़लत मानकर इसकी पुष्टि इस नीति कथन से करता हैं- *चतुर तणई ए नहीं चातुरी, अण तेड़िउ अवाइ फिरी फिरी। / वात गोठ अण रुचति करइ, काढंताई नवि नीसरई॥'* (हेमरतन-17) लब्धोदय ने इस तरह के नीति या प्रसिद्ध कथन अपनी रचना में सबसे अधिक इस्तेमाल किए। रत्नसेन के सिंघल द्वीप जाने और वहाँ पर उसके पासे के खेल में जीत जाने पर लब्धोदय इस नीति कथन का उल्लेख करता है- *हंसा न सरवर घणा, कुसुम घणा भमराहं। / सुगुणा सज्जन घणा देश विदेश गयांह॥* (लब्धोदय-13) लब्धोदय ने बादल

की पत्नी द्वारा अपने पति को प्रेरित करने के संदर्भ में भी एक नीति कथन का उल्लेख किया है। बादल की पत्नी बादल से कहती है कि– *बोलइं मोटा बोल, निश्चइं निरवाइ नहीं। / तिण माणस रौ मोल कोड़ी कापड़ियो कहइ॥* (लब्धोदय–75) *राजा मित्र कदी नवि होइ, नवि दीट्ठउ नवि सुणीउ कोइ* (हेमरतन–18), *सापुरुष बोल्या नवि टलइ, मूँवा अवर बिहाई* (हेमरतन–64), *विण आदर न रहे कदे सिंह, सूर न सयण* (लब्धोदय–6) आदि कई सूक्तियाँ और नीति कथन इन रचनाओं में उद्धृत किए गए हैं। लब्धोदय ने अवसरानुसार संस्कृत सूक्तियाँ (पृ. 25, 37, 65 और 80) सबसे अधिक इस्तेमाल की हैं।

पद्मिनी–रत्नसेन पर निर्भर कथा–काव्यों की रचनात्मकता के मूल्यांकन के दौरान यह ध्यान में रखना ज़रूरी है कि ये रचनाकार शास्त्र सिद्ध और निष्णात कवि नहीं हैं। इनकी कवि शिक्षा अनौपचारिक ढंग की पैतृक या गुरु प्रदत्त है। मध्यकाल में काव्यशास्त्रीय स्थापनाओं का भी प्राकृत–अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं में समय की ज़रूरतों के अनुसार सरलीकरण और विस्तार हुआ। संस्कृत के साथ इन भाषाओं में छंद, अलंकार आदि से संबंधित कवि शिक्षा ग्रंथ लिखे गए। ख़ासतौर पर पश्चिमी भारत में इस तरह के कई ग्रंथों की रचना हुईं। ये सरलीकृत ग्रंथ जैन और जैनेतर, दोनों तरह के विद्वानों ने लिखे। ये कवि शिक्षा ग्रंथ इन अधिकांश रचनाकारों के आदर्श थे। ये रचनाएँ मूलत: कथा रचनाएँ थीं, इसलिए इनमें रचनात्मकता के निवेश की गुंजाइश भी सामान्य काव्य रचनाओं की तुलना में कम थी। यह भी कि इन रचनाओं का लक्ष्य श्रोता भी मध्यम श्रेणी का जनसाधारण यजमान या लोक था, इसलिए इनकी रचना के दौरान उनकी रुचियाँ और समझ का स्तर भी इनके मन में रहा होगा।

काव्यरूप इन रचनाओं का चरित वर्णन पर एकाग्र संस्कृत और प्राकृत–अपभ्रंश में प्रचलित काव्य रूप का सरलीकृत रूप हैं, जिसको इन्होंने अपनी ज़रूरतों के अनुसार रूपांतरित किया है। भाषा इनकी सोलहवीं से लगाकर उन्नीसवीं सदी के विस्तार बनने–बदलनेवाली उत्तरी–पश्चिमी भारत के कुछ इलाकों प्रयुक्त होनेवाली देश भाषा है, जिसमें प्राकृत, अपभ्रंश और डिंगल की कई प्रवृत्तियाँ अवशेष के रूप में मौजूद हैं। जैन रचनाओं में स्थानीय बोलियों का भी मुखर प्रभाव दिखता है। शब्दों में तत्सम, अर्धतत्सम और देशज के साथ फ़ारसी–अरबी शब्दों का भी प्रयोग हुआ है। छंदों का प्रयोग इनमें पारंपरिक है और इनका महत्त्व भी बहुत है। इनमें से कई रचनाओं के नाम उनमें प्रयुक्त प्रमुख छंद के आधार पर कवित्त, चउपई और चौपाई किए गए हैं। मध्यकाल में कथा के छंद चौपाई और दोहा थे, इसलिए इनमें इनका सबसे अधिक इस्तेमाल हुआ है। वस्तु वर्णन, ख़ासतौर पर युद्ध वर्णन के लिए छप्पय

आदि छंद इस्तेमाल किए गए हैं। अलंकरण में अनुप्रासिकता इनके कवि स्वभाव में है। उपमा, उत्प्रेक्षा और उदाहरण अलंकारों का प्रयोग इनके यहाँ ख़ूब है। ऐसा लगता है जैसे इनका प्रयोग कर ये रचनाकार अपने कवि होने को सिद्ध कर रहे हैं। वस्तु वर्णन की गुंजाइश इन सभी रचनाकारों ने निकाली है, क्योंकि रचनात्मकता की गुंजाइश यहीं निकलती है। अवसर आने पर दुर्ग, नगर, ऋतु वर्णन इनके यहाँ है। युद्ध वर्णन इन सभी के यहाँ है। परंपरा आग्रही होने के कारण इन्होंने कथा रूढ़ियों और अभिप्रायों का प्रयोग किया है। भोजन के स्वादहीन होने के कारण राजा की नाराज़गी और रानी के इस निमित पद्मिनी लाने के आग्रह की लोक प्रचलित कथा रूढ़ि इनमें से अधिकांश में है। ये सभी कवि-कथाकार बहुश्रुत और लोक व्यवहार में कुशल लगते हैं। अवसर आते ही ये मुहावरों और लोकोक्तियों का प्रयोग ज़रूर करते हैं। यथावश्यकता इन्होंने शास्त्र और लोक के प्रसिद्ध कथनों को भी उद्धृत भी किया है।

संदर्भ और टिप्पणियाँ:

1. विवेच्य रचनाओं [(i) अज्ञात कवि कृत *गोरा-बादल कवित्त,* (ii) लब्धोदयकृत *पद्मिनी चरित्र चौपई,* (iii) जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* संपा. भंवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), (iv) हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* संपा. उदयसिंह भटनागर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, द्वितीय संस्करण 1997), (v) दलपति विजय कृत, *खुम्माणरासो,* भाग-3, संपा. ब्रजमोहन जावलिया (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2001), (vi) दयालदास कृत, *राणारासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया, (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2007) (vii) *चित्तौड़-उदयपुर पाटानामा,* भाग-1, संपा. मनोहरसिंह राणावत (सीतामऊ: श्री नटनागर शोध संस्थान, 2003) और (viii) ''पद्मिनीसमिओ,'' *रानी पद्मिनी,* संपा. ब्रजेंद्रकुमार सिंहल (नयी दिल्ली: वाणी प्रकाशन, 2017)] की भाषा, छंद, कथा-कवि रूढ़ि आदि के उदाहरणों की पृष्ठ संख्याएँ अध्याय में यथास्थान दी गयी हैं। अन्य संदर्भ यहाँ अंत में दिए गये हैं।
2. कवि शिक्षा संबंधी इन रचनाओं का नयी काव्य प्रवृत्तियों की पहचान और प्रशिक्षण, दोनों में निर्विवाद महत्त्व था। भारतीय काव्यशास्त्र के विद्वान् एस.के. डे ने इनके महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि ''इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि संस्कृत में इस प्रकृति के कार्यों का, प्रकटत: यह आशय है कि वे यशप्रार्थी कवि के मार्गदर्शन के लिए हैं और अपने विमर्श में यह प्रदर्शित करते हैं कि कविता में क्या सही और क्या उचित है। यह रूढ़िवादी काव्यशास्त्र के पिष्ट पेषित पथ से हटकर एक प्रकार की वास्तविक आलोचना पद्धति है। इन्होंने इसके अतिरिक्त अपने देशज तरीके से, स्वाद और आलोचनात्मक निर्णय का एक मानक, चाहे वह जैसा भी हो, स्थापित किया।'' - एस.के. डे, *हिस्ट्री ऑफ संस्कृत पोईटिक्स,* (लंदन: सुज़ाक एंड कंपनी, 1925), 2: 285.

3. (i) कवि प्रतिभा पर सभी भारतीय आचार्यों ने विचार किया और कमोबेश सभी का विचार

है कि प्रतिभा को 'युत्पत्ति' और 'अभ्यास' की भी ज़रूरत पड़ती है। (1) मम्मट ने कहा है- *शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्। / काव्यज्ञशिक्षायाह्यऽभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे॥* (अर्थात् काव्य रचना के तीन कारण- (1) शक्ति (प्रतिभा), (2) लोक, शास्त्रज्ञान आदि के अध्ययन से प्राप्त होने वाली निपुणता तथा (3) काव्य मर्मज्ञ की शिक्षा से अभ्यास, ये तीन काव्य रचना के कारण हैं।) - मम्मट, *काव्यप्रकाश,* 1/3, व्याख्या एवं अनुवाद रघुनाथप्रसाद चतुर्वेदी (वाराणसी: चौखंभा संस्कृत संस्थान, द्वि. सं. 2003). 5.

(ii) दण्डी ने भी इन्हीं दोनों को 'श्रुतं च बहुनिर्मलम्' तथा 'अमंद अभियोग' कहकर इस तरह निर्धारित किया है। *नैसर्गिकी च प्रतिभा श्रुतं च बहुनिर्मल्म्। / अमंद श्रुतं च अमन्दः अभियोगः तथा अस्याः काव्यसम्पदः कारणं। अमंदश्चाभियोगाह्यस्याः कारणं काव्यसंपदः॥* (अर्थात् पूर्व जन्म संस्कारासादित प्रतिभा, नाना शास्त्रपरिशीलन और काव्य करने का सतत अभ्यास, ये ही तीनों वस्तु मिलितरूप में काव्य के प्रति कारण हैं।) - दंडी, *काव्यादर्श,* 1/103, संपा. आचार्य रामचंद्र मिश्र (वाराणसी: चौखंभा विद्याभवन, 1972), 71.

(ii) अमरचंद ने *काव्यकल्पलतावृत्ति* में कवि प्रतिभा के विकास और उदात्तीकरण के लिए के लिए कई विषयों का प्रावधान किया है। संपादक आर.एस. बेताई ने इस संबंध में टिप्पणी करते हुए लिखा है कि "कवि की प्रतिभा के उदात्तीकरण के लिए, इन दोनों (व्युत्पत्ति और अभ्यास) के साथ और कई विषयों को भी कवि को समाहित करना होता है, जिनका अमरचंद्र ने वर्णन किया है, क्योंकि ये कवि के प्रशिक्षण और उसके कर्म के उपकरण हैं।" - आर.एस. बेताई *काव्यकल्पलतावृत्ति* (अहमदाबाद: एल.डी. इंस्टीट्यूट, 1997), 7.

4. राजशेखर, *काव्यमीमांसा,* संपा. सी.डी. दलाल (बड़ौदा: ओरियंटल इंस्टिट्यूट, तृतीय संस्करण 1934).
5. क्षेमेंद्र, *कविकंठाभरण,* संपा. वा.के. लेले (वाराणसी, मोतीलाल, बनारसीदास, 1967).
6. वाग्भट, *वाग्भटालंकारः,* संपा. दुर्गाप्रसाद आदि (मुम्बईः निर्णय सागर प्रेस, 1815).
7. अमरचंद्र यति, *काव्यकल्पलतावृत्ति,* संपा. आर.एस. बेताई (अहमदाबादः एल.डी. इंस्टीट्यूट, 1997).
8. केशव मिश्र, *अलंकारशेखर,* संपा. पंडित शिवदत्त (मुम्बई निर्णय सागर प्रेस, 1926).
9. स्वयंभू, *स्वयंभूछंद,* संपा. एच.डी. वेलणकर (जोधपुरः राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान,1962).
10. विरहांक, *वृत्तजाति समुच्चय* (जोधपुरः राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, 1962).
11. हेमचंद्राचार्य, *छंदोनुशासन,* संपा. एच.डी. वेलणकर (मुम्बई, सिंघी जैनशास्त्र विद्यापीठ, भारतीय विद्या भवन, 1961).
12. *प्राकृतपैंगलम्,* संपा. भोलाशंकर व्यास (वाराणसीः प्राकृत ग्रंथ परिषद्, 1926).
13. श्रीनंदिताढ्य, *गाथालक्षणम्,* संपा. एच.डी. वेलणकर (जोधपुरः राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, 1962).

14. *कविदर्पण,* संपा. एच.डी. वेलणकर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, 1962).

15. कृष्णभट्ट, *वृत्तमुक्तावली,* संपा. एच.डी. वेलणकर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, 1963).

16. चंद्रशेखर भट्ट, *वृत्तमौक्तिक,* संपा. महोपाध्याय विनय सागर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, 1965).

17. किशना आढ़ा, *रघुवरजसप्रकाश,* संपा. सीताराम लालस (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, 1960).

18. चंद बरदाई, *पृथ्वीराज रासो,* संपा. मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या (वाराणसी: नागरी प्रचारिणी सभा, 1964), 22.

19. *गेयं दिम्भिकाभाणप्रस्थानशिंगकभाणिकाप्रेरणराका*
क्रीडहल्लीसकरासगोष्ठीश्रीगदितराग्काव्यादि। – हेमचंद्राचार्य, *काव्यानुशासन,* 8/4, संपा. पंडित शिवदत्त (मुम्बई: निर्णयसागर प्रेस, 1901), 341.

20. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल* (पटना: बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् तृतीय संस्करण, 1961), 64.

21. मनोहरसिंह राणावत, ''आमुख,'' *चित्तौड़-उदयपुर पाटानामा,* (सीतामऊ: श्री नटनागर शोध संस्थान, 2003), 1: II.

22. *गजबदन गणपति नमूं माहा माय बुधि देय। गुण गूंथूं गोरल का, जस बादल जंपेय॥* – ''गोरा-बादल कवित्त,'' *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 109.

23. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* संपा. उदयसिंह भटनागर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, द्वि. संस्करण 1997), 1.

24. वही, 97.

25. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 20.

26. वही, 41.

27. वही, 107.

28. *पदमिनी चरित्र चौपाई* के संपादक भंवरलाल नाहटा ने इसके अंत (पृ. 209) इसमें प्रयुक्त ढालों और देशी राग-रागिनियों की सूची दी है।

29. *श्री गणपति प्रसादातु / अथ पदमिनीजी रौ समिऔ लिख्यते* – ''पद्मिनीसमिओ,'' *रानी पद्मिनी,* संपा. ब्रजेंद्रकुमार सिंहल (नयी दिल्ली: वाणी प्रकाशन, 2017), 99.

30. वही, 99.

31. वही, 117-125.

32. वही, 132–143.

33. जटमल नाहर, *गोरा–बादल कथा* (लब्धोदय कृत *पद्मिनी चरित्र चौपई* के साथ प्रकाशित), संपा. भँवरलाल नाहटा, (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 182.

34. वही, 208.

35. दलपतिविजय (i) पदमिनी–रत्नसेन प्रकरण, भाग–3, पृ. 83–170 और (ii) खुम्माण प्रकरण, भाग–2, पृ. 227–415) – *खुम्माणरासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2001).

36. वही, 3: 21.

37. वही, 3: 177.

38. *सीसोदा जगपति नृपति, ता सुत राज 'र रांन। तिनके निर्मल वंस को, करयो प्रसंस बखानु॥* – दयालदास, *राणारासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया, (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2007), 146, 460 और 733 आदि.

39. वही, 704.

40. वही, 184–214.

41. वही, 189–196.

42. वही, 197–214.

43. वही, 720.

44. मनोहर सिंह राणावत, ''आमुख,'' *चित्तौड़–उदयपुर पाटानामा,* 1: III.

45. वही, IV.

46. *चित्तौड़–उदयपुर पाटानामा,* 1: 360.

47. दयालदास, *राणारासो,* 704.

48. दशरथ शर्मा, ''संयोगिता,'' *राजस्थान भारती,* भाग– अंक–1 अप्रैल, 1946, 22–23.

49. सुनीतिकुमार चटर्जी, *ओरिजन एंड डेवलपमेंट ऑफ दि बेंगाली लेंगवेज* (कलकत्ता, युनिवर्सिटी प्रेस, 1926), 11.

50. धीरेंद्र वर्मा, *ब्रजभाषा,* फ्रेंच से हिंदी अनुवाद (प्रयाग: हिंदी साहित्य सम्मेलन, 1954, मूल फ्रेंच संस्करण 1935), 18.

51. जार्ज ग्रियर्सन, *दि मोडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान* (कलकत्ता: एशियाटिक सोसायटी, 1888), 3.

52. नरोत्तम स्वामी, ''पृथ्वीराज रासो की भाषा,'' *राजस्थान भारती,* भाग–1, अंक–2–3, जुलाई–अक्टूबर, 1946, 51.

53. एल.पी. तैस्सीतोरी, *पुरानी राजस्थानी,* हिंदी अनुवाद नामवर सिंह (वाराणसी: नागरी प्रचारिणी सभा, 1955), 6.

54. नामवर सिंह, *पृथ्वीराज रासो की भाषा* (बनारस, सरस्वती प्रेस, 1956), 53.

55. *ललित विस्तर,* संपा. शांति भिक्षु शास्त्री (लखनऊ: उत्तरपदेश हिंदी संस्थान, 1984).

56. *धम्मपद,* मूल पालि और हिंदी अनुवाद एवं संपादन भदंत आनंद कौशल्यायन (इलाहाबाद: हिंदुस्तानी पब्लिकेशन्स, 1946).

57. भरत मुनि, *नाट्यशास्त्र,* 17/62, संपा एवं हिंदी अनुवाद ब्रजवल्लभ मिश्र (नयी दिल्ली: सिद्धार्थ पब्लिकेशन, 1997), 503.

58. ''नया छंद नये मनोभाव की सूचना देता है। श्लोक का उदय नये साहित्यिक मोड़ की सूचना है। वह बताता है कि संवेदनशील कवि चित्त में नये युग के उष:काल की किरण नवीन जागरण का संदेशा दे चुकी थी। इसी प्रकार गाथा का उदय दूसरी सूचना है और दोहा का तीसरी।''- हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 97.

59. कालिदास, *विक्रमोर्वशीयम्,* संपा. आशानंद वर्म्मणा (लाहोर: मेहरचंद, लक्ष्मणदास अध्यक्ष संस्कृत पुस्तकालय, 1926).

60. हजारीप्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल,* 100.

61. देखिए: पाद टिप्पणी-28

62. पुष्पदंत, *णायकुमार चरिउ,* 3/12, संपा. अनु, हीरालाल जैन (दिल्ली: भारतीय ज्ञानपीठ, द्वि. सं. 1972), 48.

63. पारितोष आसोपा, *राजस्थानी काव्यशास्त्र* (बीकानेर: राजस्थानी साहित्य एवं संस्कृति जनहित प्रन्यास, 2012), 42.

64. दलपति विजय, *खुम्माणरासो,* 3: 82.

65. राजशेखर की भी कवि से अपेक्षा है कि वह बहुश्रुत हो। वह लिखता है कि- *श्रुतिः, स्मृतिः, इतिहासः, पुराणं, प्रमाणविद्या, समयविद्या राजसिद्धांतत्रयी, लोको, विरचना, प्रकीर्णकं च काव्यार्थानां द्वादश योनयः।* (- राजशेखर, *काव्यमीमांसा,* 35). मम्मट ने निपुणता में लोक कौशल को भी सम्मिलित किया है। वह लिखता है- *लोकस्य स्थावर जंगमात्मकलोकवृत्तस्य* अर्थात् स्थावर (वृक्ष, पर्वत आदि) जंगम (मनुष्य, पशु, पक्षी आदि)- जगत् के व्यवहार का सूक्ष्म दृष्टि द्वारा देखना। (- मम्मट, *काव्यप्रकाश,* 6.)

उपसंहार

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण सदियों से लोक स्मृति में 'मान्य सत्य' की तरह रहा है। सोलहवीं से उन्नीसवीं सदी तक इस प्रकरण पर निरंतर कथा-काव्य रचनाएँ होती रही हैं और ये अपने चरित्र और प्रकृति में कुछ हद तक 'इतिहास' भी हैं। विडंबना यह है कि यह प्रकरण बीसवीं सदी के छठे-सातवें और इक्कीसवीं सदी के दूसरे दशक में व्यापक चर्चा में तो रहा, लेकिन इसकी परख-पड़ताल में इस्लामी, फ़ारसी-अरबी स्रोतों की तुलना में इन रचनाओं का उपयोग नहीं के बराबर हुआ। अधिकांश आधुनिक इतिहासकारों ने इन देशज रचनाओं के बजाय अलाउद्दीन ख़लजी के समकालीन इस्लामी वृत्तांतों- अमीर ख़ुसरो कृत *ख़ज़ाइन-उल-फ़ुतूह* (1311-12 ई.) और *दिबलरानी तथा ख़िज़्र ख़ाँ* (1318-19 ई.), ज़ियाउद्दीन बरनी कृत *तारीख़-ए-फ़िरोजशाही* (1357 ई.) तथा अब्दुल मलिक एसामी कृत *फ़ुतूह-उस-सलातीन* (1350 ई.) को ही अपनी स्थापनाओं में साक्ष्य की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने इनमें अनुल्लेख के आधार पर देशज रचनाओं को मलिक मुहम्मद जायसी की *पद्मावत* (1540 ई.) पर निर्भर मानते हुए इस प्रकरण और इन रचनाओं को कल्पित ठहरा दिया। कालिकारंजन कानूनगो की 1960 ई. में प्रकाशित पुस्तक *स्टडीज़ इन राजपूत हिस्ट्री* के एक लेख "ए क्रिटिकल एनेलेसिस ऑफ़ दि पद्मिनी लिजेंड" की ख़ूब चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने इस प्रकरण को पूरी तरह कल्पना मानकर ख़ारिज़ कर दिया। इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस के 1961 ई. अधिवेशन में इतिहासकार दशरथ शर्मा ने कालिकारंजन कानूनगो द्वारा इस्लामी वृत्तांतों की चुप्पी के आधार पर इस प्रकरण को कल्पित ठहराये जाने पर आपत्ति की थी। उन्होंने कहा था कि "उन्होंने (कालिकारंजन कानूनगो) इस तथ्य को ध्यान में नहीं रखा कि मौन से बहस करना तार्किक रूप से भ्रांति है और मात्र मौन के आधार पर की गई परिकल्पना किसी दिन ग़लत साबित हो सकती है।"[1] दशरथ शर्मा कालिकारंजन कानूनगो की तुलना में छोटे इतिहासकार थे- उनकी हैसियत क्षेत्रीय इतिहासकार की थी। यह आज़ादी के तत्काल बाद का समय था- इतिहास लेखन में आधुनिकता और उससे प्रभावित सार्वदेशिक वृत्तांतों और आख्यानों का दौर

था। उनकी बात आयी–गयी हो गयी– उस पर ध्यान बहुत कम लोगों ने दिया। अब जब इतिहास लेखन में सार्वदेशिक वृत्तांतों और आख्यानों की जगह क्षेत्रीय और देशज का आग्रह और उन पर निर्भरता बढ़ रही है, तो दशरथ शर्मा की इन पंक्तियों का महत्त्व बढ़ गया है। क्या किसी एक रचना या दस्तावेज़ में जो नहीं है या उसका रचनाकार जिसके संबंध में मौन है, उसको महज़ इस आधार पर 'नहीं है' कहा जा सकता है? क्या इस तरह का निष्कर्ष तर्कसंगत है? जो एक जगह नहीं है, तो फिर किसी और जगह भी नहीं होगा– यह केवल संभावना या परिकल्पना है और संभावना और परिकल्पना पर निर्भरता तो 'आधुनिक' इतिहास की अभिलक्षणाओं में नहीं आती। विडंबना यह है कि जिस तर्क से कानूनगो पद्मिनी कथा को 'मिथ' या 'कल्पित' कहकर ख़ारिज करते हैं, उसी तर्क से वे पद्मिनी के संबंध में 'नहीं है' का निष्कर्ष निकाल लेते हैं। पद्मिनी देशज कथा–काव्यों में है, वंश–प्रशस्ति प्रधान संस्कृत रचनाओं में है और सदियों से लोक स्मृति और स्मारकों में है, लेकिन उनके हिसाब से कोई एक इस संबंध में मौन है, इसलिए वह दूसरी जगह भी कैसे हो सकती है? दशरथ शर्मा की बात उस समय नही सुनी गयी, लेकिन जो उन्होंने कहा उसमें में वे यही तो कहना चाहते थे कि अगर वह वहाँ नहीं है, तो उसके कहीं और होने की संभावना तो है। विडंबना यह है कि पद्मिनी एक अमीर ख़ुसरो की 'चुप' के बाहर सब जगह थी, लेकिन केवल एक 'चुप' के आधार पर उसका अस्तित्व संदिग्ध कर दिया गया। क्या इस तरह एक चुप पर पर निर्भरता और उसका इस तरह आग्रह दुराग्रह नहीं है?

साहित्य में कल्पना भी होती है, लेकिन यह कहना सरलीकरण होगा कि उसमें इतिहास नहीं होता। सही तो यह है कि उसमें इतिहास भी होता है, कल्पना भी होती है और कभी–कभी कल्पना और इतिहास, दोनों एक साथ भी होते हैं। इतिहास साहित्य नहीं होता– वह केवल तथ्यों का समूह होता है, यह कहने वाले भी जानते हैं कि इतिहास में तथ्य होता है, लेकिन उसमें तथ्य से आगे और अलग भी बहुत कुछ होता है– उसमें संभावना और परिकल्पना भी होती है। किसी भी आख्यान का, यदि यह तथ्यनिर्भर आख्यान भी है तो भी, उसका प्रस्थान कमोबेश कल्पना से ही होता है और आगे भी उसके तथ्यों के संयोजन में कल्पना का भी कुछ योग तो रहता ही है। यह तो ई.एच. कार ने भी कहा था कि ''इतिहास के तथ्य कभी हमें शुद्ध रूप में नहीं मिलते, क्योंकि शुद्ध रूप में न वे कभी रहते हैं और न रह सकते हैं; वे हमेशा लेखक के मस्तिष्क में रंगकर आते हैं।''[12] *ख़ज़ाइन–उल–फ़ुतूह* पद्मिनी के संबंध में मौन है, तो यह केवल तथ्यों का समूह है, यह तो किसी इतिहासकार या विद्वान् ने नहीं कहा। विशेषज्ञ तो इसके संबंध में यह भी कहते हैं कि यह घोर अलंकरण और

अतिरंजना प्रधान रचना है।[3] कहा तो यह भी गया है कि अमीर ख़ुसरो ने इसमें इतिहास नहीं, कविता लिखी है।[4] कविता तो हेमरतन, लब्धोदय, दलपति विजय आदि ने भी लिखी और उसमें पद्‌मिनी है, लेकिन कानूनगो सहित कई आधुनिक इतिहासकारों का मानना है कि उनकी पद्मिनी के संबंध में 'मुखरता' तथ्य नहीं है, लेकिन *ख़ज़ाइन-उल-फ़ुतूह* का 'मौन' तथ्य है। यह कैसा इतिहास बोध है, जो मुखरता की अनदेखी और मौन का सम्मान करता है? किसी ने भी इस तथ्य भी पर ध्यान ही नही दिया कि इस्लामी वृत्तांतकारों का मौन प्रयोजनपूर्वक है। ये वृत्तांतकार एक तो इस्लामी धर्मशास्त्र से बँधे हुए थे और दूसरे, उस समय के रिवाज़ के मुताबिक सुल्तान की सराहना और उसकी कमज़ोरियों को छिपाना इनकी आदत और मजबूरी है।

अधिकांश आधुनिक इतिहासकार मध्यकालीन देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों से उन्नीसवीं सदी के यूरोपीय ढंग के इतिहास की अपेक्षा करते हैं, जो ग़लत है। यह मध्यकालीन शरीर में आधुनिक आत्मा के प्रवेश द्वारा मध्यकालीन अनुभव पाने का निरर्थक प्रयास है। ज़ाहिर है, इस तरह का प्रयास मध्यकालीन और आधुनिक, दोनों प्रकार के अनुभवों से अलग, विचित्र क़िस्म का अनुभव होगा। मध्यकाल को उसके अपने शरीर में, उसकी अपनी आत्मा के साथ अच्छी तरह से समझा जा सकता है। विवेच्य रचनाओं को यहाँ उनके अपने मध्यकालीन सरोकारों, सांस्कृतिक व्यवहारों, विचारधाराओं, साहित्यिक प्रथाओं आदि के साथ समझने का विनम्र प्रयास है। यहाँ आग्रहपूर्वक निर्भरता कथित 'आधुनिक' के बजाय 'देशज' स्रोतों पर है ज़्यादा है। 'देशज' का 'प्रामाणिक' के विलोम शब्द के रूप में चलन इतिहास की आधुनिक धारणा के विकास के साथ हुआ। अधिकांश यूरोपीय विद्वानों की धारणा यह है कि इतिहास का ज्ञान के एक अनुशासन के रूप में विकास उनके पूर्वजों ने किया। उनको अपने ग्रीक और रोमन पूर्वजों के स्मृति के रख-रखाव की पद्धति और ढंग पर गर्व भी बहुत है। मार्क ब्लाख़ ने लिखा है कि "औरों से भिन्न हमारी सभ्यता अपनी स्मृतियों के प्रति बेहद सतर्क रही है।"[5] इतिहास की उनकी अपनी ख़ास ऐतिहासिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार विकसित यह पद्धति उनकी दूसरी चीजों की तरह सार्वभौमिक आदर्श और मानक बन गई। अपने साम्राज्य के अधीन होने के कारण विश्व के कई देश-समाजों का आरंभिक इतिहास भी यूरोपीय इतिहासकारों ने इसी पद्धति के आधार पर लिखा। उन्होंने अपने शासित क्षेत्रों की ज्ञान संपदा को 'देशज' (vernacular), इसलिए कुछ हद तक अप्रामाणिक की श्रेणी में रख दिया। यूरोप से अभिभूत और उससे प्रभावित आरंभिक अधिकांश भारतीय मनीषा भी यही करती रही। आरंभिक अधिकांश उत्साही 'आधुनिक' भारतीय विद्वान् भी 'आधुनिक' इतिहास के आदर्श और मानक लेकर अपनी विरासत की पहचान और पड़ताल करने निकल

पड़े। उन्होंने भी यूरोपीय विद्वानों की तरह अपने पूर्वजों के स्मृति के रख-रखाव के ढंग को बेतुका और 'अपरिष्कृत' मान लिया। कुछ भारतीय विद्वानों का यह मानना कि यूरोपीय विद्वानों ने भारतीय स्रोतों को अच्छी तरह समझा-परख़ा है[6], कुछ हद तक ही सही है। देशज के प्रति हिकारत का औपनिवेशक संस्कार अधिकांश यूरोपीय विद्वानों की चेतना में बद्धमूल है। यह 'देशज' हमेशा अप्रामाणिक ही होता है, यह एक तरह का सरलीकरण है। किसी समाज की आत्मा को अच्छी और पूरी तरह से देशज स्रोतों से समझा जा सकता है। रवींद्रनाथ ठाकुर ने सही कहा था कि "अंग्रेज़ हो चाहे फ्रेंच या किसी अन्य देश का वासी, कोई भी इस मामले में एक शब्द में जवाब नहीं दे सकते: किसी के अपने देश का विशिष्ट दृष्टिकोण क्या है या उसकी आत्मा का वास्तविक स्थान कहाँ है? शरीर के अंदर जीवन की तरह यह आत्मा एक सीधी अवधारणात्मक वास्तविकता है। और जीवन की तरह, केवल तार्किक परिभाषाओं के माध्यम से इसे समझना बेहद मुश्किल है। बचपन से ही यह विभिन्न रूपों में, विविध मार्गों के माध्यम से हमारे अन्दर प्रविष्ट होती है; और यह हमारे ज्ञान, हमारे प्यार, हमारी कल्पना में समाहित हो जाती है।"[7] विवेच्य ऐतिहासिक देशज कथा-काव्यों की यह परंपरा सोलहवीं से उन्नीसवीं तक, चार शताब्दियों में फैली हुई है, इसलिए इसमें देशकाल के वैविध्य के अनुसार पर्याप्त 'इधर-उधर' हुआ है, लेकिन बावजूद इसके मूल प्रकरण की स्मृति इन सभी रचनाओं की बुनियाद में है।

भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य परंपरा के अनुसार, विवेच्य पद्मिनी विषयक देशज रचनाएँ सीधे-सीधे यथार्थ नहीं, यथार्थ का प्रतिबिंबन हैं- यह यथार्थ कवि-कथाकर का अपना देखा गया यथार्थ है। यह यूरोपीय इतिहास के यथार्थ की तरह 'दस्तावेज़ी', 'प्रत्यक्ष' और 'आनुभविक' नहीं है, इसलिए केवल कल्पना है, इस तरह का आग्रह भी सही नहीं है। रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहीं कहा था कि "सब खेतों में एक जैसी फ़सलें नहीं होतीं।"[8] यह फ़सल आपके खेत की फ़सल से अलग है, इसलिए फ़सल ही नहीं है, यह मानना एक तरह का दुराग्रह है। आरंभिक भारतीय मनीषा ने 'श्रुत' को बहुत महत्त्व दिया था और उसकी निर्भरता भी कमोबेश श्रुत पर ही थी। बहुत महत्त्वपूर्ण भारतीय आख्यान श्रुत की परंपरा से ही हम तक आए हैं। यह विडंबना है कि जिस समाज में श्रुत की इतनी निरंतर और समृद्ध परंपरा है, वहाँ लोक स्मृति पर निर्भर रचनाओं को केवल 'गल्प' की श्रेणी में रखा जाता है। ये रचनाकार गाँव-क़स्बों के अनौपचारिक कवि शिक्षा प्राप्त कवि-कथाकार थे और 'श्रुत' पर निर्भर थे। अपनी तरफ़ से इन्होंने नया बहुत कम गढ़ा है- इन्होंने रचनात्मक आग्रह के कारण प्रकरण के मोड़-पड़ावों को केवल इधर-उधर या उनका सरलीकरण किया है। यह इधर-उधर भी इन्होंने उतना ही किया है, जितने की अनुमति परंपरा

देती है। यह बात इनमें से से कुछ ने ज़ोर देकर कही भी है। हेमरतन ने कहा भी है कि– *सुणिउ तिसौ भाष्यौ संबंधि* अर्थात् मैंने जैसा सुना है, वैसा ही संबंध कहा है।[9] लब्धोदय ने भी कहा है कि– *कहस्यू कवित्त कल्लोल सूँ पूर्व कथा संपेख* अर्थात् प्रसन्नतापूर्वक पूर्व कथा को देखकर कहूँगा।[10] दलपति विजय ने *खुम्माणरासो* के पद्मिनी खंड का समाहार करते हुए इसको 'किंचित पूर्वोक्तम्' और 'किंचित ग्रंथाधिकारेण' कहा है।[11]

विवेच्य रचनाएँ चारण और जैन साहित्य की पारंपरिक कथा–काव्य निर्मितियों में हैं, इसलिए भी विद्वानों ने इनको 'राज्याश्रित' या 'धार्मिक' कहकर दरकिनार किया। मध्यकालीन यूरोपीय और भारतीय इस्लामी इतिहास लेखन के विपरीत, भारत में पारंपरिक इतिहास लेखन धर्मशास्त्र का भाग कभी नहीं रहा। ये रचनाएँ पूरी तरह ग़ैर धार्मिक रचनाएँ हैं। यूरोपीय मध्यकालीन इतिहास अनिवार्यत: क्रिश्चियन धर्म–शास्त्र के अंतर्गत था और यह प्राय: पादरियों द्वारा चर्च में लिखा गया।[12] मार्क ब्लाख़ का तो साफ़ कहना था कि "ईसाइयत इतिहासकारों का धर्म है।"[13] भारतीय इस्लामी इतिहास लेखन भी धर्मशास्त्र के अंतर्गत और उसका एक भाग था।[14] 'राज्याश्रय' भी इन रचनाओं की विषयवस्तु के नियमन में बहुत निर्णायक नहीं है, क्योंकि मध्यकालीन क्षेत्रीय शासक बहुत वर्चस्वकारी नहीं थे। चारण और जैन कवि 'राज्याश्रय' या शासकीय प्रभाव के बजाय पारंपरिक और पैतृक कवि शिक्षा पर अधिक निर्भर थे।

परंपरानुसार ये रचनाएँ 'कथा–काव्य' भी हैं, इसलिए भी अधिकांश आधुनिक इतिहासकारों ने इनको 'काल्पनिक' और 'मनगढ़ंत' की श्रेणी डाल दिया गया। ख़ास बात यह है कि इन रचनाओं का विन्यास इतिहास और कथा–काव्य की सदियों पुरानी जुगलबंदी की भारतीय परंपरा में है। यह तथ्य नज़रअंदाज़ कर दिया गया कि भारतीय परंपरा में 'इतिहास' कथा–काव्य में ही रच–बसकर ही आता है, इसलिए यहाँ कई बार इतिहास रचनाओं को 'कथा' कहा गया है। इतिहास और साहित्य दो अलग स्वायत्त अनुशासन हैं, यह चेतना भारतीय परंपरा में बहुत मुखर कभी नहीं रही, इसलिए इसमें कथा प्रकृति की रचनाओं में इतिहास का योग हमेशा रहा है। रवींद्रनाथ ठाकुर ने एक जगह लिखा है कि– "एक समय था, जब *रामायण–महाभारत* इतिहास थे। आजकल का इतिहास उसके साथ पारिवारिक रिश्ता स्वीकार करने में अनवरत कुंठित महसूस करता है; कहता है काव्य के साथ परिणीत होकर उसका कुल नष्ट हुआ है। अब उसके कुल का उद्धार करना इतना कठिन हो गया है कि इतिहास काव्य कह कर उसका परिचय देना चाहता है। काव्य कहता है, भाई इतिहास तुम्हारे भीतर बहुत कुछ मिथ्या है, मेरे भीतर भी बहुत कुछ सच है। आओ, हम पहले की तरह एक–दूसरे के साथ मिलकर रहें।"[15]

1.

पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर देशज ऐतिहासिक कथा–काव्य भारतीय ऐतिहासिक कथा–काव्य परंपरा की निरंतरता में उसका देशज रूपांतरण हैं। सभी देश–समाजों का इतिहास एक जैसा हो, यह आग्रह सिरे से ही ग़लत है। सभी समाजों की अपनी ऐतिहासिक–सांस्कृतिक ज़रूरत, दर्शन और विचारधारा के तहत बनी अपनी इतिहास चेतना होती है। ऋग्वैदिककाल से ही स्मृति के संरक्षण की भारतीय इतिहास चेतना और उसकी परंपरा भी है। भारतीय इतिहास चेतना और उसके साहित्य में निवेश की पद्धति की अपनी कुछ विशेषताएँ हैं और इनमें से कुछ ऐसी विशेषताएँ भी हैं, जो इसको यूरोपीय इतिहास चेतना से अलग करती हैं। यह कहा गया है कि भारतीय इतिहास चेतना का, चक्रीय कालबोध और सनातनता के आग्रह के कारण, विकास अलग और ख़ास ढंग से हुआ। कुछ हद तक यह बात सही भी है, लेकिन कुछ विद्वानों का यह आरोप निराधार है कि इसमें रेखाकारीय बोध, मतलब देशकाल के संदर्भ का सर्वथा अभाव है। दार्शनिक अरविन्द शर्मा ने तो भारतीय कालबोध के केवल चक्राकारीय होने की धारणा को पूरी तरह ख़ारिज कर दिया। उन्होंने लिखा है कि यह ''इतना उलटा–पल्टा है कि हमें भूल की दिशा में ले जाता है।''[16] वे आगे कहते हैं कि ''समय की हिन्दू धारणा एकरंगी नहीं है बल्कि एक बहुरंगी चित्र है। यह एक जटिल अवधारणा है, जिसे केवल चक्राकारीय कहकर समझा नहीं जा सकता।''[17] अनिन्दिता एन. बाल्सलेव ने भी यही बात दोहरायी है कि ''समय का चक्राकारीय विचार हिन्दू बौद्धिक परम्परा का एक मात्र लक्षण न हो कर ''किसी विशिष्ट ब्राह्मणवादी विचारधारा तक का लक्षण नहीं है; यहाँ तक कि यह किसी वाद–विवाद का विषय भी नहीं है।''[18] उनके अनुसार हिन्दू दार्शनिक परम्पराओं में अनेक विविधताएँ हैं। स्पष्ट है कि समय का चक्राकारीय विचार हिन्दू बौद्धिक परम्परा का एक मात्र लक्षण नहीं है और तदनुसार इसकी इतिहास चेतना भी केवल चक्रीय कालबोध तक सीमित नहीं है। देशकाल की चेतना भी इसमें निरंतर और सघन है और इसकी परंपरा में इसके पर्याप्त साक्ष्य भी हैं।

यूरोपीय अध्येताओं को भारतीय इतिहास के काव्यमय होने पर आपत्ति है। उनका मानना है कि इतिहास का काव्य में होना उसका इतिहास से विचलन है। उनके अनुसार काव्य में होकर इतिहास अपने बुनियादी गुण–धर्म–तथ्य पर निर्भरता, निरपेक्ष दृष्टि आदि से भटक जाता है। प्राचीन भारतीय वाङ्मय का अधिकांश पद्य में ही है–गद्य इसमें बहुत विरल है, इसलिए ऐतिहासिक कथा–काव्यों का काव्यमय होना बहुत स्वाभाविक और परंपरासम्मत है। भारतीय कवि, केवल कवि नहीं है, उससे बहुश्रुत या बहुज्ञ होने की अपेक्षा की जाती थी। भारतीय ज्ञान का संग्रह और संकलन पद्य

में ही होता आया है। यह एक तरह से ज्ञान को सूत्रबद्ध करने का ढंग है और इससे ज्ञान का सदियों तक स्मृति में परिवहन आसान हो जाता है। ऐतिहासिक घटनाएँ और चरित्र इसीलिए इस परंपरा में काव्य में ढले हुए मिलते हैं। इस बात पर भी कम लोगों का ध्यान गया है कि इतिहास के काव्य में होने का भी अपनी जगह महत्त्व है। यह पाठक-श्रोता के लिए दोहरा लाभकारी है। रवींद्रनाथ ठाकुर ने एक जगह इस ओर संकेत किया है। वे लिखते हैं कि- ''काव्य में ग़लती पाऊँ तो इतिहास में उसका संशोधन कर लूँगा। किंतु जिस व्यक्ति को इतिहास पढ़ने का सुअवसर नहीं मिलेगा वह काव्य पढ़ेगा और वह अभागा है। लेकिन जिस व्यक्ति को काव्य पढने का सुअवसर नहीं मिलेगा, वह इतिहास पढ़ेगा और संभवत: वह सबसे अधिक दुर्भाग्यशाली है।''[19]

इतिहास की यह भारतीय परंपरा भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार बनी, इसलिए इतिहास की यूरोपीय ग्रीक-रोमन ईसाई परंपरा से बहुत अलग है। युक्तियुक्तता, कार्यकारण संबंध, तथ्य पर निर्भरता, प्रत्यक्ष अनुभव आदि इसमें उस तरह से नहीं हैं, जिस तरह से यूरोपीय कथित 'आधुनिक' इतिहास में होते हैं। इस परंपरा में एक तो स्मृति के दस्तावेज़ी ठहराव के बजाय उसको निरंतर और जीवंत रखने का आग्रह है, दूसरे, इसमें अतीत के यथार्थ का अमूर्तन इस तरह है कि यह वर्तमान में प्रासंगिक और उपयोगी बना रहे और तीसरे, इसमें साहित्यिक प्रथाएँ, कवि-कथा समय भी इस परंपरा के दस्तावेज़ों में पर्याप्त हैं।

उपनिवेशकालीन यह धारणा कि भारतीयों में इतिहास चेतना नहीं है, कुछ हद तक गुज़रे जमाने की बात हो गयी है। उपनिवेशकालीन यूरोपीय अधिकांश इतिहासकारों की लगभग मान्य इस धारणा पर अब काफ़ी पुनर्विचार हुआ है और यह मान लिया गया है कि किसी भी अन्य इतिहास सजग समाज की तरह भारतीय समाज भी इतिहास सचेत समाज है और उसकी परंपरा में इसके पर्याप्त साक्ष्य भी हैं। इतिहास सहित इतिहास के 19 आनुषंगिक रूप- *ऐतिह्य, पुराकल्प, परक्रिया, अवदान, आख्यान, आख्यायिका, उपाख्यान, अन्वाख्यान, चरित, अनुचरित, कथा, परिकथा, अनुवंश, श्लोक, नाराशंसी, गाथा, आख्यान और पुराण* 'इतिहास' के समानार्थक शब्दों के रूप में यहाँ सदियों से प्रयुक्त हो रहे हैं।[20] इतिहास शब्द का व्यवहार भी वैदिक संहिताओं, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् ग्रंथों सहित परवर्ती साहित्य में कई जगह मिलता है। राजाओं के वीरतापूर्ण कार्यों और दानों की सराहना में कहे गए छंद इतिहास के प्राचीनतम भारतीय रूप हैं, जिनको वेदों में *गाथा* और *नाराशंसी* कहा गया है। परवर्ती ग्रंथ, ख़ासतौर पर *निरुक्त* और *बृहद्देवता ऋग्वेद* में *इतिहास* और *आख्यान* की मौजूदगी स्वीकार करते हैं। उत्तर वैदिककाल में इतिहास की इस मौखिक परंपरा

का विस्तार हुआ और इस दौर में यह मुख्यत: *नाराशंसी, गाथा, आख्यान, इतिहास* और *पुराण* के रूप में विकसित हुई। ये सभी इतिहास रूप वैदिक साहित्य में भी थे, लेकिन उत्तर वैदिककाल में आकर ये विशिष्ट साहित्यिक स्वरूप के साथ प्रवृत्तियों के रूप में अस्तित्व में आए। उत्तर वैदिककाल के अंतिम चरण में इतिहास-पुराण परंपरा का विस्तार हुआ। इतिहास की प्राचीन भारतीय परंपरा के निर्माण और विस्तार में भृग्वंगिरसों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है और यह परंपरा बहुत बाद तक जारी रही। *महाभारत* और *रामायण* इस समूह की देन हैं। पुराणों में भृग्वंगिरसों के साथ इतिहास की परंपरा के विकास में सूतों ने भी निर्णायक योग दिया। अब तक इतिहास की मौखिक परंपरा अनुश्रुतियों और अनुभव के रूप मौजूद रही, लेकिन उत्तर वैदिककाल के अंतिम चरण, 400 ई. पूर्व से 400 ई. के बीच यह निश्चित साहित्यिक स्वरूप में ढलने लगी और कुछ हद तक इसका मानकीकरण भी हुआ। धर्म के नये रूप की ज़रूरतों ने इतिहास-पुराण को एक निश्चित साहित्यिक ढाँचे में सीमित कर दिया गया, जिससे कुछ हद तक यह अपने ऐतिहासिक चरित्र से हट गया। *वंश* की परंपरा जारी रही और इसका ऐतिहासिक चरित्र भी बना रहा। इसकी बौद्ध, जैन और दरबारी, तीन अलग-अलग प्रवृत्तियाँ विकसित हुईं। दरबारी परंपरा का ख़ूब विकास हुआ। मौर्यकाल के बाद राजकीय अभिलेखागारों की परंपरा शुरू हुई। *वंश* की परंपरा की एक शाखा का विकास राजदरबारों में *चरित* या जीवनी लेखन के रूप में हुआ। पूर्व मध्यकाल के अंतिम चरण में भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य की परंपरा में निर्णायक मोड़ आया, जब ऐतिहासिक व्यक्तियों को उपजीव्य बनाकर इतिवृत्तात्मक काव्य रचना की आरंभ हुई और इसका और विस्तार हुआ। 600 से लगाकर 1200 ई. के बीच इसी तरह के कई इतिवृत्त लिखे गए। बाण का *हर्षचरित,* बिल्हण का *विक्रमांकदेवचरित,* सोमश्वर तृतीय का *विक्रमांकाभ्युदय,* जयानक का *पृथ्वीराजविजय* आदि इसी तरह के रचनाएँ हैं। इतिहास-पुराण की परंपरा भी जारी थी- यह कश्मीर में *राजतरंगिणी* (1444 ई.) के रूप में फलीभूत हुई, लेकिन कुछ हद तक यह उससे अलग और नवीन भी थी।

संस्कृत के समानांतर प्राकृत सहित देश भाषाओं में साहित्य रचना की परंपरा बहुत पहले से थी। यहाँ तक कि जब ''संस्कृत भाषा का प्रसार उत्कर्ष पर था, उस समय भी ग़ैर संस्कृत भाषाओं का प्रयोग करनेवालों की सृजनात्मकता न तो कम हुई और न ही शायद संस्कृत से कम थी।''[21] ईसा की दूसरी सहस्राब्दी में देश भाषाओं का तेज़ी प्रसार हुआ, इन्होंने संस्कृत के सामने चुनौती पेश की और अंतत: इसकी जगह ले ली, हो सकता है भारतविद् शेल्डन पोलक की यह धारणा कुछ हद तक सरलीकरण हो[22], लेकिन इससे इतना तो साफ़ है कि इस दौरान संपूर्ण दक्षिण एशिया

में देश भाषाओं का चलन और उनका साहित्यिक व्यवहार तेज़ी से बढा, जिससे संस्कृत के कुछ अभिव्यक्ति रूपों का रूपांतरण हुआ और क्षेत्रीय ऐतिहासिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के तहत कुछ नये रूप अस्तित्व में आए। गुजरात सहित उत्तरी-पश्चिमी भारतीय प्रदेशों में चौदहवीं-पंद्रहवीं सदी के आसपास इस प्रक्रिया ने ज़ोर पकड़ा। क्षेत्रीय सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों के तहत संस्कृत में प्रचलित साहित्यिक इतिहास रूपों के देश भाषाओं में सरलीकृत नये साहित्यिक इतिहास रूप- *रास-रासो, चरित, ख्यात, बही, पाटनामा, कवित्त, चउपई* आदि सामने आए। अभिव्यक्ति के इन नये साहित्यिक इतिहास रूपों में कई रचनाएँ हुईं। साहित्यिक इतिहास रूपों की इस परंपरा को राज्याश्रय भी मिला। ख़ासतौर पर देश के पश्चिमी और मध्यवर्ती भागों में इनका चलन बढ़ा। यह चलन इतना व्यापक था कि इनमें प्रयुक्त वस्तु, छंद भाषा आदि पर नयी शास्त्र रचनाएँ भी हुईं। चारण, भाट और जैन यति-मुनियों का इस परंपरा के विस्तार और समृद्धि में महत्त्वपूर्ण योगदान है।

2.

रत्नसेन-पद्मिनी संबंधी कथा बीजक पर निर्भर ऐतिहासिक कथा-काव्यों की सोलहवीं से उन्नीसवीं सदी तक विस्तृत परंपरा में पाठ, प्रयोजन और शैली का पर्याप्त वैविध्य है। मलिक मुहम्मद जायसी की *पद्मावत* (1540 ई.) को छोड़कर ये सभी रचनाएँ इतिहास और आख्यान की भारतीय परंपरा का स्वाभाविक देशज विकास हैं। इन रचनाओं में अपने ढंग के 'इतिहास' का आग्रह भी बराबर है और इसको कथा विस्तार और कवि-कथा समयों के बीच भी अलग से पहचाना जा सकता है। अज्ञात कवि कृत *गोरा-बादल कवित्त* इनमें से सबसे प्राचीन (1588 ई. से पूर्व) है और इसके कुछ अंश इस परंपरा की परवर्ती रचनाओं में उद्धृत किए गए हैं, इसलिए यह रचना हेमरतन और जायसी की इस प्रकरण पर निर्भर रचनाओं से पहले की रचना है। हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* (1588 ई.), जटमल नाहरकृत *गोरा-बादल कथा* (1623 ई.), लब्धोदय कृत *पदमिनी चरित्र चौपई* (1649 ई.) और दलपति विजय कृत *खुम्माणरासो* (1715-1733 ई.) जैन साहित्यिक परंपरा और निर्मिति में हैं, लेकिन इनमें धार्मिक आग्रह नहीं है। ख़ास बात यह है कि ये रचनाएँ परंपरा में हैं- यहाँ पूर्ववर्ती रचना का आगे की रचनाओं में विकास और पल्लवन है। अज्ञात कवि कृत *पद्मिनीसमिओ* (1616 ई.), दयालदास कृत *राणारासो* (1668-1681 ई.) और अज्ञात रचनाकार कृत *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* (प्रतिलिपि 1870 ई.) चारण-भाट परंपरा की रचनाएँ हैं, जिनमें वंश और प्रशस्ति का विवरण पारंपरिक कवि-कथा समयों, अभिप्रायों और कथा रूढ़ियों के विन्यास में है। इनमें से *राणारासो* और

चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा चारण रचनाएँ हैं, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होकर निरंतरता में हैं। ठहरे या मृत दस्तावेज़ पर निर्भर करने वाले विद्वानों के लिए यह निरंतरता भी अजूबे की तरह है। दरअसल यह अतीत की स्मृति के वर्तमान में व्यवहार का ख़ास भारतीय ढंग है। इनमें से कुछ रचनाओं में उनके रचनाकारों के नाम, उनकी रचना का समय और स्थान का विवरण नहीं हैं। दरअसल एक तो परंपरा से भारतीय रचनाकार ही रचना में अपनी अस्मिता को लेकर बहुत आग्रही नहीं हैं और दूसरे, यहाँ कृति को रचना के बाद मुक्त करने की परंपरा रही है। यहाँ किसी रचना के समान विषय-वस्तुवाली या उससे हटकर या उसको उद्धृत करते हुए अपनी अलग रचना करने की स्वतंत्रता हमेशा रही है। यह भी सही है कि *पद्मावत* (1540 ई.) इसी कथा बीजक पर निर्भर रचना है, लेकिन इसकी कथा योजना सूफ़ी दार्शनिक रूपक पर एकाग्र है और देशज ऐतिहासिक कथा-काव्य रचनाएँ इससे संबंधित या प्रभावित नहीं हैं। *पद्मावत* सहित अन्य सूफ़ी प्रेमाख्यानों का काव्यरूप और संगठन अलग प्रकार का है। शेल्डन पोलक ने भी फ़ारसी के प्रभाव में देशभाषा (हिंदावी, हिंदवी और हिंदुई) में चौदहवीं-पंद्रहवीं और इसके बाद विकसित प्रेमाख्यान परंपरा को भारतीय परंपरा से अलग माना है।[23] ''ये काव्य फ़ारसी और भारत की पुरानी शास्त्रीय परंपराओं दोनों से अलग हैं, ये भारतीय इस्लामिक रचना रूप में हैं। दोनों पुराने सिद्धांतों से ये दोहरा अंतर रखते हैं, भले ही महत्त्वपूर्ण विचारों और रूढ़ियों को ये उनसे ले लेते है। इस विधा के कवियों ने हिंदवी का प्रयोग किया, यह बोलचाल की स्थानीय भाषा थी, जिसे साहित्य का माध्यम बनाकर उन्होंने ऊँचा स्थान प्रदान किया। उनके काव्यों की प्राचीनतम पांडुलिपियाँ फ़ारसी लिपि में लिखी हुई हैं। उनके प्रेमाख्यान काव्य ऐसी काव्यशास्त्र के द्वारा सूफ़ी संदेश प्रकट करते हैं, जो अंशतः फ़ारसी से, अंशतः संस्कृत और अंशतः क्षेत्रीय परंपराओं से लिया गया है।''[24]

3.

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण (1303 ई.) संबंधी देशज ऐतिहासिक कथा-काव्य की सुदीर्घ परंपरा लोक में सदियों से प्रचलित कथा बीजक पर आधारित है और इनकी जायसी के *पद्मावत* (1540 ई.) पर निर्भरता की धारणा सर्वथा निराधार है। पद्मिनी का जन्म सोलहवीं सदी के सूफ़ी आख्यान *पद्मावत* से हुआ[25], यह धारणा उन 'आधुनिक' इतिहासकारों-विद्वानों ने बनायी है, जिन्हें लोक में स्मृति के व्यवहार के ख़ास ढंग और इस प्रकरण से संबंधित देशज कथा-काव्यों के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। *पद्मावत* की ख्याति इसकी रचना के पचास वर्ष में ही जायस से सुदूर राजस्थान में पहुँच गई, यह विश्वसनीय नहीं लगता। जायसी कवि तो बड़े थे, लेकिन वे अपने

समय में बहुत लोकप्रिय नहीं थे- उनका उल्लेख पारंपरिक इतिहास और सांप्रदायिक साहित्य में नहीं मिलता। राजस्थान, पंजाब और गुजरात, जहाँ पारंपरिक पद्मिनी-कथा-काव्यों की रचना हुई, के ग्रंथागारों में *पद्मावत* की कोई प्रति नहीं मिलती। इन कथा-काव्यों के रचनाकारों ने *पद्मावत* को कहीं भी उद्धृत नहीं किया, जबकि पारंपरिक कथा-काव्यों में पूर्व की संबंधित रचनाओं के प्रसिद्ध कथनों का उद्धृत करने की परंपरा थी। इस कथा बीजक के आधार पर जायसी ने 1540 ई. में और हेमरतन 1588 ई. में अपनी रचनाएँ कीं, लेकिन इससे पूर्व भी इस बीजक को कथा-काव्य का स्वरूप देने के उपक्रम होते रहे थे। इन दोनों से प्राचीन *गोरा-बादल कवित्त* (1588 ई. से पूर्व) नामक रचना उपलब्ध है। पद्मिनी प्रकरण का *छिताईचरित* (1475-1480 ई.) में उल्लेख भी यह भी प्रमाणित करता है कि जायसी के *पद्मावत* से पूर्व यह कथा बीजक लोक में प्रचलन में था। परवर्ती पद्मिनी प्रकरण संबंधी फ़ारसी-अरबी वृत्तांत- मोहम्मद क़ासिम फ़रिश्ता (1560-1620 ई.) कृत *तारीख़-ए-फ़रिश्ता,* अबुल फ़ज़ल (1551-1602 ई.) कृत *आईन-ए-अकबरी* और अब्दुल्लाह मुहम्मद उमर अल-मक्की अल-आसफ़ी अल-उलुग़ख़ानी हाजी उद्दबीर कृत (1540-1605 ई.) कृत *ज़फ़रुल वालेह बे मुज़फ़्फ़र वालेह* भी जायसी की *पद्मावत* के बजाय पारंपरिक कथा बीजक या पारंपरिक देशज आख्यानों-ख्यातों पर निर्भर हैं। इन परवर्ती अरबी-फ़ारसी वृत्तांतों की कथा के मोड़ जायसी से अलग और अपनी तरह के हैं।

4.

पद्मिनी विषयक पारंपरिक देशज कथा-काव्यों कथा और चरित्र योजना एक-दूसरे से अलग होने के साथ मलिक मुहम्मद जायसी के *पद्मावत* से भी भिन्न हैं। जायसी की कथा बहुत विस्तृत, जटिल और कई मोड़-पड़ावों वाली है, इसमें कई उपकथाएँ हैं, जबकि देशज कथा-काव्यों की कथा अपेक्षाकृत सरल और सीधी है। देशज कथा-काव्यों की कथा में मोड़-पड़ाव भी बहुत कम हैं और ख़ास बात यह है कि इनमें कुछ मोड़-पड़ाव इन सभी कथा-काव्यों में हैं। पद्मिनी विषयक कथा बीजक के जायसी के कथा विस्तार और पल्लवन में अभिधार्थ और ध्वन्यार्थ अलग-अलग हैं, इसलिए इसके मोड़-पड़ाव विचित्र हैं और ये कई जगह अटपटे भी लगते हैं। देशज कथा-काव्यों में चरित्रों में से केवल तीन प्रमुख चरित्र- रत्नसेन, पद्मिनी और राघवचेतन *पद्मावत* में भी हैं। *पद्मावत* के शेष सभी चरित्र जायसी के अपने और मौलिक हैं। गंधर्वसेन, चंपावती, हीरामन, चित्रसेन, नागमती, यशोवती, कुमुदिनी और देवपाल नामवाचक संज्ञाएँ देशज कथा-काव्यों में नहीं हैं। गंधर्वसेन जायसी के अनुसार सिंघलद्वीप का राजा है, जबकि अधिकांश देशज कथा-काव्यों में पद्मिनी के पिता का नामोल्लेख

नहीं मिलता। केवल *पाटनामा* में उसका समरसिंह पँवार के रूप में नामाल्लेख है। पद्मिनी से विवाह से पूर्व रत्नसिंह की पटरानी का नाम जायसी के अनुसार नागमती है, जबकि पारंपरिक देशज कथा-काव्यों में से कुछ में यह नाम प्रभावती है। हीरामन की जायसी के *पद्मावत* में कथा के लगभग सभी मोड़-पड़ावों में निर्णायक भूमिका में है, लेकिन इस तरह का कोई पात्र देशज कथा-काव्यों में नहीं है।

जायसी के *पद्मावत* के कथा के अधिकांश मोड़-पड़ाव देशज कथा-काव्यों में नहीं हैं। *पद्मावत* का आरंभ देशज कथा-काव्यों से अलग है। जायसी के अनुसार रत्नसेन हीरामन की सराहना पर पद्मावती की खोज में सिंघल द्वीप के लिए प्रस्थान करता है, जबकि देशज कथा-काव्यों में इसका कारण स्वादहीन और अरुचिकर भोजन पर रानी से नाराज़गी और रानी का इसके लिए पद्मिनी ले आने के ताने का कवि-कथा अभिप्राय है। हीरामन तोते का चित्तौड़ पहुँचने का वृत्तांत भी किसी देशज कथा-काव्य में नहीं है। जायसी ने रत्नसेन की सिंघल यात्रा का भौगोलिक विवरण भी दिया, जबकि अधिकांश देशज कथा-काव्यों में यह नहीं मिलता। देशज कथा-काव्यों में रत्नसेन का सिंघलद्वीप पहुँचना चामत्कारिक है- इसमें योगी या योगियों की निर्णायक भूमिका है। *पाटनामा* में यात्रा में लगने वाले समय के साथ सेतुबंध रामेश्वरम् का उल्लेख आया है, अन्यथा देशज कथा-काव्यों में यात्रा का भौगोलिक विवरण नहीं है। रत्नसेन की गजपति से भेंट, गंधर्वसेन द्वारा रत्नसिंह का बंदी बनाया जाना, नागमती का वियोग, समुद्र की दान याचना, रत्नसेन और पद्मिनी का जहाज के भँवर फँस जाने से अलग-अलग दिशाओं में बह जाना, समुद्र पुत्री लक्ष्मी से भेंट, देवपाल का कुमुदिनी को भेजकर पद्मिनी को आकृष्ट करने का प्रयास, सरजा के माध्यम से पद्मिनी देने का उल्लाउद्दीन का संदेश, अलाउद्दीन का पातुर भेजकर पद्मावती का मन बदलने की चेष्टा, सरजा द्वारा गोरा की हत्या, देवपाल द्वारा सांगी मारकर रत्नसेन को आहत करना, बादल को गढ़ सौंपकर रत्नसेन की मृत्यु, पद्मिनी-नागमती का सती होना बादल की मृत्यु और स्त्रियों का जौहर आदि अनेक प्रकरण जायसी का अपना कथा पल्लवन और विस्तार है। जौहर का प्रकरण जायसी के यहाँ है, लेकिन यह केवल सांकेतिक है। जायसी लिखते हैं कि *जौहर भई इस्तिरी, पुरुख भए संग्राम / पातसाहि गढ़ चूरा, चितउर भा इसलाम* अर्थात् स्त्रियों ने जौहर कर लिया, पुरुष संग्राम करते हुए अंत को प्राप्त हुए, बादशाह ने गढ़ ध्वस्त कर दिया और चित्तौड़ इस्लाम के नीचे आ गया। कथा पल्लवन के ये रूप देशज ऐतिहासिक कथा-काव्यों में नहीं हैं।

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर इन कथा-काव्यों की कथा योजना से यह स्पष्ट है कि भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य की प्राचीन परंपरा के अनुसार इनमें

एक ही कथा बीजक का अलग-अलग तरह से पल्लवन और विस्तार है। जैन धार्मिक रचनाकारों की कथा योजना में कोई धार्मिक आग्रह तो नहीं है, लेकिन स्वामिधर्म, पातिव्रत्य, यौन शुचिता आदि मूल्यों की प्रतिष्ठा के साथ मनोरंजन का उद्देश्य इनमें सक्रिय है। चारण और अन्य रचनाकारों का आग्रह इन मूल्यों की प्रतिष्ठा के साथ इतिहास और वंश प्रशस्ति का भी है। ख़ास बात यह है कि यहाँ कथा योजना किसी एक आशय या योजना में सीमित और रूढ़ नहीं है। यहाँ रचनाकार के अपने विवेक और प्रयोजन के अनुसार कथा बनती-बदलती है। इतिहास इनमें कहीं आधार है, तो कहीं रीढ़ और कहीं केवल सहारा, लेकिन यह इनमें है। यह इनमें कुछ दूर दिखता, फिर कुछ दूर ओझल रहता है और फिर एकाएक दिख जाता है। यह ऐतिहासिक कथा-काव्य रचना की ख़ास भारतीय पद्धति में है। यहाँ इतिहास कथा में और कथा इतिहास में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि इनकी अलग पहचान मुश्किल हो जाती है।

5.

पदमिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर ऐतिहासिक कथा-काव्य सर्वथा मिथ्या या मनगढ़ंत नहीं है। उनमें इतिहास का नियोजन भारतीय ऐतिहासिक कथा-काव्य परंपरा के अनुसार है, इसलिए इनमें इतिहास के साथ रचनात्मक विस्तार के लिए प्रयुक्त मिथ-अभिप्रायों और कथा-रूढ़ियों का नियोजन ख़ूब है। ये अभिप्राय और कथा रूढ़ियाँ भी केवल कल्पना नहीं हैं- इनके प्रस्थान में यथार्थ की मौजूदगी है और भारतीय ऐतिहासिक काव्यों की निर्मिति, कवि स्वभाव और शिक्षा के कारण ये इनमें सहज ही आ गयी हैं। इन कथा-काव्यों में वर्णित पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण की आंशिक पुष्टि अलाउद्दीन ख़लजी के समकालीन इस्लामी वृत्तांतकार अमीर ख़ुसरो (1253-1325 ई.) के वृत्तांत से भी होती है, जिसमें उसने अपने को सेबा की रानी बिलक़ीस का समाचार लाने वाले सुलेमान के पक्षी 'हुद हुद' के समान बताया है। ज़ियाउद्दीन बरनी (1285-1357 ई.) और अब्दुल मलिक एसामी (1311 ई.) ने अलाउद्दीन के चित्तौड़ अभियान का विवरण तो दिया है, लेकिन इसमें इन दोनों ने पद्मिनी और गोरा-बादल के उल्लेख नहीं किया। इस्लामी इतिहास लेखन की परंपरा के अनुसार इन्होंने इस प्रकरण का वही विवरण दिया, जो शासक अलाउद्दीन ख़लजी को अच्छा लगता था। परवर्ती इस्लामी वृत्तांतकारों- अबुल फ़ज़ल (1551-1602 ई.), महम्मद क़ासिम फ़रिश्ता (1560-1620 ई.) और हाजी उद्दबीर (1540-1605 ई.) ने भी इस प्रकरण का अपनी-अपनी तरह से विवरण दिया है और इनमें पद्मिनी और गोरा-बादल का उल्लेख आ गया है। अलाउद्दीन के समकालीन कक्क सूरि का *नाभिनंदनजिनोद्धारप्रबंध*

(1336 ई.) और परवर्ती रचना *मुँहता नैणसीरी ख्यात* (1610–1670 ई.) और *रावल राणारी वात* (1680–1698 ई.) में इस प्रकरण का संदर्भ मिलता है। विवेच्य कथा-काव्यों के अनुसार रत्नसेन ने चित्तौड़ पर आक्रमण केवल राजीनितिक प्रयोजन के लिए नहीं किया- पद्मिनी पाने की लालसा की इसमें निर्णायक भूमिका थी। इस तथ्य का समर्थन *छिताईचरित्र* (1475–1480 ई), *हम्मीररासो* (1390 ई.), *हम्मीरायण* (1481 ई.) आदि देशज रचनाओं के साहित्यिक साक्ष्य भी करते हैं। विवेच्य रचनाओं में अलाउद्दीन स्त्री लोलुप और कामांध वर्णित किया गया है। यह बात सही है, क्योंकि सभी देशज स्रोत और स्त्रियाँ पाने के लिए किए गए उसके युद्ध अभियान भी इसी ओर संकेत करते हैं। रचनाओं में वह अपार शक्तिशाली और क्रूर भी दिखाया है, जो वह था। इस्लामी स्रोतों- ख़ासतौर पर *तारीख़-ए-फ़रिश्ता* में जियाउद्दीन इस तरह का विवरण देता है। समरसिंह (1273–1303 ई.) का उत्तराधिकारी रत्नसिंह (1302–1303 ई.) अलाउदद्दीन के 1303 ई. के आक्रमण के समय चित्तौड़ का शासक था और वह इन कथा-काव्यों का निर्विवाद नायक है। यह अलग बात है कि कुछ आधुनिक इतिहासकारों को आरंभ में उसके अस्तित्व लेकर संदेह था। यह संदेह इसलिए हुआ, क्योंकि मेवाड में राणा शाखा के शासन के दौर में बने कुछ शिलालेखों सहित कुछ साहित्यिक साक्ष्यों में रावल शाखा से संबंधित होने के कारण रत्नसिंह का नाम नहीं है। बाद में दरीबा (1303 ई.) और कुंभलगढ़ (1460 ई.) के शिलालेखों में 1303 ई. में उसका मेवाड़ में सत्तारूढ़ होना प्रमाणित हो गया। पद्मिनी इन रचनाओं के केंद्र में है, लेकिन कतिपय इतिहासकारों ने उसको जायसी की कल्पना मान लिया, जो ग़लत है। पद्मिनी का उल्लेख अलाउद्दीन के समकालीन वृत्तांतकारों ने नहीं किया, लेकिन ख़ुसरो के *ख़जाइन-उल-फ़ुतूह* में उसका सांकेतिक उल्लेख है। परवर्ती देशज स्रोत- *मुँहता नैणसीरी ख्यात* (1610–1670 ई.), *रावल राणारी वात* (1680–1698 ई.) सहित *राजप्रशस्तिमहाकाव्य* (1661–1681 ई.) और *अमरकाव्यम्* (1683 से 1693 ई.) में उसका उल्लेख मिलता है। पद्मिनी सदियों से लोक स्मृति का भी हिस्सा रही है। वह पद्मिनी कोटि की स्त्री है, जिसका विवाह रत्नसेन से हुआ है। *पाटनामा* में उसका नाम मदन कुँवर है। विवेच्य अधिकांश रचनाओं में रत्नसेन को युक्तिपूर्वक अलाउद्दीन की क़ैद से मुक्त करवाने वाले योद्धा गोरा-बादल हैं और इन रचनाओं में से कुछ का नामकरण ही उनके नाम के आधार पर हुआ है। अलाउद्दीन के समकालीन वृत्तांतकारों ने उनका उल्लेख नहीं किया, लेकिन सभी दूसरे साहित्यिक और परवर्ती इस्लामी स्रोतों में उनका उल्लेख मिलता है। उनसे संबंधित सदियों पुराने स्मारक भी भी हैं, जो उनके ऐतिहासिक होने की पुष्टि करते हैं। राघवचेतन इन रचनाओं में से कुछ में एक, तो कुछ में दो व्यक्ति हैं। आधुनिक इतिहासकारों को

राघवचेतन के ऐतिहासिक अस्तित्व पर भी संदेह है। राघवचेतन का उल्लेख भी अलाउद्दीन के समकालीन वृत्तांतकारों ने नहीं किया, लेकिन उससे संबंधित कांगड़ा की ज्वालामुखी प्रशस्ति (1433–1446 ई.), *वृद्धाचार्य प्रबंधावली* (1569 ई.), *शार्गंधरपद्धति* (तेरहवीं सदी के अंतिम चरण में) आदि पर्याप्त पुरालेखीय और साहित्यिक साक्ष्य उपलब्ध हैं। राघवचेतन से संबंधित जैन साहित्यिक साक्ष्य और कांग़ड़ा की ज्वालामुखी प्रशस्ति तो अलाउद्दीन की लगभग समकालीन हैं।

पाटनामा को छोड़कर ये सभी रचनाएँ एक राय हैं कि रत्नसेन और अलाउद्दीन ख़लजी के बीच हुए युद्ध में विजय रत्नसेन की हुई और बादशाह भाग गया, जबकि जौहर का उल्लेख इनमें से किसी भी रचना में नहीं है। *पाटनामा* के अनुसार दुर्ग ध्वस्त हुआ और बादशाह की फ़ौज भाग गयी। रत्नसेन की इन रचनाओं में विजय हुई, लेकिन देशज कुछ साहित्यिक स्रोत और पुरालेखीय अभिलेख मानते हैं कि रत्नसेन की पराजय हुई और कुछ समय के लिए दुर्ग सल्तनत के अधीन रहा। रचनाओं में रत्नसेन की विजय का उल्लेख स्वाभाविक है– अकसर रचनाकार पराजय को विजय के रूप में चित्रित कर अपने जाति–समाज के स्वाभिमान को खाद–पानी देते हैं। जौहर का उल्लेख इनमें से किसी भी रचना में नहीं है और यह भी स्वाभाविक है, क्योंकि जौहर की परिस्थिति तो तब बनती, जब रत्नसेन की पराजय होती। परवर्ती देशज साहित्यिक वंशावली अभिलेखों– *राजप्रशस्तिमहाकाव्य, अमरकाव्य* और *राजरत्नाकरकाव्य* में भी जौहर का उल्लेख नहीं है, जबकि इस तरह का उल्लेख प्रतिष्ठाकारी था। जौहर केवल जायसी की *पद्मावत,* अबुल फ़ज़ल की *आईन–ए–अकबरी* और *मुँहता नैणसीरी ख्यात* और *रावल राणारी वात* में है और यह इनमें कहाँ से आया, यह कहना बहुत मुश्किल काम है। पद्मिनी–रत्नसेन प्रकरण पर अलाउद्दीन के समकालीन इस्लामी वृत्तांतकारों का मौन बहुत स्वाभाविक है। आधुनिक इतिहासकारों ने इस आधार पर इस प्रकरण को जायसी की कल्पना मान लिया, जो सही नहीं है। यह विडंबना है कि आधुनिक कुछ इतिहासकारों ने मध्यकालीन भारत के सन्दर्भ में दरबारी इतिहास को ही प्राथमिक स्रोत या आधिकारिक स्रोत का दर्जा देते हुए इनमें दर्ज़ हुई हर सूचना को वस्तुपरक सत्य मान लिया गया, जो पूरी तरह ग़लत है। पी. हार्डी ने इस संबंध में साफ़ सचेत करते हुए लिखा है कि ''आधुनिक इतिहासकारों के लिए मध्ययुगीन मुस्लिम भारत के इतिहास के संबंध में इन लेखकों के विवरणों पर अंध निर्भरता ठीक नहीं है। जो वे कहते हैं वह इतिहास नहीं है, बल्कि इतिहास का कच्चा माल है, जिसे तैयार उत्पाद में बदलने के लिए उसके निर्माण की आवश्यकता होती है।''[26] अलाउद्दीन के समकालीन तीनों समकालीन वृत्तांतकारों– अमीर ख़ुसरो, ज़ियाउद्दीन बरनी और अब्दुल मलिक एसामी पर पूरी तरह निर्भरता इस प्रकरण के संबंध में

ग़लत निष्कर्ष पर पहुँचा देती है। दरअसल एक तो इन तीनों वृत्तांतकारों में से अमीर ख़ुसरो तो मूलतः कवि था और एसामी की इच्छा भी कवि होने की ही थी और दूसरे, उस समय का रिवाज़ के मुताबिक अलाउद्दीन की सराहना और उसकी कमज़ोरियों की छिपाना उनकी आदत और मजबूरी थी।

6.

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण निर्भर कथा-काव्यों में तत्कालीन संस्कृति-प्रशासन और जीवन मूल्य और आस्था-विश्वास आदि का जो रूप बनता है, वह उपलब्ध अन्य पुरालेखीय और साहित्यिक साक्ष्यों से बहुत अलग नहीं है। मेवाड़ में सदियों से गुहिलवंशियों का वर्चस्व रहा है, जो सूर्यवंशी क्षत्रीय राजपूत हैं। यह धारणा निराधार है कि क्षत्रिय और राजपूत, दो अलग जातियाँ हैं और राजपूतों की उत्पत्ति विदेशी मूल की है। दरअसल राजपूत प्राचीन क्षत्रिय परंपरा का ही मध्यकालीन विस्तार है। विवेच्य रचनाओं में 'खित्रिवट'' (क्षत्रियत्व) शब्द का ही व्यवहार हुआ है। शक, हूण आदि जिन जातियों से राजपूतों की उत्पत्ति मानी जाती है, वे सभी जातियाँ हमारे प्राचीन शास्त्रों में क्षत्रिय जातियों में परिगणित की गयी हैं। इसी तरह मध्य एशिया, जहाँ से उनका आगमन माना जाता है, वहाँ छठी-सातवीं सदी में भारतीय सभ्यता की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं। गुहिल वंश का ईरान के नौशरवाँ आदिल वंश से संबंध और मेवाड़ में उसके वल्लभी से आने की धारणा भी युक्तिसंगत नहीं है। पुरालेखीय प्रमाण- आगरा में 1865 ई. में राजा गुहिल के 2000 से अधिक चांदी के सिक्कों की उपलब्धता, चाटसू (जयपुर) के आसपास वि.सं 1000 (943 ई.) के शिलालेख में वहाँ गुहिलवंशी राजा भर्तृभट्ट के वंशजों शासक होने के उल्लेख और अजमेर जिले के नासूण गाँव के शिलालेख वि.सं. 887 (830 ई.) इसके आगरा की तरफ़ से आने की पुष्टि करते हैं। यह धारणा भी निराधार है कि गुहिल वंश की उत्पत्ति नागर ब्राह्मणों से हुई। सभी पुरालेखीय साक्ष्य- आहाड़ का शिलालेख वि.सं.1034 (976 ई.), एकलिंगजी मंदिर का राजा नरवाहन के समय का शिलालेख वि.सं.1028 (971 ई.), श्यामपार्श्वनाथ मंदिर का शिलालेख वि.स.1335 (1278 ई.), आबू का शिलालेख वि.सं.1342 (1285 ई.), *मुँहता नैणसीरी ख्यात* आदि इसके क्षत्रिय होने की पुष्टि करते हैं।

यह माना जाता है कि गुहिल राम के पुत्र कुश के वंशज राजा सुमित्र के वंश में 560 ई. में राजा गुहिल हुआ, जिससे इस वंश की शुरुआत हुई। गुहिल के बाद बाद इसमें बप्पा, खुम्माण आदि कई शासक हुए। बप्पा ने मोरियों से चित्तौड़ छीनकर अपने राज्य में मिलाया। खुम्माण भी बहुत पराक्रमी था- बाद में यह नाम मेवाड़ के शासकों का विशेषण हो गया। कई शासकों के बाद तेरहवीं सदी में तेजसिंह के

उत्तराधिकारी समरसिंह (1273–1301 ई.) के बाद उसका पुत्र रत्नसेन (1302–1303 ई.) सत्तारूढ़ हुआ। मेवाड़ के कुछ वंशावली अभिलेखों में रत्नसेन का नामोल्लेख नहीं मिलता, लेकिन विवेच्य रचनाओं और नये उपलब्ध पुरालेखीय साक्ष्यों से इतना तो तय है कि 1303 ई. अलाउद्दीन ने जब चित्तौड पर आक्रमण किया, तो उस समय रत्नसेन वहाँ का राजा और पद्मिनी उसकी रानी थी। चित्तौड़ जीतने बाद अलाउद्दीन ने वहाँ का शासन अपने पुत्र ख़िज्र ख़ाँ को दिया। बाद में निरंतर उपद्रवों के कारण ख़िज्र ख़ाँ की जगह अलाउद्दीन ने क़िला जालोर के मालदेव सोनगरा को सौंप दिया। गुहिल वंश के ही सिसोदा की जागीर के स्वामी हम्मीर ने 1326 ई. के आसपास दिल्ली सल्तनत के कमज़ोर होते ही मालदेव को परास्त कर मेवाड़ पर फिर अपना आधिपत्य कायम कर लिया।

विवेच्य कथा–काव्यों और दूसरे उपलब्ध साक्ष्यों से लगता है कि प्रकरणकालीन मेवाड़ में अपने ढंग की सामंती प्रशासनिक व्यवस्था थी। यह व्यवस्था यूरोपीय और शेष भारत की सामंतवादी व्यवस्था से कुछ हद तक अलग और ख़ास प्रकार की थी। कुछ विद्वानों की 'भारतीय फ़्यूडलिज़्म' की अवधारणा के साथ इसका कोई मेल नहीं है। 'भारतीय फ़्यूडलिज़्म की परिकल्पना' वास्तव में यूरोप में विकसित और पतित फ़्यूडलिज़्म की हेनरी पिरेन द्वारा प्रतिपादित परिकल्पना के अनुरूप थी, जिसे रामशरण शर्मा ने कार्बन कॉपी की तरह भारतीय तथ्यों और साक्षियों पर चस्पा कर दिया।[27] मेवाड़ में राजनीतिक–प्रशासनिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण ब्राह्मणों को भूमिदान से नहीं हुआ। यह सही है कि यहाँ बहुत शुरू से ब्राह्मणों और मंदिरों को भूमिदान दिया जाता रहा है और इस तरह अभिलेख भी निरंतर मिलते हैं, लेकिन यह उनको आजीविका के लिए दिया जाता था और इस पर उनका स्वामित्व स्थायी नहीं था। यहाँ भूमि सैन्य सेवा के बदले अपने कुटुम्बियों और अन्य बाहरी क्षत्रिय योद्धाओं को दी गयी और सत्ता का विकेंद्रीकरण भी इसी आधार पर हुआ। राजाज्ञा यहाँ सर्वोपरि थी और उसकी अनुपालना भी आवश्यक थी, लेकिन अधीनस्थ सामंतों का युद्ध आदि मसलों में परामर्श भी आवश्यक था और कुछ मामलों में वे स्वायत्त और ताक़तवर भी थे। मेवाड़ की यह व्यवस्था शेष राजस्थान की रियासतों से भी अलग थी– अन्य रियासतों में अधीनस्थ सामंतों को मेवाड़ जितने अधिकार नहीं थे। दरअसल मेवाड़ राजस्थान के दूसरे राज्यों की तुलना में बहुत पुराना राज्य था। टॉड के शब्दों में "यह वंश ऐसे प्राचीन समय में स्थापित हो चुका था, जबकि अन्य पुनर्जीवित या अभी गर्भावस्था में ही थे। इस कारण मेवाड़ की रीति–नीति और विधि–विधान अन्य राज्यों से स्पष्ट रूप से भिन्न हैं।"[28] यहाँ के सामंत और उपसामंत केवल सैन्य सेवा के लिए उपलब्ध व्यक्ति नहीं थे, उनके कुछ पारम्परिक अधिकार थे और राज्य की

रीति-नीति के निर्धारण में उनकी निर्णायक भूमिका थी। कई बार वे राजा के चयन और अयोग्य शासक की पदच्युति में प्रभावी भूमिका निभाते थे। राजा उनसे परामर्श और सहयोग लेने के लिए लगभग बाध्य था। काश्तकार उत्पादन और आर्थिक मामले में लगभग स्वतंत्र थे और इसके अलावा कुछ हद तक उनका अपनी काश्तभूमि भूमि पर विधिक अधिकार भी था। उनसे आमतौर पर उत्पादन का 1/3 या 1/4 बतौर राजस्व लिया जाता था और कृषि दासता जैसी स्थिति यहाँ कभी नहीं रही।

विवेच्य रचनाओं और दूसरे साक्ष्यों से यह भी लगता है बाह्य आक्रमणों और निरंतर होनेवाले युद्धों के कारण यहाँ कुछ ख़ास प्रकार के सांस्कृतिक मूल्यों का विकास हुआ, जिनकी जड़ें हमारे प्राचीन शास्त्रों और स्मृतियों में थीं। सांस्कृतिक मूल्यों का विकास और उनमें परिवर्तन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में होता है। उनका मूल्यांकन हम अपने समय की ज़रूरतों के आधार पर करने लगते हैं, जो ग़लत हैं। समता, स्वाधीनता, न्याय और इन पर निर्भर विचारधाराएँ और विमर्श मनुष्य की विकास यात्रा की हमारे समय की उपलब्धियाँ हैं। हमारे समय के सांस्कृतिक मूल्यों और व्यवहार की कसौटी पर इसलिए मध्यकालीन सांस्कृतिक व्यवहार और मूल्यों के महत्त्व का आकलन नहीं हो सकता। अलग और ख़ास प्रकार के मध्यकालीन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में ही इनको समझा जाना चाहिए। शौर्य, पराक्रम, युद्ध, शरणागति और प्रजा की रक्षा आदि मूल्य क्षत्रियत्व की प्रमुख अभिलक्षणाओं में हमेशा से थे, लेकिन मध्यकाल में इनका आग्रह बढ़ गया। मध्यकाल में युद्ध की एक संस्कृति बन गयी, जिसमें मरना-मारना और पीठ नहीं दिखाना योद्धा के ज़रूरी गुण मान लिए गए। ''युद्ध उन दिनों के राजपूत राजाओं के लिए आवश्यक कर्त्तव्य हो गया था। लड़नेवाली जातियों के लिए सचमुच ही चैन से रहना असंभव हो गया था। क्योंकि उत्तर, पूरब, दक्षिण, पश्चिम सब ओर से ओर आक्रमण की संभावना थी। निरंतर युद्ध के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी एक वर्ग आवश्यक हो गया था। चारण इसी श्रेणी के लोग थे। उनका कार्य ही था- हर प्रसंग में आश्रयदाता के युद्धोन्माद को उत्पन्न कर देने वाली घटना योजना का आविष्कार।''[29] विवेच्य रचनाओं में 'खित्रिवट' (क्षत्रियत्व) और 'रिणवट' (युद्ध की रीत) की ख़ूब सराहना हुई है। कर्मफल और नियतिवाद मध्यकालीन आचरण में सम्मिलित था, लेकिन धीरे-धीरे यह युद्ध संस्कृति के साथ भी जुड़ गए। विवेच्य रचनाओं में इस धारणा को पुष्ट किया गया है कि युद्ध में मृत्यु से यश के साथ स्वर्ग भी मिलता है। स्वामिधर्म भी इन रचनाओं में केंद्रीय सरोकार है। गोरा-बादल के चरित्रों की योजना इस मूल्य को चरितार्थ करने के लिए ही हुई है। निरंतर बाह्य आक्रमणों और आक्राताओं के स्त्रीलोलुप आचरण और स्वभाव के कारण मध्यकाल में स्त्रियों की शील की रक्षा और यौन शुचिता का आग्रह और चिंता में भी वृद्धि

हुई। विवेच्य रचनाओं में इसका आग्रह बहुत है। यहाँ पद्मिनी अपने शील और यौन शुचिता की रक्षा के निमित्त मर जाने के लिए संकल्पित है और उसके परिजन भी इसके लिए मरने और मारने के लिए तत्पर हैं।

7.

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण पर निर्भर ऐतिहासिक कथा-काव्य इस्लामी विजय की हिंदवी फारसी साहित्यिक प्रवृत्ति का प्रतिरोध नहीं है, जैसाकि कुछ विद्वान् मानते हैं। अज़ीज़ अहमद सहित कुछ विद्वान् रासो आदि रचनाओं को इस्लामी विजय की साहित्यिक रचनाओं- *ख़जाइन-उल-फ़ूतूह* आदि का प्रतिरोध मानते हैं। अज़ीज़ अहमद ने इस इस संबंध में लिखा कि ''मुस्लिम प्रभाव और शासन ने दो साहित्यिक प्रवृत्तियों को जन्म दिया : विजय का एक मुस्लिम महाकाव्य, और प्रतिरोध और मनोवैज्ञानिक अस्वीकृति का एक हिंदू महाकाव्य। दो साहित्यिक प्रवृत्तियाँ दो अलग-अलग संस्कृतियों; दो अलग-अलग भाषाओं- फ़ारसी और हिंदी और दो समान रूप ख़ास धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोणों द्वारा अपनपायी गयीं। ये दोनों प्रवृत्तियाँ आक्रामक शत्रुता के साथ एक-दूसरे का सामना करती हैं।''[30] यह धारणा सही नहीं है- ये रचनाएँ सदियों पुरानी ऐतिहासिक प्रबंध-चरित कथा-काव्य की परंपरा में हैं और ये किसी प्रवृत्ति का प्रतिरोध नहीं हैं। इन रचनाओं में कहीं भी कोई हिंदू धार्मिक आग्रह नहीं है। यहाँ तक कि जैन यतियों, मुनियों और श्रावकों की रचनाएँ भी कहीं भी धार्मिक नहीं हैं। अधिकांश आधुनिक इतिहासकार इस प्रकरण के लिए जिन इस्लामी वृत्तांतकारों पर निर्भर करते हैं वे सभी आग्रहपूर्वक धार्मिक हैं। वे समकालीन अवश्य थे, लेकिन अपने समय के शासकों के सभी कृत्यों और उनके परिणामों का मूल्यांकन धार्मिक नज़रिये से करते थे। ''ये सभी इतिहासकार उलेमा थे। ये प्रत्येक घटना का इस्लामी धर्मशास्त्र के आधार पर आकलन करते थे। वे सल्तनत को धर्मतंत्र का आधार मानते थे।.....ये लेखक ग़ैर मुसलमानों के साथ युद्ध को ज़िहाद कहते हैं।''[31] इनके विपरीत चारण या जैन वृत्तांतकार ऐसा नहीं करते। अलाउद्दीन ख़लजी की विजय इस्लामी वृत्तांतकारों लिए इस्लाम की विजय है और युद्ध में हिंदुओं की मौत काफ़िरों की मौत की तरह है, लेकिन चारण-जैन वृत्तांतकार इसमें धर्म को बीच में नहीं लाते। चित्तौड़ की विजय के बाद वहाँ से अलाउद्दीन के प्रस्थान का वर्णन करते हुए अमीर ख़ुसरो लिखता है कि ''10वीं मुहरर्म के बाद पैग़ंबर के ख़लीफ़ा के झंडे को (अल्लाह उसे ऊँचे से ऊंचे ले जाए) आश्चर्यजनक रीति से हिंदुओं के सिर पर फहराने के बाद इस्लाम के शहर दिल्ली की तरफ़ चलने का हुक्म हुआ। उसने सभी हिंदुओं को जो इस्लाम की पहुँच के बाहर हों, वध करना अपनी जुल्फ़कार (काफ़िर को मारनेवाली तलवार) का ऐसा कर्तव्य बनाया कि अग्र मुसलमान राफ़िज़ी (सांप्रदायिक

भेद मानने वाले) नाम मात्र को अपना हक़ माँगे तो ख़ालिस सुन्नी इस अल्लाह की क़सम खा लेंगे।''[32] जैन और चारण वृत्तांतकारों का नज़रिया इससे अलग है। उनके लिए यह धर्म युद्ध नहीं है। यह केवल रत्नसेन और अलाउद्दीन, दो शासकों की सेनाओं के बीच का युद्ध है। हेमरतन लिखता है कि- *पदमिणी राखी राजा लीउ, गढनउ भार घणौ झीलीउ। / रिणवट करीनइ राखी रेह नमो नमो बादिल गुणगेह॥* अर्थात् (बादल ने) पद्मिनी की रक्षा करते हुए राजा को मुक्त करवा लिया। उसने दुर्ग की रक्षा का दायित्व निभाया। उसने यद्ध करके मर्यादा की रक्षा की। गुणों के घर बादल को नमन है।[33] *पाटनामा* का समापन भी कमोबेश इसी तरह होता है। पाटनामाकार लिखता है कि-*''पछै पातशाही फ़ौज भागी अर अठीने गढ़ चीतोड़ भागो।''*अर्थात् फिर बादशाह की फ़ौज भागी और और चित्तौड़ गढ़ ध्वस्त हुआ।[34] अलाउद्दीन के समकालीन अन्य इस्लामी वृत्तांतकारों- ज़ियाउद्दीन बरनी और अब्दुल मलिक एसामी का नज़रिया भी अमीर ख़ुसरो से अलग नहीं था। ज़ियाउद्दीन बरनी के लिए इतिहास धर्मशास्त्र का एक अंग है और अतीत उसके अनुसार अच्छाई और बुराई का संघर्ष है।[35] वह कट्टर सुन्नी मुसलमान था और उसका दृष्टिकोण बड़ा ही संकीर्ण था।[36] एसामी की *फ़तूह-उस-सलातीन* (1350 ई.) भी एक सांप्रादायिक और संकीर्ण दृष्टिकोणवाली रचना है।[37]

8.

पद्मिनी-रत्नसेन पर निर्भर कथा-काव्यों की रचनात्मकता के मूल्यांकन के दौरान यह ध्यान में रखना ज़रूरी है कि ये रचनाकार शास्त्र सिद्ध और निष्णात कवि नहीं हैं। इनकी कवि शिक्षा अनौपचारिक- पैतृक या गुरु प्रदत्त है। मध्यकाल में संस्कृत की काव्यशास्त्रीय स्थापनाओं का भी प्राकृत-अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं में समय की ज़रूरतों के अनुसार सरलीकरण और विस्तार हुआ। संस्कृत के साथ इन भाषाओं में भी छंद, अलंकार आदि से संबंधित कवि शिक्षा ग्रंथ लिखे गये। ख़ासतौर पर पश्चिमी भारत में इस तरह के कई ग्रंथों की रचना हुई। ये सरलीकृत ग्रंथ जैन और जैनेतर, दोनों तरह के विद्वानों ने लिखे और ये ही इन अधिकांश रचनाकारों के आदर्श थे। ये रचनाएँ मूलतः ऐतिहासिक कथा रचनाएँ थीं, इसलिए इनमें रचनात्मकता के निवेश की गुंजाइश भी सामान्य काव्य रचनाओं की तुलना में कम थी। यह भी कि इन रचनाओं का लक्ष्य श्रोता भी मध्यम श्रेणी का जनसाधारण यजमान या लोक समाज था, इसलिए इनकी रचना के दौरान उनकी रुचियाँ और समझ का स्तर भी रचनाकारों के मन में रहा होगा।

काव्यरूप इन रचनाओं में चरित वर्णन पर एकाग्र संस्कृत और प्राकृत-अपभ्रंश

में प्रचलित काव्य रूप हैं, जिनका इनमें क्षेत्रीय सांस्कृतिक ज़रूरतों के अनुसार सरलीकरण हुआ। ''अपभ्रंश में मंगलाचरण, काव्य लिखने का कारण, विषय वस्तु की महत्ता, कवि का विनम्रता प्रदर्शन, पूर्व कवियों की प्रशस्ति, नायक के देश और नगर का वर्णन करने प्रथा प्रचलित रही है। यह अपभ्रंश कवियों की निजी विशेषता थी, जिसे हिंदी काव्य ने भी अपनाया।''[38] चरित, गाथा, आख्यान आदि कथा-काव्य रूपों ने अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं में कई रूप धारण किए। अज्ञात कवि कृत *गोरा-बादल कवित* का काव्य रूप कथा बीजक काव्य रूप है। छप्पय (कवित्त) में होने के कारण इसको 'कवित्त' कहा गया है। डिंगल और राजस्थानी में इस तरह का काव्य रूप मिलता है। दयालदास कृत *राणारासो* और दलपति विजय कृत *खुम्माणरासो* 'रास-रासो' काव्य रूप में हैं। 'रास' जैन परंपरा और 'रासो' चारण काव्य परंपरा के लोकप्रिय काव्य रूप हैं। हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* और लब्धोदय कृत *गोरा-बादल चरित्र चौपाई* में कथा विस्तार के लिए चौपाई छंद का प्रयोग हुआ है, इसलिए इनको 'चउपई' या 'चौपाई' कहा गया है। दरअसल ये दोनों ही चरित काव्य रूप में हैं। *पदमिनीसमिओ* को 'समिओ' कहा गया, जो खंड या अध्याय का पर्याय है। यह रास-रासो का संक्षिप्त काव्य रूप प्रतीत होता है। *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* वंश और ख्यात का मिलाजुला रूप है।'ख्यात' राजस्थानी भाषा का लोकप्रिय साहित्य रूप है, जो आख्यान का देशज रूपांतरण है। *चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा* अपनी तरह की अकेली वंश और ख्यात रचना है। जटमल नाहर कृत *गोरा-बादल कथा* भी दरअसल चरित काव्य रूप में है। चरित काव्य के लिए प्राकृत-अपभ्रंश और परवर्ती देश भाषाओं में 'कथा' या 'कहा' शब्द का प्रयोग चलन में रहा है। भाषा इन रचनाओं की सोलहवीं से लगाकर उन्नीसवीं सदी के विस्तार में बनने-बदलनेवाली उत्तरी-पश्चिमी भारत के कुछ क्षेत्रों में प्रयुक्त देशभाषा है, जिसमें प्राकृत-अपभंश और डिंगल की कई प्रवृत्तियाँ अवशेष रूप में मौजूद हैं। जैन रचनाओं में स्थानीय बोलियों का भी मुखर प्रभाव दिखता है। शब्दों में तत्सम, अर्धतत्सम और देशज के साथ फ़ारसी-अरबी शब्दों का भी प्रयोग हुआ है। छंदों का प्रयोग इनमें पारंपरिक है और इनका महत्त्व भी बहुत है। इनमें से कई रचनाओं के नामकरण उनमें प्रयुक्त प्रमुख छंद के आधार पर कवित्त, चउपई और चौपाई किए गए हैं। मध्यकाल में कथा के छंद चौपाई और दोहा थे, इसलिए इनमें इनका सबसे अधिक इस्तेमाल हुआ है। वस्तु वर्णन, ख़ासतौर पर युद्ध वर्णन के लिए छप्पय आदि छंद इस्तेमाल किए गए हैं। अलंकरण में अनुप्रासिकता इनके कवि स्वभाव में है। उपमा, उत्प्रेक्षा और उदाहरण अलंकारों का प्रयोग इनके यहाँ ख़ूब है। ऐसा लगता है जैसे इनका प्रयोग कर ये रचनाकार अपने कवि होना प्रमाणित कर रहे हैं। वस्तु वर्णन की गुंजाइश इन

सभी रचनाकारों ने निकाली है, क्योंकि रचनात्मकता के लिए जगह इसी में निकलती है। अवसर आने पर दुर्ग, नगर, ऋतु वर्णन इनके यहाँ है। युद्ध वर्णन इन सभी के यहाँ है। परंपरा आग्रही होने के कारण इन्होंने कथा रूढ़ियों और अभिप्रायों का प्रयोग आग्रहपूर्वक किया है। भोजन के स्वादहीन होने के कारण राजा की नाराज़गी और रानी के इस निमित्त पद्मिनी ले लाने के ताने की लोक प्रचलित कथा रूढ़ि इनमें से अधिकांश में है। लोक व्यवहार में ये सभी कुशल लगते हैं- अवसर आते ही मुहावरों और लोकोक्तियों का प्रयोग इनके कवि स्वभाव में शामिल है। यथावश्यकता इन्होंने शास्त्र और लोक के प्रसिद्ध कथन या कवि सूक्तियों को भी यथास्थान उद्धृत किया है।

संदर्भ और टिप्पणियाँ:

1. दशरथ शर्मा, "वाज ए पद्मिनी मीयर फिगमेंट ऑफ़ जायसीज़ इमेजिनेशन ?," *प्रोसिडिंग्ज़ ऑफ़ इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस,* खंड-24 (1961), 176-177.
2. ई.एच. कार, *इतिहास क्या है,* 'व्हाट इज हिस्ट्री' का हिंदी अनु. अशोक चक्रधर (दिल्ली: मैकमिलन, 1976, अंग्रेज़ी संस्करण 1961), 19.
3. एच.एम. इलियट, संपा., *हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया- एज टोल्ड बाइ इट्स ऑन हिस्टोरियन,* 1: 76-77.
4. पी. हार्डी, *हिस्टोरियन्स ऑफ़ मेडिईवल पीरियड* (लंदन: लुज़ाक एंड कंपनी लि. 1960), 92.
5. मार्क ब्लाख़, *इतिहास का शिल्प,* हिंदी अनुवाद बृजबिहारी पांडेय (दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, पुनर्मुद्रण 2013), 21.
6. डी.डी. कोसांबी, "वॉट कंसिस्ट्स इंडियन हिस्ट्री," *कोसांबी* (दिल्ली: ओक्सफ़ोर्ड युनिवर्सीटी प्रेस, 2009), 791.
7. रबींद्रनाथ टैगोर, *विजन ऑफ हिस्ट्री,* अनुवाद सिबेश भट्टाचार्य एवं सुमिता भट्टाचार्य (शिमला: इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी, 2003), 29.
8. वही, 29.
9. हेमरतन, *गोरा-बादल पदमिणी चउपई,* संपा. उदयसिंह भटनागर (जोधपुर: राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, द्वितीय आवृत्ति 1997), 98.
10. लब्धोदय, *पद्मिनी चरित्र चौपई,* संपा. भँवरलाल नाहटा (बीकानेर: सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, 1960), 1.
11. दलपति विजय कृत *खुम्माणरासो,* संपा. ब्रजमोहन जावलिया (उदयपुर: महाराणा प्रताप स्मारक समिति, 2001), 3: 177.
12. मैथ्यू केंपशाल, *रेटोरिक एंड राइटिंग हिस्ट्री,* 400-1500 (मैनचेस्टर: मैनचेस्टर युनिवर्सिटी प्रेस, 2011), 536-551 और ए. मोमीगिलिनो, संपा., *दि कनफ्लिक्ट्स बिटवीन पेगलनिज्म एंड*

क्रिश्चेनिटी इन दि फोर्थ सेंच्यूरी (ओक्सफ़ोर्ड, 1963), 77–99.

13. मार्क ब्लाख़, *इतिहास का शिल्प,* 21.

14. पी. हार्डी, *हिस्टोरियन्स ऑफ़ मेडिईवल इंडिया,* 122–131.

15. रवींद्रनाथ ठाकुर, *रवींद्रनाथ के निबंध,* हिंदी अनुवाद चंद्रकिरण राठी (नयी दिल्ली: साहित्य अकादेमी, 1996), 3: 58.

16. अरविंद शर्मा, ''*दि कांसेप्ट ऑफ़ साइक्लिकल टाइम इन हिंदुस्तान,*'' *टाइम इन इंडियन फिलोसोफ़ी- ए कलेक्शन ऑफ़ एसेज,* संपा. हरिशंकर प्रसाद (दिल्ली: श्रीसद्गुरु पब्लिकेशन्स 1992), 210.

17. अरविंद शर्मा, ''दि कांसेप्ट ऑफ़ साइक्लिकल टाइम इन हिंदुस्तान,'' 210.

18. अनंदिता एन. बाल्सलेव, ''टाइम एंड दि हिन्दू एक्सपीरियन्स,'' *रीलिजन एंड टाइम,* संपा. अनंदिता एन. बाल्सलेव एवं आर.एन. मोहंती (दिल्ली: लेडन, 1992), 177.

19. रवींद्रनाथ ठाकुर, *रवींद्रनाथ के निबंध,* 3: 62.

20. भगवद्दत्त, *भारतवर्ष का बृहत् इतिहास* (अजमेर: वैदिक यंत्रालय,1951), 3–17.

21. कृष्ण मोहन श्रीमाली, *धर्म, समाज और संस्कृति* (दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, 2005), 179.

22. शेल्डन पोलक की इस धारणा पर भारत में व्यापक और तीखी प्रतिक्रिया हुई। संस्कृत समर्थक विद्वानों ने संस्कृत के विस्थापन या रीप्लेसमेंट को ग़लत बताया है। पोलक ने किताब के परिचय में लिखा कि ''यह पुस्तक पूर्व-आधुनिक भारत में संस्कृति और शक्ति में परिवर्तन के दो महान क्षणों को समझने का एक प्रयास है। पहला क्षण ईस्वी की शुरुआत के आसपास आया, जब लंबे समय से धार्मिक व्यवहार तक सीमित एक पवित्र भाषा संस्कृत को साहित्यिक और राजनीतिक अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में पुनर्निर्मित किया गया था। इस विकास से एक अद्भुत यात्रा की शुरुआत हुई, जिसने अफ़गानिस्तान से जावा तक अधिकांश दक्षिणी एशिया में संस्कृत साहित्यिक संस्कृति को फैलाया। सत्ता का वह रूप जिसके लिए यह अर्ध-सार्वभौमिक, क्षितिज के छोर तक, ''हालाँकि ऐसी साम्राज्यवादी राजनीति वास्तविकता की तुलना में आदर्श के रूप में अधिक बार मौजूद थी। दूसरा क्षण दूसरी सहस्राब्दी की शुरुआत के आसपास तब आया, जब स्थानीय (vernacular) भाषा रूपों को साहित्यिक भाषाओं के रूप में नयी प्रतिष्ठा मिली, जिन्होंने संस्कृत को कविता और राजनीति, दोनों क्षेत्रों में चुनौती देना शुरू कर दिया और अंततः इसकी जगह ले ली।'' – शेल्डन पोलक, *दि लेंग्वेज ऑफ़ दि गोड्स इन वर्ल्ड ऑफ़ मेन* (दिल्ली: परमानेंट ब्लेक, 2006), 1.

23. शेल्डन पोलक, *दि लेंगवेज ऑफ़ गोड्स इन दि वर्ल्ड ऑफ़ मेन,* 393.

24. आदित्य बहल, ''मायावी मृगी: एक हिंदवी सूफ़ी प्रेमाख्यान में कामना और आख्यान (1503 ई.),'' *मध्यकालीन भारत का सांस्कृतिक इतिहास,* संपा. मीनाक्षी खन्ना (हैदराबाद: ओरियंट ब्लेकस्वान, 2012), 186.

25. ''सोलहवीं शताब्दी के सूफ़ी आख्यान में जन्मी पद्मावती की कहानी का भारत के दूर-दूर के

खंड-2 | देशज ऐतिहासिक कथा-काव्य

विवेच्य रचनाओं का मूल और हिंदी कथा रूपांतर

अध्याय -1

अज्ञात कवि कृत 'गोरा-बादल कवित्त'

रचना समयः 1588 ई. पूर्व

गोरा-बादल कवित्त 82 छंदों की लघुकाय 'अज्ञात कर्तृक' रचना है, जो प्राचीन साहित्य के विद्वान् स्वर्गीय अगरचंद नाहटा के व्यक्तिगत संग्रह (*गोरा बादलरा कवित्त,* ग्रंथांक-7499, बीकानेरः अभय जैन ग्रंथ भंडार) में उपलब्ध है। *कवित्त* के कुछ छंदों को पद्मिनी-गोरा-बादल प्रकरण पर काव्य रचना करने वाले परवर्ती कवियों- हेमरतन (1588 ई.), लब्धोदय (1649 ई.) और दलपति विजय (1673-1712 ई.) ने अपनी रचनाओं में उद्धृत किया है। इस आधार पर कुछ विद्वानों ने इस रचना को जायसी की *पद्मावत* (1540 ई.) से पुरानी रचना माना है। इतिहासकार डॉ. दशरथ शर्मा के अनुसार ''भाषा और शैली की दृष्टि से यह रचना *पदमावत* से कुछ अर्वाचीन प्रतीत नहीं होती। गोरा-बादल विषयक अन्य रचनाओं में इसके अवतरण इसकी प्राचीनता के द्योतक हैं।'' कमोबेश यही बात विख्यात पुरातत्त्वविद मुनि जिनविजय ने भी कही है। उन्होंने हेमरतन के *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में उद्धृत प्राचीन कवित्तों के संबंध में लिखा है कि ''इस कथा के अनुसंधान में कुछ प्राचीन कवित्त उद्धृत किए हैं। वे इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि पद्मिनी विषयक कथा ज्ञापक, कवित्त आदि राजस्थान में प्राचीनकाल से प्रचलित थे।'' विद्वानों की यह धारण सही और युक्तिसंगत इस अर्थ में है कि यदि परवर्ती रचनाकारों ने इसे उद्धृत किया है, तो स्पष्ट है कि यह रचना अपने समय में लोकप्रिय रही होगी और इसकी रचना भी बहुत पहले, कम-से-कम जायसी की *पद्मावत* (1540 ई) से तो पहले ही हुई होगी। इस रचना में कोई पुष्पिका लेख नहीं है और रचनाकार ने बीच में कहीं अपना नामोल्लेख भी नहीं किया है। इस रचना में बीच में एक स्थान पर उल्लेख है कि *हेतमदान कवि मल्ल भंणि, उदधि कर माल पखालिय।* इस पंक्ति के आधार को बना कर कुछ विद्वान् 'कवि मल्ल' को इसका रचनाकार मानते हैं, जो ग़लत है, क्योंकि इस तरह का उल्लेख

हेमरतन कृत *गोरा-बादल पदमिणी चउपई* में भी मिलता है।

कवित्त की कथा योजना, भाषा और शैली से साफ़ लगता है कि यह चारण रचना है। इसमें कवित्त, दूहा, कुंडलियाँ आदि छंदों का प्रयोग हुआ है और इसकी भाषा पंद्रहवीं-सोलहवीं सदी में चारणों द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली भाषा है। *कवित्त* की कथा बहुत सीधी और सरल है- इसकी कथा योजना के मोड़-पड़ाव बहुत विस्तृत और जटिल नहीं हैं। परवर्ती रचनाओं में इनका विस्तार और पल्लवन हुआ है- इसकी कथा के मोड़-पड़ाव कमोबेश परवर्ती सभी रचनाओं में मिलते हैं।

'गोरा-बादल कवित्त' मूल

गज बदन गणपति नमूं, माहा माय बुधि देय।
गुण गूंथूं गोरल का, जस बादल जंपेय॥1॥
चहुआंणां कुलि ऊपना, गोरउ अरु गाजन्न।
चित्रकोटि गढ उदया, राउ रत्नसेन मनि रंग॥2॥
सउहड सिरोमणि निर्म्मयउ, गाजन सूअ बादल्ल।
वरस वीस त्रणि अग्गलउ, भड सूरतांणा सल्ल॥3॥
दल असंख जिणी गंजीया, असपति मोड्या मांण।
राखी सरण पद्मावती, बंध छोडायउ रांण॥4॥
काका भत्रीजा बिहुँ, गोरउ अरू बादल्ल।
पद्मनी काजि भारथ कीउ, हडमत जिम सर मल्ल॥5॥
सोहड सुभट बादल करी, असी न करसीं कोय।
सोहड़ा सोह चढावीय, गोरा बादल दोय॥6॥
गढ डीली अलावदीय; चित्रकोट गहलउत।
पद्मणि कारिज साधीयउ, कहसू तेह चरित्र॥ 7॥

कवित्त

चित्रकोट कैलास, दास वसुधा विख्यातह,
रत्नसेन गहलोत, राय तिहा राज करंतह।
तुरीय सहइस पंचास, दोय सइं महगल मंता,
राजकुली छत्तीस, सोहड भड सेव करंता।
प्रधान लोक विवहारीया, राजलोक सहुअै सुखी,
च्यार वरण गढ महि वसइ, जती मुनी नहीं कोय दुखी॥8॥
एक दिवस गहलउत, राय बइठउ भूंजाई,
सतर भख्य भोजन्न, मूंधि हस कर लेइ आइ।

के खारा के मीठ, केइ कछु स्वाद न आवइ,
तब पटरानी कह्यउ, बेग पद्मनी क्यों न लावइ।
धरि मछर संघलि सांचर्‌यउ, नेव जीत कन्या वरी,
पद्मनी ज आंणि पयज करि, राय रत्नसेन अइसी करी॥9॥
विप्र एक परदेस थी, फिरत आयउ तिण ठायह,
सभा मंझि जब गयउ, नयण पेख्यउ तव रायह।
फल कीधो तिण भेटि, वयण आसीस पयासइ,
विद्यावाद विनोद, वांणि अमृत गुण भासइ।
राघव सभा जब रिंजवी, तब राजिन मन भाइयो,
हुउ पसाव कीन्ही मया, आपस पास रहावीउ॥10॥
रत्नसेन राघव, रमति कारणि एक ठायह,
जीतो दांण तिहा राव, दांण मंगीउ सूभायह।
चढ्‌यो विप्र तव कोप, राय मनि मछर कीउ,
छंड्‌यो ए अस्थान, देव देसउटउ दीउ।
उचरइ विप्र ऐरिसह वयण, राउ एक प्रतिज्ञा हूँ करू,
पइहराउं लोह तुझ पय कमल, तब चित्रकोट बोहड फिरूं॥11॥
चित्रकोट तब छंडि चित्त एह वयण विचार्‌यउ,
करवि होम आउध, सबद अइसउ संभार्‌यउ।
वीस भवन महसांण, मंत्र योगिनी आराधी,
कहो नइ देव कुण काज, आज ए विद्या साधी।
उचरइ विप्र स्वामिनसूणि, एह भेद मुझ अपीइ,
आगम निगम सहुइ लहूँ, तउ वाचा दे थर थपीइ॥12॥
तव तूठी योगिनी, हुई प्रसिद्धि प्रसनी,
ब्रह्म रुद्र करि वाच, वाच निश्चल करि दीन्ही।
जिहां हकारइ मोहि, तोहि साचउ करि जांणइ,
आदि अन्त उतपत्ति, विपति तौ सहु पीछानइ।
आस्थान आप जोगिन हुइ, विप्र पंथ आश्रम कर्‌यउ,
आणंद अंग ऊलट घणइ, तव डीली गढ संचर्‌यउ॥13॥
वचन कला उतपन, पवन छतीस मिल्या तिहां,
राय रांणा मंडलीक, खांन ऊंबरे खडे तिहाँ।
मन संकेत पूरवइ, जेह कछु मन माहि इछइ,
जे धन कारन धाय, आय विप्रन कूं पूछइ।

बात सुनी सुलतान एह, बे बजीर सचा कहउ,
दरवेश बेस अलावदी आय पउहंतउ विप्र पोह॥14॥
कहइ न बात कछु अबही, कबही कर द्रव्य मिलिही मुझ,
कहइ न बात जनारदार, मइ सबद सुनीय तुझ।
काल कोस फकीर, तीर सायर फिरि आवहि,
निखुता नाहि निलाट, लख्या नहीं कोरी पावहि।
तब कोप कलंदर कहइ, क्या किताब दुनिया दीया,
संक्यउ स विप्र संसहि पड्यउ, एह योगनि तइं क्या कीया॥15॥
तब योगिन मन धरीय, करीय सेवा मइ कच्चीय,
वचन सौध नवि लहूं, वाच नह पालइ सच्चीय।
वचन शुद्धि तउ लहइ, भक्ष जउ मोरउ जांणइ,
वेगि जाउ दरवेस कहुं जउ मंखण आंणइ
इहां राति किहां मंखण लहुं, तब घीउ लेउ करि संचर्यउ
अल्लावदीन सुरतांण को, सीस छत्र तुझ सिरि धर्यउ॥16॥
तब कोप किलंदर कहइ, क्या तुफाना उठायउ
तू बोलइ सब झूठ, राज मुझ पईं किहां आयउं
एह बात सुणइं सुरताण, करइ टुकटुक तन मेरा
करइ नहिं कछु विलंब, अउर सिरि कट्टइ तेरा।
उच्चरइ विप्र दरवेस सुं, अलख लिख्या सो पइं कहुं,
जउ सीस छत्र तुझ कउं मिलइ, क्या इंनाम हुं भालहूं॥17॥
तब खुसी भयउ दरबेस, कर्म करतार करहि जब
तोहि हइ गइ पाइक, करइ तसलीम तोहि सब
तखत तलइ मेरइ तुं ही, तुं हि दिल्लीवइ जांणू
कहे तुहि सब साच अउरका कह्या न मांनु
अल्लावदीन सुरताण की, सीस छत्र काइम रहइ,
दरवेस वेस कहि विप्र सुणि, तुहि मुं हि मागइ सोभी लहइ॥18॥
फेरि वेस सुरताण, तांम निज मंदिर आयउ,।
ऊग्यउ सूर परभात, तबही बंभण बुलायउ॥
सभा मध्य जब गयो, चित योगिणि समरंतउ,
छत्र सिंघासण सहित, साह नयणे निरखंतउ।
संक्यउ सु विप्र असपति सहित, निसचरिज रयणी फिर्यउ।
मंगइ सु मंगि असपति कहइ, वाचा मोहि ऊरण करउ॥19॥

दूहा

तब सुरतांण निवाजीयु, राघव बहुत उछाह,
जे मनि चीतइ सोइ करइ, वसि कीधउ पतिसाह॥20॥
मल्ल भाट सुरतांण पय, आयउ मंगण कज्जि।
मुहुल तलइ जइ द्वा करइ जिहां खडे असपति सज्जि॥21॥

कवित्त

एक छत्र जिण प्रथीय, धरीय निश्चल धरणि परि,
आण किद्ध नव खंड, अदल किद्धउ दुनि भिंतरि।
अनिल नलणि विभाड, उद्धि कर माल पखालिय,
अंतेवर रही रंभ, रूप रंभा सुर टालीय।
हेतम दांन कवि मल्ल भंणि उदधि खंध वे बखत गुनि,
दीठउ न कोई रवि चक्र तलि, अल्लावदीन सुरतांन धनि॥22॥
मम पढि भट्ट कवित, बुद्धि खोजुं देइ पूरउ,
सुख सवाद करि रोस, सिद्धहर मजलगि सूरउ।
किहां सुणी पदमिनी सेसधर अंती सोहइ,
सुरनर गुण गंध्रव, देखि मुनिवर मन मोहइ।
सुंखिनी सबे सुरतांण घरि, कोप हूउ बेजन कसइ,
लावत मारि खोजा निसुणि, पतिसाह मुरके हसइ॥23॥

दूहा

बंदण प्रतइ अलावदी, कहि सु वयण विचार।
कटारी सहिनांण लइ, राघव वेग हकारि॥24॥

कुण्डलीयउ

आलिमसाह अलावदी, पूछइ व्यास प्रभात।
सयल परीक्षा तुं करइ, स्त्री की केती जाति॥25॥
स्त्री की केती जाति, कहि न राघव सुविचारी,
रूपवंत पतिव्रता, मूंध सोहइ सुपियारी।
हस्तनी चित्रणी कर संखिनी, पुहवी बड़ी पदमावती,
इम भणइ विप्र साचउ वयण, आलमसाह अलावदी॥26॥

कवित्त

इम जंपइ सुरतांण, सुनि बे राघव इक बातह,
जाति च्यार की नारि, केम जांणीइ सुचित्तह।
गंध रूप सदभाव, केस गति नयण निरत्ती,

वयण घांणि दसु अंग, कहु किशि तखत किसि भंती।
हस्तिनी चित्रणी कइ संखिनी जाति तीन दीसइ घणी,
पातसाह अरदास सुणि, दुनी पियारी पदमिनी ॥27॥

दूहा

राघव वयण इम ऊच्चरइ, सांभल साह नरेस।
त्रीया लखणे वूझीयइ, कोक तंणइ उपदेस॥ ॥28॥

सलोक

पद्मिनो पद्म गंधाच, अगर गंधाच चित्रणी।
हस्तिनी मद्य गंधाच, खार गंधाच संखिनी ॥29॥
पद्मिनी पुष्फ राचंति, वस्त्र राचंति चित्रणी।
हस्तिनी प्रेम राचंति, कलह राचंति संखिनी ॥30॥

कवित्त

गहिर महिर अलावदीन, राघव हकारीय,
नयण नारि निरखेवि, देखीइ हरम हमारीय।
हंसगमण गजचलणि, साहिजादी अनुरत्ती,
सुरत्ति सुर नर, स्त्रीया पेखि हस्तीनी,
चित्रणी क संखिनी क, किती साह घरि पदमिनी ॥31॥
साह आलिम एक वयण, विप्र उच्चरइ सुमिट्ठउ,
लोयण ते हेतम कीय, जेणि परि रमणि मुह दिठ्ठउ।
कहइ एम सुरतांण, कहु कइसी परि किज्जइ,
काच कुंभ भरि तेल, मुहुल मांही रास रचिज्जइ।
इक संग रंग ठाढी रहइ, सजे सिणगार सवि कामिनी,
प्रतिबिंब निरखि राघव कहइ, सो कहुं साह घरि पदमिनी ॥32॥
पातिसाह राघव, आय तिण ठामि बइटा,
काच कुंभ ढालेइ, भरीय जस तेल गरिठा
सजे सिंणगार सवि कामिनी, भूयण सिरि छज्जइ ठढी,
के स्यांमा के गोर, केह गुण गाहा पढी।
निरखंति वयण भुय मज्झि नव, एह वात चित्तह गुणी,
दोइ जाति नारि दीसइ घणी, सु नही साह घरि पदमिनी ॥33॥
रोस भयु सुरतांण, खांन अर पान न भावइ,
बेला इत मारि लबार, वेग पदमिणी दिखलावहि।
ले किताब कर धारि, करइ बंदिन वीनत्तीय,

संघलदीप समुद्र, अछइ पदमिण बहु भत्तीय।
हुसीयार होइ अरदास करि, एक अधू पेखइ जिहां,
संभली समुद्र संराइ पड्यउ, कोइ खुदीय खुते तिहां॥34॥
असपति कीयउ आरम्भ सु दिन साधीयउ दखिण धर,
पातिसाह कोपीयउ, कुंण छुट्टइ संघल नर।
दल गोरी पतिसाह, जुडइ संग्राम सुहुड भड़,
नव लख त्रिगुण तुरंग, चउद सहस मइंगल घड।
सूर्ज खेह लोपवि गयउ, पातालइं दासग दुड्यउ,
चिहु चक्करायसांसइ पड्या, पातिसाह किसपरि चड्यउ॥35॥
चड्यउ चंचल सुरताण, खेडि दख्यण तटि आयउ,
सेन सहू उत्तरी, तिबही बंभण बोलायउ।
चेतकरी चेतन्द, एम जंपइ खूंदालम,
मइं कताब तोही दीयउ, भयु सु दुनीयां मालग।
असपति कहइ चेतन सुनि, अब वेगई संघल संचरउ,
जिसी भांति पदमिनी पर चढइ, सोइज मित्र चित्तह धरउ॥36॥
पातिसाह राघव, आय ऊभा तटि साइर,
करउ मंत्र चेतन्न, कटक लंघीइ रिणायर।
सुणि आलम वीनती, नीर कउ अंत न जाणउ,
संघलदीप पदमिनी, घरहि घर अधिक वखाणउं।
भंजउ सु कोट असपति कहइ, देखि दाउ तिसकुँ दिउ,
ग्रहे खग्ग सीस राजा हणउ, पकडि प्राह पदमिणि लिउ॥37॥
हठि चड्यउ सुरताण, खंणवि धरणि तलि पिल्लउं,
वेगि ल्यावि पदमिणी, सेन सवि साइर घल्लउ।
मिलि बइठा मंत्री, कहां हम पदमिणी पावइ,
बे बंभण तू कूड, झूठ वातइं इहां ल्यावइ।
राघव कहइ तुम्ह मति डरउ, हुं करउं मंत्र मनि भाईयउ,
सुलताण ताम समझाइ करि, बाहुडि डिल्ली लाईयउ॥38॥
सलहिदार हथियार, लेइ आगइ अवधारीय,
संभाले सवि सेल, मांहि भेजे चिति धारीय।
बीबी तब पूछीयउ, साह पदमिणि किहीं आंणी,
च्यारि त्रीया घरि नहीं, किसी तिस की सुरतांणी।
खुणसि भई सुरताण मनि, तब अंदेसा किधा बहु,

संघल दल जे पठया हई, बे राघव पद्मिणि कहु॥39॥
तब राघव चिंतवइ, वयर पाछिलउ संभार्यउ,
कहुँ जिहां पदमिनी, साह जु चिंतइ धारउ।
गढ चितोड हिंदुआंण, रांण गहिलोत भणिज्जइ,
रत्नसेन घरि नारि, नारि सिंघली सुणिजइ।
उचरइ विप्र एरिस वयण, लोग त्रिण्हि जीता तिरी,
इसी नहीं रविचक्र तलि, मई नव खंड देख्या फिरी॥40॥
लाख तूल पल्लिंग, सउडि पिणि लख मिलइ तस,
अंतह पुड सइ पंच, अवर गिंदूया सहस जस।
तसु ऊपरि ओछाड, रंग बहु मूलइं लीधा,
अगर कपूर कुमकुमा, कुसम चंदन पुट दीधा।
अलावदीन सुरतांण सुणि, चेतन मुख सचउ चवइ,
पदमिणी नारि सिंणगार करि, राय रत्नसेन सेजइ रमइ॥41॥
पलांण्यउ अलावदीन, जल थल अकुलांणा,
राय रांणा खलभल्या, पड्या दह दिसि भंगाणा।
हय गय रथ पायक, सेन काई अंत न पावइ,
जे मोटा गढपती, तेह पणि सेवा आवइ।
तव कोप करवि वल मुंछ धरि, कहइ साह विग्रह कर,
मारउ देस हीदुआंण कुं, त्रीया एक जीवत धरउ॥42॥
बंकउ गढ चित्रकोट, सकति सुरताण न लिज्जइ,
ऊठि आई मुसाफ, बोल जस राय पतिज्जइ।
डंड डोर नवि दिउं, देस पुर गांम न गाहूँ,
नांही गढ सु काज, राजकुंअरी न व्याहुं।
राघव कहइ असपति सुणि, कहि राजा मारिन आहुडउ,
रत्नसेन मुझकु मिलइ, तउ नाक नमिणि करि बाहुडउं॥43॥

कुंडलीउ

दल सझवे, सुरतांण, आय चित्रकोट विलिज्जइ,
भेजउ देगि विसेट, बात मिलणे की कीजइ।
दीजइ कर की वाच, जेम गहिलोत पतीजइ,
हम तम विचइं खुदाइ हइ, लेइ मुसाफ आदइ धरउ,
चितोड देखि वेगई फिरउं, वाचा देइ थप्यउं खरउ॥44॥

दूहा

वेग विसेट चलाइयउ, पुहतउ गढह मझार।

सभा सहित राय भेटीयउ, बोलइ वयण-विचार ॥45 ॥

कवित्त

वात करी तब मिठ, राय तस वयण वेगई,
जिण परि कही विसेट, सोइ परि राजा किन्हउ।
राजकुली छत्रीस, सहूति सभा भणिजइ,
असपति आवणु काउ, कहु किणपरि बुधि कीजइ।
मिली प्रधान इंम चीतवइ, सेन सहु दुरिहिं पुलइ,
जण वीस सहित आवइ ईहां, तु पतिसाह रांणा मिलइ ॥46 ॥
दिधी पोलि चिटकाइ, डर्‌या गढ तुरक नभाया,
गोरी गोधउ मंड, साथि लसकरह सवाया।
अब तु मेलु भयो, राय जिमणार कराया,
त्रीस सहस मेली गया, साथ लसकरह सवाया।
खांणाज खाइ जव उठीया, पकड़ि बांह राजा लीया,
वात ज करत लंघीय पोली, तब रतनसेन काठा कीया ॥47 ॥
कीयो कूड सुरताण, सांमि मोरउ ग्रहि बंध्यउ,
पदमणि द्यु तु जाउ, काजि कारणह समंधउ।
भलो न कीयो किरतार, केम गहिलोत बंधीजइ,
कीयो मंत्र मंत्रीयां, राय राखवि त्रिय दीजइ।
तदिन जीभ खंडवि मरउं, योगिणीपुर नवि दिखसउं,
पदमिणी नारि इंम उचरइ, अब कह सरणागति पइठिसिउ ॥48 ॥
दुख भरी पदमिणी एम परिपंच विचारइ,
कोई संसारि समरथ, सूर मोहि सरणि उवारइ।
जे गढ मांही रावत, तेह सवि हीणुं भाखइ,
इसउ न देखुं कोइ, मोहि सरणागति राखइ।
राजा की नाराज़गी अच्छी नहीं होती, यह सोचकर राघव व्यास ने अपना घर और चित्तौड़ छोड़ दिया और वह दिल्ली पहुँच गया। वह दिल्ली में ज्योतिष से प्रसिद्ध हो गया। वह वहाँ शास्त्र पठन-पाठन और विवेकपूर्ण वार्ताएँ करता। दिल्ली का बादशाह अलाउद्दीन ख़लजी था, जिसका संपूर्ण पृथ्वी पर शासन था और जिसे सभी राजा सलाम करते थे। उसने ब्राह्मण राघव व्यास की ख्याति सुनी। बादशाह ने उसको बुलवाया। व्यास ने बादशाह को कई कवित्त सुनाए, जिन पर सभी मुग्ध हो गए। बादशाह ने कहा कि ब्राह्मण गुणी है। उसने उसको उपहार, वस्त्र और गाँव दिए।

इस तरह राघव व्यास बादशाह के पास रहने लगा। एक दिन राघव व्यास के मन में आया कि रत्नसेन ने मुझे अपमानित किया है। मैं उससे किसी तरह बदला लूँगा। मैं उससे पद्मिनी छीनकर बादशाह को प्रस्तुत कर दूँगा। उसने इस निमित्त एक भाट और खोजा से मित्रता कर ली। उसने दोनों को मान, महत्व और धन दिया। उसने बादशाह के सामने पद्मिनी की बात चलाने के लिए दोनों से आग्रह किया। एक दिन बादशाह दरबार में बैठा था, तो भाट हंस का कोमल और रोएँदार पंख लेकर दरबार में आया। बादशाह ने उससे पूछा कि– ''इससे कोमल वस्तु के संबंध में क्या तुमने सुना है?'', तो भाट ने कहा कि ''इससे कोमल और पतली पद्मिनी स्त्री है।'' बादशाह ने कहा कि ''पद्मिनी कहाँ है?'', तो भाट ने कहा कि ''आपके हरम में हज़ारो स्त्रियाँ हैं, तो उनमें कुछ पद्मिनियाँ भी होंगी।'' खोजे ने बात काटकर कहा कि ''आपके यहाँ तो सब शंखिनी स्त्रियाँ हैं।'' बादशाह ने कहा कि ''तुम विश्वास दिलाओ'', तो खोजा ने कहा कि ''राघव व्यास को शास्त्र का ज्ञान है। पद्मिनी स्त्री की पहचान आप उससे पूछिए।'' बादशाह के पूछने पर राघव व्यास ने चारों प्रकार की स्त्रियों के भेद और पद्मिनी स्त्री के लक्षण विस्तार से बताए। पद्मिनी स्त्री की पहचान सुनकर बादशाह ने राघव व्यास से कहा कि– ''मेरे हरम की परीक्षा करो और उसमें से पद्मिनी बताओ।'' राघव व्यास ने उत्तर दिया कि– ''मैं आपके हरम की परीक्षा नहीं कर सकता'', तो बादशाह ने कहा कि– ''मैं मणिमय आवास बनवाता हूँ। तुम उसमें प्रतिबिंब देखकर परीक्षा करना।'' राघव व्यास ने परीक्षण किया और बताया कि हरम में हस्तिनी, चित्रिणी और शंखिनी तो हैं, लेकिन पद्मिनी कोई नहीं दिखती। बादशाह ने जब यह सुना तो कहा कि– ''पद्मिनी के बिना मेरे जीवन में उत्साह नहीं है। उसके बिना रति, रंग, सुख आदि व्यर्थ हैं।'' उसने राघव व्यास पूछा कि– ''पद्मिनी कहाँ मिलेगी?'', तो उसने बताया कि– ''पद्मिनी दक्षिण दिशा में सिंघल द्वीप में है और बीच में अथाह समुद्र है।'' बादशाह ने कहा कि– ''मेरे आगे सिंघल द्वीप क्या है? मैं स्वर्ग–पाताल खोदकर पद्मिनी स्त्री खोज निकालूँगा।'' हाथी–घोड़ों पर सत्ताईस लाख लशकर के साथ बादशाह ने सिंघलद्वीप पर चढ़ाई की। हाथी–घोड़ों के चलने से उड़ी धूल में सूर्य और चंद्रमा छिप गए। शेषनाग के लिए पृथ्वी का भार असहनीय हो गया। (3)

अलाउद्दीन ने अपने सभी योद्धाओं को साथ लेकर यलगार किया। तीव्र गति से पृथ्वी लाँघकर वह समुद्र के समीप पहुँचा। वह युद्ध वीर और पराक्रमी था। उसने कहा कि– ''मैं समुद्र को भरकर जमीन कर दूँगा और सिंघल द्वीप के सात टुकड़े कर सिंघलपति को जीवित पकड़कर पद्मिनी लाऊँगा।'' यह कहकर उसने लशकर पानी में उतार दिया, लेकिन यह पानी में डूब गया। बादशाह को क्रोध आया। उसने

नयी नावें बनवाकर फिर योद्धाओं को उन पर आरूढ़ किया, लेकिन ये सभी भँवर में फँसकर खंड-खंड हो गईं। इस तरह बड़े-बड़े योद्धा पानी में ही रह गए। बादशाह हठी था- उसने कहा कि- ''योद्धा मर गए, तो बला टली। दूसरे बहुत नए ले आऊँगा। एक हज़ार वर्ष तक यहाँ रहूँगा, लेकिन बिना पद्मिनी के बिना वापस नहीं जाऊँगा।'' योद्धाओं ने राघव व्यास से कहा कि ''हे पापी! तूने बादशाह को क्या कुमति दी है कि कई योद्धाओं का नाश हो गया है। अब कोई उपाय बताओ, जिससे बादशाह अपने घर लौट जाए।'' राघव व्यास ने कहा कि ''एक नई युक्ति करते हैं। एक हज़ार घोड़े और 500 हाथी, एक करोड़ दीनार और कई उपहार नावों में भरकर बादशाह से कहते हैं कि ये सिंघलपति ने दंड स्वरूप भेजे हैं।'' और कोई उपाय नहीं देखकर सभी योद्धाओं ने यही किया। रातों-रात प्रपंच किया गया। बादशाह को इसका पता नहीं था। सुबह जब उसने समुद्र में वाहन देखें, तो पूछा कि ''ये किसके हैं?'' तब व्यास ने प्रेम पूर्वक बताया कि ये सिंघलपति की तरफ़ से हैं। नावों से उतरकर लोग बादशाह के पाँवों में पड़े और कहा कि- ''आप दिल्ली के बड़े बादशाह हैं। सिंघलपति तो आपके पाँवों की धूल है। उसने यह सब आपके आतिथ्य के लिए भेजा है। यह आपके लिए पान पर चूने की तरह है। आप दया कीजिए।'' बादशाह इन विनयपूर्ण वचनों से प्रसन्न हुआ। उसने सिंघलपति के लिए सिरोपाव दिया। सिंघलपति के भेजे उपहार उसने अपने योद्धाओं में बाँट दिए और सेना सहित वहाँ से कूच कर दिल्ली आ गया। (4)

बादशाह अपने नगर आ गया, लेकिन जगह-जगह लोग बात करते थे कि बादशाह पद्मिनी के लिए गया था, लेकिन बिना विवाह किए क्यों आया? जगह-जगह स्त्रियाँ बात करती थीं कि बादशाह यों तो तेज़ है, लेकिन पद्मिनी के मामले में इतना सीधा क्यों हुआ? बादशाह अपने घर आया। सेवक जब उसके शस्त्र लेकर भीतर गया, तो बड़ी बीबी ने कहा कि- ''बादशाह ने जिस पद्मिनी से विवाह किया है, उसको मुझे दिखाओ। मैं उसको एक बार अपनी नज़र में निकालना चाहती हूँ। जिसके घर में चार पद्मिनियाँ नहीं है, उसके लिए तो सारा संसार सूना है। सुल्तान की सुल्तानी व्यर्थ है, जो यदि उसने पद्मिनी से रमण नहीं किया।'' बीबी जब सेवक से बात कर रही थी, तभी बादशाह आ गया। उसने बीबी से कहा कि- ''तुमने सही कहा है।'' उसने तत्क्षण राघव व्यास को बुलवाया और कहा कि ''सिंघल द्वीप के अलावा पद्मिनी कहाँ है?, मुझे बताओ।'' राघव व्यास ने कहा कि- ''एक पद्मिनी चारों दिशाओं में विख्यात चित्तौड़ में है। युद्धवीर और पराक्रमी राजा रत्नसेन के घर में पद्मिनी उसी तरह है, जैसे शेषनाग के पास मणि है। उसको कोई ले नहीं सकता।'' बादशाह ने कहा कि- ''हे ब्राह्मण! मैं दुर्गपति को जीवित पकड़कर खड़े-खड़े पद्मिनी

ले लूँगा।'' बादशाह ने शक्तिशाली सेना के साथ चित्तौड़ पर चढ़ाई की, जिससे धरती काँपने लगी और शेष नाग विचलित हो गया। (5)

हठी बादशाह सत्ताईस लाख लशकर और हथियारों के साथ दुर्ग की तलहटी में आ गया। योद्धा हाथियों की तरह उन्मत्त होकर युद्ध करने लगे। आतिशबाज़ी होने लगी। चारों दिशाओं में नगाड़े और ढोल बजने लगे। बादशाह को ससैन्य आया हुआ देखकर रत्नसेन भी क्रोधित हुआ। उसने अपने योद्धाओं को बुलाकर सेना तैयार की। उसने कहा कि– ''बादशाह! तू आ भले ही गया हो, लेकिन अब यहाँ ख़त्म होकर ही रहेगा। अब मैं तुझे अपने हाथ दिखाऊँगा। दिल्लीपति अब ढीले मत रहना, तुम कितने योद्धा हो पहले बता देना।'' रत्नसेन ने दुर्ग के कोट को दुरुस्त करवाया और दुर्ग के द्वार बंद करवाकर सब अंदर प्रविष्ट हो गए। भीषण युद्ध हुआ। बादशाह ने अपने योद्धाओं से एकत्र होकर गढ़ को ध्वस्त करने के लिए कहा। संध्या तक संग्राम हुआ, लेकिन सफलता नहीं मिली। कई मुसलमान योद्धा मारे गए। बादशाह मन में चिंतित हुआ। राघव व्यास ने कहा कि– ''दुर्ग इस तरह से जीतना बहुत मुश्किल काम है। कपट करके ही काम हो सकता है। रत्नसेन को वचन दो और कहो कि हम उससे विचलित नहीं होंगे। किसी प्रधान (प्रतिनिधि) को भेजो और उससे कहलवाओ कि बादशाह पद्मिनी के हाथ से भोजन करके क़िले के मुख्य स्थान देखना चाहता है। उसकी और कोई माँग नहीं है। थोड़ी-सी सेना के साथ वह दुर्ग में आएगा और भोजन करके वह दिल्ली लौट जाएगा।'' प्रतिनिधि ने यह प्रस्ताव रत्नसेन के सामने रखा और कहा कि यदि आप बात मान लेते हैं, तो बादशाह इसके बाद दिल्ली लौट जाएगा। उसने कहा कि– ''बादशाह को पद्मिनी स्त्री देखने की बड़ी इच्छा है। उसका वचन सत्य है। वह आपका जन्मांतर का भाई है। उसने कुकृत्य के कारण असुर शत्रु के यहाँ जन्म लिया है, जब कि सद्कर्मों के कारण आप चित्तौड़गढ़ के स्वामी हैं।'' रत्नसेन ने कहा कि– ''यदि बादशाह यह बात करता है, तो मुझे भी उससे मिलने का उत्साह है।'' रत्नसेन ने सोचा कि बादशाह अपने वचनों का पक्का है। वह थोड़ी-सी सेना के साथ भीतर आएगा। मेरे घर का अन्न ग्रहण करेगा और इससे हमारे बीच परस्पर सम्मान बढ़ेगा। (6)

प्रतिनिधि जब लौटकर आया, तो बादशाह ने उससे पूछा कि– ''क्या बात बन गई?'' बादशाह के लिए शपथ झूठी थी। वह मुँह से मीठा और मन में दुष्ट था। राघव व्यास ने रत्नसेन को पकड़ने के लिए बादशाह से मंत्रणा की। राजा के मन में कोई छल-भेद नहीं था, लेकिन बादशाह के मन में द्वेष था। रत्नसेन ने दुर्ग का द्वार खोल दिया। बादशाह तीस हज़ार सवारों के साथ दुर्ग में प्रवेश कर गया। रत्नसेन ने सरल मन से मंत्री को उसका स्वागत करने भेजा। राघव व्यास सहित

बादशाह तत्काल आ गया। क़िले में सब ने इस कला से प्रवेश किया कि कोई दिखाई नहीं पड़ा, लेकिन वे सब एकत्र हुए, तो बहुत अधिक थे। रत्नसेन मन में नाराज़ हुआ। उसने भी अपनी सेना लगा दी। बादशाह ने कहा कि- ''सेना क्यों लगा रहे हैं, हम युद्ध करने नहीं आए हैं, दुर्ग देखकर चले जाएँगे। हमारे मन में कोई खोट, छल-भेद नहीं है।'' राजा ने कहा कि आपने थोड़ी-सी सेना लाने का निश्चय किया था, लेकिन आप तीस हज़ार सैनिक लाए हैं। फिर मैं क्या करता। आपके मन में क्या है, लेकिन यह धूर्तता है।'' बादशाह ने कहा कि- ''अतिथियों का सम्मान करना चाहिए। अभी सुकाल है और अन्न बहुत है। हे राजा! बहुत-बहुत क्या करते हो। भोजन कराने में संकोच है और ख़र्च करते हुए ज़ोर आता है, तो इनको वापस भेज देते हैं।'' राजा ने कहा कि- ''हे बादशाह! सुनो, तुम और सैनिक बुला लो, लेकिन छोटी बात मत करो। पानी और अन्न बहुत हैं, पकवान भी बहुत हैं। जो अच्छा लगे, वह भोजन करो, लेकिन छोटी बात मत करो।'' बातचीत करके दोनों प्रसन्न हुए। दोनों एक-दूसरे के हाथ पर ताली दी। दोनों में परस्पर विश्वास क़ायम हुआ और उनके मन की आशंकाएँ ख़त्म हुईं।

रत्नसेन भोजन का प्रबंध करने लगा। वह भीतर गया और पद्मिनी से कहा कि- ''अब तुम बादशाह को भोजन करा दो, जिससे वह प्रसन्न हो जाए।'' पद्मिनी ने उत्तर दिया कि- ''बादशाह को षड्‌रस भोजन दासी परोसेगी।'' दो हज़ार सुंदर दासियों के पद्मिनी के पास रहने का विधान था। सभी प्रबंध करके दिल्लीपति को भोजन के लिए भीतर बुलाया गया। महल की साज-सज्जा ऐसी थी, जैसे देवताओं का विमान हो। रत्नजड़ित आवास थे और उनमें चित्र बने हुए थे। बादशाह वहाँ आकर बैठ गया। उसके मन में पद्मिनी को लेकर उत्साह था। दासियाँ आती थीं और अपना रूप दिखाती थीं- एक आकर बैठने के लिए आसन देती, दूसरी आती और थाल सजाती, तीसरी आकर हाथ धुलवाती और चौथी आती और चँवर ढुलाती थी। दासियाँ बार-बार आती-जाती थीं और इस तरह बादशाह की बुद्धि विचलित होती जाती थी। वह कहता, यही पद्मिनी है- यह उसके जैसी सुंदर दिखाई पड़ती है। राघव व्यास ने बादशाह को समझाया कि- ''आप सँभलिए, ये सभी पद्मिनी की दासियाँ हैं। आप बार-बार मत चौंकिए। पद्मिनी यहाँ क्यों आएगी।'' रंभा के समान दासियों को देखकर बादशाह ने विचार किया कि जब दासियाँ इतनी सुंदर हैं, तो पद्मिनी कितनी सुंदर होगी। राघव व्यास ने कहा कि- ''हे बादशाह! सँभलिए। पद्मिनी स्त्री की यह पहचान है कि वह बिजली के समान झलकती है, कुंदन की कांति की तरह उजली है, अंधेरे में उजाला कर देती है, देखते ही मन को हरती है और वह कमल के समान है, जिसका भूलकर भी भ्रमर साथ नहीं छोड़ते। इसलिए जब वह आएगी, तो कैसे छिपेगी।''

बादशाह ने कहा कि- ''ये दासियाँ धन्य हैं, जो अपनी नज़रों से पद्मिनी की देह निहारती हैं।'' राघव व्यास ने कहा कि- ''ये ऊँचा दिखाई देने वाला आवास है, वहाँ पद्मिनी का निवास हैं, राजा रत्नसेन यहीं रहता है और पद्मिनी से एक क्षण का विरह भी उसको सहन नहीं होता। पद्मिनी को और कोई नहीं देखता, जो देखता है, वह पागल हो जाता है।'' सुल्तान और राघव व्यास बात कर रहे थे कि उसी समय पद्मिनी ने उधर देखा और कहा कि- ''देखूँ, असुर अलाउद्दीन कैसा है।'' दासी ने बताया कि वह झरोखे के नीचे बैठा है। पद्मिनी गज गति से चलती हुई झरोखे में आकर बैठ गई। व्यास ने उधर देखा, तो उसे पद्मिनी बैठी दिखाई दी। उसने तत्क्षण बादशाह से कहा कि- ''स्वामी! पद्मिनी देखो। बादशाह ने ऊँचे देखा, तो उसे प्रत्यक्ष पद्मिनी दिखाई पड़ी। उसने कहा कि- ''अहो! पद्मिनी के सामने रंभा, रुक्मिणी, नागकुमारी, किन्नरी और इंद्राणी क्या हैं? ऐसा अनुपम रूप-सौंदर्य इसका है कि दूसरी कोई स्त्री इसके अँगूठे के बराबर भी नहीं है।'' पद्मिनी उसके हृदय में बस गई। बादशाह मूर्च्छित होकर धरती पर गिरने लगा। व्यास ने कहा कि- ''हे नरराज! सँभलिए। व्यर्थ में अपनी लज्जा क्यों खो रहे हैं। धैर्य धारण कीजिए, साहस रखिए, कोई दूसरा उपाय करना पड़ेगा। जब तक रत्नसेन हाथ में नहीं आता, तब तक पद्मिनी हाथ नहीं आएगी।'' चुप रहकर सब ने भोजन किया। राजा ने बादशाह को ख़ूब अच्छी तरह से भोजन करवाया। दोनों ने एक-दूसरे को उपहार- हाथी, घोड़े, वस्त्र आदि दिए। सभी अतिथि संतुष्ट हुए। बादशाह ने कहा कि- ''अब क़िला दिखाओ। हमें यहाँ आए हुए बहुत समय हो गया है।'' रत्नसेन बादशाह को क़िला दिखाने ले गया। जो-जो प्रसिद्ध स्थान थे, सब उसको दिखाए। बादशाह ने कहा कि- ''ऐसा क़िला मैंने नहीं देखा।'' दोनों एक-दूसरे के प्रति उत्साहित थे। बादशाह ने कहा कि- ''आपने हमारा बहुत आतिथ्य किया। कोई काम-काज हो, तो बताना। अब हमें विदा दो।'' राजा ने कहा कि- ''आगे चलिए मुझे अच्छा लग रहा है।'' यह कहकर वह क़िले से बाहर निकल गया। राजा के मन में कोई जटिलता नहीं थी, लेकिन बादशाह के मन में द्वेष था। व्यास ने बादशाह से कहा कि- ''यह अवसर अच्छा है। बाद में मत कहना कि मैंने नहीं कहा था।'' बादशाह ने अपने सैनिकों को बुलाया। उन्होंने तत्काल रत्नसेन की पकड़ लिया। बात बिगड़ गई। साथ में जो योद्धा थे वे हतप्रभ रह गए। बेड़ी डालकर राजा को बिठा दिया गया। बादशाह ने उस पर जुल्म और अन्याय किए। राजा शक्तिशाली था, लेकिन पकड़े जाने से बलहीन हो गया। (7)

बादशाह ने राजा का पकड़ लिया है और बात बिगड़ गई है, दुर्ग में जब सभी ने यह सुना, तो हलचल मच गई। योद्धा एकत्र हुए और दुर्ग के द्वार बंद कर दिए गए। वीरभाण योद्धाओं के बीच आकर बैठा। सभी एक-दूसरे की आलोचना करने

लगे और दुर्ग में चिंता हो गई। एक ने कहा कि हमें रात में धावा करना चाहिए, तो एक ने कहा कि हम गढ़ में जूझेंगे, तो एक ने कहा कि हम मौका देखकर संघर्ष करेंगे, तो एक ने कहा कि हमारा कोई नायक नहीं है और उसके बिना युद्ध व्यर्थ है। इस तरह सभी विचार कर रहे थे और सभी के मन में भय था। इसी समय बादशाह एक प्रतिनिधि आया और उसने कहा कि– ''बादशाह कहता है कि हमको पद्मिनी स्त्री दे दो, तो दुर्गपति को छोड़ देंगे। यदि तुम पद्मिनी नहीं दोगे, तो हम उसके प्राण ले लेंगे। पद्मिनी नहीं दोगे, तो कई योद्धा मरेंगे।'' सब ने सम्मानपूर्वक प्रधान से कहा हम विचार करेंगे और फिर बतायेंगे। योद्धा विचार करने लगे कि यदि हम पद्मिनी देंगे, तो हमारा थोड़ा भी मान नहीं रहेगा और यदि नहीं देंगे, तो सारी बात बिगड़ जाएगी। वीरभाण पद्मिनी देने में प्रसन्न था, क्योंकि उसकी माता का सुहाग पद्मिनी ने लेकर उसको दु:ख दिया था। वीरभाण ने सभी को समझाया कि पद्मिनी देने से सब बच जाएगा। सभी योद्धाओं ने तय किया कि सुबह हम पद्मिनी दे देंगे। यह विचार कर वे उठे थे कि पद्मिनी को सब पता लग गया। पद्मिनी के हृदय में खलबली मच गई। उसने कहा कि– ''मैं अपने को चिता में जला दूँगी, लेकिन राक्षस के घर नहीं जाऊँगी। मेरे पर यह कैसा समय आया है। मुझे शरण देने वाला कोई नहीं है। हे भगवान जगदीश! अब मैं क्या करूँ। रामचंद्र ने सीता को बाहर निकला, पांडवों ने द्रोपदी को दे दिया, मैं भी क्या राक्षसों से छूट पाऊँगी? हे जीव! मृत्यु ही सही है।''

उस नगर में क्षत्रियत्व का निर्वाह करने वाला गोरा रावत रहता था। उसका भतीजा बादल भी योद्धा था। ये दोनों शक्ति के स्वामी और गुणी थे। दोनों राजा से नाराज़ थे और उसकी कृपा नहीं लेते थे। दोनों चाकरी नहीं करते थे और घर पर ही रहते थे। रत्नसेन ने उनको छोड़ रखा था। वे दोनों जा रहे थे, लेकिन दुर्ग पर घेरे के कारण नहीं जा पाए। दोनों क्षत्रिय थे– क्षत्रियत्व धारण करते थे, अपयश से डरते और स्वामिधर्म का निर्वाह करते थे। पद्मिनी ने मन में विचार किया कि– ''गोरा और बादल, दोनों गुणी हैं, मैं उनसे जाकर प्रार्थना करूँ, दूसरों में तो रत्ती भर भी गुण नहीं हैं।'' यह विचार कर पद्मिनी पालकी में बैठकर सखियों सहित गोरा के दरबार में आई। गोरा ने पद्मिनी को देखा, तो सामने दौड़कर आया और कहा कि– ''माता! आपने बहुत दया की। आप किस काम के लिए आई हैं। यह ऐसे हुआ जैसे आलसी के घर पर चलकर गंगा आई हो।'' पद्मिनी ने कहा कि– ''मैं तुमसे मिलने आई हूँ। दया-धर्म की दीक्षा लेनेवाले योद्धाओं ने मुझे विदा दे दी है। अब तुम भी मुझे विदा दे दो, तो मैं राक्षसों के घर चली जाऊँ। योद्धा शक्तिहीन हैं, पृथ्वी से क्षत्रियत्व उठ गया है। योद्धाओं ने तय किया है कि पद्मिनी देकर राजा को लेंगे।'' गोरा ने

कहा कि– ''मैं तो दुर्ग में कहने मात्र के लिए हूँ। राजा का ख़र्च नहीं खाता, न मुझ से कोई परामर्श करता है। पर आप दु:खी मत होइए। सब अच्छा होगा। आप मेरे घर आ गई हैं, तो राक्षसों के घर नहीं जाएँगी। योद्धा मर जाएँ, पर स्त्री देकर राजा को लेना ठीक नहीं है।'' गोरा ने आगे कहा कि ''मेरे बड़े भाई गाजण का पुत्र बादल बड़ा शक्तिशाली है। हमें उससे भी परामर्श करना चाहिए।'' दोनों बादल के यहाँ आए। बादल सामने दौड़कर आया। उसने प्रणाम किया और काम पूछा। गोरा ने उससे कहा कि– ''सभी योद्धाओं ने यह मंत्रणा की है कि पद्मिनी देकर राजा लेंगे। इसके अलावा और कोई उपाय नहीं है। पद्मिनी अपने पास आई है। जैसा तुम कहोगे, वैसा करेंगे। योद्धा बहुत बैठे हैं, लेकिन जूझने के लिए कोई तैयार नहीं है। हमारे पास कोई गाँव-ग्रास भी नहीं है। हम दो ही शरीर हैं और बादशाह के पास लशकर बहुत हैं। हम उससे कैसे जीतेंगे?'' पद्मिनी ने कहा कि– ''तुम्हारी शरण में आई हूँ। तुम रखो तो ठीक है, नहीं तो वापस जाती हूँ। मैं चिता में जल जाऊँगी।'' यह सुनकर बादल ने कहा कि– ''हे बाबा! योद्धा हैं तो उनको रहने दो। उनसे क्या काम है। मैं अकेला ही सब करूँगा। पद्मिनी ने आँगन में पाँव रखकर मेरा घर पवित्र किया है। उसने पद्मिनी से कहा कि– ''आप महल पधारें और मन में दु:ख मत करें। मैं बादशाह को अकेला ख़त्म करूँगा। शत्रु को ख़त्म करके राजा की विपत्ति दूर करूँगा और उसको घर लाऊँगा। बादल के बोल झूठे नहीं होंगे।'' (४)

पद्मिनी जैसे ही घर गई, बादल की माता आ गई। उसने सब सुन लिया था। वह उदास थी– उसकी आँखों से आँसू बहते थे और वह निश्वास छोड़ रही थी। माँ की यह दशा देखकर बादल ने पूछा कि– ''किस कारण से तुम इस तरह हो। तुम्हारे चित्त में क्या कष्ट है और तुम क्यों विचलित हो?'' माता ने कहा कि– ''मेरे तुम्हारे बिना कोई नहीं है। तुम जबरदस्ती इस जंजाल में क्यों पड़ रहे हो। बहुत योद्धा हैं, जिनको जागीरें मिली हुई हैं, हम तो अपना ख़र्च करते हैं। तुमने कभी कोई संग्राम नहीं किया, इसलिए तुम्हें युद्ध नहीं आता। अभी तुम बालक हो। अभी तो तुम्हारा विवाह हुआ है। पहले अपनी पत्नी को तो साध लो, उसके बाद ऐसा कोई निश्चय करना।'' बादल ने जवाब दिया कि– ''हे माता! तुमने ऐसा क्यों कहा? पहले तुम मुझे समझाओ कि मैं बालक किस तरह से हूँ। मैं पालने में नहीं सोता। तुम मुझे बालक कहती हो, लेकिन देखो, में किस तरह उत्पात करता हूँ और राजाओं को उखाड़कर स्थापित करता हूँ। शत्रुओं के सिर उड़ा दूँ, तो ही मैं तुम्हारा पुत्र हूँ। क्षत्रियत्व और संग्राम में मैं पीछे हटता हूँ, तो ही तुम्हें ऐसा कहना चाहिए।'' अपने योद्धा पुत्र की बातें सुनकर माता के मन में खलबली मच गई। यह सोचकर कि बादल माता की बात नहीं मानेगा, वह बिलखती हुई चली गई। उसने सारी बात बताकर अपनी बहू

से कहा कि– ''वह मेरी सीख नहीं मानता। तुम्हारे प्रेम से रह जाएगा।'' सभी शृंगार करके और शोभाकारी वस्त्र पहनकर बादल की पत्नी आई। वह रूप में रंभा के समान थी और लज्जा सहित ललित वचन बोलती थी। उसने कहा कि– ''स्वामी! मेरी बात सुनो। बादशाह बहुत दुष्ट और प्रबल है। तुम उससे कैसे जूझोगे? वे बहुत हैं और तुम अकेले हो, फिर तुमने यह निश्चय क्यों किया? बादल ने कहा कि– ''हे सुंदरी! हाथी बहुत और सिंह एक होता है, तो भी उसके मन में कोई भय नहीं होता। हाथी के मद बहुत झरता है, लेकिन फिर भी वह सिंह के सामने भागता फिरता है। सिंह हमेशा सामने धँसता है वह रोकने से पीछे नहीं हटता।'' बादल की पत्नी ने कहा कि ''स्वामी! मेरी बात का बुरा मत मानो। मैं अच्छी बात करती, लेकिन समय बहुत विकट है।'' बादल ने कहा कि– ''मुझे युद्ध का बहुत भय मत दिखाओ। कायर हँस–हँसकर बातें करता है, लेकिन मौका आने पर खिसक जाता है।'' बादल की पत्नी ने कहा कि– ''भीषण युद्ध होगा और गोले चलेंगे। उस सब में तुम अकेले कैसे प्रवेश करोगे।'' बादल ने उत्तर दिया कि– ''तुमने यह कैसी बात कही, मैं घोड़े और हाथियों पर आरूढ़ और पैदल सैनिकों को एक बार में ही चकनाचूर कर दूँगा। सत्ताईस लाख लशकर लूटकर बहुत माल घर लाऊँगा।'' बादल को स्त्री ने कहा कि– ''हे स्वामी! रहने दो। अभी तो तुमने सेज भी नहीं सजाई। अपनी स्त्री के साथ प्रेम भी नहीं किया। अभी तुम बालक की तरह निष्कलंक हो। तुमको तो होंठों पर चुंबन देना भी नहीं आता। तुम क्या जूझोगे?'' बादल ने कुछ नहीं कहा। स्त्री ने फिर कहा कि– ''अभी तो तुमने मुझे भी हाथ नहीं लगाया, तो तुम शत्रुदल का नाश किस तरह करोगे?'' बादल ने उलटकर जवाब दिया कि– ''हे सुंदरी! अब मैं तुम्हारी सेज पर उस दिन आऊँगा, जिस दिन शत्रु को जीत लूँगा। जब तक बादशाह को नष्ट कर धूल नहीं कर देता, तब तक कोई सेज, प्रेम और स्नेह नहीं हैं।'' यह सुनकर स्त्री को गर्व हुआ। उसने कहा कि– ''शाबाश! यह बहुत अच्छा है। मैं जन्म–जन्म से तुम्हारी दासी हूँ। जो तुमने बोला है, उसका निर्वाह करना। किसी बात से विचलित मत होना। अब मैं युद्ध में तुम्हारे हाथ देखूँगी– योद्धा तलवार और भाले चलाते हैं और उनके प्रहार अपने शरीर पर ख़ूब झेलते हैं। वे युद्ध में पाँव पीछे नहीं रखते और मरने का भय नहीं मानते। मेरा जीना–मरना आपके साथ है। मैं आपको नहीं छोड़ूँगी।'' बादल ने कहा कि– ''तुम मेरे ह्रदय में समा गई हो। तुमने बहुत अच्छी बातें कहीं। तुमने कुल की मर्यादा रखी।'' पत्नी ने हथियार लाकर दिए, जिनसे योद्धा बादल ने शृंगार किया। फिर वह घोड़े पर चढ़ा और गोरा के यहाँ आया। उसने गोरा से कहा कि– ''तुम यहीं रहना। मैं एक बार बादशाह को देखकर आता हूँ।'' गोरा ने कहा कि तुम और मैं एक हैं। तुम जाते हो, तो मुझे कष्ट होता है।'' बादल ने

कहा कि– ''काका तुमने कच्ची बात की है। अभी मैं केवल भेद लेने जा रहा हूँ। युद्ध में मैं और तुम साथ होंगे। मैं तुम्हारा दायाँ हाथ रहूँगा।'' गोरा रावत से पूछकर वह चला। आगे उसकी भेंट सभी योद्धाओं से हुई। उसने योद्धाओं की पूछा कि– ''आपने क्या विचार किया?'' योद्धाओं ने उत्तर दिया कि– ''हम सभी ने एक मत से निश्चय किया है कि हठी बादशाह ने राजा को ले लिया है और वह यहाँ आएगा, तो क़िला भी ले लेगा। पद्मिनी देकर छूट सकते हैं। नहीं तो दुर्ग की भी कोई आस नहीं है। दुर्ग जाने पर कुछ नहीं रहेगा। फिर तुम जैसा कहो, करें।''

बादल ने कहा कि– ''आपने अच्छा विचार किया कि आप पद्मिनी देंगे। सही है, लेकिन एक बात मेरी भी सुनो। आप यह तय कर लें कि इसका समस्त देश में प्रचार होगा, किसी के भी सिर पर सम्मान नहीं रहेगा और इससे क्षत्रियत्व का लोप होगा। मान के बिना मनुष्य वैसा ही है जैसे कण के बिना व्यर्थ भूसा है। काया–माया, दोनों व्यर्थ हैं– यह एक घड़ी टेढ़ी और दूसरी घड़ी समान हो जाती है। कायर हो या योद्धा, मृत्यु किसी की नहीं टलती, इसलिए पशु होकर जुगाली करने से अच्छा तो युद्ध में घायल होकर मरना है।'' यह सुनकर वीरभाण बोला कि– ''तुमने अच्छी बात कही, लेकिन तुम तिल मात्र भी नहीं समझते। बादशाह ईश्वर का अवतार है। उसके साथ सत्ताईस लाख लशकर है। उसमें यवन योद्धा बड़े जुझारू हैं। बादल ने कहा कि– ''कुँवर, यह सोच अपनी नहीं है। सिंह विचार नहीं करता, वह हाथी को मार देता है। ऐसा करते हुए जो मरता है, उसकी कीर्ति निर्मल होती है। काया के बदले यदि कीर्ति मिले, तो यह खरीदने में महँगी नहीं है। काया तो चमड़े की थैली है– यह एक क्षण उजली और अगले क्षण मैली हो जाती है। यदि इसके बदले कीर्ति मिलती है, तो इसे लेते हुए पीछे कौन हटेगा? वीरभाण ने अब कहा कि– ''बादल, तुम्हारी बुद्धि बहुत निर्मल है। अर्जुन की तरह तुम श्रेष्ठ हो। जो तुम्हें अच्छा लगे, करो। राजा छूट जाए, पद्मिनी भी रह जाए, इस बात से कौन प्रसन्न नहीं होगा।'' बादल ने कहा कि– ''अभी बहुत काम शेष हैं, मैं लशकर में जाता हूँ और सारी बात की थाह लेकर आता हूँ।'' सब को अभिवादन कर वह घोड़े कर चढ़ा, तो जैसे देवराज इंद्र का साहस संकट में पड़ गया। (9)

बादल दुर्ग के द्वार से नीचे उतरा। वह बुद्धिमान और साहस से परिपूर्ण था। उसका भाल चमक रहा था और उसका हृदय प्रताप और तेज़ से युक्त था। उसने नए शोभायमान वस्त्र पहन रखे थे और वह सभी शस्त्रों से सुसज्जित था। बादशाह ने उसे आते हुए देखा, तो यह पता करने के लिए दूत भेजा कि वह कौन है और उसके आने का प्रयोजन क्या है। दूत ने जब उससे पूछा तो उसने जवाब दिया कि– ''मैं बात करने आया हूँ और सुबह पद्मिनी ले आऊँगा। बादशाह मेरी राय मानेगा,

तो मैं उसका बहुत काम करूँगा।'' दूत ने जब अपने स्वामी को जाकर यह बताया तो वह बहुत प्रसन्न हुआ और उसने बादल को अंदर बुलवाया और बहुत सम्मान दिया। बादशाह ने उससे उसका परिचय पूछा और कहा कि- ''तुम यहाँ क्यों आए हो?'' बादल अवसरानुकूल बात करने में निपुण था। उसने सम्मानपूर्वक कहा कि- ''पद्मिनी ने मुझे अपना प्रधान बनाकर भेजा है। उसने जब से आपको झरोखे के नीचे भोजन करते हुए देखा है, तब से वह काम दग्ध है। वह सोचती है कि वह स्त्री धन्य हैं, जिसको आप जैसा पति मिला। वह विरह में व्याकुल बैठी रहती है और रात-दिन आपका सपना देखती है। वह उदास रहती है- उसकी आँखों में आँसू हैं और बड़ी-बड़ी साँसें लेती है। पद्मिनी को आपसे बहुत प्रेम है, लेकिन मेरे मुँह से यह कहा नहीं जाता। वह आलिम, आलिम करती रहती है। उसने मुझे यह सब कहा है। आपका प्रधान आया था, उसको सम्मान भी दिया, लेकिन योद्धा कहते हैं कि मर जाएँगे, पर पद्मिनी नहीं देंगे। मैंने सभी योद्धाओं को समझाया, तब जाकर आज बात बनी है। आप मुझे विदा कीजिए। मैं पद्मिनी के पास जाता हूँ। वह बेचैन होकर आपके संदेश की प्रतीक्षा करती होगी। विरहिणी से विरह की व्यथा नहीं सही जाती। काम की पीड़ा उसके हृदय में चलती है। आपका संदेश अमृत रस जैसा है, आप से संदेश लेकर मैं पद्मिनी को दूँगा।'' पद्मिनी के अपने प्रति प्रेम की बात सुनकर बादशाह बहुत प्रसन्न हुआ। इस तरह बादल ने पद्मिनी रूपी गारुड़ी मंत्र से बादशाह रूपी सर्प को कीलित कर दिया।

बादशाह ने बादल से कहा कि- ''तुम मेरे घर आज अतिथि हो। मैं तुम्हारी क्या सेवा और सत्कार करूँ। तुम्हें देखकर मेरे मन को शांति मिली है। मैं पद्मिनी से प्रेम करता हूँ। तुम अपने योद्धाओं का समझाकर मुझे पद्मिनी दिलवा दो।'' यह कहकर बादशाह ने बादल को एक लाख स्वर्ण मुद्राएँ और हाथी-घोड़े दिए। उनको लेकर बादल आया, तो उसकी माता और पत्नी बहुत प्रसन्न हुई। गोरा भी मन में प्रसन्न हुआ कि अब बादल अपने काम में सफल होगा। पद्मिनी भी हर्षित हुई कि बादल मेरे स्वामी को मुझ तक पहुँचा देगा। सभी योद्धाओं को बादल की शक्ति पर भरोसा हुआ। आग दबी हुई हो, तो भी जला देती है। बादल ने योद्धाओं के साथ बैठकर मंत्रणा की और कहा कि- ''दो हज़ार पालकियाँ सजाओ और यह बात किसी को भी पता नहीं लगना चाहिए। पालकियों में दो-दो योद्धा रखना, जिनके पास शस्त्र हों और जो साहसी हों। पालकियों को एक-दूसरे के पीछे रखना और कहना कि इनमें पद्मिनी की सखियाँ हैं। बीच की पद्मिनी की पालकी का शोभा-शृंगार ख़ास हो। उसके ऊपर गुंजार करते हुए भ्रमर रखना। इस पालकी में गोरा रावत रहेगा। पालकियों के बीच दूरी नहीं हो और ये इस तरह रहे कि दुर्ग के द्वार से शुरू होकर

सेना तक फैल जाएँ। ऐसा करके तुम आना और उचित समय की प्रतीक्षा करना। मैं बीच-बीच में जाकर बात करूँगा और सारी बात बताता रहूँगा। मैं जाकर राजा को लाऊँगा। उसको क़िले में पहुँचाकर हम सब आक्रमण करेंगे।'' यह विचार अच्छा है, सब योद्धाओं ने निश्चय किया तब तक सुबह हो गई। सबको अच्छी तरह समझाकर बादल ने वहाँ से प्रस्थान किया और वहाँ पहुँचा जहाँ लशकर में बादशाह बैठा हुआ था। बादल ने जाकर सलाम किया, तो बादशाह बहुत प्रसन्न हुआ। बादशाह ने कहा कि- ''बादल, समाचार दो, मैं तुम्हें बहुत देश दूँगा।'' बादल ने कहा कि- ''स्वामी! बात सिरे तक पहुँच गई है। मैंने सभी योद्धाओं को बहुत मुश्किल से समझाया है और पद्मिनी को क़िले के पीछे ले आया हूँ। सभी योद्धाओं का आग्रह है कि आप पहले विश्वास दिलाएँ, तो मैं पद्मिनी ले आऊँ।'' बादशाह ने कहा कि- ''तुम्हें विश्वास कैसे होगा'', तो बादल ने कहा कि- ''आप अपने लशकर को भेज दीजिए और यदि भय हो, तो उसमें से दो-चार हज़ार रख लीजिए।'' दूसरा सभी लशकर प्रस्थान कर देगा, तो विश्वास हो जाएगा।'' यह सुनकर उतावले और पगलाए बादशाह ने कहा कि- ''मुझे किसका भय है। तुमने भी बादल क्या बात की!'' बादशाह ने लशकर को कूच करने की आज्ञा दे दी। अच्छे दो-चार हज़ार योद्धा उसने पास रख लिए। बादशाह ने बादल से कहा कि- ''मैंने जैसा तुमसे कहा था कर दिया, अब तुम जल्दी पद्मिनी लाओ और अपने वचन का पालन करो।'' बादशाह ने फिर बादल को सिरोपाव और लाख स्वर्ण मुद्राएँ दीं। बादल उनको लेकर घर आया, जिससे उसकी माता प्रसन्न हुई। उसने योद्धाओं का संकेत किया और कहा कि- ''पालकियों लेकर आना और उनको एक-दूसरे के पीछे रखना। किसी बात में शीघ्रता मत करना और क्षत्रियत्व का कोई नुकसान मत करना।'' यह कहकर वह पालकियों के आगे चलने लगा। उसने बादशाह को आते हुए देखा, तो कहा कि ''आपके हरम में कई स्त्रियाँ हैं, लेकिन सौभाग्यवती आप पद्मिनी को करना।'' बादशाह ने कहा कि- ''हरम की दूसरी स्त्रियाँ पद्मिनी के नख के बराबर भी नहीं हैं। वे सब पद्मिनी को सेवा करेंगी।''

बादशाह ने बादल को फिर सिरोपाव दिया। उसने आकर योद्धाओं से कहा कि- ''तुम यहीं ठहरना। मैं घात करूँगा। बात बाहर नहीं जानी चाहिए।'' बादल गढ़कर बातें करने लगा और इसमें समय ज़ाया करने लगा। बादशाह जैसे-जैसे जल्दी करता, बादल उतना ही ठहरकर आगे बढ़ रहा था। उसने पालकी लाकर बादशाह के सामने प्रत्यक्ष रख दी। बादल पालकी और बादशाह के बीच में बातचीत के बहाने से चक्कर लगाने लगा। जब दिन एक प्रहर शेष रह गया, लशकर बहुत दूर निकल गया और आक्रमण का समय हो गया, तब बादल ने बादशाह ने जाकर कहा कि- ''स्वामी! पद्मिनी इस प्रकार कहती है कि उसे खड़े हुए बहुत समय हो गया है। उसकी

एक प्रार्थना आप सुनें। उसकी इच्छा है कि आपके घर आने से पहले वह एक बार रत्नसेन से मिल ले और उससे दो-चार बातें कर लें। आप रत्नसेन को दरबार में ले आएँ, तो इससे मुझे सुविधा होगी।'' बादशाह ने कहा कि- ''हे बादल! पद्मिनी ठीक कहती है। उसकी इस बात से मैं ख़ुश हूँ।'' उसने तत्काल आदेश दिया कि राजा रत्नसेन को छोड़ दो।'' बादल भीतर रत्नसेन को छुड़वाने गया, तो उसने पीठ फेर ली उसने कहा कि- ''बादल! तुम्हें धिक्कार है। मुझे मुँह मत दिखाओ। तुमने मुझे गाली लगाई है। पद्मिनी के बदले मुझे लेकर तुमने मुझसे वैर लिया है। क्षत्रियत्व के माथे पर तुमने धूल डाल दी। वीरता ख़त्म हो गई।'' बादल ने उत्तर दिया कि- ''यह कुछ और बात है। आप मौन रहकर आगे चलिए। सब अच्छा होगा।'' बादशाह ने रत्नसेन से कहा कि- ''पद्मिनी से मिल आओ, जिससे मैं सद्भावनापूर्वक तुमको विदा दे दूँ।''

राजा पास-पास रखी हुई पालकियों की तरफ़ पद्मिनी से मिलने चला। वह जब पालकी के भीतर प्रविष्ट हुआ, तो उसे सच्ची बात पता लगी। बादल ने कहा कि- ''एक से दूसरी पालकी में होते हुए आप गढ़ तक पहुँच जाओ और जब वहाँ जाकर सचेत हो जाओ, तो ढोल बजाकर संकेत करना।'' यह सुनकर राजा प्रसन्न हुआ। वह सकुशल दुर्ग में पहुँच गया, जैसे सूर्य को राहु ने मुक्त कर दिया हो। जैसे ही कुशल-क्षेम के बाजे बजे, वैसे ही योद्धाओं ने गर्जना की और वे निकल पड़े। एक से एक पराक्रमी चार हज़ार योद्धा बाहर निकले। आगे गोरा-बादल थे। योद्धा युद्ध करने लगे- वे तलवारें लेकर शत्रु पर टूटे पड़े। उन्होंने बादशाह को ललकारते हुए कहा कि- ''हे बादशाह! खड़ा रह। भाग मत जाना। हम तुझे पद्मिनी दिखाने के लिए लाए हैं। तुझे उसका बड़ा चाव है। तू खड़ा रह, हम तुझे पद्मिनी देते हैं।'' यह कहकर वे जैसे ही आगे बढ़े, तो उनको बादशाह दिखाई पड़ा। युद्धवीर बादशाह ने बात बिगड़ जाने पर कहा कि- ''बादल ने धोखा किया है। सभी योद्धा एकत्र होकर आक्रमण करो।'' योद्धाओं में परस्पर युद्ध शुरू हो गया। बादल ने कहा कि- ''हे बादशाह, यदि तू युद्धवीर है, तो पाँव पीछे मत रखना। तू योद्धा है, तो संग्राम करना, नहीं तो तेरी इज़्ज़त नहीं रहेगी।'' बादशाह के जुझारू योद्धा यम दल की तरह भिड़ गए। धूल उड़कर आकाश में छा गई, जिसमें सूर्य छिप गया। दोनों दिशाओं से बाण छूटने लगे। तलवारें चलने लगीं और उनके टकराने से चिनगारियाँ उड़ने लगीं। ऐसा लगता था जैसे अंधकार में अग्नि की ज्वालाएँ हों। रुधिर प्रवाह चलने लगे, जैसे वर्षा ऋतु में नाले बहते हैं। योगिनियाँ खून से अपने खप्पर भर रही थी और शिव मुंड माल लेकर घूम रहे थे। धूल से प्रकाश अवरुद्ध था और गिद्ध मांस नोचकर टुकड़े ले जा रहे थे। सूर्य का रथ ठहर गया था और इसकी रक्ताभा निष्प्रभ हो गई

थी। इसी समय गोरा दौड़कर वहाँ गया, जहाँ बादशाह था। उसने बादशाह पर तलवार से प्रहार किया, जिससे वह वहाँ से भाग छूटा। बादल ने कहा कि– ''भागते हुए को मारना दोष है।'' राजा रत्नसेन दुर्ग के ऊपर से संग्राम देख रहा था। पद्मिनी भी गोरा-बादल को शत्रुओं का संहार करते हुए देख रही थी। पद्मिनी खड़ी हुई बादल को आशीर्वाद दे रही थी कि– ''बादल, तुम्हारी बलिहारी है। तुमने मेरा सौभाग्य रख लिया। योद्धा तो बहुत हैं, लेकिन वे सभी व्यर्थ निकले। शक्तिशाली बादल एक ही योद्धा था, जो सत्य से नहीं चूका।'' बादल ने स्वामी धर्म और युद्ध की मर्यादा रखी। गोरा युद्ध में बादशाह की सेना को नष्ट करके खेत रहा। बादशाह का लशकर को लूट लिया गया। बहुत से मर गए या भाग गए। बादल अकेला था, लेकिन वह जीत गया। उसने बादशाह को छोड़कर यश लिया। बादशाह ने बादल से कहा कि– ''तुमने अच्छा युद्ध किया। तुमने मुझे जीवनदान दिया। मैं तुम्हारी कीर्ति का वर्णन कैसे करूँ।'' बादशाह अकेला चला गया। गोरा-बादल ने युद्ध जीत लिया। गढ़ के दरवाज़े खोल दिए। राजा रत्नसेन बादल को लेने सामने आया और दोनों एक-दूसरे के गले लगे। उत्सव के साथ बादल को अंदर लिया गया और राजा ने आधा देश बादल को दे दिया। पद्मिनी गर्व पूर्वक बोली कि– ''बादल के समान दूसरा कोई नहीं है। उसने मुझे सौभाग्य देकर प्रसन्न किया।'' उसने कहा कि ''बादल! तुम्हारी माँ धन्य है, जिसने तुम्हें जन्म दिया। तुम्हारी पत्नी भी धन्य है, जिसके बादल जैसा पति है।'' पद्मिनी ने मोतियों का थाल भरकर बादल के माथे पर तिलक दिया और उसको बधाई दी। उसने उसको अपना भाई बनाकर उसके घर पहुँचाया। वहाँ बादल का स्वागत हुआ। मोती उछाले गए। सभी सगे-संबंधी उससे आकर मिले। शत्रुओं का संहार करके वह महल के बीच में आया। उसकी स्त्री ने नए परिधान धारण करके उसको लंबा तिलक निकाला। तलवार का आभूषण लेकर वह सामने आई। कुशलक्षेम के साथ घर आ जाने पर उसको बधाइयाँ दी गईं। अब गोरा की स्त्री ने बादल से कहा कि ''तुम्हारे काका युद्ध में कैसे काम आए। उन्होंने कैसे प्रहार किए और शत्रुओं को कैसे नष्ट किया?'' गोरा ने कहा कि– ''हे माता सुनो! मैं कैसे वर्णन करूँ! उन्होंने बहुत से हाथियों को मार दिया। योद्धाओं का तो पार ही नहीं है। उन्होंने बादशाह को अकेला करके उस पर आक्रमण किया। उन्होंने अपने शरीर को तिल-तिल छिदवा दिया और फिर स्वर्ग में पहुँच गए। उन्होंने योद्धाओं को लाज रखकर कुल को उज्ज्वल कर दिया।'' यह सुनकर गोरा की स्त्री के मुख पर प्रसन्नता छा गई। उसे रोमांच हो आया। वह प्रसन्न होकर बोली कि– ''हे बादल! सुन, ठाकुर स्वर्ग में अकेले हैं। मेरे और उनके बीच में दूरी बहुत हो गई। वे मुझ पर गुस्सा करेंगे। अब देर मत करो। काकी को भी उनके स्थान पर पहुँचा दो।'' बादल यह सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने

कहा कि– ''माता, तुम धन्य हो।'' गोरा की स्त्री शृंगार करके घोड़े पर चढ़ी। राम-राम करती हुई उसने प्रस्थान किया और अग्नि स्नान कर लिया। वह स्वर्ग में अपने पति के पास पहुँच गई। इंद्र ने उसे आसन दिया। स्वर्ग में पहुँचने पर उसकी जय-जयकार हुई। बादल के स्वामी धर्म का यश बखाना जाने लगा। उसके जैसा कोई योद्धा नहीं हुआ, जिसका तीनों लोकों में यश हो। उसने पद्मिनी की रक्षा की, राजा को वापस लाया, दुर्ग का दायित्व निभाया और युद्ध में मर्यादा रखी। ऐसा बादल धन्य है। (10)

अध्याय – 3

अज्ञात कवि कृत 'पद्मिनीसमिओ'

रचना समयः 1616 ई.

पद्मिनीसमिओ पद्मिनी–रत्नसेन और गोरा–बादल प्रकरण पर आधारित एक लघुकाय रचना है। यह रचना ऐसी हस्तलिखित 540 पृष्ठों की पांडुलिपि में प्राप्त हुई है, जिसमें दूसरे ऐतिहासिक छंद और गीत सहित कुछ अन्य रचनाएँ भी सम्मिलित हैं। इसमें *चित्तौड़रासो* नाम की एक रचना भी सम्मिलित है, जो काफ़ी कट–फट गई है। अलबत्ता *पद्मिनीसमिओ* कमोबेश संपूर्ण है और यह इस पांडुलिपि में पृष्ठ 41 से शुरू होकर 78 पर समाप्त होती है। *पद्मिनीसमिओ* में कहीं भी इसके रचनाकार का नामोल्लेख नहीं है। अंत में रचनाकार ने रचना समय संवत 1673 दिया है। यह उल्लेख इस तरह से है– *संमत सोल तीहोत्तरै अच्चड़ करन अरप्पिया।* *चित्तौड़रासो* का प्रकाशन शिव मृदुल के संपादन में चंद बरदाई के वंशज किशनदास रैनावत (कोठारिया–भीलवाड़ा–राजस्थान) की रचना के रूप में प्रकाशित हुआ। *पद्मिनीसमिओ* में रचनाकार का नामोल्लेख तो नहीं है, लेकिन प्राप्त पांडुलिपि में अन्यत्र एक जगह महेशदास का नामोल्लेख है। लिखा गया है कि– *इतिश्री कवित्त आसीया महेसदास रा कह्या।* इस पांडुलिपि का प्रतिलिपिकार अमरविजय है और उसने वि.सं.1806–07 में इसकी उदयपुर में प्रतिलिपि की। उसने यह उल्लेख दो स्थानों पर किया है कि जगह वह लिखता है– *सम्वत् 1806 चैत्र वदि 5, शुके लिखतं अमरविजै श्रीउदयपुर नगरै।* इसी तरह दूसरी जगह वह लिखता है– लिखतं *अमरविजै श्रीउदैपुर नगरे सं.1806 मागशीर्ष वदि अमावस्या भोम वासरे।* प्रतिलिपिकार ने केवल प्रतिलिपि ही नहीं की, उसने यथावश्यकता इसका पाठ विस्तार भी किया। उसका पाठ विस्तार अतिरिक्त है और यह स्पष्ट तौर पर उसने अलग से हाशिए पर किया है। *पद्मिनीसमिओ* वंश–ख्यात चारण रचना है और इसका रचनाकार कवि कर्म और इतिहास का अच्छा जानकर है। *पद्मिनीसमिओ* की कथा के मोड़–पड़ाव और कुछ छंद जटमल नाहर की *गोरा–*

बादल कथा से मिलते-जुलते हैं। यद्यपि *पद्मिनीसमिओ* की रचना का समय 1616 ई. है, जो जटमल नाहर की रचना 1623 ई. से पहले का है, लेकिन कुछ विद्वानों की राय में यह जटमल नाहर के बाद की रचना है और उससे प्रभावित भी है। यह धारणा सही नहीं लगती है- इस रचना की विषय वस्तु, गठन और भाषा को देखकर लगता है कि यह जटमल नाहर की रचना से पहले की रचना है। इसके रचनाकार ने चित्तौड़ के दुर्ग का भूगोल, युद्ध और इसमें सम्मिलित योद्धाओं के नाम-वंश-गोत्र और घटनाओं का जो सिलेसिलेवार विस्तृत विवरण दिया है, उससे लगता है कि *पद्मिनीसमिओ* के रचनाकार को जटमल नाहर की तुलना में इस प्रकरण की अधिक जानकारी थी और उसने जटमल नाहर से पहले इसकी रचना की। *पद्मिनीसमिओ* का रचनाकार चारण था, यह उसके चारण छंद और कवि कथा-समयों के ज्ञान और अभ्यास से साफ़ लगता है। कवि चित्तौड़-उदयपुर के आस-पास का होने के साथ शायद राज्याश्रय में भी था, इसलिए इतिहास की तथ्यात्मक जानकारियाँ भी उसको अधिक थी, जबकि जटमल नाहर पंजाब से था, इसलिए उसने अपनी रचना में इतिहास संबंधी कई तथ्यात्मक त्रुटियाँ की हैं। समिओकार रत्नसिंह के लिए चित्तौड़ाधिपति 'खुम्माण रत्नसिंह देव' लिखता है, जबकि जटमल उसको चौहानवंशी मानता है, जो इतिहाससम्मत नहीं है। समिओकार के अनुसार गोरा और बादल 'संभरी' अर्थात् साँभर के चौहान हैं। समिओकार ने सिंघलद्वीप के राजा को चाइल कुल वंश का माना है, यह जानकारी भी *समिओ* के अतिरिक्त और कहीं नहीं मिलती। चाइल चौहानों राजपूतों की 24 शाखाओं में से एक है। अधिक संभावना यही है कि इस रचना की कथा किसी जैन यति-मुनि के माध्यम से जटमल नाहर के पास पंजाब पहुँची होगी और उसने अपनी सीमित जानकारी के आधार पर *गोरा-बादल* कथा की रचना की। जटमल नाहर का आग्रह कथा पर ज़्यादा है, जबकि समिओकार कथा के साथ इतिहास पर भी ध्यान देता है। अलबत्ता वह भी रचना का समापन अन्य चारण रचनाकारों की तरह रत्नसेन की विजय के रूप में करता है। अन्य चारण और जैन रचनाकारों से अलग समिओकार रत्नसेन को अल्लाउद्दीन की क़ैद से मुक्त करवाने और युद्ध जीतने में केवल बादल की भूमिका को निर्णायक मानता है, जबकि दूसरों के यहाँ यह भूमिका गोरा और बादल, दोनों की है। समिओकार अन्य चारण-जैन कवियों की तरह अल्लाउद्दीन ख़लजी के छलपूर्वक पद्मिनी देखने दुर्ग में जाने के प्रकरण के स्थान पर मौलिक कथा की उद्‌भावना करता है। वह उसको मणिकर्णिका के एक सिद्ध के छद्मवेश में दुर्ग के द्वार पर तीन महीने तक आसन लगाकर बिठाता है और इस तरह रत्नसेन सहित सभी का मन जीतने की अलग और नयी कल्पना करता है। समिओकार की कथा कसी और गठी हुई है। वह व्यर्थ के विवरणों में नहीं जाता-

सीधे-सीधे कथा कहता है। *समिओ* में रत्नसेन के पिता का नाम जैत्रसिंह और उसके बेटे का नाम कर्ण है।

पदमिनीसमिओ की पांडुलिपि राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी इतिहासकार गौरीशंकर असावा के स्वामित्व में है। पहले यह रचना परिषद *पत्रिका,* वर्ष-14, अंक-3, अक्तूबर 1974 में प्रकाशित हुई थी और अब यह ब्रजेंद्रकुमार सिंहल के संपादन में पुस्तकाकार प्रकाशित हो गई है।

'पद्मिनीसमिओ' मूल

श्रीगणपति प्रसादातु

अथ पद्मिणीजी रौ समिऔ लिख्यते

दोहा

जंबूदीप मँझार, भरथखंड खंडन सिरै।
नगर भलौ तहाँ सार, गढ़ चित्रंग अनूप गढ़॥1॥

कवित्त

इक्क दिवस न्रिप पास आस करि मंगन आयौ।
च्यार चतुर बेताल दिस्स भूपति दरसायौ॥
नरपति पूछत भाट कवन देसन्तर आयौ।
हूँ आयौ सिंघलदीप तें कीरति सुनि तुम करत नी।
राना रतनसेन खुमान तव गढ चित्रकोट केरा धनी॥2॥
रान दयौ बहु मान पासि अपनैं बैठाए।
कहौ दीप की बात तहाँ तैं तुम चलि आए।
काहा उपजत एह दीप सिंघल है कैसा।
कहैं भट्ट सुनि रान कहौं देख्या होइ जैसा।
उदधि पार अदभुत नगर सोभा कहा बरणौं घनी।
एरापति उपजत इहाँ और नारि है पदमिनी॥3॥

दोहा

पदमावति नारी किसी, कहौ भट्ट गुझ बात।
भट्ट कहै राजिन्द्र सुनि, च्यार गुझ की जात॥4॥
पदमनि चित्रनि हस्तनी, और संखनी नारि।
उत्तम त्रिय पदमावती, तस गुन अपरम्पार॥5॥

कवित्त

पान हुँतैं पातरी प्रेम पून्यौ सो झल्लैं।

भुज म्रिनाल सुविसाल चालि हंस गति चल्लै॥
अंगुल कसठ अठुवास नारि।
पींजलि सत्ताबीस ईस चित लाय सवारी।
म्रिघ नैन बैन कोकिल सरस केहरिलंकी कामिनी।
अधर लाल हीरा रतन भौंह धनक गहि गामिनी॥6॥

दोहा

पदमावति के गुन सुने, चढ्यौ चैंप चित राय।
बिन देखै पदमावती, जनम अक्यारथ जाय॥7॥

चौपई

बसी चित्त अन्तर पदमावति। निसा नींद दिन अंन न भावति।
यौं करते इक जोगी आया। राजदुवार पै धूँहा पाया॥8॥

कवित्त

तब हि आय राजिंद जुगति करि जोगि सँतोषे।
भगति भाव बहु करिय अप्प पंचाम्रित पोखे।
वीर पत्र करि धरिव वीर उच्चार सबद्दं।
वीर वीर खुम्मान हद्द देख्यौ अनहद्दं।
तब तुष्ट होइ रावळ कहै मंगि त्रपत तुम चाहिऐ।
रावळ सुनौं खुमान कहै पदमावति मुहि ब्याहिऐ॥9॥
कहै राज जोगिन्द दीप सिंघल पदमावति।
राज पाट तजि चलौ भूप जो तो मन भावति।
कहै राइ करि क्रिपा बेगि इह कारिज कीजे।
जो कुछ कहै सु नाथ साथ सामगरी लीजे।
मीरघ तुचा विछाइ कै त्रिप मंत्र पढ्यौ तहाँ बैठि करि।
उठि गए सींघल दीप में रावळ रतन जोगिन्द वरि॥10॥

दोहा

सुनि जोगी जोगिँद कहै, करि रावळ को भेस।
एकत्र दिन भिख्या करौ, इह मेरा उपदेस॥11॥

कवित्त

मानि वचन राजिन्द्र अंग भभ्भूत चढ़ाई।
कपिल जटा करि मूंड कान मुदरा पहिराई॥
कंथा सींगी गरै मोरपंख बीजन खोलै।
बज्र कछोटा पहरि अलख गोरख मुख बोलै॥

करि पंकज पत्र अनूप लिअ राजदुवार तहाँ आइऔ।
राज सुता निरखि पदमावती तबहि राज मुरझाइओ॥12॥
छंटि उठायौ जोग आय तहाँ सखी बीच इन।
रावळ रूप सरूप अंग बत्तीसौं लख्यन॥
तब पदमावति हार तोरि नवसर दिय भिख्या।
मुकताफल भरि थाल नाथ पैं ल्याय सरिख्या॥
तब तुष्ट होइ रावळ निरखि प्रीत बचन जैसै कहैं।
ते तस माफक होइ सो ते तैसी भिख्या लहै॥13॥
तबहि आप जोगिंद्र राजद्वारह चलि आए।
सुनत राज आनन्द चरन द्रिग सीस लगाए॥
आय सबै रनिवास अंक भरि पाय परस्से।
पुत्र मित्र परिवार दास दासन्नि दरस्से॥
एम सुनवि आय पदमावती गुरू चरन ले सिर धरै।
रावळ निरखि तब ऊचरिव पुत्री तुम कारिज सरै॥14॥
राय कहै सुनि राज पदम पुत्री सुखदायक।
बरस दुवादस भई नहीं कोई बर लायक॥
हुँ ले आयौ वर राज तोहि पुत्री के कारन।
गढ़ चित्रंग नरेस दुष्ट दानव संहारन॥
रतनसेन खुम्मान है तास मान नहिं अवर वर।
परनाय देह पदमावती मान वचन अति प्रीत कर॥15॥
मानि वचन राजिंद्र सबै अप सीस चढ़ाऐ।
सुनि खुमान चित्रंग भए आनँद मन भाऐ॥
कहै राइ करि क्रिपा बेगि कारिज्ज सु करिऐ।
लगन महूरत पुच्छि सु-दिन साधन संभरिऐ॥
बाजंत्र बाजि हय गय सघन राग रंग त्रिय गान घन।
श्रीफल बदाय खुम्मान को निज अमास पधराइ तन॥16॥
देखि रूप राजिन्द्र चंद्र के इंद्र काम रवि।
भामिनि सबै ब्रिभल्ल नर हि नर सबै तेज दबि॥
अति उदार दातार सूर जूझार काम रत।
वेद चाल वचनंन विसाल अरि साल उंनमत॥
एकंग अंग लखि जंग लखि रिन निसंक मुँह वंक भुव।
सारा हि सबै सींघल पुरह निरखि रान जैसीह सुव॥17॥

चँवरी मंड सुचारि हरिव मंडप तोरन हद।
वेद कलस आरतिय गीत गानहि वेदहि वद॥
अगनि कर नव ग्रह पूजि साखि रवि वाय तेज दिय।
पानि ग्रहन किय ताम वेद विधि विवर सबहि किय॥
चाइल नरिंद पुत्रिय परनि सुत हमीर चित उल्लसिय।
जै जया सब्द बंदिन जपै एक लक्ख जदि विल्हसिय॥18॥
रंगमहिल राजिन्द्र करिव आनंद इन्द्र सम।
हास विलास हुलास प्रगास गोबे रह दबि तम॥
एक बरस खुम्मान मान सुख सींघल पूरं।
महिल महिल मिलि प्रेम जेम बादल मिल सरं॥।
जोगिन्द्र बत्त जंपे ज दिन चत्रकोट की काम वर।
मांगिय सीख सींघल नरिंद बेग बेग चाँपर सुकर॥19॥
जबहि राइ चाहील सीख पदमावति कीनी।
मनि मानिक मोती रतन लाल इक लाइक दीनी॥
करि मनुहारि विसेष रान सनमान विसेष किय।
सेवक सेव सुकज्ज साथ राघव-चेतन दिय॥
मीरग तुचा बिछाय सिध मंत्र उचरि आसंन द्रिढ।
सीध रतन दुज दोय पौहर पहौंचे स चित्रगढ़॥20॥
प्रथम पहर तजि दीप पहर चैथे गढ़ आए।
सुभट सबै हैं दुचित ताम रानह दरसाए॥
बजी निसान त्रिघोष किन्न निच्छावरि तब्बं।
कुलदेवी लगि पाय विगत कारज किय सब्बं॥
सब निरखि महिल चित चलन गति रूप तेज राका उदधि।
पदमगंध पध रचि प्रिथी रवनि रयनि उडगनि प्रिथी॥21॥
गहिर उदधि बिच महल फुली परवनि चिहुँ पासं।
चंदन चम्पै अंब दाख गूलाब प्रगासं॥
केल कदंब कनेर जाय मरुवौ नारंगी।
बेल अखय बीजोर सेव अंनार सुरंगी॥
सरिस कदंम सेवंतरी श्रीफल माधवी सरस।
पुंगी सहितूत जंबूरयनि बौंलसिरी बीदाम रस॥22॥
अति अनूप आवास दुतिय कयलास विलासं।
कंचन थम्भ जटित्त चित्र नौ खेचिहुँ पासं॥

लक्खि महिल्ल बिछात लक्ख दोइ पालिख लागे।
रतन जोति परगास जानि रवि कोटिक ऊगे॥
इस सहस दासि सुख रासि रस अलंकार इक लाख लख।
फुलेल तेल मन बीसही एक निसा सारीक रख॥23॥

दोहा

मृगमद तोल पचीस है, तोल घनसार पचीस।
नख केहरि बिचपंन अर, अगर अतर चकीस॥24॥
मंजन उजल गुलाब जल, धूप अगर बासंत।
निति मंजन पदमनि करै, पंच सहस लासंत॥25॥

कवित्त

वसन मोल दह सहस लक्ख दस जवहर अग्गह।
इक तोलौ अहि इक सहस तोले दस अतर सु लग्गह॥
मुकताहल लख हार लसहिं कंचुकि एक लक्खं।
लक्ख लक्ख त्राटंक सीस फुल्लहि बी लक्खं॥
मघवान पान कंचन तबक मौहर नित तंबोल ही।
राचंति धरनि पैं धरत रत हंस गती जुति सकति सही॥26॥
तजी रवनि सब और राज पदमावति रंतौ।
महा मोह बसि भयौ रहै निसदिन मैं मंतौ॥
जल पीवन को नैम बिना देखै पदमावति।
तेज इंद कुसमहि सुवास रहै जैसी विधि रावति॥
एक दिवस प्रातहि भए सिकार दमामा बग्गिऔ।

दोहा

बनसी तीरहि खेलतैं, त्रिखा बियापी तेम।
बिन देखैं पदमावती, जल पीवन को नेम॥28॥

कवित्त

तब राघव चित लाय चित्र पुतरी सँवारी।
त्रिपुरा की करि क्रिपा रूप पदमावति नारी॥
भेस भाव सब किया जंघ परि तिलवा भाया।
देख राय भयौ रोस देख मन मंझै आया॥
बिन रमैं समै पदमावती तिलवा क्यों करि जानिऐ।
मारूँ हिं विप्र काढ़ूँ नयर एह कुभाव चित आनिऐ॥29॥
राय पधारे दुरग विप्र कौं दिआ निकारा।

राघव तिसही समै बेस वैरागी धारा॥
भगवा वस्त्र सरीर नीर भरि लिआ कमंडल।
जंत्र बजावै जुगति जोग तत रहै अखंडल॥
दिलिहि आय प्रापति भयौ बसै उद्यान वनखंड सिर।
अलावदीन सुलतान तहाँ करहिं राज नरनाह नर॥30॥
साहि चढवि सीकार चढ़ी तोषार सगज्जं।
वागुरि खेद के दत्त स्वान चीते जुरवज्जं॥
सिकरा लगर सिंचान सीह गोसं फँद पावर।
मूल धराधर बंध मूल तरु मग्गह उप्पर॥
द्वै पुहर सात कहि अलावदी मृग नयनन न दिक्खए।
सुलतान रोस उमरान मझि खान सबै मुह बिलखए॥31॥
तक्कू तके हिरंन खबरि दिन्हीं तहाँ पावर।
सुनत सही हय हक्कि आइ तिहिं ठाम सितावर॥
सहस जीव इक जीव हलैं नहिं करहिं हलाए।
निकट आइ अधिरज्ज कज्ज इहि कौंन खुदाए॥
धरि जंत्र जिंद धारनि धरन सारंग रंग रत्तौ सरस।
सहसा बिहरत साहिब चित परम पुनि पूरन पुरस॥32॥

दोहा

निरिख साह चित चित्तयौ, यह कोउ रूप अलेख।
विरत दुनी वैराग रत, सुरति निरति ही एक॥33॥
पानी जोरि सुलतान तब, पाय थंभि द्रिढ प्रान।
भए निजरि परनाम किय, दीय असीस निधान॥34॥

गाहा

पुछै असुर नरेसो, इस तर कवन आएसं।
उचरि सिध आदेस, सिंघल दीप आमतं ममं॥35॥

दोहा

जंत्र मंत्र तंत्र राग जुत, चित्र विचत्र पुरान।
हिय रख कुरान रहसि, सुचित्त मित्र सुरतान॥36॥
कहै दिलीपति जोरि करि, पुर कीजि प्रवेस।
राज महल राजिन्द्र रहि, भगति जुगति सब भेस॥37॥

गाहा

इहि सुनि सिध उचरीयं, सम सींघ पंथ ए नाहीं।

वन वन मन विचरीयं, संचरीऐ भावीऐ तेहं ॥38 ॥
पाय लगि पतिसाह, करह वार विनवीयं।
करि जोगेन्द्र क्रिपाह, आसनं तथ आसनं रखि ॥39 ॥
एम जोगेन्द्र उचरीयं, सु संज केम सुरितान।
करकरं पवन सुसकरीयं, स्वयं भावयं जथं ॥40 ॥

दोहा

आजीजी अल्लावदी, किय सुलतान कवल्ल।
सोफी धर सुखपाल मझि, पधरायस्स महल्ल ॥41 ॥

गाहा

निज ग्रिह असुर नरिदं, अंतेवर अंतरं निधं।
जुगति भुगति जोगिन्दं, चितय चाहीऐ जथं ॥42 ॥

दोहा

दिन दिन प्रेम बढंत दिन, तिम तिम राग सुनंत।
सिध आसन सुलतान सम, रैयन दिन रहंत ॥43 ॥

कवित्त

इक्क दिवस न्रिप कोय सुसा जीवत ग्रिह लाया।
आप करह सरतान गोद उप्पर बैठाया॥
ता पर फेरै हत्थ अथं कोमल रोमावल।
अथ कोमल कछु कहौ राघव विध रावळ॥
हत्थ फेरि राघव कहै यातैं कोमल सहस गुण।
पदमिनी देह विप्र उचरैं पातिसाहि धरि कान सुण ॥44 ॥

दोहा

दोय सहस मुझ हरम है, महलौं देखौ जाय।
पदमावति के रूप रँग, राघव निरखि बताय ॥45 ॥

कवित्त

तब राघव उचरीय सही बैठे इक ठावहि।
तेल कुंड भरि धरहि आय दीदार दिखावहि॥
चलत निरख ही पाय धरनि रच्चैं गुन सच्चैं।
भमर भमत गुंजंत बास तन पदमहि अच्चैं॥
गति हंस चंद वदनी चतुर सुगंध आहार उदार मन।
आधीन राग सिंगार रस भोग अलप प्रीतम जतन ॥46 ॥
पातसाहि साहाबदीन सिर हौद तखत किअ।

गौख हरम झंखहि उझकि बैठि राघव ढिग देखिअ॥
प्रात हुतै तिय पहर चित्त धरि सब प्रतिबिम्बं।
सीस धुन्नि सुलतान फेर पुच्छैं दुज ही तब॥
कर जोरि ताम बिप्र ऊचरै हिक हिय बात भगीत मनी।
चित्रनी हस्तनि संखनि सब नहीं साह घर पदमिनी॥47॥

गाहा

सै पूछै सुलतानं, बे राघव पदमनि कथं।
दरिया पार दीपानं, चहुवान सींघलं रायं॥48॥
दीय तैवार दमामं, तमाम सज्जि गज तुरी सुभटं।
ऊठि चन्द्र अमामं, हल कुंच सींघल ऊपरं॥49॥
लिय चतुरंग सुलक्ख, दर दर कुंच कुंभय दख्यं।
पौहते सताब स सबं, उदधी तीर अलावदी॥50॥
अखौ उदधि अपारं, दखो मीर सुख अरु दुखं।
दुखं जनारदारं, पुकारं का जललं॥51॥
सहसर कोस समंदं, लग अग बीच जल मधं।
जल जेहाज सबंधं, पीरान दोजिग जितं॥52॥

दोहा

फिरि पूछय सुलतान दुज, बुधी करौ कछु और।
रतनसेन खुम्मान कै, पदमनि गढ़ चीतौर॥53॥

भुंजगी

सुनत विप्र के बैन उर सही रज्जे। सबै पीर मीरं करं मुच्छ सज्जे।
किते उज्जबक्कं करं हक्क गज्जं। भई पैर घोरं स नीसान बज्जं॥54॥
किऐ कुंच पीछौ तिही बेर साहं। भयौ हुक्म गोही सु चीतोर राहं॥
तबै ही बहीरं लगी पंथ तत्ती। मनौं सीह नद्दं चली ह्वैं उमत्ती॥55॥
गुराबं चले गुंजते गुग्घ घट्टं। उपाडंत भारं पहाडंत पीठं॥
चल्यौ अति हिं आराबा जूह चोजं। चले बान जंबूर हथनाल होजं॥56॥
करी च्यार हज्जार चले मेघ कंती। घटा कज्जलं उज्जलं बुग्ग दंती।
झरे डाण तल डाण मचे जोर कादौ। गजै घोर गहरी रजैं मास भादौं॥57॥
चमक्कै गजं बाग बीजू चरित्तं। सदं बीर घंटा सदा दुर्निसत्तं।
मुगल्लं ममोलं दिपै लाल मोहं। चले बंध गजगाह करै दीन सोहं॥58॥
पठानं पनीं गख्खरं रोह सेखं। रुमी रोहिलं खोखरं बिलोच रेखं॥
धोरी काकसी सिंध उजबक बिलोचं। सज्जे तुरान कुरान सच्चं॥59॥

हयं पक्खरं सुद्ध ऐराक जाती। प्रबं जेत रंग बरंनै प्रभाती।
करैं टोप संनाह जमराह कंधं। सँकै नाहिं जुद्धं रचे रार बंधं॥60॥
बनी पंच फोजं हयं गज्ज थट्टं। खरे कुंच दर कुंच सिरं मेदपट्टं॥
अनी बंध लक्खं बनी मीर बंकं। परं सीस बेधं तबल्लं निसंकं॥61॥
तबैहू सुनी बात चीतौर नाथं। जुधं काज सुल्तान सज्जाय साथं॥
तबै ऊचर्‌यौ बैन रत्नं खुमानं। सुनंतं हमीरं करं मुच्छ पानं॥62॥
करौ जुद्ध सुलतान सौ चाकबंधं। अवैधूत रायं विरद्दं सकंधं॥
हुकम्मं कियौ दूत बेगै पठावौ। हयं पखखरं सज्जि उम्मराव आवौ॥63॥
फटी ठाम ठामं चिढी देस देसं। सकोटा सोइ सोपरं चंद चंदरेसं॥
रिनंथंभ नरवर नागौर खोहं। नागरचाल अजमेर मुरधर मिलाहं॥64॥
दुरंगं स जालौर आबू दुरग्गं। लोहाना गढं सुध ईडर अभंगं॥
पुर वीर पावा चंपानेर पट्टी। धरा धार आवं प बावंन बिकटी॥65॥
मडि मांडिलं बधनोरं मदारं। बासौट गोढाण सेरौ नलारं॥
बागड्डु छप्पन मेवल्ल मुडं। मेवार पठ्ठार झुंझार थडं॥66॥
इते नरपती गजपती असी सहसं। मिले आनि चित्तौर रावळ परस्सं॥
लगे पाय खुमान के थंभ लाजं। जिन्के भुजा भारं हिंदवान साजं॥67॥
जबै ऊचर्‌यौ बंकटं बधनोरं। बँटौ कोट बुर्जं सजौ सब्ब ठौरं॥
रुप्यौ रामपौलं बद्धनोर रावं। वंकट्ट बीरम्म कनक्कं सजावं॥68॥
हयं द्वै सहस्सं पायकं दस्स एकं। रिनं भंजनं संकरं बद्दनेकं॥
बुर्ज बाहु मोरी समंडिल्ल रायं। हयं सहस्स मेकं सचो पण्णि छायं॥69॥
बुर्ज दहनी मानं आवध संध्या। भटं पंच सहसं गज गाह बंध्या॥
लखोटा थट्यौ हुड मउनाथ मोलं। भई बीस हज्जार भुजा भार झालं॥70॥
मंड्यौ आमलीचोर चंदेल माधू। बावन पतिसाह स बीस आधू॥
वरं बीर बारोरिया बक्र घट्टी। धनी बागरं द्वादसं सैस कट्टी॥71॥
चितौरी मंड्यौ चावरा राव चंदं। इकतीस हजारं सजे सुरिन्दं॥
बुरज्जं बुरज्जं सजे बीर सब्बं। इकं लक्ख धानंख गढं वीटिं तब्बं॥72॥
अनी बंध च्यारं रती दीय दिन्नं। उतरि गढ जुरि मीर करी छिन्न भिन्नं।
सहसं असी एक चित्तं सवाहं। भयं प्रात स्यामं अधं रैन माहं॥73॥
मंडे मंत ऐसौ करे गढ ढोआ। सुर्तान तरहटि मूकाम हूआ॥
संमतं बारसैं उग्नीसा बरस्सं।............................... ॥74॥
बिरद्दं धरै कंध हिंदवान बंकं। करं सूर संनाह नरं नाह हक्कं॥
रतै आनि सुल्तान हयं छडि ठड्ढौ। उतरि द्रुग्ग आभंग भयं जागि गड्ढौ॥75॥

भई मूंह मूहं मची मार मारं। हिचे मीर वीरं बजी खग्ग धारं॥
टुटै कंध संधं छुटै डाडरारं। कटै मुंड जुडं फुटै सेल पारं॥76॥
झड़ैं औझड़ैं त्रिझड़ै मारि झट्टं। खरंडं खंजरं पंजरं बूड कट्टं॥
कटारी निनारी दुसारी निकस्सै। तिवारी उटारी उजारी बकस्सै॥17॥
रतै रैण रच्चं पलं कीच मच्चं। नदी सोन पूरं चली कैं विरच्चं॥
भसुंडं तिरं बाज गजं मच्छ कच्छं। तिरै खोपरी केस सेवाल अच्छं॥78॥
घरी च्यार लौं धार झरी मीर सीसं। मुरं कोस लोथं परी सैस बीसं।
सुभट्टं छ सैसं कटै चीतौरनाथं। मुच्यौ सेन सुर्तान तूरान साथं॥79॥
असुरे चदर दीन अल्लावदीनं। सतं कोस गढ छंडि मूकाम कीनं॥
बजी द्रुंग में नौबती घोर नद्दं। गजी गैंन रैनं मनौ मेघ भद्दं॥80॥
इहिं भाँति दिन रात भए जुद्ध जाई। वर्ष द्वादसं साहि परिग्धै तुराई॥
लगै नाहिं जोरं कहूँ द्रुग ठौरं। तबै की मतं साहि कीन्हीं सु औरं॥81॥
चली सीध ह्वै गुप्त लै साथि चेला। थप्यौ मंत मीरं अहं दुग्ग भेला॥
जटा बंधि मुग्टं महा रिद्ध धारी। मिल्यौ नाइकं जाई पोठं मँझारी॥82॥
कियं आसनं बीच ठग बंध भेसं। लग्यौ पाइ नाइक दियं उप्पदेसं॥
कहै नाइकं आगता सीध कत्थं। आसन मनिक्रन्न कासीस तत्थं॥83॥
भयौ पूर मोहत्त नाइक्क नेहं। निसा अंध दुर्गं चढ़े निज्ज ग्रेहं॥
रह्यौ सीध आश्रम्म किए भीम लत्तं। कही नाइकं रावळं आग बत्तं॥84॥
सुनी बात खुम्मान तुर्तं स आए। भई दीप जोती लगी सींध पाए॥
निर्ख रूप गोरक्ख दत्तं भरत्थं। भयौ मोह खुम्मान सिद्धान कत्थं॥85॥
दई एक लालं अमोलं अवल्लं। सबै पासवानं चितं मंन चल्लं॥
रह्यौ मास तीनी भयौ हेत सब्बै। कह्यौ मद्धि दोपैर चले हम्म अब्बै॥86॥
सुनंतं पर्यो पाइ नरइंद्र पालं। मिल्यौ आइ सीताब चित्तं विचालं॥
दए पंच ल्हास नखित्री पंच उच्चं। दसं मानिकं नंग बीसं समच्चं॥87॥
करी बात ललचात लिए पौरि वारं। गही बाँह खैरात आए हजारं॥
भयौ सोर सारा ब कूहं पुकारं। कपट साहि कीन्हौं गयौ छत्रधारं॥88॥

सोरठा

गह्यौ पौरि जरि लोक, सोर सकल गढ में भयौ।
राजा ले गए रोक, कपट कियौ सुलतान नैं॥89॥

कवित्त

तबहि आप सुरतान गरबि असुरान गरज्जिअ।
दीन दीन उचरब्बि अफरि नीसान सु बज्जिअ॥

पय संकर गर तोष हत्थ करींय हत्थ जरि।
कलमा करै निवाज बंग धारीय पास धरि॥
सुरहीय पंच आगैं निजरि प्रात कसाई बद्ध करि।
हैमर गुराब कट्टैअगैं उजबक्क रषि हज्जार चर॥90॥

गाहा

इहिं बिधि रहैं खुमान, घेरानं आसुरं जुथं।
जल मीन अकुलानं, जका न वासरं निसा तथि॥91॥
रत्न कुमार करंन, मतानं मतानं मंडीयं सुभटं।
बंस छतीस पुछि षट ब्रनं, अंग बयन आप उचरीयं॥92॥
जंग कर चैगानं, खुम्मानं बंध सुरतानं।
छल बल मंत छिपानं, घन्त एकौं न हाथ पिल चंपं॥93॥

कवित्त

गोरवे गौर ऊचर्यो द्रुग्ग अजमेर नरिन्दं।
निसा जुद्ध कीजिऐ सघन अरि करै निकन्दं॥
रुंड मुंड तुठि तुंड विहंडि भसुंड भभक्कै।
छुटि डार ढढर विहार घट्ट घुम्मै धर धुक्कै॥
खुम्मान आनि सुलतान भंजि साम काम सिधह करै।
चित्रंगनाथ हत्थह अपँच चमर छत्र सिर ऊधरै॥94॥

दोहा

जम्पै धंधेर्या जिगन, बुधि इह जुद्ध विचार।
अपन जुटैं सुरतान दल, हतन करै सिरदार॥95॥
सोचि मंत थप्पौ सबै, जप्पै यौं जगनेस।
करौ उपाइ सिताब कोइ, लेइ छुड़ाइ नरेस॥96॥
पना अहाड़ा उचरि वयन, बँध वर वयन सु मान।
देह सींघल की कामिनी, लेह छुड़ाय खुमान॥97॥
दाइ आव सब मंत इहि, केही मान महीप।
कौंन जाति काकी कुँवरि, कितके सिंघल दीप॥98॥
थप्पि मंत रजपूत मिलि, पुच्छैं पाट कुआर।
लेह छुड़ाइ नरेस कौं, देह पदमिनी नार॥99॥
सुनत मत्त सब सत्थ कौ, आवै घात न एक।
कहै कुँवर ज्यौं त्यौं करौ, लेह देह तजि टेक॥100॥
फूटि मंत बत्तह फजर, सिंघल की सुनि कान।

लंघन लंघन किय पकरि, दैं पदमिनी सुलतान॥101॥

कवित्त

सुनि पदमावति तबै घात एकौं नहिं सुज्झै।
चढवि आइ चकडोल मग्ग बद्दल ग्रिह बुज्झै॥
चैगानह खलत हत्था कंकर चहुआनं।
वीर वीर उचरंति मिले बद्दल दिए पानं॥
गढ़ महिं मत थप्यौ भटनि साहि पदमनि दीजिऐं।
अवर मंत घत्तह नहीं यौं खुमान ग्रिह लीजिऐं॥102॥
तुम संभरिहै नरेस बिरद साधार सरंनं।
मैं जीहा कहि बंध बंध सींघल्ल धरंनं॥
तुमहि बिरद नर नाह कंठ गजगाह सदाई।
इहैं चित्त पदमिनी सरन बद्दल तो आई॥
कर मुछ घालि भोगल धनी इम बद्दल बलि उचरियं।
मम कपि जीय आनंद करि लेह खुमान रखें सुचियं॥103॥

दोहा

सुनत स्रवन बद्दल वयन, मन आनंदिय नारि।
दीय असीस पाछी फिरी, तुव जैत बंध तरवारि॥104॥
सुनिय बात बद्दल्ल की, भयौ मात अंदोह।
अबही थान बिछोह भो, छल जानत नह लोह॥105॥

कवित्त

कोप किऔ सुलतान खान नहिं पान न भावै।
ला इतबार जनोइदार पदमिनी दिखलावै॥
पढि कतेब करि दुवा खोदबंधं विनती कर।
सींघल दीप समन्द्र पार पदमिनी घर घर॥
होसी हुस्यार हुनर सबै एक आध पावै जहन।
देख समँद संके सबै अब खुदाय बुड्ढे कवन॥106॥
लख दस लहै पलिंग सौर पनि तीय लक्ख लहि।
गिलीसुरी लख पंच और गिंदवान मोल लहि॥
ता उप्पर दुप्पटी लक्ख पच्चासक लीन्ही।
मनि मानिक बहु रतनि फेरि पट उप्परि दीन्ही॥
विलसंत बसि हुव हमीर सुव दिल्ल बचन इहि रस रवनि।
पदमिनी नारि म्रिघलोयनी रतनसेन सेझहि रवनि॥107॥

बद्दल कहि इम मुच्छ गहि मो जीवत राय बंदी न रहै।
करी पैज बुल्लयौ काल्हि मेछाइन गंजौं।
सघन सहर पय पेलि सात सरपति ही रज्जौं॥
रतनसेन संकै हि आनि गड्ढवि देहू छत्र सिर।
जो तन खुरखुदीऐ बसै गिगन ज मुतन वर॥
लुरत प्रान पंजह गिरत तद्दिन साहि गढ सन्य है।
बद्दल कहि इम मुच्छ गहि मो जीवत राय बंदी न रहै॥108॥
भरि नीर नैन जम्पै हि जननि सुत बिन पुत नर अंध कुल॥
अरे बीर बादल्लि तुच्छव ज अहु सरीर है।
मोहि पिआरौ तोहि पुत्र सो परि न बीर है॥
तबहि बढत सब दिसा अंध जुग की मन सुझ है।
एक खंभ धौलहर धाइ काइ की मन सुझ है॥
गजदंत कठिन कोमल कुँअर किंम सहौ सुरतान दल।
भरि नीर नैन जम्पै हि जननि सुत बिन पुत्त नर अंध कुल॥109॥
कहै बीर बादल्ल माय जिन करौ मोह मन।
तोहि कलंक जो लगै रान छंडिव भंगुर तन॥
सिँघन सूर सामंत विषम वीर रते महा भर।
रतनसेन खयारनको को अंगवै साह दल॥
जुग मोटी रानी पदमावती बितीय मोह तीको सरन।
के जीव राव ऊवेल करि नतरि माय मठौ मरन॥110॥
सेझ सकोमल कन्त कुसम करि कुंत पयापहु।
दसन पहोवर अधर दसलं तंन कंपहु॥
नख सिख देत सरीर भंग भय भामिनी भीतहि।
रोमावलि तन खिसै अंग त दिन लागै तहि॥
अकुलंत कंत बपत करहि सुहरन सुर लागंत घर।
बदल नारि इमि उच्चरहि किंम सहै सुरतान दल॥111॥

कूँडल्या

खग्ग बिहंडी साह दल हय हसती मैंमंत।
भामनि भौंह न भंजिहौ भंजि उखारह गज दंत॥
लक्ख खग्गनि खेरि लक्ख बरगनी एकलौ।
जो पोहम न पाइहौ तौ नाम बदल बदलौ॥
सजि सनाह रंगन पकरि करिस सुराहा लक्खरि।

ससि बदनी संग्राम सुम्हरि खग्ग विहर्रि बिडारि ॥112 ॥

कवित्त

वर तरुनी कह बदल सुनि सो हम अहिबात न मिट्जै।
नव तरुणी नव नेह अंगाह नव रंगीय।
हसी लाज उच्चरै बदन जोवंत कुरंगीय॥
जो परनी लहै न सास मुकै त कमला तनि।
अगनित सेन सयंम साम संग्राम करहि जनि॥
मोह छंडि राव गँज न तन भव रंगन सुख बंछजै ॥113 ॥
को काइर कैं जियौ कौन काल पहीं छुट्टौ।
कौन भग्गि ऊबर्यौ आव दिन है दिन तुट्टै॥
बहु न जियौ रावन्न अमी जिहिं कंठ सुनिज्जै।
मो भागैं नर अरि हँसैं सुभटि सू लज्जै॥
अहिबात अचल जिन तिन घरनि साम काम झूझत अनी।
बादल बीर इम ऊचरै जीवत राउ भूगल धनी॥114 ॥
भगिहि न कंत जब रिन भिरत तबरि मुहि चढै र उपनौ।
सीलहि सेल पकरंत बसहि जिन खग्ग खनंकही।
अंग संगि फूटंत फिरि नेजा होम ग्रह बंकही।
सह थीभा भलि तरवारि गज बग्गही जह हटकहि।
पाय परह दल पेलि साम बंधन इम कट्टहि॥
बदल नारि इम ऊचरै बोल प्रमान मोह अप्पनौ॥115 ॥
चहुवान पक्ख सुरतान दल संकि काण पाछौ सरौं।
तेग करवत न काटिऐ जो महेस मत्थै धरौं॥
करवत कर कट्टिय खग्ग जो खेत समारै।
नयनंत अंध नरिधय चित्त पर तीय निहारै॥
सरवनित सनी सरीर जह जस कीत न सुनी।
जो हीयाइत किन जरौ अंमृत बचन न में भीजई॥116 ॥

दोहा

धंनि पराक्रम पुरख पति, पतनी हाम पुराम।
छैह गंठि छंडि नह बंधि, करौ सिद्ध जुध काम॥117 ॥

कवित्त

रहो निसंक बद्दल कहै पदमिनि कंत ज मिल्लयो।
गढ हा होतै बदिल उत्ततरि बोल छल।

भट न सहौ सुरतान जाइ हक्कौ भुवह बल॥
सजि गयंद मद गंध स्वामि नैं करौ उवेलौ।
धरि न लभजै सरल सत्थ तुरकान सलेलौ॥
इम कहै माइ आनन्द भय पुत परदल झल्लयौ।
रहो निसंक बद्दल कहै पदमिनी कंत ज मिल्लयो॥118॥
सुनी खबरि गोरिल्ल काक काँ काँ हक्कार्‌यो।
मुखहै दुध गंधात बात उचरत बक्कार्‌यो॥
काम काम सध्धान हाम दक्खै जग हासं।
बिकट सुभट रट पलट भ्रकुट अंचै साबासं।
नह धरै सेस धर भर फुनिन पिप्पली कंधह प्रबल।
पद निसा ऊचगा थंभ बेह गति मग जं मानिक्क कुल॥119॥
कक्क बचन सुनि कान धक्क लग्गी उर मज्झं।
तबहि मंगि हथ चढ्यौ अरुन प्राची दिस रज्जं॥
भरि दीवान खुमान प्रबल परमान समानं।
पाट कुँअर समलान आन कीन्ही चहुँवानं॥
उचर्यो बचन बैठंत ही सुनौ मतौ मो कीजिऐ।
पदमिनी रहै द्‌रुग दंड बिन साम छुडाय स लीजिऐ॥120॥
भलो भलौ बद्दल्ल थप्यौ कंधह सब अक्खै।
राय पिता धनि तुज्झ लज्ज अजहूँ तूँ रक्खै॥
तूँ बिन कुन अंगवै उदधि दल साह अपारं।
आभ गिरत तुव थम्भ खंभ खेसन खंधारं॥
हिंदवान सजस रख संभई हरी गज्ज जेही सपर।
जग रषि वत जम्पै ही जगत कटै तंत सोहि मंत कर॥121॥
बद्दल बोलै ताम पंच सैं डोला कीजै।
जिनमें बैठे दोइ च्यार के कंधै दीजै॥
जिनमें सब हथिआर अस्व कोतिल करि अग्गै।
कहै दैंह पदमिनी तुरक नेरे नहिं लग्गै॥
रचि कतार सुलतान ल्यौं जहाँ खुमान ल्यावै मिलन।
निज थान पहुँच नीसान बंबि तबहि बीर बिरचैं लरन॥122॥

दोहा

बद्दल मतौ उपाइयौ, सबकी आयौ दाय।
कहैं सबैं यह कीजिऔ, बोलैं सगरे राय॥123॥

कवित्त

तबहि समटि चकडोल तुरत चढि तुरी धसायौ।
नेजा ले करि हत्थ मेर दुरजन सिर बाह्यौ॥
जब नेजा टूटंत जबहि किरबान चलायौ।
जब टुट्टै किरबान तबहि तुम्ह गुरज अड़ाऔ॥
गुरज टुट्टि धरनी पड़ै कट्टारी सनमुख लड़ौ।
बादल कह रे राय हो साम काम एतौ करौ॥124॥
बादल तिसही बेर पाय लग्यौ सुलतानं।
देखि नयन कै खुसी खबरि पुच्छी खुम्मानं॥
क्या मत्ता मत्तान झुज्झ कंधै किन झल्या।
सुनी बयन संभरी बीर मीठा सा बोल्या॥
आलमपनाह किन समद थग कवन मेर हत्थौं धरै।
तप बखत बुधी अलावदी जुद्ध कवन करि ऊबरै॥125॥

दोहा

थप्पि मंत एकंत भट, हौं बसीठ खुंमान।
दए सीख दैं पदमिनी, सहत सलाबत आन॥126॥

कवित्त

खूब खूब बादल्ल पीठ जवनपति थप्पी।
करि जट्टित कट्टार माल मुकताहल अप्पी॥
मुनसब सपत हजार कोटि हिंसार उतन्नं।
करि सलाम सुत राय खुसी मुख कपट स मन्नं॥
सोंपत जुगति पदमावती अद्ध सहस डोला चलैं।
इकरँग सहचरि सँग रहैं रूप अंग पदमिनी मिलैं॥127॥
हुकम्म साह करि संच द्रुग्ग चढ्यौ चहुवानं।
रोम रोम उलसंत मंत अंतह जोधानं॥
तुरत बुलाय सुतार धार डोले समराए।
तिन प्रमल के गलेप ऊपरै पहराए॥
कंचन जरत कलस्स जानि रवि किरन प्रकासै।
समन मिरग घनसार गुंज भमर हि तह बासै॥
दासी स पास जझुहर अँबर इन्द्र परिचत्त पुत्तरी।
दस दिसह आनि भोमद्धि सुदि जुद्ध बुद्ध अंतर धरी॥128॥
मधि डोलय पदमिनी मान चंदेल बावन पति।
सत च्यार सुभट हथ हलठी............. ॥

चर्मखगत अंग डोल भोज मउनाथ हुड हजार सुभट्टं।
बंधि कोर दोइ बगल साहि लग बंधे थट्टं।
डोडिआ जैत तेजल सुतन पीठ गोरल बंधे अनी।
इक धार बंधि गढ ऊतरे दिखी मीर आए पदमिनी ॥129॥
चित्त धरै चकडोल करैं सब मीर गरज्जं।
चबुद बरस्सह चढे कीन साहिब सद कज्जं॥
करतार मिलि छाती धरे बार बार दढि पानं।
बादल एतैं सलाम जाइ किन्नी सुलतानं॥
खुम्मान सीख सुबिहान दैं खिनि पदमिनी मिलि बीछरैं।
द्रिग निरखि बात कहि सुनैं कछु पछै चैडोल ऊतरैं॥130॥
मानि बदल की अरज सीख दिन्हीं खुम्मानं।
चैडोलाना मद्धि तुरत कट्टे बंधानं॥
हत्थौं हत्थ समत्थ द्रुग्ग पहुँचै दिस्सानं।
करैं सलाम सुभट्ट सुद्ध बज्यौ नीसानं॥
सुनि घोष नद्द इकचक्क हुव उतरि डोल ऊठे बिरचि।
पदमिनी ठौर पति सूँ मिलीय मेछा हिन्दु बहु जुद्ध मचि॥131॥

सोरठा

रही पदमिनी ठौर, औरैं की औरैं भई।
साह कटक परि सोर, रतन आइ रजपूत रटि॥132॥

छन्द भुजंगी

भई कूह कूहं, मची मार मारं। मिले चक्र एकं बजी खग्ग धारं॥
बहैं किर्रमालं सुचालं सभेदं। मनौ सुभ्भ रारं करवत्त छेदं॥133॥
भए सेल भेलं उझेलं हडूडं। मनौं फागणं खेल मंड्यौ भडूडं॥
बहैं मुट्ठि गुल्लाल काजं कटारी। पड़ैं रत्त चालं मनौं पिच्चकारी॥134॥
कटै कंध संधं धडंगं निनारं। झड़ै डाल डडरं तुटै मुंड तारं॥
फटै चाचरं चोपरं रत्त चल्लै। रतं मास माघं पलासं सु फुल्लै॥135॥
बहै खंजरं पंजरं पार फुट्टै। मनौं जोति हल्लाल खरकी सु खुट्टै॥
गुपत्ति कती लट्ठ बाहंत गेड़ी। मनौं जट्टणी थट्टहो ल्यौ कबेड़ी॥136॥
भभक्कैं हबक्कैं घुटक्कै सघावं। झड़क्कै डलक्कै मधूके मिनावं॥
मरे मीर केते लुटैं खेत मज्झं। मनौं मीन तपंत रेतं स बज्जं॥137॥
परे रुंड मुंडं भसुंडं निनारं। मनो भील बलरं करै कंठ सारं॥
फिरै गज्ज है रज्ज खेतं बिचालं। दवं वंन लग्गै पसुं बन्न हालं॥138॥

परे अट्ठ हज्जार मीरे अमानं। तजी धौंम ममं भज्यौं सुल्लतानं॥
किते मीर बानैत बंधै तबल्लं। जिनैं पाव मंडे नहीं एक पल्लं॥139॥
किते उज्जबक्कं कलंके करारे। जिनैं हारि मानी तिनं मुक्ख धारे॥
पठानं जवानं महाजुद्ध पूरे। तजे आवधं मुक्ख दस थान मोरे॥140॥
भई जैत खुंमान सुलतान भज्यौ। घुमरि घोर आषाढ़ नीसान बज्यौ॥
परी पंच कोसं हिन्दु मेछ लोथं। किते दुंदभी आतसं चढ्ढि हत्थं॥ 141॥
किते नाग हय खाग नर रत्थ रत्थं। किते आवधं अराबं गिन्ती न तत्थं॥
लए छत्र नीसान सुल्तान बानैं। गजं तोल मुर्तब्ब माही जगाह थानैं॥142॥
फिर्‌यो बीर बादल्ल करी स्याम एते। नरं नाह सच्चै विरद्दं उपेते॥
धरे मुच्छ हत्थं लगे सीस अभ्भं। रनं भंजनं......भयौ जैत खंभं॥143॥
सदा भंजने राइ संकर पयारं। भंजनं सब्बलं निब्ल सर्नं सधारं॥
रह्यौ एक जामं दिनं पच्छ अद्धं। हयं छडि हिन्दू सबै खेत सुद्धं॥144॥
पर्‌यो मान चंदेल बावन्न नाथं। कटे चार बीसी हटे नाहि हाथं॥
परे हुड बित रुंडं सयं पंच साथं। पर्‌यो भोज लरि चोज पाथं समाथं॥145॥
गिरे गौर करि चैर मीरं समत्थं। चलैं चावरा वाँहि पम्मार पत्थं॥
परे सैंगरी देवरा मल्ह रासं। परे तौवरं बार रं मोरी रणासं॥146॥
परे बंकटं टाँक बोड़ा बिरूरं। परे जादवं कादवं रत्त पूरं॥
गिर्‌यो गोरलं कोरलं संभरेसं। भिर्‌यो भोगलं राइ असुरं असेसं॥147॥
गिर्‌यो डोडियौ होडिआ बंध हठ्ठं। गढं गिर्रनारं जिनं लाज कंठं॥
हिचे जुद्ध हाला दु झाला दुरत्तं। भिरे भट्टिया भुट्टनेरी अरत्तं॥148॥
छलं चित्रकोट खलं करि चूरं। परे सेन हिन्दू सैस पंच पूरं॥
अवल्लं कवल्लं तुटे सैंस तेरं। परी लुत्थ परि लुत्थ अठ कोस फेरं॥149॥
चरं स्रोन पल्लं चँडी चपरि तृप्तं। जपै जोगिणी जैत ऊंमत्त मत्तं॥
खिलै खेचरं भूचरं खेतपालं। नचैं नारदं सारदं बज्जि तालं॥150॥
बरैं अच्छरी सूर अर हूर रत्तै। हरं रुंडमालं खुरपाल उमत्तै॥
देख्यौ देव कौतूहलं एक ऐसो। सुन्यौ वीर बेताल निरख्यौ अनेसौ॥151॥
दए वीर आसीस पच्चास दोयं। जपे चैसठी जैत खंमान होयं॥
कै त्रिप्ति पसु पंखी दिल अक्खि अज्जै। सदा जैत नीसान चित्तौर बज्जै॥152॥
धरैं छत्र सीसं तपै रैन राजं। जिनं कंध हिंदवान की रज्ज लाजं॥
सिवं लक्खमी बरं जेम रज्जै। रत्नसेन पद्मावती संग छज्जै॥153॥

कवित्त

भई जैत खुम्मान भज्यौ सुलतान अलादी।

भुज बद्दल चहुँवान रहे हिंदवान सम्बंदी॥
एकादसि हरि मीर बीर गखड़ा उजबक्कं।
दोय पौहर दिन दोय बिरचि बग्गी खग झक्कं॥
छिनि भिन सरीर है राय सुत पर्‌यो खेत भोगल धनिय।
चित्रंग राव सिर छत्र चमर राण रतन अरु पदमनिय॥154॥
गोरौ रावत जुझ्यौ रनह हय हय आकासय।
भलै सु भिलयौ खग्ग मुरिखग झरप्यौ॥
खग घायन छुरांत जबै छुरी अंगर लरप्यौ।
छुरी अगर झरि परिग सु तौ करि अग्गै करयौ॥
कर तुटैं धर धर्‌यौऊ सु तौ धर धरती गिरयो।
धर खुंद खुंद खुरतार हुव सब अच्छरनि उछंगि लयौ॥155॥

दोहा

कर कंकन महिंदी पलव, सेन निसा चहुवान।
निरत चरित्र विचत्रती, बिना पुरस परवान॥156॥

कुंडल्या

सिंघ जोनि तैं नीकर्‌यो, गय घड़ देखी ताहँ।
तलपताहि अघतह छुट्टौ सिंघ बचाह॥
छुट्टौ सिंघ बचाह मनहुँ कुंभाथल चढ्यौ।
सिंघ सुंदर सुभाव कंत बालम अन पढ्यौ॥
सिंघ सुंद्र सित भाव अंग बालम अनपढ्यौ।
चन्द्रानंन दिल बदिल बदन गज देखते धप्यौ॥
सींघनी सींघन तैं .... ॥157॥

कवित्त

दे माही मुरतबो तोब नौबत हज्जारी।
करीमाल सिरपाव कुँदन में जड़ित कटारी॥
रीझे साहि जिहान लेस आलोट नादगिर।
सींध सूर सकस्य कीतउत अरस किरंमर॥
संमत सोल तीहोतरै अच्चड़ करन अड़प्पिआ॥
सरद निस चंद सकताह रै पमंग पचास समप्पिया॥158॥

'पद्मिनीसमिओ' हिंदी कथा रूपांतर

जंबूद्वीप के नौ खंडों में से एक भारतखंड में चित्तौड़गढ़ है। चार चतुर भाट कुछ पाने की कामना से वहाँ के राजा के पास आए। उन्होंने राजा को आशीर्वाद और विभूति देकर उसकी सराहना की। राजा रत्नसेन के पूछने पर उन्होंने बताया कि वे सिंघलद्वीप से आए हैं। राजा के पूछने पर भाट ने बताया कि सिंघलद्वीप समुद्र के उस पार एक नगर है। वहाँ ऐरावत हाथी और पद्मिनी जाति की स्त्रियाँ होती हैं। राजा के पद्मिनी जाति की स्त्री की लक्षण पूछने पर भाट ने बताया कि स्त्रियाँ– पद्मिनी, चित्रिनी, हस्तिनी और शंखिनी चार प्रकार की होती हैं और पद्मिनी इनमें से सर्वोत्तम है। उसने बताया कि पद्मिनी पत्ते से भी पतली, पूर्णमासी के चंद्रमा की तरह प्रभावान होती है। उसकी भुजाएँ कमल नाल और गति हंस के समान होती है। उसकी लंबाई 108 अंगुल और पिंडलियाँ 27 अंगुल की होती हैं। उसके नेत्र मृग के समान, वचन कोयल जैसे मीठे, कमर सिंह के तरह पतली, होठ लाल और भौहें धनुष जैसी होती हैं। यह सुनते ही राजा के चित्त में पद्मिनी चढ़ गई। उसे लगने लगा कि पद्मिनी को देखे बिना जीवन व्यर्थ है। ऐसी स्थिति में ही एक योगी राजा के दरवाज़े पर आया। उसके आने से दरवाज़े पर धुँआ हुआ। धुँआ देखकर राजा दरवाज़े पर आया। उसने योगी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकटकर उसका आतिथ्य किया। राजा ने उसमें एक सिद्ध अनहद योगी के दर्शन किए। योगी ने संतुष्ट होकर राजा से कुछ माँगने के लिए कहा। राजा ने कहा कि उसको पद्मिनी स्त्री पत्नी के रूप में चाहिए। योगी ने कहा कि पद्मिनी स्त्री सिंघलद्वीप में है, इसलिए राजपाट छोड़कर उसे उसके लिए सिंघल द्वीप चलना चाहिए। राजा तैयार हो गया। योगी ने अपनी मृगछाला बिछाई और उस पर राजा को बिठाकर दोनों मंत्र बल से सिंघल द्वीप पहुँच गए। (01–10)

सिंघल द्वीप पहुँचकर योगी ने राजा को योगी का वेश धारण कर भिक्षा माँगने जाने के लिए कहा। राजा ने तद्नुसार शरीर पर विभूति लगाई, सिर पर जटा और गले में कंथा, सिंघी आदि धारणकर वह राजद्वार पर भिक्षा के लिए गया। वहाँ वह राजा की पुत्री को देखकर अचेत हो गया। पद्मिनी की सखी ने छींटे देकर राजा को जगाया। योगी के रूप में 32 लक्षणोंवाले आकर्षक पूर्ण पुरुष रत्नसेन को देखकर पद्मावती ने भिक्षा में अपना नवसर हार खोलकर दिया और मोतियों से भरा हुआ थाल उसके सम्मुख प्रस्तुत किया। योगी ने संतुष्ट होकर कहा कि– ''जो जिस योग्य होता है, उसको वैसी ही भिक्षा मिलती है।'' तभी योगी भी राजद्वार पर आ गया। उसको राजद्वार पर आया सुनकर सिंघल द्वीप का राजा अत्यंत प्रसन्न हुआ और उसने आकर योगी की चरण वंदना की। अंत:पुर की सभी रानियों, मित्रों, परिजनों और

दास-दासियों ने योगी के दर्शन कर उसके चरणों में अपना सिर नवाया। पद्मावती ने भी आकर योगी के चरणों में अपना सिर झुकाया। यह देखकर योगी ने उससे कहा कि उसकी मनोकामना पूर्ण होगी।

राजा ने योगी से कहा कि उसकी पुत्री अत्यंत सुखकारी है और वह 12 वर्ष की हो गई है, लेकिन अभी तक उसके योग्य कोई वर नहीं मिला है। योगी ने कहा वह उसकी पुत्री के लिए दुष्टों का संहार करने वाला चित्तौड़गढ़ नरेश खुम्माण रत्नसेन ले आया है, जिसके समान कोई दूसरा राजा नहीं है। योगी ने राजा से कहा कि वह पद्मावती का विवाह राजा से कर दे। सिंघल द्वीप के राजा ने योगी की आज्ञा को शिरोधार्य किया। उसने विवाह संपन्न करवाने के लिए लग्न-मुहूर्त निकलवाये गए, हाथी-घोड़ों का प्रबंध किया गया, बाजे बजने लगे और मंगलगीत गाए जाने लगे। रत्नसेन को नारियल भेंट किया गया। रत्नसेन को देखकर सभी कहने लगे कि यह चंद्र या कामदेव या सूर्य ही तो नहीं है। उसका अनुपम रूप देखकर स्त्रियाँ अभिभूत हो गईं। रत्नसेन योद्धा, दानवीर, विचारवान और काम कला में निपुण था। विवाह के लिए मंडप आदि सजाए गए। वर के मंडप में आने पर ब्राह्मणों ने वेद मंत्रोच्चारण किया, आरती उतारी गई और नवग्रह पूजन हुआ। वेद विधि के अनुसार पाणिग्रहण संस्कार पूरा हुआ। चाइल नरेश की पुत्री का पाणिग्रहण कर जैत्रसिंह का पुत्र रत्नसेन प्रसन्न हुआ। उसने चारण-भाटों को एक लाख पसाव की भेंट दी। राजा रत्नसेन रंगमहल में इंद्र के समान आनंद करने लगा। वह हास-विलास में व्यस्त हो गया। इस तरह आनंद करते हुए एक वर्ष व्यतीत हो गया, तो योगी ने उसे चित्तौड़ की स्मृति करवायी। राजा ने उसी दिन सिंघलपति से शीघ्र विदाई की अनुमति माँगी। सिघलनरेश ने पद्मावती-रत्नसेन को विदा लेने की अनुमति देकर अपार मणि-माणिक्य और मोती प्रदान किए और साथ में सेवक और राघवचेतन नामक एक ब्राह्मण दिया। योगी ने मृगछाला बिछाई और सभी उस पर बैठकर उड़ते हुए दो प्रहर में चित्तौड़ पहुँच गए। (11-20)

राजा की अनुपस्थिति से सभी योद्धा, जो संशय में थे, उसको देखकर प्रसन्न हुए। निशान बनने लगे। सभी ने राजा को न्योछावर भेंटकर और जुहार की। राजा ने कुलदेवी की पूजा की और अन्य सभी अपेक्षित कार्य किए। सभी ने पद्मगंधवाली पद्मिनी को अन्य जुगनू स्त्रियों के बीच चंद्रमा की तरह देखा। पद्मावती का महल गहरे समुद्र के बीच था, जो चंदन, आम, बिल्व, सेव आदि वृक्षों और लताओं से घिरा हुआ था। पद्मावती का महल अनुपम था- लगता था कि यह दूसरा कैलाश है। उसमें सोने के स्तम्भ थे और उन पर विविध प्रकार के चित्र बने हुए थे। इसमें लगा हुआ कालीन एक लाख और पलंग दो लाख का था। वहाँ के रत्नों का प्रकाश ऐसा

था, जैसे करोड़ों सूर्य निकल रहे हों। महल में कई दास-दासियाँ थीं। पद्मावती के आभूषण एक लाख के थे। रात्रि में महल में बीस मन सुगंधित तेल प्रयुक्त होता था। पच्चीस तोला कस्तूरी, बीस तोला केशर, चंदन, धूप, इत्र और गुलाब जल को पाँच हज़ार घड़ों के जल में मिलाकर तैयार किए गए जल में पद्मिनी स्नान करती थी। उसके वस्त्र दस हज़ार, जवाहारात दस लाख, दर्पण एक हज़ार, मोतियों का हार एक लाख, कंचुकी एक लाख, कान के आभूषण एक-एक लाख और शीशफूल दो लाख थे। उसके मगही पान पर लगने वाली सोने की तबक का मूल्य एक मोहर थी। हंस गति से चलने वाली पद्मावती धरती पर कामदेव की पत्नी रति की तरह थी। अपनी अन्य सभी पत्नियों को छोड़कर रत्नसेन पद्मावती के मोह में बंधकर रात-दिन उसके साथ विलासमग्न रहने लगा। उसने प्रण ले लिया कि वह पद्मावती का मुँह देखे बिना जल ग्रहण नहीं करेगा। भ्रमर जैसे गंध के अधीन होकर पुष्प में बंद हो जाता है, रत्नसेन की स्थिति भी ऐसी ही हो गई।

एक दिन सुबह शिकार पर जाने के लिए नगाड़ा बजा। रत्नसेन राघवचेतन को साथ लेकर घोड़े पर सवार हुआ और शिकार के लिए निकल पड़ा। बरछी और तीर से शिकार खेलते-खेलते उसे प्यास लगने लगी, पद्मिनी को देखे बिना पानी नहीं पीने के प्रण के कारण वह पानी नहीं पी सकता था। तब राघवचेतन ने मन को एकाग्र कर त्रिपुरासुंदरी ही कृपा से पद्मावती की उसके जैसे वेश, भाव आदि वाली मूर्ति बनाई। उसने मूर्ति की जंघा पर वैसा ही तिल भी बनाया, जैसा पद्मिनी की जंघा पर था। तिल देखकर रत्नसेन मन में क्रोधित हुआ। उसने विचार किया कि बिना पद्मावती के साथ रमण किए राघवचेतन को तिल की जानकारी कैसे हुई। उसने मन में तय किया कि इस ब्राह्मण को मार दूँ या यह अवध्य है, इसलिए देश निकाला दे दूँ। राजा ने दुर्ग में आकर राघवचेतन को देश निकाला दे दिया। राघवचेतन ने वैरागी वेश किया, भगवा धारण किया और कमंडल में जल भरकर तंत्री बजाने लगा। वह चित्तौड़ छोड़कर दिल्ली चला गया और वहाँ एक जंगल में रहने लगा, जहाँ उस समय अलाउद्दीन ख़लजी का शासन था। (21-30)

उलाउद्दीन एक दिन घोड़े पर चढ़कर गर्जना करता हुआ शिकार पर गया। उसने अपने साथ फंदे, तेज दौड़ने वाले कुत्ते, चीते, जर्राह, बाज आदि लिए। उसने तालाब के किनारे, जहाँ शिकार योग्य पशुओं का आवागमन था, पेड़ पर मचान बनाया। दो प्रहर प्रतीक्षा करने के बाद भी जब कोई मृग उधर नहीं आया, तो अलाउद्दीन नाराज़ हुआ, जिससे सभी ख़ानों के मुँह लटक गए। दूर देखने वाले ने ख़बर दी कि हिरण यहाँ नहीं, कहीं और हैं, तो सुल्तान तत्काल दौड़कर वहाँ पहुँचा। उसने देखा कि हज़ारों जीव बिना हिल-डुले एक व्यक्ति के संगीत में डूबे हुए हैं। सुल्तान ख़ुदा का यह

चमत्कार देखकर आश्चर्य में पड़ गया। वह शिकार छोड़कर उस पुण्य पुरुष के सम्मुख प्रस्तुत हुआ। उसने विचार किया कि वह ज़रूर कोई अनोखा वैरागी मनुष्य है। सुल्तान ने मजबूती से अपने दोनों पाँव रोपकर दोनों हाथों से राघवचेतन को प्रणाम किया। राघवचेतन ने उसे आशीर्वाद दिया। असुर नरेश के पूछने राघवचेतन ने बताया कि वह सिंघलद्वीप से आया है। राघवचेतन ने सुल्तान से कुरान को हृदय में धारण करने के लिए कहा। दिल्लीपति ने हाथ जोड़कर राघवचेतन से महल में चलकर भक्ति की युक्ति के साथ रहने का आग्रह किया। राघवचेतन ने कहा कि सिंह के समान सिद्ध भी वन में ही विहार करते हैं। सुल्तान आसन बिछाकर राघवचेतन के आसन के नीचे बैठ गया और उससे महल में चलने का आग्रह करने लगा। अंतत: राघवचेतन मान गया। सुल्तान ने उसके लिए सोने के कंबल को पालकी में बिछाया और वह उस पर बिठाकर उसको महलों में ले गया। (31-41)

राघव चेतन सुल्तान के महल और अंत:पुर में जहाँ चाहता, वहाँ आता-जाता था। दोनों में प्रेम बढ़ने लगा और दोनों का आसन भी रात-दिन एक ही जगह रहता। एक दिन कोई राजा के पास एक जीवित खरगोश लाया। सुल्तान ने उसको अपनी गोद में बिठाया और फिर उस पर हाथ फेरकर राघवचेतन से पूछा कि इसकी रोमावली से ज़्यादा और क्या कोमल है। राघवचेतन ने भी खरगोश पर हाथ फेरकर कहा कि इससे हज़ार गुणा कोमल पद्मिनी की देह है। उत्तर सुनकर सुल्तान ने राघवचेतन से कहा कि- ''मेरे हरम में दो हज़ार स्त्रियाँ हैं। उनका परीक्षण कर बताओ कि उनमें से किसमें पद्मिनी के लक्षण मौजूद हैं।'' राघवचेतन ने कहा कि- ''एक कुंड में तेल भरकर हम दोनों एक ही स्थान पर बैठेंगे। बारी-बारी से हरम की सभी स्त्रियाँ आएँगी और तेल के कुंड में अपना मुँह दिखाएँगी। मैं उनके पद्चिह्नों के गुणों से उनकी पहचान करूँगा। पद्मिनी स्त्री के पास भ्रमर गुंजार करते हैं, उसके शरीर से कमल गंध आती है, उसकी चाल हंस जैसी और मुख चंद्रमा के समान होता है, वह चतुर होती है और उसका आहार सुगंधित होता है। वह शृंगार का संगीत सुनती है और प्रियतम को सुखी करने के लिए यत्नशील रहती है।'' सुबह सुल्तान ने अपना आसन तेल के कुंड के पास लगाया। राघव वहाँ बैठकर गवाक्ष से हरम को देखता रहा। सुबह से तीसरे पहर तक उसने देखा और फिर अपना सिर धुनने लगा। बादशाह के पूछने पर उसने हाथ जोड़कर कहा कि- ''आपके घर में चित्रिणी, हंसिनी और शंखिनी स्त्रियाँ तो हैं, लेकिन पद्मिनी एक भी नहीं है।'' सुल्तान ने ब्राह्मण से पूछा कि फिर पद्मिनी कहाँ हैं, तो उसने उत्तर दिया कि पद्मिनी समुद्र पार सिंघल द्वीप में चौहान शासक के घर पर है। सुल्तान ने तत्काल नंगाड़े बजाए और हाथी, घोड़े और योद्धाओं को सजाकर सिंघल द्वीप की ओर प्रस्थान किया। एक लाख हाथी, घोड़े, रथ और

पैदल, चारों प्रकार की सेनाओं के साथ अलाउद्दीन समुद्र तट पर आ गया। अपार समुद्र को देखकर सुल्तान ने मीरों से उसके संबंध में पूछा। मीरों ने बताया कि समुद्र का पाट हज़ार कोस का है, उसमें ज्वार-भाटा आता रहता है, उसे जहाज़ से पार करना दोजख़ जीतने जितना मुश्किल है। मीरों की बात सुनकर सुल्तान ने राघवचेतन से कहा कि पद्मिनी पाने के लिए कोई और युक्ति बताओ, तो राघवचेतन ने बताया कि एक पद्मिनी चित्तौड़ के स्वामी खुम्माण रत्नसेन के यहाँ है। राघवचेतन की बात सुनकर सुल्तान ने निश्चय कर लिया। योद्धा- पीर, मीर और उजबेक मूँछों पर हाथ फेरकर गर्जना करने लगे। सुल्तान ने सेना को चित्तौड़ कूच करने का आदेश दे दिया। नगाड़े बजने लगे। ऊँटों का समूह पीठ पर तोपों को लादकर चला, युद्ध की आकांक्षा लिए सैनिकों की टुकड़ियाँ चलने लगीं और चार हज़ार हाथी मेघ घटाओं की तरह आगे बढ़े, जिनके अंकुश बिजली की तरह चमकते थे। कुरान में आस्था रखने वाले पठान, पंनीगर, गक्खर, रोह, शेख, रूमी, रोहिल, खोखर, बलोच, धोरी, काकसी, उजबेक, तुरानी आदि सजधज कर आगे बढ़ने लगे। इराकी घोड़ों पर झूलें डाली गईं। योद्धाओं ने सिर पर टोप और कवच धारण कर रखे थे। उनके कंधों पर तलवारें लटकी थीं और वे युद्ध के लिए उत्सुक थे। उनका लक्ष्य मेवाड़ था- वे पाँच भागों में विभक्त होकर चले। योद्धा मीरों के साथ एक लाख फ़ौज थी। (42-61)

चित्तौड़ के स्वामी रत्नसेन ने जब सुना कि सुल्तान ससैन्य युद्ध के लिए आ रहा है, तो उसने युद्ध के लिए तैयार रहने का संकेत दिया। हम्मीर योद्धाओं ने मूँछें मरोड़ीं। रत्नसेन ने कहा कि मेरे पर एकलिंगनाथ की कृपा है, इसलिए चाक-चौबंद होकर युद्ध करो। उसने सभी उमरावों का दूत भेजकर बुलवाया। सकोटा, शिवपुरी, चंदेरी, रणथंभोर, नरवर, नागौर, खोह, नागरचाल, अजमेर, मारवाड़, जालौर, आबू, लोहानगढ़, ईडर, पावा, चाँपानेर, धार, अवंतिका और विकटबावन को पत्र लिखे गए। इसी तरह मंडी, मांडल, बदनोर, मदारया, बासोट, गोढ़ाण, सेरानला, वागड़, छप्पन, मेवल, मुड़ और मेवाड़ी पठारी प्रदेश को योद्धाओं को सूचना दी गई। इन सभी देशों के राजाओं ने अस्सी हज़ार गजपतियों सहित चित्तौड़ के रावल को आकर जुहार की। जब सभी एकत्र हो गए, तो बदनोर के स्वामी ने कहा कि कोट व बुर्जों को बाँटकर मोर्चे संभाल लो। वह स्वयं रामपोल पर तैनात हो गया। उसने दो हज़ार घोड़ों और ग्यारह हज़ार पैदल सैनिकों को रामपोल पर तैनात किया। बायीं ओर की बुर्ज पर मांडल के मोरी राय ने मोर्चा सँभाला। दाहिनी ओर की बुर्ज पर मानसिंह हाथियों और योद्धाओं के साथ तैनात हुआ। लाखोटा बारी पर मऊ का राजा बीस हज़ार योद्धाओं के साथ जम गया। बावन क्षेत्र का चंदेल माधव आमलीचोर, वागड़ का स्वामी वारोटिया घाटी, चंद्र चावड़ा चित्तौड़ी पहाड़ी पर तैनात हो गए और एक लाख

धनुर्धारियों ने समस्त दुर्ग को घेर लिया। चार योद्धाओं ने दिन को टालकर रात्रि में गढ़ से नीचे उतरकर सुल्तान के मीरों पर धावा बोलकर उनको छिन्न-भिन्न कर दिया।

सुल्तान ने दुर्ग की तलहटी में आकर मुक़ाम किया और मंत्रणा करने लगा कि किसी तरह दुर्ग ध्वस्त हो जाए। यह संवत 1219 की बात है। यशस्वी क्षत्रीय वीरों ने कवचादि धारण कर सुल्तान को ललकारा, लेकिन वह अपने घोड़े से उतरकर खड़ा हो गया। योद्धा भयभीत हो गए और दुर्ग से नीचे आ गए। आमने-सामने युद्ध होने लगा। तलवारें बजने लगीं, कंधों के जोड़ टूट गए, वक्षस्थल फट गए, सिर टूटकर गिरने लगे और कइयों के शरीर में भाले आर-पार हो गए। तलवारों के प्रहार से आमाशय कट रहे थे। पैदल सैनिकों के छुरों के प्रभाव से शरीर कट कर गिरते थे और कटारियाँ आरपार निकल रही थीं। रक्त और मांस के मिट्टी में मिलने से कीचड़ हो गया है। खून की नदी बह निकली और उसमें हाथी-घोड़ों के शव मच्छ और कच्छ की तरह तैर रहे थे। मनुष्यों की खोपड़ियाँ शैवाल की तरह पानी की सतह पर तैर रही थीं। तलवारों की झड़ी लगने से मीरों की 30 हज़ार लाशें गिरीं और चित्तौड़नाथ के भी 6000 योद्धा काम आए। सुल्तान युद्ध छोड़कर घोड़े पर सवार हुआ। उसकी दशा राहु द्वारा ग्रस लिए गए चंद्रमा जैसी हो गई। उसने चित्तौड़ से 100 कोस दूर अपना डेरा डाला। दुर्ग में जीत की नौबत बजने लगी। इस प्रकार युद्ध होता रहा और उलाउद्दीन 12 वर्ष तक दुर्ग को घेरे रहा। जब उसका किसी भी तरह ज़ोर नहीं चला, तो उसने कुछ और उपाय स्थिर किया। उसने मीरों से मंत्रणा कर सिद्ध का रूप धारण किया और चेलों को साथ लेकर दुर्ग के द्वारपाल से मिला। इस तरह उसने ठग साधु वेशधारी के रूप में दुर्ग के पास अपना आसन जमा लिया। वह उपदेश देने लगा। द्वारपाल नायक के पूछने पर उसने बताया कि उसका आसन काशी के मणिकर्णिका घाट पर है। नायक उससे प्रभावित हुआ। उसने आधी रात को दुर्ग में जाकर रावल को इसकी सूचना दी। रत्नसेन यह सुनकर तत्काल वहाँ आया और दीपक के प्रकाश में सिद्ध के पाँवों में गिरा। रावल को उसमें गोरख, दत्तात्रेय और भर्तृहरि दिखने लगे। रावल उसके उपदेश सुनकर मोहित हो गया। रावल ने उसको मणि-माणिक्य और रत्न भेंट किए। सिद्ध तीन महीने तक वहीं रहा। सभी से उसका प्रेम हो गया। एक दिन दोपहर में सिद्ध ने कहा कि अब हम अपने आसन मणिकर्णिका जाएँगे। यह सुनकर रत्नसेन तत्काल आकर सिद्ध के पैरों में पड़ गया। उसने उसको मणि-माणिक्य और रत्न भेंट किए। बात करने के लालच में रत्नसेन सिद्ध के साथ दरवाज़े से बाहर तक आ गया। सुल्तान का संकेत पाकर हज़ारों सैनिक वहाँ आ गए और उन्होंने रत्नसेन को बंदी बना लिया। हल्ला मच गया और दुर्ग के द्वार बंद कर दिए गए। सुल्तान धोखे से बंदी बनाकर रत्नसेन को ले गया। सुल्तान ने गर्व

से अपने सैनिकों को नँगाड़े और शहनाई बजाने के लिए कहा। उसने कहा कि रावल के पैरों में साँकल, गले में फंदा और हाथों में हथकड़ी लगाओ, इसके सामने कलमा और नमाज़ पढ़ो और पाँच गायें काटो। साथ ही चार हज़ार उजबेक सैनिक इसके पास रखो। इस प्रकार खुम्माण रत्नसेन असुरों से घिरा हुआ रहने लगा, जैसे मछली बिना जल के रहती है। (61-91)

रत्नसेन के पुत्र कर्ण ने 36 वंशों के क्षत्रियों और छह वर्ण के लोगों की एक सभा आहूत की और उनसे आगे क्या करना है, इस संबंध में पूछा। उसने कहा कि ''छलबल से बंदी बनाकर सुल्तान ने साँप के बिल में हाथ डाला है और हमें खुले में युद्ध कर खुम्माण को छुड़ा लेना है।'' अजमेर के गौर नरेश ने कहा कि ''हमें रात्रि में युद्ध करना चाहिए, जिससे शक्तिशाली शत्रु को समाप्त किया जा सके। तलवार से उनके सिरों और धड़ों को काटकर सुल्तान को पराजित कर रत्नसेन को दुर्ग में ले आना चाहिए।'' धंधोरिया जगर ने कहा कि- ''यह विचार उचित है। उसने कहा कि सोच-विचार कर इसको कार्यान्वित करो।'' इतने में अहाड़ा पंना ने कहा कि- ''हमें सिंघल की पद्मिनी देकर खुम्माण नरेश को छुड़ा लेना चाहिए।'' उसका विचार सबको पसंद आया। मान राजा ने कहा कि- ''पद्मिनी की जाति क्या है, सिंघलद्वीप कहाँ है, कोई नहीं जानता, इसलिए उसको देने में कोई हर्ज नहीं है।'' सभी ने अपना मंतव्य राजकुमार को बताया, लेकिन उसको कोई प्रस्ताव अच्छा नहीं लगा। सुबह जब पद्मिनी ने यह सुना, तो उसे कोई उपाय नहीं सूझा। वह चकडोल में बैठकर महल से बाहर से आई और उसने बादल का घर पूछा। किसी ने उसको बताया कि हाथ में कंकर लेकर जो चौगान में खेल रहा है, वही बादल है। पद्मिनी ने बादल को कहा कि- ''तुम योद्धा हो, मैं पान का बीड़ा तुम्हें सौंपती हूँ। योद्धाओं ने मेरे बदले रत्नसेन को लेने का निर्णय किया है। तुम मेरे भाई हो। तुम योद्धा हो और मैं तुम्हारी शरण में आई हूँ।'' बादल ने मूँछों पर हाथ फेरकर पद्मिनी को आश्वस्त किया कि- ''आप निश्चिंत रहें। आप मन स्थिर कर लें कि आपको रत्नसेन मिल जाएँगे।'' पद्मिनी प्रसन्न हुई और बादल को जीत का आशीर्वाद देकर अपने महल में वापस आ गई।

बादल की बात सुनकर उसकी माँ के मन संदेह हो गया कि बादल को राजा के छलपूर्वक बंदी बनाने की जानकारी नहीं है। इधर अलाउद्दीन पद्मिनी नहीं मिलने के कारण क्रोधित था। उसे खाना-पीना अच्छा नहीं लग रहा था। उसे ब्राह्मण राघवचेतन पर विश्वास था कि वह पद्मिनी दिखा देगा। उसने कहा कि इसके लिए क़ुरान का पाठ करो और ख़ुदा से दुआ करो। राघवचेतन ने कहा कि- ''सिंघल द्वीप में घर-घर में पद्मिनी है, जो बुद्धिमान और हुनरमंद होता है, वही उसे प्राप्त करता। आपके

तमाम सैनिक समुद्र में डूब जाने के भय से शंकित हो गए। पद्मिनी का पलंग दस लाख, ओढ़ने की रजाई तीन लाख और तकिया पाँच लाख का है। उसके गद्दे के मूल्य का तो पता ही नहीं है। उसकी ओढ़ने की चादर (दोवटी) पचास लाख मूल्य की है, जो मणि-माणिक्य और नाना रत्नों से सुसज्जित है। रत्नसेन इसी शय्या पर उसके साथ विलास करता है।'' इधर मूँछों पर हाथ फेरकर बादल ने कहा कि उसके जीवित रहते रत्नसेन बंदी नहीं रहेगा। उसने प्रण करते हुए कहा कि- ''मैं म्लेच्छों का नष्ट करते हुए सुल्तान को रौंद डालूँगा। रत्नसेन दुर्ग में आने के लिए संकोच करेगा, तो मैं उसके सिर पर छत्र रखकर उसको दुर्ग सौंप दूँगा। यदि मैं मर गया, तो स्वर्ग में मेरा निवास होगा। सुल्तान दुर्ग को तब ही ध्वस्त कर पाएगा, जब मेरे प्राण निकल जाएँगे और शरीर धरती पर गिर जाएगा।''

आँखों में आँसू भरकर बादल की माँ ने कहा कि- ''बिना पुत्र के मनुष्य कुल अंधा होता है। पुत्र बादल! मनुष्य शरीर तुच्छ है फिर भी तुम मुझे प्रिय हो, क्योंकि पुत्र की तरह माँ का कोई सहायक नहीं होता। जब निराशा का अंधेरा होता है, तो पुत्र ही प्रकाश के रूप में सहायक होता है। मैं एक स्तंभ वाले भवन के समान हूँ और तू ही मेरा सहारा है, मुझे तेरे अतिरिक्त कुछ सूझता नहीं है। तुम कोमल हो और सुल्तान कठोर गजदंत की तरह है। उसके प्रहारों का तुम कैसे सहोगे?'' वीर बादल ने कहा कि-'' हे माँ! मन में मोह मत करो। यदि रावल को बंदी के रूप में छोड़ता हूँ, तो तुझे कलंक लगेगा। यह शरीर तो क्षणभंगुर है। रावल रत्नसेन के यहाँ सिंह जैसे योद्धा और तलवार मौजूद हैं, इसलिए भयभीत होने की ज़रूरत नहीं है। रत्नसेन के योद्धा ही सुल्तान का सामना कर सकते हैं। पद्मिनी महान् है, उसकी रक्षा का मुझे मोह है। हे माँ! या तो मैं रत्नसेन का उद्धार करूँगा या मरकर स्वर्ग में जाऊँगा।''

बादल की पत्नी ने कहा कि- ''आपको फूलों जैसी कोमल सेज सेल की तरह प्रतीत होती है। मेरे स्तनों और होठों पर दंत क्षत करने से आपका शरीर काँप जाता है। मेरे शरीर पर नख क्षत करने में आपको भय लगता है और अंग-संग से आपकी रोमावाली खड़ी हो जाती है। योद्धाओं से बातचीत में आप व्याकुल हो जाते हैं। आप ऐसी स्थिति में सुल्तान की सेना के प्रहार कैसे सहन करेंगे।'' बादल ने उत्तर दिया कि ''हे स्त्री! नाराज़ मत हो। मैं बादशाह की सेना के हाथियों और घोड़ों को तलवार से काट डालूँगा। हाथियों के दाँत उखाड़कर उन्हें मार डालूँगा। मैं अकेला ही एक लाख खड्गधारियों और घुड़सवारों के टुकड़े-टुकड़े कर दूँगा। यदि मैं हार गया, तो अपना नाम बदल दूँगा। कवच धारण कर मैं दुश्मनों को अपने अधीन करूँगा। हे चंद्रमुखी! युद्ध का नाम सुनकर तुझे तलवार का भय बैठ गया है, उसको भूल जा।''

बादल की पत्नी ने कहा कि– ''मेरा सौभाग्य क़ायम रहे। हे स्वामी! मैं नवयोवना हूँ और यथावश्यकता हँसी और लज्जा करती हूँ। मेरा शरीर कुरंग के जैसा है। यदि कमल के जैसी कोमल पत्नी को पति छोड़ता है, तो उसका साँस लेना मुश्किल हो जाता है। हे स्वामी! अनगिनत सेना है– वह लड़ लेगी, आप युद्ध मत करिए। आप अपने को ख़त्म करने की योजना बनाने की जगह संसार के सुख का भोग कीजिए।''

बादल ने उत्तर दिया कि– ''कायर होकर जीने से काल का बंधन छूट नहीं जाता। भागकर कौन सुरक्षित रहा है, क्योंकि आयु दिन–दिन कम होती ही है। सुना है, रावण के कंठ में अमृत था, फिर भी वह बहुत नहीं जी पाया। मेरे भागने पर मनुष्य और दुश्मन हँसेंगे और योद्धा लज्जित होंगे। उनकी पत्नियों का सौभाग्य अचल रहता है, जिनके पति अपने स्वामी के लिए युद्ध करते हैं। योद्धा बादल कहता है कि– ''भूमि का स्वामी राजा ही जीवित रहता है।'' अंततः बादल की पत्नी ने कहा कि– ''युद्ध में भागे नहीं, तभी आपके वचन सत्य होंगे। खड्ग से खड्ग और सेल से सेल टकराकर ही शत्रु को जीता जा सकता है। आड़े–तिरछे भाले चलाते हुए अंग–प्रत्यंग तोड़ने पड़ते हैं। शूलों को तलवारों से काटना पड़ता है और बिगड़े हुए चिंघाड़ते हाथियों को वश में करना पड़ता है। पैदल सैनिकों के समूह को नष्ट करने पर ही स्वामी के बंधन कटते हैं।''

पत्नी की बात सुनकर बादल ने कहा कि– ''मैं चौहान हूँ और उनका हठ प्रसिद्ध है। सुल्तान के सैन्य दल का नष्ट करने के बाद ही दुर्ग में वापस आऊँगा। यदि मेरी तलवार दुश्मनों को नष्ट नहीं कर पाई, तो मैं अपना सिर काटकर भगवान शंकर को अर्पित कर दूँगा। यदि रणभूमि में तलवार से पराक्रम नहीं दिखा पाया, तो अपने हाथों को काट डालूँगा। यदि किसी पर स्त्री को देखूँ, तो मेरी आँखें अंधी हो जाए। यदि मैं अपना यश नहीं सुनूँ, तो शरीर नष्ट कर दूँगा। वह हृदय जला देने योग्य है, जो अमृत वचन सुनकर अभिभूत नहीं होता।'' बादल का दृढ़ निश्चय जानकर उसकी पत्नी ने कहा कि ''तुम्हारा पराक्रम धन्य है। अब तुम स्वामी धर्म का निर्वाह करते हुए छल के बंधन तोड़कर युद्ध जीतो।''

बादल की माता ने कहा कि– ''तुम्हारी सार्थकता सुल्तान को छल–बल से उत्तर देने में है। तुम सुल्तान योद्धाओं को हाँक दो। मत्त हाथियों को सजाकर युद्ध करो और स्वामी को बंधन मुक्त करो।'' बादल ने प्रसन्न माँ को कहा कि– ''आप निश्चिंत रहे और समझें कि पद्मिनी को उसका पति मिल गया।'' काका गोरा ने जब यह सुना, तो उसने नाराज़ होकर बादल से कहा कि– ''अभी तुम्हारे दाँतों से माँ के दूध की गंध आती है और तुम व्यर्थ बातें कर रहे हो। काम साधने की तुम्हारी क्षमता देखकर लोग हँसेंगे। यदि युद्ध में शत्रु योद्धाओं को मार दोगे, तो वे तुम्हें शाबासी

देंगे। पृथ्वी को शेष नाग ही धारण कर सकता है, चींटी में यह सामर्थ्य नहीं है। यह ध्वज बहुत ऊँचा है और तुम्हारी पहुँच से बाहर है। तुम अपने माणिक्य कुल का वरण करो।''

काका की बात सुनकर बादल आहत हुआ। उसने हाथी मँगवाया और सुबह के लाल सूरज की तरह चल पड़ा और दरबार में उपस्थित हुआ। उसने पाटवी कुँवर को अभिवादन करते हुए बैठकर कहा कि- ''मेरे परामर्श के अनुसार कार्य करना चाहिए। मेरी योजना इस तरह है कि हम बिना दंड भरे स्वामी को छुड़ा लें और पद्मिनी भी रह जाए।'' पाटवीं कुँवर सहित सभी ने बादल की सराहना की और कहा कि- ''तेरे अलावा और कौन है, जो बादशाह के सैन्य दल का सामना करे। तुम आकाश को रोकने के लिए स्तंभ और कंधारी घोड़ों पर सवार सैनिकों को रोकने के लिए दीवार की तरह हो। तेरे यश की जगत में सराहना होगी।''

बादल ने कहा कि- ''पाँच सौ पालकियों में दो-दो योद्धा हथियार लेकर बैठें, प्रत्येक पालकी को चार योद्धा अपने कंधे पर लेकर चलें और प्रत्येक पालकी के आगे बिना सवार वाले घोड़े रखे जाएँ। हम पद्मिनी सौंपने के लिए कहेंगे और राजपूत स्त्रियाँ पर पुरुष नहीं देखती, इसलिए तुर्कों को पास नहीं आने देंगे। पालकियों की कतार सुल्तान तक पहुँच जाए, ऐसा करेंगे। वहाँ रत्नसेन को पद्मिनी से मिलने लाएँगे। रत्नसेन जैसे ही अपनी जगह पहुँचेगा, नँगाड़े बजा देंगे और पालकियों से योद्धा निकलकर युद्ध शुरू कर देंगे।'' बादल की मंत्रणा सभी को पसंद आई और यही उपाय करने का निश्चय हुआ। बादल ने सभी सामंतों को युद्ध की रणनीति के सम्बन्ध में समझाया। उसने बताया कि पालकियों की छोड़कर घोड़ों पर सवार हो जाएँ, भालों से प्रहार करें और जब ये ख़त्म हो जाएँ, तो तलवारों से लड़ें, तलवारें खत्म हो जाएँ, तो गदाएँ और गदाएँ खत्म हो जाएँ, तो आमने-सामने कटारों से लड़ें और इस तरह स्वामी के लिए काम करें।

बादल दुर्ग छोड़कर सुल्तान के सम्मुख नतमस्तक हुआ। बादल को प्रसन्न देखकर सुल्तान ने उससे दुर्गवालों की युद्ध रणनीति के संबंध में पूछा। बादल ने सुल्तान से मधुर वाणी में कहा कि- ''आप समुद्र के समान असीम हैं, आप सुमेरू के समान हैं, आपको कौन जीत सकता है। सभी सामंतों की ओर से मैं प्रतिनिधि हूँ और हम सही-सलामत पद्मिनी आपको सौंप देंगे।'' सुल्तान ने बादल की सराहना करते हुए उसकी पीठ थपथपाई। उसने बादल को अपने हाथ की रत्नजड़ित कटार, मोतियों की माला, सात हज़ार मनसब और हिसार का क़िला उपहार में दिया। बादल ने सुल्तान से निवेदन किया कि दुर्ग से पद्मिनी के साथ उसकी सखियों के 500 डोले भी आएँगे और ये सभी सखियाँ रूप और रंग में पद्मिनी जैसी ही हैं।

सुल्तान के आदेश पर बादल वापस क़िले में आ गया। समस्त योद्धा बादल की योजना से प्रसन्न थे। सुथार बुलाकर डोले बनवाए गए और उनको सजाया गया। उनके ऊपर सुगंधित खोल चढ़ाया गया और रत्नजटित कलश रखे गए। उन पर चमेली, केशर और कपूर का लेप किया गया, जिससे उन पर भ्रमर गुंजार करने लगें। कीमती वस्त्र पहने हुए दासियाँ अप्सराएँ लग रही थीं। पद्मिनी के स्थान पर चंदेल राजपूत मान को बिठाया गया। डोलों की कतार सुल्तान तक पहुँचाई गई। पीछे हेजल डोडिया और गोरा चल रहे थे। मीरों ने यह समझा कि पद्मिनी आ रही है। डोलियों को देखकर मीर गर्जना करने लगे और कहने लगे चौदह वर्ष के बाद पद्मिनी मिली। बादल ने आकर सुल्तान को सलाम किया और कहा कि- ''कुछ समय के लिए रत्नसेन को मुक्त करें, जिससे वो पद्मिनी से मिल सकें, इसके बाद तो वे बिछड़ ही जाएँगे। रत्नसेन से मिलकर पद्मिनी आपके पास आ जाएगी।'' बादल की प्रार्थना मानकर सुल्तान ने रत्नसेन को पद्मिनी से मिलने की इजाज़त दे दी। रत्नसेन को चकडोल में लेकर उसके बंधन काट डाले। रत्नसेन डोलियों से होता हुआ दुर्ग में पहुँच गया। योद्धाओं ने रत्नसेन को अभिवादन कर नगाड़े बजा दिये। सभी राजपूत युद्ध के लिए सचेत हो गए। पद्मिनी अपने पति रत्नसेन से मिली और हिंदुओं और म्लेच्छों के बीच भीषण युद्ध हुआ। बादशाह की सेना में शोर मच गया। (92-132)

हल्ला हो गया और मार-काट मच गयी। योद्धा तलवारें चलाने लगे। तलवारें योद्धाओं को काटने लगीं। एक-दूसरे के प्रहारों से हड्डियाँ टूटकर उलझने लगीं। कटारें इस प्रकार चल रही थीं, जैसे खून की गुलाल उड़ रही हो। रक्त पिचकारियाँ चलने की तरह बह रहा था। कंधों के जोड़ कट रहे थे, धड़ अलग हो रहे थे, पसलियाँ बाहर आ रही थीं, माथे कटकर गिर रहे थे, सिर फट रहे थे और रक्त बह रहा था। युद्धभूमि में रक्त और मांस पलाश के फूलों की तरह लग रहे थे। खंजर शरीर के आर-पार जा रहे थे। योद्धा गुप्ती, कर्ता, तबु और गेडी चला रहे थे। योद्धाओं के शरीर से निकलकर उबलता हुआ रक्त नालियों में बह रहा था। कई मीर घायल हो कर बिना पानी की मछलियों की तरह तड़फ रहे थे। हाथियों के सिर और धड़ कटकर रास्तों में पड़े हुए थे। घोड़े इस प्रकार घूम रहे थे जैसे जंगल में आग लग गई हो। युद्ध में आठ हज़ार मीर-उमराव मारे गए। सुल्तान अपनी धौंस छोड़कर युद्ध से पीठ दिखाकर भाग गया। मीरों में कोई ऐसा नहीं था, जिसने युद्धभूमि में अपने पाँव रोपे हों। उजबेक मुसलमानों ने मुँह में तिनका लेकर अपनी हार मान ली और कुछ अपने हथियार छोड़कर डेरों में चले गए। रत्नसेन की जीत हुई और सुल्तान युद्ध छोड़कर चला गया। जीत का नगाड़ा आषाढ़ के बादलों की तरह गरजा। हिंदुओं और मुसलमानों की लाशें पाँच कोस के क्षेत्र में गिरीं। राजपूतों ने सुल्तान के हाथी,

घोड़े, रथ, छत्र आदि लूटे और उसके थानों पर क़ब्ज़ा कर लिया। स्वामी का कार्य कर बादल युद्धभूमि से लौट आया। वह सच्चे नरनाथ का विरुद धारण करने वाला है। बादल अपनी मूँछों पर हाथ रखकर मरोड़ता था। वह युद्ध जीतने वाला स्तंभ है। बादल कायरों को नष्ट और निर्बलों को शरण देने वाला है। जब दिन का एक प्रहर शेष रहा तब बादल ने घोड़े की सवारी छोड़कर हिंदुओं की लाशों को उठवाया। बावन क्षेत्र का अधिपति चंदेल मान और उत्साह का पुंज राजा भोज युद्ध में मारे गए। कई मीर-अमीरों का मारकर गौर और चावड़ा राजपूत भी युद्ध में खेत रहे। सेंगर, देवड़ा, तोमर, मोरी, टाँक और चावड़ा राजपूत भी युद्ध में मारे गए। सांभरिया चौहान गोरा असंख्य मुसलमानों से लड़कर मारा गया। गिरनार गढ़ का डोडिया राव भी दुश्मनों से आमने-सामने लड़ते हुए मारा गया। भाटी और झाला भी युद्धभूमि में खेत रहे। छल और बल से चित्तौड़ के योद्धाओं ने असुरों को समाप्त कर दिया। अल्लाह के नाम का प्रण करने वाले 13000 मुसलमान मारे गए। आठ कोस के क्षेत्र में लाशों पर लाशें पड़ी हुई थीं। खून पीकर और मांस का भक्षण कर रणचंडी और उसके सेवक प्रसन्न हुए। उन्मत्त योगिनियाँ जीत के गीत गाने लगीं। खेचर, भूचर और क्षेत्रपाल प्रसन्न हो रहे थे। ताली बजाकर नारद और शारदा नृत्य कर रहे थे। स्वर्ग में अप्सराएँ योद्धाओं का वरण करने लगीं। क्षेत्रपाल रूंड मालाएँ शंकर को भेंट कर रहे थे। देवताओं ने कौतूहल के साथ युद्ध देखा। वेताल ने भी युद्ध की गाथा सुनी। बावन वीरों ने आशीर्वाद दिया और चौसठ योगिनियों ने जाप किया कि रत्नसेन की जीत हुई। तृप्त पशु-पक्षी कहते थे कि चित्तौड़ की जीत के नगाड़े बजे और इसकी कभी पराजय नहीं हो।

रत्नसेन की जीत हुई और सुल्तान उलाउद्दीन भाग गया। हिन्दुओं का सूर्य रत्नसेन अपने संबंधी चौहान बादल की भुजाओं के बल पर बच गया। गक्खड़ और उजबेक ग्यारह मीरों को तलवारों से मौत के घाट उतारकर गोरा छिन-भिन्न होकर युद्धभूमि में गिर गया। चित्तौड़ के स्वामी रत्नसेन और पद्मिनी के सिर पर छत्र सुरक्षित रहा। रावत गोरा खूब लड़ा। उसका घोड़ा आकाश में छलाँगें लगाता था। शरीर क्षत-विक्षत होने के बाद भी वह तलवार चलाता रहा। तलवार टूट गयी, तो वह छुरी से लड़ा और छुरी के टूट जाने के बाद हाथों को आगे करके लड़ा। उसका शरीर धरती पर गिरकर टुकड़े-टुकड़े हो गया, जिसको अप्सराएँ उठाकर ले गयीं।

(रचनाकार कहता है कि) शक्तिसिंह का वंशज देश का शाह प्रसन्न हुआ। उसने शरद पूर्णिमा की रात्रि संवत 1673 को माही मुरतब, नौबत बजाने का सम्मान, एक हज़ारी सम्मान, हाथ में रखने को तलवार, शिरोपाव, रत्नजटित कटारी और पचास घोड़े दिए। (133-158)

अध्याय - 4

जटमल नाहर कृत 'गोरा-बादल कथा'

रचना समयः 1623 ई.

गोरा-बादल कथा की रचना जटमल नाहर ने 1623 ई. (वि.सं.1680) में पंजाब के सिंबला गाँव में की। जटमल नाहर गोत्र का जैन श्रावक था और उसके पिता नाम धर्मसिंह था। जटमल ने रचना का समय और अपनी जाति, गाँव और पिता का नामोल्लेख कथा के अंत में किया है। वह रचना के समय के संबंध में लिखता है- *सौलह सौ आसिसे समै, फागण पूनम मास*। अपने पिता, जाति और गाँव के संबंध में उसका उल्लेख है कि- *धर्मसी को नंद नाहर जात, जटमल नाऊँ। जिण कही कथा बनाय कै, बीच संबला के गाँव।* जटमल ने अपने समय के अपने क्षेत्र के शासक नासिर ख़ान के पुत्र अली ख़ान न्याजी का भी उल्लेख किया है। वह लिखता है- *राजा जहाँ अलिखाँन, न्याजी, खान नासिर नंद*।[16] आरंभ में जटमल नाहर और उसकी रचना के संबंध में हिंदी में कई भ्रांतियाँ प्रचलित थीं। रॉयल एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता की पत्रिका में प्रकाशित प्रति के आधार पर इस रचना को गद्य रचना मान लिया गया। बाद में पूर्णचंद्र नाहर और नरोतम स्वामी ने इस प्रति का निरीक्षण कर अन्य प्रतियों के आधार पर यह सिद्ध किया कि जटमल ने कविता में ही कथा की रचना की थी। आरंभ में विद्वानों को *गोरा-बादल कथा* की एक ही प्रति की जानकारी थी, लेकिन बाद में बीकानेर के ग्रंथागारों में इसकी एकाधिक प्रतियाँ और मिल गईं। इन प्रतियों में पर्याप्त पाठांतर भी हैं और इसके शीर्षक भी *गोरा बादल* की वार्ता और *गोरा बादल की बात* के रूप में अलग-अलग मिलते हैं। यहाँ कथा सार के लिए राजस्थानी साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान् नरोत्तम स्वामी और सूर्यकरण पारीक की संपादित प्रति के आधार बनाया गया है, जो भँवरलाल नाहटा के संपादन में प्रकाशित लब्धोदय की *पद्मिनी चरित्र चौपई* के साथ प्रकाशित हुई है।

जटमल की *गोरा-बादल कथा* हेमरतन की चउपई के बाद की रचना है। यह रचना राजस्थान के बाहर पंजाब में हुई, इसलिए इसकी भाषा का मुहावरा राजस्थानी से हटकर थोड़ा खड़ी बोली के निकट है। जटमल ने राजस्थान से बाहर कथा लिखी, इसलिए राजस्थान के पद्मिनी कवि-कथाकारों से उसकी कथा और उसके मोड़-पड़ाव अलग हैं। जटमल ने इस संबंध में कुछ मौलिक उद्‌भावनाएँ की हैं। राजस्थानी की अधिकांश पद्मिनी कथाओं में रत्नसेन की नाराज़गी का कारण स्वादहीन और अरुचिकर भोजन है, जबकि जटमल नाहर ने इसका उल्लेख नहीं किया है। इसी तरह राघवचेतन से रत्नसेन की नाराज़गी का प्रकरण भी जटमल का अपना है। जटमल के अनुसार पद्मिनी को देखे बिना अन्न-जल ग्रहण नहीं करने के प्रण से जब शिकार के समय राजा को मुश्किल होती है, तो राघवचेतन पद्मिनी की प्रतिमा बनाता है और उसकी जाँघ पर वैसा ही तिल बनाता है, जैसा पद्मिनी की जाँघ पर है। राजा को इससे राघव के चरित्र पर संदेह हो जाता है और वह उसको देश से निकाल देता है। जटमल के अनुसार रत्नसेन चौहानवंशी है, जबकि राघवचेतन को वह सिंघल द्वीप निवासी मानता है, जो पद्‌मिनी के साथ चित्तौड़ आया है।

'गोरा-बादल कथा' मूल

सोरठा

चरण कमल चितलाय, के समरूँ श्री शारदा;
मुझ अख्खर दे माय, कहिस कथा चित लायकै॥1॥
जंबूदीप-मझार, भरतखंड खंडा-सिरै;
नगर भलो इक सार, गढचितौड़ है विखम अत॥2॥
रतनसेन जिहां राय, पाय कमल सेवै सुभट;
सूरवीर सुखदाय, राजपूत रनको धणी॥3॥
चतुर पुरस चहुवाँन, दाँन माँन दूनूँ दियै;
मंगत जिन को माँन, आवै मंगत दूर तै॥4॥

कवित्त

एक दिवस नृप-पास आस करि मंगत आए,
च्यार चतुर वेताल, दृष्टि भूपति दिखलाए।
दे आसिका-असीस, वीस दस विरद सुनाए,
नरपति पूछत भट्ट, कौन देसा तै आए।
हम आए सिंघलदीप तै, कीरति सुनिकर तुम-तणी,

राजा रतनसेन चहुवाँण है, गढ चितोड़ केरो धणी॥5॥
राय देय सनमाँन, पास अपने बैठाये,
कहो दीप की बात, जहाँ तें तुम चल आये।
क्या-क्या उपजत उहां, दीप सिंघल है कैसा,
कहै भाट सुनो राय, कहूँ देख्या है जैसा।
उदध-पार अदभुत नगर, सोभा कहि न सकू घणी,
ऐरापति उपजत उहाँ, अवर नार है पदमणी॥6॥

दूहा

पदमावति नारी कसी, कहो! भाटजी, वात,
भाट कहै, नरपति सुणो, च्यार रमण की जात॥7॥
इक चित्रनि, इक हस्तनी, एक संखनी नार,
उत्तम त्रीया पदमनी, तस गुण अपरंपार॥8॥

चौपई

कहो भाट, पदमावति-लख्खन, गुणी सरस तुम बड़े विचख्खन,
रंग-रूप-गुण-गति-मति दाखो, भाखा सकल मधुर-सुर भाखो॥9॥

कवित्त

पदमावति मुखचंद, पदम-सुर वास ज आवै,
भमर भमत चिहुं फेर, देख सुर असुर लुभावै ।
अंगुल इकसत आठ, ऊँच सा सुन्दर नारी,
पहुली सत्तावीस, ईस चित लाय सँवारी।
म्रगनैण, वैण कोकिल सरस, केहरि-लंकी कामनी,
अधर लाल, हीरा दसन, भुँह धनुष, गय गामनी॥10॥

दूहा

पदमावति के गुण सुणे, चढी चूप चित राय,
विन देख्यां पदमावती, जनम अख्यारथ जाय॥11॥

चौपई

वसी चित्त-अंतर पदमावत, निसा नींद दिन अन्न न भावत,
इम रहता इक जोगी आयो, राजद्वार परि धूंही पायो॥12॥

कवित्त

सिद्ध बड़ो जोगेंद्र, देख राजा चित हरस्यौ,
ज्यूँ सरोज सर माँझि, सूर देखत ही विकस्यौ।
भगत-भाव बहु करी, जुगत कर जोग संतोख्यौ,

निसा बैठ नृप पासि, पत्र पंचामृत पोख्यौ।
संतुष्ट होइ रावल कहै, मांग जु तुझ, कछु चाहिये,
राजा रतनसेन चहुवाँण कह, इक पदमण मोहि व्याहिये ॥13॥
कदै ताम जोगेंद्र, दीप सिंघले पदमावत,
राज पाट तजि चली, भूप! जे तुझ मन भावत।
कहै राय, करि कृपा, वेग यहु कारज कीजै
जो कुछ कहो सो नाथ, साथ सामग्री लीजै।
मृग त्वचा बिछाई सिद्ध तव, पढ़ो मंत्र तब बैठ करि,
उड गये सिंघलद्वीपकों, (राजा) रतनसेन जोगेंद्र वरि ॥14॥

दूहा

सुण रावत, जोगी बंद, करि रावल को बेस,
इक-सबदी भिख्या करो, यह मेरा उपदेस ॥15॥

कवित्त

दियो भेख जोगेंद्र, कान मुद्रा पहिराई,
कंथा सिंगी गले, अंग बभूत चढ़ाई।
कपट जटा, करदंड, मोरपंख विझ्झण झोलै,
वज्र कछोटो पहिर, अलख अगचर मुख बोलै,
कर-पंकज पात्र अनूप ले, राज द्वार जब आवियो,
नृप सुता निरख पदमावती, तब सु राज मुरझाइयो ॥16॥

दूहा

मन मोह्यो पदमावती, देख रूप अति राइ,
कहै सखी सुं नीर लै, रावल छंट उठाइ ॥17॥

कवित्त

छंट उठायो जोग आय, तिहाँ सखी विचख्खण,
रावल-रूप अनूप, अंग बत्तीसे लख्खण।
तब पदमावति हार, तोड़ नवसर दी भिख्या,
मुकदाफल भरि थाल, नाथ पै लाई सिख्या।
कर जोड़ि गुरू आगे धरे, देख नाथ असे कहै,
जो जिस लायक होय सो, तैसी ही भिख्या लहै ॥18॥
चल्यौ आप जोगेंद्र, चलित राजा-गृह आयो,
देख राय हरखियौ, सीस ले चरण लगायो।
आज पवित्र भया गेह, नेह धरि गरू पधारे,

आज सफल मुझकाज, बड़े हैं भाग हमारे।
तब सुनि आई पदमावती, गुरू चरण ले सिर धरे,
आसीस देह रावल कहै, पुत्री तुम कारज सरै॥19॥
कहे ताँम राजान, पदम पुत्री सुखदायक,
वर प्रापत अद भई, नहीं कोई वर लायक।
हूँ ल्यायो वर, राय, तोहि पुत्री के कारण,
गढ़-चितोड़-राजान, दुष्ट-दुरजन-विडारण।
राजा रतनसेन चहुवाण है, तिस समवड़ नहि अवर नर,
परणाय देह पदमावती, मान वचन तू सत्तकर॥20॥
गुरु-वचन राजान, माँन पुत्री परणाई,
रतनसेन के साथ, भई है भली सगाई।
दीन्हो बहु दायजो, लाल मुकताफल, हीरे,
पाटंबर, पटकूल, थाल सर कंचन नीरे।
रावल कदै राजान को, पदमावति मुकलाइयै,
चीतोड़-लोक पिता कदै, राजा रतन चलाइयै॥21॥
राघव दीयो संग, वेग पदमनी चलाई,
रोवत माता भ्रात, कुंवरि को कंठ लगाई।
उडन-खटोला चढे राय, पदमावति, जोगी,
राघव चेतन संग, उडवि आये गढ भोगी।
नीसाण बजे पंच-सबद तहाँ, गोरी मंगल गाइयो,
राजा रतनसेन पदमावती, ले चितोड़गढ़ आवियो॥22॥
तजी राति सद और, राव पदमावति रातो,
रैन-दिवस रह पास, अंग आणंद मदमातो।
नेम नीर को लियो, वीन देख्याँ पदमावत,
महा-मोह-वस भयो, रहै जैसी विध रावत।
जब निसा रही इक-दोय घड़ी, तब सिकार-उद्दम कियो,
राजा रतनसेन असवार हुय, राघव चेतन सँग लियो॥23॥

दूहा

वन के भीतर खेलता, तृखा वियापी तेम,
विन देख्याँ पदमावती, जल पीवण को नेम॥24॥

कवित्त

तब राघव चित लाय, सरस पूतली सँवारी,

त्रिपुरा की कर कृपा, रूप पदमावति नारी।
भेख भाव बहु करी, जंघ पर तील बनाया,
देख राय भयो रोस, पाप मन भीतर लाया।
विना रम्याँ पदमावती, तील स क्यूंकर जाणियो,
मारूँन विप्र, काढू नगर, यह सुभाव मन आणियो॥25॥
घरि आयो राजान, विप्रकु दिया निकारा,
राघव तिसही समै, वेस वैरागी धारा।
भगवें बेस सरीर, नीर भर लिया कमंडल,
जंत्र बजावै जुगत, जोग-तत रहै अखंडल।
दिल्ली सु आय प्रापत भयो, रह उद्यान बन खंड सिर,
पातसाह तिहां अलावदी, करै राज सिर नर सुथिर॥26॥
एक दिवस सीकार साह खेलत तिहाँ आयो,
राघव तिसही समै जुगत कर जंत्र बजायो।
म्रग सव तज वनवास पास राघव के आए,
सुणे राग धर कान साह म्रग कहूँ न पाए।
आयो सु तहाँ अल्लावदी, देख चरित अचरज भयो,
उतर तुरंग से साह तब, राघव के आगे गयो॥27॥

दूहा

रीझ्यौ साह सुराग सुनि, राघव को कह ताँम,
दिलिपति हम तुम सों कहैं, चलो हमारे धाम॥28॥
हम वैरागी, तुम ग्रही, अर प्रथवी पतिसाह,
हम तुम ऐसा संग है, जैसा चंद कुराह॥29॥
हठ कीनो पतिसाह तब, राघव आन्यौ गेह,
राग रंग रीझ्यौ अधिक, दिन दिन अधिक सनेह॥30॥

कवित्त

एक दिवस नर काइ, ससा जीवत ग्रह ल्यायो,
पातिसाह ले तब्ब, गोद ऊपर बैठायो।
ता पर फेरे हाथ, अधिक कोमल रोमावल,
यातै कोमल कछु, कहो राघव गुण-रावल।
तब हाथ फेर राघव कहै, यात कोमल सहस गुण,
पदमावति-देह, विप्र उचरै, पातसाह धरि कान सुण॥31॥

दूहा

व्यास बुलाए अलावदी, पूछत वात प्रभात,
सास्त्र विधि जाणो सकल, त्रियकी कितनी जात॥32॥
राघव कहै नरिंद सुन, त्रीय जाति है च्यार,
चित्रन हस्तन संखनी, पदमनि रूप अपार॥33॥
(अथ पदमनी वर्णनम्)
पदमनि के परस्वेद सें, कसतूरी की वास,
कमलगंध मुख तें चले, भमर तजत नहिं पास॥34॥

कवित्त

पदमगंध पदमनी, भमर चहुंफेर भमत अत,
चंद वदन, चतुरंग, अंग चंदन सो वासत।
सेत, स्याम अरु अरन, नयन-राजीव विराजत,
कीर चुच नासिका, रूप रंभादिक लाजत।
गुणवंत दंत दाडिम कुली, अधर लाल, हीरा दसन,
आहार पान कोमल अधिक, रस सिंगार नव सत वसन॥35॥
पान हुते पातरी, पेम-पूरण सू लाजत,
भुज बृणाल सुविसाल, चाल हंसागति चालत।
चंपावरण सुचंग, सूर ऊजासी भाले,
पदम चरण तल रहै, निरख सुरनर मुनि भाले।
हर लंक, अंग चंदन-वरन, नार सकल-सिर मुगटमणि,
अल्लावदीन सुरताँन सुण, पदमन लच्छन एह भणि॥36॥
(अथ चित्रणी वर्णनम्)
चपल चित्त चित्रणी, चपल अति चंचल नारी,
कँवल-नैन कटि झीन, वेण जू नागन कारी।
पीन पयोहर कठिन, वचन अमृत मुख बोलै,
जंघा कदली-खंभ, गिडत गैवर गति डोले।
संभोग-रीत जाँनत सकल, नित सिंगार-भीनी रहै
अल्लावदीन सुलतान सुन, कवि चित्रन-लच्छन कहै॥37॥
(अथ हस्तनी वर्णनम्)
हेत बहुत हस्तनी, केस अति कुटिल विराजत,
द्रिग देखत मृग नैन, चपल अति खंजन लाजत।
कनकलता कामनी, बीज दाड़िन दसनावत,
पहुप पैस पहरंत, कंत अति हेत सुहावत।

अति चतुर, कुच्च कंचन कलस, काम केलि कामिन करै,
अल्लावदीन सुलतान सुण, ए लच्छन हस्तन धरै ॥38 ॥

(अथ संखनी वर्णनम्)

जटा जूट जोखता, वदन विकराल विकल अति,
सुक्कर देह, सरोस, स्वाँन जू सदा घुरकति।
गर्दभ-गति, गुनहीन, परै ढरि पीन पयोहर,
मंछ-गंध, तन मलन, चुल्ह समतूल भगंदर।
अति घोर निद्र, आलस अधिक, अति अहार, गज अंखनी,
अल्लावदीन सुलतान सुण, ए लच्छन त्रिय संखनी ॥39 ॥

श्लोक

पद्मिनी पक्ष मध्येषु, कोटि गयेषु चित्रणी,
हस्तनी सहस्त्र मध्येषु, वर्तमानेषु संसनी ॥40 ॥
पद्मिनी पान राचंति, मान राचंति चित्रणी,
हस्तनी हास राचंति, कलह राचंति संखनी ॥41 ॥
पद्मिनी पद्म गंधेन, मद गंधेन चित्रणी,
हस्तनी पुहप गंधेन, मच्छ गंधेन संखणी ॥42 ॥
पद्मिनी पोहर-निद्रा च, द्वै पोहर निद्रा च हस्तनी,
चित्रनी चमक निद्रा च, अघोर निद्रा च संखनी ॥43 ॥

(अथ पुरष जात च्यार वर्णनम्)

दूहा

अथ सिसा लखण

मूख सकोमल, तन, वचन, सीलवंत, सुर ग्याँन,
रति विनोद अति रुच नहीं, ससा करत बहु साँन ॥44 ॥

अथ मृग लछन

मधुर-वचन, मृग मध्य-तन, चपल बुद्धि अति भीर,
चतुर, साधु, अति हसत मुख, कामी, कनक-सरीर ॥45 ॥

अथ वृषभ

वृषभ जात भारी पुरुष, दाता, क्रूर-सुभाव,
कपटी कछ लंपट हठी, काम केल बहु चाव ॥46 ॥

अथ तुरंग

तन दीरघ दीरघ चरन, दीरघ नख सिख अंग,
सुभर-तरुनि-सँग रति-रवन, आलस अधिक तुरंग ॥47 ॥

कवित्त

ससिक पुरुष-संयोग, नारि पदमावति लोडै,
मृग नर सुं चित्रणी, प्रेम पूरण सूं जोडै।
वृषभ पुरुष हस्तनी, भोग अत ही सुख पावै,
अश्व पुरुष संयोग, नार संखनी सुहावै।
मृग ससिक वृषभ अरु अश्व पुनि, जाति च्यारि पुरुषां तणी,
अल्लावदीन सुरताण, सुणि, जात च्यार नारी तणी॥48॥

दूहा

नारि जाति सुण पातिसाह, राघव लियो बुलाय,
दोय सहस मुझ हुरम है, देखि महल में जाय॥49॥
राघव कहै नरिंद सुनि, गरमहल में न जाय,
छाया देखूं तेल में, नारी देऊँ बताय॥50॥

कवित्त

हुकम कियो पतिसाह, नारि सिंगार बनावहु,
तेल-कुंड भर घरो, आय दीदार दिखावहु।
हुरमा सकल निहार, तबै राघव यू भाखै,
हंस गमन, मृग नैन, रूप रंभा कौ राखै।
चित्रन, हस्तन, संखनी, पातसाहजादी घणी,
सरस निया में सुन्दरी, नहीं साह घर पदमणी॥51॥
कहै ताम सुलतान, वेग पदमनी बतावहु,
जहाँ होइ तहाँ कहो, जो कछु मांगो सो पावहु।
पदमन सिंघलदीप, उदध-पै-पार, पयंपै,
देख समुद्र, सुलतान, हिया कायर का कंपै।
यूं सुनवि चढ्यौ सुलतान, तब आय उद्‌ध ऊपर पड्यौ,
पदमनी कहाँ राघव कहो, पातसाह अत हठ चढ्यो॥52॥

सोरठा

राघव लह प्रस्ताव, पातसाहपै यू जपै।
पदमनि नैडी ठाँव, रतनसेन चहुवाण पै॥53॥

दूहा

सुणवि चढ्यौ सुलतान तब, चलियो गढ़ चीतोड़।
दिया दमामा दिल्लिपत, भई राय पर दोड़॥54॥
काँपे सगले राण, चिहूँ चक्क खलभल भई।

खुर-रज छायो भाण, चोट नगारै जब दई॥55॥

छंद जात रेसालू

चढे चिहूँ दिसि साह के दल, धरै धीरज कौन?।
अभिमान-आणंद अंग उपजौ, गिण लगन न सौंन॥56॥
असवार त्रय लख साथ अदभुत, पाखरे ज तुरंग।
ताजी स तुरकी औ अराकी, सबज नीले रंग॥57॥
कम्मेत, काले, हासिले, सामुद्र, अर तबरेस।
अबलक, सुजाँम, सुबाहिरे, सबज नीले नेस॥58॥
सारंग, केहर अरु सरौजी, भले पंच कल्याण।
नाचंत पातर ज्यूं तुरंगम, रतन-जड़ित पलाँण॥56॥
लग्गाम सोवन मुक्ख सोहै, जेर बंध सु पाट।
अब रेसमी कसि तंग ताणे, लटकणा के थाट॥60॥
गजगाह घूघरमाल घमकै, तबल बाज वणाव।
कलंगी भली जरकसी पाखर, भलौ परचै भाव॥61॥
हलकै पचावन साथ हाथी, ढलक नेजा ढाल।
अति घटा सावण मास जैसी, झरै मद परनाल॥62॥
बग-क्रांति कांति सपेद सुंदर, गाजते गजराज ।
पहिराय पाखर साह राखे, फोज आगे साज॥63॥
रथ अर पयादे अवर असवार, गनि सकै कह कोण।
उमड़ी चली आतस्सबाजी, खलभले त्रय भौण॥64॥
डेरा पढ़े दस कोस ताँई, करै नाहि मुकाम।
आइकै गढ़ चीतोड़ उतरे, दिया डेरा ताम॥65॥
ताणे तहाँ पंचरंग तंबू, फरहरे नीसाँण।
फूले पलास वसंत आगम, वदै कविजन वाँण॥66॥
गढ-रोहौ करकै रह्यो, अलावदीन सुलतान।
रतनसेन माँनै नहीं, चले गढ़नसूं प्राँन॥67॥
अंब लगाये ठौर तिह, फल पाके तब जान।
बारा वरस बेठो रहौ, अलावदीन सुलतांन॥68॥

कवित्त

कहै ताम सुलतान; कहौ राघव क्या कीजै?
गढ़ चितोड़ है विषम, जोर तें कबहु न लीजै।
राघव कहै, सुलतान, सुनो इक फंद करीजै,

उठाइये मूसाफ, जेण कर राय पतीजै।
भेज्यो खवास सुलताँन तब, रतनसेन-द्वार गयौ,
ले हुकम-राय दरवाँन तब, खोलि प्रोलि भीतर लियौ ॥69 ॥
कहै ताम सुलताँन, मान तूं वचन हमारा,
कहै फेर सुलतान, करूं तुझ सात हजारा।
बहिन करूं पदमनी, तुम भाई कर थप्पूँ,
देखू गढ चीतोड़, अवर बहु देस समप्पूँ।
गल कंठ लाय, ठहराय के, नाक नमण कर बाहुडौं,
राजा रतनसेन, सुलताँन कह, पहुर एक गढपरि चढौं ॥70 ॥
मान वचन सुलतान, आन मूसाफ उठायौ,
महमानी बहु करी, गड्ढ सुलताँन बुलायौ।
लिये साथ उमराव, बीस दस सूर महाबल,
बहुत कपट मन माँहि, गए सुलतान वहाँ चल।
बहु भगत-भाव राजी करी, साह कहै भाई भयौ,
पदमनि दिखाव ज्यूं जाँह घर, दुरजन दुख दूर गयौ ॥71 ॥

दूहा

रतनसेन चहुवान कहि, बहिन करी सुलताँन।
वदन दिखावो वीर कों, दिया साह बहु माँन ॥72 ॥
चेरी एक अति सुंदरी, दे अपनौ सिणगार।
बदन दिखायौ साह कू, गिर्‌यौ सीस के भार ॥73 ॥
राघव कहै, सुण पातसाह, यह पदमनी न होय।
कहा देख के तुम गिड़ें, अति सुंदर है सोय ॥74 ॥

कवित्त

लाख लहै ढोलियो, सवा लख लेह तुलाई,
अर्ध लाख गीदुदो, लाख त्रय अंग लगाई।
केसर अगर कपूर, सेझ परमल पर भीनी,
ता ऊपर पदमनी, रामरस-रूप-नवीनी।
अल्लावदीन सुलतान सुण, पदम गंध है पदमनी,
चन्द्रमा बदन, चमकंत मुख, रतनसेन-मनभावनी ॥75 ॥

दूहा

बोल्यो तब, अल्लावदी, पकड़ राय को हाथ।
दिखलावत हो और त्रिय, कपट कियो मुझ साथ ॥76 ॥

कवित्त

कहै ताम सुलतान, कहो पदमन-प्रति ऐसो,
मुख दीखावो बेग, कपट मांड्यो है कैसो।
मुख काढ्यौ पदमनी, ताम बारीकै बाहिर,
निरख गिर्‌यौ सुलताँन, थंभ लीयौ तसु थाहर।
खिन एक संभालै आपकूं, साह कहै, डेरै चलौ,
क्या सिफत करूं मैं राव की, रतनसेन भाई भलौ॥77॥
फिर्‌यौ ताम सुलताँन, प्रोल पहिली जब आयौ,
रतनसेन भयो साथ, लाख बकसीस दिवायौ।
चल्यो ताँम सुलतान, प्रोल दूजी जब आयौ,
और दिये दस गड्ढ, राय अति बहुत लोभायौ।
इम लेवै बगसीस, तबह कपट कर फंदियो,
राजा रतनसेन अति लोभकर, अहि सुलतान सुबंधीयो॥78॥

सोरठा

रहे प्रोल जड़ लोक, सोर सकल गढ में भयौ।
राजा ले गयो रोक, कपट कियो सुलतान तब॥79॥

कवित्त

सदा मरावै साह, राय कोरड़े लगावै,
कहै, देह पदमनी, जीव तब ही सुख पावै।
गढ के नीचे आँण, सहम भूपति दिखलावै,
लै राखै लटकाय, लोक सबही दुःख पावै।
मारतें राय कायर भयौ, पदमावत देऊँ सही,
भेजौ खवास मारौ न मुझ ले आवै जब लग ग्रही॥80॥

सोरठा

भेज्यो राय खवास, कहै, देय पदमावती।
मुझ जीवन की आस, विलम न कीजै एक खिन॥81॥

कुंडलियो

कह राँनी पदमावती, रतनसेन राजाँन,
नारि न दीजे आपणी, तजिय, पीव, पिराँन।
तजियै, पीव, पिराँन, और कूं नारि न दीजै,
काल न छूटै कोय, सीस दै जग जस लीजै।
कलंक लगावै आपकों, मो सत खोवै जाँन,

कह रानी पदमावती, रतनसेन राजाँन ॥82॥
पाँन लियो पदमावती, गई वादल के पास,
राखणहार न सूझही, इक बादल तोहि आस ॥83॥
बार वरस को बादलो, हाथ ग्रहे चैगान,
ले आई पदमावती, बादल खावौ पान ॥84॥
कह बादल सुन पदमनी, जा गोरा कै पास,
पान लियो मैं सीस धर, न करि चिंत, विसवास ॥85॥

कवित्त

भई आस, तब लियो सास, गोरा पै आई,
पड्यौ स्याँम संकडै, करो कछु अब्ब सहाई।
मंत्र कियौ मंत्रियां, नारि पदमावति दीजै,
छूटाइयै नरेस, विलम खिन एक न कीजै।
अवस तिहारे आप हूँ, ज्यू भाव त्यु राय करि,
वीडो उठाइ गोरो कहै, जाइ, बहन, अब बैठ घरि ॥86॥

दूहा

गोरा बादल बैठ के दिल में करै विवेक,
साह साथ कैसे लड़ाँ, लस्कर अमित अनेक ॥87॥

कवित्त

बादल बोल्यौ ताम पाँचसै डोला कीजै,
तिन में बैठे दोइ च्यार के काँधे दीजै।
तिन में सब हथियार अश्व कोतल करि आगे,
कहे, देह पदमनी, तुरक नेड़े नहिं लागै।
कटियै बन्धन राय के भुजबल परदल गाहिजे,
दीजिय न पूठ द्रढ़ मूठ करि खग्ग साह-सिर वाहिजै ॥88॥
दूहा बादल मंत्र उपाइयौ, सबके आयो दाय,
याहि बात अब कीजिये, बोले राणा राय ॥89॥

कवित्त

तुरत बुलाये सुत्रहार, डोले संवराए,
तिन ऊपर मुखमली, गुलफ आछे पहिराए।
बैठाये बिच सूर, सूर के काँधै दीजै,
तिन-मह सब हथियार, जरह अर जोर न ई जै।
अैराकी साज, सवार के, बादल मंत्र उपाइयो,

वक्कील एक रावल मिलन, पुह सुलतान पठाइयौ ॥90॥

दूहा

रावल देवत पदमनी, आज तुझे, सुलताँन,
भेट इसी बहु भाँति सोंय खुसी भयो सुलताँन ॥91॥
कहै ताम अल्लावदी, सुणि वकील, चित लाय,
देग ले आवो पदमनी, बादल सुंकहो जाय ॥92॥
आयो हुकम ज साह को, बादल भयो तयार,
सुनो, रावतो, कान धर, अेसी करियो मार ॥93॥

कवित्त

प्रथम निकस चकडोल, तुरत चढि तुरी धसावो,
नेजा लेकर हाथ जोर, दुसमन सिर लावो।
जब नेजा तुट्टवै, तबहि. तरवार उठावो,
जब तूटे तरवार, तबे तुम गुरज उड़ावो।
जब गुरज तूट धरणी पड़े, कट्टारी सनमुख लड़ो,
बादल कह हो रावताँ, स्याँम काम इतनो करो ॥94॥

दूहा

बादल जूझन जब चल्यो, माता आई ताँम,
रे बादल तें क्या किया, ए बालक. परवाँन ॥95॥

कवित्त

रे बादल बालक, तुं ही है जीवन मेरा,
रे बादल बालक, तुझ बिन जुग अंधेरा।
रे बादल बालक, तुज्झ बिन सब जग सूना,
रे बादल बालक, तुझ बिन सबहि अलूना।
तुझ बिन न सूझे कछू, तूटि बाँह छाती पड़े,
छुट्टंत तीर बंका तहाँ, केम साह-सनमुख लड़ै ॥96॥

दूहा

माता बालक क्यु कहो, रोइ न माँग्यौ ग्रास।
जो खग मारूं साह-सिर, तो कहियौ साबास ॥97॥
सीह, सिँचाणो, सापुरुष, ए लहुरे न कहाय।
बड़े जिनावर मारि कै छिन में लेय उठाय ॥98॥
सिंह जोन तें निकसते, गय-घड़ दीठी जाँम।
तुट्टवि गज मसतक लड्यौ, आइ रह्यौ महि ताँम ॥99॥

कवित्त

बादल कह, सुण माय, सत्त तुझ साहस मेरा,
लड़ूं साह के साथ, करूं संग्राम घणेरा।
मारुं सुभट अपार, स्याम के बंधन काहूँ,
जो सिर गयो त जाहु, सीस दे जग जस खाटूँ।
जिम राम-काज हनुमंत कियो, मार्‌यौ रावण एक खिण,
गैवर गुडाय तोडौं तबर, साह चलाऊँ खग्ग हण ॥100॥
बालक तो परवाँण, जाँम गवर-घड़ मोड़ूँ ,
बालक तो परवाँण, पकड़ पिलवाँन पछोड़ूं।
बालक तो परवाँण, स्याम के बंधन कट्टूँ,
बालक तो परवाँण, सांग असवार पलट्टूँ।
मारूं तो खग साह-सिर, गयवर दलू, सत्य चढूँ,
जननी लजाऊँ तुज्झ कूं, जे वाग मोड़ पाछो मुड़ूँ॥101॥
जैसा, बादल, तैं किया, तैसा करै न कोय ।
माता जाइ आसीस दै, अब तेरी जै होय॥102॥
माता जबही फिर चली, बहुवर दिवी पठाय ।
मेरो राख्यो ना रह्यौ, अब तुम राखो जाय॥103॥

कवित्त

नव सत सज्झे नवल, नारि बादलपै आई,
अज हुं न रम्यौ मुझ साथ, चल्यौ तूं करण लड़ाई।
अजहुँ न माँणी सेझ, घाव-नख नाहि चमंके,
कुचन चोट नहि सही, सहै क्युं सांग धमके।
छुट्टंत नाल गोला तहाँ, तुट्टवि धड़ सिर उप्परै,
नारि कहै हो राव, इम मतां देखि दलते मुडै॥104॥

दूहा

कंता रिण में पैसताँ, मत तूं कायर होइ।
तुम्है लज्ज, मुझ मेहणो, भलो न भाखै कोइ॥105॥
जो मूवा तो अति भला, जो उबर्या तो राज।
बेहुँ प्रकारा हे सखी, मादल घूमै आज॥106॥
कायर केरै माँस कों, गिरज न कबहुँ खाइ।
कहा डंख इन मुक्ख को, हम भी दुरगति जाइ॥107॥

कवित्त

मेर चलै, ध्रू चलै, भाण जो पच्छिम ऊगै,

साधु वचन जो चल, पंगु जो गिर लगि पूगै।
धरण गिड़े धवलहर, उदध मरजादा छोड़ै,
अरजन चूकै बाँण, लिखत वीधाता मोड़ै।
बादल कह, री नार, सुण, एहवो जो होतब टलै,
न्हासूँ न, पूठ देऊं नहीं, बादल दलसूँ ना चले॥108॥

दूहा

त्रीया, तुझकों क्या दिऊँ, सती हुवै मुझ साथ।
जूड़ो दीनो काटक, नारी-केरै हाथ॥109॥
....।
ताके ऊपर अरगजा, भमर भमै चिहुं फेर॥110॥
सुखपालां सझ पांचसै, सोभा घणी करेह।
गढ़ तैं डोले उतरे, साह न पायो भेद॥111॥
गोरा बादल दोइ जण, आप भए असवार।
आय मिले पतिसाह सैं, किए सिलाँम तिवार॥112॥
ले आए संग पदमनी, दोड़न लागे मीर।
लाज जु लागे हम तुमै, बहुत भया दिलगीर॥113॥
साह ढंढोरो फेरियो, मत कोई देखो ऊठ।
गरदन मारूं तास कौं, लूँ सब डेरा लूट॥114॥
भी भिर आये साह पै, एक करै अरदास।
रतनसेन कूँ हुकम हुइ, जाइ पदमन कै पास॥115॥
मिल विछुरे संग पदमनी, तुमकों दीजै आँन।
हुकम कियो पतसाह तब, यह विधि मन में जाँन॥116॥

कवित्त

बादल तिहां आवियो, राय तिहाँ बाँधण बाँध्यो,
लेइ मस्तक आपणौ, चरण ऊपर तस दीधो।
हुऔ कोप राजाँन, वैर कीधो लें, वैरी,
कीधो भूँडो काँम, नारि आणावी मेरी।
बादल ताँम हँसि बोलियो, कृपा करो साँमी, सही।
बालक रूप-पदमावती, राव नारि तेरी नहीं॥117॥

दूहा

ले आए संग राव को, मन बिच हरख अपार।
डोले भीतर पैसताँ, आगे बीच लोहार॥118॥

बेड़ी काटी तुरत तिन, राय कियौ असवार।
तबल बाज तिनही समै, निकढे सुभट अपार॥119॥

सोरठा

रण वाजै रणतूर गारू गावै मंगता।
उमग तिहाँ चित सूर, कायर के चित खलभले॥120॥
ढमकै जंगी टोल, सुरणाई बाजै सरस।
घुरै दमामां घोर, सिंधूड़ा ढाढी चवै ॥121॥
साह-कटक पड्यौ सोर, ओरूं की ओरूं भई।
रही पदमनी ठोर, रण आये रजपूत रट॥122॥
तीन सहस रजपूत खाय अमल, घूँमै खड़े।
पड़े क्रपन के पूत, राँम राँम मुख ते रटे॥123॥
जुड़ आये रजपूत, भूत भये कारण भिडण।
परिहरि जोरू-पूत, खत्री आये खेत पर॥124॥
हबक ग्रहे हथियार, हलके हाथी साज के।
अंबाड़ी-असवार, पातसाह आयो प्रगट॥125॥
गोरा-बादल वीर, सिर फलाँ को सेहरो।
केसर छिटके चीर, सूंध-भीना सापुरस॥126॥

छंद वीरारस

जुडारे जंग, उलसे अंग।
गोरा वादल, ताने तंग॥127॥

छंद जात रसावलू

कर खंग लिय करि करि, विहंड भुजदंड दिखावै,
पाडलियै पाखरी उलट, अपने दल आवै।
निज साँम-काज भूपत लड़े, काट-काट लावै कमल,
गोरा लगावत जिहाँ खड़गं, तिहाँ पाड़ करै दोइ धड़॥128॥

छंद पद्धरी (मोतियदाम)

लड़ै जब गोरल बाँवन वीर, कमाँणक चोट चलायत तीर।
न चूकत रावत एकण चोट, लड़े, गज लोट सपोष्टालोट॥129॥
ग्रहै बरछी जब गोरल राय, सु नागन ज्यूँ नर उडत खाय।
फोड़त पाखर साथ पलाँण, सुजातन का सिर सुंदर माँण॥130॥
तजै बरछी, पकड़ें तरवार, घणी खुरसाण सो बीजलसार।
चलावत मीर उतारत सीस, उडावत एक चलावत वीस॥131॥

तजे तरवार गुरज भिड़ाय, दुरज्जन चोट दडब्बड़ ल्याय।
करै चकचूर गयंद-कपाल, सकै उमराव न आप संभाल ॥132॥
कहै मुख मीर ज आयो काल, डरै नर, दे हथियार संभाल ।
प्रहे त्रिन्ह दंत बड़े-बड़े मीर, न मारहु गोरल राव सधीर॥133॥
चल्यो एक मीर ज चोट चलाय, पड्यो धर ऊपर गोरल राय।
पुकार पुकारत गोरल नाँम, करै जब बादल ऐसो काँम॥134॥

कवित्त

सुभट सुभट सुं लड़ग, पड़ग तिहाँ खड़ग भडाभड़,
जुड़ग-जुड़ग जहाँ जुड़ग, जुड़ग तहाँ खड़ग धड़ाधड़।
मुड़ग मुड़ग तहाँ मुड़ग, मुड़ग कोउ अंग न मोड़ग,
गहर गहर गज दंत, भुजे भूपति गह तोड़ग।
संग्राम राम-रावण-सुपरि, जुड़े ज्वान ऐसी जुगति,
सलसलै सेस, सायर सलल, धड़हड़ कंप्यौ धवलहरि॥135॥

कवित्त

चाबक चंचल लाइ, उलट अपने दल आवै,
नेजा लेकर हाथ, जोर दुसमन-सिर लावे।
नाठे तबहि गयंद, तोफ झीड़ा फड़ पड़ियो,
मारे मुगल अपार, बाल बादल इम लड़ियो।
खुर-खेह सूर झंपत लियो, रैन-दिवस समसिर भयो,
छुटकाय बंध, चाढिय तुरिय, राय भेज घर कों दियो॥136॥
भारथ अयो अपार, साट सूरों के तूटे,
मारे ते रिण मांझ, जिनों के कालज खूटे।
बहुत मुए रजपूत, तुरक को अंत न लहिये,
चले रुधिर के खाल, तीन लोकन में कहियै।
भागत मतंग-ज-थाट जब, अपछर मंगल गाइयो,
रणजीत, राय छुट काय के, तब बादल घर आइयो॥137॥
वादल की आरती आय, पदमनी उतारै,
मुकताफल भर थाल, भरी सिर ऊपर वारै।
बहुयड़ दे आसीस, जीव तूं कोड़ वरीसां,
सूरवीर बंकड़ा, तूझ गुण गावै ईसा।
बलिहारी तस नांव पर, जिण कंत हमारो मेलियो।
गोरा गयंद बादल विकट, धन धन जननी जनमियो॥138॥

दूहा

बादल सुँ नारी कहै, हूं बलिहारी, कंत।
ते खग मार्‍यौ साह-सिर, दे चरणाँ गजदंत॥139॥
पिय मुख पूँछत प्रेम सुँ, धन बादल भरतार।
बोल निवाह्यो आपणों, सूर जपै जयकार॥140॥
काकी बादल सों कहै, गोरल नायो काय।
भिड़ मूवौ कै भाजि कै, सो मुझ बात सुणाय॥141॥
गोरा गिर सूं धीर, भिड़ै न भाजै भूम तें।
मार चलावै मीर, मगर चलावै तीर तें॥142॥
जाके लाए अंग, रंग निकासे ते जड़ग।
मारे मनुख तुरंग, गोरा गरजै सिंघ ज्यं॥143॥
भला हुआ जे भिड़ मूवा, कलंक न आयो कोय।
जस जंपै श्री जगत में, हिव रिण ढूंढ़ो जोय॥144॥
रिण ढूंढै नारी तहाँ, साथे सगला लोइ।
सीस न पावै, सो कहां, अंबर वाणी होइ॥145॥

कवित्त

गोरे का सिर ताँभ, तुरत तिण गिरझ उठायो,
मुखतै छूटो गिरझ, ताँम देवगना पायो।
देवँगना तें छुटि, सोइ सिर गंगा पड़ियो,
गंगा ते लियो संभु, रुंडमाला में जड़ियो।
सो सोह गोरल भरतार इम, सापवित्र मस्तक भयो।
यों जूझै परकाज-पर, सो गोरो सिवपुर गयो॥146॥

दूहा

नारी इम वाणी सुणी, पिय की पघड़ी साथ।
सती भई आणंद तूं, सिवपुर दीनो हाथ॥147॥
गोरा बादल की कथा, पूरण भइ है जाँम।
गुरू-सरस्वती-प्रसाद करि, कविजन करि मन ठाँम॥148॥
सोलैस असियै समै, फागण पूनिम मास।
वीरा रस सिणगार रस, कहि जटमल सुप्रकास॥146॥

छंद रिसावला

वसै मोछ अडोल अविचल, सुखी रइयत लोक,
आणंद घरि-घरि होत ऊछब, देखियत नहिं सोक॥150॥

राजा जिहाँ अलिखाँन न्याजी, खान-नासिर-नंद,
सिरदार सकल पठान बिच है, ज्यों नखत्रे चंद॥151॥
धर्मसी को नंद, नाहर जात, जटमल नाँउ,
जिण कही कथा बनाय कै, विच संबला के गाँउ॥152॥
कहता तहाँ आनन्द उपजे, सुन्याँ सब सुख होय,
जटमल पयंपै, गुनि जनो, विघन न लागै कोय॥153॥

'गोरा-बादल कथा' हिंदी कथा रूपांतर

जंबू द्वीप के सभी खंडों में भारतखंड सर्वोपरि है। भारतखंड में गढ़ चितौड़ है, जिसके चौहान राजा रत्नसेन के चरण कमलों की सेवा योद्धा करते हैं। रत्नसेन योद्धा है और वह माँगने वालों को दान और मान देता है। बहुत दूर से उसके यहाँ माँगने वाले आते हैं। एक दिन चार चतुर भाट माँगने आए। उन्होंने राजा की सराहना की। राजा ने उनसे पूछा कि "वे कहाँ से आए हैं?" उन्होंने कहा कि "हम सिंघल द्वीप से आपकी कीर्ति सुनकर आए हैं।" रत्नसेन ने भाटों की आसन देकर अपने पास बैठाया और कहा कि द्वीप के संबंध में बताओ। भाटों ने कहा कि समुद्र के पार अपार शोभावाला नगर है, जहाँ ऐरावत हाथी और पद्मिनी स्त्रियाँ पैदा होती हैं। (1-6)

राजा ने पूछा कि पद्मिनी स्त्री कैसी होती है, तो भाट ने कहा कि स्त्रियों की चार जातियाँ- चित्रिनी, हस्तिनी, शंखिनी और पद्मिनी होती हैं और इनमें से पद्मिनी सर्वश्रेष्ठ और अपार गुणोंवाली है। राजा ने कहा कि पद्मिनी स्त्री के लक्षण, रंग, रूप और गुण बताओ। भाट ने कहा कि पद्मिनी का मुख चंद्रमा जैसा होता है और उसके शरीर से कमल की सुगंध आती है। उसके चारों और भ्रमर मँडराते हैं और उसको देखकर देवता और राक्षस मोहित होते हैं। वह 108 अंगुल लंबी होती है। उसकी पिंडलियाँ की लंबाई सत्ताईस अँगुल होती है। उसकी आँखें हिरण, वचन कोयल और कमर सिंह के समान होती है। उसके होठ लाल, दाँत हीरे, भौंह धनुष और चाल हाथी जैसी होती है। पद्मिनी के गुण सुनकर राजा की उसको पाने की इच्छा प्रबल हो गई। उसने मन में सोचा कि बिना पद्मिनी देखे मेरा जवीन व्यर्थ है। पद्मावती राजा के चित्त में बस गई। उसे रात में नींद नहीं आती थी और भोजन अच्छा नहीं लगता था। ऐसे में एक दिन एक योगी वहाँ आया। उसके आने से राजद्वार पर धुँआ दिखाई दिया। उस सिद्ध योगी को देखकर राजा बहुत प्रसन्न हुआ। उसने योगी की ख़ूब आवभगत की। रात भर बैठकर राजा ने योगी का पात्र पंचामृत से भर दिया। योगी

ने संतुष्ट होकर राजा से, जो उसे चाहिए, वो माँगने के लिए कहा। राजा ने कहा कि ''मुझे पद्मिनी से विवाह करना है।'' योगी ने कहा कि ''पद्मिनी सिंघल द्वीप में है, जो तुम्हे वह पसंद हो, तो राजपाट छोड़कर मेरे साथ चलो।'' राजा ने कहा कि ''आप मेरा काम कर कर दीजिए और इसके लिए जो सामग्री अपेक्षित है, साथ ले लीजिए।'' योगी ने अपनी मृगछाला बिछाई और मंत्र पढ़ा। दोनों मृगछाला पर बैठकर सिंघल द्वीप के लिए उड़ गए। (7-14)

सिंघल द्वीप पहुँचकर योगी ने राजा से कहा कि ''तुम एकशब्दी भिक्षा के लिए जाओ।'' उसने राजा को योगी का वेश धारण करवाया। राजा योगी के वेश में भिक्षापात्र लेकर राजद्वार पर आया। वहाँ राजकुमारी पद्मावती को देखकर वह मूर्च्छित हो गया। राजा का रूप-सौंदर्य देखकर पद्मावती भी मोहित हो गई। उसने सखी से राजा पर पानी के छींटे डालने के लिए कहा। सखी ने पानी के छींटे डालकर राजा को जगाया। पद्मावती ने देखा कि रत्नसेन में आदर्श पुरुष के पूरे बत्तीस लक्षण मौजूद हैं। उसने अपना नौसर हार तोड़कर राजा को उसकी भिक्षा दी। उसकी सखी राजा के लिए मोतियों को थाल भरकर लाई। राजा ने भिक्षा लाकर योगी के आगे रख दी। योगी ने कहा कि जो जिस योग्य है, उसको वैसी ही भिक्षा मिलती है। योगी चलकर राजा के घर आया। राजा योगी को देखकर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने अपना सिर योगी के चरणों में रखकर कहा कि ''आज मेरा घर पवित्र हो गया और हमारा सौभाग्य है कि गुरु प्रेमपूर्वक हमारे यहाँ आए।'' सुनकर पद्मावती भी वहाँ आई और उसने गुरु के चरणों की धूल अपने सिर पर लगाई। आशीष देकर योगी ने कहा कि ''बेटी! तुम्हारा मनोरथ पूर्ण हुआ।'' राजा ने योगी से कहा कि- ''मेरी सुखदायक पुत्री विवाह योग्य हो गई है, लेकिन कोई वर उसके योग्य नहीं है।'' योगी ने कहा कि ''मैं दुष्टों का विनाश करनेवाले, चित्तौड़गढ़ का चौहान राजा, जिसके समान कोई दूसरा मनुष्य नहीं है, को वर के रूप में लाया हूँ। तुम अपनी पुत्री का विवाह उससे कर दो।'' गुरु के वचन मानकर राजा ने अपनी पुत्री का विवाह रत्नसेन के साथ कर दिया। उसने दहेज में कई लाल, मोती, हीरे, रेशमी वस्त्र और सोना दिया। रत्नसेन ने राजा से कहा कि ''अब हमें विदा दो, चित्तौड़गढ़ के लोग चिंता करते हैं।'' राजा ने पद्मावती को विदा किया। उसने राघव को उसके साथ भेजा। रोते हुए भाई और माता ने पद्मावती को कंठ से लगाया। रत्नसेन, पद्मावती, राघव और योगी उडनखटोला पर चढ़े और उड़कर चित्तौड़गढ़ पहुँच गए। (15-22)

रत्नसेन के चित्तौड़गढ़ पहुँचने पर नगाड़े बजे और स्त्रियों ने मंगलगीत गाए। राजा को पद्मावती के साथ दुर्ग में लिया गया। रत्नसेन और सभी रानियों को छोड़कर पद्मावती के प्रेम में डूबा रहने लगा। वह रात-दिन उसके साथ रहता। उसने प्रण लिया

कि वह पद्मावती को देखे बिना पानी नहीं पिएगा। रत्नसेन पद्मावती के मोह के अधीन हो गया। ऐसे में एक दिन जब रात एक-दो घड़ी रह गई, तो रत्नसेन राघव को साथ लेकर शिकार पर निकला। जंगल में शिकार खेलते हुए रत्नसेन प्यास लगी, लेकिन उसने पद्मावती का देखकर ही जल पीने का प्रण ले रखा था। तब राघव ने चित्त लगाकर देवी त्रिपुरा की कृपा से पद्मावती की मूर्ति बना दी। उसने उसमें पद्मावती जैसा वेश रखा और भाव डाले। उसने उसकी जंघा पर वैसा ही तिल भी बनाया, जैसा पद्मावती की जंघा पर था। मूर्ति की जंघा पर तिल देखकर राजा क्रोधित हुआ और उसके मन में राघव के चरित्र को लेकर संदेह हो गया। उसने सोचा कि पद्मावती से बिना रमण किए राघव को तिल की जानकारी कैसे हुई? राजा ने कहा कि राघव ब्राह्मण है, इसलिए मारूँगा नहीं, इसको नगर से निकला दूँगा। घर आकर राजा ने ब्राह्मण राघव को नगर से निकाल दिया। राघव ने उसी समय वैरागी का वेश धारण कर लिया। उसने भगवा पहनकर कमंडल में जल भरा और योग तत्त्व में डूबकर यंत्र बजाने लगा। वह दिल्ली जाकर वहाँ जगल के अंत में स्थित में उद्यान में रहने लगा। वहाँ बादशाह उल्लाउद्दीन जनता पर शासन करता था। एक दिन शिकार खेलते हुए बादशाह वहाँ आया। उसी समय राघव ने युक्तिपूर्वक अपना यंत्र बजाया। यंत्र का राग का सुनकर सभी हिरण राघव के पास आ गए। बादशाह को शिकार के लिए कोई हिरण नहीं मिला। बादशाह घोड़े से उतरकर राघव के पास आया। वह राघव का राग सुनकर मोहित हो गया। उसने राघव से कहा कि- ''तुम हमारे यहाँ चलो।'' राघव ने कहा कि- ''मैं वैरागी और तुम गृहस्थ हो। मेरा तुम्हारा साथ राहु और चंद्रमा की तरह है।'' बादशाह ने हठ किया और वह राघव को घर ले आया। बादशाह राघव के राग-रंग पर मुग्ध हो गया। दोनों में धीरे-धीरे प्रेम बढ़ने लगा। (23-30)

एक दिन कोई एक जीवित खरगोश बादशाह के पास लाया। बादशाह ने उसको गोद में लेकर उसकी कोमल रोमावली पर हाथ फेरा। बादशाह ने राघव से पूछा कि इससे कोमल कुछ है, तो उसके गुण बताओ। खरगोश पर हाथ फेरकर राघव ने कहा इससे हज़ार गुना कोमल पद्मावती की देह है। सुबह बादशाह ने राघव को बुलाकर पूछा कि ''तुम शास्त्र के ज्ञाता हो। बताओ कि स्त्री की कितनी जातियाँ होती हैं? राघव ने उत्तर दिया कि स्त्री की हस्तिनी, शंखिनी, चित्रिणी और पद्मिनी चार जातियाँ हाती हैं और इनमें से पद्मिनी अपार रूप-सौंदर्य से युक्त होती है। पद्मिनी के पसीने से कस्तूरी की सुगंध आती है। उसके मुँह से कमल की सुगंध आती है, इसलिए भ्रमर उसके पास से नहीं जाते। उसका मुँह और अंग चंदन से सुवासित हैं। उसके कमल नयन श्वेत, श्याम और लाल हैं। उसकी नासिका तोते की तरह और रूप ऐसा

है कि रंभा भी लज्जित हो। उसके दाँत अनार तरह और होठ लाल होते हैं। कोमल पान उसका भोजन है और वह हमेशा सौलह शृंगार से परिपूर्ण रहती है। वह पान से अधिक पतली होती है और उसकी सुंदरता नैसर्गिक है। उसकी चोटी कमर के नीचे तक लटकती है और वह बत्तीस लक्षणों से युक्त है। उसकी भुजाएँ मृणाल की तरह विशाल और चाल हंस के समान है। उसकी देह चंपकवर्णी है और उसके पदचिह्न देखकर देवता और मनुष्य प्रसन्न होते हैं। उसकी कमर सिंह के समान और अंग चंदनवर्णी हैं। वह स्त्रियों में सर्वेपरि मुकुट मणि है। चित्रिणी स्त्री अत्यंत चपल और चंचल होती है। उसकी कमर पतली, आँखें कमल के समान और चोटी काली नागिन जैसी होती है। उसके स्तन बड़े और कठोर होते हैं। वह अमृत वचन बोलती है और झूलते हुए हाथी तरह चलती है। वह संभोग की सभी रीतियाँ जानती है और हमेशा शृंगार युक्त रहती है। हस्तिनी स्त्री में प्रेम बहुत होता है। उसके केश उलझे रहते हैं। उसके नेत्र हिरण की तरह चपल होते हैं- खंजन भी इनसे लज्जित अनुभव करता है। वह कामिनी स्वर्णलता के समान होती है। उसके दाँत अनार के दानों की तरह होते हैं। वह पुष्पवेश पहनती है और अपने पति से प्रेम करती है। वह बहुत चतुर होती है और उसके स्तन कंचन कलश जैसे होते हैं। वह काम केलि जानती है। शंखिनी स्त्री का जटा-जूटयुक्त मुँह बहुत विकराल और व्यग्र होता है। उसकी देह सूकर जैसी क्रोध सहित होती है। वह कुत्ते की तरह हमेशा घुरघुराती रहती है। उसकी गति गधे के समान है और वह गुणहीन होती है। उसके मोटे स्तन ढले हुए और तन मलीन रहता है। उसकी भगेन्द्रीय हमेशा चूल्हे की तरह काम तृप्त रहती है। उसे ख़ूब नींद और आलस्य आता है। वह ख़ूब खाने वाली हथिनी जैसी होती है। पद्म (इकाई की ओर से गिनने पर सोलहवें स्थान की संख्या) स्त्रियों में से कोई एक पद्मिनी, करोड़ों में एक चित्रिणी और हज़ारों में से एक हस्तिनी और शेष सब शंखिनी स्त्रियाँ होती हैं। (31-43)

पुरुषों की चार जातियाँ- सिसा, मृग, वृषभ और अश्व होती हैं। सिसा पुरुष का मुख और शरीर कोमल होते हैं। वह शीलवान और देवताओं की तरह ज्ञानी होता है। रति विनोद में उसकी बहुत रुचि नहीं होती। मृग पुरुष मधुर वचन बोलता है। वह चपल बुद्धि और भीरू होता है। वह चतुर और साधु का स्वभाव का होता है। वह हँसमुख और कामी होता है। उसका शरीर स्वर्ण सदृश होता है। वृषभ जाति का पुरुष भारी और क्रूर स्वभाव का होता है। वह छली-कपटी, हठी और लंपट होता है। काम-केलि का उसको बहुत उत्साह रहता है। तुरंग पुरुष का शरीर भारी और उसके पाँव लंबे होते हैं। उसके नख-शिख और अंग भी बड़े होते हैं। वह सुंदर युवतियों के साथ रति-रमण करता है और आलसी होता है। पद्मिनी ससा, चित्रिणी मृग, हस्तिनी

वृषभ और शंखिनी अश्व पुरुष से संभोग करती है। (44-47)

स्त्रियों की जातियों के संबंध में सुनकर बादशाह ने राघव से कहा कि ''मेरे हरम में दो हज़ार बेगमें हैं। महल में जाकर उनको देखो।'' राघव ने कहा कि ''मैं महल में नहीं जाऊँगा। तेल में उनकी छाया देखकर ही जाति बता दूँगा।'' बादशाह ने हुक्म दिया, जिससे सभी बेगमों ने शृंगार करके भरे हुए तेलकुंड में अपने दर्शन दिए। सभी बेगमों को देखकर राघव ने कहा ने कहा कि ''हंस गामिनी, मृग नयनी और रंभा को रूप में पीछे रखनेवाली चित्रिणी, हस्तिनी और शंखिनी बादशाहज़ादी तो आपके यहाँ बहुत हैं, लेकिन इन सुंदर स्त्रियों में एक भी पद्मिनी नहीं है।'' बादशाह ने राघव से कहा कि ''पद्मिनी कहाँ हैं, शीघ्र बताओ, जो माँगोगे मिलेगा।'' राघव ने उतर दिया कि पद्मिनी समुद्र पार सिंघल द्वीप में है। समुद्र ऐसा है कि उसको देखकर शत्रु का हृदय भी काँप जाता है। यह सुनकर सुल्तान ने चढ़ाई की और समुद्र के किनारे आ गया। वह हठ पर अड़ गया कि बताओ पद्मिनी कहाँ है? राघव ने बादशाह से कहा कि ''पद्मिनी अपने निकट रत्नसेन चौहान के यहाँ है।'' यह सुनकर सुनकर बादशाह ने चित्तौड़गढ़ पर चढ़ाई कर दी। दिल्लीपति ने नगाड़े बजाकर रत्नसेन पर आक्रमण कर दिया। सभी राजा काँप गए और खलबली मच गई। नगाड़े पर चोट पड़ते ही घोड़ों के खुरों से उड़ी धूल से सूरज छिप गया। (48-55)

बादशाह की सेना के दलों ने चारों और से चढ़ाई की। सभी अधीर हो रहे थे और आनंद और अभिभान में डूबे हुए थे। किसी को भी मुहूर्त गणना का समय नहीं था। तीन लाख योद्धा जीन कसे हुए असाधारण घोड़ों पर सवार थे। घोड़े अरबी, तुर्की, ऐराकी और कई रंगों के थे। घोड़ों पर सोने की लगामें और सुपाटबंद शोभित हो रहे थे। रेशमी डोरियों के कसों और लटकनों के ठाट थे। हाथियों की झूलें ध्वनि कर रही थीं और वाद्य बज रहे थे। जीनों पर जरकशी और कलंगियाँ लगी हुई थीं। पचपन हाथियों का समूह नेजों और भालों के साथ चल रहा था। सावन माह में चलने वाले परनालों की तरह हाथियों का मद झर रहा था। हाथी ऐसे चलते थे जैसे सफ़ेद बगुलों की पंक्ति हो। बादशाह ने कवचयुक्त सेना को आगे रखा। रथ, पैदल और सवारों की गणना संभव नहीं थी। आतिशबाज़ी होने लगी, जिससे तीनों लोकों में खलबली मच गई। दस कोस में डेरे पड़े हुए थे। कोई विश्राम नहीं कर रहा था। सभी ने चित्तौड़ पहुँचकर डेरे दिए और पचरंग तंबू झंडों के साथ इस तरह तान दिए, जैसे बसंत ऋतु में फूल खिले हों। (55-66)

उलाउद्दीन ने दुर्ग पर घेरा डाल दिया। रत्नसेन दुर्ग में डटा रहा। उलाउद्दीन बारह वर्ष तक घेरा डालकर वहाँ बैठा रहा। जिन स्थानों पर आम लगाए गए, उनमें फल लगकर पक गए। बादशाह ने राघव से कहा कि ''दुर्ग चित्तौड़ बहुत विषम और

कठिन है। ताक़त से इसे लेना संभव नहीं है। क्या करना चाहिए?'' राघव ने कहा कि ''हमें षड्यंत्र करना चाहिए। हम घेरा उठा लेते हैं, जिससे राजा का विश्वास हो जाएगा।'' बादशाह ने अपना खवास (विश्वस्त सेवक) रत्नसेन के पास भेजा। राजा की अनुमति से उसे दुर्ग के अंदर लिया गया। खवास ने संदेश देते हुए कहा कि ''बादशाह कहता है कि तुम हमारा कहा मान लो, तो तुमको सात हज़ार मसनद का कर दूँगा। पद्मिनी को अपनी बहन और तुम्हे अपना भाई बनाऊँगा। चित्तौड़ का दुर्ग देखकर तुमको दूसरे कई देश सौंपूँगा। तुम्हारे गले लगूँगा और नाक नीची कर लौट जाऊँगा। केवल एक प्रहर दुर्ग में रहकर चला जाऊँगा।'' बादशाह की बात मानकर राजा ने घेरा उठा लिया। उसने बहुत अतिथ्यपूर्वक बादशाह को दुर्ग में बुलाया। बादशाह अपने उमरावों और दस-बीस योद्धाओं के साथ मन में कपट रखकर दुर्ग में आया। राजा ने उसकी बहुत आवभगत की। बादशाह ने कहा कि- ''अब तुम मेरे भाई हो, पद्मिनी दिखा दो, अब दुर्जनों को दुःख देने का समय निकल गया है।'' रत्नसेन ने पद्मिनी से कहा कि बादशाह ने तुमको बहन बनाया है, तुम अपने भाई को मुँह दिखा दो। पद्मिनी ने अपनी एक दासी को अपने जैसा श्रृंगार करवाकर बादशाह को उसका मुँह दिखा दिया। बादशाह उसे देखकर सिर के बल जमीन पर गिरा। राघव ने कहा कि- ''हे बादशाह! यह पद्मिनी नहीं है। तुम किसे देखकर गिर पड़े। पद्मिनी तो बहुत सुंदर है। लाख रुपए के पलंग पर आधे लाख की रजाई और आधे लाख के तकिये के साथ पद्मिनी शयन करती है। उसकी शय्या केशर, चंदन और कपूर से सुगंधित रहती है। रत्नसेन की चहेती चंद्रवदनी पद्मिनी से पद्म की गंध आती है।'' बादशाह ने राजा का हाथ पकड़कर कहा कि ''किसी और को दिखाकर तुम मेरे साथ कपट करते हो। मुझे पद्मिनी का मुँह दिखाओ।'' इसी समय पद्मिनी ने झरोखे की खिड़की से मुँह बाहर निकाला, जिसे देखकर वह नीचे गिरा। उसने खंभे का सहारा लेकर अपने को सँभाला। एक क्षण अपने को सँभालकर बादशाह ने कहा कि ''अब डेरे पर चलो। रत्नसेन भाई है, उसकी क्या सराहना करूँ।'' पहली पौली (दरवाज़ा) पर बादशाह रत्नसेन एक लाख और दूसरी पौली पर दस गाँव दिए। राजा को लोभ हो गया। वह बख्शीश लेते हुए बाहर आ गया और बादशाह के जाल में फँस गया। बादशाह ने दुर्ग से बाहर निकलते ही उसको बंदी बना लिया। दुर्ग का दरवाज़ा बंद कर लोग अंदर चले गए। दुर्ग में शोर मच गया कि कपट करके बादशाह राजा को ले गया है। (67-79)

बादशाह रोज़ राजा का मारता, उसको कोड़े लगाता और कहता कि पद्मिनी दो, तभी तुम्हे सुख मिलेगा। वह दुर्ग के नीचे लाकर राजा को डराता और लटकाकर रखता, जिससे लोग दुःखी होते। मार से राजा कायर हो गया। उसने कहा कि- ''मैं

पद्मावती दे देता हूँ। खवास भेजो, मुझे मत मारो।'' राजा ने दुर्ग में खवास भेजा और कहलवाया कि- ''यदि मेरे जीवन की आस है, तो पद्मिनी दे दो, एक क्षण का भी विलंब मत करो।'' रानी पद्मिनी ने राजा से कहलवाया कि ''प्रियतम अपने प्राण दे दो, लेकिन अपनी स्त्री मत दो। काल से कोई नहीं छूटता, इसलिए सिर देकर यश लेना चाहिए। अपने पर कलंक मत लगाओ और मेरा सतीत्व भी नष्ट मत करो।'' पद्मिनी पान लेकर बादल के पास गई और कहा कि ''मेरी रक्षा करनेवाला कोई नहीं है। एक तुम्हारी ही आशा है।'' बारह वर्ष का बादल अभी चौगान खेल रहा था कि पद्मिनी पान ले आई। बादल ने पद्मिनी से कहा कि ''तुम गोरा के पास जाओ। मैं पान अपने सिर पर धारण करता हूँ। विश्वास रखो और कोई चिंता मत करो।'' जब पद्मिनी को आशा बँधी, तो वह निश्चिंत हुई और गोरा के पास आई। उसने गोरा से कहा कि ''स्वामी संकट में है, ऐसे में अब मित्रता निभाओ। मंत्रियों ने मंत्रणा की है कि बिना एक क्षण विलंब किए पद्मिनी देकर राजा को छुड़ाएँगे। अब मैं तुम्हारी शरण में आई हूँ, जो अच्छा लगे करो।'' गोरा ने बीड़ा उठाकर कहा कि बहिन, जाओ और घर पर निश्चिंत बैठो। (80-86)

बादल और गोरा ने बैठकर विचार किया कि बादशाह से कैसे लड़ें, उसके पास लशकर बहुत है। बादल ने कहा कि- ''पाँच सौ डोले बनाओ। एक-एक डोले में दो योद्धा बैठाकर उसको चार-चार योद्धाओं के कंधों पर रखेंगे। डोलों में हथियार रखकर उनके आगे घोड़े रखेंगे। तुर्कों को पास नहीं आने देना है। बादशाह को कहें कि हम पद्मिनी देने आ रहे हैं। रत्नसेन के बंधन काट देंगे। बादशाह की सेना को नष्ट करेंगे। पीठ नहीं दिखानी है और तलवार की मूठ को दृढ़ता से पकड़कर बादशाह के सिर पर प्रहार करना है।'' बादल की मंत्रणा सबको पसंद आई। सभी सामंतों ने भी कहा कि अब यही करना है। तत्काल सुथार बुलाकर डोले बनाए गए। उनको मखमली गिलाफ़ पहनाए गए। उनके अंदर योद्धाओं को बिठाकर उनको योद्धाओं के कंधों पर रखा गया। उनके भीतर हथियार, कवच आदि रखे गए। ऐराकी घोड़ों को सजाकर बादल ने मंत्रणा की और वकील और सामंत को बादशाह से मिलने भेजा। यह संदेश भेजा गया कि राजा आज आपको पद्मिनी देगा। यह जानकर सुल्तान बहुत प्रसन्न हुआ। उलाउद्दीन ने कहा कि वकील तुम शीघ्र पद्मिनी से लाओ और यह संदेश बादल को दे दो। बादशाह का संदेश मिलने पर बादल तैयार हुआ और सामंतों को समझाया कि किस तरह मार करनी है। उसने कहा कि डोलों से निकलते ही घोड़ों पर चढ़कर उनको आगे करो। नेजों से दुश्मन के सिर लाओ। जब नेजे समाप्त हो जाए, तो तलवार से शत्रु पर प्रहार करो और जब तलवारें टूट जाएँ, तो गदा उठाओ। जब गदाएँ टूटकर जमीन पर गिर जाए, तो कटार से आमने-सामने

लड़ो। हे सामतो! स्वामी के लिए इतना काम करो। (87-94)

जब बादल युद्ध के लिए चला, तो उसकी माता आई और कहने लगी कि- ''बाल्य वय में तुमने यह क्या किया? बादल तुम ही मेरा जीवन हो, मेरे जीवन में तेरे बिना अँधेरा है और मेरा जीवन तेरे बिना सूना और सुख विहीन है। तेरे बिना मुझे कुछ सूझता नहीं है और मेरी छाती फटी जा रही है।'' बादल ने यह सुनकर कहा कि- ''हे माता, तुम मुझे बालक क्यों कहती हो। मैं तुमसे रोकर रोटी नहीं माँगता। मैं बादशाह के सिर पर तलवार से प्रहार करूँ, तो मुझे शाबासी देना। सिंह और बाज कायर नहीं होते। ये बड़े जानवरों को मारकर एक क्षण में उठा लेते है। सिंह शावक को गर्भ से निकलते ही हाथियों का समूह दिखाई दिया, तो वह उनका सिर टूटने तक लड़ा। बादल ने आगे कहा कि माता, तुझे सौंगध है। मेरा साहस देखना। मैं बादशाह के साथ युद्ध करूँगा। योद्धाओं का मारकर स्वामी के बंधन काटूँगा। जो मेरा सिर जाए, तो कोई बात नहीं, उसे देकर मैं यश लूँगा। जैसे हनुमान ने राम का कार्य किया, एक क्षण में रावण को मार दिया, वैसे हाथियों को मारकर बादशाह को मारने के लिए तलवार चलाऊँगा। मैं बालक हूँ या नहीं, यह प्रमाण तो तब मिलेगा, जब मैं हथियों के समूह को मोड़ दूँगा, महावत को पछाड़ दूँगा, स्वामी के बंधन काट दूँगा, भाले के प्रहार पलट दूँगा, हाथी को मारकर बादशाह के सिर पर तलवार मारूँगा। हे माता! मैं तुझे लज्जित करने के लिए घोड़े की लगाम कभी पीछे नहीं मोड़ूँगा।'' माता ने कहा कि ''बादल, जैसा तुमने किया, वैसा कोई नहीं करता।'' माता ने आशीर्वाद दिया कि तेरी जय हो। (95-103)

माता ने वहाँ से जाकर बहू को भेजा और कहा कि मेरे रोकने से वह नहीं रुक रहा। अब तुम जाकर रोक लो। शृंगार करके नयी-नवेली स्त्री बादल के पास आई। उसने बादल से कहा कि- ''अभी तक तुमने मेरे साथ तो रमण नहीं किया, अभी तक तुमने सेज नहीं सजाई, मेरे नख क्षत नहीं किए और लड़ने चल हो। अभी तक तुमने मेरे स्तनों के प्रहार नहीं सहे, तो फिर तुम भालों के प्रहार कैसे सहोगे? युद्ध में तो नाल-गोले चलते हैं, सिर धड़ से अलग हो जाते हैं।'' बादल ने पत्नी से कहा कि- ''बादशाह की सेना को देखकर तुम यह राय मत बनाओ।'' बादल ने आगे कहा कि- ''ध्रुव चलने लग जाए, सूर्य पश्चिम में उगे, साधु अपने वचनों से मुकर जाए, पंगु पर्वत पर पहुँच जाए, बादल धरती पर आ जाएँ, समुद्र अपनी मर्यादा छोड़ दे, अर्जुन बाण चूक जाए और विधाता लिखना छोड़ दें, लेकिन बादल के वचन नहीं टलते। न मैं रण से भाग सकता हूँ, न ही पीठ दिखा सकता हूँ और न ही शत्रुदल से भयभीत हो सकता हूँ।'' बादल की पत्नी ने कहा कि- ''युद्ध में प्रवेश करते हुए समय तुम कायर मत होना। यदि ऐसा हुआ, तो लोग मुझे उलाहना

देंगे, कोई इसको अच्छा नहीं कहेगा। मर गए तो बहुत अच्छा और जीवित रहे तो राज्य मिलेगा। दोनों प्रकार से सर्वत्र यश ही फैलेगा। उसने बादल से कहा कि कायर के मांस को तो गिद्ध भी नहीं खाते। मुँह पर कलंक मत लगाना, इससे हमारी दुर्गति होगी।'' बादल ने पत्नी से कहा कि- ''मैं तुझे क्या दूँ। उसने अपने बाल काटकर कुछ पत्नी को दिए और कहा कि खेत रहूँ, तो इनके साथ सती हो जाना।'' (104-116)

डोले सजाए गए और उन पर सुगंधित छिड़काव किया गया, जिससे भ्रमर उन पर उड़ने लगे। शोभायुक्त पाँच सौ डोले गढ़ से नीचे उतरे। बादशाह को इनका रहस्य समझ में नहीं आया। गोरा और बादल, दोनों घोड़े पर सवार होकर आए और बादशाह से मिलकर उसको सलाम किया। यह जानकर कि गोरा-बादल पद्मिनी लेकर आए है, मीर इधर-उधर दोड़ने लगे। वे कहने लगे यह लज्जाकरक है और वे उदास हुए। बादशाह ने ढिंढोरा पिटवाया कि कोई उठकर डोला नहीं देखे। यदि किसी ने ऐसा किया, तो वह उसकी गर्दन काटकर उसका डेरा लूट लेगा। गोरा बादल फिर बादशाह के पास आए और उससे निवदेन किया कि आपका आदेश हो, तो रत्नसेन पद्मिनी से मिल ले। उन्होंने कहा कि हम वचन देते हैं कि रत्नसेन पद्मिनी से मिलकर आ जाएगा। बादशाह ने तदनुसार आदेश दे दिया। बादल वहाँ आया, जहाँ राजा बंदी था। उसने अपना सिर राजा के चरणों में रख दिया। राजा क्रोधित हुआ। उसने बादल से कहा कि- ''तुमने दुश्मनी निकाली। मेरी स्त्री को लाकर तुमने ख़राब काम किया।'' बादल हँसकर बोला कि- ''स्वामी! बालक पर कृपा कीजिए। यह पद्मिनी नहीं, केवल उसका रूप है। यह आपकी पत्नी नहीं है।'' बादल रत्नसेन को प्रसन्नतापूर्वक अपने साथ ले आया। वह उसे लेकर डोले में प्रविष्ट हुआ, जहाँ पहले से लुहार मौजूद था। तुरंत उसकी बेड़ियाँ काट दी गईं और उसको घोड़े पर सवार कर रवाना कर दिया गया। उसके क़िले में पहुँचते ही वाद्य बजे ओर डोलों से अपार योद्धा निकल पड़े। रणवाद्य बजने लगे, चारण-भाट विरुद गाने लगे। योद्धाओं के चित में उमंग और कायरों के चित खलबली मच गई। जंगी ढोल और शहनाई बजने लगी। नगाड़ों पर प्रहार होने लगा और ढाढ़ी सिंधु राग गाने लगे। बादशाह की सेना में शोर मच गया कि जो होना चाहिए था उससे अलग हुआ। पद्मिनी की जगह राजपूत योद्धा आ गए हैं। क्षत्रिय योद्धा अपने परिजनों- पुत्र पत्नी आदि को छोड़कर आए और भूतों की तरह भिड़ गए हैं। तीन हज़ार राजपूत योद्धा अफीम खाकर मरने-मारने पर उतारू हैं। कायर काँप रहे हैं और राम-राम कर रहे हैं। बादशाह हाथी सजाकर हथियारों सहित अंबाड़ी में बैठकर आया। गोरा-बादल के सिर पर फूलों का सेहरा था और वे केशर से सुगंधित केसरिया वस्त्र पहने हुए थे। (117-126)

युद्ध आरंभ हुआ। गोरा–बादल के अंग उल्लसित और सन्नद्ध थे। वे हाथ और कमर की तलवार से शत्रु को खंड–खंड कर अपनी भुजाओं की ताक़त दिखाते थे। शत्रुओं का कवच तोड़कर अपने दल में आ जाते थे। अपने स्वामी के लिए सामंत लड़ते थे और शत्रु का सिर काटकर लाते थे। गोरा जहाँ तलवार से प्रहार करता था, वहाँ वह दो धड़ कर डालता था। बावन योद्धाओं के बीच गोरा मारक चोट करने वाले तीर चलाता था। वह कोई प्रहार नहीं चूकता। उसके प्रहार से हाथी धराशायी हो जाते थे। गोरा जब बरछी चलाता था, तो यह नागिन की तरह उड़कर शत्रु को ख़त्म करती थी। यह पाखर और झूलों का फाड़ डालती थी। वह बरछी छोड़कर खुरासानी तलवार बिजली की तरह चलाता है और उससे मीरों के सिर क़लम कर देता है। तलवार छोड़कर जब वह गदा सँभालता था, तो उसके भारी प्रहार से शत्रु नष्ट होते थे। उससे वह हाथियों के कपाल चकनाचूर करता था। उसके प्रहार से शत्रु सामंतों को सँभलने का मौका नहीं मिलता। बड़े–बड़े मीर दाँतों में तिनका दबाकर उससे प्रार्थना करते थे कि हम मत मारो। एक मीर ने गोरा पर प्रहार किया, जिससे वह धराशायी हो गया। बादल गोरा को पुकारता हुआ इसी समय वहाँ पहुँचा। बादल तुरंत प्रहार करके अपने दल में लौट आता था। वह नेजा हाथ में लेकर शत्रुओं के सिर काटकर लाता था। उसके आतंक से हाथी भाग गए। बादल इस तरह से लड़ा कि असंख्य मुग़ल मारे गए। घोड़ों के खुरों से इतनी धूल उड़ी कि उसमें सूर्य छिप गए। भीषण युद्ध हुआ। योद्धाओं के सिरे टूटे। युद्ध में गिरकर मरनेवालों के कलेजे बाहर आ गए। बहुत राजपूत मरे। तुर्क इतने मरे कि उनका पार ही नहीं है। खून के नाले बहने लगे, जिनकी तीनों लोकों में चर्चा है। उलाउद्दीन वहाँ से भाग गया। अप्सराएँ मंगलगीत गा रही थीं। युद्ध जीतकर और रत्नसेन को छुड़ाकर बादल घर आया। पद्मिनी ने बादल की आरती उतारी। मोतियों का थाली भरकर उसने बादल पर वारा। पद्मिनी ने उसको बहुत आशीर्वाद दिया कि– ''तू करोड़ों वर्षों तक जिए। तू बाँका शूरवीर है। तेरे गुण ईश्वर गाता है। मैं तुझ पर बलिहारी जाती हूँ। तुमने मेरे पति को मुझसे मिलवाया। गोरा भीषण और बादल विकट है। वे माताएँ धन्य हैं, जिन्होंने इनको जन्म दिया।'' (127–138)

पत्नी ने बादल से कहा कि– ''मैं तुम पर बलिहारी जाती हूँ कि तुमने हाथी के दाँतों पर पाँव रखकर बादशाह पर तलवार चलाई।'' उसने कहा कि– ''तुम धन्य हो, तुमने अपने वचन का निर्वाह किया। देवता भी तुम्हारी जयकार करते हैं।'' काकी ने बादल से कहा कि– ''मुझे सुनाओ की गोरा भिड़कर मरा या जूझकर।'' बादल ने कहा कि गोरा पर्वत के समान धैर्यवान था। वह युद्धभूमि से भागा नहीं, लड़ते रहा। उसने तीरों के प्रहारों से मीरों का मारा। उन्होंने मनुष्यों और घोड़ों को मारा और

युद्धभूमि में सिंह की तरह गरजा। गोरा की पत्नी ने कहा कि अच्छा हुआ, जो वह लड़कर मरा। कोई कलंक नहीं लगा। संसार उसका यश गाएगा। अब युद्धभूमि में जाकर उसको ढूँढो। पत्नी ने सभी लोगों के साथ युद्धभूमि में उसका सिर ढूँढ़ा, लेकिन नहीं मिला। तभी आकाशवाणी हुई कि गिरते ही गोरा का सिर गिद्ध ने उठाया, गिद्ध के मुँह से छूटा, तो देवांगाना ने ले लिया, देवांगना से छूटा, तो गंगा में गिरा और गंगा में से उठाकर भगवान शंकर ने उसे अपनी माला में पिरो लिया। इस तरह अब यह पार्वती के पति शंकर के गले में शोभायमान है। परकाज के लिए जूझने वाला गोरा इस तरह शिवपुर में चला गया। गोरा की पत्नी यह सुनकर अपने प्रिय की पगड़ी के साथ आनंदपूर्वक सती हुई और दोनों शिवपुर में साथ हो गए।

गोरा बादल की यह कथा गुरु और सरस्वती की कृपा से कवि जन के मन में जगह बनाकर इस तरह संपूर्ण हुई। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को सौलह सौ अस्सी के समय वीर और शृंगार रस की यह कथा कवि जटमल ने कही है। (139–149)

मोछ गाँव की प्रजा निश्चिंत और सुखी है। यहाँ घर–घर आनंद होता है और शोक कहीं नहीं है। यहाँ का राजा अलिख़ान न्याजी है, जो नासिर ख़ान का बेटा है। वह सभी पठान सरदारों के बीच इस तरह है जैसे नक्षत्रों की बीच चंद्रमा है। धर्मसिंह के (पुत्र) नाहर जाति के जटमल नाहर ने संबला गाँव में यह कथा बनाकर कही है। कथा के कहने से आनंद और सुनने से सभी सुख होते हैं। गुणी जनो! जटमल उत्साहित है और विघ्न नहीं होगा। (10–153)

अध्याय – 5

लब्धोदय कृत 'पद्मिनी चरित्र चौपई'

रचना समयः 1649 ई.

पद्मिनी चरित्र चौपई जैन यति लब्धोदय की 1649 ई. की रचना है। *पद्मिनी चरित्र चौपई* लब्धोदय की पहली रचना है, जिसमें उसने गोरा-बादल और पद्मिनी की पारंपरिक कथा को गेय काव्य में ढाला है। यह एक विशेष प्रकार की गेय रचना है- गायन के लिए इसमें देशी राग-रागिनियों का उपयोग हुआ है। इसमें 49 ढाल 816 गाथाएँ हैं। ढाल और गाथा जैन साहित्य में प्रयुक्त होने वाले गेय काव्यरूप हैं। लब्धोदय की *चौपई* की पांडुलिपियाँ उदयपुर और भींडर के संग्रहालयों में उपलब्ध हैं। इसकी सबसे प्राचीन 1696 ई. की एक पांडुलिपि राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर में संग्रहीत है। 1766 ई. की इसकी एक और पांडुलिपि भी यहीं है। इसकी 1704 और 1808 ई की दो पांडुलिपियाँ माणिक्य ग्रंथ भंडार, भींडर (उदयपुर के पास स्थित एक क़स्बा) में संग्रहीत हैं। इनके अतिरिक्त अभय जैन ग्रंथागार बीकानेर 1704 ई,. ओरियंटल इंस्टिट्यूट, बड़ौदा में 1701 ई. एवं जैन भवन, कोलकाता में 1766 ई. की प्रतियाँ उपलब्ध हैं। लब्धोदय ने हेमरतन की कथा के मोड-पडावों में कोई ख़ास रद्दोबदल नहीं किया। अलबत्ता लब्धोदय ने गेय रूप देने के साथ इसकी कथा को अपने समय के प्रसिद्ध नीति कथनों और सूक्तियों के समावेश से विस्तृत भी किया है। रत्नसेन की पहली पत्नी का नाम उसके अनुसार प्रभावती था। पद्मिनी उलाउद्दीन को सौंपने के लिए लब्धोदय ने प्रभावती के पुत्र को उत्तरदायी माना है। लब्धोदय की रत्नसेन की सिंघल प्रस्थान कथा में अतिरंजना ज़्यादा है।

चौपई का सर्वप्रथम प्रकाशन भँवरलाल नाहटा के संपादन में 1960 ई. में सादूल राजस्थानी इंस्टीट्यूट, बीकानेर से हुआ, जिसमें उन्होंने संपादन के लिए तीन प्रतियों- अभय जैन ग्रंथागार बीकानेर की 1704 ई., ओरियंटल इंस्टिट्यूट, बड़ौदा की 1701

ई. एवं जैन भवन, कोलकाता की 1766 ई. का प्रयोग किया है। अभय जैन ग्रंथागार की प्रति में 59-60 और कोलकाता की प्रति में 48 पृष्ठ हैं। प्रतियों के पाठ में बहुत वैविध्य नहीं है। लिपिकर्ताओं से शब्दों और वाक्यों में कुछ फेर-बदल हुआ है। यह रचना हेमरतन के *चउपई* से अलग तीन खंडों में विभक्त है और अंतिम खंड के साथ इसमें पहले और दूसरे खंड के बाद भी रचना प्रशस्ति दी गई है। नाहटा ने लब्धोदय की *चौपई* के साथ नरोत्तम स्वामी के संग्रह में उपलब्ध अज्ञात कवि की रचना *गोरा-बादल कवित्त* और जटमल नाहर की *गोरा-बादल कथा* का भी प्रकाशन कर दिया। यहाँ कथा सार के लिए भँवरलाल नाहटा की संपादित प्रति को आधार बनाया गया है।

'पद्मिनी चरित्र चौपई' मूल

प्रथम खण्डः मंगलाचरण

॥दोहा॥

श्री आदीसर प्रथम जिन, जगपति ज्योति सरूप।
निरभय पद वासी नमुं, अकल अनंत अनूप॥1॥
चरण कमल चितस्युं नमुं, चउवीसम जिणचंद।
सुखदायक सेवक भणी, साचो सुरतरु कंद॥2॥
सुप्रसन सामणि सारदा, होयो मात हजूर।
बुद्धि दियों मुझ नै बहुत, प्रगट वचन पंडूर॥3॥
ज्ञाता दाता दान धन, 'ज्ञानराज' गुरुराज।
तास प्रसाद थकी कहुं, सती चरित सिरताज॥4॥

कथा प्रसंग

गौरा बादल अति सगुण सूर वीर सिरदार।
चित्रकूट कीधो चरित, स्वामीधर्म साधार॥5॥
सरस कथा नवरस सहित, वीर श्रृंगार विशेष।
कहस्युं कवित कल्लोल स्युं, पूरव कथा संपेख॥6॥
पदमणी पाल्यो शीलव्रत, बादल गौरा वीर।
शील वीर गावत सदा, खांड मिली घृत खीर॥7॥
(ढाल (1) - चउपई नी, राग रामगिरी)

चित्तौड़ वर्णन

देश बड़ो 'मेवाड़' दयाल, प्रारथियां दुखियां प्रतिपाल।
'चित्रकूट' तिहां चावो अछै, पहोवी गढ़ बीजा तसु पछै॥1॥

गावै मीठे सुर गंधर्व, सुरनर किन्नर देखे सर्व।
तापस तीर्थ तिहां अति कह्या, राम जिहां वनवासै रह्या॥2॥
ऊंचो गढ लागो आकास, हर भूल्यो जाण्यो कविलास।
हर राणी तब कीधो हास, हिम गढ चढ़ीयो हेमाचल पास॥3॥
वले अति बांको छै गढ घणो, ऊंची पोलि अनैं सोहामणो।
कोसीसा जे ऊंचा कीया, गयण आलंबन थांभा दिया॥4॥
बहैं नदी सीप्रा विस्तार, कूप सरोवर वावि अपार।
गौमुखकुंड प्रमुख बहुकुंड, पाणी जास पीइं षट खंड॥5॥
संचा वस्त अनेको तणा, का न रहइ मननी कामिणा।
ऊंचा तोरण महल अनेक, एक-एक थी अघिका एक॥6॥
सोवन दण्ड धजा करि सोहता, मनड़उ भविक तणा मोहता।
दीपै तिहां जिन शिव देहरा, मोटा सिहर सरद मेहरा॥7॥
वारू चउरासी बाजार, हुँसी बैठा हारो हार।
राज महल अति रलीयामणा, पुण्य बिना ते नहिं पावणा॥8॥
च्यारे वर्ण वसइ अति चंग, पवन अढारें मन नें रंग।
माणिकचउक न लहैं माग, वन वाड़ी फल फूल्या बाग॥9॥
इन्द्रपुरी जाणे अवतरी, कोडीधज लोके करि भरी।
नगर वर्णनो नावे पार, देव रचई ए गढ सार॥10॥
चतुर सुणयो देइ नइ चित्त, गुर मुख ढाल अरथ सुपवित्त।
'लब्धोदय' कहै पहली ढाल, आयइ सुणता अछे रसाल॥11॥
(सर्व गाथा-18)

राजा वर्णन

॥दोहा॥
सूर वीर अति साहसी, सब राई मइ सिरमौर।
'रतनसेन' राणो तिहां, जा सम भूप न और॥1॥
जाकइ तेज प्रताप थई, दुरजन भागे सब दूर।
अंधकार कैसे रहइ, उदइ होइ जीहां सूर॥2॥
अविचल आज्ञा अवनि परि, न्याय निपुण निरभीक।
अरिगज भंजन केसरी, राखे खत्रीवट लीक॥3॥
मानी मरदाना वली, दरबारइं दोय लाख।
सुभट खड़ा सेवा करइं, सुरपति वदइ ज्युं साख॥4॥
हय गय रथ पायक हसम, करि न सकें कोउ मान।
रयण द्युस ठाढइ रहे, सनमुख सब राय राण॥5॥

पटरानी एवं राजकुमार वर्णन

पटराणी 'परभावती', रूपे रम्भ समान।
देखत सुरनर किन्नरी, अइसी नारि न आन॥6॥
चंदवदन गजराज गति, पनग वेणि मृग नयण।
कटि लचकनी कुच भार तइं, रति अपछर हइं अयन॥7॥
(ढाल (2) - योगिना रा गीतनी राग-मल्हार)
राणी अवर राजा तणें जी, रूप निधान अनेक।
पिण मनड़ो परभावती जी, रंज्यो करीय विवेक। राजेसर॥1॥
चतुराई चित दीध, राजेसर, मन मोती गुण वींध॥ रा. च.॥
सतर भक्ष भोजन समें जी, नित-नित नवली भांति। रा.
व्यंजन रूड़ी विध करइजी, खातां उपजै खांति। रा.॥2॥च.॥
रूपवंत नई रागणी जी, गुणवंती गज गेलि।रा.॥
मन राजा रो मोहीयो जी, सोक्यां सहुइ ठेलि। रा.॥3॥च.॥
भोजन तो परभावती जी, हाथ परुसइ हूँस। रा.।
बीजी राणी वारणै जी, सहजें जावा सुंस। रा.॥4॥ च.॥
मांहो मांही मोहस्युं जी, रति सुख माणइ राय। स.।
खिण एक विरह नवी खमइ जी, दीठां दोलति थाय। रा.॥5॥च.॥
पालइ राम तणी परइ जी, न्यायई राज नरेस। रा.
आप भुजा अरीअण हण्या जी, सरद कीया सहुदेस॥6॥च.॥
जनम्यो पुत्र सहाजसी जी, प्रतापी पुण्यवंत। रा.
'वीरभाण' वखते बड़ो जी, दिन दिन अधिक दीपंत॥7॥च.॥

भोजन प्रसंग

एकण दिन भोजन समइं जी, दासी बोलैं राज। रा.
पीउ पधारो भोजन समइं जी, ठाढो होवै नाज।रा.॥8॥च.॥
सिंहासन सोवन तणो जी, आवै बैठा राज।रा.।
रतन जड़ित थाली बड़ी जी, कनक कचोला बाज रा.॥9॥च.॥
रुड़ी परइं परुसई रसवती जी, राजा जीमइ राग।रा.।
खाटा मीठा चरपरा जी, सखर वणाया साग।रा.॥10॥च.॥
कदली दल हाथैं करी जी, ढोले सीतल वाय।रा.॥
विचि विचि मीठी वातड़ी जी, जीमतां घणो जीमाय॥11॥च.॥
मोसा दोसा मसकरी जी, हासै वीनती तेह।रा.।
कहिवो हुवे ते सहु कहई जी, भोजन अवसर जेह॥12॥च.॥

जीमतां रूड़ी जुगति स्युं जी, कहि राजा किण हेत।रा.।
स्वाद रहित सब रसवती जी, कां न करो चित चेत॥13॥च.॥
आजकालिए रसवती जी, निपट करो निसवाद।रा.।
कहि चतुराइ किहां गइ जी, के पकस्यो परमाद॥14॥च.॥
तब तटकी बोली तिसइं जी, राणी मन धरि रोस।रा.।
राणी आणो कां नवी जी, द्यो मति मुझनै दोस॥15॥च.॥
म्हे केलवि जाणां नहीं जी, किसो अ करीजैं वाद।रा.।
पदमणि का परणो नवी जी, जिम भोजन हुवै स्वाद॥16॥च.॥
राजा गुरु स्त्री आगि नो जी, नवि कीजैं आसंग।रा.
'लब्धोदय' इण परि कहें जी, बीजी ढाल सुरंग॥17॥च.॥ (सर्व गाथा-42)

पद्मिनी पाणिग्रहण संकल्प

॥दोहा॥
रीसाणो ऊठ्यो तुरत, तजि भोजन तिण वार।
राणो तो हुँ रतनसी, परणुं पदमणि नारि॥1॥
मोसा तो बोल्या मुनें, जई में राख्यो मान।
हिवें परणुं तरुणी पदमणी, गालुं तुज्झ गुमान॥2॥
मूरिख तें मुझ नें गण्यो, वचन कह्यो अविचार।
जो पदमणि हाथे जीमस्युं, तो आयुं तुझ बार॥3॥
मान गहेली माननी, विरुअउ बोल्यो वयण।
विण आदर न रहें कदे, सिंह सूर ने सयण॥4॥
॥गाहा॥
जणणी जण बंधू, भजा गेह धणं च धन्नं च।
अवि माणया पुरिसा देस दूरेण छंडंति॥5॥
॥दोहा॥
कीधी परतज्ञा इसी, सन सेती महाराय।
पदमणि परणुं तो घरि रहुं, नहिं तो गिरि वनराय॥ 6॥

सिंघल द्वीप प्रस्थान

(ढाल (3) - राग-मारू केदारी, चाल करतासुं तो प्रीति सहुँ हूँसी करै)
इम चित विमासी राय, अश्व दोय घन भर्‌या रे। अ.
साथें एक खवास, छाना नीसर्‌या रे। छा.॥2॥
छल करि दोन्युं असवार कि, चाकर ने धणी रे। चा.
जाता नवि जाणे कोइ कि, गया ते भूंय घणी रे॥ भू.॥2॥

स्वामी कहूँ कारिज साच कि, सेवक इम भणे रे। से.
अणजाण्यां आंधि न सेठ कि, दोड्यां किम वणे रे। दो. ॥3 ॥
विण गाम किंहा थी सीम कि, मेह विण वादलइ रे। मे.
ऊखर नवि ऊगै अन्न कि, न खेती विण हलइ रे। न. ॥4 ॥
तिण हेतइं भाखो मुझ कि, गुझ हिरदै तणो रे। गु.
कीजै तसु उपरि काज कि, विचारी आपणो रे। वि. ॥5 ॥
तब बोल्यो राजा एम कि, परणु पदमणी रे। प.
आदरि करि करिहु उपाय कि, बात कहुँ सी घणी रे। बा. ॥6 ॥
बोलें सेवक धन्न मो पास कि, असंख्य गाने घणो रे। अ.
पिण नवि जाणुगृह गाम कि, ठाम पदमणि तणो रे। ठा. ॥7 ॥
थानिक जाणे विण मारग कि, कह्यो बूझयां किण रे। क.।
तरु तलि लीधो विश्राम कि, ते बेहु जणे रे। ते॥8 ॥
तिण बेला पंथी एक कि, भूख त्रिस भेदीयउ रे। भू.
विण अमले गहिलें देह कि, पंथ अति देखियउ रे। पं. ॥9 ॥
अटवी मांहि माणस एक कि, जोतां नवि जुड़्यो रे। जो.
तदि देख्यो राजा तेण कि, पगि आवी पड़्यो रे। प. ॥1. ॥
कीधा सीतल उपचार कि, अमल पाणी दीयो रे। अ.
भोजन मेवा बहु भांति कि, राय संतोषीयो रे। रा. ॥11 ॥
पंथीक नै कोतिक बात कि, राय पूछें वली रे। रा.
देख्यो ते पदमणी देश कि, किंहा हि सांभली रे। कि. ॥12 ॥
सुणि राजन सिंघलद्वीप कि, दक्षिण दिशि अछै रे। द.
आडो बहैं जलधि अथाह कि, पार जेहनो न छ रे। पा. ॥13 ॥
तिहां पदमणि नारि अनेक कि, रूपें अपछरी रे। रू.
सुणि राजा देइ कान कि, सीख तिण सुं करी रे। सी. ॥14 ॥
मनिं आणिंद्यो महाराय कि, दीप सिंघल भणी रे। दी.
चालविया चपल तुरंग कि, पवन थी गति घणी रे। प. ॥15 ॥
लांघ्या गिर नगर निवाण कि, सूर अति साहसी रे। सू.
दोन्यु आया दरिया तीर कि, मन मांहि अति खुशी रे म. ॥16 ॥
जगि पुण्य सहाइ जास कि, तास पूजें मन रली रे। ता.
मुनि 'लब्धोदय' कहै एमकि, को न सके कली रे। को. ॥17 ॥

समुद्र वर्णन

॥दोहा॥

जल भरीयो दरीयो घणो, उछलता उद्धांन।

कल्लोले कल्लोले थी, उदक वध्यो असमान ॥1 ॥
मच्छ कच्छ मांहि घणा, न सकें जाय जीहाज।
न चले जोरो नीरस्युं, कीज्ये किसो इलाज ॥2 ॥
चिंता मन भूपति चतुर, स्युं कीजै जगदीस।
वेलि महा बीहामणी, पूजें केम जगीस ॥3 ॥
पदमणि स्युं पाणीग्रहण, विचि वारिधि अति क्रूर।
ऊखाणो साचो हुओ, बाघ नदी जल पूर ॥4 ॥
गुड़ मीठो ऊंडी नदी, आय मिल्यो ए न्याय।
हिकमति सी बीजी हिवें, कीजें कोउ उपाय ॥5 ॥

योगी मिलन

जावइं आघो जेहवें, सेवक लीधो साथ।
जोग पंथ साधइ जुगति, निरख्यो अउघड़नाथ ॥6 ॥
काने मुद्रा कनक की, आसण चीता चर्म।
लगाय विभूति तप जप करें, ते साधे शिव धर्म ॥7 ॥
(ढाल (4) - सिहरा सिहर मधुपुरी रे, कुमरां नंदकुमार रे एदेशी राग-कालहरो)
सिध साधक योगी भणी रे, जाच कीयो आदेश रे।
बार बार वीनति करी रे, लागो पाय नरेश रे॥1 ॥
वाल्हेसर सामी, मानि न तु अंतरयामी,
मानि नें शिवगति मामी, बीनतड़ी मुझ मानो वा॥ आंकणी॥
मुझ मनि सिंघलदीप नी रे, पदमणि देखण चाह।
तुझ परसादे सह हस्य रे, दिप मुझ सी परबाह रे वा॥ 2॥
विविध विनय बचने करी रे, सुप्रसन्न हुओ सांम॥
आँखि उघाड़ी देखीयो रे, बोलायो के नाम रे। वा. ॥3 ॥
भूपति मन अचारिज थयो रे, फिम जाण्यो मुझनाम।
ए ज्ञानी आयस आई रे, पूरवस्यै मुझ होम रे।बा. ॥4 ॥
जोगी जपे राणजी रे, तु आयो मुझः थांन।
कारिज थारो हुँ करुं रे, जो गुरु लागो कान रे।॥वा. ॥5 ॥
ईम कही सांही समरणी रे, हाथे बेऊ असबार रे।
आयस अंबर ऊडीयो रे, लागी बार न लिगार रे।वा. ॥6 ॥

सिंघल द्वीप प्रवेश

सिंघलद्वीपे मूकि नें रे, आयस हूअउ अलोप रे।
राजा रो मन रंजीयो रे, देख्यो नगर, अनोप रे ॥ बा. ॥7 ॥

पद्मिनी दर्शन

सोबन महल सोहामणा रे, इन्द्रपुरी अवतार।
रतनजड़ित गोखें भली रे, बैठी राजकुमार रे ।।वा. ।8 ।।
साथें सखी रे झूलरें रे, गज गति चालें गेल।
चतुरां मनड़ो मोहती रे, साची मोहन वेलि रे ।।वा. ।।9 ।।
थानिक थानिक नव नवा रे, नाटिक निरखें राय।।
हय गय हाट पटण घणा रे, जोतां आघा जायरे ।।वा ।।1. ।।

ढंढ़ेरा श्रवण

नगर मध्य आया तिसें रे, ढंढेरा नो ढोल।
राजा बाजा सांभली रे, बोलैं एह्वा बोल रे।वा. ।।11 ।।
पाह छवी नई पूछीयउ रे, ढोल बाजे किण काज।
तब बोल्या चाकर तिके रे, बात सुणो महाराज रे।वा. ।12 ।।
सिंघलद्वीप नो राजीयो रे, 'सिंघलसिंघ' समान।
तास बहिन पदमणी रे, रूपें रंभ समान रे।वा. ।।13 ।।
जोवन लहस्यां जाय छे रे, परणें नहिं ते बाल।
परतिज्ञा जे पूरवे रे. तासु ठवें वरमाल रे।।वा. ।।14 ।।
जीपें बांधव नई जिकोरे, ते परणै भरतार।
तिन कारण मुझ राजीयोरे, पडह दीयो तिण बार रे ।बा. ।।15 ।।
'रतनसेन' राजा कहै रे, हुं जीपूं निरधार।
मल्लाखाड़ें रण मुखें रे, रामति कउण प्रकार रे।।बा. ।।16 ।।
राजा मन आणंदीयो रे, रामति जीपें एह।
सुणि पंथी शेत्रुंजनी रे रामति जीपें जेह रे।बा. ।।17 ।।
वाचा साची आपस्युं रे, आपुँ अति सनेह।
अर्द्ध राज भंडार नो रे, भग्नीपति हुइ जेह रे।।बा. ।।18 ।।
राजा मन आणंदियो रे, रामति जीपें एह।
'लब्धोदय' कहैं सदा रे, पुण्य सहाय तेह रे।।बा. ।।19 ।।

क्रीड़ा विजय

।।दोहा ।।
रतनसेन राजा कहें, पूछो सिंघल भूप।
कओल थकी चूके नहिं, कीजें खेल अनूप।।1 ।।
सेवक जाइ विनम्यो, हरख्यो सिंघल राय।
बोलावी बहु मानसुं, बैइठण दीधौ ताय।।2 ।।

रामति रमवा रंग स्यूं, बैठा बेऊं आय।
जाणै सूर अनें ससी, मिलिया एकण ठाय॥3॥
पासे बैठी पदमणी, कोमल कंचन काय।
राणो रूड़ी विधि रमें, तिम तिम आवै दाय॥4॥
ए छै कोई राजवी, रूपवंत रति राज।
जो जीपें किम ही करी, तू तोठो महाराज॥5॥
(ढाल (5)- ढुंढणीया री मेवाड़ी देशी मेवाड़ि देशे प्रसिद्धास्ति)
रमतां दे सखि रमतां रूड़ी रीत,
रसीयो दे सखि रसियो पदमणि मन वस्यो जी।
जीतो हे सखि जीतो हे राणो जोध,
सिंघल हे सरली सिंघल हास्यो मन उलस्यो जी॥1॥
॥दोहा॥
पान पदारथ सुघड़ नर, अण तोल्या विकाय।
जिम-जिम पर भूयें संचरे, (तिम) तिम मोल मुहुंगा थाय॥1॥
हंसा ने सरवर, घणा, कुसुम घणा भमरांह।
सुगुणा नें सज्जन घणा, देश विदेश गयांह॥ 2॥

पद्मिनी विवाह

(ढाल तेहिज)
रंगे हे सखि यो घालै वरमाल,
घालै हे सखि घालै हे जयमुख उचरें जी।
सिंघल हे सखि सिंघल भूप सनेह,
रूड़ी हे सखि रुड़ी हे साहमणि करें जी।2।
बहिनी हे सखि बहिनी हे पद्मणि विवाह,
कीधो हे सखि कीधो लीधो जस घणो जी॥
आधो हे सखि आधो है देस भंडार,
दीधो हे सखि दीधे कओल सुहामणोजी॥3॥
दासी हे सखि दासी हे दोय हजार,
रूपे हे सखि रूपे हे रति रम्भा वणी जी।
हाथी हे सखि हाथी हे हेवर हेम,
परिघल हे सखि परिघल द्यैं पहिरावणी जी।4।,
राणी हे सखि राणी हे अति हे सरूप,
एहवी हे सखि एहवी नारि म को अछै जी॥

भमरा हे सखि भमरा भमइं अनन्त,
        नारी हे सखि नारि हे सहु तिण पछै जी ॥5 ॥
परिघल हे सखि परिघल महकै पूर,
        वासे हे सखि वासें हे भमरा चमकीया जी।
माणस हे सखि माणस केही मात,
        हींसे हे सखि हींसे हे देव तणा हिया जी ॥6 ॥
राणो हे सखि राणो हे अति रंढाल,
        घरणी हे सखि घरणी मनहरणी वरी जी ॥
मननी हे सखि मननी हे पूगी आस,
        सफली हे सखि सफली परतंग्या करीजी ॥7 ॥
दिन दिन हे सखि दिन दिन नव नव भोग,
        पूरें हे सखि पूरें हे सिंघल सुख सहु जी।
रलीया हे सखि रलिया दिन में रात,
        रहता हे सखि रहता हे दिवस बहू जी ॥8 ॥
अवसर हे सखि अवसर हे पामी राय
        मांगे हे सखि मांगे घर नी सीखड़ी जी।
वीनती हे सखि वीनती हे तुम्ह स्युं एह,
        मां सुं हे सखी मांसुं हे मति करयो अड़ी जी ॥9 ॥
राजा हे सखी राजा हे सिंघल नाम,
        राणी हे सखि राणी हे पहुंचावण भणी जी।
साथें हे सखी साथे सैन्य अपार,
        आवें हे सखि आवें हे तटि दरिया तणैं जी ॥10 ॥
पूर्यां हे सखी पूर्या हे सथ्थल जीहाज,
        बैंठा हे सखी बैंठा दोन्युं राजा रंगस्युजी।
पुहुँच्या हे सखी पहुँच्या हें वारिधि पार,
        सेना हे सखी सेना हे घणी चतुरंग स्युंजी ॥11 ॥
तंबू हे सखी तंबू हे दरीया तीर,
        खांच्या हे सखि खांच्या हे दल बादल भला जी।
महीमांनी हे सखी महीमांनी हे घणे हेत,
        मांडया हे सखी मांड्या हे भोजन भला जी ॥12 ॥
मांहो मांहिं हे सखी मांहो मांहि हे रंग,
        गाढा हे सखि गाढा सुख दोन्युं सगा जी।

चलीयो हे सखी चलीयो हे सिंघल भूप,
पुंहुंचावी हे सखी पहुंचावी हे दरिया लगे जी॥13॥
जाणी हे सखी जाणी हे राणा जाति,
हरख्यो हे सखी हरख्यो हे सिंघलपति सही जी।
सीधा हे सखि सीधा हे वंछित काज,
पद्मणी हे सखि पद्मणी हे मन में गहगही जी॥14॥
पुण्यें हे सखी पून्ये हे सघला सुख,
रन मइं हे सखि रन में हे रंग लीला लहै जी।
पामें हे सखी पामें हे नव निधि सुख,
मुनिवर हे सखी मुनिवर हे लब्धोदय कहै जी॥15॥

परवर्ती चित्तौड़ प्रसंग

॥दोहा॥
बात सुणो हिव पाछली, राजा नी मन रंग।
छानो छटक्यो भूपती, कोई न लीधो संग॥1॥
राजा विण सोभे नहीं, राज सभा ने रात।
सोझो गढ सारैं कीयो, पिण नवी जाणी बात॥2॥
जाय पूछ्यो महल में, राणी भाख्यो साच।
पदमणि परणेवा सही, चाल्यो पालण वाच॥3॥
सभा मांहि बैठो सकज, वीरभाण बड़ वीर।
कूड़ी बातज केलवी, पाले राज सधीर॥4॥
लोकां आगें इम कहै, मांहि बैठा जाप।
जपें प्रथवीपति जेहथो, पहवी वधइं प्रताप॥5॥
(ढाल (6) - ता भव बंधण थी छोडि हो नेमीसर जी, ए देसी)
इम पालता राज हो राजेसर जी,
बउल्या षट खंड मास उपर वलि दिन घणा।
संकाणा मन मांहि हो राजेसर जी,
सहु कोई सेवक राणा तणा जी॥1॥
बाहिर नव-नव खेल हो रा. राति दिवस करतो रहतो खड़ो जी।
मुंहल मूल न देइ हो रा. मार्‍यो होइं रखे राजा बड़ो जी॥2॥

चित्तौड़ आगमन एवं उत्सव

करता एहवी बात हो रा. राजा आयो रतन सुहामणो जी।
हेंवर दोय हजार हा रा. गेंवर दोय सहस गाजे घणा जी॥3॥

पालखी परधान हो रा. दोय हजार सहेली सुंदरी जी।
पटराणी ता बीच हो रा. सोवन कलसे पालखी करी जी॥4॥
मदमाता मातंग हो रा. हींसे हय पायक बल अति घणाजी।
आया ते चित्रकोट ही रा. शूरा पूरा सुभट सुहामणा जी॥5॥
नेजा कुहक बाण हो रा. वाजे बाजा पंच शबद भला जी।
सूणीय नासें शत्रु हो रा. रजि ऊड़ी रवि छायो बादला जी॥6॥
परदल आया जाणि हो रा. कोलाहल हलचल हुई अति घणीजी।
चित चमक्यो वीरभाण हो रा. धाया शूर सुभट जूझण भणी नी॥7॥
तेहवें नृप नउ दूत हो रा. कागल लेई राजमहलें गयो जी।
वांची सगली बात हो राजेसर जी गढपति आयो गढ आणंद थयो जी॥8॥
बोलावी कोटवाल हो रा. बुहारी जल छांट्या वली जी।
फूल अबीर बिछाय होरा. सिणगार्या बाजार हो सोभाभलीजी॥9॥
तोरण बांध्या बार हो रा. पोलि आरीसा सूरीज जलहलें जी।
बाजे गुहीर नीसाण हो रा. घरि-घरि ऊँची गूढी ऊछलेजी॥10॥
सोवन साखित सार हो रा. झूलमती चाले आगे हीसता जी॥
सीसें तेल सिंदुर हो रा. गयवर जाणे परबत दीसताजी॥11॥
सूहव करि सिणगार हो रा. पूरण कलस ले आवे कामनी जी।
मलपति गावे गीत हो रा. धन दिवस आयो अम्ह गढ़ धणी जी॥12॥
सोवन चउक पुराय हो राजेसरजी, मोतीयां वधावे राय राणी भणी जी॥
जीवो कोड़ि वरीस हो राजेसर जी, गज गामनि असीस दीइ घणी जी॥13॥
पाए लागे दोड़ि हो रा. कुमर सकल सेवक साथें करी जी।
बात करै कुसलात हो रा. राजा प्रजा सगली राज रीजी॥14॥
गज चढ़े ढलकती ढाल हो रा. पाउ पधास्या राजा गढ़ ऊपरेंजी।
जग हूवो जसवास हो राजेसर जी, धन राजा राणी जगि उचरैं जी॥15॥
छठी ढाल रसाल हो रा. सामहेलें घरि आयो राजियो जी।
'ज्ञानराज' गणि सीस हो राजेसर जी, मुनि 'लालचंद' कहै हरख्यो हीयो जी॥16॥
॥दोहा॥
राणौ आयो रतनसी, लोक सहू आणंद।
महिलां पउधारै तरै, मेट्यौ सगलौ दंद॥1॥
जाइ मिलिया परभावती, म्हे पाली बोली वाच।
अब थां सुं ऊरण हुया, पदमणी आणी साच॥2॥
(ढाल (7)- रागधन्यासी, 1. जाइरे जीयरा निकसि के एहनी देसी,

2. बात म काढ़ो व्रत तणी ए देशी)
मोटा महेंल मनोहरू, पदमणी वासा जोगो रे।
विचरै साथ सहेलीयां, भोगवती सुख भोगो रे॥
मोटा महल मनोहरु ।आंकणी।
रतनसेन राणो गयो, पटराणी ने पासै रे।
परणे आया पदमणी, हिवै दीज्यो सबासो रे॥2॥मो.॥
वचन तुम्हारो मैं कियो, अमनें केहो दोसो रे।
स्वाद करी जीमस्यां हिवै, करस्यां केहो सोसो रे॥3॥मो.॥
वचन सुणी दीवाण ना, वीलखी हुई ते नारी रे।
परभावती मन चिंतवै, हिवें कीज्यै किसुं विचारो रे॥4॥मो.॥
में मारैं हाथें कियो, केहो कीजे सोसो रे।
दोस जिको मुझ वचन नो, कीजे किणसुं रोसो रे॥5॥मो.॥

प्रथम खंड प्रशस्ति

गिरओ गच्छ खरतरतणो, जाणे सकल जीहानों रे।
गच्छनायक लायक बड़ों, जंगम युगिपरधानो रे॥6॥मो.॥
श्री जिनरंगसूरीसरु, तसु श्राविक सिरताजो रे।
कुल मंडण कटारीया, मंत्रीसर हंसराजो रे॥7॥मो.॥
जेहनो जस जगि महमहें, करणी सुकृत कुबेरो रे।
परम भगति गुरुदेव रा, बड़ दाता मन मेरो रे॥8॥मो.॥
भाई डुंगरसी भलो, लघु बंधव गुण वृंदो रे।
दुखियां दलिद्र भंजणो, भागचंद कुलचंदो रे॥9॥मो.॥
तास तणो आदर करी, संबंध रच्यो सिरताजो रे।
पाठक ज्ञानसमुद्र तणा, शिष्य मुख्य ज्ञानराजो रे॥10॥मो.॥
सुपसाइं श्री गुरु तणै, 'लब्धोदय' गणि भाखै रे।
प्रथम खंड पूरौ कियो, धरम तणै अभिलाषै रें॥11॥मो.॥
इति श्री राणा श्रीरतनसिंह पदमणी परणी पनोता प्रथम खण्ड ॥1॥

द्वितीय खण्डः मंगलाचरण

वाणी निर्मल विस्तरै, नव खंडेहि नाम।
हंसा जहाँ जहाँ जात है, तहाँ तहाँ मान लहंत।
कग्गा बग्ग कग्ग बग, कग बग कहा लहंत॥
बुद्धिवंत बादल राइ ने, पूछे श्री पतिसाहि रे भाई।
सलाम करी बैठो तिसै, आलिम हूओ उच्छाहि रे भाई।17।आ.॥
'लालचन्द' कहै बुधि थकी, दोहग दूर पुलाइ रे भाई।17।आ.॥
॥दूहा॥
नाम तुमारा क्या कहो, किसका है तूँ पूत।
क्या महीना रोजगार क्या, किसका है रजपूत॥1॥
किण भेज्या किण काम कुं, आया है हम पास।
तब वलतो बादल कहै, बुद्धिवंत हीइं विमास॥2॥
बोली जाणइ अवसरइ, माणस कहीइ तेह।
बादल इण परि बोलीयउ, जिम बधीयो आलम नेह॥3॥
बल थी बुध अधिकी कही, जउ ऊपजइ ततकाल।
बानर बाघ विणासियो, एकलड़इ सीयाल॥4॥
नाम ठाम कहि वीन सुभट चढ्या अभिमान।
तिण मुंकियो छानों मनै, पदमणीयें परधान॥5॥
(ढाल (15) - सइंमुख हुं न सकुँ कही आडी आवै लाज)
जिण दिन थी तुम देखीया जिमवा मउसरि साह।
तिण दिन थी पदमिणि मन बसिउ तुम्ह माहो रे॥1॥
सुण आलिम धणी। विरह विथा न खमायो रे, बात किसी घणी ॥आंकणी॥
ते धनि नारी नारी जाणीइं जेहानिइ ए भरतार।
इण थी रूप अवधि अछ, काम तणो अवतारो रे॥2।सु.
राति दिवस झूरती रहें, मूकें मुखि नीसास।
नयणे नीझरणा झरें, नारी अधिक उदासो रे॥3।सु.॥
जिण दिन थी थे वीछार्‌या, नयणे नेह लगाय।
सुख जाणइ यम सारिखो, भुवन भाठी सम थायो रे॥4सु.॥

तरुणापउ विस सउ लगइ, सोल शृंगार अंमार।
अगनि झालि सम चांदलउ, जालण बालण हारो रे।।5।।सु.॥
भूषण जाणि भुजंग सा, चउकी चाक समान।
बीछु सम ए विछीया, सिज्या अगनि समानो रे।।6।।सु.॥
वारु जेह विछावणा, तीखा बरछा जाणि।
पड़दउ तेह पहाड़ सउ, अङ्गण आवइ खाणो रे।।7।।सु.॥
देह गई सब सूकि नै, नयने नींद हराम।
राति दिवस रटती रहें, साहिब जी तुम नामो रे।।8।।सु.॥
भूख प्यास लागै नहीं, चिन्ता व्यापी देह।
कीधी का तुम्ह मोहिनी, निवड़ लगायो नेहो रे।।9।।सु.॥
मास लोही नामइ रह्यउ, छाती पड़ियउ छेक।
दुक्ख दुसह किम करि सहइ, तुम्ह विरह सुविवेको रे।।10।सु.॥
पलक गिणें एक मास सउ, घड़ीय गिणे छम्मास।
वरस समान दिन नइ गिणई, इम विरह पीड़इ तास रे।11।सु.॥
तुम्हसुं लागउ नेहलउ, जाण मजीठउ राग।
पट्टकूल फाटें थकें, रहें त्रागा सुँ लागो रे।।12।।सु.॥
तूं जीवन तूं आतमा, गत मति प्राण आधार।
सासें सासें संभरइ, पदमिणि वार हजार रे।।13।।सु.॥
मुख करि किम कहतइ बणें, जे तुम्ह सेती राग।
ते मन जाणै तेहनो, लागो जिण विधि लाग रे।।14।।सु.॥
विगति लहै विरहां तणी, विरही माणस तेह।
'लालचन्द' कहइ मोवतइ, कहियइ न जावइ तेह रे।।15।।सु.॥
।।दूहा॥
चीठी दीधी चूंपस्युं, वांची देखें साहि।
समाचार विगतें सहित, सगला ही इण मांहि।।1॥
वइत हजार दरवदिल मेर सजिइरिया रु चिहुँ नमसु
बुइ कुनम् आदिल केवद रद हजार।।1॥
तन रांर वाव साजिम् रंग हाजितार तार दीगर,
सरोजनें स्तेव जुज वार योर यार।।2॥
मइ मन दीनो तोहि, जा दिन तो दरसन भयो।
अब एती वीनति मोहि, प्रेम लाज तुम निरवहौं।।2॥
मइ मन दीनो तोहि सकइ तो ऊडि निवाहीयं।

नातरि कहीइ मोहि, हुं मनि बरजउ आपणउ॥3॥
निसि वासर आठ पहर, छिण नहिं विसरु तोहि।
जिहि जिहि नइन पसारहुँ, तिहि तिहि दे तोहि॥4॥
आठ पहोर चोसठि घड़ी, जबही न देखुं तुझ।
न जाणु तइं क्या कीया, प्राणपीयारे मुझ॥5॥
दोबैतां दूहा सहित, चीठी एक उपाय।
बादल दीधी साहिनै, अकलि थकी उपजाय॥6॥
चले कहै आलिम तणा, यदि आया परधान।
सुभटां मरणो आंगम्यो, पिण न तजे अभिमान॥7॥
वीरभाण राजा सहित, सुभटां नै समझाय॥
ज्युं ज्युं कान ढेराई नै, हुं आयो तुम पाय॥8॥
राणी मूँक्यो मो भणी, घणी वीनती कीध।
हिव हुं जाणुं तुम तणी, होसी मनोरथ सिद्धि॥9॥
(ढाल (16) - वंदणा करु वारवार-ए-देशी-प्राहुंणारी)
वालेसर हो वली परभातैं बात, कहस्युं आइ होसी जीसीजी।
दिलीसर हो वांची चीठी वात, सीख करां जावां घरे जी॥1॥
जोती होसी वाट, विरह व्यथा पीड़ी थकी जी॥दि.॥
जाय टालुं उचाट, तुम संदेश सूधा करी जी॥2॥
इण परि सांभली बोल, पदमणि प्रेमइ बांधियो जी।
आलिम मन झकझोल, कीधो वादल वाय करै जी॥3॥
मूँके मुख नीसास, चीठी बांचे चूंपस्युं जी।
आलिम मन मृगपाश, पदमणि कागद पाठइयो जी॥4॥
नयणां रे नीर प्रवाह, विरह अगनि व्यापी घणी जी वा।
ए अचिरज मन मांहि, भभकइ अधिकी भीजतां जी ॥वा.।
हृदय समुद्र अथाह, मांही विरहानल दहइ जी॥वा.॥5॥
नयन वीजलि रइ नाह, बूंठइ न्याय न बीसमइ जी॥वा.॥
घल घट हलीयो रे जाय, प्रेम सुणी पदमणि तणउ जी॥वा.॥
मुख सुं कागल लाय, वार वार चुम्बन करइ जी॥वा.॥7॥
खूब लिख्या इण मांहि, संदेशा साचा सहु जी।
दिलीसर हो उठे कराहि, काम तणै बाणै हण्यो जी॥8॥
अहि सम आलिम साहि, साहि न सकतो को सही जी।
पदमणि मंत्र चलाइ, वादल गारूड़ वसि कीयोजी॥9॥

पाहुणउ तूँ हम आंज, कहुँ ते महिमानी करां जी।।वा.।।
सगली तुम्ह नइं लाज, वादल राज हमां तणी जी।।वा.10।।
सुभटां सहु समझाय, साहि कहै वादल सुणो जी।
सगली तुम नें लाज, थापैयो एहिज मतो जी।।11।।
करतां तुम उपाय, जो किम ही करि पदमणी जी।
हाथ चढ़े हम आय, तो देखे कैसी करुं जी।।12।।
इम कहि हय गय सार, लाख सोनइया रोकड़ा जी।
वारु वले सिरपाव, वकस कीया वादल भणी जी।।13।।
रुको द्युं तुम हाथ, प्रीत वचन मांहिं लिखुं जी।
जाइ पड़ें पर हाथ, आलिम इम वचने नहीं जी।।14।।
तुम विरह की बात, वचने करि कहिस्युं घणी जी।
चिठी आवै न घात, कोई जाणै भांजै मतो जी।।15।।
महिर करी हिव मोहि, वीदा करो वेघो घणो जी।
आलिम साथे होय, पोलि लगे पहुँचावीयो जी।।16।।
धन लेइ आयो देखि, हरख्यो माता नो हीयो जी।
वंछित फल विशेष, 'लालचंद' धरमे सहीजी।।17।।
।।दूहा।।
खुशी हुई नारी खरी, धन दिवस निज जाणि।
गोरोजी मन हरखीयो, करसी काम प्रमाण।।1।।
पदमणी पिण मन गहगही, ए मेलवसी भरतार।
सुभट सहू मन संकीया, ऐ ऐ बुद्धि भंडार।।2।।
सगत छिपाई नवि छिपइ, सहजई प्रगटइ तेह।
गांठड़ि इं जोइ बांधिइ, तउही अगनि दहेहि।।3।।
जइ घट विधना गुण दीपइ, निदइ मनि मतिमन्द।
जउ कुंडे करि ढांकीयइ, तउ छिप्यो रहत कत चंद।।4।।
एण समै आया तिहां, जिहां बैठा राय राण।
मांड्यो एहवौ मंत्रणो, बादल बुद्धि प्रमाण।।5।।
(ढाल (17) - साधजो भलें पधार्या आज ए-देशी)
सोवन कलश सुहामणाजी, करी जरी रमझोल।
सहस दोय साबत करो जी, चित्र रचित चकडोल।।1।।
कुमरजी मानो ए मुझ बात, जिम कारज आवइ घात।कु।।आं.।
तिण मांहि दोय दोय भला जी, जे सलह पहरी जुवान।

शस्त्र घणै करि साबता जी, बैसाणो बलवान॥2॥कु.॥
पदमणि री विच पालखी जी, सखर करें सिणगार।
ढांको पदमिणी वस्त्र स्युं जी, भमर करइ गुंजार॥3॥कु.॥
गोरो जी बैसाणयो जी, पदमणि जी रे ठाम।
पालखीयां सखीयांतणी जी, सुभट करो विश्राम॥4॥कु.॥
लारो लार लगावयो जी, छेटि म राखो काय।
केलवणी करयो इसी जी, जिम बाहिर न दीखाय॥5॥कु.॥
गढ थी मांड सेना लगें जी, करयो हारा डोर।
वार घणी विलंबयो जी, जतन करेयो जोर॥6॥कु.॥
पातिसाह पासें जाईइं जी, हुं करस्यु जे बात।
रावल जी छोडायस्यां जी, पाछै करेस्यां घात॥7॥कु.॥
भलो भलो सुभटे कह्यो जी, थाप्यो एहज थाप।
इम आलोच आलोचतां जी, प्रात हुओ गत पाप॥8॥कु.॥
सुभट सहु समझाय ने जी, चढीयो वादल वीर।
तिम हिज पहुंतो लसकरे जी, धरतो तन मन धीर॥9॥कु.॥
करी तसलीम ऊभो रह्यो जी, हरख्यो आलिम साहि।
पूछे बात कहो किसी जी, काम कीयो के नाहि॥1.॥कु.॥
बहुत निवाज तुझ कुं करुं जी, वादल वोल्यो साच।
सिरै चढें कारिज सहू जी, साची वादल वाच॥11॥कु.॥
सुभटां नें समझाय ने जी, नाकैं आई नीठ।
पदमणी नी आणी अछै जी, पालखीयां गढ पीठ॥12॥कु.॥
सुभट सहु मिलि विनती जी, कीधी छै सुणि सामि।
जोख पदमणी री करो जी, तो राखो हम माम॥13॥कु.॥
पेस करां जो पदमणी जी, तुम उपजै वीसास।
विण वीसास किसी परै जी, ह्वै सहु ने रंग रास॥14॥कु.॥
कहि आलिम कैसी पर जी, तुम वीसासउ मन।
'लालचंद' कहै सांभलो जी, वादल कहेज वचन॥15॥कु.॥
॥दूहा॥
मन मांहि संके सुभट, पदमणि दीधी राय।
जो छूटे नहिं तो रखे, दोन्यु स्वारथ जाय॥1॥
तिण हेते लसकर तुमे, विदा करावो साहि।
सहस पंच राखो नखें जो डर आणो मन मांहि।

इम सुनि कहइ उच्छक थको, काम गहेलो साह।
कहो कुण थें हम डरइं, हम सूं जगत डराय॥3॥
चतुर किहां तूं चातर्‌यो, बकें जु अइंसी बात।
हम सुं डरै जो सुर असुर, मानव केही मात॥4॥
कूच तणो कीधो तुरत, आलिम साहि हुकम।
लशकर के लोध्यां घणो, पाम्यो सुख परम॥5॥
सहस च्यार साऊ सुभट, रहो हमारे पास।
अवर कटक सब ऊपड़ो, ज्युं हिन्दु हुवै वीसास॥6॥
सहस च्यार पासे रह्या, अउर चल्या ततकाल।
कहै साहि कीधो कीयो, अब बादल कओल सुपाल॥7॥
(ढाल (18) बलध भला छ सोरठा रे-ए देशी)
लाख सोनइया रोकडारे लाल, सखर देई सिर पावरे सरागी।
बादल ने आलिम कहे रे वेगउ पदमिणी ल्याव रे स.1
बुद्धि भली बादल तणी रे लाल, देखी खेलइ दाव रे स.।
ले लखगी घर आवियो रे लाल, माता हरख अपार रे सरागी।
वले संकेत वणाइयो रे लाल, सुभटां ने समझाय रे॥2॥बु.॥
ले आवयो पालखी रे लाल, लारो लार लगार रे सरागी।
खत्रीवट राखेजो खरी रे लाल, कमियन करजो काय रे॥3॥बु.।
इम कहि आघो चल्यो रे लाल, ले लारें सुखपालरे सरागी।
आलिम देख्यो आवतोरे लाल, बूलायो दरहाल रेस.॥4॥बु.॥
बुद्धिवंत तो अधिको हुंतो रे लाल, राघव चेतन व्यास रे सरागी
सामीद्रोह पणाथकी रे लाल, छल न लखांणो तास रे ॥5॥बु.॥
कहे वादल आलिम भणी रे लाल, पदमणी वीनती एह रे सरागी।
अब हुं आई तुम घरे रे लाल, निवहड़ करेज्यो मेह रे॥6॥बु.॥
साची माया मन सुद्ध सुॅरे, मान महत सोभाग रे स.
मउज एहिज मांगु छछु रे लाल राखेज्यो मन राग रेस.॥7॥बु॥
घरे महल तुम्ह कइ घणा रे लाल, खेल करउ मनखास रे स.
पिण पटराणी मुझ भणी रे लाल, करजो एह अरदास रे स.॥8॥वु.।
आलिम कहे तुम ऊपरे रे लाल, नाखु तन मन उवारि रे सरागी
जीव थकी पिण वालही रे लाल, भावे तु मारि उगारि रे॥9॥बु॥
नारि एक करइ नहीं रे लाल, तुझ नख एक समान रे स.
तुम सेवक हरमां सवइ रे लाल, मइ बंदा सुलतान रे स.॥1.॥

तुम कारण हठ मैं कीयो रे लाल, लोपी वचन ग्रह्यो राय रे सरागी
राणी ले आवो वादलो रे लाल, ढील न कीज्यो काय रे॥11॥
एम कही पहरावियउ रे लाल, ले आयो बकसीस रे स.
प्रमुदित मन परिजन हुओरे, साहस वसि जगदीश रे।स. ॥12॥
धोवत पग थे आवियो रे लाल, इम सुभटां समझाय रे सरागी
आयो वले आलिम कनै रे लाल, वारु वात वणाय रे॥13।बु॥
परगट हुई पालखी रे लाल, सोवनरू कलस सोहात रे सरागी।
वार वार विचमें फिर रे लाल, वादल पदमणी वात रे॥14।बु॥
होठ बुद्धि जेहने हुवइ रे लाल, दोहरी केही वात रे सरागी।
'लालचंद' कहि बुद्धि थकी रे लाल, वादल खेलइ घात रे॥15॥
॥दूहा॥
फिर फिर पदमणिरै मिसे, करतो वादल वात।
रह्यो पहोर दिन पाछलो, तेहा पूगी घात॥1॥
लसकर पिण अलघो गयो, जूझण वेला जाणि।
बड़े वेर हम कुंभई, वादल कहें ए वाणि॥2॥
एक वार रावल ईहां, मुंकी हमारे पासि।
दोय च्यार वातां करी, आव तुझ आवासि॥3॥
हाथैं करि परणी हुंती, लोक तणै व्यवहार।
सीख करी पुंसली भली, आवण रो आचार॥4॥
पदमणी बोल सुणी ईसा, सुणि वादल कहै राय।
भली बात पदमिणी कही, हम खुशी हुआ मन मांय॥5॥
(ढाल- (19) सदा रे सुरंगा थे फिरो आज विरंगा काय ए देशी)
साची कही ए पदमणी, जेहमें एहवो सुविचार रे लाल।
आलिम वले वले इम कहै, धन भगतिवती भरतार रे लाल॥
बुद्धि करी रे बादलैं, भलो सांमी भ्रम प्रतिपाल रे लाल॥बु.॥
तुरकें तुरत हुकम कीयो, जावो बादल आज रे लाल।
रावलजी छोडाय ने, हम मेलो पदमणी राज रे लाल॥2॥बु.॥
हुकम लेई ने आवीयो, जिहांछ रतनसेन महराण रे लाल।
करी तसलीम ऊभो रह्यो, राय कोप चढ्यो असमान रे लाल 3॥
फिट रे वैरी बादला कांई, सांमीद्रोही कीध रे लाल।
खत्रीधर्म खोयो तुमे, मो साटै पदमणी दीध रे लाल॥4॥बु.॥
निरमल कुल मइलो कीयो, मूडी खरीय लगाई खोड़ि रे लाल।

ते निसत्त हुया डर मरणरइ, मुझ लाजगमाई छोड़ि रे लाल॥5॥
बलतो बादल वीन वैं, ए अवर अछै आलोच रे लाल।
भलो होसी तुम भागस्यु, स्यु आणो मन में सोच रे लाल॥6॥
भूप चाल्यो मन समझि नइ, तब आलिम भाखें एम रे लाल।
राय आणो पदमणि मेलि ने, जिम सीख समपु हेव रे लाल॥7॥
पदमणी दिशि राय चालीयो, बैठो पालखीयां मांहि रे लाल।
तब बात सहु साची लखी, बादल री बुद्धि सराहि रे लाल॥8॥
वेलां नहीं बातां तणी राय हुउ हुसियार रे लाल।
पालखीयां री सेन में, होय पहुंतो गढ रै पार रे लाल॥9॥बु.॥
गढ़ में पहुंचि बजाड़यो, जांगी ढोल निसाण रे लाल।
थे पहुंता म्हे जाणस्यां, साचो ए सहिनाण रे लाल॥1.॥बु.॥
बात सुणि हरखित थयो, तुरत गयो गढ मांहि रे लाल।
कुशले छुटा कष्ट थी, जाणे सूरिज मूक्यो राह रे लाल॥11॥
आणंद मन मांहि ऊपनो, मन हरषित पदमणी नारि रे लाल।
गढ में रंग वधामणा, धवल मंगल जय जय कार रे लाल॥12॥
पदमणी शील प्रभाव थी, वले बादल बुद्धि प्रमाण रे लाल।
'लालचंद' कहै जस घणो, कुशले छूटा श्री राण रे लाल॥13॥
॥दूहा॥
सहनाणी पूरण भणी, हरषित तणो सहिनाण।
नोवति ढोल वजाड़ियां, घणा घुरइ नीसाण॥1॥
सुणि बाजा गाज्या सुभट, उठ्या योध अनम्म।
नवहथा जित भारथा, माणस रूपी जम्म॥2॥
राघव मुख कालो हुओ, नवि लिखीयो परपंच।
कूड़ घणो कीधो हुँतो, सीधो काम न रंच॥3॥
सामी काम हणमंत जाणयो, गोरो गुणह गंभीर।
अरिदल देखी उलस्यो, सूरातनह सरीर॥4॥
सुभट धस्या हुइ सामठा, मुखि गोरउ रिम राह।
अंग अंगरखी सजी, बगतर सबल सनाह॥5॥
(ढाल-(20) नाथ गई मोरो नाथ गई ए देशी।)
दिल्ली का नाथ, हिव तु देख हमारा हाथ मियां ऊभो.।
उभोरहें रे ऊभो रहैं, ऊभो रहैं
ऊभो रहे मत छोड़े पाउ, जो पदमणी परणेवा चाह॥1॥
मीयां जी ऊभा रहो।

अम ऊभा तुम हुंती खंति, पदमणि परणेवा बहु भंति ॥2॥मी.॥
मैं आंणी छै जे तुम काज, ते हिवै तुझ देखाउं आज। मी.।
राणी जाया च्यार हजार, सूर सबल मोटा जूझार॥3॥मी.॥
दोड़या ले हाथे करवाल, धूम मचायो मांड्यो ढक चाल ॥4॥
दीठा ते दिली रे नाथ, सगलो बूलायो निज साथ॥मी.॥5॥
रे रे बादल कीधो कूड़, सगलो लसकर मेल्यो झूड॥मी.॥5॥
रिण रसीयो आलिम रंढाल, हलकारया जोधा जिम काल।
करी किलकी जिम दोड्या देत, कायर प्राण तजे निकसी जैत॥मी.॥6॥
कठत करें मीलिया दल होइ, जाणे जलहर घन अति धोइ।
आई जोगणी जाणे आडंग, जुड़सी आलिम बादल जंग॥7॥
भुजा बले आलिम सुएम, बोले बादल गोरो जेम ॥मी.॥
दिली सुं चढि आयो साहि, हिवै भिड़तो भागै मति जाय॥8॥
मुंडीयो तो हिव जासी माम, मांटी छै तो करि संग्राम॥मी.॥
कहै आलिम क्या कर खुदाय, तें तो हम सुं खेल्यो डाय॥9॥
मांहो मांहि मांड्यो जोध, ऊछलीयो सूरातम क्रोध। मी.॥
छूटण लागा कुहकवाण, हथनालां करती घमसाण॥ मी.॥10॥
सर छूटइ करता सणणाट, बकतर फोड़ि कर बे फाट॥मी.॥
ध्रुव वाजें बरछी धीब, भाजै कायर लेई जीव॥ मी.॥11॥
ऊडी रज आकाशे जाय, रवि जिण थी मालिम न थाय ॥मी.॥
घोर अंधारे जाणे घोर, गाजे बाजै नाचे मोर। मी.॥12॥
धड़ धड़ वलय धारू जल धार, चमक बीजल जिम जलधार॥
तूटै सन्नाहे तलवार, ऊडइ तिणगा अगन सुझाल ॥मी.॥13॥
खल हल खलक्या लोही खाल, पावस रित जाणे परनाल॥मी.॥
रुहिर मांहि पंपोटा थाय, दोड़ी जोगणी पात्र भराय॥14॥
करवाला धड़ फूटे घाव, छंछउ छलि कीधो भिड़काव॥मी॥
रुहिरज प्रगटउ परिकास, नाच्यो नारद कीधा हास॥15॥
गुडीया जाणे जेम पहाड़, सूर भिड़ता थाए आड॥मी।
मस्तक विण धड़ जूझइ अपार, करि करवाल करता मार॥16॥
खीजे वाह्यो सुरइ खग्ग, आधउ तूटि रह्यउ सिरि नग्ग॥मी.॥
फाबइ सिर ऊपरि खुरसाण, सूर लहयो, जाणइ स्वर्ग विमाण॥मी.॥17॥
झड़ ओझड़ वाहइ रिणघोर, जूझइ राणी जाया जोर।॥मी.॥
'लालचंद' कहै समझे सूर, दोन्यू दल वीरा रस पूर॥मी.॥18॥

॥दूहा॥
अभी जय जय ऊचरै, ले वरमाला हाथ।
अपछर आरतीयां करै, घालै सूरां बाथ॥1॥
डिम डिम डमरू वाजतां, साथे भूत बहु प्रेत।
रुंड (तणी) माला संकर रच, सिलो कर रिणखेत॥2॥
जासक पीवें योगणी, भरि भरि पात्र रगत।
डडकारा डाकणि करै, जिण दीठइ डरै जगत॥3॥
(ढाल (21) – कड़खा री – गच्छपति गायइ हो जुगप्रधान जिनचंद)
जूझै महाभिड़ मुगल हिन्दू सबल सेन सनूर।
तिण मांहि मांकि आइ जुड़ीया नांखि फोजां दूरि॥1॥
गोरिल्ल गाजियो रे अरि गजां भांजन सिंह।
वादल वाचिउ हो भारत (में) भीम अबीह॥2॥गो॥
आलिमपति अलावदीनह मुगल्ल मीर मसत्त।
रावत गोरिल्ल वीर वादल जानि मंगल मत्त॥3॥गो.॥
धूजियो धड़ हड़ मेरु पर्वत चढी धरणी चक्र।
जम वरुण जालिम डस्या दिगपति संकीया मन सक्र॥4॥गा.॥
हैं कंप हूआ नाग वासिक ईश ब्रह्मा रूप।
मुख कर ऊंचो वेलि रे मिस देखि डरइ अकूप॥6॥गा.॥
वाहइ जलोह छछोह हाथे करइ कंध कड़क
घण घणा हाथै हण्या घण घण पड़े योध पड़क॥7॥गो.॥
बिहूं बाथ घाले घाव घालै डला होवै दोय।
सनाह तूटै रगत फूटै पुरज पूरजा होय॥8॥गो.॥
चुचूइं धारां वहै सारां माचीयो झड़ झूझ।
छिन छिन्न धाए लोह लागा रह्या मांहि अलूझ॥9॥गो.॥
बड़ बड़ा सामंत योध जालिम भिड़े वादो वाद।
अति अधिक सूरातन वसे आवै न खेड़ा आदि॥1.॥गो.॥
गुड़ गुड़त गुहीर नीसाण गाजै देखि लाजै मेह।
घाव पड़े तिण घाव नाचै धाम धूमी देह॥11॥गो.॥
रिण चाचरैं रजपूत कूदैं करै हाको हाक
कूट कुटे कीया कण कण मुगल आया नाक॥12॥गो.॥
आलिम अरेरे अकलहीणा अंध साचा ढोर।
इम कही खड़ खड़ खड़ग वाहे तड़ातड़ि रिण घोर॥13॥गो.॥

हुसीयार हुओ हथीयार वाहो रही दिल्ली दूरि।
किहां अकलि हीणा एह बंभणा अकलि दीधी कूर॥14॥गो.॥
गृह मात तात अर भ्रात बंधव नेह नाण्यो कोइ।
चितारीया नहिं माल मिलकत सुक्ख नारी कोय॥15॥गो.॥
होइ लोह गोला मुगल दोला जोर जुड़ीया जंग।
हैवरा गलि गज गाह बंध रह्या विडद अभंग॥16॥गो.॥
वाजीया सिंधु राग वारू भलो मारू भेद।
जिहां भाट चारण डुब बोलई विड़द मनह उमेद॥17॥गो.॥
सांभलें चीलां बाप दादा सूरमा न समाय।
जूझतां सुभटां बैंच निज रथ अर्क देखें आय॥18॥गो.॥
तिण अओसर गोरिल वीर धसीयो जिहां आलिम साहि।
वाही वारू घाव घालै खड़ग सेबलो ताहि॥19॥गो.॥
भागोज भूंडो लेय पाघड़ साहि मुहूडै मूक।
गोरिल बोलै फिट्ट तुझ नै जाति थारी में थूक॥20॥
भाजतां नइ घाव घाल्यउ जाय क्षत्री धर्म
वीनवइ बादल छोड़ि काका जाण द्यो बेशर्म॥21॥
उपरि ऊभा किलो देखै रावल भाण
रतन सहु मिली भाखइ धन वादल गोरिल धन ॥22॥गो.॥
धन सामीधर्मी वीर वादल कहै पदमणि एम।
जिण विना माहरो पुरुष इण भव छूटतो कहो केम॥23॥गो.॥
तूं जीवज्ये कोडाकोड़ि वरसां माहरी आसीस।
दिन दिन ताहरो चढत दावो करो श्री जगदीस॥24॥गो.॥
खल हण्यो खत्रीवट लीक राखी, जगत साखी नाम।
गोरिल रावत रिणे रहीयो, कीयो साचो नाम॥25॥गो.॥
लूटीयो ल्हसकर आप वसि कर छोडियो आलिम।
जीत्यो पवाड़ो धर्म आडो आवीयो कृत कर्म॥26॥गो.॥
केई न्हासी छूटा मरी खूटा कीया अरीअण जेर।
जीवतो मूंक्यो साहि आलिम घालि सबले घेर॥27॥गो.॥
कहै साहि सुण सामंत बादल कीयो तै उपगार
जीवीदान दीधो सुजस लीधो झालि गढ़ रो भार॥28॥गो.॥
वादल आगे हारि खाधी सीख मांगइ साहि।
एकलो आयो आप असुरां दलां बूजत साहि॥29॥गो.॥

बीजली मुहें खल क्षेत्र वेड़े जैत्र पामी जंग।
पूरो पवाड़ो किलें गोरिल सूर बादल संग॥3.॥गो.॥
अन्याय मारग जैति न हुवै, जोइ सबलो होई।
एकलै डीलै गयो आलम, एह परतख जोई॥31॥गो.॥
नीति मारग जइति पामइ, रहइ राज अखंड।
कह 'लालचन्द' जगत्ति ऊपर, नाम तेज प्रचंड॥32॥गो.॥
॥दूहा॥
दोय दिनां के अंतरै, आलिम एक खवास।
निमा साम वेला जई पहूंता ल्हसकर पास॥1॥
(ढाल (22) - वाल्हेसर मुझ वीनती गोड़ीचा। राग मारू)
ल्हसकर मांहि मुकीयो राजेसर करिवा खबरि खवास रे राजेसर
ऊमराव आया वही दील्लीसर मुगल पाठण उल्लास रे राजेसर ॥1॥ह.॥
करी तसलीम ऊभा रहया राजेसर बेकर जोड़ी ताम रे दि.।
बूझै आलिम साहि सुं रा. कटक गयो किण काम रे दी.॥2॥
भूखा त्रिसीया एकला रा. दीसे ए कूण हवाल रे दी।
किहां पदमणी परणी तिका रे रा. ए तो दीसै छै ख्याल रे दी.॥3॥
कहै पतिसाह कीधो घणो रा. बादल हम सु कूड़ रे दी।
सइतानी सबली करी रा. ल्हसकर मेल्यो धूलि रे दी.॥4॥ल्ह.॥
पदमणी रे मिसि पालखी रा. कीधी पांच हजार रे दी.
तिण में दोय दोय नीकल्या रा. योध करता मार रे दी.॥5॥
कहर जूझ हम सुंकीयो रा. कटक कीयो कचघाण रे दी.
हम है या तौ ऊबरे रा. मया करी रहमान रे दी.॥6॥ल्ह.॥
हम भी भूले मोह तै रा. कछु कीनो पदमणी टौंन रे दी.
तोही हम आगइ टिके रे रा. नहिंतर हिन्दू कौन रे दी.॥7॥
इम कही असवारी करी रा. नाक मुकीनइ साहि रे दी.
ज्यूं आयो तिणही परई रा. पहुंतो दील्ली मांहि रे दी.॥8॥
आलिम महल पधारिया रा. आई हरम अनेक रे दी.
विनो करी पाए पड़ी रा. विनती करै सुविवेक रे दी.॥9॥ल्ह॥
देखावो बे पदमणी रा. हम कुदेखण हुँस रे दी।
कैसी चतुराई अछै रा. रूप जोवां कैसी रूस रे दी.॥10॥ल्ह॥
पदमणी का मुंह काला किया रा. हम खैर करी है खुदाय रे दी.
करीई खमा बीबी कहै रा. हम लागो तुम बलाय रे दी.॥11॥

॥दूहा॥
कहि ममा बैठो तुमां, धरो मन मई ग्यान॥
धरा पालो अविहड़ थे, हीइं खुदाय धरि ध्यान॥1॥
इन्द्र चंद्र नागेन्द्र सब, जस सेवे सुर नर राय।
विण रावण राज गमाड़ीयो, नारी तणे पसाय॥2॥
बेटा काहे कुं फिरो, करते आप कलेस।
बैठा जौख कहो इहां, दिल्ली गढ निज देश॥3॥
हिव बादल की वारता, सुणयो देई कान। .
पातिसाह् न्हाठा पछै, रिण सोध्यो बादल जाण॥4॥
जग में जस पसर्‌यो घणो, खाट्यो बड़ो विरुद।
गढनी पोलि उघाड़ीयां, लोक कहैं जसवद॥5॥
(ढाल (23)– करड़ो तिहा कोटवाल एदेशी राग – खंभाइती जाति सोलाकी या मारू)
रावल रतन सुजाण, सनमुख आए सामेलो करे।
सिणगार्‌या बाजार, इय गय रथ पालखीया बहु परेजी॥1॥
मिलया श्री महाराज, वादल सेती नेह घणैं करी जी।
ले आया गढ मांहि, बैसाणी गज छत्र सिरइ धरी जी॥2॥
देई देश भंडार, बादल नइ कीधो अधराजीयो जी।
तैं राखी गढ़नी लाज, आज पछै ए जीव तुमे दीयो जी॥3॥
तुं जीवे कोड़ि वरीस, धनमाता जिण तुं गरभें धर्‌यो जी।
द्यै पदमणी आसीस, तैं उपगार अम थी बहु कर्यो जी॥4॥
मस्तक तिलक बणाय, भरि भरि थाल वधावै मोतियां जी।
निज बंधव करि थाप, पहुंचावै निज घरि उछव कियां जी॥5॥
आवंतां निज गेह, चउहटइ च्यारों दिश नारी मिली जी।
बोलइ कीरति बाल, मोतियां वधाव गावइ मन रली जी॥6॥
इम आयो निज गेह, सयण संबंधी परजन सहु मिली जी।
प्रणमै जननी पाय, माताजी आसीस दीइं भली जी॥7॥
सझि करि सोल शृंगार, अधर बिंब निज नारियां जी।
आवी आणंद पूर, धवल मंगल करती सुखकारीयां जी॥8॥
हिवें गोरिल की नार, पूछै तुम काकौ रिण किम रह्यो जी।
कहो किम वाह्या हाथ, किम अरियण मार्‌या किम जस लह्यो जी
कहै वादल सुणो वात, केहो वखाण करां काका तणो जी।
ढाह्या गैंवर घाट, मुंगलां सुभटां संहार कीयो घणो जी॥10॥

राख्यो आलिम एक, तुरकां सकल सेन मारी करी जी।
तिल तिल हूओ तन, हुओ पाहुणो अमरापुर वरी जी॥11॥
राखी गढ री लाज, उजवाल्यो कुल गोरेजी आपणो जी।
इम सुणी गोरिल नारि, रोम रोम जाग्यो तन सूरापणो जी।12॥
विकसित वदन सनेह, भाख सुणि बेटा रिण वादला जी।
वहैलो वारि म लाय, दोहरा बैठा ठाकुर एकला जी॥13॥
विच छेटी बहु थाय, रीस करेसी अमने श्री राय जी।
काकी ठाम लगाय, ढील कीयां हिवमइं न खमाय जी॥14॥
सुणि कहै वादल वात, धन धन माताजी ताहरो हीयो जी।
सतवंती तूं साच, धन तें आपो आप सूधारीयो जी॥15॥
खरचै धन नी कोड़ि, तुरंग चढि सिणगार सहू सझी जी।
अगनी कीयो प्रवेश, उचरंति मुख श्री राम राम जी॥16॥
पहूंती प्रीउ नै पासि, अरध आसण दीधो आणंद थयो जी।
जग पसर्यो जस वास, 'लालचंद' कहै दुख दूरइं गयो जी॥17॥
॥दूहा॥
सूर कहावै सुभट सहू, आप आपण मन।
दाव पड्यां दुख उधरें, ते कहीये धन धन॥1॥
सांमीधर्म वादल समो, हुओ न होसी कोय।
युद्ध जीत्यो दिल्ली धणी, कुल उजवाल्या दोय॥2॥
रावलजी छोडाईया, नारी पदमणी राख।
विरुद वड़ो खान्यो वसु, सुभटां राखी साखि॥3॥
चैंन राज चितोड़ को, कीधो वादल वीर।
नव खंडे जस विस्तस्यो, सामीधर्म रिणधीर॥4॥
निरभे पाले राज निज, रतनसेन महाराव।
सेवक वादल सानिधे, पदमणि शील पसाव॥5॥
(ढाल (24)- राग- धन्यासीइं, चाल-लोक सरूप विचारउ आतम हितभणी)
सती शिरोमणि साची थई पदमणि लहीयई रे सुख लहीइं सिरदार
पाल्यो कष्ट पड्यां जिण
शील सुहामणो रे तन मन वचन उदार॥1॥
श्री रावलजी छूटा मोटा कष्ट थीरे, सुख हुवो गढ़ें जेह।
बड़ो पवाड़ो खाट्यो गोरे वादले रे, शील प्रभाव तेह॥2॥
शील प्रभावै नासे अरि करि केसरी रे, विषधर जलण जलंत।

रोग सोग ग्रह चोर चरड़ अलगा टलै रे, पातिग दूर टलंत ॥3॥
श्रीसुधर्मासामि पाट परंपरा रे, सुविहित गच्छ सिणगार।
श्री खरतरगच्छ श्रीजिनराजसूरीसरू रे, आगम अरथ भंडार ॥4॥
तस पाटि उदयाचल दिनकरुरे, श्री श्रीजिनरंग वखाण।
रीझवियौ जिण साहजहाँ दिल्लीसरू रे, करिदीधउ फुरमाण ॥5॥
तास हुकम संवत सतर छीडोतरे, श्री उदयपुर जाण।
हिन्दूपति श्रीजगतसिंह राणो जीहां रे, राज करै जग भाण ॥6॥
तास तणी माता श्री जंबूवती रे, निरमल गंगा नीर।
पुण्यवंत पट दरसण सेव करइ सदारे, धरम मूरति मतिधीर ॥7॥
तेह तणै प्रधान जग में जाणिइं रे, अभिनव अभयकुमार।
केसरी मंत्री सुत अरि करि केसरी रे, हंसराज हितकार ॥8॥
जिणवर पूजा हेतइ जाणि पुरंदरु रे, कामदेव अवतार।
श्रेणिकराय तणीपरि गुरुभगता सही रे, सिंह मुकट सणगार ॥9॥
पाट सात पाछइ जिण देस मेवाड़मईरे, थाप्यो गच्छ थिरथोभ।
कटारिया कुलदीपक जग जस जेहनउ रे, श्रीखरतर गच्छ शोभ ॥10॥
तसु बंधव डुगरसी ते पण दीपतउ रे, भागचंद कुल भाण॥
विनयवंत गुणवंत सुभागी सेहरउ रे, वड़ दाता गुण जाण ॥11॥
तसु आग्रह करी संवत सतर सतोतरे रे, चैत्री पूनम शनिवार॥
नवरस सहित सरस संबंध रच्यो रे, निज बुद्धि ने अनुसार ॥12॥
श्री जिनमाणिकसूरि प्रथमशिष्य परगड़ा रे विनयसमुद्र बड़ गात ।
तास सीस वड़वखती जगमई वाचियइ रे, श्रीहर्षविशाल विख्यात ॥13॥
तास विनेय चवद विद्या गुण सागरु रे, वाणी सरस विलास।
जस नामी पाठिक श्रीज्ञानसमुद्रजी रे परगट तेज प्रकाश ॥14॥
साध शिरोमणि सकल विद्या करि सोभतारे, वाचक श्री ज्ञानराज ।
तास प्रसादे शील तणा गुण संथुण्या रे, श्रीलब्धोदय हित काज ॥15॥
सामिधरम ने शील तणा गुण सांमल्या रे, पूर्ण मननी आस।
ओछो अधिको जे कह्यो कवि चातुरी रे, मिच्छादुकड़ तास ॥16॥
नव निधनै वलि अष्ट महा सिद्ध संपदा रे, दूर मिटै दुख दंद ।
लब्धोदय कहै पुत्र कलत्र सुख संपजै रे, शीयल सफल सुख कंद ॥17॥
गाथा दूहा ढाल आठ सै अतिनंद
सीअल प्रभाव संपदा इम जपइ लब्धानंद ॥1॥
इति श्री शील प्रभावे पद्मिनी चरित्रे ढाल भाषा बंधे श्री रतनसेन रावल तास सुभट

गोरा बादल रिण जय प्रतापैः तृतीय खण्ड सम्पूर्णम्।

(1) सकल पण्डितोत्तम प्रवर प्रधान शिरोवतंस पंडित श्री 5 श्री कल्याणसागर गणि तत्शिष्य पंडित श्री 5 श्री हर्षसागरगणि गणि तत्शिष्य श्री सकल सभा शृंगार शिरोमणि रत्न पंडित श्री 19 श्री हीरसागर गणि....................... श्री 5 श्री गुणसागर गणि। तच्छिष्य पुण्यसागरेण लिखितेयं ।।सं01761 वर्षे आशु बदि 10 भोमे दडीबा मध्ये लिखितं॥ श्रीरस्तु॥ कल्याणमस्तु॥ श्री भद्रमस्तु ॥ शुभं भूयात् श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥श्री ॥ श्री ॥

(प्रति नं. 3814 (बं0 82) श्री अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर। पत्र 20 अंतिम पत्र एक तरफ खाली। पंक्ति अक्षर 59-60 प्रति पंक्ति। अंतिम पत्र थोड़ा नष्ट।)

(2) *इति श्री पद्मिनी चरित्रे ढाल भाषा बंध उपाध्याय श्री 5 ज्ञानसमुद्र गणि गजेन्द्राणां शिष्य मुख्य विद्वाद्नाज श्री श्री ज्ञानराज वाचकवराणां शिष्य पं. लब्धोदय विरचिते कटारिया गोत्रीय मंत्रिराज हंसराज मं. श्री श्री भागचंद्रानुरोधेन श्री गोरा बादल जयत प्रापणो नामस्तृतीय खण्डः॥ तत्समाप्तौ समाप्तमिदं श्री पद्मिनी चरित्रं तद्वाच्यमान श्राव्यमान चिरं नंदतादाचंद्रार्कं यावत् लिपि कारिता च सुश्रावक पुण्यप्रभावक............................ ॥ ।।संवत् अठारेसे 1823 वर्षे मिती भाद्रवा बद 8 दिन लिपी कृतं । वाचणवाला कुं धरमलाभ छै। लिखतं मकसुदाबाद मध्ये लपिक्रतं ।।श्री॥ श्री ॥ पत्र 48 जैनभवन, कलकत्ता।*

(3) गाथा दूहा सोरठा, सोल अधिक सै आठ।
कवित दूहा गाथा मिल्यां, सुणो सुगुरु मुख पाठ ।।1॥

ढाल सरस गुणचालसुं श्लोक तणी संख्या एकादश शत अधिक छै, पंचासत नइ सात, अनुमाने लालचंद कहइ॥ इति पद्मिनी चैपाई संपूर्णम्। सकल पंडित शिरोमणि पं., श्री 105 श्रीराजकुशाल गणि शि. ग. ऋषमकुशल लिखितं। आमेट नगरे संवत 1758 वर्षे ।

(ओरियण्टल इंस्टीट्यूट बडौदा प्रति नं0 732 की नकल गुलाबकुमारी लाइब्रेरी कलकत्ता में।)

‘पद्मिनी चरित्र चौपई’ हिंदी कथा रूपांतर

मेवाड़ का चितौडगढ़ सब दुर्गों में मुख्य है। यह गगनस्पर्शी दुर्ग कैलाश से टक्कर लेता है। यहाँ कई तीर्थ, चित्रा नदी, गोमुख कुण्ड, कूप, सरोवर आदि हैं। यह करोड़पतियों की लीलाभूमि है। चित्तौड़ में महाराणा रत्नसेन नामक प्रतापी राजा राज्य करता था, जिसकी सेवा में दो लाख योद्धा और कई राजा थे। उसकी पटरानी प्रभावती सब रानियों में प्रमुख थी। वह राजा की प्रीतिपात्र और प्रतापी कुमार वीरभाण की माता थी। रानी प्रतिदिन राजा को अपने हाथ से परोसकर प्रेमपूर्वक भोजन कराती थी। एक दिन रत्नजटित थाल में कई व्यंजनों से परिपूर्ण स्वादिष्ट भोजन करते हुए हास्य-विनोद के साथ राणा ने कहा कि- ‘‘आजकल भोजन बिल्कुल रसहीन और स्वादहीन होता है। तुम्हारी चतुराई कहाँ चली गई ?’’ रानी इससे अप्रसन्न हुई। उसने ने तमककर कहा कि- ‘मैं तो कुछ भी नही जानती, मेरे में चतुराई है ही कहाँ ? स्वादिष्ट भोजन के लिए आप नयी पद्मिनी को विवाह कर ले आइये।’’ रानी प्रभावती के वाक्य राणा के हृदय में तीर की तरह चुभ गए। वह तत्काल भोजन छोड़कर उठ खड़ा हुआ और रानी का मान मर्दन करने के लिए उसने पद्मिनी से विवाह का प्रण कर लिया।

राणा ने दो घोड़ों पर बहुत-सा धनमाल लेकर खवास के साथ गुप्त रूप से चितौड़ से प्रस्थान किया। जब उन्होंने लंबी यात्रा कर ली, तो सेवक ने इस यात्रा का प्रयोजन पूछा। राणा ने अपनी यात्रा का उद्देश्य प्रगट किया। राणा और खवास, दोनों पद्मिनी स्त्री का ठौर-ठिकाना नहीं जानते थे। वे एक वृक्ष के नीचे विश्राम कर रहे थे, तभी भूख-प्यास से व्याकुल एक पथिक राणा के चरणों में उपस्थित हुआ। राणा ने उसे खान-पान और शीतोपचार से संतुष्ट किया और स्वस्थ होने पर उससे पूछा कि- ‘‘तुमने कहीं पद्मिनी स्त्री का ठौर-ठिकाना देखा-सुना हो, तो बताओ।’’ पथिक ने कहा कि दक्षिण के समुद्र के पार सिंघल द्वीप में अप्सरा की भाँति पद्मिनी स्त्रियाँ होती हैं। राणा ने दक्षिण का मार्ग पकड़ा और कई जंगल-पहाड़ों को लाँघता हुआ खवास के साथ समुद्र तट पर पहुँच गया।

दुर्लंघ्य समुद्र को पार करने की चिन्ता में घूमते हुए राणा की भेंट एक औघड़नाथ योगी से हुई। राणा ने उसे विनय-भक्ति से संतुष्ट कर पद्मिनी की प्राप्ति के लिए उससे सिंघल द्वीप पहुँचाने की प्रार्थना की। योगी ने अपने दोनों हाथों में दोनों सवारों को बैठा कर आकाशमार्ग से सिंघल द्वीप पहुँचा दिया और स्वंय अदृश्य हो गया। राणा प्रसन्नचित्त घूमता हुआ सिंघल द्वीप की शोभा देखने लगा। जब वह नगर के मध्य भाग में पहुँचा, तो उसने ढंढ़ोरे (मुनादी करनेवाला) का ढोल सुना। ढंढ़ोरे से पूछने

पर उसे पता चला कि सिंघलपति की बहिन पद्मिनी उसी व्यक्ति को वरमाला पहनाएगी, जो उसके भाई को शतरंज के खेल में पराजित कर देगा। राणा पटह स्पर्श करके पद्मिनी की उपस्थिति में सिंघलपति के साथ शतरंज खेलने लगा। पद्मिनी राणा के सौन्दर्य पर मुग्ध होकर मन ही मन उसकी विजय की प्रार्थना करने लगी। पूर्व जन्म के पुण्यों के प्रताप से राणा ने सिंघलपति को जीत लिया। पद्मिनी की वरमाला राणा के गले में सुशोभित हुई। सिंघलपति ने राणा के साथ पद्मिनी का विवाह समारोहपूर्वक किया। अपने प्रण के अनुसार उसने राणा को अपना आधा देश और भंडार समर्पित कर दिया। पद्मिनी को दहेज में हाथी, घोड़े, वस्त्र, आभूषण सहित दो हज़ार सुन्दर दासियाँ मिलीं। पद्मिनी का रूप-सौंदर्य अद्‌भुत था, उसकी देह की सुगंध के कारण उसके चारों ओर भ्रमर गुंजार कर रहे थे। कुछ दिन सिंघल द्वीप में रहने के बाद, सिंघलपति से प्रेमपूर्वक विदा लेकर, धन और अन्य सामग्री के साथ राणा स्वदेश लौट आया।

चित्तौड़गढ़ में राणा के एकाएक चले जाने से चिन्तित वीरभाण ने अपनी माता से वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उसने यह प्रचारित किया कि राणा जाप मे बैठा है और स्वयं राजकाज चलाने लगा। लोगों को जब छह महीने से भी अधिक समय बीत जाने पर राणा के दर्शन नहीं हुए, तो उनमें नाना प्रकार की आशंकाएँ उठ खड़ी हुईं। इसी समय राणा रत्नसेन दो हज़ार घोड़े, दो हज़ार हाथी एवं पालकियों के साथ चित्तौड़गढ़ के निकट पहुँचा। पद्मिनी की स्वर्णकलशों वाली पालकी बीच में सुशोभित थी। दूर से राणा की सेना ने आना आरंभ कर दिया। राणा का पत्र लेकर एक दूत राजमहल में पहुँचा। सारा वृत्तान्त जानकर चित्तौड़ में सर्वत्र आनन्द छा गया। राणा के स्वागत के लिए ज़ोर-शोर से तैयारियाँ होने लगीं। स्थान-स्थान में मोतियों से बधाते हुए और ध्वज-पताकाओं से सुशोभित उल्लासपूर्ण वातावरण में महाराणा ने चित्तौड़ में प्रवेश किया। राणा ने रानी प्रभावती को अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण कर दिखा दी। (1)

राणा ने पद्मिनी के लिए विशाल एवं सुन्दर महल बनवाया, जिसमें वह अपनी सखियों के साथ आनन्दपूर्वक रहने लगी। महाराणा पूरी तरह पद्मिनी के प्रेमपाश में बँध गया। वह रात-दिन उसके साथ नाना प्रकार की क्रीड़ाओं और विलास में रत रहता। एक बार राघवचेतन नामक प्रकाण्ड विद्वान् ब्राह्मण, जो कि महाराणा द्वारा सम्मानित होने के कारण बेरोकटोक महलों में आया-जाया करता था, पद्मिनी के महल में जा पहुँचा। राणा अपने क्रीड़ा-विलास के समय उसे आया देखकर क्रोधित हो गया। उसने असमय और अनाहूत आने की मूर्खता पर उसे बहुत खरी-खोटी सुनाई और बाहर निकाल दिया। धक्का देकर निकाल दिये जाने पर अपमानित व्यास राघवचेतन शीघ्र ही चित्तौड़गढ़ त्यागकर दिल्ली चला गया। थोड़े दिनों में उसकी विद्वता की

प्रसिद्धि शाही दरबार तक पहुँच गई। सुल्तान अलाउद्दीन ने उसे दरबार में बुलाया और प्रसन्न होकर पाँच सौ गाँव देकर अपना दरबारी बना लिया।

राघवचेतन ने राणा से प्रतिशोध लेने के लिए एक भाट और खोजे से घनिष्ठता कर ली। राघवचेतन ने भाट से शाही दरबार में किसी प्रकार पद्मिनी स्त्री की बात छेड़ने के लिए कहा। उसके कहने पर भाट राजहंस का पंख लेकर दरबार में आया। सुल्तान के यह पूछने पर इस पंख से अधिक कोमल क्या है, तो भाट ने पद्मिनी स्त्री के सौन्दर्य व सुकुमारता की सराहना की। सुल्तान ने कहा कि- ''तुमने कहीं पद्मिनी देखी-सुनी है'', तो भाट ने कहा कि- ''आपके महल में हज़ार स्त्रियाँ हैं, उनमें से कोई पद्मिनी अवश्य होगी।'' खोजे ने कहा कि- ''रावण की लंका में पद्मिनी स्त्री सुनी गई थी। यह संसार में और कहीं भी नहीं है। यहाँ तो सब शंखिनी स्त्रियाँ हैं।'' भाट-खोजे के विवाद में सुल्तान ने रस लिया। उसने पूछा कि- ''क्या हमारे महल में सभी शंखिनी स्त्रियाँ हैं? पद्मिनी एक भी नहीं?'' खोजे ने कहा कि- ''यह तो लक्षण-भेदादि के शास्त्र मर्मज्ञ राघवचेतन ही बता सकते हैं।'' सुल्तान के पूछने पर व्यास ने चारों प्रकार की स्त्रियों के गुण-लक्षणादि विस्तार से समझाए। सुल्तान ने राघवचेतन को अपने महल की स्त्रियों की परीक्षा कर पद्मिनी जाति की स्त्री बताने की आज्ञा दी। उसने उनका प्रतिबिंब देखने के लिए मणिगृह का आयोजन किया। राघवचेतन ने सबको देखकर कहा कि- ''आपके महल में एक-एक से बढ़कर रूपवान हस्तिनी, शंखिनी और चित्रणी स्त्रियाँ तो हैं, पर पद्मिनी स्त्री एक भी नहीं है।''

सुल्तान ने कहा कि- ''पद्मिनी स्त्री की बिना के मेरा जीवन ही व्यर्थ है, पद्मिनी स्त्री कहाँ मिलेगी?'' राघवचेतन ने कहा कि सिंघल द्वीप में पद्मिनी स्त्रियाँ होती हैं, तो सुल्तान ने सोलह हज़ार हाथी और सत्ताईस लाख अश्वारोही सेना के साथ सिंघलद्वीप की ओर प्रस्थान कर दिया। समुद्र तट पर पहुँचने पर हठी सुल्तान ने सिंघलपति पर आक्रमण करके गिरफ़्तार करने की आज्ञा दी। योद्धा नौकाओं में बैठ कर दरिया के बीच गए, तो भँवरजाल में फँसकर उनके वाहन टूट-फूट गए। सुल्तान ने क्रोधित होकर और योद्धाओं को भेजने की आज्ञा दी। उसे केवल एक ही धुन थी कि लाखों सैनिक भले ही समुद्र में नष्ट हो जाएँ, पर सिंघलपति को हराकर पद्मिनी अवश्य प्राप्त करना है। योद्धाओं ने राघवचेतन से कहा कि किसी प्रकार सुल्तान को लौटाने की युक्ति सोचो, अन्यथा व्यर्थ ही लाखों के प्राण चले जाएँगे। दूसरे दिन सुबह समुद्र में राघवचेतन की सलाह पर पाँच सौ हाथी, पाँच हज़ार घोड़े, करोड़ दीनार एवं नाना प्रकार की भेंट वस्तुएँ लेकर लोग उपस्थित किए गए। बादशाह को कहा गया कि यह सामग्री सिंघलपति की ओर उसके प्रधान लोग दंडस्वरूप लाए हैं। सुल्तान

आए हुए लोगों के विनयपूर्ण वचनों से प्रभावित हुआ। उसने सिंघलपति की कथित भेंट स्वीकार कर उसके प्रतिनिधियों को सिरोपाव देकर लौटा दिया। सिंघल से आई हुई भेंट को उसने अपने सैनिकों में बाँट दिया और सेना को दिल्ली लौटने का आज्ञा दे दी। (2)

सुल्तान दिल्ली आया, तो बड़ी बेगम ने कहा कि- ''आप कैसी पद्मिनी लाए हैं, हमें भी दिखाइये!'' सुल्तान में मन में फिर पद्मिनी प्राप्त करने की इच्छा प्रबल हो गई। उसने राघवचेतन से कहा कि- ''सिंघलद्वीप के अलावा कहीं और पद्मिनी स्त्री हो, तो बताओ।'' राघवचेतन ने कहा कि- ''चित्तौड़ के राणा रत्नसेन के यहाँ पद्मिनी तो है, पर उसको पाना शेषनाग की मणि पाने की तरह मुश्किल है।'' सुल्तान ने अभिमानपूर्वक बड़ी भारी सेना तैयार की और चित्तौड़ पर चढ़ाई कर दी। राणा की सेना ने सुल्तान के साथ बड़ी वीरता से युद्ध किया और उसकी विजय के सारे प्रयत्न विफल कर दिए। सुल्तान ने सफलता पाने के लिए छल-कपट करने का निश्चय करके अपने प्रधानों को सुलह करने के लिए राणा के पास भेजा। उन्होंने राणा से कहा कि सुल्तान चाहते हैं कि हमारे बीच परस्पर प्रीति की वृद्धि हो। वे दुर्ग देखकर, पद्मिनी के दर्शन और उसके हाथ से भोजन करके बिना किसी प्रकार का दण्ड और भेंट लिए दिल्ली लौट जाएँगे। राणा रत्नसेन कपटी सुल्तान की मीठी बातों के चक्कर में आ गया। सुल्तान के अधिकारियों के प्रतिज्ञापूर्वक कहने पर रत्नसेन ने थोड़े से लशकर के साथ बादशाह को चित्तौड़गढ़ दुर्ग दिखाने और पद्मिनी के हाथ से भोजन कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

सुल्तान अलाउद्दीन के पास व्यास राघवचेतन था, जो राणा के घर का पूरा भेदू था। सुल्तान उसकी मंत्रणा के अनुसार ही अपना कपटचक्र चलाता था। सरल स्वभाववाले राणा ने स्वागत करने के लिए अपने मंत्रियों को एकत्र कर सुल्तान को दुर्ग में बुलाया। दुर्ग के द्वार खोले दिए गए। सुल्तान तीस हज़ार सैनिकों के साथ दुर्ग में प्रविष्ट हो गया। इतने सैनिक देखकर राणा के मन में आशंका हुई। उसने अपनी सेना को तैयार रहने का संकेत कर दिया। सुल्तान ने कहा कि ''क्यों सेना एकत्र करते हो, हम दुर्ग देखकर लौट जाएँगे'', तो राणा ने कहा कि- ''अपने वचन के विरुद्ध आप तीस हज़ार सैनिक लाए हैं। मेरी सेना के योद्धा इन्हें क्षण भर में समाप्त कर देंगे।'' सुल्तान के मन में छल था। उसने कहा कि ''आप संदेह क्यों करते हैं? अतिथि कम हों या ज़्यादा, उनका सत्कार करना चाहिए। अभी तो खाद्य सामग्री सस्ती है, सुकाल है, यदि अधिक ख़र्च का विचार आता हो, तो हम लौटे जाएँ।'' राणा ने उत्तर दिया कि- ''भोजन के लिए ऐसी क्या बात है, छोटी बात नही करें, इससे दुगुने हों, तो भी हमारे यहाँ खानपान की कोई कमी नहीं है।'' इस प्रकार दोनों प्रेम और मेलजोल

से बातें करते हुए महलों में आए। राणा ने शाही भोजन के लिए बड़ी भारी तैयारी की। राणा ने जब पद्मिनी को आज्ञा दी कि वह सुल्तान को भोजन परोसे, तो उसने अपने जैसे रूप-रंगवाली दो दासियों को इस कार्य के लिए लगा दिया। सजे हुए मंडप में सुल्तान को पद्मिनी की दासियों ने कई वेश-भूषाएँ बदलकर विविध व्यंजन परोसे। सुल्तान ने उनके रूप-सौंदर्य से अभिभूत होकर कहा कि- ''राणा के घर में तो इतनी पद्मिनियाँ हैं और मेरे यहाँ तो एक भी नहीं, फिर मेरी बादशाहत में क्या रखा है!'' राघवचेतन ने कहा कि ''यह तो पद्मिनी की दासियाँ हैं। पद्मिनी तो ऊँचे महलों के समृद्ध कक्ष में रहती है, उसके तो दर्शन ही दुर्लभ हैं।'' इतने ही में पद्मिनी ने सहज भाव से शाही भोजन समारोह को देखने के लिए रत्नजड़ित गवाक्ष की जाली में से झाँका। राघवचेतन ने उसी समय सुल्तान को संकेत कर पद्मिनी दिखाई। सुल्तान उसको देखकर मूर्छित होने लगा। राघवचेतन ने यह देखकर किसी और युक्ति से पद्मिनी को प्राप्त करने की आशा बँधाकर सुल्तान को आश्वस्त किया।
भोजन के बाद राणा ने सुल्तान को हाथी, घोड़े, वस्त्र और आभूषण भेंट किए। दोनों ने हाथ मिलाए। राणा ने दुर्ग में घूम-घूमकर सुल्तान को सभी विषम घाट-स्थान दिखलाए। सुल्तान ने राणा से माँ से उत्पन्न सगे भाई की तरह प्रेम दिखाते हुए विदा माँगी। वह राणा का हाथ पकड़कर विदा होने के बहाने से उसको दुर्ग के बाहर ले आया। राघवचेतन के परामर्श पर इसी समय से सुल्तान के योद्धाओं ने राणा को कब्ज़े में लेकर गिरफ़्तार कर लिया। राणा के साथ में जो थोड़े बहुत योद्धा थे, वे हक्के-बक्के रह गए। राणा के हाथ-पैर में बेड़ी डाल दी गई। गढ़ में यह ख़बर पहुँचने पर योद्धाओं के बीच बैठकर वीरभाण अपना कर्त्तव्य स्थिर करने के लिए विचार-विर्मश करने लगा। इतने ही में दो शाही दूत आए और उन्होंने यह शाही सन्देश सुनाया कि सुल्तान पद्मिनी को प्राप्त करके ही राणा को मुक्त कर सकता है। उसे और किसी वस्तु की अपेक्षा नही हैं। यदि आप लोग पद्मिनी को नहीं देंगे, तो शाही सेना दुर्ग को ध्वस्त कर राज्य छीन लेगी। वीरभाण ने सोच-विचार कर प्रात:काल उत्तर देने का कहकर दूतों की विदा किया।

वीरभाण ने योद्धाओं से विचार-विमर्श कर निश्चय किया कि पद्मिनी की देकर राणा को छुड़ा लेना ही अच्छा है। योद्धा निरुपाय होकर सत्त्वहीन हो गए। वीरभाण के हृदय में अपनी माता के सौभाग्य उतारने में कारणभूत पद्मिनी के प्रति सद्‌भाव की कमी थी, इसलिए पद्मिनी के पास अपना रास्ता स्वयं तय करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रहा। वह अपनी शील रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने के लिए तैयार थी, पर किसी युक्ति से राणा भी मुक्त हो जाए और उसे भी तुर्कों के कब्जे में भी न जाना पड़े, ऐसा उपाय सोचने लगी।

पद्मिनी ने सुना था कि वीर गोरा-बादल नामक काका-भतीजा किसी बात के कारण राणा से अप्रसन्न होकर घर जा बैठे हैं और उन्होंने ग्राम-ग्रास को भी त्याग दिया है। वे चित्तौड़ त्याग कर काम-काज के लिए अन्यत्र जा रहे थे, तभी अचानक शाही आक्रमण हो गया। उन्होंने इस कारण चित्तौड़ छोड़ना स्थगित कर दिया है। अपने गाँठ का ख़र्च खाकर वे घर पर बैठे हुए हैं। खेद है कि ऐसे स्वाभिमानी वीरों को कोई नहीं पूछता। पद्मिनी पालकी में बैठकर स्वंय वीर गोरा के घर गई। गोरा ने उसका स्वागत किया और कहा कि- ''माता! आज मेरे घर पधारकर आपने बड़ी कृपा की। घर बैठे गंगा आने से मैं पवित्र हो गया। मेरे योग्य कोई कार्य सेवा तो बताइये।'' पद्मिनी ने अत्यंत दु:खी होकर कहा कि- ''क्या करूँ? ऐसे विकट समय में योद्धाओं ने क्षत्रियत्व छोड़कर मुझे तुर्कों के यहाँ भेजना स्वीकार कर लिया है। अब मुझे केवल आपका ही भरोसा है। मैं इसीलिए आपके पास आई हूँ।'' गोरा ने कहा कि- ''हमें कौन पूछता हैं? हम तो अपनी गाँठ का ख़र्च खाकर घर में बैठे हैं। आपने हमारे घर को अपनी चरणों की धूल से पवित्र कर दिया है, तो अब किसी प्रकार का भय नहीं रखकर निश्चिन्त रहें। आप जैसी रानी को देकर राजा को छुड़ाने को घटिया दाव खेलने से तो मर जाना ही अच्छा है।'' रानी ने कहा कि- ''इस तरह की छोटी बुद्धि से तो राजा की तरह दुर्ग भी हाथ से निकल जाएगा। मैं तुम्हारे शरण में आई हूँ।'' गोरा ने कहा कि मेरे योद्धा भाई गाजण का पुत्र बादल भी बड़ा भारी शूर-वीर है। हमें उससे भी परामर्श करना चाहिए।

गोरा और पद्मिनी, दोनों बादल के यहाँ गए। उसने सविनय जुहार करते हुए आने का कारण पूछा। गोरा ने सारा घटनाक्रम बताया। बादल ने कहा कि- ''हम केवल दो व्यक्ति किस प्रकार शाही सेना को पराजित करेंगे?'' पद्मिनी ने कहा कि ''हे भाई! मैं तुम्हारे शरण में हूँ। यदि बचा सको, तो बोलो, अन्यथा मरना तो एक बार ही है। मैं हर हाल में अपनी शील की रक्षा तो करूँगी ही।'' पद्मिनी की बातें सुनकर बादल ने तत्काल राणा को छुड़ा लाने की प्रतिज्ञा की। पद्मिनी प्रसन्न होकर अपने महल लौटी। इधर बादल की माता और स्त्री ने उसे इस दुस्साहस के लिए बुरा-भला कहा। बादल की स्त्री ने अपने रूप-सौंदर्य से उसे प्रभावित करना चाहा। दृढ़ प्रतिज्ञ बादल इस सबसे विचलित नहीं हुआ। अंतत: दोनों ने उसे हथियार बँधवाकर विदा किया। बादल घोड़े पर सवार होकर आज्ञा माँगने काका गोरा के पास गया। जब गोरा ने उसे अकेले नहीं जाने के लिए कहा, तो बादल ने उसे यह कहकर आश्वस्त किया कि- ''युद्ध में हम दोनों साथ चलेंगे, अभी तो मैं केवल हालचाल जानकर आता हूँ।''

बादल तत्काल वहाँ पहुँचा, जहाँ मेवाड़ी योद्धा एकत्र थे। उसे अचानक आया

देखकर सभी ने खड़े होकर उसका सम्मान किया। कुमार वीरभाण और अन्य योद्धाओं से ख़ूब विचार-विमर्श करने के बाद वह अकेला ही अश्वारूढ़ होकर शाही सेना की ख़बर लेने के लिए चल पड़ा। सुल्तान ने जब अकेले बादल को आते देखा, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने सम्मानपूर्वक उसे अपने पास बुलाया। बादल ने कहा कि मुझे पद्मिनी ने आपके पास भेजा है। अपना पूरा परिचय देते हुए उसने कहा कि- ''पद्मिनी ने जब से आपको देखा है, वह आपसे मिलने के लिए तड़फ रही है, वह उस घड़ी की प्रतीक्षा में है, जब आप से उसका मिलन होगा। यह लीजिए, उसने मुझे आपको देने के लिए चिट्ठी भी दी है, जिसमें उसने अपनी मनोव्यथा और विरह वेदना का वर्णन किया है। पद्मिनी के लिए आपका संदेश जब दुर्ग में पहुँचा, तो योद्धाओं ने तो मरने-मारने की तैयारी कर ली थी; पर मैं किसी प्रकार कुँवर वीरभाण व योद्धाओं को समझा-बुझाकर आया हूँ और आशा करता हूँ कि आपका और पद्मिनी का मनोरथ पूर्ण करने में मुझे अवश्य सफलता मिलेगी।''

बादल द्वारा दिए गए नकली प्रेमपत्र को पढ़कर सुल्तान पानी-पानी हो गया। उसके हृदय पर इसका सीधा असर हुआ और वह बादल की बात को सर्वथा सत्य मानकर गारूड़ी मन्त्र प्रभावित साँप की तरह पूर्णतया उसके अधीन हो गया। सुल्तान ने बादल से कहा कि- ''मेरी लज्जा तुम्हारे हाथ है। जिस किसी प्रकार से योद्धाओं को समझा-बुझाकर पद्मिनी को मेरे पास भेजने में उन्हें सहमत कर लो।'' सुल्तान ने बादल को प्रलोभन दिया कि- ''यदि तुम कार्य मैं सफल हुए, तो तुम देखना, मैं तुम्हारी कितनी इज़्ज़त बढ़ाऊँगा।'' सुल्तान ने पद्मिनी को प्रेमपत्र भेजना चाहा, लेकिन बादल ने इसके लिए युक्तिपूर्वक मना कर दिया। उसने कहा कि- ''इसके किसी दूसरे के हाथ लग जाने का भय है। मैं आपका संदेश पद्मिनी को मौखिक ही सुनाऊँगा।'' इस प्रकार बादल ने मीठे वचनों से सुल्तान को प्रसन्न कर विदा ली। सुल्तान उसे दुर्ग के द्वार तक पहुँचाने आया। बादल जब प्रचुर धन राशि लेकर घर लौटा, तो माता और स्त्री को अत्यन्त प्रसन्नता हुई। गोरा ने कहा कि बादल अवश्य ही अपने काम में सफल होगा। पद्मिनी को भी अपने पति से मिलन का विश्वास हो गया। सब लोग उसके बुद्धि कौशल से प्रसन्न हो गए।

बादल ने सभा में जाकर गुप्त मन्त्रणा की। बादल ने तय कर बताया कि दो हज़ार सुन्दर जरी के वस्त्रवाली और स्वर्णकलश युक्त पालकियाँ तैयार की जाएँ। प्रत्येक में दो-दो शस्त्रधारी योद्धा बैठकर तैयार रहें। बीच की मुख्य पालकी में गोरा को बैठाकर उसका परिचय पद्मिनी के रूप में दिया जाए। उसे वस्त्रों से इस प्रकार ढका जाए, जैसे पद्मिनी की सुगंध से आकृष्ट भ्रमर गुंजार से बचने के लिए ऐसा किया गया है। योद्धाओं वाली पालकियों में पद्मिनी की सखियाँ हैं, ऐसा प्रचारित

किया जाए। दुर्ग से लेकर सुल्तान की सेना तक इस तरह पालकियाँ रहें कि उनकी कड़ी-से-कड़ी जुड़ जाए। इस सारे काम को करने में कुछ विलम्ब नहीं हो। इधर मैं सुल्तान के पास जाकर पहले राणा को छुड़ा लूँगा और उसके बाद घात किया जाएगा। इस प्रकार बादल अपनी सारी योजना समझा कर सुल्तान के पास गया। सुल्तान बहुत प्रसन्न होकर उससे मिला। वह उससे पूछने लगा कि- ''काम बना या नहीं?'' बादल ने कहा कि ''किसी प्रकार समझा-बुझाकर पद्मिनी को सखियों सहित लाया हूँ। सारी पालकियाँ दुर्ग से उतरकर आ ही रही हैं, पर सब लोग इस बात से आशंकित हैं कि कहीं राणा भी नहीं छूटे और रानी भी चली जाए। उनके आश्वस्त होने के लिए ज़रूरी है कि आपकी सेना यहाँ से प्रस्थान कर जाए। यदि आपको भय हो, तो पाँच हज़ार सैनिक अपने पास रख सकते हैं।'' पद्मिनी से मिलने के लिए उत्सुक सुल्तान ने कहा कि- ''मैं भला किससे डरता हूँ। संसार मुझसे भय खाता है। तुमने भी बादल, चतुर होते हुए भी यह ख़ूब कही।'' उसने तुरंत चार हज़ार योद्धाओं को अपने पास रखकर शेष समस्त सेना को कूच करने की आज्ञा दे दी।

सुल्तान ने बादल को फिर सिरोपाव और लाख स्वर्ण मुद्राएँ दीं। वह सारा धन घर में रख आया और योद्धाओं को सारी योजना समझाकर सुखपाल (पालकी) के आगे-आगे स्वयं चलने लगा। बादल को देखकर सुल्तान ने उसे अपने पास बुलाया। राघवचेतन बहुत बुद्धिमान था, लेकिन स्वामिद्रोह के पाप के कारण उसकी बुद्धि पर पत्थर पड़ गए। बादल ने सुल्तान से निवेदन किया कि पद्मिनी ने संदेश भेजा है कि उसको आपको अपनी सब रानियों में पटरानी करना होगा। सुल्तान के सहर्ष स्वीकार करने पर वह बार-बार स्वर्णकलश वाली कथित पद्मिनी की पालकी और सुल्तान के बीच संदेश लाने के बहाने फिरने लगा। उसने सुल्तान से कहा कि पद्मिनी ने कहलाया है कि- ''आते-आते बहुत देर हो गई है। अब कृपाकर राणा से अंतिम बार मिलने की अनुमति दें, क्योंकि लोक व्यवहार में मेरा विवाह राणा के साथ हुआ है, इसलिए उससे दो बात कर अन्तिम विदा ले आऊँ।'' सुल्तान को पद्मिनी का यह शिष्टाचार अच्छा लगा और उसने तत्काल राणा रत्नसेन को बन्धन मुक्त कर देने का आदेश दे दिया। जब यह शाही आदेश लेकर बादल राणा के पास गया, तो राणा ने नाराज़ होकर बादल से कहा कि- ''धिक्कार है, तुमने क्षत्रियत्व को लजाने वाला यह सौदा किया है। स्वामिद्रोह के साथ-साथ तुमने सदा के लिये मेरे कुल पर भी कलंक लगा दिया।'' बादल ने कहा कि- ''चिन्ता न करें, यह खेल दूसरा है, आपके भाग्य से सब अच्छा ही होगा।'' इन वचनों से राणा मन ही मन सब कुछ समझ गया। सुल्तान ने उसे पद्मिनी को जल्दी से विदा देने की आज्ञा दी। राणा पालकियों के बीच में से बादल के संकेतानुसार तीर की तरह निकलता

हुआ तुरन्त दुर्ग में जा पहुँचा। उसके सकुशल पहुँचने के उपलक्ष्य में संकेतानुसार जंगी नगारे-निसाण बजा दिए गये। चित्तौड़गढ़ में राणा के पहुँचने से सर्वत्र हर्ष-उल्लास छा गया।

दुर्ग में नौबत बजते ही गोरा-बादल ने समस्त योद्धाओं के साथ शाही सेना में मार-काट मचा दी। अधिकांश शाही सेना तो पहले ही कूच कर कोसों दूर पहुँच चुकी थी। जो चार हज़ार योद्धा सुल्तान के पास थे, गोरा और बादल ने भीषण युद्ध करके उनको साफ़ कर दिया। अन्त में गोरा ने जब सुल्तान पर आक्रमण किया, तो वह भागने लगा। यह देखकर बादल ने गोरा से कहा कि- ''काकाजी! इस कायर और निर्बल को छोड़ दो। भागते पर वार करना क्षत्रिय धर्म के विरुद्ध है।'' क़िले पर खड़े राणा आदि सभी लोग, गोरा के पराक्रम की सराहना कर रहे थे।

युद्ध में गोरा काम आया। बादल ने सुल्तान को जीवित छोड़कर शाही लशकर को लूट किया। दो दिन के बाद सुल्तान एक खवास के साथ मारा-मारा फिरता हुआ नमाज़ के समय लशकर के निकट पहुँचा। खवास के ख़बर करने पर अमीर-उमराव आकर सुल्तान से मिले। उसे भूखा-प्यासा और बेहाल देखकर उन्होंने ने पूछा कि ''अपनी सेना, पद्मिनी आदि सब कहाँ रह गये?'' सुल्तान ने कहा कि- ''बादल ने हमारे साथ धोखा किया। पद्मिनी और उसकी सखियों के नाम पर आई हुई पालकियों में से योद्धा कूद पड़े और उन्होंने हमारे लशकर को समाप्त कर डाला। मैं तो बड़ी मुश्किल से रहमान की कृपा से बच पाया हूँ। मैं पद्मिनी के मोहजाल में फँसकर भ्रमित हो गया था। अन्यथा हिन्दू लोगों की मेरे सामने क्या बिसात थी!'' इसके बाद सुल्तान अपने लशकर के साथ दिल्ली चला गया। जब बेगमों ने सुल्तान से पद्मिनी दिखाने की प्रार्थना की, तो उसने कहा कि ''पद्मिनी का मुँह काला किया, ख़ुदा की दुआ से ख़ैरियत हुई।'' सुल्तान की बेगमें खम्मा-खम्मा करने लगीं। सुल्तान की माता ने उस नसीहत देते हुए कहा कि- ''स्त्री के कारण तो रावण जैसे का राज चला गया। अब ख़ुदा का ध्यान करते हुए आनन्द से राज करो।''

सुल्तान के भाग जाने पर रण क्षेत्र में अपनों की खोज-ख़बर लेने के बाद बादल चित्तौड़ के दुर्ग में प्रविष्ट हुआ। राणा ने उसे हाथी पर बैठाकर छत्र ढुलाते हुए दुर्ग में लाकर कई प्रकार से सम्मानित किया। पद्मिनी ने उस पर आशीर्वाद की झड़ियाँ लगा दीं। पद्‌मिनी ने उसे तिलक करके मोतियों से बधाते हुए अपना भाई बनाया। चित्तौड़गढ़ के बाज़ार में सर्वत्र बादल के यश की चर्चा हो रही थी। माता ने बादल को चिरंजीवी होने का आशीर्वाद दिया। स्त्रियाँ मंगलगीत गा रही थीं। काकी ने बादल से पूछा कि- ''तुम्हारे काका ने किस प्रकार शत्रुओं से लोहा लिया?'' बादल ने कहा कि- ''हे माता! काका की वीरता का कहाँ तक वर्णन करूँ। उन्होंने तो शत्रु

सेना का इस तरह सफ़ाया किया कि केवल सुल्तान अकेला किसी तरह बच पाया। काका का शरीर इस महायुद्ध में तिल-तिल-सा छिद्रित हो गया और वे स्वर्ग के मेहमान हो गये। उन्होंने दुर्ग की लज्जा रखी और अपने वंश का नाम उज्ज्वल किया।''

पति की वीरता का बखान सुनकर गोरा की स्त्री के रोम-रोम में वीरत्व छा गया और पतिपरायण सत से अभिभूत वह स्त्री बादल से कहने लगी कि- ''बेटा! ठाकुर स्वर्ग में अकेले हैं और विलम्ब होने से हमारे बीच दूरी बढ़ती जा रही है। अब काकी को भी शीघ्र ही काका के ठिकाने पर पहुँचाओ।'' बादल ने काकी के सत की प्रशंसा की। काकी सुसज्जित होकर घोड़े पर सवार हुई और युद्धभूमि में जाकर राम-राम उच्चारण करते हुए गोरा के शव के साथ अग्नि में प्रवेश कर गई।

बादल ने अपने बुद्धि कौशल, स्वामिभक्ति और शौर्य के बल पर राणा को मुक्त करवाया, दिल्लीपति को जीता और पद्मिनी की रक्षा की। उसकी कीर्ति नवखंड में फैली। इस तरह पद्मिनी के शील और बादल के पराक्रम के प्रभाव से राणा रत्नसेन निर्भय राज्य करने लगा। (3)

अध्याय - 6

दयालदास कृत 'राणारासो'

(रत्नसेन-पद्मिनी प्रकारण)

रचना समयः 1668-1681 ई.

दयालदास कृत *राणारासो* मेवाड़ के शासक राजाओं से संबंधित वंश और प्रशस्तिप्रधान प्रबंध काव्य है। यह इतिहास और कविता का मिलाजुला रूप है। यद्यपि कवि ने इसको 'इतिहास' और *पृथ्वीराजरासो* के समकक्ष रचना कहा है। मेवाड़ राजवंश की शुरुआत से लगाकर महाराणा अमरसिंह (प्रथम,1596-1619 ई.) के देहावसान और उनके उत्तराधिकारी कर्णसिंह (1619-1627) के सत्तारूढ़ होने तक की घटनाओं, युद्धों, संधियों, विवाहों आदि का इसमें वर्णन है। अंत:साक्ष्यों के आधार पर विद्वानों का अनुमान है कि दयालदास ने जगतसिंह (1627-1652 ई. के समय इसको लिखना शुरू किया और उनके निधन के बाद सत्तारूढ़ राजसिंह (1652-1680 ई.) के समय इसको समाप्त किया। कवि ने इसका नामकरण *रानरासो* किया है।

विद्वानों के अनुसार इसका रचनाकार दयालदास ब्रह्मभट्ट रावों की लाखणौत शाखा से संबंधित था। लाखणौत राव अपना संबंध पश्चिमी बंगाल से अजमेर और मारोठ आकर बसे वामनादि पाँच गौड़ क्षत्रियों से जोड़ते हैं। इस शाखा में कई कवि और योद्धा हुए हैं। दयालदास जयसिंह के समय (1680-1698 ई.) तक जीवित था। ब्रजमोहन जावलिया ने उसके पिता और उसके समय के शासकों आदि के जीवनकाल के आधार उसका जन्म 1643 ई. के आसपास, *राणारासो* की रचना के आरंभ का समय 1668-1673 ई. और इसके समापन का समय 1680-1681 ई. निश्चित किया है। *राणारासो* की प्रतिलिपि गिलूंड (चित्तौड़गढ़, राजस्थान) के फुलेरिया मालियों के राव दयाराम के संग्रह में मिली। बाद में इसकी प्रतिलिपि मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या ने करवाई। इसी प्रतिलिपि के आधार पर मोतीलाल मेनारिया ने इसकी संशोधित प्रति तैयार की। इस संशोधित प्रति के आधार पर संपादित प्रति को

ब्रजमोहन जावलिया के संपादन में महाराणा प्रताप स्मारक समिति ने 2007 ई. में प्रकाशित किया।

यह रचना पारंपरिक अर्थ में केवल वंशावली नहीं है। यह इतिहास का आधार लेकर लिखा गया प्रबंध काव्य है। उस समय ऐसी रचनाओं के 'रासो' नामकरण की प्रथा थी, इसलिए कवि ने ऐसा किया है। ऐतिहासिक पात्र और घटनाएँ यहाँ वर्णन की पारंपरिक रूढ़ियों में घुलमिल कर आती हैं। कवि अपने समय के कवि-कौशल में पारंगत लगता है। उसे धर्म, शास्त्र, संस्कृत आदि का ज्ञान है और वह इनका अपनी कविता में जमकर उपयोग भी करता है। उदयसिंह (1537-1571 ई.) से पहले का विवरण उस समय उपलब्ध ख्यातों और लोक में प्रचलित आख्यानों को पर निर्भर है। परवर्ती वृत्तांत कवि का समकालीन है, इसलिए इतिहास से मेल खाता है।

'राणारासो' मूल
(रत्नसेन-पद्मिनी प्रकारण)

।।दोहा।।

नांखि सपतपुर सुरनि के, हरिपुर किये विलास।
घर रखवारे रतनसी, वसी नऊ निधि वास॥167॥

।।छन्द भुजंग प्रयात।।

वसै वास चीतोर राना रयन्नं। मनो देहधारी घर में मयन्नं॥
तहाँ एक जोग्यंदु जाजूलि आयो। मनो मारतंडं मही नंद जायो॥
किधों नाथ गोरख्खु के गोपिचंदा। लखै लोचनं मोचनं दुख्ख ददा॥
सुनी रान जोग्यंद की वात कानं। चले आसनं वासु ले पासवानं॥
लख्यो जाइ जोगींदु जाजूलि मानं। किधो गिंभ डिंभं भयो भीमु भानं॥
उभै पानि जोरे नए रेंनु रानं। मनो इंदु वंदै सुवं म्हान थानं॥
कथा वारता होत पूछी खुमानं। गयो चत्रुमासो बसे कोन ठानं॥
सुनो राज रानं जपे इंदु जोगी। वस्यो सिंघल स्त्रवजा भुम्मि भोगी॥68॥

।।दोहा।।

भोग भवनु के कतनु सुख, कहै सुना श्री रान।
नालिकेल जंगल जटे, लौंग लता लपटान॥69॥
पारु न वन वारुन गजै, दारुन दुख्ख न कासु।
पदम सुवासित पदमिनी, घर-घर प्रति घर वासु॥70॥
उठै वधू रोवाइ लगि, लोचन परै कपूरु।

पाचि पना पगतर चपे, लाल प्रवाल सपूरु॥71॥
वरिषा कीच मचै नहीं, ग्रीषम कुंदन कीच।
इंधनु चंदनु अनार को, गज गहि लादे नीच॥72॥
पनगलता पुंगी विरख, चढि हालति लगि वाइ।
लखि परभूमी पाहुनो, मानहु लेति बुलाई॥73॥
मुकता मनि मानिक मिलै, चूनो कीनो वारि।
के हाटक के फटिक के, रचिये सदन सँवारि॥74॥
मृगमद मधी भराउ भरि, इहि विधि रचिये भोंन।
अलका अरु अमरावती, लहै न समसरि होन॥75॥
घर घर घरनी ससि मुखी, तम ममु तहाँ न सेइ।
निसा परे ता देस में, दीपु न कोऊ देइ॥76॥
सबके सिर भामर भवें, सब सिर सारस वासु।
चौदह विद्या चतुर सब, सब गुन रूप निवासु॥77॥
दया दिष्टि सों एक त्रिय, मो तन गई निहारि।
मैं जान्यो मो पर फिर्‌यो, विबुध नदी को वारि॥78॥
वहुरु भ्रंमु ऐसा भयो, सुनहु रतनसी रान।
पय सागर महि पैठिकै, मान्हु लग्यो नहान॥79॥
मानहु मुकता चूरिके पूरिस घन घनसारु।
सो गहि ठार्‌यो सीस तें, वीस विसै वेपारु॥80॥

॥कवित्त॥

यह सुनि रान खुमांन, कान श्रोतान राग हुव।
निसा (द्यौ)स कलमलै, दलै रतिनाथु सेज भुव॥
कब हुक सिव सहुँ कहै, देहु मो पंख अंखि-त्रय॥
ज्यों उडि सिंघल जाउं, होहु होनी सु अजय जय॥
पनगारि पवन के मिंत, करहुं (क्रिपा) इहिवार को।
पदमिनि जथ पद संचरहि, तत्थ पंथ संचारि मो॥81॥

॥दोहा॥

यह रट लागी रान कहूं, रमतु भयो जोगिंदु।
अंतरगति की पीर सों, पीरो पर्‌यो नरिंदु॥82॥

॥कवित्त॥

नेहुँ न लग्गे ग्रेह, देह ओतापु जायु मुख।
प्यास गई तजि पासु, वासु तजि भूख दुःख सुख॥

वनु उपवनु न सुहाइ, पाइ परसें न हिनि थिरु।
मन न रमे रनिवास, सांस पर सांस लेइ चिरु॥
निदंतु चंद चंदन चढत, इंदीवर उद्वेग मय।
परजंक संक ढंकत द्रिगनि, भोज सोंज भइ दानि भय॥83॥

॥दोहा॥

भयो भूमि रितुराज को, आगमु दस दिसि आइ।
मानहु मुग्धा की भई, तरुन अरुन ईकाइ॥84॥

॥कवित्त॥

तरुन अरुन तरपत्त, अरुन तरपत्त तरुन छबि।
अंब मोर जनु ढरत चौंर, झौंर नित भौंर फबि॥
करति केल द्रुम लपटि, वेलि लटकंक्ति कंठ लगि।
उडि पराग बन बाग, भाग त्रय पोंन गोंन जगि॥
नमि डार भार किंसुक-कुसुम, असम बांन संधान क्रतु॥
कोकिल कुहक नहि जकम जिय, विरहिनि अंत वसंत रितु॥85॥
उडिग पात लगि वात, चिट्ठी फटिकि चारों दिसि।
जिनि विछुरहु तिय पीय, हिय वसि रह्यो द्योस निसि॥
लहलहाइ उल्लहिय, नवल पल्लव नव-दूनी॥
कहँ कदम्म कहँ अंम, साख पिकु बिनु नहिं सूनी॥
गुंजत कुंज पुंजनि भँवर, भवर मत्त अनुरत्त चितु।
विजोग रोग संजोग बिनु, जंत डरत वसंत रितु॥86॥

॥दोहा॥

वीती नीठि वसंत रितु, चितु हितु रह्यो उदास।
आइ गई ग्रीषम गरम, परम नरम उदवास॥87॥

॥कवित्त॥

अलप पुन्न कल जेमि, जाइ निसि नेंन विलग्गत।
यों वासरु वरु बढ्यो, अगिवानु वंस सिलग्गत॥
चकी चकव कीरु वक, आक्क रु जवासे सुख्ख।
नदी नद निझर न सद, वे हद (बहइ) वाइ रुख्ख॥
मृंग मीन दीन द्रुम छीन तन, तरनि ताप ओताप दत्ति।
रस आस प्यास बुझे न खिन, ग्रीषम गरम गरिठ्ठ गति॥88॥

॥दोहा॥

करम करम ग्रीषम गई, परम धरम के जोर।
पावस रितु आगमु भयो, उमड़ि घटा घनघोर॥89॥

।**कवित्त**॥

सित असित वादर (...), अमान असमांनह उनित।
धधरि धुंक धुनि गज्ज, सज्ज पर कज्ज ही कुं नित॥
दमकि दाम दामिनी, झमकि बरखत नीर नव॥
भूमि हरित भरि सरित, चरित चातक मयूर रव॥
वल्लि विटप लपटंत तन, अतन तेज असहेज हुव।
विरजी निहाल उर ज्वाल जुर, पावस नाल दयाल जुव॥89॥

।**दोहा**॥

अतनु तोपची रितु तुपक, सरित पलीता दानु।
विषम बूंद गोरी बहें, घात वियोगी प्रानु॥90॥

।**कवित्त**॥

फूलि कमल दल विमल, अमल आकासु सुमित्तु।
तुझ ने करस्यूं देशज धणी, दूध डांग दिषलावे घणी ॥2712॥
इस कही निज कर सैंती साहि, पहिराव्यो वादल पतिसाह।
लाष सोनेहिया दीधा सार, हेंवर गेंवर देश अपार ॥2713॥
रुक्का लिष देहूँ तुम हाथ, मांहे लिष हूँ प्रीतम गाथ।
रुक्का ल्यूं नहि आलम तणा, कोइ वांचें तो भांजे मंत्रणा ॥2714॥
मुष सुं वात करूंगा घणी, विरह वात सहु आलम तणी।
मुझ कूं सीष दीयो सुपसाय, आलम साह दीया पहुँचाय ॥2715॥
सोवन पोट हमालां सिरें, हय हींसें घेसारव करें।
इण पर आयो चित्रगढ़ माह, पूछें वात सहू परचाह ॥2716॥
रीझ मोकली निज घर ज्यार, माता हरष थई तिणिवार।
देषी साह तणो सिरपाव, देषी सूरातम दरियाव ॥2717॥
गोरो रावत मन गहगह्यो, करसी बादल सगळो कह्यो।
हरषित नार हुई पदमणी, ए मेलवसी सही मुझ धणी ॥2718॥
सुभट संहू चमक्या मन मांह, वादल माहें अधिको आंह।
सगत न छांनी राषी रहें, बांधी अगन होवें तो दहें ॥2719॥

॥दूहा॥

विधना ज्यां बुद्धि गुण द्यो, ना दो मति मनमंद।
जे कुंडे किम छाइए, छिप्यो रहें कित चंद ॥2720॥

॥चोपई॥

वादळ बैसि कीयो मंत्रणो, कहूं वात तें सहु को सुणो।
वीस सहस सझ करो पालखी, वात न किणही जाई लषी ॥2721॥
ऊपर अधिक करो ओछाड, पाषतियां बांधो पड़िवाड।
दो दो सुभट रहो त्या मांह, बाधी सस्त्र सलह संनाहें ॥2722॥
लारो लार करो पालषी, कहसां माहें छे तसु सषी।
विचे पालखी पदमणि तणी, परठी सोभ करो तिण धणी ॥2723॥
सांचो पदमणि रो श्रृंगार, ऊपर थापो भंवर गुंजार।
तिण में रावत गोरो रहो, वात रषें को बारें कहो ॥2724॥
छेटी बिचें न राषो रती, लारो लार करो पाषती।

गढरी पोल समीपें बार, सेन समीपें आंणो पार ॥2725॥
एम करी हिवें तुम आवज्यो, वेलां बहुळी पडषावज्यो।
हुं विच जाय करूं छूं वात, मिलस्यां जिम तिम घातोघात ॥2726॥
हूं ले आवेस्यूं राजांन, पोहचावेस्यूं नृप निज थांन।
पछें करेस्यां सबळो कलो, ए आलोच अछें अति भलो ॥2727॥
सुभटे सगले मानी वात, परठ करंतां थयो प्रभात।
भेद सहू समझावी घडी, चाल्यो बादल चंचल चडी ॥2728॥
पोहतो जाय लसकर महि, जिहां बेठो छें आलमसाह।
जाए वादळ करी सलाम, हरषित बोलें असपति ताम ॥2729॥
वादळ साचा कह संदेश, बगसूं बोहळा तोनें देस।
वादळ अरज करें परगडी, स्वामी बात सिराड़े चढ़ी ॥2730॥
कटक सहू समझावें नीठ, पदमणि आणी गढ़रे पीठ।
सुहड सहू भाषे छें एह, निसुणो स्वामी विनती तेह ॥2731॥
पदमनि सूँ ज्यो छें तुम काम, तो हिवें राषों मामोमाम।
अतरो हुवें हमकूं वैसास, पदमणी आणुं जिम तुम पास ॥2732॥
असपति बोले बळतो एम, कहो विसवास हुवै तुम केम।
वादळ कहें श्री आलम सुणो, विदा करो लसकर आपणो ॥2733॥
सुहड सहू बोलें छे मुषें, बेही स्वारथ चूको रषे।
पदमणि लेई न छोडे राव, रषे उपावो असपति दाव ॥2734॥
पहिली पण कीधों छें कूड, तिण वैसास मिल्यो छें धूड़।
तिरें कारण कहूँ आलम साह, लसकर सबही करो विदाह ॥2735॥
जो वळि बीहो तो असवार, पासें राखो सहस बे च्यार।
अबर द्यो सहुं आगें चलाय, जिम विसवास अमां मन थाय ॥2736॥
इम सुणीने धयो उतावळो, बोलें आलम अति वा वावळो।
हम अबीह बीहें किस थकी, बादळ एसी ते क्या वकी ॥2737॥
हुकम कियो असपति हुंसियार, कूच कराव्यो लसकर लार।
सहस बेच्यार रहो हम पास, हींदू कुं होवें वैसास ॥2738॥
लसकरियां जब लाधो दुओ, हरष घणो मन मांहे हुओ।
लसकर कूच कियो ततकाळ, चाल्या सुभट विकट विकराळ ॥2739॥
मीर मुगल को षांन निवाब, मुगल पठाण घणी जस आभ।
पदमणि सनस करें जे भणी, आगें चलाए दल्ली धणी ॥2740॥
बिया था जे जो रण कटा, एकेला भांजें गज घटा।

डाइल साह तांणे विस्वास, तिण कारण राषण भिड पास॥2741॥
सूरा सूरा सहस बेच्यार, असपति पास रहया असवार॥
आलिम बोले वादळ सुणो, कहियो कीधो हेंतुम तणो॥2742॥
वेग मंगावो अब पदमणी, पाळो वाचा आपापणी।
लाष महोर तव रोकड दिया, पहिरावणि वागा समपिया॥2743॥
ते लेई वादळ आवियो, हरख्यो माय तणो तव हियो।
तब सुड्डा सूं कही संकेत, हवें जगदीस दियो छें जेत॥2744॥
तुमें संकेत रूडो राषज्यो, पालकी तुमें लेइ आवज्यो।
मत किण वात हुओ आषता, रखे लगावो कांई षता॥2745॥
इम कही नें आगो संचर्‌यो, पालषियां पूठे परवर्यो।
राघव व्यास जे बुद्धिनिधान, स्वामिद्रोह थी नाठी सान॥2746॥
छळ बळ एन लिषाणी काइ, लूण हराम तणो परभाइ।
असपति दीठो आवत वळी, वादळ वात करी निरमली॥2747॥
साहिब सांभळ मुझ वीनती, पदमणि एम कहें गुणवती।
आवूं छूं हजरत तुम गेह, आलिम धरज्यो अधिक सनेह॥2748॥
पण सोहागण मुझनें करें, एह अरज मन माहें धरें।
एम सुणि नें आलम कहें, पदमणि आपें आदर लहें॥2749॥
पदमणि नारि तणा नष एक, तिण सरीषि नहि नारी एक॥
पदमणि कारण म्हें हठ कियो, वयण लोपि राणो ग्रहि लियो॥2750॥
मुझ मन खांत अछे तिण तणी, मानीती करस्यूं पदमणि।
अवर हुरम करसी पग सेव, पदमण कु पधरावो हेव॥2751॥
एम कही वळि वादल भणी, परिघळ दीधी पहिरावणी।
ते लेह वादळ आवियो, पदमणी नारी वधावियो॥2752॥
सुभटां ने सहु भाषी वात, जइ मेलावस्यु घातो घात।
तुम सहु बाह (र) रहेज्यो इहां, वात रिषे काढो किहां॥2753॥
आयो वादल असि पर चढ़ी, नव नव वात कहें मन घडी।
होठे बुद्धि वसे तेह नें, कसी उणारथ छें जेह नें॥2754॥
वात करंतां लागें वार, फिरि वादल आयो तिणवार।
परगट आंण धरी पालषी, आलिम देषे सहु सारिषी॥2755॥
वादल विच विच में वळि फिरें, पदमणि ने, मिस वातां करें।
रह्यो पोहर दिन एक पाछलो, लसकर दूर गयो आगलो॥2756॥
किला तणी जब वेलां भई, तब तिहां वादळ बोलें सही॥

हजरत एम कहें पदमनी, मुझ ऊभां थई वेलां घणी ॥2757 ॥
मांहरी एक सुणो अरदास, जिम हूं आवं तुम आवास।
रतनसेन मूंको इक वार, तिस सें वात करूं दोय च्यार ॥2758 ॥
ले राजा आवूं दरबार, जेम रहें कुल नो आचार।
आलम बोले सुण वादळा, पदमनि बोल कह्या ते भला ॥2759 ॥
यह बोलें हम होवें षुसी, पदमणि न्याय कहीं जे इसी।
हुकम दियो आलम ततकाल, छोड्यो रतनसेन भूपाल ॥2760 ॥
वादळ मांह छुडावण गयो, राणो रूस अपूठो थयो।
फिटरे वादळ मुंह म दिषाल, सबल लगावी मुझ नें गाल ॥2761 ॥
वेरी वेर घणो तें कियो, पदमणि सांटें मोंनें लियो।
षत्रीवट मांहे नांखी षेह, षित्री निसत थया सवी गेह ॥2762 ॥

॥कवित्त॥

फिट वादल कहे राव, वाच चूको हिंदवांणह।
षत्री ध्रम लज्जियो, मिट्यो भिड मांन गुमांनह।
सांम ध्रम लोपियो, लूंण तासीर न कीनी।
जीवत शशले षाल, नारी असपति कूं दीनी।
कहा करूं म्हें परवस पड्यो, वाच लोप आलिम भयो।
सत छोड़ कितो अब जीवहें, तवहीं नीर उतर गयो ॥2763 ॥
कहें वादल सुनि राव, वाच हिंदवाण न चुक्कहिं।
षत्री ध्रम ऊजलौ, सुहड़ धीरज न मुक्क हिं॥
सांम ध्रम रष्ष हें (सदा), जस्स सबहीं कूं प्यारो।
भुगतहूं गढ़ चीतोड, इला कीरत विसतारो।
न करहूं सेव असपत्ति री, असपति साहिली मेलियो।
महिमांन मांन दीजें सदा, करहुं आद पुव्वहि कह्यो ॥2764 ॥

॥दूहा॥

महिल अगंजित गढ़ सघर, ग्रही तस राज गहिल्ल।
उस आलम की महिर सौ, सब विध होय सहिल्ल ॥2765 ॥
राषि रजा सिर राम की, धरि मन उमंग उछाह।
राज पधारो चित्रगढ़, सब विध होहि भलाह ॥2766 ॥

॥कवित्त जात आदि अष्षरो॥

राव करहुं मन ग्यांन, जवनपती हठ हमीरह।
गुमर किए रस नाहिं, ढळकि है अंजलि नीरह॥

परा लेख जो कछु धाता, त्रिम्यो निस छुट्टि।
रोस मोस बिनु न क्यूं लोक वाइक नहु झुट्टि॥
हजरत रजा सिरि परि धरहु, उत्तम रीत न छांडिये।
डाव विन पाव ह्वै है नहीं, वांचहु पढ़हुँ मरम हियै॥2767॥

॥चोपई॥

भूप प्रीछ उठ्यो तिण वार, असपति बोले चित्त अपार।
पदमणि नें मिल आवो जाय, पीछे सीष दीए हित भाय॥2768॥
राजा चाल्यो पदमण भणी, सुषपाळां देषी घण घणी।
पेंठा माहिं जिसें पालषी, वाच सहू साची तब लषी॥2769॥
वादळ बोलें राणा सुणो, अवसर नही ए वातां तणो।
एक थकी बीजी अवगाह, गढ़ लग पहुंचो सविका माह॥2770॥
स्वामी थाज्यो घणूं सचेत, मांहे जइ कीज्यो संकेत।
साचो कीनो ए सहिनाण, दीज्यो डाका जेत निसाण॥2771॥
रतन तुम्हारे वषतें सही, मंत्र भेद पिण हुओ नहीं।
साम धरम ने सत परिमाण, गढ़ रहियो नें छूटो राण॥2772॥
एम सुणी राजा रंजिओ, सांई सफल मनोरथ कियो।
कुसल षेम पोहता गढ़ माह जाणक सूरज मुक्यो राह॥2773॥
कुसल तणा वाजा वाजिया, तब तें सुभट सहू गाजिया।
नीसरिया नव हत्था जोध, माण दुसासन वर विरोध॥2774॥
राघव तणो हुओ मुष स्याम, कूड कियो पिण न सर्यो काम।
सांम द्रोह पातिक परगटियो, अकल गई ने पोरस मिट्यो॥2775॥
साम काम समरथ अतिसूर, गोरो रावत अति हें गरूर।
अरिदल देषी तन ऊलसे, सुभट सहू मन मांहें हंसें॥2776॥
सूरा चढ़िया (सब) सिरदार, उंडा पग, जळहळ झूझार।
दळां विभाडण दूठ दुबाह, रूक हथा दीपें रिम राह॥2777॥
च्यार सहस नीसरिया सूर, एक एक थी अति करूर।
आगूवांणे वादल गेह, पूठे सामंत थाट सबेह॥2778॥
घाघरटें दीसें भिड घणां, सिलह टोप करी रुद्रांमणा।
घंसिया छूटी ले तरवार, हलकारे लागा हलकार॥2779॥
रे रे असपति ऊभो रहें, हिवें नासी मत जावो वहें।
म्हें पदमणि आंणी छें जिका, तोनें हिव देषाडां तिका॥2780॥
तोनें षांत अछे तिण तणी, पदमणि नार निहालण तणी।

हठ हमीर जांणो तो सही, लडें अमा सूं अवसर ग्रही।।2781।।
इम कहता भिड आयां जिसें, आलिम दीठा अरियण तिसें।
एहवी वात कहें पतिसाह, रिण रसियो उठियो रिम राह।।2782।।
रे रे कूड कियों वादळे, हिंदू आय वाळ्या सांकळे।
हलकारयाँ असपति निज जोध, धाया किलकी करि करि क्रोध।।2783।।
मांहो मांह मंडाणो किलो, बोलें असपति सु वादळो।
पतिसाह मत छांडो पाव, तेरा कूड अमीणा घाव।।2784।।

।।कवित्त।।

सुणि वादळ कहें साह, वाह तुम बोल भलाई।
मुष मीठा दिल कूड़, इहें हींदूं न कराई।
पदमणि करी कबूल, तुझे सिरपाव दिराया।
छोड़्या रांण रतन्न, सबे दल दूर चलाया।
अब लडि हुं षग्गि बुल्लहुं अकथ, काफर गुंडाई धरहुं।
हम सरिस चूक देषहुं सु तो, मुरष अण षुट्टि मरहुं।।2785।।
कहें वादळ सुण साह, राह पहेली तुम चूक्के।
दे वाचा गढ़ देषि, बहुर तुम राव ही रुक्के।
हम हींदू कैई मीर, निरष रष्षि कुलवट्टह।
पदमणी दे ल्ये धणीय इहें हम लाज निपट्टह।
अब करहुँ मूष्ठि जूठा न कहूँ, कहा रह्यो रस हम तुमहि।
ग्रही षग लडहुँ म धरहुं ग्रब, बतरस नहि अवसान इह।।2786।।

।।चोपई।।

आलम ताम हुआ असवार, जोधा मुगल पठाण जुझार।
भिड़्या षाग रिण मचियो दूठ, सुभट न दाखें कोई पूठ।।2787।।
षेहाडंबर उड्यो इमो, सूरज जाणक वघुल्या जिस्यो।
बाण विछूटें चिहुँ दिश घणा, रुड्या नगारा सींधू तणा।।2788।।
षडग झलक्कें, ऊजल धार, जाणे क वीजळ घण अंधार।
संन्राहें तूटें तरवार, जागे झाळ अगनि अण पार।।2789।।
कुंत अणी फूटें सूंसरा, तूटें कालज ने फेफरा।
ऊडे बूर वहें रत षाळ, गुंजे सींघ घणा असराळ।।2790।।
वहें तीर चणणाट पंषाल, झड मातो तातो वरसाळ।
पड़ें मार गूरज गोफणी, फोजां फूटें टूटें अणी।।2791।।
मार मार कहि वाहें लोह, रण लूधा सामंत छछोह।

षांन निबाब गडूथळ षाय, हजरत करें षुदाय षुदाय ॥2792॥
नारद कलकी करि करि हास, गीरध मांश तणा ले ग्रास।
धड ऊपर धड ऊछळ पड़े, केता सामंत सिर विण लडें ॥2793॥
रिण चाचर नाचें रजपूत, धूंकळ माचवियो रण धूत।
धन धन कहें सूरज धीरवें, अपछर माला कंठे ठवें ॥2794॥

॥दूहा॥

उत असपति तोबा वकें, इत हलकारें रांण।
तिण वेळा वादळ तणा, अडिया भुज असमान ॥2795॥
कुण तोलें जळ सायरां, कुण ऊपाडें मेर।
वादल तो विण साहा सूं, कुण झालें समसेर ॥2796॥
दळां विभाडण साहरा, ऊपाडें गज दंत।
तुज्झ भुजां गाजण तणा, बलिहारी बलवंत ॥2797॥
जाबें असपति रीझियो, सुहडां षगी सबाब।
षागें खांन निवाब नें, तें ऊतारी आब ॥2798॥
हसियो आलम जाब सुणि, षग षसियो षत्रि सार।
तूं वेधालक वादला, अंगद रो अवतार ॥2799॥
महि डोलें सायर सुसें, पच्छिम ऊगें भाण।
वादळ जेहा सूरमा, क्यूं चूके अवसाण ॥2800॥
रिण डोहें फिर फिर षळां, धडां धपावे धार।
पारीसें पडिहार ज्यूं, नह भूलें मनुहार ॥2801॥
घड़ि पतिसाई बींदणी, मंद जोवन मयवंत।
मुझ मन परणेवा (तणी), षरी विलग्गी षंत ॥2802॥
सुण गोरा वादळ कहे, तू सामंत सकज्ज। .
तूं दळ नायक हिंदुआ, तुज्झ भुजें रिण लज्ज ॥2803॥
तु सिंघ चाढ़ण सूरमा, उजवालण कुलवट्ट।
तूं बांधे पतीसाह सूं पें तोडर रणवट्ट ॥2804॥
बांधे मोड महाबली, बांधे असि गजगाह।
सिर तुलसी दळ घालियाँ, डहियां षाग दुबाह ॥2805॥
केसरिया वागा किया, भुज ऊवाणे षाग।
जाणक भूखो केहरी, झुंड में नाखे झाग ॥2806॥
सूरज हुंत सलाम कर, वलि मुछां बळ घाल।
सु पतीसाहां सम चढ़े, आयो रणवट जाल ॥2807॥

भरें डांण दईवान भति, राम राम मुष रट्ट।
ऊकळते ते रण ऊरियो, माझी लोह मरट्ट॥2808॥
रुडें नगारा सिंधूआं, रिण सूरातम रस्स।
मद आयो गोरो मरद, अडियो सीस डरस्स॥2809॥
आवें असपति आगळें, इसो उड़ायो षाग।
पाघर पाषल पाघरें, जांणे हणुमत वाग॥2810॥
हाका करि किलकी हंसें, डसें रिमां जिम नाग।
तिण वेळा त्रिजडा हथो, (दिये अदग्गा दाग)॥2811॥
पक्के दीहे गेरिळो, दिये रण पक्का दाव।
पक्का खांन निबाब सिर, परें पकंदा घाव॥2812॥
आडा षल भांजें अनड, फुरळंतो गज भार।
आयो असपति ऊपरें, मुष कहतो हुंसियार॥2813॥
तोले षग तारां लगे, गोरे कीधो घाव।
असपति जीव ऊवेळतां, पाछा दीधा पाव॥2814॥
कहें वादळ गोरा सुणो, सकजां एह सुभाव।
आपो आंगमिया पछे, कुण राणो कुण राव॥2815॥
तोनें रिण वाही तणी, वदसी जगत विसेष।
दल्लीसर परमेसरो, त्यांसू केहो तेष॥2816॥
घण घट नेजां घाव करि, लडें भडें ले बोह।
गोरो रणवट पोढ़ियो, वाहि बहावे लोह॥2817॥
षमा षमा कहि अपछरा, हरि जोड़े सिर हाथ।
गिलें डळां भख ग्रीधणी भुजां वदे दिननाथ॥2818॥
आवें वादळ ऊपरें, करें हथेळियां छांह।
दलपति साहै डोहियां, भांमे तूज भूजांह॥2819॥
अइयो सूरातम तणा, अजे अवमांण अथाग।
भुज वे बे रूंधा भला, इक मुंछा इक षाग॥2820॥
मुष देखे काका तणो, बांदे मुछां बाल।
वादळ आयो साह सूं, चोरंग बांधे चाल॥2821॥
हलकारें भिड आपणां, वाकारें रिम थाट।
पडियो कांसें बीस परि, झाडंतो षग झाट॥2822॥
लोह छछारें उडवें, इसा लगाया हाथ।
पोधर षेत पछाडियो सारो असपति साथ॥2823॥
रहचवि (या) सारा रवद, ऊभो असपति आप।

जांणि विषेरया बांदरे, करि गुंजाहल ताप ॥2824 ॥
षळ गळिया वादळ षगें, पूर हसम षुरसाण।
सांमुंद जांण उतान सुत, पीधा चळु प्रमाण ॥2825 ॥
पकड्यो असपति वादळे, एकल मल्ल अबीह।
मेंगळ हंदा मग गळैं, गाल बजावें सीह ॥2826 ॥
फिर छोडें पकडे फिरें, नाच नचावें तेम।
रस लागो रांमत रमें, भोळा बाळक जेम ॥2827 ॥

॥कवित्त॥

सुण वादळ कहें साह, राह हीदू ध्रम रष्षो।
सामधरम सुरतान, अकल उसताद परष्षो।
तूं सांमंत सकज्जह, बुद्धि बल अकल दुबाहो।
तूं ही ढाल हीदवाण, तु हि रावत षग वाहो॥
गोरिळ सरग्ग अपछर वरी, तुम दुनियां में यस सुनहु।
पतिसाही दळां लाई घरा, बहू भई जब वस करहु ॥2828 ॥

॥दूहा॥

ध्रम राष्यो रष्यो धणी, रखी पदमणि पूठ।
अब रष्षहुँ मेरी अदब, कहें आलिम सुण दूठ ॥2829 ॥
मेरे लाल तूं झूझ खरो, ए दुनियांण उकत्त।
भातीजें काको भिडे, दीधो न्याव विगत्त ॥2830 ॥

॥चोपई॥

ऊभो रतन सेन राजान, दीठो जुद्ध महा असमान।
जोया वादळ गोरा तणा, हाथ महाबळ अरि गंजणा ॥2831 ॥
पदमणि ऊभी द्यें आसीस, जीवो वादळ कोड वरीस।
सांम धरम सांचव्यो सवेह, राखी वादळ षत्रिवट रेह ॥2832 ॥
गोरो रावत रण में रह्यो, आलम सेन चावे षग लह्यो।
लूटाणो लसकर झूझुओ, साका वदित भारथ हुओ ॥2833 ॥
पतिसाह साहें मुकियो, एह वळे मोटो जस लियो।
साह कहे सांभळ वादळा, किया पवाडा तेही भला ॥2834 ॥
जीवन दान दियो म्हो भणी, किसी करां हिवें कीरत घणी।
आलिम नीसर गयो एकलो, गोरो वादळ जीत्यो किलो ॥2835 ॥

॥दूहा॥

करि कागळ वादळ सबी, हजरत रष्षी पास।

इक तेरे मुष मूंछ है, अई हींदू स्याबास ॥2836 ॥
पातसाह दिल्ली गए, भई दुनी सर वात।
वादल भिड रण सोझियो, उवारी अषियात ॥2837 ॥
हसम षजीनो लुटियो, ग्रहि मूंक्यो पतिसाह।
बोल्यो तूं निरवाहियो, अइयो भींच दुबाह ॥2838 ॥
उघाड्यो चित्रकोट गढ़, सांमा आया रांण।
मलिया वादळ रतन सी, करें बषाण खुमाण ॥2839 ॥
सामेळो आया सकल, घुरिया जेत निसांण।
बधायो गज मोतीयां, गुनियन करें वषाण ॥2840 ॥

॥चोपई ॥

महा महोछव मांहे लियो, अरध राज वादळ ने दियो।
पदमणि नार लिया वारणा, राष्या पण अम दंपति तणा ॥2841 ॥
इण पर आव्यो महिल मझार, बंदीजन बोले जयकार।
आवी लागो माता पाय, मात आसीस दिइ असीस सवाय ॥2842 ॥
निज नारी ओढ़ी नवी घाट, समि शृंगार कर तिलक ललाट।
अरघ अमोषो देई करी, मोती थाळ भरी संचरी ॥2843 ॥
कीधा विविध वधावा घणा, कुसलें षेमें आयां तणा।
तव गोरिळ री अस्त्री कहें, काको किण विध रण में रहे ॥2844 ॥
कहो किसी पर वाह्या हाथ, केता मार्‌या आलम साथ।
वादळ बोलें माता सुणो, किसु वषांण काकाजी तणो ॥2845 ॥
असपति पिण पग पाछा दिया, जेत तणा वाजा वाजिया।
वीछाया सब षांन निबाब, के ओसीसें के पयताब ॥2846 ॥
ऊपर गोरो भिड पोढियो, अंबर सुजस तणो ओढियो।
तन विषरायो तिल (तिल) होय, मूंछां मरट न मिटियो तोह ॥2847 ॥
कुळ उजवाळ्यो गोरें आज, सुहडां सींघ चढ़ावि राज।
रिण षेती गोरे भोगवी, मैं तो सिलो कियो पूठ थी ॥2848 ॥
घटा वींदणी गोरे वरी, बांधें मोड महा रिण करी।
में तो जांनी थका झुंबिया, विरुद भुजांबळ गोरळ लिया ॥2849 ॥

॥कुंडळ्ये ॥

गोरल त्रिय इम ऊचरें, सुण वादळ समरत्य।
पिउ मुझ रिण में झूझूतें, किम करि बाह्या हत्थ ॥
किम करि बाह्या हत्थ भरि सुहड पिछाड्या।

भांगा हें गेघट्ट, जाए नेजें असि चाढ्या।
गिलिया षांन निबाब, सीस असपति झोरिळ।
कहें बादल सुण मात, रिण ही इम झूझिया गोरिळ॥2850॥

॥**चोपई**॥

इम सुणि ने कांमनी तेह, विकसित वदन हुई ससनेह।
रोम रोम सूरिम ऊछळी, मुळकी महिला बोलें वळी॥2851॥
सांभळ बेटा हिवें वादळा, ठाकुर दोहिला हुवें एकला।
पछें पडें छें छेटी घणी, रीस करेसी मांहरो धणी॥2852॥
वहिलो होय म लावो वार, भेळा होय काकी भरतार।
एम सुणी वादल हरषियो, धन धन मात तुमारो हियो॥2853॥
दांन पुन्य तव बहुळा करी, सृंगार चढ़ी भळ तुरी।
श्रीफळ लेई हाथें धरी, जे जे राम कही नीसरी॥2854॥
ढोल घुरें गुंजे चीतोड, बांध्यो सुजस तणो सिरमोड।
इण पर आषा उछाळती, आवी षेतें रिण मलपती॥2855॥
पूजी गवरी करी सनान, पहिरी धवळ वस्त्र परिधान।
षमा षमा कहें धन भरतार, रिण समंद हिलोलणहार॥2856॥
कठ मंदिर पिय षोळें धरी, अगनि सरण कीधो सुंदरी।
पति पासें जई पोहती जिसें, अरध सिंघासण दीधो तिसें॥2857॥
अमरापुर वसिया ऊछाह, जय जयकार हुओ जग मांह।
चंद सूरज बे कीधा साष, गढ़, चीतोड दल्ली दल साष॥2858॥
करी मृतक देही संस्कार, आयो वादळ निज घरवार।
रजपूतां ए रीत सदाइ, मरण मंगळ हरषित थाइ॥2859॥

॥**सोरठा**॥

रिण रहचिया म रोय, रोए रण भांजे गया।
मरणे मंगल होय, इण घर आगां ही लगें॥2860॥

॥**चोपई**॥

विरूद बोलावें वादल घणी, सांम सनाह सुहडाई तणी।
इसो न को वलि हूओ सूर, कमधज वंश चढ़ायो नूर॥2861॥
पदमणि राष राण राखियो, गढ़रो भार भुजें जालियो।
रिण भिडतां राषावी रेह, नमो नमो वादळ गुण गेह॥2862॥

॥**कवित्त**॥

जय वादल जयवंत, विरुद वादल अरि गंजण।

संकट सामि सनाह, भिडें पतिसाहां भंजण।
मलिउ गयंदा मांण, हण्या हाथी मयमत्तह।
साम बंद छोड़णो, दियण वहिनी अहिवत्तह।
पदमणी नार श्री मुष कहें, इस्यो अवर न कोई हुअ।
आरती उतारें वर तणी, जे वादळ जेंवंत तुह॥2863॥
कहें मात बादळा, भलें मुझ उअर उपन्नो।
कुल दीपक कुल तिलक, रंक घर रयण संपन्नो।
ग्रहि मोषण पतिसाह, रूक वळि गंजण अरीदळ।
जेंत हत्थ जगजेठ, भुज बलिहार भुजांबळ।
मुष मूंछ तुझ कुळ लज्जा तुंही, भारी छळ कीधो भडां।
चीतोड मोड बांध्यो सिरें, दल्लीपति चाढ़े तडां॥2864॥
रांम तणे भिड्या (जिम) हणुमांन, तिम वादळ रतनसी राण।
पदमणि सत सीता सारिषी, वादल भिड़ लंघा आरषी॥2865॥
सेवा कीधी अपछर तणी, तिण सोभा वाधी घण घणी।
करी दिषावें इसीक कोय, अवरां सुहडां आदर होय॥2866॥
गोरा वादळ नी ए कथा, कही सुणी (ने) परंपर यथा।
सांभळतां मन वंछित फळें, राज रिद्ध लछमी बहु मिलें॥2867॥
सांमधरम सापुरसां होय, सील दृढ कुळवंती जोय।
हींदू ध्रम (छें)सत परिमाण, वाज्या सुज (स), तणा नीसाण॥2868॥
इति श्री चित्रकोटाधिपति बापा खुमाणान्वये राणा रतनसेन पदमणी गोरा बादल संबंध किंचित् पूर्वोक्तं किंचित ग्रंथाधिकारेण पं. दोलतविजय ग. विरचितियां (अ)धिकार संपूर्णम्॥

इति श्री षष्ठ खंड सम्पूर्णम्॥

‘खुम्माणरासो’ हिंदी कथा रूपांतर
(पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण)

चित्तौड़ में महान् गहलोत राजा रत्नसेन का राज्य था। छत्तीस शाखाओं के राजपूत उसकी सेवा में थे। एक दिन भोजन करने के दौरान प्रेमपूर्ण बातें करते हुए रत्नसेन ने पटरानी से कहा कि– ‘‘तुम्हारे हाथ से बनाए हुए भोजन में कोई स्वाद नहीं है। तुम्हे भोजन बनाना नहीं आता।’’ रानी ने उत्तर दिया कि– ‘‘मैं भोजन बनाना नहीं जानती, तो आप सिंघल की पद्मिनी से विवाह कर लीजिए।’’ राजा को यह बात चुभ गई। वह नाराज़ होकर वहाँ से निकलकर दुर्ग से नीचे उतर गया। राजा अपने एक सेवक को लेकर घोड़े पर चढ़ा। सेवक ने पूछा कि– ‘‘हम कहाँ जा रहे हैं, तो उसने उतर दिया कि– ‘‘हम सिंघल देश जाएँगे और मैं वहाँ पद्मिनी से विवाह करूँगा।’’ राजा ने सिंघल देश का रास्ता जानने वाले एक भाट को भी अपने साथ ले लिया। राजा समुद्र के किनारे पहुँचा, जहाँ उसकी भेंट एक पराक्रमी और सिद्ध योगी आयस से हुई। योगी ने राजा से पूछा कि– ‘‘हे रत्नसेन! आप यहाँ किस निमित्त आए हैं?’’ राजा ने विनयपूर्वक कहा कि– ‘‘मैं पद्मिनी से विवाह करने जा रहा हूँ। आप मुझे सिंघल द्वीप पहुँचा दें।’’ आयस ने उन दोनों को अपनी हथेलियों पर चढ़ाकर सिंघल द्वीप छोड़ दिया। (2435–2446)

सिंघल द्वीप के राजा की एक बहिन पद्मिनी जाति की स्त्री थी। उसने प्रण ले रखा था कि जो उसे चौपड़ के खेल में पराजित करेगा, वह उसी से विवाह करेगी। पद्मिनी रत्नसेन से हार गई। सिंघल के राजा ने पद्मिनी का विवाह रत्नसेन से कर दिया। राजा ने उसको दहेज में प्रभूत मात्रा में धन-संपदा और वस्त्र दिए। लंबे समय तक ससुराल में रहने के बाद रत्नसेन पद्मिनी सहित वहाँ से प्रस्थान कर चित्तौड़गढ़ पहुँचा। वह उत्साहित था। उसने पटरानी से कहा कि– ‘‘मैंने अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार पद्मिनी से विवाह कर लिया है।’’ वह पद्मिनी के साथ विलासमग्न रहने लगा। (2447–2452)

एक दिन जब रत्नसेन और पद्मिनी, दोनों विलासरत थे, तभी राघवचेतन वहाँ आया। उसने विलासरत पद्मिनी का रूप-सौंदर्य देख लिया। राजा इससे कुपित हुआ। उसने निश्चय किया कि इसने अपनी नज़र से पद्मिनी देख ली है, इसलिए इसकी आँखें निकलवा दी जाए। राघव बड़ी मुश्किल से अपने प्राण बचाकर वहाँ से भागा। अपने परिजनों को लेकर वह दुर्ग से उतरकर दिल्ली पहुँच गया। राघव शास्त्र वाचन करता था और विद्वान् था। उसकी कीर्ति दिल्ली में फैल गई। बादशाह ने राघव को बुलाया और उसे कई तरह से पुरस्कृत किया। राघव ने बादशाह को आशीर्वाद दिया।

राघव बादशाह के पास रहने लगा। उस दुष्ट ने प्रतिशोध लेने का विचार कर यह निश्चय किया कि ''मैं बादशाह को आक्रमण करने के लिए चित्तौड़ ले जाऊँगा, और उससे रत्नसेन का वध करवाऊँगा।'' (2452-2458)

राघव का एक भाट मित्र था। उसने उसको अपनी मंशा बताई। एक दिन बादशाह हंस का एक पंख हाथ में लेकर दरबार में बैठा था। उसने कहा कि- ''दोस्तो! इस पंख से प्रिय और दुर्लभ इस संसार में और कुछ नहीं है।'' राघव ने कहा कि- ''हुज़ूर! इससे प्रिय, कोमल और सुन्दर तो पद्मिनी जाति की स्त्री है।'' बादशाह ने कहा कि- ''यदि पद्मिनी जाति की कोई स्त्री है, तो मुझे उसके संबंध में बताओ और मेरे अंत:पुर में कोई पद्मिनी स्त्री है, तो पता कर मेरे सम्मुख प्रस्तुत करो।'' बादशाह ने एक नाज़िर (अंत:पुर की देख-रेख करनेवाला) साथ भेजा। उसके साथ राघव ने सभी स्त्रियों की जाँच की। उनमें हस्तिनी, शंखिनी और चित्रिणी स्त्रियाँ तो थीं, पर पद्मिनी कोई नहीं थी। बादशाह ने कहा कि- ''पद्मिनी कहाँ हैं'', तो राघव ने कहा कि- ''वह सिंघल द्वीप में है।'' बादशाह ने कहा कि- ''वह जहाँ भी होगी, मैं उसको ढूँढ़कर अपने घर लाऊँगा।'' बादशाह घोड़े पर सवार होकर सत्ताईस लाख सैनिकों के साथ समुद्र किनारे आया। उसने देखा कि सामने अथाह समुद्र है, जिसको कोई मनुष्य पार नहीं कर सकता। उसने अपने योद्धाओं को समुद्र पार करने के लिए लगाया, लेकिन वे डूब गए। बादशाह ने राघव से कहा कि- ''तुमने सेना का नाश करवा दिया। अब बताओ, पद्मिनी और कहाँ है?'' राघव ने कहा कि- ''चित्तौड़ के दुर्ग में एक पद्मिनी है, पर उसको पाना शेषनाग से उसकी मणि प्राप्त करने जितना मुश्किल है। रत्नसेन बड़ा विकट और पराक्रमी योद्धा है।'' बादशाह ने कहा कि- ''हिंदू राजा का क्या भय? मैं चित्तौड़ पर आक्रमण करूँगा और पद्मिनी प्राप्त कर लेने के बाद ही दिल्ली का सुल्तान कहलाऊँगा।'' (2459-2470)

बादशाह ने राघव से कहा कि- ''तुम मुझे पद्मिनी स्त्री के लक्षण बताओ।'' राघव ने कहा कि- ''स्त्रियाँ चार प्रकार की कही गई हैं। इसमें से तीन प्रकार की नायिकाएँ सबके घरों में मिल जाती हैं, लेकिन पद्मिनी सौभाग्य से ही मिलती है।'' इसके बाद उसने विस्तार से पद्मिनी स्त्री के लक्षणों का वर्णन किया। पद्मिनी स्त्री के लक्षण सुनकर बादशाह ने कहा कि- ''मैं अब अपने पौरुष के बल पर पद्मिनी प्राप्त करूँगा।'' उसने दूत भेजकर अपने मुग़ल और पठान नवाबों की एकत्र किया और सेना सहित चित्तौड़ के लिए प्रस्थान किया। पृथ्वी काँप उठी और शेषनाग विचलित हो गया। यह जानकर कि अलाउद्दीन ने दुर्ग की तलहटी में शिविर लगा दिया है, रत्नसेन भी क्रुद्ध हो उठा। उसने भी अपने सभी वीर योद्धाओं को बुलाया। रत्नसेन ने कहा कि- ''बादशाह हम राजपूतों का मेहमान है। हम तलवारों, तोप के

गोलों और अस्त्र-शस्त्रों से उसका सम्मान करेंगे।'' रत्नसेन और अलाउद्दीन के बीच भीषण युद्ध हुआ। बादशाह का वश नहीं चल रहा था। रत्नसेन उस पर हावी था। कई मुग़ल-पठान सैनिक मारे गए थे। बादशाह ने रत्नसेन को छलपूर्वक पकड़ने का षड्यंत्र रचा। (2471-2496)

बादशाह ने अपना एक प्रधान (प्रतिनिधि) को रत्नसेन के पास भेजा। प्रधान ने रत्नसेन से कहा कि- ''बादशाह केवल पद्मिनी देखकर उसके हाथ से भोजन करना चाहता है। वह चाहता है कि आप बादशाह के सम्मुख नतमस्तक हो जाएँ और उसको क़िला दिखा दें। यदि यह मंजूर हो, तो वह इसके बाद दिल्ली चला जाएगा।'' प्रधान ने यह भी कहा कि- ''बादशाह ने शास्त्र और कुरान से पता किया है कि वह और आप पूर्व जन्म में भाई थे। पवित्र कार्यों के कारण आपका जन्म हिंदू कुल में हुआ है और अपवित्र कार्यों के कारण उनका जन्म यवन कुल में हुआ है।'' रत्नसेन ने भी अपने प्रधान को बादशाह के पास भेजा। बादशाह ने वचन दिया कि आपके और हमारे बीच रहमान है। रत्नसेन के मन में कोई प्रपंच नहीं था, जबकि बादशाह का मन छद्म और द्वेष से भरा हुआ था। घरभेदू के बिना घर ख़त्म नहीं होता। राघव व्यास घरभेदू था। (2497-2509)

रत्नसेन के निमंत्रण पर तीस हज़ार घुड़सवार, ख़ान और नवाबों के साथ बादशाह ने साथ दुर्ग में प्रवेश किया। नगाड़ों पर प्रहार होने लगे। नगरवासियों में हड़कंप मच गया। रत्नसेन ने अपने सैनिकों को सुरक्षा में नियुक्त कर दिया। बादशाह ने रत्ससेन से कहा कि- ''आप सेना क्यों लगा रहे हैं, मैं लड़ने के लिए नहीं आया हूँ और मेरे मन मे कोई छल-प्रपंच नहीं है।'' रत्नसेन ने कहा कि- ''धोखा देकर भी तुम्हे कुछ नहीं मिलेगा। हमारी तलवारों की आँधी चलेगी, तो तुम्हारी सेना बादलों के समान फट जाएगी।'' बादशाह ने कहा कि- ''कम हो या ज़्यादा, घर आए अतिथियों का सम्मान करो और उनका भार वहन कर लो।'' रत्नसेन ने कहा कि- ''सुकाल के कारण अन्न का हमारे यहाँ अभाव नहीं है।'' दोनों ने एक-दूसरे से इस तरह की उपालंभपूर्ण बातें कहीं और फिर दोनों ने हाथ मिलाए और हँस पड़े। रत्नसेन का क्रोध शांत हुआ। (2510-2520)

बादशाह दरबार लगाकर बैठा था। सभी राजा उसके सामने खड़े हुए थे और चारण प्रशस्ति कर रहे थे। रत्नसेन भोजन प्रबंध के लिए महल में गया और उसने पद्मिनी से कहा कि- ''भोजन से बादशाह का ऐसा आतिथ्य करो कि वह प्रसन्न हो जाए।'' पद्मिनी ने बादशाह को भोजन परोसने से मना कर दिया। पद्मिनी ने कहा कि ''षड्रस व्यंजन मेरी दासी परोसेगी।'' पद्मिनी के पास अत्यंत सुंदर और चतुर बीस हज़ार दासियाँ थीं। उन्होंने ऊपर छाया के लिए तनी हुई चाँदनी के नीचे आसन

लगाए। छड़ीदार, प्यादे और द्वारपाल जगह-जगह खड़े थे। सभी महलों को सजाया गया था। जब भोजन बन गया, तो बादशाह को बुलाया गया। बादशाह ने सात मंजिल वाले महलों को देखा। महल देवताओं के विमान की तरह थे। बादशाह अपने ख़ान और नवाबों के साथ भोजन करने बैठा। गौरवर्णी पद्मिनी दासियाँ वहाँ आकर अपना रूप-सौंदर्य प्रदर्शित कर रही थीं। सभी तरह के व्यंजन परोसे गए। बादशाह आश्चर्यचकित था। वह दासियों को देखकर पूछता था कि- ''क्या ये सभी पद्मिनियाँ हैं? हमको तो अल्लाह ने एक भी चन्द्रमुखी नहीं दी।'' (2521-2533)

राघव व्यास ने बादशाह को कहा कि- ''पद्मिनी स्त्री को कोई देख नहीं सकता। यदि कोई देख ले, तो वह विक्षिप्त हो जाता है।'' बादशाह और राघव व्यास जब बातचीत कर रहे थे, तब पद्मिनी के मन में विचार आया कि बादशाह कैसा है। तभी एक दासी ने आकर कहा की वह विचारमग्न झरोखे के नीचे बैठा है। वह गजगामिनी उसका मुँह देखने के लिए झरोखे पर आई। जैसे ही उसने जाली से झाँककर देखा, उसी समय राघव व्यास ने बादशाह से कहा कि- ''पद्मिनी देखो!'' बादशाह ने ऊपर देखा, तो वहाँ उसे प्रत्यक्ष पद्मिनी दिखाई पड़ी। बादशाह ने राघव व्यास से कहा कि- ''मेरे पास पद्मिनी नहीं है, तो मेरी बादशाहत का क्या महत्त्व है। मैं उसके बिना मदविहिन हाथी और शक्तिविहीन सिंह के समान हूँ। मैं पद्मिनी के बिना दिल्ली नहीं जाऊँगा।'' (2534-2542)

राघव व्यास ने कहा कि- ''आप धैर्य रखें। यदि रत्नसेन आपके हाथ आ जाए, तो पद्मिनी आपको मिल ही जाएगी।'' दोनों ने मंत्रणा कर षड्यंत्र किया। सभी लोगों ने भोजन कर लिया, तो बादशाह रत्नसेन के गले लगकर बोला कि- ''आपने हमारा अच्छा आतिथ्य किया और सोने-चांदी से जड़े वस्त्र-आभूषण और हाथी घोड़े आदि आपने हमको बहुत दिए। अब आप हमको क़िला दिखा दो।'' रत्नसेन ने बादशाह को अभेद्य क़िला दिखाया। बादशाह ने रत्नसेन से कहा कि- ''तुम हमारा दायाँ हाथ हो। कोई काम-काज हो, तो बताना।'' रत्नसेन बादशाह को भेंट आदि देकर वहीं रुक गया, लेकिन बादशाह ने कहा कि- ''कुछ दूर हमारे साथ चलिए, हमें आपका साथ अच्छा लगता है।'' रत्नसेन ऐसा कहने पर बादशाह के साथ क़िले से बाहर निकल गया। रत्नसेन के मन में छल-कपट की कोई आशंका नहीं थी, जबकि बादशाह के मन में द्वेष का भाव भरा हुआ था। राघव व्यास ने बादशाह को कहा कि- ''यही मौक़ा है। बाद में मत कहना कि मैंने कहा नहीं था।'' बादशाह ने अपने घुड़सवारों को बुलाया। वे परस्पर मिले और मंत्रणा कर उन्होंने रत्नसेन को पकड़ लिया। बात बिगड़ गई और स्थिति विषम हो गई। बादशाह ने रत्नसेन से कहा कि- ''तुमने हमारा आतिथ्य किया, अब तुम हमारे अतिथि हो। तुम पद्मिनी मुझे दे दो, तो मैं तुम्हें छोड़

दूँगा।'' रत्नसेन के पैरों में बेड़ियाँ डाल दी गईं और उस पर जुल्म किया गया। रत्नसेन शक्तिशाली था, लेकिन पकड़े जाने से वह निर्बल हो गया। (2543-2561)

दुर्ग में सबने यह बात सुनी। नगर-बाज़ार में यह बात फैल गई कि रत्नसेन पकड़ा गया है। लोग कहने लगे कि यह रत्नसेन की कुमति थी कि उसने सुल्तान को दुर्ग में बुलाया और दुर्ग से नीचे उतरकर उसको पहुँचाने गया। राजा बादशाह की क़ैद में है। राक्षस का क्या विश्वास? वह पद्मिनी को भी पकड़ लेगा और दुर्ग पर भी अधिकार करेगा। युवराज जसवंतसिंह के आमंत्रण पर सभी सामंत दरबार में एकत्र हुए। कुछ ने सुझाव दिया कि हमें क़िले में रहकर लड़ना चाहिए, जबकि कुछ का विचार था कि हमें क़िले से बाहर निकलकर बादशाह की फ़ौज पर आक्रमण करना चाहिए। किसी एक ने कहा कि हमारा कोई नायक नहीं है और उसके बिना हमारी सेना मृतप्राय है। विचार-विमर्श के दौरान की बादशाह का एक वज़ीर आया। उसको सीढ़ी लगाकर क़िले के अंदर दाख़िल किया गया। वज़ीर ने कहा कि- ''बादशाह का कहना है कि पद्मिनी दे दो, तो हम क़िले के स्वामी को मुक्त कर देंगे।'' सभी सामंत दुविधा में पड़ गए कि यदि हम पद्मिनी देते हैं, तो हमारी राजपूती मर्यादा नहीं रहेगी और नहीं देते हैं, तो बात बिगड़ जाएगी। युवराज जसवंतसिंह ने कहा कि- ''हमारा राजा शत्रु के अधीन है। हमें पद्मिनी दे देनी चाहिए, जिससे बादशाह दिल्ली चला जाएगा और रत्नसेन दुर्ग में आकर पुन: अपने सिंहासन पर बैठकर चँवर ढुलाएगा। शिला के नीचे आए हाथ को छल और युक्ति से निकालना तो पड़ेगा ही।'' सभी योद्धाओं ने यह निश्चय किया कि सुबह होते ही पद्मिनी बादशाह को दे देंगे। यह विचार कर वे उठे, लेकिन पद्मिनी ने ये सारी बातें सुन लीं। (2562-2576)

पद्मिनी ने सखी से कहा कि- ''कुमार ने मुझे देकर धरा, राज्य और राणा का उद्धार करने का निर्णय किया हैं। मैं सिंघल मैं पैदा हुई राजपुत्री हूँ और रत्नसेन की पटरानी होकर यहाँ आई हूँ। मैं कुलीन स्त्री हूँ और उपाधियाँ धारण करूँगी, तो मेरे बादशाह के अधीन होने पर हिंदुवा कुल पर लांछन लगेगा।'' पद्मिनी ने भगवान राम से विनय की कि- ''आपने सभी रक्षा की है, अब मेरी भी करो, मैं आपकी शरण में हूँ।'' उसने कहा कि- ''जंगल में अकेले पक्षी को पकड़ने के लिए सौ शिकारी पड़े हुए हैं। हे भगवान! आप से आशा है कि इस बार मेरी रक्षा करें।'' उसने कहा कि- ''सभी योद्धा शक्तिविहीन हो गए हैं। मुझे अबला की लज्जा अब आप के हाथ में है।'' चित्तौड़गढ़ के दुर्ग में रावत गोरा रहता था, जिसकी भुजाओं में क्षत्रियत्व का यश बहता था। उसका भतीजा बादल भी पराक्रमी था। दोनों राजनीति और समरनीति में और राजाओं से बढ़-चढ़ कर थे। रत्नसेन का उन पर अनुग्रह नहीं था- उन्हें चाकरी का वेतन नहीं मिलता था और उनके पास कोई जागीर भी

नहीं थी। दोनों दुर्ग से निकलकर जाना चाहते थे, पर बादशाह के घेरे के कारण रुक गए थे। यदि दोनों चले गए होते, तो क्षत्रियत्व पर कलंक लग जाता। पद्मिनी ने विचार किया कि गोरा और बादल, दोनों गुणी हैं, मैं उनसे जाकर विनय करूँगी, क्योंकि दूसरों में तो में रत्ती भर भी गुण नहीं हैं। यह विचार कर पद्मिनी पालकी में बैठी और सखियों सहित गोरा के दरबार में आयी। गोरा ने सामने आकर पद्मिनी का स्वागत किया। पद्मिनी ने गोरा से कहा कि- ''पृथ्वी पर क्षत्रिय धर्म क्षीण हो गया। सभी ने निश्चय किया है कि मुझे देकर राजा को ले लेंगे। उन्होंने मुझे मुसलमान के घर जाने के लिए विदा कर दिया है। अब तुम मुझे किस तरह विदा करोगे, बता दो?'' गोरा ने कहा कि- ''सब अच्छा होगा। आप चलकर मेरे घर आई हैं, तो अब मुसलमान के घर नहीं जाएँगी।'' गोरा ने आगे कहा कि- ''मेरे बड़े भाई गाजण का पुत्र बादल भी बड़ा शक्तिशाली है, उससे भी इस विषय में पूछा जाए।'' दोनों बादल के घर आए। पद्मिनी को देखकर बादल बहुत प्रसन्न हुआ। पद्मिनी ने बादल से कहा कि- ''मैं अपना शील खंडित नहीं होने दूँगी, चाहे ब्रह्मांड उलट जाए। आप शत्रुदल का विनाश करें, उस पर आक्रमण करें। दुर्ग सुरक्षित रहे, रत्नसेन छूट जाए और मैं भी बच जाऊँ।'' बादल ने गोरा ने कहा कि- ''यहाँ कायरों का क्या काम है? सभी योद्धा अपने घरों में रहें, यहाँ हमारा नाम रहेगा।'' बादल ने पद्मिनी से कहा कि- ''आप चिंतित न हों, मैं अकेला ही बादशाह को मौत के घाट उतारकर शत्रुओं को तलवार की नोंक में पिरो दूँगा। आप घर जाएँ। बादल के वचन मिथ्या नहीं होंगे।'' (2577-2619)

पद्मिनी के प्रस्थान करते ही बादल की माता वहाँ आ गई। वह चिंतित थी। उसने बादल से कहा कि- ''तुमने यह बखेड़ा क्यों किया। उनके पास जागीरों का उपयोग करने वाले योद्धा बहुत हैं। तुम्हे गृहस्थी चलाना नहीं आता, तुम युद्ध कैसे करोगे।'' बादल ने माता से कहा कि- ''मैं अब बालक नहीं हूँ। मैंने युद्ध का विचार इसलिए किया है कि पहले तो हमारा स्वामी संकट में है और दूसरे राजकुमार जसवंत अभी बालक है और उसमें शक्ति नहीं है।'' अपने पुत्र के निश्चय और वीरता को देखकर वह आँसू बहाती हुई महल में चली गई। उसने सभी बातें अपनी बहू को बताकर कहा कि- ''वह मेरी सीख नहीं मानता, लेकिन प्रेम के कारण तुमसे भेंटकर रुक जाएगा।'' वह शृंगार कर अपने पति के पास पहुँची और कहा कि- ''बादशाह क्रूर और शक्तिशाली है। आप शय्या में अपनी पत्नी को तो पराजित नहीं कर पाते, फिर भला बादशाह को कैसे पराजित करेंगे।'' बादल ने कहा कि- ''जो अपने शरीर से मोह रखता है, वह वीर और साहसी नहीं हो सकता।'' तब पत्नी ने हाथ जोड़कर कहा कि- ''आपके समान दूसरा कोई नहीं है। संसार आपको अच्छा कहेगा और

स्वामिधर्म जीवित रहेगा।'' पत्नी ने शस्त्र लाकर बादल को दिए। बादल ने विनयपूर्वक अपनी माता की चरण वंदना की और प्रसन्नतापूर्वक घोड़े पर चढ़कर चल पड़ा। (2620–2660)

बादल ने गोरा के पास पहुँचकर कहा कि– ''मैं बादशाह और कुँवर जसवंत को देखता हूँ।'' गोरा ने साथ चलने का आग्रह किया, लेकिन बादल ने कहा कि– ''अभी मैं केवल पता लगाने जा रहा हूँ।'' बादल वहाँ पहुँचा, जहाँ सभी योद्धा एकत्र थे। सभी ने खड़े होकर उसका सम्मान किया और कहा कि – ''बादशाह हठपूर्वक डटा हुआ है। यदि हम पद्मिनी उसको दे दें, तो हमारा कष्ट दूर हो सकता है।'' बादल ने कहा कि– ''हम पद्मिनी नहीं देंगे और दुर्गपति रत्नसेन को भी मुक्त करायेंगे। ऐसा करते हुए हम मर भी जाएँ, तो हमारी कुल मर्यादा और कीर्ति सुरक्षित रहेगी।'' उसने कहा कि– ''मैं बादशाह के शिविर में जाता हूँ और वहाँ की थाह लेकर आता हूँ। बादशाह ने उसको आते हुए देखा, तो दूत भेजकर उसके आने का प्रयोजन पूछा। बादल ने कहा कि– ''मैं प्रात:काल ही पद्मिनी लाकर बादशाह को सौंप दूँगा।'' बादशाह यह सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने सम्मान के साथ बादल को अंदर बुलाकर बैठाया। बादल ने बादशाह से कहा कि– ''स्वयं पद्मिनी ने मुझे अपना प्रतिनिधि बनाकर आपके पास भेजा है। पद्मिनी ने भोजन करते समय उस दिन आपको जाली में से देखा था। वह सोचती है कि आप कामदेव हैं। वह विरह में व्याकुल बैठी रहती है और रात–दिन आपका सपना देखती है। वह चाहती है कि आप उसे विरह से छुटकारा दिलाएँ। उसने मुझे आप को देने के लिए प्रेमपत्र दिया है।'' बादशाह ने प्रेमपत्र हाथ में लेकर उत्साह से पढ़ा। पद्मिनी ने लिखा कि आठों पहर मुझे आपकी स्मृति रहती है। आपके दर्शनों के लिए मेरे प्राण होठों पर आ गए हैं। बादल के मुख से पद्मिनी के अपने प्रति प्रेम का विवरण सुनकर बादशाह प्रभावित हुआ। उसने बादल से कहा कि– ''तुम मेरे अतिथि हो और तुमने मेरे हृदय में जगह बना ली है। तुम अपने सामंतों को पद्मिनी देने के लिए अच्छी तरह समझाना। मैं तुम्हे जागीर दूँगा और धरती का स्वामी बना दूँगा।'' बादशाह ने बादल को शिरोपाव, एक लाख स्वर्ण मुद्राएँ और हाथी–घोड़े दिए। बादशाह ने बादल को पद्मिनी के लिए रुक्का लिखकर देना चाहा, लेकिन बादल ने कहा कि मैं आपका प्रेम मौखिक निवेदन कर दूँगा। (2661–2715)

हम्मालों के सिर पर स्वर्ण मुद्राओं की गाँठें और हिनहिनाते घोड़ों के समूह के साथ बादल जब दुर्ग में पहुँचा, तो सभी उसको खोज–खोजकर बातें पूछने लगे। गोरा भी प्रसन्न हुआ कि अब बादल कुछ कर लेगा। बादल ने बैठकर मंत्रणा की और तय किया कि बीस हज़ार पालकियाँ इस तरह तैयार करो कि उनका भेद किसी

को न मिले। पालकियों को एक-दूसरे के पीछे रखो। हम कहेंगे कि इनमें पद्मिनी की सहेलियाँ हैं। बीच में पद्मिनी की पालकी की विशेष साज-सज्जा हो और उसके ऊपर भ्रमर गुंजार करते हुए दिखे। पालकियों को दुर्ग के दरवाज़े से लगाकर सेना के नज़दीक, अंतिम छोर तक फैलाओ। मैं राजा को ले आऊँगा और उसे महल में पहुँचाकर हम भीषण युद्ध करेंगे। सभी योद्धाओं ने बादल की बात मान ली। व्यवस्था करते-करते सुबह हो गई। सेना को सारी योजना समझाकर बादल घोड़े पर सवार होकर बादशाह के पास पहुँचा। उसने बादशाह से कहा कि- ''बहुल मुश्किल से बात बनी है। सेना को समझा-बुझाकर मैं पद्मिनी को दुर्ग के पिछवाड़े ले आया हूँ। सामंतों का विचार है कि आप पद्मिनी को सम्मानपूर्वक रखें, धोखे और छल-छद्म से परहेज़ करें और अपनी सेना को लौटा दें, तो मैं पद्मिनी ले आऊँ। यदि आप भयभीत हैं, तो बीस हज़ार सैनिक अपने पास रख लें।'' पद्मिनी के प्रेम में पागल बादशाह ने कहा कि- ''मैं किसी से भयभीत नहीं हूँ।'' उसने सेना को वहाँ से कूच करने की आज्ञा दे दी। फ़ौज प्रसन्न हुई और बादशाह के सभी पराक्रमी योद्धा वहाँ से प्रस्थान कर गए। बादशाह ने बादल से कहा कि- ''मैंने तुम्हारे कहे अनुसार काम कर दिया है, अब तुम पद्मिनी लेकर आओ।'' (2716-2743)

बादशाह से उपहार आदि लेकर बादल दुर्ग में आया। उसने सबको कहा कि- ''मेरे निर्देशों का अच्छी तरह पालन करना और उतावले मत होना।'' यह कहकर वह पालकियों के पीछे चला। स्वामी से विद्रोह के कारण राघव व्यास की बुद्धि भ्रष्ट हो गई। उसे इस षड्यंत्र पर तनिक भी संदेह नहीं हुआ। बादल ने बादशाह से कहा कि- ''पद्मिनी की इच्छा है कि आप उसे सौभाग्य प्रदान करें और उस पर अधिक प्रेम रखें।'' बादल घोड़े पर सवार होकर गया और उसने कुछ ही समय में पालकियाँ लाकर बादशाह के सम्मुख रख दीं। तब तक बादशाह की फ़ौज भी कूच कर बहुत दूर चली गई थी। युद्ध का समय होते ही बादल ने बादशाह से कहा कि- ''पद्मिनी चाहती है कि आप एक बार रत्नसेन को छोड़ दें, तो वह अपनी कुल-रीति के अनुसार दो-चार बातें कर लें।'' बादशाह ने रत्नसेन को मुक्त करने आदेश दे दिया। बादल जब रत्नसेन को लेने उसके शिविर में गया, तो रत्नसेन ने उसे धिक्कारा और कहा कि- ''पद्मिनी बादशाह को सौंपकर तुमने कुल को कलंकित कर दिया है।'' बादल ने उसको सारी बात समझाई। रत्नसेन ने जब पद्मिनी से मिलने के लिए पालकी में प्रवेश किया, तो उसे सब समझ में आया। बादल ने कहा कि- ''आप एक से दूसरी पालकी में होते हुए दुर्ग में पहुँचकर नगाड़े पर डंका बजवाना।'' दुर्ग में कुशलक्षेम के बाजे बजते ही योद्धा गर्जना कर बादशाह से बदला लेने के लिए बाहर निकल आए। एक से बढ़कर एक भीषण योद्धा दुर्ग से बाहर निकले। बादल उनका नेतृत्व

कर रहा था। योद्धा नंगी तलवारें लेकर शिविर में घुस गए। उन्होंने बादशाह से कहा कि- ''भाग मत, हम तुझे पद्मिनी दिखाते हैं।'' (2744-2780)

बादशाह ने कहा कि- ''बादल, तूने बुरा किया- तुमने साँकलों से बँधे हुए राजा को मुक्त कर दिया।'' उसने अपने योद्धाओं को ललकारा और किलकारी करते हुए दौड़ पड़ा। दोनों पक्षों में युद्ध होने लगा। धूल के गुबार ने वात्याचक्र की तरह सूर्य को घेर लिया। चारों ओर तीरों की वर्षा होने लगीं। युद्धोन्मत्त सैनिक मारो, मारो, चिल्ला रहे थे। बादशाह 'या ख़ुदा रहम कर' की आवाज़ लगा रहा था। गिद्ध मांस के टुकड़े लेकर उड़ते थे। वीरों के धड़ एक-दूसरे पर पड़े हुए थे। कई सामंत सिर कट जाने के बाद भी युद्ध कर रहे थे। बादशाह ने भी बादल की वीरता और युद्ध कौशल की सराहना की। उसने कहा कि ''तुम युद्ध कुशल और ज्ञानी योद्धा अंगद के अवतार हो।'' गोरा रावत ने बादशाह ने सम्मुख आकर तलवार से ऐसे प्रहार किया, मानो हनुमान ने अशोक वाटिका में पार्श्व से प्रवेश किया हो। वह अट्टहास करता हुआ शत्रुओं पर ऐसे वार करता था, जैसे काला नाग डस लेता है। वह हाथियों को कुचलता हुआ बादशाह पर प्रहार करने आया। बादशाह ने अपने प्राण बचाते हुए पाँव पीछे कर लिए। वह शस्त्र प्रहार करते हुए रणभूमि में वीर गति को प्राप्त हुआ। बादल ने बादशाह को पकड़ लिया। वह उसको पकड़कर छोड़ देता था और फिर पकड़कर खेल का आनंद लेता था, जैसे कोई बालक क्रीड़ा करता है। बादशाह ने बादल से कहा कि- ''तुमने धर्म और स्वामी की रक्षा की और पद्मिनी को भी सुरक्षित किया, अब मेरी भी इज़्ज़त रख लो।'' (2781-2829)

दुर्ग पर खड़े रत्नसेन ने भीषण युद्ध और गोरा और बादल के शक्तिशाली हाथों को देखा। पद्मिनी दुर्ग में खड़ी हुई आशीर्वाद दे रही थी कि- ''बादल, तुम करोड़ों वर्षों तक जीवित रहो।'' बादशाह अकेला वहाँ से चला गया और गोरा-बादल की युद्ध में विजय हुई। बादल ने बादशाही फ़ौज का ख़जाना लूट लिया। चित्तौड़ दुर्ग के द्वार खोल दिए गए। रत्नसिंह बादल के स्वागत के लिए सामने आया। उसने बादल की ख़ूब सराहना की। सभी एकत्र हुए, विजय का घोष हुआ और बादल का सम्मान कर उसे बधाई दी गई। बड़े उत्सव के साथ बादल को दुर्ग में प्रविष्ट करवाया गया। रत्नसेन ने अपना आधा राज्य उसको समर्पित किया। पद्मिनी ने उसकी बलैया ली और कहा कि- ''तुमने हम पति-पत्नी के सम्मान की रक्षा की।'' गोरा की पत्नी ने बादल से पूछा कि- ''तुम्हारे काका किस तरह खेत रहे।'' बादल ने बताया कि- ''गोरा के प्रहारों से आहत बादशाह पीछे हट गया। उसने बादशाह सहित सभी ख़ानों और नवाबों का संहार कर उनके शवों को धरती पर तकियों की तरह बिछा दिया।'' गोरा की पत्नी ने कहा कि- ''तुम्हारे काका स्वर्ग में अकेले हैं और वे मेरे लिए

व्याकुल हो रहे हैं। मैं उनसे मिलना चाहती हूँ, इसलिए विलंब मत करो।'' यह कहकर वह शृंगार कर घोड़े पर सवार हुई और हाथ में नारियल लेकर राम-राम उच्चारण करती हुई रणक्षेत्र में पहुँच गई। उसने स्नान किया और श्वेत वस्त्र धारणकर चिता में प्रवेश किया और फिर वह अपने पति का सिर अपनी गोद में लेकर अग्नि में समा गई। दिवंगत योद्धाओं का अग्नि संस्कार कर बादल अपने घर आया। राजपूतों में यह परंपरा है कि युद्ध में मृत्यु को मंगलकारी मान कर वे प्रसन्न होते हैं। पद्मिनी, रत्नसेन और दुर्ग की रक्षा करने वाले बादल को प्रणाम! बादल की माता ने कहा कि ''तुम कुलदीपक हो।'' बादल ने अप्सरा पद्मिनी की सेवा की, इसलिए उसका यश विस्तृत हुआ।

गोरा-बादल की यह कथा, परंपरा से जैसी कही और सुनी जाती है, सुनने पर मनवांछित फल, राज्य, सम्मान और धन-संपदा मिलती है। (2830-2868)

अध्याय – 8

चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा

पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण

रचना समय: अज्ञात, प्रतिलिपि: 1870 ई. आसपास

चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा ख्यात और वंशावली का मिलाजुला रूप है- इसमें मेवाड़ राजवंश की वंशावली भी है और शासको से संबंधित प्रसिद्ध घटनाओं का वृत्तांत भी है। *पाटनामा* की मूल पांडुलिपि गाँव बाड़ोदिया (मंदसौर-मध्यप्रदेश) के दलीचंद बडवा के पास है। मेवाड़ का पारंपरिक वंशावली लेखक परिवार टोकराँ (नीमच-मध्यप्रदेश) में रहता है, लेकिन उसके पास कोई पाटनामा नहीं है। संभावना यह है कि महाराणा शंभुसिंह के समय (1861-1874 ई.) में बाड़ोदिया गाँव के बड़वा परिवार ने इसकी प्रतिलिपि की होगी। यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित रचना है, इसलिए इस ग्रंथ की रचना और प्रतिलिपि कब हुई, यह ज्ञात नहीं है। *पाटनामा* में मेवाड़ के आरंभ से लगाकर महाराणा शंभू सिंह के समय तक का विवरण दर्ज़ है। सोलहवीं सदी के उत्तरार्ध से पहले तक के विवरण का स्रोत प्रचलित आख्यान और कथा-कहानियाँ हैं और इनको लेखकों ने अपनी कल्पना से रोचक रूप दिया है। इस वंशावली-ख्यात को 'पाटनामा' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह पाटवी अर्थात् ज्येष्ठ और मूल ग्रंथ है, जो घर पर रहता है। वंशावली लेखक अपने यजमान के यहाँ एक हथबही लेकर जाता है और इसमें दर्ज़ विवरण को घर लौटकर पाटनामा में उतारता है।

चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा एक अद्‌भुत प्रकार की गद्य रचना है, जिसमें इतिहास, आख्यान और गल्प का असाधारण मिश्रण है। यहाँ अपने आख्यान कौशल से लेखक इतिहास को गल्प में बदलता है और सच्चाई बयान करने वाले की अपनी पारंपरिक पेशेवर पहचान के चलते गल्प को तिथियों, संख्याओं आदि के उल्लेख से इतिहास का रूप देता है। इतिहास, आख्यान और गल्प की एक-दूसरे में आवाजाही यहाँ इतनी

निरंतर और सघन है कि इसमें इनकी अलग पहचान संभव ही नहीं है। कुछ समय पहले हिंदी में भी यूरोप की नक़ल पर जादुई यथार्थवाद की शोशेबाज़ी शुरू हुई थी। किसी ने यह ध्यान ही नहीं दिया कि हमारे लोक में इसकी परंपरा सदियों से है। यह रचना झूठ को सच में बदलने के जादुई कथा कौशल का बहुत अच्छा उदाहरण है। ख़ास बात यह है कि यहाँ सब झूठ नहीं है- यहाँ कौशल यह है कि जहाँ सच उपलब्ध नहीं है, वहाँ लेखक झूठ को सच बनाकर सच साथ इस तरह मिलाता है कि यह सच की तरह ही लगता है। यह रचना लोक धारणाओं और विश्वासों का भंडार है। अकसर कथित 'आधुनिक' इतिहास में इनकी सजग अनदेखी होती है, लेकिन यह पारंपरिक इतिहास का ऐसा रूप है, जिसमें घटनाओं का लोक प्रचलित रूप मौजूद है। यह रचना प्रचलित आधुनिक अर्थ में 'इतिहास' नहीं है, लेकिन घटनाओं की तिथियों और संख्याओं अतिरिक्त जो लोक में बनता-बिगड़ता है, उसका यह जीवंत दस्तावेज़ है। इसमें आख्यान का ढंग लौकिक होने के कारण बहुत रोचक और बाँध लेने वाला है।

पाटनामा में समरसिंह (समरसी) के बाद सत्तारूढ़ रावल रत्नसेन और उसके पद्मिनी से विवाह और अलाउद्दीन ख़लजी से पद्मिनी के लिए युद्ध का बहुत विस्तृत और रोचक वृत्तांत है। *पाटनामा* के अनुसार रत्नसेन समरसिंह का सबसे छोटा पुत्र था, लेकिन उससे बड़े कुंभकर्ण की एक अँगुली कटने से देह खंडित थी और उससे दूसरा बड़ा करमसेन सतारूढ़ होने के योग्य नहीं था, इसलिए वह सत्तारूढ़ हुआ। इतिहासकार गौरीशंकर ओझा के अनुसार बाद में कुंभकर्ण से नेपाल राजवंश के शुरुआत हुई। *पाटनामा* के इस प्रकरण की कथा मोड़-पड़ाव और चरित्र अन्य देशज कथा-काव्यों से सर्वथा अलग हैं। गोरा और बादल की हत्या ख़ुद रत्नसिंह ने ही की, यह पाटनामा के अलावा और किसी भी रचना में नहीं है। इसी तरह इसमें राघवचेतन एक नहीं, दो व्यक्ति हैं। पारंपरिक वंशावली लेखक होने के कारण इसका रचनाकार अन्य देशज कथा-काव्यकारों की तुलना में स्थानिक संस्कृति और भूगोल का अच्छा जानकर है। वह मेवाड़ की वंशावली, इतिहास और परंपरा से भी अच्छी तरह अवगत है। ख़ास बात यह है कि उसके वर्णन में सच कहने का आग्रह बराबर है। *पाटनामा* को दो भागों में मनोहरसिंह राणावत के संपादन में पहली बार 2003 ई. नटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ ने में प्रकाशित किया।

'चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा' मूल
(पद्मिनी-रत्नसेन प्रकरण)

बीक्रम संमत 1152 का ग्यारासे बावनां बरषे चेत सुदी ग्यारस 11 रवीवार के दन मघा नषत्र महे दन घड़ी आठ चड़तां कवर रतनसेणजी गादी बीराजीया। जणी बगत

महे कवरजी रतनसेणजी की उमर बरस सवा दोई की थी। सालीवाहन की साषी का संमत 1058 दससे अठारा के साल बीराजीया। कुलजुग का संमत 4197 अगतालीसे सत्याणु बरस कुलजुग का जातां।

माहारावल जी श्री रतनसेणजी के घरे पढ़ीयार रेण राजा की सुहागकवर जी के बेटा, दुजी चावड़ी पुवार चंदराई की सुरजकवर जी के बेटा राजोजी। आपरो नाम सीहड़देजी। तीजी चाहुवांण साचोरी जेतकवर जी के बेटा, चोथी सोलंषणी टोड़ारी सरूपकवर जी के बेटा समदसेणजी, पाचमी राठोड़ रणमालोतणी अमरकवर जी के बेटा सरवणजी, चठी गोड़ गेगराज की चाहुकवर जी के बेटा, सातमी चंदेल मोहबा की रतनकवर चाहड़राई ब्रह्मानंद परमालउत की जी के बेटा, आठमी सकरवार गंगदास की चंदकवर नोमी बालेछी चहुवांण नरबद की पीथकवर जी के बेटा, दसमी जादम जेमल की जाहज कवर जी के बेटा नरपतजी 3 हरभाणजी 4 बीजेपाल जी 5 गोपालजी 6 ग्यारमी तवर राणां सालसी की पदमकवर जी के बेटा ब्रह्मानंदजी 7 अगरचंदजी 8 रूघराईजी 9 समरथजी 10 बारमी पुवार धारातणी सुदरदेजी की अजनकवर जी के बेटा हरभांणजी 11 चंदरभाणजी 12 तेरमी सोलंषणी सांमकवर जी के बेटा राईसीजी 13 पोहपराईजी 14 चवदमी सोड़ी अजबकवर जी के बेटा नाहरसीजी 15 गंगराईजी 16 नरभेराई जी 17 रावल श्री रतनसेणजी की बीरबीरदावली को कवीत।

।।कवीत।।

गढपतीये चत्रकोट, जोट को ही मीट न लागे।
बेलष सहस पचास, बोललष द्रग तुरी आगे॥
पांच सहस गजराज, लाष सात ही पद चाले।
धनक बाण दस सहस, सोलासे बाजन झाले॥
सहस डोड़ नीसांण, दरक असी सहस दुवार।
नाल सहस बतीस, लघु दो मण मुष आहारे।
बीस सहस चढीया रहत, धसम से धरा पुरसांण दल।
रतनसेण रावल सो दल, सेर मेर नहीं थल पले।
कवीत गढ चत्रकोट की महमां भंडार की सोभा और साहुकारां की गणती।

।।कवीत।।

चत्रकोट कवलास, बात बसंतो बासंतो।
रतनसेण गहीलोत, रावल जीहां राज करंतो।
जणरे क्रोड़ी सहस पचास, पाचसे भोगल माता।
कही राजा राव मंडली, सधा रहे सेव करता॥

परधांन लोग बहवारीया, राजे रतनपुर नही दुषी।
छतीस पवण गढ़ पर बसे, लाज लषधीर कोही सहगासीषी
।।कवीत।।
लाष अेक सहुकार, सहस चोवीस घर ब्राह्मण।
सहस दस वाघात, सहस डोड ही करसण॥
सोला सहस घरू लोग, सहस सोला सीरदांरा।
ग्यारा सहस कमीणात, करे करायासत वारां
अेक लाष दस सहस ओर, छतीस पवण सुषीया रहे।
दोई लाष अठोतर सहस, दोई सत चत्रकोट महे॥3॥

तलेटी अर कला उपर छतीस ही पवण का घर गणतीवार दोई लाष अठोतर हजार दोहो से घर की बस्ती 278200। रावल श्री रतनसेणजी सोला ही प्रकार मंडलीक री नीती परमांणे राज करे छतीस ही पवण सुषीया रहे गढ़ चत्रकोट राजा रावल श्री रघुबंसी।

बीक्रम संमत बारासे बाईसा बरषे 1222 का साल महे तीज तहवारा का दन तईवार का दनां महे श्री रावलजी रा अमराव सीरदार भाई बेटा का नोता कोका गोठा रा आबा लागा नत तथा पातरे नोता कोका आवे श्री हजुर रावल श्री रतनसीहजी पदारे चवदाही मसल का सीरदारा रे अठे। बीकत मसल की प्रथम गढ़ बनईहीत भाईजी कुंभकरणजी रो॥1॥

अेक दन श्री अेकलीग ओतार रावल श्री रतनसेणजी ने होकम कीदो के सरदारां अेक बात थासु पुछा हां के जे जतरी रसोया गोठा होई भाई बेटा अमराव जागीरदारां ने परोथ सब लोग बही बंचा रे अठे जे रसोया ब्राह्मण रसोईदार ही करे हे के सरदारा को महलो साथ रसोई करे है। पछै सीरदारां ने अरज कीदी के गरीबनवाज रसोई को तो बरण हे। कठेक तो बरामंणा ने रसोई कीदी कठेक रसोई महला साथ रजपुत्याणां ने रसोई कीदी। आ बात हजुर ने सामलेर पछै होकम कीदो सारा ही सरदारां सु के सुणो हो सरदारां भाई बेटा अमराव जागीरदार परोथ सब लोग सबही पंचा और साहुकार सारा ही श्री हजुर ने कोको नोतो दीदो के सवेरे को नोतो सरदारां हमांकां अठाको हे श्री अेकलींगनाथ के रसोड़े जीमजो सारा ही सरदारां के नोतो देर पछे श्री हजुर रणवास महे पदारीया अर चवदा ही राजलोकां हे होकम कीदो सारा ही रणवास रा सरदारा अेकटा हुवा अेक ही महल पढीयारणजी रयो पछै श्री हजुर रावलजी ने सारा ही राजलोकां सु होकम कीदो के सुणो हो सरदारां भाई बेटा अमरावा रे अठे में जीमीया सो सारा ही सरदारा रे अठे रसोया महला सात कांने कीदी रजपुताणीयां ने बोहोत सुंदर रसोया बणाई उणी बात सु था चवदा ही सीरदारा जनानी सु कहुं हुं

के सगला ही सरदारा हे श्री अेकलींगनाथ के रसोड़े नोतो देर बुलाया है सो असी करजो के रसोड़ो थे जनांनी सरदार थाका ही हाता सु हातु हात करजो ओर का हात सु करावो मती थाका ही हात सु करजो। असो होकम श्री रावलजी ने जनांना का सरदारां सु कीदो। चवदा ही राणीया ने रसोही की हामी घणां राजी पुणा सु हामी भरी। पछै रणवास का सरदार रसोई करबा लागा। रणवास का सरदार तो राजा की बेटीया थी आह रसोड़ा करबा की षबर काही काणां कसी रीत रसोई करे है परंत हातु हात रसोड़ो करबा लागा कोही ने चावल करीया सो काचा रह गीया, कोही ने रदीण कीदो सो दज गीयो, कोही ने बीया करीया को घाटड़ा सरीषा कर नांषीया, कोही ने पतोड़ी कीदी सो मुसालो तीगुणो चैगुणो नांष दीदो, कोही ने पोल्या करी सो जाड़ी काची होई, कोही ने कीम्या करीया सो बाल दीदा, कोही ने सालणां कीदा सो षारा कर नाषीया, कोही ने मठवा कीदा सो करड़ा कर नाषीया, कोही ने लुची करी सो अलुणी ही राष दीदी, कोही ने बगता दाल कीदी ज्या सीजी नही, कोही ने राम षीचड़ी कीदी सो ओझाई दीदी, असी रीत छतीस सालणां बतीस भोजन कीदा। सो कोही चीज साबर बणी नही। कदी तो रसोई कीदी नही ओ तो राजा की बेटीया ठहरी जो काही रसोई कर जाणे। रसोई का सवाद महे तो जाणे अर रसोई कर जाणे नही। कोही षारो होई गीयो, कोही षाटो होई गीयो, कोही अलुणो रीयो, कोही काचो रीयो, कोही के ताव जादा लाग लीयो, अणी रीत कोही भोजन की चीज ठावी हुई नही। सारो ही रसोड़ो तीयार हुवो पछै सारा ही सरदारां हे बुलाया चोबदार देर। सारा ही आये अेकटा हुवा। पछै पातीया की तैयारी होई, पाथे बेठा। श्री हजुर ने होकम कीदो के सारा ही सरदार जीमो अर मे तो थांरी टहल महे उबा हा। श्री हजुर परूसगारी में उबा थका देष रीया। सारा ही सरदार जीम रीया। केही तरे की षलपतां होती जावे। हासी कुसी की चोला होती जावे। सरदार जीमता जावे। पछै श्री हजुर ने सरदारां सु पुछीयो के रसोड़ो कसोक हुवो सरदारां ने मन महे बीचारी के अणी घर का रूजक सु सगलाई सरदार पलरीया हा अणी ठकांणा की चीज बोदी हुवे तो बी आछी कहणी। पछै सीरदारां ने हात जोडेर अरज कीदी के अेकलींग अवतार रसोड़ो घणो सुंदर हुवो। रसोड़ा की हरकत का समीचार कोई सीरदार ने कीया नही। सरदार जीम चुका। चलु भरी। पछै सारा ही सीरदार दरीषांने पदरीया। अतर पान रा बीड़ा बकस्या कसबोया लगाई नाज मुजरा हुवा। पछै रसोड़ा महे सु दासी ने आईर अरज कीदी के श्री हजुर पण रसोड़ो आरोगे। पछै श्री हजुर पण पदारीया अर रसोड़ा रे कठड़े आण बीराजीया अर कासा की तीयारी होई। छतीस सालणां बतीस ही भोजन करेन कासो परूसीयो हाजर आयो। श्री हजुर ने श्री अेकलींगनाथ को नाम लेर कासो महे हात घालीयो। उणी बगत महे चवदा ही राजलोक हाजर आई बेठा श्री हजुर रो होकम सरदता जावे

श्री हजुर ने रसोई मह हात देर सवाद लीदो सो चावल की रसोई काची रही श्री हजुर ने होकम कीदो ओ चावल कणी ने तीयार कीदा। पछै पढ़ीयारणजी कहीयो के गरीबनवाज चावल तो मने कीदा है, जदी हजुर ने पड़ीयारणजी हे हलकार दीदा आतो बनासुर की लुगाई है काही भात को रसोड़ो कर जांणे। अणी रीत सगली रसोई को सवाद लेता गीया अर पछाण करता गीया। जी ने ज्या रसोई कीदी थी जणी हे हलकारता गीया। अर अनेष रीत सु बुरा कहता गया। अणी रीत चवदा ही राजलोक है दाकल दीया अर कही के थे लुगांया मनष जमारो भगतो हो थे मनष नही हो अर जैसा को अवतार भगतो हो, थां महे मनष का अहनाण नही। भैसा ज्यु षाण पांण षाई पीयेर आषोई दन भैसा लेवटा महे लोट जसी रीत लोटबु करो हो। थाह ता श्री अेकलींगनाथ भैसा ही बणांवतो तो चोषी थी। श्री हजुर को होकम सुणेर पाट राणी पढ़ीयारणजी ने अरज करी के गरीबनवाज में तो राजा की बेटीयां हां रसोही बरामण ही बणाव ब्राह्मण के हात जीमा हा ज्यारोही तेर होई गीयो। में तो घर घोड़ीया रजपुत की बेटीयां हुवा तो रसोड़ो कर जाणां। आज दन तांई रसोई को जल बी गरम कीदो नही, अर देषीयो बी नही काही जाणां कसी ही रीत रसोई करे हे, कतरो ही लुण मुसालो पड़े है, कसी रीत रादे, सीजे हे। आ बात सामलेर श्री हजुर होकम कीदो के रणवास को साथ मनष जमारो पावती तो समजती। थे तो भैसा को जमारो लेर आई सो अंन का सवाद महे काई जाणो। पछै पाट रांणी पढ़ीयारणजी ने उठेर हात जोडेर अरज कीदी के श्री हजुर माने तो भोजन अणी रीत करता आवे हे सो श्री हजुर जीमो ओर घणी सुंदर सवाद को भोजन तो पदमणी के हात हुवे है सो सवाद की रसोई जीमणी हुवे तो पदमणी परण लावो सो सवाद का भोजन कर ने आप हे जीमावेगा। आ बात रणवास का सरदारा की सुण रावल श्री रतनसेणजी के घणो रोस उपज्यो। पछै होकम कीदो के रणवास का सरदारां सु के मारो नाम रावल रतनसेण हे तो पदमणी परण लाउं जदी तो रणवास का महलां महे आउ नही तो ईसवर माथे उदक है श्री अकलीगंनाथ की पींड उपर अंजली हे सो पदमणी परणीया बना चीतोड़ का कला उपर पग देउ तो अक लाष असी हजार श्री अेकलींगनाथ की आण है। श्री हजुर को अर रणवास का सरदारा की बोली को उतर को कवीत

।कवीत।।

हेक दन हीदवांण, राजड़ बैठा भोजाई।
सतरा पाष सुजांण, रांणी हसमुष आगल लाई॥
चाषो के षारा के षाटा, मीठ तणां सवाद।
कोही मुल ने आवे, जद पाट रांणी उठ कर बोले॥
जावो कुन पदमण लावे, रावल कहे सीर लंघु सीधल तरू।

राघव और चेतन को दिल्ली में रहते छह-सात महीने हो गए। एक दिन अलाउद्दीन शिकार खेलने के दौरान फ़ौज की हाज़री ले रहा था। बादशाह हाथी पर, राघव दूसरे हाथी पर और चेतन घोड़े पर सवार था। इसी समय एक जाली के नीचे से खरगोश निकला और आदमियों की पंक्ति देखकर दिग्भ्रमित हो गया। घोड़े को तेज़ दौड़ाकर चेतन ने खरगोश पकड़कर बादशाह को भेंट कर दिया। बादशाह ने खरगोश की पीठ पर हाथ फेरकर राघव से कहा कि ''ऐसी मुलायम चीज़ और क्या होती है?'' राघव ने उत्तर दिया कि- ''ऐसी मुलायम चीज़ तो रेशम है।'' बादशाह ने कहा कि- ''उससे तो यह ज़्यादा मुलायम है। ख़ुदा ऐसी मुलायमशुदा औरत बनाता, तो बहुत अच्छा था।'' तभी चेतन बोला कि- ''हुज़ूर, ऐसी मुलायम तो पद्मिनी जाति की औरत होती है।'' राघव ने आँख दबाकर इशारा किया, तो चेतन ने बात बदलते हुए कहा कि- ''चार जाति की स्त्रियों में से पद्मिनी जाति की स्त्री ऐसी मुलायम होती है।'' बादशाह ने कहा कि ''हमारे हरम में 238 स्त्रियाँ हैं, जिनमें से पद्मिनी कितनी हैं? तुम सबको निगाह में निकालो।'' बादशाह ने हुक्म दिया कि जो पद्मिनी है, उसका रखना है और शेष सबको पहाड़-जंगल में छोड़ देना। यह बात हरम में पहुँची। सभी स्त्रियाँ अपनी सुध-बुध भूल गईं। बादशाह ने चेतन से कहा कि- ''स्त्रियाँ तो परदा करती है'', तो चेतन ने उत्तर दिया कि- ''हमारी आँख खून की नहीं है। हमारे चित्तौड़ में राजा हमारा चाचा है और रानियाँ हमारी ख़ाला हैं। वे हमसे लज्जा नहीं करतीं। आप तेल का कड़ाह भरवा देना। हम उसके पास बैठ जाएँगे। हरम की स्त्रियाँ आती जाएँगी और हम तेल में उनको देखते जाएँगे।'' हरम में चर्चा चली कि जो बातपोश चेतन को कुछ देंगी, उनको वह अच्छा कहेगा और जो नहीं देंगी, तो उनको बुरा कहेगा। चेतन तेल के कड़ाह के पास बैठ गया। हरम की स्त्रियाँ आती गईं और तेल में अपना मुँह दिखाकर एवज़ में एक हज़ार की राशि देकर आगे बढ़ती गईं। चेतन स्त्रियों की जाति चित्रिणी, शंखिनी और हस्तिनी लिखता गया। चेतन के पास ढाई लाख की राशि एकत्र हो गई। उसने हरम की हक़ीक़त बादशाह को सुनाते हुए कहा कि- ''बाकी सब हैं तो है, लेकिन आपके हरम में पद्मिनी एक भी नहीं है।'' बादशाह ने कहा कि पद्मिनी कहाँ मिलेगी? चेतन के दिल में बात कहने की इच्छा हुई, लेकिन राघव ने आँख दबाकर मना कर दिया। चेतन ने बात बनाई कि- ''हज़रतपनाह! पद्मिनी सिंघल द्वीप में है।'' बादशाह फ़ौज सहित सिंघल द्वीप रवाना हुआ और उसने समुद्र की खाड़ी पर जाकर अपना डेरा किया। उसने कारीगर बुलाकर जहाज़ बनाने का काम चलाया। दोनों भाइयों, राघव और चेतन के बीच अंदर-ही-अंदर बातचीत हुई। चेतन ने कहा कि- ''हमको तुर्कों के यहाँ रहते

हुए दो-तीन बरस हो गए हैं। अभी रत्नसेन ने हमको मनाने के लिए किसी को भेजा नहीं है। अब मैं बादशाह को पद्मिनी के संबंध में बताऊँगा। रत्नसेन से हाथ से तो हमको आधा धन दिया जाता नहीं है। अच्छा होगा, जब बादशाह जबरन उससे यह छीन लेगा।'' चेतन ने बादशाह से निवेदन किया कि ''आपको कितने सैकड़ाँ पद्मिनियों की इच्छा है। बादशाह ने कहा कि ज़्यादा मिले, तो दस-पाँच और नहीं तो एक-दो पद्मिनियाँ ले चलेंगे।'' चेतन ने कहा कि- ''हुज़ूर! एक पद्मिनी तो अपने पास में ही है, आप छीन लो।'' बादशाह ने कहा कि ''वो पद्मिनी कहाँ है?'' तो चेतन ने उत्तर दिया कि- ''चित्तौड़ का राजा रत्नसेन सिंघल द्वीप जाकर पद्मिनी को विवाह कर लाया है। साथ ही वह बहुत सारा द्रव्य, करोड़ों रुपया, माणिक-मोती आदि भी लाया है। आप चित्तौड़गढ़ पर छह महीने घेरा डालकर वहाँ की रसद सामग्री बंद कर दो, तो वह घबरा कर पद्मिनी आपको दे देगा।'' यह सुनकर बादशाह फ़ौज सहित वहाँ से चला और चित्तौड़ पर चढ़ाई की तैयारी होने लगी। राघव और चेतन ने बादशाह से कहा कि- ''आप दिल्ली के बादशाह हैं और रत्नसेन भी हिंदुवाणे का सूर्य कहलाता है। दोनों के पास जंगी फ़ौजे हैं। आपको पद्मिनी चाहिए, इसलिए आप ससैन्य चित्तौड़ पर चढ़ाई कर रहे हैं। कदाचित् लड़ाई बरस दो बरस के लिए बढ़ जाए। हार हो या जीत, इसमें हमारा कोई अपराध नहीं है।'' बादशाह ने राघव और चेतन को आश्वस्त किया कि- ''पद्मिनी हमें चाहिए। लड़ने-मरने को भी हम जाएँगे। इसमें तुम्हारा कोई दोष नहीं है। तुम चाहो तो हमारे साथ चलो।'' तब राघव चेतन ने कहा कि- ''हम आपके साथ चलेंगे और क़िले का भेद आपको बताएँगे।''

बादशाह अलाउद्दीन ख़लजी की सेना ने दिल्ली से प्रस्थान किया और चित्तौड़गढ़ पहुँचकर चारों तरफ़ से क़िले को घेर लिया। बाहर से आनेवाली रसद बंद कर दी। दोनों तरफ़ तोपों से गोले चलने लगे। नगरी में अपने डेरे से बादशाह को क़िले के दंड पर स्त्रियाँ नज़र आईं, तो उसने राघव और चेतन को बुलाकर इनके संबंध में जानकारी देने के लिए कहा। राघव और चेतन ने बताया कि ये लोबड़ी (ऊनी वस्त्र धारण करनेवाली देवियाँ) हैं, जो तोप कालकाबाण की आवाज़ होते ही क़िले के कंगूरे-कंगूरे पर लड़ती हैं। फिर उन्होंने चित्तौड़ क़िले की उत्पत्ति और इसके लिए किए गए बलिदान की ख्यात सुनाई। इस तरह दोनों तरफ़ से गोलाबारी होती रही। तीन वर्ष व्यतीत हो गए, लेकिन दोनों सेनाएँ बराबरी पर रहीं। पहला दरबार बड़े महलों में हुआ, जिसमें चौदह मिसल के सभी सरदार सम्मिलित हुए। सरदारों ने रत्नसेन से कहा कि- ''रसद बंद है, सभी दुःखी हैं, चित्तौड़ के लोगों में घबराहट फैल गई है और चीज़ों का मूल्य भी बढ़ गया है। हमारा निवेदन है कि अब हम क़िले से नीचे उतरकर बादशाह की फ़ौज पर आक्रमण करें।'' रत्नसेन ने कहा कि- ''यह

बहुत अच्छे और स्वामिभक्ति के समाचार हैं।'' दरबार में रणमल डोडिया ने उठकर बादशाह की फ़ौज पर आक्रमण करने की आज्ञा माँगी। रत्नसेन ने उसको सम्मानपूर्वक विदा किया। उत्तर दिशा का दरवाज़ा पार करने के बाद बादशाह की फ़ौज के नवाब समरथ खाँ, मुरजोनुर बेग और मीर जमाल ख़ाँ से उसका सामना हुआ। दोनों फ़ौजें तीन दिन तक लड़ीं और बादशाह की विजय हुई। उमराव रणमल डोडिया इस लड़ाई में काम आया। इसके बाद बड़े महल के दरवाज़ों पर दरबार हुआ, जिसमें छह सरदारों ने युद्ध की अनुमति माँगी। पाँच दिन लड़ाई हुई, जिसमें बादशाह की फ़ौज भाग निकली और रत्नसेन की विजय हुई।

तीसरा दरबार बायण माता के यहाँ हुआ, जिसमें कल्याणजी, झाझूजी और खोराज जी ने युद्ध की अनुमति माँगी। क़िले से नीचे उतरकर इन्होंने सेना सहित गंभीरी नदी पर डेरा किया। उन्होंने बुद्धि से काम लिया। उन्होंने दिन में तलवारबाज़ी की और रात में कीरों से भैंसें और पाडे मँगवाए। कीरों की समझाया कि तुम चार हाथ लंबी मशालों को तेल में भिगोकर भैंस-पाडों के सींगों पर बाँधना और इनमें आग लगाकर और कोस-दो-कोस की दूरी से इनको बादशाह को फ़ौज की तरफ़ हाँक देना। कीरों ने वैसा ही किया। बादशाह को फ़ौज में हड़बड़ी मच गई। तीनों सरदारों ने पीछे से आक्रमण कर दिया। दो सरदार काम आए और खोराजजी घायल हुआ। विजय रत्नसेन की हुई। इस तरह एक के बाद एक कुल बारह दरबार हुए, जिनमें कई योद्धाओं ने युद्ध के लिए अनुमति माँगी। कभी इनमें जीत रत्नसेन की, तो कभी बादशाह की हुई। इस तरह दस वर्ष में बारह बड़े युद्ध और उन्नीस झगड़े हुए। एक दिन बादशाह ने राघव और चेतन से क़िले के टूटने के उपाय के संबंध में पूछा, तो उन्होंने बताया कि चित्तौड़ के स्वामी रत्नसेन के पकड़ में आए बिना क़िले को वश में करना संभव नहीं है। यह हिंदुवानी क़िला है और इसके कंगूरे-कंगूरे पर देवियाँ लड़ती हैं, इसलिए रत्नसेन को बंदी बनाना पड़ेगा। राघव-चेतन ने पाडलपोल दरवाज़े की चौकी के सैनिकों के जमादार नरभो हरजी को रात के समय बादशाह के सम्मुख बुलाया। बादशाह ने उनको प्रलोभन दिया कि तुम्हारा स्वामी रत्नसेन रोज झरणिया महादेव के दर्शन करने आता है। तुम उसको हमारी फ़ौज को पकड़ने देना। इसके बदले तुमको दो लाख रुपए और जागीर मिलेगी।

बादशाह की फ़ौज ने रत्नसेन को पकड़ लिया। उसको बादशाह के पास गाँव पाडोली के डेरे पर ले जाकर तंबू में बैठा दिया। राघव और चेतन ने सुना, तो दोनों वहाँ गए और आर्शीवाद दिया। राघव और चेतन ने कहा कि- ''बादशाह को अतिथि करने के आपके आदेश की हमने अनुपालना कर दी है।'' रत्नसेन उठकर उनसे मिला और कहा कि- ''जो होनहार है, वो हुआ। अब यह रघुवंश का चित्तौड़ का राज्य

चला जाएगा।'' राघव-चेतन ने कहा कि- ''आप जितने अवगुण निकालेंगे, उतने ही निकलेंगे।'' रत्नसेन ने कहा कि- ''आप दूसरे नहीं है। मेरी मानें तो बादशाह की फ़ौज टलनी चाहिए और मुझे क़िले में पहुँचना चाहिए।'' राघव-चेतन ने कहा कि- ''करना हमारे और सुधारना भगवान एकलिंगनाथ के हाथ है। हम एक पहर में आपको क़िले पर पहुँचा देंगे। आप मन में कोई आशंका नहीं रखें।'' राघव-चेतन ने बादशाह से जाकर कहा कि- ''रत्नसेन से अपेक्षा क्या है'', तो बादशाह ने कहा कि ''ये पद्मिनी हमको लाकर दे दे।'' राघव-चेतन ने बात बनाई और कहा कि ''यदि आपको पद्मिनी चाहिए, तो रत्नसेन एक पहर में मँगवा देगा।'' राघव-चेतन ने पाँच सरदारों- गोरा, बादल, फातिया, जेतमाल, रामा और कला को पत्र लिखा कि रत्नसेन को आपसे काम पड़ा है। बादशाह पद्मिनी माँग रहा है। आप युक्ति से काम लें। आप डोले तैयार करना। इसमें पद्मिनी का डोला पाटवी, मतलब सबसे बड़ा होगा। पद्मिनी के डोले पर उसके वस्त्र फैला देना, जिससे उसमें से ख़ुशबू आएगी और उस पर भ्रमर मँडराएँगे और बादशाह इससे भ्रमित होकर इसमें पद्मिनी होने की बात सच मान लेगा। एक डोले में दो-दो योद्धा बैठा देना और शस्त्र पूरे लेकर आना। आठ आदमी डोला उठानेवाले, नवाँ चौबदार, एक जल की झारी और एक पंखेवाला रखना। डोले कई बनाना। पद्मिनी के डोले में गोरा और बादल, एक डोले में फातिया-जेतमाल और रामा-कला को रखना। पत्र क़िले पर पहुँचा और सरदारों ने पढ़कर इस पर विश्वास किया। तैयारी होने लगी। 720 डोले बनाए गए। पाँचवे दिन सूर्योदय के साथ ही डोले पाडलपोल से बाहर निकले। डोले एक-दूसरे से जुड़कर पंक्ति बन गए। आगे का डोला गाँव पाडोली में बादशाह के डेरे पर और पीछे का डोला पाडलपोल पर था। आगे के डोले पर भ्रमरों को डोलते हुए देखकर बादशाह को उसमें पद्मिनी होने का विश्वास हो गया। बादशाह ने पद्मिनी के बुलाने पर रत्नसेन को डोले में जाने की अनुमति दे दी। रत्नसेन ने डोले में प्रविष्ट होकर गोरा-बादल से परामर्श किया और एक से दूसरे डोले में होता हुआ क़िले में पहुँच गया। वहाँ जाकर उसने नोबत पर डंका बजाया। डोलों में छिपे हुए योद्धा समझ गए कि रत्नसेन सुरक्षित क़िले में पहुँच गया है। गोरा-बादल और अन्य सरदारों ने परामर्श कर बादशाह को कहलवाया कि आपको पद्मिनी ने बुलाया है। बादशाह ने डोले का परदा उठाकर जैसे ही भीतर झाँका, तो गोरा-बादल ने उसकी दाढ़ी पकड़कर उसके दोनों ही गालों पर थप्पड़ जड़ दिए। फिर यह कहकर उसकी दाढ़ी छोड़ दी कि ''तुम्हें मारना धर्म विरुद्ध है।'' बादशाह छूटकर भागा और उसने चिल्लाकर कहा कि- ''इसमें पद्मिनी नहीं है। हमारे साथ धोखा हुआ है।'' डोलों से योद्धा बाहर निकले। भीषण युद्ध हुआ- पाडलपोल और पाडोली के बीच तीन कोस में सिर और धड़ों का ढेर लग गया। रक्त का प्रवाह

गंभीरी नदी में जा मिला। रत्नसेन की सेना की विजय हुई। गोरा, बादल, फातिया, जेतमाल, रामा और कला घायल होकर क़िले में गए। अपनी हवेलियों में जाने से पहले से पद्मिनी के पास गए, जिसने उनका सम्मान किया। सभी सरदारों को रत्नसेन ने हवेलियों में पहुँचाया और उनकी सेवा-सुश्रुषा करने लगा। वह उनकी सराहना करता और कहता था कि उन्होंने मेवाड़ का सम्मान रखा। अलाउद्दीन ख़लजी ने दिल्ली और अन्य स्थानों से फ़ौज मँगवाई और एक महीने सतरह दिन बाद फिर तोपों से गोलाबारी शुरू कर दी। रत्नसेन ने विचार किया कि अब बादशाह की फ़ौज उठ जाए, तो अच्छा है। सोलह देशों के गढ़ चित्तौड़ का राज्य बिगड़ गया है और इसके सरदार माला की मोतियों की तरह टूटकर बिखर गए हैं। उसने दरबार में सभी से परामर्श कर बादशाह को पत्र लिखा। पत्र में सख़्ती और नरमी, दोनों रखीं। पत्र में लिखा कि आप दिल्ली के बादशाह हैं, लेकिन हम भी आपसे कम नहीं है। बारह वर्ष हो गए हैं। आपकी फ़ौज का नुक़सान भी बहुत हुआ है और आपने यह भी समझ लिया है कि यह क़िला चमत्कारी है। अब तक राजपूत ईमान-धर्म से लड़े, इसलिए आप बच गए हैं, लेकिन अब रावल के स्वामिभक्त संबंधियों ने युद्ध करने का बीड़ा उठाया है। बादशाह ने यह पत्र अपने अमीरों को पढ़कर सुनाया। अमीरों ने कहा कि- ''आपको ख़ुदा ने दिल्ली का राज्य दे रखा है। चित्तौड़ की क्या बात है। आप चित्तौड़ लेने आए भी नहीं थे। आपकी इच्छा तो पद्मिनी लेने की थी। आप भी आपकी स्त्री किसी को नहीं देंगे। वैसे ही रत्नसेन भी अपनी पद्मिनी आपको नहीं देगा। आप उससे कहें कि मुझे पद्मिनी दिखा दो। मैं दिल्ली चला जाऊँगा।'' बादशाह ने परामर्श मानकर यह सब रत्नसेन को लिखकर भेज दिया। अपने चौदह मिसल के सरदारों को दरबार में बुलाकर रत्नसेन ने यह पत्र उनके सामने रखा। सरदारों ने कहा जैसे भी बने, यह विपत्ति टालना चाहिए। महारानी पद्मिनी की सोलह सहेलियाँ हैं, उनमें से जो भी रूपवान हैं, उसे पद्मिनी जैसे वस्त्र पहनाकर उस म्लेच्छ को दिखा दीजिए, जिससे समस्या का हल हो जाए। रत्नसेन ने बादशाह को लिखा कि ''आप अकेले घोड़े पर एक ख़िदमतगार और एक चरवादार के साथ आओ और धोखा नहीं करो, तो हम आपको पद्मिनी दिखा देंगे।'' सभी अमीरों ने एकत्र होकर रत्नसेन का लिखा पत्र पढ़ा। अमीरों ने कहा कि राजपूत अपने वचन के सच्चे होते हैं और धोखा देना नहीं जानते। बादशाह को विश्वास हो गया। बादशाह ने विचार किया कि मैंने पद्मिनी देखी नहीं है। बदलकर किसी दूसरी स्त्री को भी दिखाया जा सकता है। विचार-विमर्श के बाद रत्नसेन को फिर पत्र लिखा कि एक तो पद्मिनी नहीं बदलेंगे और दूसरा, दग़ा नहीं करेंगे, इसकी शपथ, जैसी आपके यहाँ होती है, लिखकर भेज दो। रत्नसेन और उमरावों ने विचार-विमर्श के बाद निर्णय किया कि हमें बादशाह को

मारना नहीं है, क्योंकि उसके रक्त से क़िला अपवित्र हो जाएगा और पद्मिनी भी नहीं बदलेंगे, क्योंकि हमने विश्वास की बात लिखी है। परामर्श के बाद यह तय किया गया कि महल के झरोखे के नीचे तेल का कड़ाह भर देंगे। महारानी उस कड़ाह में झाँकेंगी और बादशाह कड़ाह में उसका प्रतिबिंब देख लेगा। बादशाह यदि इतने में नहीं मानेगा और ऊपर झाँकेगा तो हम उसको काटकर टुकड़े कर डालेंग। रत्नसेन ने बादशाह को लिखा कि आप ख़ुशी से एक घोड़े और ख़िदमतगार के साथ आओ। आप और हमारे बीच चंद्रमा, सूर्य, पवन, गंगा और गीता है। हम किसी तरह का धोखा नहीं करेंगे और पद्मिनी भी नहीं बदलेंगे। बादशाह ने अपने अमीरों के साथ परामर्श कर रत्नसेन को लिखा कि हम पद्मिनी को देखने के लिए क़िले में आते हैं। इसके अलावा कोई दूसरी बात करें या उस पर विचार करें, तो तुम्हारे और हमारे बीच कलमा-शरीयत है। बादशाह का लिखा रत्नसेन ने अपने उमरावों का सुनाया। उमरावों ने तय कर रत्नसेन से कहा कि- ''सभी निकास के दरवाज़े सरदारों के अधीन रहेंगे। तब तक आप पद्मिनी को दिखा देना, जिससे पाप कट जाएगा।'' रत्नसेन ने दरवाज़ों की सुरक्षा के लिए अपने सगे भाई-बेटों को भेज दिया और फिर बादशाह का बुलाया। बादशाह घोड़े पर ख़िदमतगार के साथ आया। पीछे सात जवानों का पहरा था। दरवाज़े के सरदारों ने रत्नसेन से पूछा तो उसने घोड़ा, पतरन, ख़िदमतगार, पाडु- इन चार को क़िले में आने की अनुमति दी। पहरे के जवानों का पाडलपोल पर ही रोक दिया गया। बादशाह रामपोल दरवाज़े पर आकर खड़ा हो गया। यहाँ से बादशाह के घोड़े को रामपोल की घुड़साल में बाँधकर नया घोड़ा मँगवाया गया। रत्नसेन के लोग बादशाह के आगे हो गए और सब मिलकर चले। रत्नसेन ने बादशाह से कहा कि- ''यहाँ से सीधे पद्मिनी के यहाँ चलें'', तो बादशाह ने कहा कि- ''क़िले के मुख्य स्थान और देवी-देवताओं की जगह मुझे दिखाओ। बाद में मैं क़िला देखने के लिए कब आऊँगा और मुझे देखने भी कौन देगा। अंत में मैं पद्मिनी देखकर चला जाऊँगा।'' रत्नसेन ने यह बात सहज कर समझी। बादशाह के कहे पर विश्वास कर वह पहले उसको वायण माता के कुंड पर ले गया। वहाँ से वह उसे सिद्धनाथ, फिर सहस्रमुखा, ऋषभदेव, चौसठमुखा, भीमकोड़ी, नीलकंठ महादेव, भीमलत और वहाँ से कालकाजी के दर्शन करवाकर चतुरंगजी के महलों के तालाब पर ले गया। बादशाह ने रत्नसेन से कहा है कि ''चितौड़ का क़िला हमको बहुत पसंद आया। ऐसा क़िला अपने द्वीप में दूसरा नही है।'' बादशाह ने क़िले की ख़ूब बड़ाई की और कहा कि- ''तुम्हारा देवता भी सच्चा है।'' बादशाह की क़िले की सराहना से रत्नसेन का दिल फूल गया। उसने नज़र की चौकसी नहीं रखी। बादशाह जहाँ-जहाँ भी गया, पीक डालता गया। मुसलमान की पीक पड़ने से हिंदू देवताओं की शक्ति घट गई। बादशाह

ने रत्नसेन से कहा कि अब तुम अपनी पद्मिनी दिखा दो, तो मेरा देखना पूरा हो जाएगा। बादशाह ने जहाँ-जहाँ पीक थूकी वहाँ से देवताओं की चौकी उठ गई। बादशाह और रत्नसेन फिर पद्मिनी के महलों में गए और झरोखे के नीचे तेल के कडाह के पास जाकर खड़े हो गए। पद्मिनी ने झरोखे से से अपना प्रतिबिंब कड़ाहे में डाला, तो रत्नसेन ने बादशाह से कहा कि कड़ाह में देखो। ऊँचे-नीचे मत देखना, नहीं तो सिर धड़ से अलग कर देंगे। बादशाह ने कड़ाह में देखा, तो नख-शिख सरूपवान पद्मिनी उसमें दिख रही थी। बादशाह सुध-बुध भूल गया। पद्मिनी के तेज़ के कारण बहुत देर बाद बादशाह को सुध आई। बादशाह ने रत्नसेन से कहा कि- ''परवरदिगार ने तुम्हारा भाग्य बड़ा बनाया है।'' बादशाह और रत्नसेन रामपोल आए। बादशाह अपने घोड़ें पर सवार हुआ। पाडलपोल पहुँचकर बादशाह की सुरक्षा टुकड़ी उसके पीछे हो गई। उसके पाडोली में अपने डेरे पर सुरक्षित पहुँच जाने पर फ़कीरों को ख़ेरात बाँटी गई और उत्सव हुआ। दरबार हुआ, जिसमें 44 अमीर उपस्थित हुए। बादशाह ने अपने अमीरों से कहा कि- ''क़िले के जितने देवस्थान हैं, सब पर मैंने थूक दिया है। हिंदुओं का एक भी देवता अब क़िले पर नहीं है। क़िले पर मनुष्य भी अब बहुत कम रह गए हैं। क़िले पर अब तोपों से वार करो, तो घबराकर रत्नसेन पद्मिनी अपने को दे देगा या क़िला छोड़कर भाग जाएगा।'' तीसरे पहर 268 तोपों से एक साथ क़िले पर प्रहार होने लगा। क़िले पर तोप कालकाबाण घूटी। पाँच-सात बार आवाज़ होने पर भी एक भी देवता क़िले पर हिला-डुला नहीं। रात्रि में देवी कालिका ने रत्नसेन को सपने में आकर कहा कि- ''क़िले की सुरक्षा का प्रबंध अब तुम का लेना। हमारे भरोसे मत रहना। हम देवी-देवता तलहटी में चल गए हैं।'' रत्नसेन ने कहा कि- ''माता, मुझसे क्या अपराध हुआ है?'', तो देवी ने उतर दिया कि- ''क़िला भ्रष्ट हो गया है। पूरे क़िले में बादशाह थूकता फिरा, जिससे वहाँ पाँव रखने की जगह भी नहीं रही। हमारा निवास अब क़िले में नहीं है।'' दूसरे दिन बादशाह ने रत्नसेन को लिखा कि क़िले, राज और प्राण की आशा हो, तो पद्मिनी हमको दे दो, नहीं तो तोपबारी होने दो।

रत्नसेन ने दरबार किया। सभी उमरावों ने उपस्थित होकर अभिवदान किया और अपने स्थानों पर बैठ गए। फिर चर्चा चली कि बादशाह धर्मविरुद्ध हो गया हैं। अब हम सेना तैयार कर क़िले बाहर निकलें और बादशाह की फ़ौज को काटकर फेंक दें। रत्नसेन अपने उमरावों - गोरा, बादल, फतिया, जेतमाल, रामा और कला के साथ युद्ध के लिए तैयार होकर क़िले से नीचे उतरा और गंभीरी नदी पर उसका डेरा हुआ। बादशाह की फ़ौज भी तैयार हो गई। नगरी से लगाकर पाडोली तक युद्ध होने लगा। गाँव कालीखोर से सतखंदा तक तीन दिन और तीन रात तक तलवारें बजती

रहीं। कई योद्धा काम आए। रामा और कला, दोनों भाइयों ने दो पहर तक बिना सिर तलवार चलाई। फातिया और जेतमाल, दोनों योद्धा भी पाँच पहर तक बिना सिर के लड़े। सत्तासी उमराव-सरदार काम आए। गोरा और बादल घायल हुए और उनके चौरासी-चौरासी घाव लगे। बादशाह की फ़ौज खंड-खंड हो गई। पाँच कोस तक हाथी, घोड़े, पैदल और ऊँट के धड़ और मुँह फैल गए। बादशाह की फ़ौज, जो चार जगह ठहरी हुई थी, भाग निकली। बादशाह एक कोस तो घोड़े पर चढ़कर और दो कोस तक पैदल भागा। रत्नसेन की विजय हुई। सब घायल एक साथ क़िले पर आए और अपनी हवेलियों की ओर जाने लगे। गोरा और बादल ने विचार किया कि इस बार घायल बहुत हुए हैं। एक कदम चलने के बाद दूसरे में ही प्राण निकल गए, तो बहन मदन कुँवर पद्मिनी से मिलना होगा नहीं। रत्नसेन गोरा-बादल का स्वागत करने सामने रामपोल गया। दोनों को छाती से लगाया और उनको हवेली ले जाने लगा। दोनों ने रत्नसेन से निवेदन किया कि- ''हम हवेली जाएँगे, लेकिन पहले एक बार बहन पद्मिनी से मिलना है।'' तीनों पद्मिनी के महल की बारादरी गए। पद्मिनी ने दोनों की मोतियों से आरती की और स्वागत-सत्कार किया। गोरा-बादल ने पद्मिनी से कहा कि- ''हमें घर के लिए सीख दो, हमसे बैठा नहीं जाता, अब जीने की आशा नहीं है। गोरा-बादल हवेली के लिए चले और रत्नसेन उनको पहुँचाने के लिए साथ निकला। रत्नसेन ने अपने मन में विचार किया कि अब बादशाह ने हार मान ली है, उसे आए भी बारह वर्ष हो गए हैं, इसलिए वो अब दिल्ली चला जाएगा। देश में अब अमन-चैन हो जाएगा। एकलिंगनाथ राज भी वापस बना देंगे। ये दोनों- गोरा और बादल, यदि जीवित रह जाएँगे, तो कहते रहेंगे कि चित्तौड़ का राज और क़िला तो हमारे सामर्थ्य से है, इसलिए इन दोनों को समाप्त कर देना चाहिए। यह विचार करते हुए वह सुकल्या तालाब पर गया। वहाँ उसने दोनों के सिर उड़ा दिए, जो सुकल्या तालाब में जा गिरे। दोनों भाइयों के धड़ खांडे की मूठ पर हाथ रखकर चल निकले। रास्ते में बादशाह की फ़ौज मिल गई। लड़ाई होने लगी। गोरा का धड़ डूँगरपुर से बीस कोस दूर खोखरवाड़ा मे जाकर गिरा, जबकि बादल का धड़ बादशाह की फ़ौज का मारता हुआ सुखदेव महादेव के मंदिर के दक्षिण में डेढ़-सवा कोस दूर सुरोपुरा बावजी गाँव में जाकर गिरा। इस तरह गोरा-बादल के सिर उड़ाकर हाँफता-काँपता हुआ रत्नसेन वापस पद्मिनी के महल आया। पद्मिनी ने पूछा कि- ''इतनी जल्दी आप वापस कैसे आए? मुझे लगता है कि आपने मेरे भाइयों पर प्रहार किया है।'' रत्नसेन ने कहा कि- ''मैंने सरदारों का घायल देखा और वे घबराए हुए भी थे। यह सोचकर कि उन्होंने मेरी बहुत सेवा-चाकरी की है और दोनों बहुत दु:ख देखकर मरेंगे, इसलिए मैंने अपने हाथों से उनको सुख और मोक्ष दे दिया।'' तब

पद्मिनी ने कहा कि– ''मेरे भाइयों पर आपका हाथ चल गया, तो और किसी पर आप हाथ चलाते हुए आप क्यों देर करेंगे। आपने मेरे भाइयों को मार दिया, अब मेरे जीवन का कोई अर्थ नहीं है।'' यह कहकर पद्मिनी तालाब में कूद गई और जल में मिल गई।

यह समाचार कि क़िले पर आपस में झगड़ा–बखेड़ा हुआ है और रत्नसेन ने अपने सालों को मार डाला है, बादशाह तक पहुँचा। उसने विचार किया कि इस वक़्त फ़ौज तैयार कर क़िले में घुस जाएँ, तो वहाँ राज करेंगे। बादशाह की फ़ौज तैयार होकर क़िले पर चढ़ आई और पाडलपोल पहुँच गई। झगड़ा होने लगा। पाडलपोल तोड़कर फ़ौज रामपोल पहुँच गई। पाडलपोल और रामपोल के बीच बादशाह की फ़ौज ठसाठस इस तरह भर गई, जैसे तरकश में तीर भरे हों। दोनों तरफ़ से हाथ चलने लगे। बादशाह की फ़ौज के कई लोग काम आए। रामपोल और पाडलपोल के बीच खड़े आदमी को नाभि जितनी ऊँचाई तक रक्त बहा और रास्ते से होता हुआ इसका प्रवाह गंभीरी नदी में जा मिला। रत्नसेन और बादशाह की फ़ौज के कई अमीर और उमराव काम आए। बादशाह की फ़ौज भागी और इधर चित्तौड़गढ़ ध्वस्त हुआ।

अध्याय - 9

मलिक मुहम्मद जायसी कृत 'पद्मावत'

रचना समयः 1540 ई.

पद्मावत देशज पारंपरिक कथा-काव्यों से अलग रचना है, जिसकी रचना मलिक मुहम्मद जायसी ने 1540 ई. में जायस (उत्तर प्रदेश) में की। कवि ने इसकी रचना का समय 1520 ई. माना है। कवि ने लिखा है कि- *सन नव सै सत्ताइस अहा। कथा अरंभ कवि बैन कहा अर्थात्* कथा के आरंभिक वचन सन् 927 हि. (1520 ई.) में कहे। कवि ने ग्रंथारंभ में अपने समय के शासक (शाहे वक़्त) शेरशाह सूरि का उल्लेख किया है, जिसका शासनकाल 1540 ई. में आरंभ होता है। रामचंद्र शुक्ल ने इस आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि कवि ने 1520 ई. में *पद्मावत* की शुरुआत की होगी और 1540 ई. में उसने इसे पूरा किया होगा। अंत:साक्ष्यों के अनुसार जायसी का जन्म 1492 ई. के आसपास हुआ। बाबर के समय लिखी गई फ़ारसी रचना *आख़िरी क़लाम* (1528 ई.) में अपने जन्म के समय के संबंध ने जायसी ने लिखा है कि- *भा अवतार मोर नव सदी। तीस बरस ऊपर कवि बदी।* पहली पंक्ति में 'नव सदी' का अर्थ 900 हिजरी (1492 ई. के आसपास) है और दूसरी पंक्ति का अर्थ रामचंद्र शुक्ल के अनुसार "तीस वर्ष पीछे जायसी अच्छी कविता करने लगे।" जायसी जायस (रायबरेली-उत्तरप्रदेश) के रहने वाले थे, लेकिन यह सर्वथा निर्विवाद नहीं है। उन्होंने अपने जन्म स्थान का उल्लेख करते हुए *पद्मावत* में लिखा है कि- *जायस नगर धरम अस्थानु। तहँवा यह कवि कीन्ह बखानू॥* इस पंक्ति में *'तहँवा यह'* के *'तहाँ आई'* पाठ भेद के आधार पर जार्ज ग्रियर्सन सहित कुछ विद्वानों ने यह अनुमान लगाया है कि जायसी वहाँ कहीं ओर से आकर बसे थे। जायसी ने *पद्मावत* में अपने चार मित्रों- युसुफ मलिक, सालार कादिम, सलोने मियाँ और बड़े शेख़ का उल्लेख किया है।[75] जायसी ने यह भी उल्लेख किया है कि उनकी एक ही आँख

थी। उन्होंने लिखा है कि *एक नयन कवि मुहम्मद गुनी।*[76] इसी तरह उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि उन्हें बाएँ कान से कम सुनाई पड़ता था। इस संबंध में उनकी पंक्ति है कि *मुहम्मद बाईं दिसि तजा। एक सरबन, एक आँखि।* जायस में प्रचलित जनश्रुतियों के अनुसार वे अपने समय के बड़े सिद्ध और चमत्कारी फ़कीर थे।

जायसी सूफ़ी संत निज़ामुद्दीन ओलिया की शिष्य परंपरा में थे और उन्होंने अपने दो गुरुओं का नामोल्लेख किया है। *पद्मावत* और *अखरावट* में उन्होंने मनिकपुर के महीउद्दीन (शेख़ मोहिदी) और शैयद अशरफ़ जहाँगीर का अपने गुरु के रूप में उल्लेख किया है। *पद्मावत* में उन्होंने दोनों का नामोल्लेख करते हुए लिखा है कि- *सैयद असरफ पीर पियारा। जेइ मोहिं दीन्ह पंथ उजियारा।। गुरु मोहिदी सेवक मैं सेवा। चलै उताइल जेहि कर खेवा॥* रामचंद्र शुक्ल का अनुमान है कि उनके दीक्षा गुरु तो सैयद अशरफ़ जहाँगीर थे, लेकिन बाद में उन्होंने महीउद्दीन की भी सेवा की।[79] जायसी उस समय के गोरखपंथी, रसायनी, वेदांती साधु-संतों के निकट संपर्क में रहे होंगे। *पद्मावत* में इसके पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं।

पद्मावत सूफ़ी प्रेमकथात्मक महाकाव्य है। प्राकृत और अपभ्रंश की जो प्रबंध परंपरा थी, जायसी की पद्मावत उससे कुछ हटकर है। उस पर फ़ारसी प्रेमकाव्य और मसनवी शैली का गहरा प्रभाव है।[80] इस्लाम के सूफ़ी मत में भक्त अपने को आशिक और भगवान को माशूक समझकर उसको पाने के लिए साधना करता है। सूफ़ी यह भी मानते हैं कि भक्त और भगवान के संबंध में गुरु के मार्गदर्शन और सहयोग की भी निर्णायक भूमिका होती है और शैतान (माया) इसमें बाधा बनता है। संबंधों का यही रूपक *पद्मावत* में जायसी ने इस्तेमाल किया है। यहाँ रत्नसेन-पद्मावती की कथा में पद्मावती ईश्वर, रत्नसेन भक्त, तोता गुरु और राघवचेतन शैतान या माया है। जायसी इसी रूपक को ध्यान में रखकर विस्तृत कथा काव्य की रचना करते हैं और अंत में इसका साफ़ संकेत भी करते हैं। कथा लोक में पहले से प्रचलित है, सभी चरित्र भी प्रसिद्ध हैं। जायसी अपने प्रयोजन के लिए इनको अपनी कल्पना से पुनर्निर्मित करते हैं। जायसी का इतिहास के साथ व्यवहार लोक के इतिहास के साथ बर्ताव जैसा है। इतिहास यहाँ गल्प की तरह आता है- जायसी इसको अपनी तरह से कहते हैं। जायसी ने अंत में कहा भी है कि *कोई न रहा, जग रही कहानी*। सही भी है- बीत जाने के बाद तो इतिहास भी गल्प, कहानी ही है। जायसी उच्च कोटि के कवि भी हैं, इसलिए रूपक के निर्वाह में भी उनका कवि निरंतर सजग और सक्रिय रहता है। यह अवश्य है कि इसमें कभी जायसी का सूफ़ी, तो कभी उनका कवि, ऊपर-नीचे होते रहते हैं। विजयदेवनारायण साही तो जायसी के कवि पर इतने मुग्ध हुए कि उन्होंने जायसी को कवि और उनके सूफ़ी को 'कुजात' कह दिया। यह प्रबंध

संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश की भारतीय चरित प्रबंध परंपरा में नहीं है। अलबता इसका कुछ प्रभाव इस पर ज़रूर है। यह ईरान के फ़ारसी कवियों की प्रसिद्ध और लोकप्रिय काव्यरूप 'मसनवी' के ढाँचे में है। इसमें मसनवी के ढाँचे के अनुसार कथा के आरंभ में ईश्वर स्तुति और पैग़ंबर की वंदना है। आरंभ में ही कवि शाहे वक़्त शेरशाह सूरि की सराहना भी करता है। भाषा इसकी अवधी है और इसमें दोहा–चौपाई वाली कड़वक शैली का प्रयोग हुआ है, जो प्राकृत और अपभ्रंश की प्रबंध रचनाओं में पहले से प्रयुक्त हो रही थी। यही पद्धति बाद में तुलसी के *रामचरितमानस* में भी इस्तेमाल की गई। जायसी बहुज्ञ थे– सूफ़ी दर्शन के अलावा उनको भारतीय दर्शन, भूगोल, महाकाव्य, मिथक, हठयोग, ज्योतिष, आयुर्वेद, शगुन विचार, योगिनी चक्र, भोजन आदि की भी विस्तृत जानकारी थी। जायसी ने अपनी बहुज्ञता का उपयोग *पद्मावत* में विस्तार से किया है। भारतीय और उसमें भी अवध के लोक जीवन की उनकी समझ भी बहुत गहरी थी और *पद्मावत* में इसका निवेश भी बहुत गहरा और व्यापक है।

पद्मावत की फ़ारसी–अरबी में कई प्रतियाँ मिलती हैं। रामचंद्र शुक्ल ने उपलब्ध 13 प्रतियों के आधार पर इसका पाठ संपादन किया, जिनमें से पाँच प्रतियाँ अच्छी थीं। इनमें से चार लंदन स्थित कॉमनवेल्थ ऑफ़िस में हैं और पाँचवी प्रति किसी गोपालचंद के पास है। वासुदेवशरण अग्रवाल ने गोपालचंदवाली प्रति के साथ प्रो. श्रीहसन असकरी के पास बिहार से उपलब्ध दो प्रतियों के आधार पर इसका पाठ संपादन किया है। वासुदेवशरण अग्रवाल ने मनेर शरीफ़ के ख़ानका पुस्तकालय की प्रति का भी अपने संपादन में उपयोग किया है। माताप्रसाद गुप्त ने 16 प्रतियों को आधार बनाकर इसका संपादन किया, जो 1963 ई. में प्रकाशित हुआ। *पद्मावत* मध्यकाल में ही लोकप्रिय हो गया था। 1650 ई. में अराकान के वज़ीर मगन ठाकुर ने इसका बँगला अनुवाद करवाया।

'पद्मावत' हिंदी कथा रूपांतर

यशस्वी और चक्रवर्ती गंधर्वसेन सिंघलद्वीप का राजा था। राजाओं में वह दूसरे इंद्र के समान था। उसके पास छप्पन करोड़ सेना थी और उसकी घुड़साल में सोलह हज़ार घोड़े थे। उसकी पद्मिनी जाति की सोलह हज़ार रानियाँ थीं, जिनमें से अपार रूप–सौंदर्यवाली चंपावती उसकी पटरानी थी। चंपावती के गर्भ में कन्या आई और दस माह बाद उसका जन्म हुआ। जन्म और नक्षत्रों के अनुसार पंडितों ने उसका नामकरण पद्मावती किया। पाँच वर्ष की होने के बाद उसकी शिक्षा शुरू हुई। धीरे–धीरे वह

गुणी और पंडित हो गई। गंधर्वसेन के यहाँ सुंदर और पंडित कन्या उत्पन्न हुई है, यह बात चारों लोकों में फैल गई। सातों द्वीपों से उसके लिए विवाह के प्रस्ताव आने लगे, लेकिन राजा सभी को नकारात्मक उत्तर देता। बारहवाँ वर्ष लगते ही राजा ने पद्मावती को अलग महल दे दिया। उसने उसको कई सखियाँ भी दीं, जो सदैव उसके साथ रहती थीं। पद्मावती के महल में एक पंडित हीरामन नाम का तोता था। पद्मावती तोते के साथ रहती और वे दोनों वेदशास्त्र पढ़ते। धीरे-धीरे पद्मावती का यौवन विकसित होने लगा। तोता पद्मावती को जो उपदेश देता था, उनको सुनकर राजा नाराज़ हो गया। राजा ने तोते को मारने की आज्ञा दी। तोते के शत्रु नाऊबारी उसको मारने आए, लेकिन पद्मावती ने उसको छिपा दिया। शत्रु लौट गए, लेकिन तोता मन में डर गया। उसने पद्मावती से वनवास की आज्ञा माँगी। पद्मावती ने उसको धैर्य बँधाया। तोते के मन में अपनी हत्या की आशंका घर कर गई। एक दिन पद्मावती सखियों के साथ मानसरोवर में स्नान करने के लिए गई। वे सब जल क्रीड़ा करने लगीं। एक सखी का हार जल में खो गया। सब हार खोजने लगीं। मानसरोवर ने कहा कि पद्मावती के चरण छूकर मैं निर्मल हो गया। हार ऊपर आ गया, जिसको सखियों ने ले लिया। इधर पद्मिनी सखियों के साथ धमार खेल रही थी और उधर अपनी मृत्यु की आशंका से भयभीत तोता महल से उड़ गया। भंडारी ने पद्मावती को तोते के उड़ जाने की सूचना दी, तो वह बहुत दुःखी हुई। सखियों ने पद्मावती को सांत्वना दी। दस दिन तोते ने वन में आराम से काटे, लेकिन फिर वहाँ एक व्याध आ गया। उसने लासा लगी टट्टी लगाई। दूसरे पक्षी तो उड़ गए, लेकिन तोता उसमें फँस गया। दूसरे बंदी पक्षियों ने अपनी व्यथा सुनाकर तोते से उसके पंडित होने के बावजूद बंदी हो जाने का कारण पूछा। हीरामन ने कहा कि उससे भूल हो गई, वह धोखे से फँस गया।

चित्तौड़गढ़ के राजा चित्रसेन के यहाँ रत्नसेन का जन्म हुआ। पंडित, ज्योतिषी और सामुद्रिक आकर उसको देखने लगे। उन्होंने कहा कि इस बालक की जोड़ी पद्मावती के साथ लिखी है और यह बालक उसके वियोग में जोगी बनेगा। व्यापार के लिए चित्तौड़गढ़ के बनजारों का एक समूह सिंघलद्वीप की यात्रा पर गया। उनके साथ एक ग़रीब ब्राह्मण भी था। ब्राह्मण निर्धन होने के कारण सिंघल के बाजार में दुःखी होने लगा। इसी समय व्याध तोते को लेकर बाजार में आया। ब्राह्मण ने तोते से जब उसके गुण पूछे, तो उसने बताया कि बंदी हो जाने के कारण उसका ज्ञान व्यर्थ हो गया है। ब्राह्मण ने व्याध से तोता खरीद लिया और साथियों के साथ चित्तौड़गढ़ लौट आया। रत्नसेन चित्तौड़गढ़ के सिंहासन पर आरूढ़ हुआ। उसने जब पंडित और गुणी तोते के संबंध में सुना, तो दूत भेजकर उसने ब्राह्मण को बुलवाया।

तोते ने राजा को आशीर्वाद दिया और कहा कि वह सिंघल की पद्मावती का हीरामन है। राजा ने ब्राह्मण से तोता खरीद लिया और अपने महल में उससे कथाएँ सुनने लगा। एक दिन जब रत्नसेन शिकार खेलने गया, तब पटरानी नागमती ने अपने पद्मावती से अधिक रूपवान होने के सबंध में तोते से पूछा। तोते ने नागमती के रूप को पद्मावती की तुलना में तुच्छ बताया। रानी इससे नाराज़ हो गई। उसने सोचा कि यह बात तोता कभी राजा को बता देगा, तो वह पद्मावती के वियोग में राज्य छोडकर चला जाएगा। उसने अपनी धाय को तोता सौंपकर उसको मारने की आज्ञा दे दी। रानी की आज्ञा मूर्खतापूर्ण है, यह सोचकर धाय ने तोते को नहीं मारा। राजा ने आकर तोते की खोज की, लेकिन वह नहीं मिला। नागमती ने राजा के समक्ष तोते की निंदा की। तोते के शोक मे व्यथित राजा ने नागमती को तोता लाने या उसके साथ सती हो जाने का आदेश दे दिया। नागमती इससे हतप्रभ रह गई। उसने जाकर अपनी धाय को सारी बात बताई। धाय ने उसे समझाया कि पति पर क्रोध अनुचित है और उसकी आज्ञा का पालन करना चाहिए। रानी की समझ में आ गया। उसने हार मानकर तोता राजा को दे दिया।

राजा ने तोते से शपथ लेकर उसके साथ हुए अन्याय के संबंध में सत्य कहने के लिए कहा। तोते ने कहा कि उसके प्राण चले जाएँ, तो भी वह असत्य नहीं कहेगा। उसने कहा कि वह सिंघल द्वीप के राजा की कन्या पद्मावती का हीरामन है। उसने कहा कि उसकी स्वामिन् को विधाता ने कमल की गंध और चंद्रमा के अंश से रचा है और उसका मुख चंद्रमा के समान और अंग मलयगिरि की गंध लिए हुए हैं। राजा यह सुनकर भँवरे की तरह पद्मावती पर मोहित हो गया। उसने कहा कि तीन लोक और चौदह खंडों में जो भी दिखाई पड़ता है उसमें प्रेम को छोड़कर और कुछ भी सुंदर नहीं है। तोते ने कहा कि प्रेम अत्यंत कठिन है और जो एक बार प्रेम के फंदे में पड़ता है वह उससे कभी नहीं छूटता। राजा ने प्रेम के मार्ग में अपनी दृढ निष्ठा प्रकट की। उसने कहा कि जो प्रेम का खेल, खेल लेता है वह तीनों लोकों में तिर जाता है। राजा ने तोते से कहा कि जैसा पद्मावती को देखा उसका वैसा ही नखशिख वर्णन करे। हीरामन ने पद्मावती के श्रृंगार का वर्णन आरंभ किया। उसने उसके केश, माँग, ललाट, भौंह, नेत्र, बरौनी, नासिका, अधर, दाँत, नासिका, कपोल, कान, ग्रीवा, भुजा, स्तन, उदर, पीठ, कटि, नाभि और नितंब का वर्णन किया। नखशिख वर्णन सुनकर राजा मूर्च्छित हो गया। उसका मुख क्षण में पीला और क्षण में सफ़ेद हो जाता था। वह त्राहि–त्राहि करने लगा। कुटुम्ब के लोगों सहित ओझा, वैद्य आदि सभी ने उसका उपचार करने का प्रयत्न किया। राजा होश में आकर फिर वही चर्चा करने लगा। सभी ने उसे समझाया और कहा कि वह राज और सुख का भोग करे, क्योंकि

प्रेम के मार्ग में वही पहुँचता है, जो वियोग का दु:ख सहता है। हीरामन ने भी उसे समझाया कि योग और भोग का मेल जीवन में सम्भव नहीं है और प्रेम का मार्ग अत्यंत कठिन है। यह सुनकर राजा सचेत हुआ। उसका चित्त प्रेम में लगा हुआ था। उसने प्रतिज्ञा की कि वह पद्मिनी से भौंरा बनकर मिलेगा।

राजा राज्य त्यागकर पद्मावती को पाने के लिए हाथ में किंगड़ी लेकर जोगी हो गया। ज्योतिषियों ने शुभ मुहूर्त में प्रस्थान करने के लिए कहा, लेकिन राजा ने कहा कि प्रेम के मार्ग पर जाने वाला दिन और घड़ी नहीं देखता। यह घोषणा हो गई कि राजा ससैन्य सिंघलद्वीप की यात्रा पर जाएगा। रत्नसेन की माता ने योग और तप की कठिनता बताकर उससे रुकने का आग्रह किया, लेकिन रत्नसेन अपने निश्चय पर क़ायम रहा। रानी नागमती और अन्य रानियाँ विलाप करने लगीं। राजा ने कहा कि तुम स्त्रियाँ हो और तुम्हारी मति अल्प है। राजा ने सिंगी बजाकर ससैन्य प्रस्थान किया। राजा के साथ सोलह हज़ार कुमार जोगी होकर चल दिए। उन्होंने अपना घर और कुटुम्ब छोड़ दिया। राजा मार्ग में केवल पद्मावती का स्मरण कर रहा था। प्रस्थान के समय शगुन विचार करनेवालों ने आगे बढ़कर देखा कि सभी शगुन सिद्धिकारक थे। राजा ने अपने साथी जोगियों को मार्ग की कठिनाइयों के संबंध में बताया। उसने दंडकवन और विंध्यवन में पहुँचकर अपने साथियों को सचेत किया। यहाँ से तोते ने मार्ग दिखाने का दायित्व अपने ऊपर लिया। यात्रा आगे बढ़ने लगी और मृगारण्य में जाकर बसेरा हुआ। राजा वैरागी की भाँति हाथ में किंगड़ी लिए हुए था और उसकी आँखे सिंघलद्वीप के मार्ग में लगी हुई थी, जहाँ पद्मावती थी।

एक माह तक उस मार्ग पर चलकर राजा रत्नसेन समुद्र के पास पहुँचा। राजा योगी–जती हो गया है, यह सुनकर उड़ीसा का राजा गजपति उससे मिलने आया। उसने रत्नसेन से उसका आतिथ्य स्वीकार करने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। उसने गजपति से जहाज़ों का प्रबंध करने के लिए कहा। गजपति ने जहाज़ों के प्रबंध करने की बात मानकर कहा कि मार्ग बहुत कठिन है और सिंघलद्वीप वही पहुँच सकता है, जो अपनी हथेली पर प्राण लिए हुए हो। राजा ने गजपति को पद्मावती को पाने के अपने दृढ़ निश्चय के संबंध में बताया। राजा ने कहा कि वह पद्मावती के रंग में रंगा हुआ है, उसकी नकेल पद्मावती के हाथ में है, वही उसकी नाथ पकड़े खींच रही है। गजपति ने देखा कि रत्नसेन विचलित होने के लिए तैयार नहीं है, तो उसने उसे जहाज़ और नये सामान दिए। जहाज़ समुद्र में मन की गति से दौड़ने लगे। समुद्र में एक धवलगिरी पर्वत जितना बड़ा मत्स्य दिखाई पडा। मत्स्य के नाराज़ होने से समुद्र में लहरें उठने लगीं। सभी भयभीत हो गए। उनको भयभीत देखकर केवट लोगों को हँसी आ गई। उन्होंने कहा कि समुद्र में ऐसे कई भीषण जीव हैं।

राजा ने कहा कि जैसे मत्स्य अवतार में विष्णु ने सात पाताल में ढूँढ़कर वेदों का उद्धार किया था, वैसे ही मैं सात आकाश चढ़कर उस मार्ग में दौड़ूँगा, जिस पर पद्मावती मिलेगी। राजा ने क्षार समुद्र पार किया और फिर वह क्षीर समुद्र में आ गया। फिर राजा सुरा समुद्र में आया और उसके बाद उसने किलकिला समुद्र में प्रवेश किया। तोते के मार्गदर्शन में राजा सातवें समुद्र मानसर पहुँचा। मानसर देखकर सभी को प्रसन्नता हुई। सूर्य, मेघ, बिजली, चंद्रमा और नक्षत्र को एक साथ देखकर राजा ने तोते से प्रश्न किया कि हम कहाँ पहुँच गए हैं। तोते ने उत्तर दिया कि ये सिंघलद्वीप के राजमहल और रनिवास हैं। उसने सिंघलगढ़ की ऊँचाई और उस पर पहुँचने की कठिनता का वर्णन किया। उसने बसंत पंचमी के दिन शिव यात्रा के समय सिंघलद्वीप में प्रवेश की युक्ति भी बताई। राजा ने कहा कि वह पद्मावती को पाने के लिए ऊँचे से ऊँचे स्थान पर भी चढ़ सकता है। हीरामन राजा को उपदेश देकर अपने वचन के अनुसार पद्मावती के पास चला गया। राजा ने तोते के जाने के बाद पर्वत पर चढ़कर शिव मंडप के दर्शन किए। उसने शिव मंडप की स्तुति और परिक्रमा की। राजा की स्तुति पर आकाशवाणी हुई कि राजा को प्रेम मार्ग में सत्य धारण करना चाहिए। राजा सिंहचर्म पर बैठकर पद्मावती का जाप करने लगा। राजा के योग का पद्मावती पर प्रभाव हुआ। वह प्रेम के वश में हो गई और विरह अनुभव करने लगी। पद्मावती की ऐसी दशा देखकर उसकी धाय ने जब उसका कारण पूछा, तो पद्मावती ने कहा कि विरह की अग्नि उसके यौवन और मन को जला रही है। धाय ने उसे समझाया कि बसंत पंचमी के दिन उसे शिव को प्रसन्न करके प्रिय से समागम की प्रार्थना करना है। बसंत पूजा का समय निकट आने लगा। पद्मावती का एक-एक दिन युग की तरह बीत रहा था। वियोग की इसी अवस्था के दौरान तोता हीरामन पद्मावती के पास पहुँचा। वह तोते से मिलकर बहुत प्रसन्न हुई। तोते ने पद्मावती को अपनी चित्तौड़ यात्रा का हाल सुनाया। तोते ने रत्नसेन के समक्ष पद्मावती के सौंदर्य का वर्णन और रत्नसेन के उसके विरह में जोगी होकर सिंघलद्वीप और महादेव के मंडप पहुँचने की बात बताई। तोते की बात सुनकर पद्मावती रत्नसेन पर अनुरक्त हो गयी। उसके आगमन की बात सुनकर उसका विरह और तीव्र हो गया। तोते ने पद्मावती को विश्वास दिलाया कि रत्नसेन का विरह सच्चा है। हीरामन ने रानी से विदा ली और वह रत्नसेन के पास पहुँच गया। उसने रत्नसेन को पद्मावती का संदेश दिया।

शिशिर ऋतु व्यतीत हुई और बसंत पंचमी आ गई। पद्मावती ने सभी सखियों को श्रृंगार कर अपने साथ देवगढ़ चलने की आज्ञा दी। सभी सखियाँ पद्मावती के साथ विश्वनाथ की पूजा के लिए चलीं। वाटिका में पहुँचकर पद्मावती के निर्देश

पर सभी सखियाँ वहाँ क्रीड़ा करने लगीं। उन्होंने वहाँ फूल एकत्र किए और नृत्य-गान किया। पद्मावती सखियों के साथ खेलती हुई महादेव के मठ में पहुँच गई। पद्मावती और सखियों को वहाँ देखकर देवताओं में खलबली मच गई। पद्मावती को देखकर वहाँ कोई भौंरा और कोई पतिंगा हो गया। पद्मावती ने देव मंदिर में प्रवेश कर तीन बार प्रणाम किया और विवाह योग्य वर प्रदान करने प्रार्थना की। मंडप में आकाशवाणी हुई कि स्वयं देवता पद्मावती को देखकर हतप्रभ हैं। उसी समय एक एक सखी ने आकर कहा कि मंदिर के पूर्व द्वार पर जोगी ठहरे हुए हैं। पद्मावती वहाँ गई, तो उसे देखकर रत्नसेन मूर्च्छित हो गया। पद्मावती ने उपचार के लिए रत्नसेन के शरीर पर चंदन का लेप किया, पर वह और गहरी निद्रा में लीन हो गया। तब उसने उसके हृदय पर चंदन से लिखा कि उसने भीख लेने की युक्ति नहीं सीखी। जब वह उसके द्वार पर आई, तब वह सो गया। उसे भिक्षा की प्राप्ति कैसे हो सकती है? पद्मावती शिवमंडप से गढ़ में लौट आई और दिन की विहार कथा का स्मरण करते हुए सो गई। सुबह उठकर उसने सखी से रात में सूर्य और चंद्रमा के मेल होने का स्वप्न आने की बात कही। स्वप्न विचार कर सखी ने कहा कि देवता उसकी पूजा से प्रसन्न है और पश्चिम देश का कोई राजा आकर उसका वरण करेगा।

पद्मावती बसंतोत्सव मनाकर चली गई, तो राजा होश में आया। वह हाथ मलकर सिर धुनने लगा। जल के बिछड़ने से जैसे मछली दु:ख पाती है, राजा वैसे ही दु:खी होकर विलाप करने लगा। उसने शिव मंडप में जाकर देवता को उलाहना दिया। देवता ने कहा कि पद्मावती को देखकर वह स्वयं हतप्रभ हो गया। रत्नसेन ने अपने को दोषी मानकर अपने शरीर को भस्म कर देने का प्रण किया। उसके चिता पर बैठते ही देवता व्याकुल होकर वहाँ आ गए। उस पर्वत का रक्षक लंका जलाने वाला वीर हनुमान था। रत्नसेन की चिता की आग में वह भी जलने लगा। वह लंका छोड़कर शिव-पार्वती पास गया और उनको कहा कि विरह का मारा हुआ कोई जोगी उनके मंडप में चिता में जल रहा और उसकी आग से उसके सहित अन्य भी जल रहे हैं। शिव-पार्वती हनुमान के साथ वेश बदलकर वहाँ आए। उन्होंने रत्नसेन को उसके वियोग का कारण पूछा। रत्नसेन ने उत्तर दिया की वह महादेव के मठ में नहीं मिल पाने के कारण ऐसा कर रहा है। पार्वती ने मन में विचार किया रत्नसेन के प्रेम की परीक्षा लेना चाहिए। वह अप्सरा बन गई और उसने रत्नसेन से प्रणय निवेदन किया। रत्नसेन ने दृढ़ता से उसका प्रेम ठुकरा दिया। पार्वती ने हँसकर महेश से कहा कि यह वास्तव में विरह का जला हुआ है, आप इसकी आशा पूरी करें। यह सुनकर रत्नसेन ने शिव को पहचान लिया और वह दहाड़ मारकर रोने लगा। शिव ने दयालु होकर रत्नसेन को उपदेश दिया कि वह सिंघलगढ़ में चोरी से सेंध लगाकर चढ़े। उन्होंने

उसको सिंघलगढ़ में पहुँचने का सुरंग मार्ग और उस पर चढ़ने के लिए मन और श्वास मारने का तरीका भी बताया।

शिव से सिद्धि गुटिका पाते ही जोगियों ने सेंध लगाने के लिए सिंघलगढ़ को घेर लिया। राजा के भेजे दूतों ने जाकर जोगियों से कहा वे भिक्षा लें और अन्यत्र चले जाएँ। रत्नसेन ने उत्तर दिया कि उसे राजा की कन्या पद्मावती भिक्षा में चाहिए। जोगी की बात सुनकर दूत नाराज़ हुए और उन्होंने कहा कि राजा की कन्या उसके योग्य नहीं है। राजा ने उत्तर दिया कि वह योग के प्रभाव से राजकुमारी के योग्य है। दूतों ने लौटकर राजा को हाल सुनाया। राजा क्रोधित हुआ, लेकिन मंत्रियों ने उसे समझाया कि जोगियों को मारना अनुचित है। दूत जब बहुत समय तक लौटकर नहीं आए, तो रत्नसेन ने रक्त से पत्र लिखकर तोते के साथ पद्मावती को भेजा। उसने तोते के साथ पद्मावती के लिए मौखिक संदेश भी भेजा। तोता प्रेमपत्र लेकर विरह में व्याकुल पद्मावती के यहाँ पहुँचा। पद्मावती ने तोते से कहा कि वह रत्नसेन के विरह में व्याकुल है, लेकिन उसे उसकी कोई चिंता नहीं है। तोते ने कहा रत्नसेन भी उसके दृष्टिबाण से घायल है। तोते ने पद्मावती से शिकायत की कि वह रत्नसेन की ऐसा अवस्था के बावजूद उसके लिए चिंतित नहीं है। तोते ने रत्नसेन का पत्र पद्मावती को दिया और उसका मौखिक संदेश भी उसे सुनाया। तोते ने पद्मावती को यह बताया कि किस तरह रत्नसेन शिव के उपदेश पर सिंघलगढ़ में सेंध लगाने के लिए तत्पर है। पद्मावती ने तोते से कहा कि रत्नसेन अभी प्रेम में कच्चा है। उसे मरकर जीवित होने की कला में अभी और परिपक्व होना चाहिए। उसने सखी से सोने की स्याही मँगाकर रत्नसेन के पत्र का उत्तर लिखा। उसने रत्नसेन को लिखा कि वह प्रेम में अकेला नहीं है और कई हैं। वह सूर्य है, तो आकाश में चढ़कर जल्दी आए। उसने रत्नसेन को अपने प्रेम के संबंध में आश्वस्त किया। इधर रत्नसेन पद्मावती के विरह में जल रहा था। वह मूर्च्छित हो गया। तोता पद्मावती का पत्र उसके लिए संजीवनी बूटी की तरह लाया। पद्मावती का अपने प्रति प्रेम देखकर राजा प्रसन्न हुआ। राजा उत्साह के साथ शिव के बताए हुए समुद्र के सुरंग मार्ग से सिंघलगढ़ पर चढने लगा। उस गढ़ में सुरंग की चढ़ाई टेढ़ी थी, इसलिए प्रात:काल हो गया और गढ़ में पुकार मच गई कि चोर सेंध लगाकर चढ़ रहे हैं। यह जानकर कि जोगी सेंध लगाकर गढ़ में चढ़ रहे हैं, राजा ने न्याय पंडितों से पूछा, तो उन्होंने रत्नसेन को सूली पर चढ़ाने की राय दी। मंत्रियों ने कहा कि ये जोगी हैं, इसलिए इन्हें जीतने के लिए युद्ध करना चाहिए। सैना तैयार होने लगी। सैन्यदल देखकर रत्नसेन के साथियों ने जूझकर मरने का निश्चय किया। गुरु ने अपने चेलों को उपदेश दिया कि प्रेम के द्वार पर क्रोध नहीं करना चाहिए। राजा गंधर्वसेन ने सभी जोगियों को घेरकर पकड़

लिया। रत्नसेन अपने निश्चय पर क़ायम था। उसने कहा कि पद्मावती गुरु और वह चेला है। उसके कारण उसने योगमार्ग अपनाया है। जिस दिन वह मिलेगी, उसी दिन उसकी यात्रा पूरी होगी। यदि वह आरा भी चलाए, तो भी वह कटकर मरते हुए अपने अंग नहीं मोड़ेगा।

रत्नसेन के कष्ट की प्रतिक्रिया पद्मावती पर हुई। उस पर विरह का शोक छाया और उसके हर्ष का सरोवर सूख गया। उसका लाल रंग सफ़ेद हो गया और वह अचेत हो गई। पद्मावती की सखियाँ उसका उपचार करने लगीं। सखियों ने उसे धैर्य बँधाया। पद्मावती ने सखियों से कहा कि विरह उसका प्राण ले रहा है, इसलिए शीघ्र हीरामन को बुलवाओ। धाय तुरंत दौड़कर हीरामन को ले लाई। पद्मावती उसके समक्ष अपनी विरह वेदना कहकर फिर अचेत हो गई। उसकी नाड़ी देखकर हीरामन ने कहा कि वह प्रेम की बेल में उलझ गई है। सचेत होकर पद्मावती ने हीरामन से प्रिय से समागम करवाने की प्रार्थना की। हीरामन ने उसको धैर्य बँधवाया और बताया कि रत्नसेन को सूली देने के लिए ले जाया गया है, इसलिए उसका कष्ट उसको महसूस हो रहा है। पद्मावती ने निश्चय किया कि वह भी रत्नसेन के साथ स्वर्ग जाएगी। तोते ने पद्मावती से कहा कि वह गुरु है और रत्नसेन उसका चेला है। रत्नसेन की कहानी सुनकर पद्मावती ने उसको 'सिद्ध हुआ' मान लिया। रत्नसेन को सभी जोगियों सहित बाँध कर वहाँ लाया गया, जहाँ सूली थी। सिंघलगढ़ के सभी लोग उसे देखने के लिए एकत्र हुए। सभी ने रत्नसेन को उसका रूप देखकर उसकी जाति और जन्म के संबंध में पूछा, लेकिन उसने कहा कि तपस्वी, जोगी और भिखारी की कोई जाति नहीं होती, इसलिए उसे शीघ्र सूली दी जाए। अंतिम समय में अपने प्रिय का स्मरण करने के निर्देश पर उसने कहा कि वह हर श्वास में उसी का स्मरण करता है। इसी समय एक दसौंधी भाट ने गंधर्वसेन के समक्ष आकर रत्नसेन को भिक्षा में कन्या देने की बात कही। उसने चेतावनी दी कि जोगी से युद्ध करने पर महाभारत मच जाएगा। उसने रावण का दृष्टांत देकर गंधर्वसेन की निंदा की। राजा ने भाट से पूछा कि यह जोगी और वह भाट है, फिर वह जोगी के साथ कैसे है। भाट ने जोगी का परिचय देते हुए कहा कि वह चित्तौड़ के चौहान राजा चित्रसेन का पराक्रमी बेटा रत्नसेन है। भाट ने कहा कि हीरामन भी चित्तौड़ गया था और उसने रत्नसेन की सेवा की है, इसलिए उससे भी पूछ लिया जाए। राजा का क्रोध शांत हुआ और उसने हीरामन को बुलवाया। हीरामन ने भाट की बात की साक्षी दी। राजा को निश्चय हो गया कि रत्नसेन चौहान राजा है। उसने रत्नसेन को छोड़ देने की आज्ञा दी। फिर एक कटहा घोड़ा लाया गया। रत्नसेन को उसकी परीक्षा लेने के लिए घोड़े पर सवार होकर उसको फिराने के लिए कहा गया। रत्नसेन ने घोड़े

को फिरा दिया, जिससे सिंघल द्वीप के छत्तीसों कुल के सभी राजकुमार उसकी सराहना करने लगे। राजा ने निश्चय कि वह पद्मिनी रत्नसेन को देगा, जिससे सभी प्रसन्न हुए। जो बाजे युद्ध के लिए लाए गए थे, वे ही अब मंगलाचार में बजने लगे।

लग्न तय हुआ और विवाह की तैयारी होने लगी। रत्नसेन को जोगी वेश उतारकर राजा के वस्त्र पहनाए गए। रत्नसेन ने बारात चढ़ाकर राजमंदिर की ओर प्रस्थान किया। बारात देखने के लिए पद्मावती धवलगृह पर चढ़ी। सखियों ने उसको उसका वर दिखाया। सखियों ने उससे कहा कि वह चाँद जैसी है और उसका वर सूर्य जैसा है। पद्मावती ने रत्नसेन को देखा, तो उसके सब अंग आनंद से भर गए और वह मूर्च्छित हो गई। सखियों ने जब उससे इसका कारण पूछा, तो उसने बताया कि वह आसन्न बिछोह से दु:खी है। गाजे-बाजे के साथ बारात चित्रसारी में उतरी। बारात को भोजन में विविध प्रकार के व्यंजन परोसे गए। विवाह के लिए सोने का मंडप लगाया गया। विवाह का मंगलाचार होने लगा- मंत्रोच्चारण हुआ, फिर रत्नसेन और पद्मावती ने एक-दूसरे के गले में वरमालाएँ डालीं और भाँवरें पड़ीं। रत्नसेन को दहेज दिया गया और गंधर्वसेन ने उसको गले से लगाकर उसका सम्मान किया। वर-वधू को रहने के लिए धवलगृह में आवास दिया गया। रत्नसेन वहाँ अपने शयनागार में आया, जहाँ नवरत्नों की सेज सजाई गई थी। धवलगृह में सात खंडों के ऊपर कैलास था और सुखवासी में सोने की शय्या थी। उसकी चारों दिशाओं में हीरे और रत्नों से जड़े खंभे लगे हुए थे। पद्मावती की गाँठ खोलकर सखियाँ उसे शृंगार के लिए अलग ले गईं। रत्नसेन दिनभर पद्मावती के लिए तपता रहा- चार प्रहर का समय उसे चार युग की तरह प्रतीत हुआ। संध्या होते ही सखियाँ आ गईं और रत्नसेन से विनोद करने लगीं। सखियों ने स्नान के बाद पद्मावती की केश सज्जा की। सखियों ने उसे बारह आभूषण पहनाए और सोलह शृंगार करवाए। सखियों ने उसके बाद उससे विनय की कि अब रत्नसेन को विलंब नहीं कराना चाहिए और जिसने उसको अपना जी दिया है, उसे भी उसको अपना जी देना चाहिए। सेज का स्मरण कर पद्मावती मन में शंकित हुई। सखियों ने उसे मर्म समझाया। पद्मावती के सौंदर्य से उसके सब उपमान परास्त हो गए। सखियाँ पद्मावती को रत्नसेन के पास लेकर आईं। पद्मावती का विलक्षण रूप-सौंदर्य देखकर रत्नसेन मूर्च्छित हो गया। सखियों ने उसे जगाया। जागकर उसने पद्मावती की बाँह पकड़ी और वह उसे सेज पर लाया। पद्मावती ने रत्नसेन को जोगी कहकर बरजा। रत्नसेन ने उससे कहा कि वह उसके कारण ही राज्य छोड़कर जोगी हुआ है और उसके रंग में रंगा हुआ है। पद्मावती ने रत्नसेन को कहा वह उसको रंगा हुआ नहीं देखती। रत्नसेन ने उत्तर दिया कि वह उसके प्रेम में पीला पड़ गया है। पद्मावती ने कहा कि जोगी छलछंदी होते हैं और जोगी, भौंरा

और भिखारी को दूर से ही प्रणाम करना चाहिए। रत्नसेन ने विश्वास दिलाया कि उसका प्रेम सच्चा है। पद्मावती ने रत्नसेन का चौपड़-पासे में युगनद्ध खेल या सुरत केलि में युगनद्ध भाव के लिए आह्वान किया। रत्नसेन ने उत्तर दिया कि वह तो सदैव के लिए उसके साथ युगनद्ध हो चुका है। पद्मावती रत्नसेन की बात सुनकर हँसी। उसने कहा कि वह निश्चय ही उसके प्रेम में रंगा हुआ है। पद्मावती ने यह भी स्वीकार किया कि दोनों ही के मन में एक-दूसरे लिए समान उत्कंठा और प्रेम है। परस्पर सत्यभाव प्रकट करने के लिए दोनों में ऐसे कंठालिंगन हुआ, जैसे सोने में सुहागा मिला हो। वैसे भी क्रीड़ा में चतुर स्त्री चित्त में ज्यादा चिपटती है। पद्मावती और रत्नसेन का सेज पर विरह संग्राम (रति युद्ध) हुआ। संग्राम में सेज टूट गई और समस्त श्रृंगार बिखर गया। पद्मावती ने रत्नसेन से प्रार्थना की कि वह प्रेम की सुरा संयत मात्रा में ही पिए। रत्नसेन ने उत्तर दिया कि जहाँ यह है, वहाँ होश कहाँ है। सुबह सखियों ने पद्मावती को जगाया और हँस-हँसकर वे उससे सुहागरात के संबंध में पूछने लगीं। पद्मावती ने अपनी पराजय मान ली। उसने कहा कि उसने अपना समस्त श्रृंगार सहर्ष प्रियतम को सौंप दिया। सखियों ने पद्मावती के सुरत चिह्न देखकर उसको छबीली कहा। सखियाँ दौड़कर पद्मावती की माता चंपावती के पास गई और पद्मावती के सुहाग मर्दन की बात उसको बताई। चंपावती सभी पद्मिनी स्त्रियों को साथ लेकर वहाँ आई, जहाँ पद्मावती थी। चंपावती ने उसके केश और माँग को चूमा। सखियों ने पद्मावती को स्नान कराया और उसके शरीर पर चंदन का लेप किया, जिससे वह फिर प्रसन्न हो गई। उसके लिए कई वस्त्र और आभूषण लाए गए। रत्नसेन भी सभा में जाकर अपने साथियों से मिला। उसने उन्हें योग छोड़कर भोग की अनुमति दी। पद्मावती ने दिन में सखियों के साथ रहस और कौतुक किया और रात्रि में रत्नसेन के साथ फिर श्रृंगार युद्ध किया। दोनों ने छह ऋतुओं- बसंत, ग्रीष्म, पावस, शरद, शिशिर और हेमंत का सुख-भोग लिया।

नागमती चित्तौड़ में रत्नसेन को स्मरण कर उसकी प्रतीक्षा कर रही थी। प्रिय वियोग में वह आकुल-व्याकुल थी। सखी ने उसे समझाया और धैर्य रखने के लिए कहा। उसने कहा कि अपने पहले प्रेम का स्मरण कर रत्नसेन उसके पास अवश्य लौटेगा। नागमती बारह महीनों के दौरान अलग-अलग तरह विरहग्रस्त रही। बारह माह तक घर में विरहग्रस्त रहने के बाद वह रत्नसेन की खोज में बाहर निकली। घर में परिजनों को पूछने के बाद वह पक्षियों से पति के समाचार पूछने लगी। उसके विरह से जंगल भी प्रभावित हुआ। नागमती को आधी रात एक पक्षी मिला, जिसको उसने अपना संदेश दिया। नागमती ने संदेश में कहा कि उसकी हड्डियाँ सूखकर किंगरी बन गई है, नसें सब ताँत हो गई हैं और शरीर के रोम-रोम से रत्नसेन की धुन

उठ रही है। रत्नसेन की माता पुत्र वियोग में अंधी और बूढ़ी हो गई। पक्षी संदेश लेकर सिंघलद्वीप की ओर चला, जिससे अग्नि उठ खड़ी हुई और सिंघल जलने लगा। पक्षी समुद्र के किनारे एक वृक्ष पर जाकर बैठा। रत्नसेन आखेट करते हुए इसी वृक्ष के नीचे अपना घोड़ा बाँधकर अकेला बैठ गया और पक्षियों की बातचीत सुनने लगा। उसने चित्तौड़ से नागमती का संदेश लेकर आए पक्षी की बात सुनी कि वह नागमती के विरह में काला हो गया है। यह सुनकर रत्नसेन ने पक्षी से पूछा कि वह कौन है और नागमती के विरह के संबंध में क्या जानता है। पक्षी ने रत्नसेन को उलाहना देते हुए कहा कि वह वाम (स्त्री) के योग में फँसकर अपनी पत्नी (दाक्षिण्य भाव) को भूल गया है। पक्षी ने उसको उसकी मरणासन्न बूढ़ी और अंधी माँ की दशा भी बताई। संदेश सुनाकर पक्षी उड़ गया। राजा उसे पुकारता रहा, लेकिन वह अलोप हो गया। राजा महल में लौटकर उदास हो गया। रत्नसेन का मन अब चित्तौड़ चला गया था। पद्मावती भी रत्नसेन को उदास देखकर उदास हो गई। रत्नसेन की यह दशा सुनकर गंधर्वसेन आया और उसने उससे उसकी इस दशा का कारण पूछा। रत्नसेन ने गंधर्वसेन की सराहना की पक्षी के संदेश की बात बताकर चित्तौड़ लौटने की आज्ञा माँगी। राजसभा ने रत्नसेन की प्रार्थना का समर्थन किया और राजा से उसे लौटने की अनुमति देने का अनुरोध किया। सभी के विचार से प्रस्थान की तैयारियाँ होने लगीं। पद्मावती ने यह सुना, तो वह धक रह गई। उसने अपनी सखियों का बुलाया और कहा कि वे उससे मिल लें, वह वहाँ जा रही है, जहाँ जाकर वापस आना नहीं होगा। यह सुनकर सखियाँ अत्यंत दु:खी हुई और उन्होंने उसको पति की आज्ञा का पालन और उसकी सेवा करने की शिक्षा दी। प्रस्थान के लिए दिशाशूल, जोगिनी चक्र और काल पर विचार किया गया।

पद्मावती की विदाई आरंभ हुई। माता-पिता और भाई के साथ नैहर सिंघल भी रो रहा था। गंधर्वसेन ने उसको दहेज में वस्त्र, माणिक्य, मोती और पद्मिनी कोटि की एक हज़ार दासियाँ दीं। रत्नसेन ने गाजे-बाजे के साथ पद्मावती को लेकर प्रस्थान किया। दहेज पाकर रत्नसेन को अभिमान हो गया। उसकी इसी दशा में समुद्र दान लेनेवाले याचक के रूप उसके सामने आकर खड़ा हो गया। उसने दान की सराहना करते हुए राजा से दहेज में प्राप्त द्रव्य का चालीसवाँ भाग दान में माँगा। राजा उस पर क्रोधित हो गया। उसने द्रव्य की सराहना की। समुद्र ने उत्तर में कहा कि धन किसी का नहीं होता, यह पिटारे में बंद साँप की तरह है। समुद्र में अंधड़ उठा, जिससे जहाज़ों की दिशा बदल गयी। विभीषण का एक केवट राक्षस मछलियों का शिकार करते हुए उनकी ओर आया। उसने रत्नसेन की सराहना की और उसकी सहायता करने का प्रस्ताव रखा। राजा ने विश्वास करके उसे अपना केवट बना लिया। राक्षस

ने अपनी सराहना की और काम के लिए दान माँगा। उसने छल करके जहाज़ों को एक भँवर में डाल दिया। राजा ने क्रोधित होकर उसे डाँटा-फटकारा, तो उसने अपना भेद खोल दिया। उसी क्षण एक राजपक्षी झपटा और राक्षस को लेकर उड़ गया। जहाज़ों के टुकड़े-टुकड़े हो गए। राजा रत्नसेन और रानी पद्मावती, दोनों लकड़ी के पट्टों को पकड़े हुए अलग-अलग मार्ग में बह गए। रानी पद्मावती मूर्च्छित अवस्था में समुद्र की बेटी लक्ष्मी के घाट पर जाकर लगी। लक्ष्मी ने बत्तीस लक्षणों वाली पद्मावती को देखकर उससे उसका नाम और धाम पूछा। पद्मावती ने सचेत होकर अपने पति के संबंध में पूछा। पति को नहीं पाकर, वह व्याकुल हो गई। उसने कहा कि उसके पति उसके हृदय में कमल की तरह हैं, फिर भी दूर हैं। पद्मावती सती होने के लिए तैयार हो गई। लक्ष्मी ने उसको समझाया कि उसका पति जीवित है और उसके पिता समुद्र उसकी खोज करेंगे। लक्ष्मी ने अपने पिता समुद्र को सारी बात बताई। समुद्र ने कहा कि रत्नसेन उसके शरीर में है और वह कल उसको पद्मावती से मिला देगा।

राजा बहता हुआ कपूर और मूँगे के एक ऊँचे पर्वत के पास जाकर लगा। वहाँ कोई नहीं था। राजा दु:खी होकर विलाप करने लगा। निराश होकर उसने सोचा कि वह किस देवता की शरण में जाए। उसने अंत में भगवान को स्मरण किया और पद्मावती से मिलवाने की विनय की। उसने कटार निकालकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसी समय समुद्र ब्राह्मण के रूप में प्रकट हुआ। उसने रत्नसेन को आत्महत्या करने से रोककर इसका कारण पूछा। रत्नसेन ने कहा कि यहाँ आकर उसने अपना द्रव्य और पद्मावती, सब खो दिया है। ब्राह्मण ने कहा इसमें दु:खी होने का कोई अर्थ नहीं है, क्योंकि जो जिसका था, उसके पास चला गया। रत्नसेन ने कहा कि वह अपनी हत्या का अपराध समुद्र के मत्थे मढ़ कर उससे झगड़ेगा। समुद्र ने उससे कहा कि प्रेम का लोभी बावला अंधा होता है। राजा समुद्र के साथ हो गया। समुद्र उसे उस घाट पर ले गया, जहाँ पद्मावती थी। उधर पति वियोग में पद्मावती सूख रही थी। लक्ष्मी पद्मावती का वेश बनाकर रत्नसेन के सम्मुख प्रस्तुत हुई। उसको देखते ही रत्नसेन ने मुँह फेर लिया। लक्ष्मी ने रत्नसेन को पद्मावती से मिलवाया। दोनों एक-दूसरे को देखकर प्रसन्न हुए। पद्मावती ने रत्नसेन के चरणों को अपने आँसुओं से धोया। दोनों ने समुद्र और लक्ष्मी से भेंट की। लक्ष्मी ने भेंट में पान का बीड़ा दिया, जिसमें उत्तम रत्न और हीरे भरे थे। उसने भेंट में पाँच विशेष रत्न भी दिए, जो असाधारण कोटि के थे। भेंट देकर लक्ष्मी और समुद्र लौट गए और रत्नसेन-पद्मावती भी जगन्नाथपुरी में आ गए। जगन्नाथपुरी में आकर राजा को महसूस हुआ कि उसकी पूँजी नष्ट हो गई है और उसकी गाँठ में कुछ नहीं रहा। पद्मावती ने लक्ष्मी के दिए

बीड़े से एक रत्न निकालकर राजा को दिया, जिससे उसके पास फिर से धन हो गया। राजा ने सेना जोड़कर अपने घर चित्तौड़गढ़ की ओर प्रस्थान किया।

राजा रत्नसेन पद्मावती सहित चित्तौड़ के निकट पहुँच गया। नागमती को किसी अदृश्य शक्ति ने राजा के आने की पूर्व सूचना दी। वह बहुत प्रसन्न हुई। तभी भाट ने आकर राजा के आगमन सूचना दी। सभी परिजन आनंदित होकर राजा के स्वागत के लिए गए। राजा ने आकर अपनी माँ से भेंट की। पद्मावती का विमान दूसरे राजमंदिर में उतारा गया। चारों और यह बात फैल गई कि राजा पद्मावती लाया है। रात में राजा नागमती के पास आया, तो वह मुँह फेरकर बैठ गई। राजा ने उसको समझाया कि वह उसकी प्रथम विवाहिता है, इसलिए उसको उससे अप्रसन्न नहीं होना चाहिए। दोनों में मान और प्रेम की बातें हुईं। सुबह रत्नसेन पद्मावती के पास गया। पद्मावती ने उसे उलाहना दिया। राजा ने उसे विश्वास दिलाया कि वह उसकी जीव और प्राण है और उसके हृदय में कमल होकर बसी हुई है। नागमती सखियों के साथ अपनी फुलवारी में क्रीड़ा करने लगी। दूतियों ने पद्मावती के पास जाकर फुलवारी की ब्याज स्तुति (निंदा) की। यह सुनकर पद्मावती ने भी वहाँ पहुँचकर फुलवारी की ब्याज स्तुति (निंदा) की। नागमती ने इसका उत्तर दिया। पद्मावती ने फुलवारी की त्रुटियाँ बताकर इसका कारण पूछा, तो उत्तर में नागमती ने उस पर कटाक्ष किया। पद्मावती ने कहा कि वह अपने प्रियतम की प्यारी है। नागमती ने कहा कि राजा की सच्ची रानी तो वही है, पद्मावती तो जोगी की स्त्री है। पद्मावती ने नागमती को विषभरी काली नागिन या अँधेरी रात कहा। नागमती ने क्रोध में जलकर पद्मावती को कहा कि पति के कारण तेरी जीत हुई है। पद्मावती ने उत्तर दिया कि वह अपने रूप से सबको जीत चुकी है। नागमती ने अपने को शक्तिशाली बताकर कहा कि उसके लिए पद्मावती की मृत्यु खेल की तरह है। क्रोध में दोनों एक-दूसरे से भिड़ गईं। राजा के पास उसकी सूचना पहुँची, तो वह आया और उसने दोनों को समझाया कि तुम दोनों गंगा-जमुना के समान हो और तुम दोनों का संगम लिखा है।

राघवचेतन विद्वान् और चौदह विद्याओं का ज्ञाता था। वह राजा रत्नसेन का कृपापात्र बन गया। दोयज तिथि के संबंध में राघवचेतन और दरबार के पंडितों में मतभेद हो गया। पंडितों के दोयज कल होने के बात सही निकली। राजा इससे अप्रसन्न हो गया और उसने रत्नसेन को देश निकाला दे दिया। पद्मावती ने जब यह सुना, तो वह चिंतित हुई। उसने राघवचेतन को बुलवाया। वह झरोखे में आई और उसने अपना एक कंगन दान में राघवचेतन को दिया। पद्मावती के रूप-सौंदर्य को देखकर राघवचेतन अचेत हो गया। उसका शरीर विष से प्रभावित शरीर जैसा हो गया। उसका चित्त आकुल-व्याकुल था। पद्मावती की सखियों ने उसको समझाया। राघवचेतन सचेत

हुआ और उसने निश्चय किया कि वह दिल्ली जाकर अलाउद्दीन ख़लजी के पास पद्मावती के रूप की बात पहुँचाएगा। राघवचेतन चित्तौड़ से प्रस्थान कर दिल्ली पहुँचा। अलाउद्दीन ख़लजी के यहाँ पहुँचकर उसने वहाँ का वैभव देखा। शाह ने ब्राह्मण का आगमन सुनकर उसको बुलवाया। उसने बादशाह को सिर झुकाकर आशीर्वाद दिया। उसके हाथ में कंगन देखकर शाह ने उसके संबंध में पूछा। राघवचेतन ने पद्मावती के रूप-सौंदर्य की चर्चा करते हुए कहा कि वह सारे संसार की मणि है और यह कंगन उसे उसी ने दिया है। शाह ने कहा कि पद्मिनी स्त्रियाँ तो उसके महल में हैं। राघव ने उत्तर दिया कि ऐसी पद्मिनी स्त्री, जिसके चारों भँवरे फिरते हों, शाह के महल में नहीं है। यह कहकर उसने हस्तिनी, शंखिनी, चित्रिणी और पद्मिनी स्त्रियों के लक्षण और गुण बताए। उसने इसके बाद उसने चित्तौड़ की पद्मिनी का नखशिख वर्णन शुरू किया और कहा कि वह उसके रूप से आहत हो गया है। उसने पद्मिनी की वेणी, माँग, ललाट, भौंह, नेत्र, नासिका, अधर, दाँत, रसना, कान, कपोल, ग्रीवा, भुजाएँ, स्तन और कटि और उनकी सुकुमारता का वर्णन किया। वर्णन सुनकर शाह मूर्च्छित हो गया। उसने निश्चय किया कि वह पद्मिनी प्राप्त करेगा। उसने राघवचेतन का धन, मणि-माणक और आजीविका देकर सम्मान किया। उसने शक्तिशाली सुरजा को पत्र देकर चित्तौड़ भेजा। पत्र में उसने लिखा कि सिंघल की पद्मिनी, जो रत्नसेन के पास है, उसे शीघ्र वह अपने यहाँ चाहता है।

पत्र सुनकर रत्नसेन क्रोध में जल उठा। उसने कहा कि शाह बड़ा है, लेकिन उसकी यह माँग अनुचित है। सरजा ने राजा को शांत रहने के लिए कहा, लेकिन राजा ने स्पष्ट कहा कि पद्मावती की माँग से भीषण युद्ध होगा, अन्यथा वह शाह की सेवा के लिए तैयार है। सरजा ने शाह की शक्ति का बखान किया। उसने कहा कि शाह ने उदयगिरी को जीता और देवागिरी को जीतकर वहाँ की राजकुमारी छिताई ले ली। राजा ने कहा कि शाह से जाकर कहो कि वह मरने के लिए नहीं दौड़े, नहीं तो उसकी भी वही गति होगी, जो सिकंदर की हुई थी। सरजा दिल्ली लौट गया। रत्नसेन का उत्तर सुनकर शाह क्रोधित हुआ। उसने पत्र भेजकर सभी अमीर-उमरा बुलाए और युद्ध की घोषणा कर दी। युद्ध के बड़े नगाड़े पर चोट पड़ते ही इंद्र डर गया, मेरू डगमगाया और शेषनाग अँगड़ाई लेने लगा। शाह की अश्वसेना ने प्रस्थान किया। सेना के हाथी भी चले। कई देशों के सैन्य दल शाह की सहायता के लिए आए। शाही सैनिक वीर वेश धारण किए हुए थे। शाही सेना के कूच करने से गढ़ हिल उठे और गढ़पति काँप गए। शाह की चढ़ाई की ख़बर पाकर रत्नसेन ने भी हिंदू राजाओं को अपने साथ आने के लिए पत्र भेजे। रत्नसेन ने अपना सैन्यदल तैयार किया। तोमर, बैस, पँवार, गहलोत, खत्री, पंचबान, बघेल, अगरवार, चौहान, चंदेल,

गड़हवाल और प्रतिहार- सभी राजा एकत्र हुए। चित्तौड़गढ़ में युद्ध की सभी सामग्री का संचय किया गया। बादशाह ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण का आदेश दिया। नब्बे लाख सवारों के साथ उसने चढ़ाई की। तोपें भी साथ में चलीं, जिनके मुँह में गोले रखे हुए थे। तोपों से भीषण विनाश हुआ। सैनिकों के कूच से इतनी धूल उड़ी कि दिन में रात जैसा अँधेरा छा गया। राजा, राव और रानियों ने गढ़ के ऊपर से शाह सेना का कूच देखा। राजा ने मंत्रणा की और निश्चय किया कि अब मरने के लिए युद्ध करना है। उसकी आज्ञा पाकर सैना तैयार हो गई। उसकी सेना के ऊँचे घोड़े और हाथी देखने में मेघ लगते थे। सेना में रथ, ध्वजा आदि को यथास्थान रखा गया। शाह और रत्नसेन की सेनाएँ एक-दूसरे से भिड़ गईं। हाथी, हाथियों से भिडकर ऐसे गरजते थे मानो पर्वत से पर्वत टकराते हों। पैदल सैनाएँ भी एक-दूसरे से जूझने लगीं। ऐसा संग्राम हुआ, जैसा पहले कभी नहीं हुआ। युद्धभूमि में मांस खानेवाले भूत-प्रेत आदि एकत्र हो गए। शाह ने सामने से हाथियों से और पार्श्व में पैदल सेना से आक्रमण किया। रत्नसेन ने निश्चय किया कि दुर्ग से बाहर मैदान में लड़ना उसके लिए हितकार नहीं है, इसलिए वह दुर्ग में चला गया। राजा के दुर्ग में चले जाने पर शाही सेना ने फैलकर दुर्ग को घेर लिया। रात में शाही सेना दुर्ग पर अग्नि वर्षा की और दिन में उस पर निरंतर बाण चलाए। शाही सेना की बारूद की सुरंग और तोपों की मार से गढ़ का कोट टूट गया। रात्रि होते ही राजा ने कोट की मरम्मत करवा दी। गढ़ के ऊपर से शाही सेना और तोपों पर पत्थर के गोले बरसने लगे।

राजा रत्नसेन ने जहाँ, शाह ठहरा हुआ था, उसके सामने दुर्ग में अखाड़े और नृत्य का आयोजन किया। शाह के आदेश पर बाण चलाए गए, जो कोई कहीं, तो कोई कहीं लगा। कन्नोज के राजा मलिक जहाँगीर का बाण नर्तकी को लगा और वह धराशायी हो गई। शाह ने गढ़ के चारों ओर बाँध बाँधना शुरू किया। राजा रत्नसेन ने सभा में मंत्रणा की और जौहर का निश्चय किया। आठ वर्ष दुर्ग घिरा रहा। शाह ने आकर जो बगीचे लगाए, वे फल गए और झर गए, पर गढ़ नहीं लिया जा सका। अंततः शाह ने राजा को सम्मान देकर परास्त करने की बात सोची। उसने सरजा के साथ यह संदेश गढ़ में भेजा कि वह पद्मावती नहीं लेगा, यदि रत्नसेन समुद्र से मिले पाँच रत्न उसको दे दे। सरजा ने गढ़ में जाकर राजा से कहा कि यह बात मान लो और सिर नवाकर शाह की सेवा करो। राजा ने अपने साका करने के निश्चय के संबंध में बताया। राजा रत्नसेन सरजा की मीठी बातों में आ गया और पाँच रत्न और अपने भंडार की सामग्री देने की बात उसने स्वीकार कर ली। सरजा दूतों को लेकर शाह के पास गया। अधीनता नहीं स्वीकार करनेवाले राजाओं के प्रति शाह ने तिरस्कारपूर्ण बातें कहीं। दूतों से शाह के गढ़ में आगमन की सूचना मिलने पर

राजा ने रसोई तैयार करने का आदेश दिया। कई तरह सामिष और निरामिष व्यंजन तैयार किए गए, तरकारियाँ और मिठाइयाँ बनाई गईं। सभी रसोई करने में पानी की सहायता ली गई, क्योंकि पानी सबका मूल है। सवेरा होते ही शाह चित्तौड़गढ़ देखने आया। सरजा और राघवचेतन उसके साथ थे। गढ़ का द्वार खोल दिया गया, जिसमें शाह प्रविष्ट हुआ। शाह ने ऊपर चढ़कर गढ़ देखा और वहाँ की सामग्री और सज्जा देखकर आश्चर्यचकित रह गया। शाह ने गढ़ की बस्ती देखी। देखते हुए शाह वहाँ पहुँचा, जहाँ पद्मावती का महल था। सात दरवाज़े लाँघकर शाह बसंती फुलवारी में पहुँचा। वहाँ शाह अपने लिए बिछाए हुए आसन पर बैठ गया, लेकिन उसका मन वहाँ था, जहाँ पद्मावती थी। रानी पद्मावती धवलगृह के ऊपरी भाग में सखियों के साथ बैठी हुई थी। शाह के स्वागत में कई तरह के नृत्य–नाटक और गायन के आयोजन हुए, लेकिन उसको यह सब बखेड़ा लग रहा था। उसका ध्यान तो पद्मावती में था।

रत्नसेन के विश्वस्त गोरा और बादल ने उससे प्रस्ताव किया कि शाह को छल से बंदी बना लिया जाए। राजा को यह बात अच्छी नही लगी– उसने भलाई की नीति पर रहने का आग्रह किया। राजा की 1600 दासियों में से, जो चौरासी दासियाँ शृंगार कर शाह की सेवा में लगी हुई थीं, उनको देखकर शाह ने राघव से पूछा कि इनमें से पद्मावती कौन है। राघव ने कहा कि नीची दृष्टि किए बिना उसे पद्मावती के दर्शन नहीं होंगे। दासियों ने शाह को भोजन परोसा, लेकिन उसकी रुचि इसमें नहीं थी। वह तो पद्मावती पर आसक्त था। भोजन के बाद दासियों ने उसके हाथ धुलवाए। भोजन ख़त्म हुआ, तो राजा ने सौ थालों में भरकर अमूल्य रत्न शाह को भेंट किए और उससे कृपा की प्रार्थना की। शाह ने उस पर कृपा करने का आश्वासन दिया। उसने उसको मांडवगढ़ दिया। राजा प्रसन्न हो गया और दोनों शतरंज खेलने लगे। शाह ने वहाँ अपने पाँवों की तरफ़ दर्पण रख लिया। उसे आशा थी कि पद्मावती जब खेल देखने झरोखे में आएगी, तब वह उसको देख पाएगा। दासियों ने पद्मावती से आग्रह किया कि वह एक बार शाह को देख ले। पद्मावती ने झरोखे में आकर जैसे ही नीचे देखा, दर्पण में शाह ने उसे देख लिया। वह बेहोश हो गया। राघवचेतन ने यह कहकर कि शाह को सुपारी लग गई है, उसको शय्या पर सुला दिया। शाह रात बीतने पर सुबह जब उठा, तो उसके पास पद्मावती नहीं थी, लेकिन उसकी सुंदरता उसके मन में बसी हुई थी। राघवचेतन ने शाह से विलंब से जागने का कारण पूछा, तो शाह ने कहा रात्रि में जो उसने देखा उससे उसको राहु का ग्रास लग गया है। राघव ने कहा कि शाह ने निश्चय ही पद्मावती के दर्शन किए हैं। शाह ने विमान में बैठकर प्रस्थान किया। शाह की कृपा की बातें सुनकर राजा फूल गया। धोखे में वह भी शाह को छोड़ने के लिए उसके साथ चला। शाह ने स्नेह प्रकट करते हुए राजा

का कंधा पकड़ लिया। गढ़ से बाहर निकलते ही उसने राजा को बंदी बना लिया। उसको अपने यहाँ लाकर लोहे की हथकड़ी और बेड़ी पहना दी। यह समाचार सुनकर चित्तौड़गढ़ में भगदड़ और खलबली मच गई। शाह राजा को बंदी बनाकर दिल्ली लौट गया। बंदीगृह में राजा को कई यंत्रणाएँ दी गईं। दो व्यक्ति पूछताछ के लिए आए-उन्होंने अधिक यंत्रणा का भय दिखाकर राजा से प्रश्न किए। राजा ने कोई उत्तर नहीं दिया। राजा को यंत्रणाएँ दी गईं- उसके शरीर को गरम संडासियों से दागा गया। राजा के बिना पद्मावती ऐसे दुःखी हुई जैसे कमल की बैल जल के बिना सूखने लगती है। वह विरह में जलने लगी।

कुम्भलनेर का राजा देवपाल रत्नसेन का शत्रु था। जब उसने सुना कि रत्नसेन बंदी हो गया है, तो उसने छल से पद्मावती को पाने की योजना बनाई। उसने इसके लिए ब्राह्मण जाति की कुमुदिनी नामक बूढ़ी दूती को पद्मावती के पास भेजा। कुमुदिनी कई तरह की उपहार सामग्री लेकर पद्मावती के पास गई और उसने अपने को उसकी धाय बताया। पीहर से कोई आया है, यह जानकर पद्मावती ने उसके गले लगकर विलाप किया। दूती ने उसके प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की, लेकिन पद्मावती ने उसके उपहारों को छूकर भी नहीं देखा। दूती ने रात्रि में भोग और श्रृंगार की बात चलाकर पद्मावती से जब तक यौवन है उसका भोग करने के लिए कहा। पद्मावती ने उससे कहा कि उसका श्रृंगार तो पति के साथ ही चला गया। दूती ने कहा कि यौवन अस्थिर है, इसलिए उसका जितना भोग किया जाए, उतना ही लाभ है। पद्मावती उससे क्षुब्ध हुई और उसने कहा कि वह अपना छोड़कर पराए की तरफ़ नहीं झुकेगी और एक आसन पर दो राजा नहीं हो सकते। दूती ने उससे कहा कि वह रसोई किस काम की, जिसमें दूसरे प्रकार के पदार्थ न हो और भौंरा तो अनेक फूलों की गंध लेता ही है। पद्मावती ने कुमुदिनी को फटकारते हुए कहा कि वह धाय नहीं, उसकी बैरिन है और वहाँ उसके मुँह पर कालिख पोतने आई है। दूती ने कहा कि कालिख (काजल) भी श्रृंगार है और राजा देवपाल तो शोभावर्धक स्याही (कालिख) है। देवपाल का नाम सुनते ही पद्मावती ने आँखे तरेर कर कहा कि वह उसके प्रियतम का शत्रु है। पद्मावती के संकेत पर दासियों ने दूती को पीटकर राजद्वार से बाहर निकाल दिया।

पद्मावती ने रत्नसेन की मुक्ति के लिए धर्मसत्र (दान-पुण्य) शुरू किया, यह जानकर बादशाह ने एक पातुर (वेश्या) को जोगिन के रूप में चित्तौड़गढ़ भेजा। वह भिक्षा माँगती हुई राजद्वार पर आई। पद्मावती के पूछने पर उसने बताया कि पति वियोग में उसने जोगिन का भेष ले लिया है और वह जगह-जगह जाकर अपने प्रियतम को खोज रही है। उसने कहा कि उसने दिल्ली में रत्नसेन को बंदी और यातना पाते

हुए देखा है। पद्मावती ने जोगिन से अनुरोध किया कि वह उसको भी अपनी चेली बना ले। सखियों ने पद्मावती को प्रियतम को पाने के लिए जोगिन का बाहरी स्वांग करने से मना किया। उन्होंने उसको रत्नसेन की मुक्ति के लिए गोरा-बादल के पास जाने के लिए कहा। सखियों की बात मानकर पद्मावती गोरा-बादल के पास गई। उसको देखकर दोनों योद्धा बाहर आए और कहा कि उनके प्राण पद्मावती के कार्य के लिए है। पद्मावती ने रोकर अपने सब समाचार गोरा-बादल को सुनाए। उसने रत्नसेन को मुक्त करवाने अपने निश्चय के संबंध में उनको बताया। गोरा-बादल, दोनों ही उसकी व्यथा सुनकर पसीज गए। उन्होंने रत्नसेन को छुड़ाने का प्रण किया। पद्मावती ने दोनों को यह कार्य करने के लिए पान का बीड़ा दिया और कहा कि जैसे हनुमान ने राम को बंधन से छुड़ाया था, वैसे ही तुम राजा को छुड़ाकर हम दोनों को मिलाओगे। गोरा और बादल ने बीड़ा ले लिया। पद्मावती उत्साहित मन के साथ अपने महल में आ गई। उसके जाने बाद बादल की माता यशोवती ने आकर उसके पैर पकड़ लिए। उसने उसको समझाया कि वह अभी बालक है और शाह बहुत शक्तिशाली है। वह पृथ्वीपति है और उसकी सेना में छत्तीस लाख घोड़े और बीस हज़ार हाथी हैं, इसलिए उसके साथ वह युद्ध नहीं कर पाएगा। बादल ने कहा कि वह बालक नहीं है और पाताल में भी प्रवेश कर राजा को छुड़ाएगा। बादल ने जैसे ही युद्ध की तैयारी की कि उसका गौना आ पहुँचा। उसकी नववधू ने उससे घर पर ही रहने का आग्रह किया। उसने उसके पैरों में पड़कर विनय की कि वह आज ही गौने आई है, इसलिए वह रण में नहीं जाए। उसने शृंगार को ही वीर रस के रूप में पति के सामने रखा, लेकिन बादल नहीं पसीजा, वह अपने निश्चय पर क़ायम रहा।

गोरा और बादल ने रत्नसेन को मुक्त करवाने के लिए मंत्रणा की। सोलह सौ चंडोल (पालकियाँ) तैयार किए गए, जिनमें शस्त्र सज्जित राजपूत सरदारों का बैठाया गया। पद्मावती के नाम से एक विमान तैयार कराया गया, लेकिन उसके भीतर एक लौहार बैठाया गया। यह प्रचारित किया गया कि इसमें पद्मावती है और वह अपने को बंधक रखकर राजा को छुड़ाने के लिए सखियों सहित जा रही है। चंडोल रवाना किए गए और उनके साथ गोरा-बादल भी चले। गोरा ने दिल्ली पहुँचकर बंदीगृह के प्रभारी को दस लाख रुपए की घूस देकर उससे प्रार्थना की कि वह बादशाह को जाकर कहे कि रानी चित्तौड़ के दुर्ग की कुंजी रत्नसेन को सौंपकर आपके महल में आना चाहती है, इसलिए उसे एक घड़ी रत्नसेन से मिलने की आज्ञा दी जाए। प्रभारी ने ऐसा ही किया। शाह ने आज्ञा दे दी। पद्मावती का विमान वहाँ आया, जहाँ राजा बंदी था। विमान से निकलकर लोहार ने राजा के बंधन काट दिए। राजा घोड़े

पर चढ़ा, गोरा-बादल ने तलवारें निकाल लीं और वे सरदारों सहित वहाँ से चित्तौड़गढ़ की ओर चल दिए। बादशाह के पास जब यह सूचना पहुँची, तो उसने चढ़ाई कर दी। बादल ने गोरा से कहा कि वह शाह की सेना को रोकेगा, तब तक गोरा राजा को ले जाए। गोरा ने कहा कि वह अपनी उम्र पूरी कर चुका है और सभी भोग भी भोग चुका है, इसलिए बादल राजा को ले जाए, वह शाह की सेना से जूझेगा। गोरा राजा को बादल के साथ रवाना कर स्वयं शाह की सेना से भिड़ गया। उसने गर्जना कर कहा कि वह युद्ध को चौगान के खेल की तरह खेलेगा। जैसे घटाएँ उमड़ती हैं, वैसे सेनाएँ एकत्र हुईं। तलवारें चमकने लगीं और बाणों की झड़ी लग गई। गोरा ने युद्धभूमि में अंगद की तरह पाँव जमा दिए। शाही सेना का सेलों से एक साथ घनघोर धावा हुआ और इधर गोरा ने भी अपना हाथी पेल दिया। एक घड़ी तक युद्ध होता रहा और जितने भी सरदार थे वे सब काम आए। गोरा अकेला रह गया। वह बहुत देर तक अकेला ही जूझता रहा। शाह की आज्ञा पर शाही सेना ने गोरा को घेर लिया। वीर सरजा ने साँगी भारी, जो गोरा के पेट में घुस गई। फिर उसने ज़ोर लगाकर उसको खींचा, जिससे गोरा की आँतें धरती पर आ गिरीं। गोरा सिंह के समान झपटा और तलवार से उसने सरजा पर वार किया, जो उसकी साँगी पर लगा। गोरा ने उसके फ़ौलादी टोप और गर्दन पर वार किए, लेकिन वह बच गया। सरजा ने क्रोधित होकर गुर्ज चलाई, जिससे गोरा के शरीर का पंजर टूट गया और उसका सिर टूटकर चूर हो गया। गोरा का रणभूमि में अंत हुआ। बादल राजा को लेकर बढ़ गया और चित्तौड़ के निकट पहुँच गया।

रत्नसेन की मुक्ति और आगमन का समाचार सुनकर पद्मावती बहुत प्रसन्न हुई। राजा के स्वागत के लिए सेना चली। राजमंदिर में सिंहासन सजाया गया और बधाई के बाजे बनने लगे। पद्मावती ने सभी रानियों और सखियों के साथ प्रियतम का स्वागत किया। राजा के चरण स्पर्श करने के बाद पद्मावती ने बादल की आरती की। गाजे-बाजे के साथ रत्नसेन आकर सिंहासन पर बैठा। रात्रि को क्रीड़ा के बाद राजा ने कारागार में दी गई यातनाओं के संबंध में पद्मावती को बताया। उसने कहा कि उससे मिलने की आशा में ही उसके प्राण शेष हैं। पद्मावती ने अपने वियोग के संबंध में रत्नसेन को बताया और कहा कि किस तरह देवपाल ने छल से दूती भेजकर उसको लुभाने की कोशिश की। देवपाल की इस चाल से राजा को बहुत वेदना हुई। उसने कोप कर देवपाल को पकड़कर लाने का निश्चय किया। उसे रातभर नींद नहीं आई। सुबह होते ही उसने कुंभलनेर को घेर लिया। दोनों आमने-सामने होकर लड़ने लगे। देवपाल ने विष बुझी हुई सांगी फेंकी, जो रत्नसेन की नाभि को बेधती हुए उसकी पीठ में निकल गई। राजा ने भी उस पर प्रहार किया, जिससे उसकी गर्दन टूट गई

और धड़ अलग जा गिरा। रत्नसेन जीवित लौटा, लेकिन उसका आयुबल क्षीण हो चुका था। उसको खाट पर डालकर घर लाया गया। उसने अपने पीछे दुर्ग बादल को सौंप दिया और फिर उसके प्राण निकल गए। पद्मावती ने नई साड़ी पहनकर सती वेष धारण किया। पद्मावती और नागमती, दोनों रानियाँ राजा के शव के साथ विमान में बैठ गईं। चिता सजाई गई और दान-पुण्य किया गया। अर्थी चिता पर रखी गई। दोनों रानियाँ प्रियतम को कंठ से लगाकर चिता पर लेट गईं। उन्होंने कहा कि वे और रत्नसेन, दोनों लोकों में साथ निभाएँगे। पति का कंठालिंगन कर दोनों रानियों ने आग लगाई और वे जलकर राख हो गईं। वे जब तक सती हुईं, तब तक बादशाह ने आकर दुर्ग को घेर लिया। उसको वहाँ पहुँचकर जब सब हाल मालूम हुआ, तो उसने कहा कि रात-दिन, जिसको रोका था, वही हो गया। उसने एक मुट्ठी राख उठाई और 'यह पृथ्वी झूठी है' कहते हुए हवा में उड़ा दी। शाह की सेना ने दुर्ग पर आक्रमण किया। बादल आगे बढ़कर सामना करते हुए काम आया। स्त्रियों ने जौहर कर लिया और पुरुष लड़ते हुए मृत्यु को प्राप्त हुए। बादशाह ने गढ़ ध्वस्त कर दिया और चित्तौड़ इस्लाम के अधीन हो गया।

परिशिष्ट

शब्दार्थ सूची

शब्दार्थ सूची

1. यहाँ संकलित शब्दों में कहीं-कही एक ही शब्द एकाधिक रूपांतर में है। संस्कृत के समानांतर विकसित देशभाषाओं में यह प्रवृत्ति मिलती है।
2. यहाँ संकलित शब्दों में से कुछ में 'ख' को 'ष' की तरह लिखा गया है। यह उपलब्ध मूल पाठ के अनुसार है। यह प्रवृत्ति ख़ासतौर पर मध्यकालीन डिंगल और राजस्थानी में मिलती है।
3. प्राकृत, अपभ्रंश और परवर्ती देशभाषाएँ बहुत हद तक संयोगात्मक थीं, इसलिए यहाँ संकलित शब्दों में से कुछ में विभक्ति संयुक्त है।

अंखित्रय = त्रिनयन, शिव
अंजस = गर्व
अंतेवर = अंत:पुर
अंदर = इंद्र
अंबषास = दरबार
अंबारी = हाथी के ऊपर बैठने का स्थान
अंभै = आकाश
अउरति = औरत
अओसर = अवसर
अकतीयार = अख़्तियार, विश्वास
अकलि = अक्ल
अक्यारथ = अकारथ, व्यर्थ
अखौ = देखा
अगंजित = अपराजेय
अघेरा = आगे
अचरिज = आश्चर्य
अच्छाहु = उत्साह
अजूआलउ = उजाला
अझलखउ = उत्तेजित
अटकळी = अनुमान
अटवी = वन
अडीलो = पीछे पाँव नहीं देने वाला, हठीला
अडउ = टेक, सहारा
अणख = ईर्ष्या, क्रोध, नाराज़गी
अणजाणिउ = अनजान
अणदोह = दु:ख, उदास
अणरुचति = अच्छी नहीं लगनेवाली
अणसरउं = अनुपालना करूँ
अणियाले = तीक्ष्ण
अणुहारि = के समान
अतनु = कामदेव
अतर = इत्र
अथग = स्थिर

अथाग = अथाह, गहरा, सीमा रहित, असीम
अध = नीचे
अनइ = और
अनड़ = नहीं झुकनेवाला
अनतो = नि:शंक
अनम्म = अनम्य
अनिरुत्ती = अनुरक्त
अनुक्रमें = क्रमशः
अनेसो = अंदेशा, आशंका
अन्याम = ईनाम
अपछर = अप्सरा
अपूठ्ठ = उल्टा, पीठ करके
अप्पी = दी
अबीह = निर्भय
अभयो = निर्भय
अमनें = मुझे
अमरस = अप्रसन्न, नाराज़
अमलह = अमल, अफीम
अमहलि = अंत:पुर
अमास = आवास
अमीणो = हमारा
अमोषो = सौभाग्य
अरग = अर्क
अरदास = विनय, प्रार्थना
अर्क = सूर्य
अलघो = दूर
अलूणी = नमक रहित
अलोपी = लुप्त, गायब
अवधारि = विचार करो
अवरत = औरत
अवलीबाण = शक्तिशाली
अवल्लं = प्रथम श्रेणी

अवसाण = अवसर
अविमासी = बिना विचार किए
अवेस = अवश्य
अवैधूत = अवधूत, एकलिंगनाथ
अव्वली = प्रमुख
अषियात = ख्याति
असतरी = स्त्री
असपति = बादशाह
अहिनाँण = पहचान, लक्षण
अहिबात = सौभाग्य
अहोनिश =अहर्निश, रात दिन
आंगम्यो = अंगीकृत
आंणी = लायी
आइस = आज्ञा, आदेश
आई = आयु
आकंख = तुलना
आखता = अधीर, जल्दी
आखा = अक्षत, चावल
आगमी = आगे बढ़ना
आगलि = आगे, सामने
आगलि = सामने
आगूवांणे = अग्रणी, नेतृत्व
आघा = आगे
आघुं = आराधना
आजीजी = अत्यधिक विनयपूर्ण प्रार्थना
आटइ = आटा
आटोप = सबसे ऊपर, शिखर पर
आठमी = आठवीं
आडंग = उमस, ताप
आडउ = बीच में, बाधा स्वरूप
आडी = ज़िद
आड़ी = तरफ़

आणिंद्यो = आनंदित हुआ
आणो = लाओ
आथमणी = पश्चिम
आन = अन्य
आफताब = सूर्य
आफलइ = परेशान होना
आभ = आकाश
आमण-दूमणी = आकुल-व्याकुल
आमतं = आया हूँ
आमो-सामो = आमने-सामने
आरति = दुःख, कष्ट
आरी = सहमत
आलसुआ = आलसी
आलि = ज़िद
आलोच = विचार
आलोचह = विचार, निर्णय
आलोची = विचार करके
आसंग = सामर्थ्य
आसंगाइत = पास बैठकर
आसिखा = आशीर्वाद
आसे = पसंद अच्छा
आहड़ूं = अधिकार करूँगा
आहिठाण = स्थान
इतवार = एतबार, विश्वास
इलगार = यलगार, आक्रमण
इला = पृथ्वी
उंडी = गहरी
उकत्त = उक्ति, कथन
उगमणी = पूर्व
उचरि = बोला, उच्चरित किया
उचाट = उदास, अन्यमनस्क
उछब = उत्सव
उजावाल्या = उज्ज्वल कर दिया
उजास = उजाला
उडगनि = नक्षत्र, तारे
उताप = चिंता, दुःख
उत्तंभ = सहारा देने वाला
उदक = जल
उदवास = मृदुल जल में निवास
उद्योत = प्रकाशित होने पर
उद्ध = ऊपर
उपंग = कमर
उपाडंत = उखाड़ते हुए
उबी = वह भी
उबेल = उद्धार
उरस्स = ऊँचा, आसमान
उलही = उल्लसित हो कर
उवरी = निर्वाह
उवारइ = रखे
उवेखस्युं = देखूँगी
उवेलई = उद्धार करूँ
उवेळतां = बचाते हुए
ऊंडा = गंभीर
ऊकळते = उबलते हुए
ऊखाणु = ओखाणा, लोकोक्ति
ऊखाणो = लोकोक्ति
ऊगरउ = जुगाली
ऊचाट = अन्यमनस्क
ऊछंछल =अति उत्साह
ऊछौंछला = उत्साहित, प्रसन्न
ऊथापे = उखाड़कर
ऊधाँण = थपेड़े, प्रहार
ऊपड़ो = प्रस्थान करवाओ, भेज दो
ऊपना = उत्पन्न हुए

ऊपनो = उत्पन्न हुआ
ऊपाडउ = उखाड़ दो
ऊपाड़े = उखाड़े
ऊभउ = खड़ा
ऊभां = खड़े हुए
ऊभो = खड़ा
ऊमही = उल्लसित होकर
ऊम्हयो = उत्साहित हुआ
ऊरण = उऋण, ऋण मुक्त
ऊरियो = डाल दिया, झोंक दिया
ऊळसे = उल्लसित
ऊससी = उत्साह
ऊससी = उसका
एँवडा = इतने
एकटा = एकत्र
एकलमल = एकाकी, अकेला
एकवीस = इक्कीस
एतला = इतने
एम = इस प्रकार से
एरंडकाकड़ी = पपीता
एरापति = ऐरावत (इंद्र का हाथी)
एवडुउ = शीघ्रता
एहनी = इसकी
ऐराक = इराकी
ओंछंछळी = कम
ओगणीस = उन्नीस
ओछाड = आच्छादन, ओढ़ाया हुआ वस्त्र
ओझर = आमाशय
ओठंभ = शरण
ओडे = शरण स्थल
ओतापु = ज्वर
ओलंबो = उलाहना, उपालंभ
ओलु = याद
ओसीसें = तकिया
कंधर = स्कंध
कंधाल = पराक्रमी
कंस = काँसा
कईलास = कैलाश
कओल = कोल, प्रतिज्ञा
कचोला = कटोरा
कचोळी = कटोरी
कटक = सेना
कठ मंदिर = काष्ठ मंदिर, चिता
कठे = कहाँ
कठेई = कहीं पर
कठेक = कहीं-कहीं
कढावुं = निकलवा लूँ
कणयंगि = कनकांगी
कणयर कंब = कनेर की टहनी
कमंध = धड़
कमधज = कमध्वज, राठौड़
करड़ा = कठोर
करभु = कच्छप
करम-करम = क्रमशः
करवर = तलवार
करारी = तेज
करिवार = तलवार
कलकली = किलकिलाहट
कलमले = व्याकुल रहने लगा
कल्लोल = प्रसन्न
कल्लोले = लहरें
कळमली = व्याकुल
कवल्ल = कंबल

कविलास = कैलाश
कसठ अठुवास = एक सौ आठ
कसबो = ख़ुशबू
कसबोया = इत्र
कसाउ = कड़वा
कसूबो = पानी में भीगा हुआ अफीम
काँणि = कमी, ग़लती, त्रुटि
कांगरे = कंगूरे, बुर्ज
कांन = कृष्ण
काईर = कायर
काक = कौए
काकड़ = जंगल
कागल = कागज, पत्र
कागला = कौआ
काचा = कच्चे
कादो = कीचड़
कापड़ियो = कार्पटिक, साधु
कामिणा = कामना
कालज्यो = कलेजा
कास कट जावे = समस्या का निवारण हो जाए
कासीद = पत्रवाहक
कासो = भोजन लगी हुई थाली
किंशुक = केशू
किना = या, अथवा
किलउ = युद्ध लड़ते हुए मर जाना
किलान = युद्ध
कीम्या = कीमा (मांस के हड्डीरहित छोटे टुकड़े)
कीरु = तोता
कुंत = भाला, सेल
कुआर = कुमार
कुटका = टुकड़े
कुड दीदो = गिरा दिया
कुदाल = कुदाली
कुरखे = अनबन, नाराज़गी
कुसटे = ठिठुरन, ठंड
कूकस = भूसा
कूकस = भूसा
कूच = प्रस्थान
कूड = झूठ, धोखा, छद्म
कृसु = कृश, दुबला
केकाण = घोड़े
केड़े = बाद में
केळवस्यूं = कहूँगा
केहरिलंकी = सिंह जैसी पतली कमर वाली
कोकण = भाला
कोका = बुलावा
कोट = दुर्ग
कोड़ाकोड़ि = करोड़
कोथली = थैली
कोपाटोप = अत्यधिक क्रुद्ध होकर
कोपीयो = क्रोध किया
क्राटी = शक्ति
क्रोड = करोड़
खंचे = रुके
खंदार = कंधार
खत्री = क्षत्रिय
खलभल्या = विचलित हुए
खवास = सेवक
खांड = शक्कर
खिति-पुडि = संपूर्ण पृथ्वी
खित्रवट =क्षत्रियत्व
खीलिउ = कीलित कर दिया

खुणसाँणइ = नाराज़गी, रोष
खुणसि = नाराज़ होकर, क्रोधित होकर
खुणसीउ =रुष्ट, नाराज़
खुरपाल = क्षेत्रपाल
खुरसाणी = तुर्क, मुसलमान
खेडि = चलकर
खेत्र = युद्ध भूमि
खेरि = गिरा दूँगा
खेसवउ = खिसका दो, गिरा दो
खेह = धूल
खोच = संकोच
खोजा = नपुंसक, अंत:पुर का सेवक
खोदबंध = ख़ुदाबंद
गंजीया = नष्ट किए
गंज्यउ = नष्ट करना
गजं बाग = हाथियों का अंकुश
गज-थाट = हाथियों का समूह
गमाड़ियो = खो दिया
गमे = बेगमें
गयगमणि = गजगामिनी
गयणह = गगन पर, आकाश पर
गरद = गर्द, धूल
गरहगत = विपत्ति, आपदा
गरिट्ट = गरिष्ठ
गलदार = यशगान करने वाले
गळिया = मीठा
गहगही = प्रसन्न
गहगहूं = प्रसन्न होऊँ
गहगह्यउ =आह्लादित हुआ, प्रसन्न हुआ
गहिर = गहरा
गहिलउ = पागल
गहिलो = पागल

गादी = सिंहासन
गायण = गानेवाली स्त्री, वेश्या
गाल = गाली
गाल-मसूरी = तकिया और गाव तकिया
गालुं = ख़त्म करूँ
गिंभ = गर्भ
गिदवान = गद्दा
गिरधण = गिद्ध
गिलीउ = ग्रस लिया
गिलीसुरी = तकिया
गिलें = निगलना
गीरध = गिद्ध
गुंडाई = बदमाशी
गुझ = गुह्य, गुप्त, रहस्य
गुड्या = गिराया, लुढ़काया
गुणियणा = गुणीजन
गुमर = गर्व, अभिमान
गुमान = गर्व
गुराब = तोप
गुल पिण = गुड़ बनाने का गहरा बर्तन
गुहीर = गंभीर, गहरे
गुह्य = गुप्त
गूडी = गुलाल
गूदबड़ा = मावे और गोंद को मिलाकर बनायी गयी एक मिठाई
गेंवर = हाथी
गेला = मार्ग
गेवरां = हाथियों
गेह = घर
गोठा = सामुहिक भोजन
गोफणा = पत्थर फेंकने का लकड़ी और कपड़े से बनाया हुआ यंत्र

गोबे = डूबे रहने लगा
गोरी = गोली
गोरू = पशु
गोष = गवाक्ष
ग्रव = गर्व
ग्रसह = गरिष्ठ, भीषण
ग्रास = हिस्सा, जागीर, गाँव
ग्रासी = डाकू
घणउ = बहुत
घणेरा = बहुत सारे
घर घोडीया = गृहस्थ, घर का काम स्वयं करने वाले
घरणी = पत्नी, स्त्री
घरु = गृहस्थ
घल्लउ = डाल दूँ
घात = धोखा, षड्‌यंत्र
घालियो = डाला
घुंटे = घुटने
घुट्टउं = घटकना, पीना
घुरिया = बजाये गये
चंग = कुशलता पूर्वक
चउसाल = समतल
चऊला = चँवला
चकडोल = पालकी
चकरायसां = चकराये, आश्चर्यचकित हुए
चकीत = चकित
चख = चक्षु
चच्छु = चक्षु
चणणाट = सनसनाहट
चपे = चिपक जाते हैं
चरपरा = चटपटा

चळू = भोजन के बाद का आचमन, अंजली
चहु चक्क = चारों दिशाओं
चांबतणी = चमड़े की
चाचर = नृत्य
चाप्यु = दबाया
चावउ = प्रिय, प्रसिद्ध
चावो = प्रिय, प्रसिद्ध
चास भास = रंग - ढंग
चिटकाइ = खोल दी
चिणा = चना
चीतवइ = विचार करते हैं
चीपड़ी = चिपका हुआ
चुंखुं = चूसना
चुंथु = लोटना
चुल्ह = चूल्हा
चूंवत = चूमती है
चूनउ = चूना
चैंप = लगन, इच्छा
चोखी = अच्छी
चोगे = देखना
चोगेगा = देखेगा
चोला = बातें
चोहटा = चौराहा
चौंर = चमर
चौडोलाना = चकडोल
छंछारे = रक्त के फव्वारे
छंदो = छद्म, प्रपंच
छपद = षट्पद, भ्रमर
छाटुं = छींटा, कलंक
छानही = क्षण
छाना = चुपके

छारत = छोड़ते हैं
छिटकिउ = चला गया, अलग हो गया
छित्ति = धरती
छेंटी = दूरी
छेह = अंत
छेहो = विश्वासघात, धोखा
छै = सीमा
छोकरी = लड़की, दासी
जंपेय = कहता हूँ
जंबूरयनि = जामुन
जगजंत = जग जीतने वाला
जड़ी = जड़, मूल
जनोईदार = जनेउधारी (राघव)
जमराह = तलवारें
जमहर = जौहर
जरद = पीला
जलछोलि = पानी की लहरें
जलपथव = पानी पर चलनेवाले
जव्वनपति = यवनपति
जाजिम = बेलबूटों से छपी मोटे कपड़े की दरी
जाजुल = भयंकर
जाजुलि = जाज्वल्यमान
जाणक = जैसे कि
जातरा = यात्रा
जान = बारात
जानी = बाराती
जामनी = यामिनी
जिमणार = भोज
जिमाडी = भोजन करवाना
जीपें = जीतें
जीपेशाँ = जीतेंगे
जीह = जीभ
जुई = दो, अलग
जुरवज्जं = जर्राह
जुव = देखने योग्य
जूझार = योद्धा, जूझनेवाला
जूड़ा = केश
जूदी = जुदा, अलग
जेठी = पहलवान
जेत्र = जीत, विजय
जैकारु = जयकार
जैत = जीत
जोअण = देखने के लिए
जोग्यंद = योगेंद्र, योगी
जोरो = ज़ोर, ताकत
झबकंती = चमचमाती
झबकउ = चौंकना
झबको = चौंकते हैं
झाल्यउ = पकड़ लिया
झीलइँ= स्नान करता है
झूरती = दुःखी रहती है
झोड़ा = झंडे
टुंक-टुंक = टुकड़े-टुकड़े
टुकटुक = टुकड़े-टुकड़े
टेव = आदत
टोंटि = बांडी, कटी हूई
ठयो = ठहर गया
ठवी = रखी, पहनायी
ठवे = रखी, पहनायी
ठामि = स्थान
ठायह = स्थान
ठार्यो = डाल दिया है

ठावा = मुख्य, प्रसिद्ध
ठावी = प्रसिद्ध
ठेपो = प्रवाह
ठोड = स्थान
डंबर = अंबर, आकाश
डगमग्यो = विचलित होता, डाँवाडोल होता है
डाईचे = दहेज
डाकण = राक्षसनी
डाड पाड़ = ज़ोर से आवाज़ लगाकर
डाण = डग
डाण = दान, मद
डाव = दाँव, चतुराई
डिढ़ = दृढ़
डीलइँ-डील = शरीर से शरीर
डीलै = शरीर
डुगरा = पहाड़
डुटी = नाभि
डुल्यिउ = डोला, विचलित हुआ
डुल्लई = हिलने-डुलने लगता है
डेल = ढ़ीला, खुला
ढाँढ़ा = पशु
ढाढ़ी = यशगायन करनेवाली एक जाति
ढिंग = पास, निकट
ढीकुली = पत्थर फेंकने का यंत्र
ढीलीपति = दिल्लीपति
ढोर = पशु
ढोवा = धावा, आक्रमण
ढौलै = (हवा) करती है
तईवार = त्योहार
तक्कू = शिकार के समय सूचना देने वाला
तखत = तख़्त, आसन
तटकी = तमककर
तड़ = पक्ष, दल, समूह
तणउ = का
तत्ती = ताँता
तबलवाल = शस्त्रधारी
तरणि = सूर्य
तरपत = तृप्त
तरहटि = तलहटी
तरुहिं = तरु के, वृक्ष के
तिंदुकी = वृक्ष का नाम
तिखिणि = तत्क्षण
तिणगा = चिनगारियाँ
तिलवट्ट = नाश
तीड़ा = टिड्डी
तुट्टइ = टूटेंगे
तुपक = तोप
तुरी = घोड़ा
तूठी = संतुष्ट हुई
तूसइ = तुष्ट होनेवाली
तेडावी = बुलाकर
तेष = तीक्ष्णता
तैवार = तैयारी, कूच
तोग = मनसबदार
तोडर = टोडर, हाथ में पहनने का कड़ा
तोत = बहाना
तोबह = तोबा
तोबा = पश्चाताप
तोषार = घोड़ा
त्राग़ा = धागा
त्राटंक = कर्णाभूषण
त्राटी = झोंपड़ी

त्रिखा = तृषा
त्रिणवडि = तिनके की तरह
त्रिणा = तिनका
त्रिवलि = त्रिबली (स्त्रियों के पेट पर नाभि के कुछ ऊपर दिखाई पड़ने वाली तीन रेखाएँ)
त्रिस = तृषा, प्यास
त्री = स्त्री
थकी = से
थट = समूह, सेना, दल
थप्यउं = स्थापित करूँगा, मानूँगा
थरता आई = स्थिरता आई, संतोष हुआ
थांभा = स्तंभ
थानिक = स्थान
थीभा = शूलों
थोथा = कमज़ोर, मूर्ख
दंद = द्वंद्व, दुःख
दउहाग = एक पत्नी के रहते दूसरी ले आना
दज गीयो = जल गया
दपटाईर = दौड़ा कर
दमाणक = शक्तिशाली
दरीउ = दरिया, समुद्र
दरीखाना = दरबार
दषणा = दक्षिणा
दहवाटो = नाश, विध्वंस
दांण = दाव
दाखइँ = कहता हूँ
दाग = दाह संस्कार
दाझइ = दग्ध होती है
दाड़िम = अनार
दाय = अच्छा लगना, पसंद आना
दाषो = कह दो
दाह = ईर्ष्या
दीठी = देखी
दीपंत = प्रकाशित
दीपानं = द्वीप के
दीवान = मेवाड़ का शासक (परंपरानुसार अपने को आराध्य एकलिंगजी का दीवान मानते हैं)
दीष्या = दीक्षा
दुचित = संशय, दुविधा
दुणा-चोकणा = दूना-चौगुना
दुतिय = दूसरे
दुत्तर = बहुत मुश्किल से, कठिन
दुनी = दुनिया
दुमंन्नउ = दो मन, दुविधा
दुमामा = नगाड़े
दुहेलुं = कठिन
दूढ = दृढ़
दूध डांग = दूध और डांग-लाठी (लालच और भय)
देसउटउ = देश निकाला
देसत = दहशत
दोजिग = दोज़ख़, नरक
दोवटी = चादर
दोहिला = व्याकुल
द्रेठ = दृष्टि
द्रेठि = दृष्टि
धकचाल = हलचल
धज = ध्वज
धड़हड़्यो = डमगाने लगा
धणी = स्वामी
धनक = धनुष

धनदु = कुबेर
धपटिया = दौड़े
धरता = सांत्वना
धरतीया = भूमि पर
धराउ = उत्तर दिशा
धरेती = धारण करती है
धवलंति = सफ़ेदी
धस = धँस, घुसना
धसिर = बलात् आ गयी
धाय = दौड़ते हैं
धारी = निश्चय किया
धीरवें = धैर्यपूर्वक, ठहर कर
धू = ध्रुव
धोबा = दोनों हथेलियों के मिलाने से बना खाली स्थान
धौलहर = भवन
नगा = पता करो
नगीच = नज़दीक, पास
नचताई = निश्चिंत
नद्दं = नदी
नयर = नगर
नव दूनी = अठारह
नषे = पास
नसि = नष्ट हो गयी
नहेचल = निश्चल, दृढ़
नाँख्या = कर दिया, डाल दिया
नांक राखिया = नाक रखा, सम्मान बचाया
नांखि = डालकर, छोड़कर
नांन्हु = छोटा, अल्पवय
नाइकं = नायक
नाक नमणि = नाक नीची करना, अधीनता स्वीकार करना
नागधारी = शिव
नाज = अन्न, भोजन
नाठा = दौड़ा, भागा
नादरी = विश्वास करो
नानो = छोटा
नायका = नायिका
नार = सिंह
नाल = तोप
नासंतों = भागता हुआ
नासी = भागकर
नासी = भागेगा
निमा = नमाज़
निरखंतउ = निरखता हुआ
निर्ममयउ = बनाया, निकला
निलवटि = ललाट
निलाट = ललाट
निसणउ = सुनो
निसत = निश्चित
निसवादा = स्वादहीन
नीचो = क्षुद्रता, छोटापन
नीठ = बहुत मुश्किल से
नीठे = समाप्त हो गये, निस्तेज
नीसंख = असंख्य
नीसरइ = निकलता
नीसरणी = सीढ़ी
नीसरिया = निकले
नीसरी = निकली
नेजा = भाला
नेड़ा = पास
नोता = निमंत्रण
न्हाठा = दौड़ते

पंचावन = पचपन
पंचोतर = पाँच तरह के
पंषाल = पंख लगे हुए
पइठिसिउ = जाऊँ, प्रस्थान करूँ
पइसारउ = प्रवेश करो
पउहंतउ = पहुँच गया
पक्खरं = पाखर, जीन
पगतलि = पाँव तले
पछाण = पहचान
पटंतर = प्रत्यंतर, उसके बाद
पटवाडि = बंदनवार
पटोड़ी = रेशमी परिधान
पट्टकूल = रेशमी वस्त्र
पठवउ = भेजूँगा
पडखावयो = व्यतीत करना
पड़दाईत = पर्देवाली
पड़वड़ी = पंखुड़ी
पड़वड़ी = पतिव्रता
पडसाद = प्रतिध्वनि
पडिहार = भोजन परोसनेवाल
पढ़िया = पढ़े हुए, ज्ञानी
पणमी = प्रणाम करके
पत = विश्वास
पतिज्जइ = विश्वास करो
पतोड़ी = पतोड़ (बेसन से निर्मित एक प्रकार की सब्जी)
पथराव्या = रखे
पनगलता = नागकेशर की लता
पनगारि = नागराज के शत्रु
पना = पन्ना
पयंपइ = बोलती है
पयज = प्रण, प्रतिज्ञा
पयताब = पायताब, मौजे
पयाणो = प्रस्थान किया
पयापहु = कहता है, प्रतीत होती है
पयासइ = प्रदान किए
परगडी = प्रस्तुत करूँ
परजंक = पलंग, शय्या
परजारे = जलाते हैं
परणो = परिणय करो
परतिख = प्रत्यक्ष
परतिष = प्रत्यक्ष
परनि = परिणय करके
परमाद = आलस्य
परिग्घे = घेरे रहा
परिघल = भरपूर
परिच्छद: = कवच
परिवरिउ = प्रस्थान करवाया
परिवा = प्रतिपदा
परूसइ = परोसती है
परोथ = पुरोहित
पलांण्यउ = प्रस्थान किया
पल्ल = मांस
पल्लिंग = पलँग
पवाड़ो = संग्राम, युद्ध
पसाव = चारणों को दिया जानेवाला दान की इकाई
पहवी = पृथ्वी
पहिरामणी= वस्त्रादि
पहोवी = पृथ्वी
पाँनइ पडइ = हाथ में आये
पाईदे = पिला दे
पाघ = पगड़ी
पाडलियाई = फाड़ डालते थे

पातली = पतली, क्षीणकाय
पाथे = पंक्तिबद्ध
पानही = पगरखी
पाम्यो = प्राप्त हुआ
पायकं = पैदल, पदाति
पारधी = शिकारी
पालिख = पलंग
पाल्यो = पालन किया
पाषती = पास
पाषाण = पत्थर
पासें = चौपड खेलने के पासे
पाहुणो = अतिथि
पिखै = देखना
पिख्खन = देखने का
पिणि = किंतु, पर
पिप्पली = चींटी
पिल्हउ = नष्ट करूँ
पिषुण = चुगलख़ोर, दुष्ट
पींजलि = पिंडली
पीदे = तल
पीरान = पीरों द्वारा
पीसत्याईत = प्रेतात्माएँ
पीसाईत = उत्पात
पुंगी = सुपारी
पुंगी = सुपारी
पुंसली = पुंश्चली, कुल्टा
पुन्न = पुण्य
पुव्व = पूर्व
पुव्वहि = पूर्व में
पुसपा = पुष्प
पुहतउ = पहुँचा
पुहवी = पृथ्वी

पुहुमि = पृथ्वी
पूठें = पीछे
पूठें = पीछे, बाद में
पून्यौ = पूर्णिमा
पूरजा = टुकड़े
पूरवइ = पूर्ण होने लगी
पूरवै = पूर्ण करता है
पूलइ = पूला, घास का बँधा हुआ छोटा गठ्ठर
पेज = प्रण
पेतावा = पता लगाना, खोजना
पैठो = घुसा
पोट = गाँठ, गठरी
पोढुं = शयन करूँ
पोता = अपना, घर का
पोरस = पौरुष
पोल = दरवाज़ा
पोलि = प्रोलि, दरवाज़ा
पोहर = प्रहर
प्रथमी = पृथ्वी
प्रवहण = जहाज
प्रवहण-वाहण = जहाज और नावें
प्रस्तावइ = अवसर पर
प्राँहुणा = अतिथि
प्रारथियां = प्रार्थना करने वाले
प्रिथी = पृथ्वी
प्रीउ = प्रिय
प्रीछइ = विचार किया
प्रीसइ = परोसती है
प्रीसणो = परोसना, परोसकारी
फजर = सुबह
फटिक = स्फटिक

फटिकि = फैला रहे हैं, भेज रहे हैं
फते = फतह, विजय
फते बाजी = विजय हुई
फाबइ = फबता है, शोभित होता है
फाबता = अच्छा लगने वाले
फिट = धिक्कार
फुरमांण = फ़रमान, आदेश, राज्यादेश
फेरविजें = लौटा दिया
फोकट = नि:शुल्क
फोड़ा = कष्ट, तक़लीफ़
फोफल = नारियल
बंध = बंधु
बंभण = ब्राह्मण
बइंनड़ी = बहन
बइसणई = आसन
बकइ = कहती है
बका = बाका, खुला मुँह
बजंत्री = वाद्य बजानेवाले
बटका = टुकड़े
बडकणि = बड़ी वाली
बद गीया = बढ़ गया
बदस = विध्वंस
बदीवार = विगतवार, क्रमश:
बनसी = बरछी
बरजु = मना करना
बरणाव = वर्णन
बरतसी = व्यवहार करना
बरामणा = ब्राहमण
बलतो = जलता हुआ
बहबा = चलना, बहना
बागा = सिला हुआ वस्त्र
बाजंत्र = वाद्य यंत्र
बात पारोस = बातफ़रोश
बादबा = बाँधने लगे
बाबु = प्रहार करता है
बारणे = बाहर
बाव = वायु, आँधी
बावडूं = लौट जाऊँगा
बाहुडुं = लौट जाऊँगा
बिछात = बिछायत, फ़र्श, कालीन
बिडारि = विदीर्ण
बिसमी = विषम, अलग और ख़ास
बिहरत = हटकर, उचटकर
बिहुँ = दोनों
बींद = दुल्हा
बीजलबायो = स्तंभित, विचलित, चौंधियाया हुआ
बीजी = दूसरी
बीजू = बिजली
बीजें = दूसरे
बीटी = घेरकर
बीडउ = बीड़ा, पान, प्रस्ताव
बीया = दूसरे
बीयान = बयान, बताना
बीयो = बहा
बीह = भय
बीहउ = भय
बीहें = भयभीत
बुग्ग दंती = बगुले जैसे सफेद दाँतवाले
बुझिसि = समझना
बूंबारव = भीषण आवाज़
बूठा = बरसकर
बूडण = डूबने
बूडी = डूब गये

बूरो = शक्कर
बे कारिमी = व्यर्थ
बेंसणे = आसन
बेलष = दो लाख
बेसर = नथ
बोज = वज़्न
बोदी = ख़राब, कमज़ोर
बोलइ = बुलाया
बोहड = वापस
बौंलसिरी = मौलश्री
ब्रिभल्ल –विह्वल
भग = स्त्रींद्रिय
भजिसि = भागेगा
भटनि = योद्धाओं ने
भड = योद्धा
भणावीय = पढ़ाया
भणिजइ = कहते हैं
भणी = कहो, बताओ
भत्रीजा = भतीजा
भमह = भोंहें
भमुह = भौंह
भरतार = पति
भवाडे = बनाये रखना, अक्षुण्ण रखना
भवीस = भविष्य
भाँण = भानु, सूर्य
भाख्यो = कहा
भागो = टूटा, ध्वंस
भाजें = भागना
भाटा = पत्थर
भाठी = भट्टी
भाण = सूर्य
भामर = भ्रमर

भारथ = भयंकर युद्ध
भीनो = भीगा हुआ, मग्न
भीरह = भयग्रस्त
भुँई = भूमि
भुंगल = नरसिंह वाद्य
भुंडा = बुरा, ख़राब
भुंया = मंजिल, भवन
भुरज = बुर्ज
भुरजि = बुर्ज़
भूंजाई = भोजन
भूयं = भूमि
भेदाणुं = पूर्तिकारक
भेली = एकत्र
भोंन = भवन
भोगल = अर्गला
मँझार = मध्य में
मँडाणउ = तय किया है
मंगतजन = माँगनेवाले
मंछ = मछली
मंजन = स्नान
मंझि = मध्य
मंडुं = करूँ
मंतौ = मद में मस्त
मंत्रणो = विचार किया
मंत्रु = सम्मति
मइंगल = मंगोल
मछर = नाराज़, क्रोध
मजुस = गहने आदि रखने का संदूक
मजेद = व्यर्थ
मत्तु = मत्त, मस्त
मदमोच = मान मर्दन
मनछा = मन की इच्छा

मनिक्रन्न = मणिकर्ण
ममोल = वीर बहूटी
मयगळ = हाथी
मयन्नं = मदन, कामदेव
मयमत्ती = मदमस्त
मया = दया, कृपा
मरट = मरोड़
मली चाइजे = मिलनी चाहिए
महगल = मंगोल
महिताब = चंद्रमा
महिमाँनी = आतिथ्य
महिरी = चंद्रमुखी स्त्री
महीमांनी = आतिथ्य
महोछवि = महोत्सव
महोर = मुहर
माउली = माता
माकुब = बंद
माडकर = बनाकर
माडा = अकारण
मातंग = हाथी
मादल = एक वाद्य
मानीती = मान्य
माफक = समान
मामोल्या = वीर बहूटी
माय = मुझे
मारकणा = साहसी, मारने वाला
मावइ = समा जाती है
मास = मांस
माहो-माहि = परस्पर, आपस में
मिहिर = कृपा
मीच = बंद करना
मीरघ तुचा = मृग त्वचा

मुंकह = छोड़ती है
मुंदे = अवरुद्ध
मुच्छ पानं = मूछों पर हाथ फेरकर
मुड़ई = अन्यथा
मुळकी = प्रसन्न हुई
मुष्ठि करीनह = मुठ्ठी बाँधकर, दृढ़तापूर्वक
मुसाफ = घेरा
मुहत = महत्त्व
मूंआ = मरा हुआ
मूंक्यो = छोड़ दिया
मूंगबड़ी = भिगोई हुई, मूँग की दाल को पीसकर उसमें नमक-मसाला आदि मिलाकर बनाई गई तथा सुखाई हुई छोटी टिकिया या पकौड़ी
मूंधि = मुग्धा
मृगराई = सिंह
मेछ = म्लेच्छ
मेछा = म्लेच्छ
मेछाइन = म्लेच्छों
मेदपट्टम = मेदपाट, मेवाड़
मेर = मेरु
मेलवसी = मिलायेगा
मेल्हेसी = मिलवायेगा
मेल्ह्या = भेजे
मोकलो = भेजा
मोकलो = अधिक
मोटाँ = बड़ों
मोड़ = मुकुट
मोर = पीठ
मोसो = ताना, व्यंग्य
मौचे = बहाना, निकालना

युगि = दोनों
योतिष = ज्योतिष
रंगरली = प्रिय, लाड़ली
रंज्यो = प्रसन्न, संतुष्ट
रंढाल = शक्तिशाली, वीर
रंतौ = अनुरक्त
रईत = प्रजा
रगत = रक्त, लाल
रगत्र = रक्त
रजवट = रजपूती, क्षत्रियत्व
रजा = इच्छा, कृपा
रजास = भोग विलास
रज्जे = निश्चित कर लिया
रढ़ = स्वभाव, आदत
रण-रसी = युद्ध प्रेमी
रतंमास = रक्त मांस
रतवा = आक्रमण, धावा
रती = थोड़ा-सा
रत्त = प्रेम
रत्त = लाल
रदीण = छौंकना
रमझोल = नाचना-कूदना, मनोरंजन
रयण = रात्रि
रयणि = रात्रि
रळियामणा = सुहावने
रवद = सेना
रवनि = रमणि, स्त्री
रष्षहि = रखेंगे, रक्षा कर लेंगे
रहसि = रहस्य
राईता = रायता
राचंति = शोभित होती है
राजी = प्रसन्न
राजीपो = प्रसन्नता, सहमति
राटराषे = ईर्ष्या रखता है
राड़ = झगड़ा
रादे = राँधना, पकाना
राह = मार्ग, मर्यादा
राह = राहु
राहि = राहु
रिंजवी = प्रसन्न हुई, संतुष्ट हुई
रिणायर = रत्नाकर, समुद्र
रिमराह = राहु
रीझवीउ = आसक्त
रीस = रोष, क्रोध
रीसाणो = क्रोधित, नाराज़
रुंड = कटा हुआ सिर
रुक्का = पत्र
रूँधो = बँधा हुआ, अवरुद्ध
रूख = वृक्ष
रूजक = राजस्व
रूडी = अच्छी, सुंदर
रूलियाइत = रोने जैसी हो गयी
रूषां = वृक्षों
रूसइ = रुष्ट होनेवाली
रूसी = ऋषि
रूसे-तूसे = रोष और तोष, दोनों स्थितियों में
रेख = मर्यादा
रेह = रेखा, मर्यादा
रैयन = रात्रि
रोढउ = पत्थर
रोह = अवरुद्ध, घेराबंदी
लंक = कमर
लचकनी = लचकती है

लच्छी = लक्ष्मी
लच्यो = दब गया
लबार = बातूनी, झूठा
लहस्ये = मिलेगा, लोगे
लाडू = लड्डू
लाद = मिलना
लारोलारि = एक-दूसरे के पीछे
लासंत = सुशोभित होती है
लाह = लाभ
लिगाडी = लगा दी
लिगाडी = लगाना, घिसना
लीक = मर्यादा
लुगायां = स्त्रियाँ
लुण = नमक
लूंग = लौंग
लूण = नमक
लूण हराम = नमक हराम
लेण = लाइन
लोक वाइक = लोक में प्रचलित
लोथ = लाश
लोबड़ी = ऊनी वस्त्र धारण करनेवाली देवियाँ
लोयण = लोचन
लोह = तलवार
लोहइ = शस्त्र
लोही = लहू
ल्हास = लहसुनिया, गोमेद
वंक्कट = विकट
वंस = बाँस
वउल्या = व्यतीत हुए
वकस = बख़्शा
वखांणीयइ = बखान किया
वघुल्या = वात्याचक्र
वजवजे = बढ़ा-चढ़ाकर
वड = बड़ा
वडउ = काटना
वड्डउ = बड़ा
वदइ = कहते हैं, देते हैं
वधामणा = बधाई
वधारिउ = बढ़ेगा
वधारे = बढ़ाना
वभये = वैभव
वयर = बैर, दुश्मनी, शत्रुता
वयरी = बैरी, शत्रु
वलतुं = उत्तर (जवाब) में
वल्लभ = प्रिय
वल्लि = लता
वषत वार = समय और तिथि से, भाग्य से
वषतें = समय से, भाग्य से
वसत = वस्तु
वसीठ = दूत, मध्यस्थ
वसेइं = निवास करो
वहुअर = पुत्रवधू
वाँन = प्रेम
वांचे = वाचन करता है
वाउ = वायु
वागा = परिधान
वागुरि = फंदा
वाघ अनइ दोतडिनउ न्याइ = बाघ और दो तट, दुविधा
वाचक = जैन मुनियों के लिए प्रयुक्त पद विशेष
वाचा = वचन, प्रतिज्ञा

वाज = घोड़ा
वाजित्र = वाद्य यंत्र
वाट = मार्ग
वाढ़यउ = बढ़ने पर
वादर = बादल
वाधइ = बढ़ता
वारवराँ = बार-बार
वाली = शक्तिशाली
वाल्हेसर = प्रियवर
वावि = वापि, बावड़ी
वासरु = दिन (सूर्य)
वासु = सुगंधित
वाह = धावा
वाह्या= चलाये
विखउ = संकट, संघर्ष
विगर = बग़ैर
विग्रह = युद्ध, झगड़ा
विचि = बीच में
विछावणा = बिस्तर
विडारण = नष्ट करने वाले
विढवा = युद्ध, लड़ाई
विणठी = विनष्ट की
वित्थुरे = बिखरे हुए
विध्याड़ि = बाँधे गये, बनाये गये
विनडुं = नष्ट करूँ
विन्नयउ = रचा गया
विबुध = देवता
विभा = वैभव
विभाडउं = भिड़ायेगा
विभाडण = विनाश करने के लिए
विमंन्नउ = बिना मन के, अन्यमनस्क
विमासि = विचार करके
विमासे = विचार करना
विमुहा = विमुख उल्टा
विरजी = विरही
विरम्यउ = रमण किया
विलखी = दु:खी, आकुल-व्याकुल
विलवती = बिलखती हुई
विल्हसिय = प्रसन्न हुए
विळकती = बिलखती, रोती हुई
विळकुळियो = व्याकुल होने पर
विषेरया = बिखेर दिया
विसटालुं = समाधान करने वाला
विसमी = दुविधापूर्ण
विसेट = दूत
विस्तरियो = फैल गयी
विस्तर्यो = फैलाया
विहंडउ = विनष्ट कर दो
वींझाचल = विंध्याचल
वीछाया = बिछाया
वीटइ = लिपटी हूई
वीट्यउ = बँध गया
वीनमइ = विनय की, प्रार्थना की
वीरज = वीरता, शक्ति
वीरा = भाई
वील = बिल्व
वीसास = विश्वास
वूझीयइ = समझिए
वृच्छ = वृक्ष
वेगई = शीघ्र
वेघो =शीघ्र, जल्दी
वेल = लता
वेसास = विश्वास
व्रद धर = विरुद धारी

व्रनही = वर्णन
शिष्या = शिष्टाचार
शीव = शिव
षगां = तलवार से
षत्रिवट = क्षत्रियत्व
षर पड़ियो = टूट कर गिरा
षांत = इच्छा, कामना
षाग = तलवार
षापां = म्यान
षुणास्यो = नाराज़ हुआ
षुलिया = जेब
षेहाडंबर = धूल का गुबार
षोला = गोदी
संकडि = संकट
संकर = साँकल, बेड़ी
संक्यउ = आशंकित हुआ
संचर्यउ = गया, चला
संध = जोड़
संधिउ = जोड़ दिया है
संन्दीया = संध्या
संपेख = देखकर, लक्ष्य कर
संभरउं = स्मरण करूँ
संभली = सुना
संहेसें = सहस्र
सउडि = गद्दा
सउहड = योद्धा
सगति = शक्ति
सगती = सख़्ती
सगारथ = संबंध
सगुण = गुणवान
सझ = सज्जित किया
सझ = समझदार, विज्ञ
सताब = शीघ्र
सद = शब्द, आवाज़
सदाबा = साधना करवाने
सन्नाहे = कवच, बख्तर
सबलाँ = बलशाली
सबी = शबीह, चित्र
समखोरपणा = स्वामिभक्ति
समप्पो = प्रदान करो
समरंतउ = स्मरण करता हुआ
समरूँ = स्मरण करता हूँ
समसरि = समता
समसेर = शमशीर, तलवार
सयण = सज्जन
सरणाई = शरणदाता
सरणाई = शहनाई
सलसल्यो = हिलने लगा
सलाबत = सलामत
सवि = सभी
सवेह = सभी
ससिर = शिशिर
सहिनाण = पहचान, निशानी
सहिर = शहर
साँकडइ = संकट में
सांकड़े = संकट में
सांगि = भाले जैसा एक शस्त्र
सांतरो = जल्दी, शीघ्र
सांभल = सुनो
सांभलउ = सुनो
सांम्हा = सम्मुख
साइति = मुहूर्त
साइर = समुद्र
साकति = शक्तिशाली

साको = महासंग्राम
साखि = साक्षी
साग = सब्जी
साचविउ = सत्य चरितार्थ किया है
साटै = बदले में
साठइ = बदले में
साठी भात = षष्ठिका, चावल
साद = शब्द
साबता = पूर्ण
साम = स्वामी
सामठा = समवेत, एकत्र
सामठा = सम्मिलित
सामद्रोह = स्वामिद्रोह
सामहणी = भेंट, उपहार
सामां = सामने
सामिणी = स्वामिनी
सार = चौपड़
सारइ = काम होना
सारस = सरस्वती
सारसी = गर्जना
सारीक = पूरी
सालणा = सब्जी
सासन = धर्मार्थ दी गयी जागीर
सासरें = ससुराल
साह = सहायता, सुरक्षा
सिंधुआ = सिंधु राग
सिक्कार = शिकार
सिगति = शक्ति
सिणगारिया = शृंगार किया, सजाया
सित = शब्द
सिध = सिद्ध
सिबका = शिविका, पालकी
सिरिखइ = समान
सिरिपाउ = सिरोपाव, वस्त्रादि
सिलह-बंध = कवचादि से सुसज्जित
सिलो = फसल ले लेने के बाद पीछे बचा हुआ अन्न
सिहर = शिखर
सीख = विदाई
सीखड़ी = विदा
सीघडा = सुरंग
सीजी = पकी
सीधउ = सिद्ध हुआ
सीह = सिंह
सुकलीणी = सुकुलीन, अच्छे कुलवाली
सुको = सूखा, अतृप्त
सुखपाल = पालकी
सुगंद = सौगंध
सुनइया = स्वर्ण मुद्राएँ
सुपसाय = कृपा, अनुग्रह
सुभर = सुभट्ट, योद्धा
सुमिट्ठउ = सुमधुर
सुय = सुत, पुत्र
सुरहीय = गाय
सुव = सुत, पुत्र
सुसा = खरगोश
सुसे = सूख जाए
सुहंगा = सस्ता
सुहड़ = योद्धा
सुहिणे = सपने
सूत्रधार = सुथार
सूरता = वीरता, पराक्रम
सूरिम = वीरता
सूरिम = वीरता से

सेत = सेतु, पुल
सैं = सौ
सोक्यां = सौतों को
सोझो = खोजा, पता किया
सोधत = शुद्ध करते थे
सोवन = सुवर्ण
सोवन्न = सुवर्ण
सोष–मोष = सुख–मोक्ष
सौर = रजाई
स्यालीइ = सिंयार
स्त्रवजा = सब कुछ उत्पन्न करनेवाली
हंस = इच्छा
हकारि = बुलाया
हक्कि = हाँककर, दौड़ाकर
हटसाल = बाज़ार
हणउ = नष्ट करूँ
हणमति = हनुमान
हण्यो = नष्ट किया
हबके = तुरंत
हमलास = आत्मीयता से
हमालां = भारवाहकों को
हर राणी = पार्वती
हरमां = बेगमें
हरिपुर = विष्णुपुर
हरिव = हरे (पत्ते)
हलकार = डाटना
हलके = समूह
हलफल = हलचल
हलावाँ = चलायें
हाक = आवाज़, हल्ला, हुंकार
हामीं = स्वीकृति, सहमति
हिकमति = उपाय, युक्ति
हिलोलणहार = हिलानेवाले
हिवइँ = अब
हींसे = हिनहिनाते हैं
हीइ = हृदय
हीणी = हीन
हीणुं = छोटा, निम्न
हीय = हृदय
हीसारव = हिनहिनाना
हुड़ = लोह स्तंभ
हुरम = बेगम
हेंवर = घोड़े
हेकणि = एक बार
हेज = प्रेम
हेज = है ही
हेजि = प्रेम से
हेठि = नीचे
हेमाचल = हिमालय
हेले = आह्वान
हैमर = हयवर